अरगनी (स्त्री. देशी) कपड़े लटकाने की रस्सी, A rope for hanging clothes, वस्त्रालम्बनी रज्जुः (स्त्री.)।

अरज (स्त्री. अर.) देखिए अर्ज।

अरजी (स्त्री. अर.) देखिए अर्जी।

अरणा (पुं. तभ.) जंगली भैंसा, A wild buffalo, आरण्यकः (पुं.)।

अरणि, अरणी (स्त्री. तस.) परस्पर रगड़ से अग्नि उत्पन्न करने वाली लकड़ी, A wooden piece to generate fire by rubbing, अरणिः, अरणी (स्त्री.)।

अरण्ड (पुं. तभ.) देखिए एरण्ड।

अरण्डी (स्त्री. तभ.) एरण्ड के बीज, Castor-seeds, एरण्डबीजम् (नपुं.)।

अरण्य (पुं. तस.) जंगल, A forest, अरण्यम् (नपुं.)।

अरण्य-रोदन (पुं. तस.) जो पुकार किसी तक न पहुँचे, ऐसा रोना जो व्यर्थ हो, Unheared weeping, useless crying, अरण्यरोदनम् (नपुं.)।

अरथी (स्त्री. तस.) शव का बिछौना, Bier for the dead, अरथी (स्त्री.), शवयानम् (नपुं.)।

अरदली (पुं. अर.) सेवक, नौकर, A servant, an attendant, किंकरः, परिचारकः (पुं.)।

अरदास (स्त्री. फार.) उपासना, आराधना, प्रार्थना, Prayer, आराधना (स्त्री.)।

अरना (पुं. तभ.) देखिए अरणा।

अरब (वि. अर. तभ.) सौ करोड़ की संख्या, One thousand million, अर्बुदम् (नपुं.)।
(सं. पुं.) अरब देश, अरबदेशः (पुं.)।

अरबराना (अकर्म.) देखिए हड़बड़ाना।

अरबी (वि. अर.) अरब देश का निवासी और उसकी भाषा, The citizen of Arab and his language, अरबदेशीयः, (पुं.), तद्भाषा (स्त्री.)।

अरभक (पुं. तभ.) देखिए अर्भक।

अरमान (पुं. तु.) कामना, लालसा, Desire, ambition, कामना (स्त्री.)।

अरराना (अकर्म. देशी) अरर ध्वनि करते हुए नीचे गिरना, To fall down with a noise, अरराय्—अररायते (नामधा.)।

अरविन्द (पुं. तस.) कमल, Lotus, अरविन्दम् (नपुं.)।

अरवी (स्त्री. देशी) एक प्रकार की कन्द सब्जी, A species of Arum, कन्दविशेषः।

अरसा (पुं. अर.) समय, काल, Time, period, समयः, कालः (पुं.)।

अरहट (पुं. तभ.) रहट, Percian wheel, अरघट्टः (पुं.)।

अरहर (पुं. देशी) एक प्रकार की दाल, A kind of pulse, आढ्की (स्त्री.)।

अराजक (वि. तस.) जहाँ शासक नहीं है, राजहीन, शासकहीन, Destitute of a king, अराजक (वि.)।

अराजकता (स्त्री. तस.) शासकहीनता, राजा से रहित होना, Absence of a king or ruler, anarchy, अराजकता (स्त्री.)।

अराति (पुं. तस.) शत्रु, दुश्मन, An enemy, a foe, अरातिः (पुं.)।

अराधन (पुं. तभ.), अराधना (स्त्री. तभ.) देखिए आराधना।

अरारूट (पुं. अर.) एक प्रकार का कन्द, Arrowroot, अरारूटम् (नपुं.)।

अराल (वि. देशी) झुका हुआ, टेढ़ा, Crooked, bent, वक्र (वि.)।

अरि (पुं. तस.) शत्रु, दुश्मन, An enemy, a foe, अरिः (पुं.)।

अरिष्ट (वि. तस.) घाव से रहित, स्वस्थ, Unwounded, healthy, अरिष्ट (वि.)।

अरिष्ट (पुं. तस.) एक पेय औषध, A sprituous medicine, मृत्यु का संकेतक चिह्न, A symptom of death, अरिष्टम् (नपुं.)।

अरिमर्दन (पुं. तस.) शत्रुओं को मसल देने वाला, शत्रुओं का नाशक, Destroyer of enemies, अरिमर्दनः (पुं.)।

अरिहा (पुं. तस.) देखिए अरिमर्दन, अरिहन्ता-तृ (पुं.)।

अरी (अ. तस. स्त्री.) अयि, O, अरी (अ. स्त्री.)।

अरु (अ. तभ.) और, And, अपरञ्च (अ.)।

अरुचि (स्त्री. तस.) रुचि का अभाव, ग्लानि, अनिच्छा, Lack of interest, अरुचिः (स्त्री.)।

अरुज (वि. तभ.) रोगरहित, स्वस्थ, having no disease, healthy, अरुक्-ज् (वि.)।

अरुझाना (सकर्म.) देखिए उलझाना।

अरुण (वि. तस.) लाल, Red, अरुण (वि.)।

अरुण (पुं. तस.) सूर्य का सारथि, प्रातःकाल की वेला, The charioteer of the Sun, the dawn, अरुणः (पुं.)।

अरुणचूड़ (पुं. तस.) मुर्गा, कुक्कुट, The cock, अरुणचूडः, कुक्कुटः (पुं.)।

अरुणशिख (पुं. तस.) देखिए अरुणचूड़। अरुणशिखः (पुं.)।

अरुणिमा (स्त्री. तस.) लालिमा, रक्तिमा, लाल रंग, Redness, **अरुणिमा-मन्** (पुं.)।

अरुणोदय (पुं. तस.) ब्राह्ममुहूर्त का समय, Daybreak, the early dawn, **अरुणोदयः** (पुं.)।

अरुणोपल (पुं. तस.) एक लाल रत्न, रक्तमणि, **अरुणोपलः** (पुं.)।

अरुन (वि. तभ., पुं. तभ.) देखिए अरुण।

अरुन्धती (स्त्री. तस.) एक तारे का नाम, वशिष्ठ की पत्नी का नाम, Name of a star, the name of the wife of Vaśiṣṭha.

अरे (अ. तस.) अये, O, **अरे** (अ.)।

अर्क (पुं. तस.) सूर्य, आसुत जल, आक का पौधा, The sun, the distilled water, a plant, **अर्कः** (पुं.)।

अर्गनी (स्त्री. देशी) देखिए अरगनी।

अर्गला (स्त्री. तस.) चिटकनी, हाथी को बाँधने की जंजीर, A bolt, the chain with which the elephant is tied.

अर्घ (पुं. तस.) मूल्य, पूजा का सामान, Price, oblation in honour of a deity, **अर्घः** (पुं.)।

अर्घ्य (वि.) पूजनीय, बहुमूल्य, Respectable, precious, **अर्घ्य** (वि.)।

अर्चन (पुं. तस.), **अर्चना** (स्त्री. तस.) पूजा, मान, Worshipping, respect, **अर्चनम्** (नपुं.), **अर्चना** (स्त्री.)।

अर्चनीय (वि. तस.) पूजनीय, माननीय, Adorable, **अर्चनीय** (वि.)।

अर्चा (स्त्री. तस.) देखिए अर्चन।

अर्चि (स्त्री. तस.) ज्वाला, कान्ति, Flame, splendour, **अर्चिः-ष्—अर्चिः, अर्चिषी, अर्चींषि** (नपुं.)।

अर्चित (वि. तस.) पूजित, सम्मानित, Adored, respected, **अर्चित** (वि.)।

अर्ज़ (स्त्री. अर.) प्रार्थना, Request, (पुं.) चौड़ाई, Breadth, **प्रार्थना** (स्त्री.), **विस्तारः** (पुं.)।

अर्जन (पुं. तस.) कमाई, Earning, **अर्जनम्** (नपुं.)।

अर्जित (वि. तस.) जमा किया हुआ, कमाया हुआ, Earned, **अर्जित** (वि.)।

अर्ज़ी (स्त्री. अर.) प्रार्थनापत्र, An application, a petition, **प्रार्थनापत्रम्** (नपुं.)।

अर्जुन (पुं. तस.) एक पाँडव का नाम, इस नाम का एक पेड़, The name of a Pāṇḍava and a tree, **अर्जुनः** (पुं.)। (वि. तस.) सफेद, White, **अर्जुन** (वि.)।

अर्णव (पुं. तस.) समुद्र, सागर, A sea, an ocean, **अर्णवः, समुद्रः** (पुं.)।

अर्थ (पुं. तस.) वस्तु, धन, भाव, उद्देश्य, Thing, money, meaning, purpose, **अर्थः** (पुं.)।

अर्थवाद (पुं. तस.) किसी भाव को जगाने के लिए बनाई गई बात, An artificial statement to excite some emotion, **अर्थवादः** (पुं.)।

अर्थवेद (पुं. तस.) अथर्ववेद का उपवेद, धनसम्पत्ति का ज्ञान देने वाला उपवेद, The Upaveda of Atharvaveda, the science of earning of the wealth, **अर्थवेदः** (पुं.)।

अर्थशास्त्र (पुं. तस.) धन कमाने और नीति का ज्ञान देने वाला ग्रन्थ, A book of science of wealth, economics and politics, **अर्थशास्त्रम्** (नपुं.)।

अर्थात् (अ. तस.) भाव यह है, That is to say, **अर्थात्** (अ.)।

अर्थान्तर (पुं. तस.) अर्थ में भेद, Difference of the meaning, **अर्थान्तरम्** (नपुं.)।

अर्थान्तरन्यास (पुं. तस.) एक प्रकार का साहित्यिक अलंकार, A kind of figure of speech, **अर्थान्तरन्यासः** (पुं.)।

अर्थापत्ति (स्त्री. तस.) मुख्य कथन से गौण कथन को जान लेना, एक अलंकार का नाम, Knowing of less important thing after knowledge of the main one, a figure of speech, अर्थापत्तिः (स्त्री.)।

अर्थी (वि. तस.) चाहने वाला, Desirous, अर्थी-थिन् (वि.)।

(स्त्री. तभ.) दे. अरथी।

अर्दली (पुं. अर.) दे. अरदली।

अर्दास (स्त्री.) दे. अरदास।

अर्ध, अर्द्ध (वि. तस.) आधा, Half, अर्ध, अर्द्ध (वि.)।

अर्धचन्द्र (पुं. तस.) आधा चाँद, चन्द्रबिन्दु, अनुनासिक का चिह्न, Half moon, the sign of half nasal sound, अर्धचन्द्रः (पुं.)।

अर्धव्यास (पुं. तस.) किसी वृत्त की आधी चौड़ाई, A radius, अर्धव्यासः (पुं.)।

अर्धांगी, अर्धाङ्गी (स्त्री. तस.) पत्नी, Wife, अर्धाङ्गी, अर्द्धाङ्गी (स्त्री.)।

अर्धांगिनी, अर्धाङ्गिनी (स्त्री. तस.) दे. अर्धांगी।

अर्पण (पुं. तस.) तोहफा, भेंट, Dedication, presentation, अर्पणम् (नपुं.)।

अर्पित (वि. तस.) भेंट किया हुआ, Presented, given over, dedicated, अर्पित (वि.)।

अर्ब (वि. तभ.), अर्बुद (वि. तस.) अरब, सौ करोड़, One hundred millions, अर्बुदम् (नपुं.)।

अर्भक (पुं. तस.) छोटा बच्चा, A baby, अर्भकः (पुं.)।

अर्यमा (पुं. तस.) न्यायाधीश, ईश्वर, सूर्य, A Judge, God, the sun, अर्यमा-मन् (पुं.)।

अर्वाचीन (वि. तस.) नया, आधुनिक, New, modern, अर्वाचीन (वि.)।

अर्श (पुं. तस.) बवासीर, Piles, अर्शः-स् (नपुं.-अर्शः, अर्शसी, अर्शांसि)।

अर्ह (वि. तस.) योग्य, पूजनीय, Respectable, अर्ह (वि.)।

अर्हन्, अर्हन (वि. तस.) बौद्धभिक्षुओं के लिए मानवाची शब्द, Respectable word for Baudha mendicants, अर्हन् (वि.)।

अलं, अलम् (अ. तस.) पर्याप्त, बस, और नहीं, Sufficient, enough, not more, अलम् (अ.)।

अलङ्कार (पुं. तस.) गहना, आभूषण, साहित्यिक अलंकार, Ornament, a figure of speech, अलङ्कारः (पुं.)।

अलंकृत, अलङ्कृत (वि. तस.) सजा हुआ, भूषित, Adorned, ornamented, अलङ्कृत (वि.)।

अलंघनीय, अलङ्घनीय (वि. तस.) न लाँघने योग्य, Not to be crossed, inviolable, अलङ्घनीय (वि.)।

अलंघ्य, अलङ्घ्य (वि. तस.) दे. अलंघनीय।

अलक (पुं. तस.) सिर के कोमल बाल, Soft-hair, अलकः (पुं.)।

अलकतरा (पुं. संक.) कोलतार, Coal-tar, कोलतारम् (नपुं.)।

अलकनन्दा (स्त्री. तस.) गंगा की एक सहायक नदी का नाम, The name of a river which joins to Gaṅgā, अलकनन्दा (स्त्री.)।

अलका (स्त्री. तस.) कुबेर की नगरी का नाम, The city of Kubera, अलका (स्त्री.)।

अलक्त, अलक्तक (पुं. तभ.) लाक्षारस, Colour prepared from lac, लाक्षारसः (पुं.)।

अलक्षित (वि. तस.) न जाना हुआ, न देखा हुआ, Unknown, not seen, अलक्षित (वि.)।

अलख (वि. तभ.) अलक्ष्य, जो दिखाई न दे, परमात्मा, Invisible, God, अलक्ष्य (वि.)।

अलख जगाना (सकर्म.) भगवान् के नाम पर भीख माँगना, To beg in the name of God, भिक्षायाचनम् (नपुं.)।

अलग (वि. तस.) पृथक्, असम्बद्ध, Separate, aloof, अलग्न (वि.)।

अलगाना (अकर्म. तभ.) पृथक् होना, अलग होना, To be separate, to part with, पृथक् + भू - पृथग्भवति (भ्वा. पर.)।

अलगाव (पुं. तभ.) पृथक्त्व, पृथक्ता, अन्तर, Separation, पृथग्भावः (पुं.)।

अलप (वि. तभ.) दे. अल्प।

अलपाका (पुं. स्पेन) ऊँट की जाति का अमेरिका में पाए जाने वाला एक प्राणी, An animal like a camel which is found in America, एलपाकः (पुं.)।

अलबत्ता (अ. अर.) निस्सन्देह, निश्चयपूर्वक, Certainly, of course, असंशयम् (अ.)।

अलबेला (वि. तभ.) अनोखा, अलभ्य, Peculiar, wonderful, अलभ्य (वि.)।

अलभ्य (वि. तस.) अप्राप्य, जो प्राप्त न हो सके, Not available, rare, अलभ्य (वि.)।

अलमस्त (वि. फा.) मत्त, निश्चिन्त, लापरवाह, Mad, free from anxiety, निश्चिन्त (वि.)।

अलमारी (स्त्री. पुर्त.) अनेक खानों वाली वस्तु रखने की जगह, A cupboard, आलयावारी (स्त्री.), उत्थितपिटकः (पुं.)।

अलर्क (पुं. तस.) पागल कुत्ता, एक सूर्यवंशी राजा का नाम, Rabid dog, the name of a Sun-race king, अलर्कः (पुं.)।

अलस (वि. तस.) आलसी, सुस्त, Lazy, drowsy, अलस (वि.)।

अलसाना (अकर्म. देशी.) आलस्य करना, To be lazy, to slacken, अलसाय्–अलसायते (नामधा.)।

अलसी (स्त्री. तभ.) अतसी, अलसी और उसके बीज, Linseed, अतसी (स्त्री.)।

अलहदा (वि. अर.) अलग, पृथक्, Separate, अलग्न, पृथक् (वि.)।

अलात (पुं. तस.) मशाल, Fire brand, अ-लातम् (नपुं.), उल्का (स्त्री.)।

अलान (पुं. तभ.) दे. आलान।

अलाप (पुं. तभ.) दे. आलाप।

अलापना (सकर्म. तभ.) बोलना, कहना, गाना, To speak, to converse, to sing, आ+लप्—आलपते (भ्वा. आ.)।

अलाव (पुं. तभ.) शरीर को गरमाने के लिए जलाई गई आग, Fire kindled for warming the body, अलातम् (नपुं.), अङ्गारनिकरः (पुं.)।

अलावा (अ. अर.) अतिरिक्त, Besides, अतिरिक्तम् (अ.)।

अलिंद, अलिन्द (पुं. तस.) घर के बाहर का कमरा, An outer room of a house, अलिन्दः (पुं.)।

अलि (पुं. तस.) भौंरा, A black bee, अलिः, भ्रमरः (पुं.)।

अली (स्त्री. तभ.) सखी, A female friend, पंक्ति, कतार, A row, आली, आलिः (स्त्री.)।

अलीक (पुं. तस.) असत्य, झूठ, A lie, अलीकम्, असत्यम् (नपुं.)।

अलोना (वि. तभ.) लवण से रहित, नमक से रहित, Having no salt, अलवण (वि.)।

अलौकिक (वि. तस.) अद्भुत, अनोखा, इस संसार से भिन्न, Supernatural, peculiar, strange, अलौकिक (वि.)।

अल्प (वि. तस.) थोड़ा, कम, Little, less, small, few, short, अल्प (वि.)।

अल्पजीवी (वि. तस.) छोटे जीवन वाला, Short-lived, अल्पजीवी-विन् (वि.)।

अल्पज्ञ (वि. तस.) थोड़ा ज्ञान रखने वाला, Having little knowledge, अल्पज्ञ (वि)।

अल्पता (स्त्री. तस.), अल्पत्व (पुं. तस.) न्यूनता, कमी, Scarcity, smallness, अल्पता (स्त्री.), अल्पत्वम् (नपुं.)।

अल्पप्राण (वि. तस.) थोड़े प्राणों वाला, थोड़ी वायु से बोले जाने वाले वर्ण, (जैसे क, ग, च, ज), Having little life, the letters pronounced with little air, as ka, ga, अल्पप्राण (वि.)।

अल्पवयस्क (वि. तस.) छोटी उमर वाला, Young, अल्पवयस्क (वि.)।

अल्लाह (पुं. अर.) परमेश्वर, God, परमेश्वरः (पुं.)।

अल्हड़ (वि. देशी) लापरवाह, अशिक्षित, Careless, untrained.

अवंती, अवन्ती (स्त्री. तस.) उज्जैन नगरी का पुराना नाम, The old name of Ujjaina city, अवन्ती (स्त्री.)।

अव (उप. तस.) 'निचला, निकास, रिक्तता, कमी आदि' अर्थों में यह शब्दों से पूर्व प्रयुक्त होता है, This is prefixed in the meanings of inferiority, drawing out, space, loss etc. अव (उप.)।

अवकाश (पुं. तस.) छुट्टी, रिक्तता, खाली समय, Interval time, holiday, empty space, leisure, अवकाशः (पुं.)।

अवकीर्ण (वि. तस.) बिखरा हुआ, Scattered, spread out, अवकीर्ण (वि.)।

अवगत (वि. तस.) ज्ञात, जाना हुआ, Known, understood, अवगत (वि.)।

अवगति (स्त्री.), अवगमन (पुं. तस.) ज्ञान, समझ, Knowledge, understanding, अवगमनम् (नपुं.), बोधः (पुं.)।

अवगाह (पुं. तस.) स्नान, A bath, अवगाहः (पुं.)।

अवगाहन (पुं. तस.) दे. अवगाह – अवगाहनम् (नपुं.)।

अवगीत (वि. तस.) बुरी तरह से गाया गया, Sung badly, अवगीत (वि.)।

(पुं. तस.) निम्नकोटि का गीत, Bad song, अवगीतम् (नपुं.)।

अवगुंठन, अवगुण्ठन (पुं. तस.) पर्दा, बुर्का, A veil, अवगुण्ठनम् (नपुं.)।

अवगुण (पुं. तस.) दुर्गुण, कमी, Demerit, defect, अवगुणः (पुं.)।

अवग्रह (पुं. तस.) अनावृष्टि, समस्त शब्दों का विग्रह, Failure of rain, discompounding the compounded words, अवग्रहः (पुं.)।

अवघट (वि. तस.) विषम, ऊबड़खाबड़, Rugged, uneven, अवघट (वि.)।

अवच्छिन्न (वि. तस.) अलग किया हुआ, Separated, अवच्छिन्न (वि.)।

अवच्छेद (पुं. तस.) अलगाव, भेद, Separation, अवच्छेदः (पुं.)।

अवच्छेदक (वि. तस.) भेदक, अलग करने वाला, An attribute, one who limits the boundary of a place, अवच्छेदक (वि.)।

अवज्ञा (स्त्री. तस.) तिरस्कार, अपमान, उपेक्षा, Insult, contempt, disregard, अवज्ञा (स्त्री.)।

अवज्ञेय (वि. तस.) उपेक्षणीय, Fit to be disregarded.

अवतंस (पुं. तस.) भूषण, शोभा, Ornament, अवतंसः (पुं.)।

अवतरण (पुं.) जन्म, आरम्भ, उद्धरण, Birth, beginning, quotation, अवतरणम् (नपुं.)।

अवतरणिका (स्त्री. तस.) भूमिका, Introduction, अवतरणिका (स्त्री.)।

अवतार (पुं. तस.) उतराव, जन्म लेना, पार गमन, Descent, crossing over, birth, incarnation, अवतारः (पुं.)।

अवतारी (वि. तस.) अलौकिक, Supernatural, अवतारी-रिन् (वि.)।

अवदशा (स्त्री. तस.) बुरी हालत, दुर्भाग्य, Bad condition, bad-luck.

अवदात (वि. तस.) स्वच्छ, साफ, पवित्र, Clear, blameless, pure, अवदात (वि.)।

अवदारण (पुं. तस.) विदारण, फाड़ना, Breaking, splitting, अवदारणम् (नपुं.)।

अवद्य (वि. तस.) निन्दनीय, तिरस्कार के योग्य, Fit to be insulted, sinful, अवद्य (वि.)।

अवध (स्त्री. तभ.) अयोध्या का प्रदेश, अयोध्या, अयोध्या (स्त्री.)।

अवधान (पुं. तस.) ध्यान, Attention, अवधानम् (नपुं.)।

अवधारण (पुं. तस.) निर्णय, चुनाव, निर्धारण, Restriction, settlement, selection, अवधारणम् (नपुं.)।

अवधारणा (स्त्री. तस.) दे. अवधारण।

अवधि (स्त्री. तस.) समय की या स्थान की सीमा, Limit of a place or time, अवधिः (पुं.)।

अवधी (स्त्री. तभ.) अवध प्रदेश की भाषा, The language of Ayodhyā. कोशलप्रान्तस्य भाषा (स्त्री.)।

अवधूत (पुं. तस.) एक विशेष वर्ग का साधु, A mendicant of a special class, अवधूतः (पुं.)।

(वि.) झाड़ा हुआ, shaken, अवधूत (वि.)।

अवध्य (वि. तस.) न मारने योग्य, Not fit to be killed, अवध्य (वि.)।

अवनत (वि. तस.) झुका हुआ, विनम्र, Bent, polite, अवनत (वि.)।

अवनति (स्त्री. तस.) गिरावट, Decline, अवनतिः (स्त्री.)।

अवनी (स्त्री. तस.) भूमि, पृथिवी, Earth, अवनी (स्त्री.)।

अवनीश (पुं. तस.) राजा, A king, अवनीशः (पुं.)।

अवपात (पुं. तस.) गिरावट, उतार, Fall, descent, अवपातः (पुं.)।

अवभृथ (पुं. तस.) यज्ञ के अन्त का स्नान, A bath taken after a sacrifice, अवभृथः (पुं.)।

अवम (वि. तस.) निम्न श्रेणी का, Inferior, अवम (वि.)।

अवमान (पुं. तस.) अपमान, तिरस्कार, Insult, disgrace, अवमानः (पुं.)।

अवयव (पुं. तस.) खण्ड, भाग, हिस्सा, Part, constituent, अवयवः (पुं.)।

अवयवी (वि. तस.) अवयवों वाला, अवयवों का समूह, Constituent, embodied, अवयवी-विन् (वि.)।

अवर (वि. तस.) निम्न, Inferior, अवर (वि.)।

अवरुद्ध (वि. तस.) रुका हुआ, Hindered, अवरुद्ध (वि.)।

अवरोध (पुं. तस.) रोक, रुकावट, विघ्न, Hinderance, obstruction, अवरोधः (पुं.)।

अवरोधक (वि. तस.) रोकने वाला, One who obstructs, अवरोधक (वि.)।

अवरोह (पुं. तस.) उतार, A descent, a decline, अवरोहः (पुं.)।

अवरोहण (पुं. तस.) उतराई, नीचे आना, Descent, coming down, **अवरोहणम्** (नपुं.)।

अवर्णनीय (वि. तस.) जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता, Indescribable, **अवर्णनीय** (वि.)।

अवलंब, अवलम्ब (पुं. तस.) सहारा, आश्रय, Support, **अवलम्बः** (पुं.)।

अवलंबन, अवलम्बन (पुं. तस.) दे. अवलम्ब – **अवलम्बनम्** (नपुं.)।

अवलेप (पुं. तस.) अभिमान, घमण्ड, लेप, Pride, haughtiness, ointment, **अवलेपः** (पुं.)।

अवलेह (पुं. तस.) चटनी, चाटने योग्य वस्तु जैसे च्यवनप्राश, A medicine which is licked, **अवलेहः** (पुं.)।

अवलोकन (पुं. तस.) देखना, Seeing, looking, **अवलोकनम्** (नपुं.)।

अवलोकित (वि. तस.) देखा हुआ, Seen, looked, **अवलोकित** (वि.)।

अवश (वि. तस.) नियन्त्रण से बाहर, विवश, Disobedient, helpless, **अवश** (वि.)।

अवशिष्ट (वि. तस.) बचा हुआ, Remaining, left, **अवशिष्ट** (वि.)।

अवशेष (पुं. तस.) बची हुई वस्तु, Remainder, residue, **अवशेषः** (पुं.)।

अवश्यंभावी, अवश्यम्भावी (वि. तस.) ऐसी घटना जो टाली नहीं जा सकती, Inevitable, certain, **अवश्यम्भावी-विन्** (वि.)।

अवश्य (अ. तस.) जरूर, Must, **अवश्य** (अ.)।

अवसन्न (वि. तस.) खिन्न, उदास, Sad, troubled, **अवसन्न** (वि.)।

अवसर (पुं. तस.) मौका, समय, Chance, opportunity, time, **अवसरः** (पुं.)।

अवसाद (पुं. तस.) खेद, उदासी, Sadness, trouble, **अवसादः** (पुं.)।

अवसान (पुं. तस.) समाप्ति, मृत्यु, सीमा, End, death, limit, **अवसानम्** (नपुं.)।

अवसेक (पुं. तस.) सिञ्चाई, तरावट, Watering, sprinkling, **अवसेकः** (पुं.)।

अवसेचन (पुं. तस.) दे. अवसेकः –**अवसेचनम्** (नपुं.)।

अवस्था (स्त्री. तस.) दशा, आयु, स्थिति, Condition, age, circumstances, **अवस्था** (स्त्री.)।

अवस्थान (पुं. तस.) रुकने का स्थान, टिकने का स्थान, Station, stoppage, **अवस्थानम्** (नपुं.)।

अवहित्था (स्त्री. तस.) भाव को छिपाने के लिए चेष्टा, The action to hide inner sense, **अवहित्था** (स्त्री.)।

अवहेला, अवहेलना (स्त्री. तस.) उपेक्षा, तिरस्कार, Carelessness, insult, disrespect, **अवहेला** (स्त्री.), **अवहेलनम्** (नपुं.)।

अवाक् (वि. तस.) मौन, न बोल सकने वाला, आश्चर्यचकित, Mute, silent, wonderstruck, **अवाक्** (वि.)।

अवाङ्मुख (वि. तस.) मुँह नीचे किया हुआ, लज्जित, शर्मिन्दा, Having the face down, ashamed, **अवाङ्मुख** (वि.)।

अवाच्य (वि. तस.) न बोलने योग्य, अकथनीय, Unspeakable, **अवाच्य** (वि.)।

अवि (तस.) भेड़ या मेंढा, A sheep or a ram, **अविः** (पुं., स्त्री.)।

अविकल (वि. तस.) पूर्ण, अखण्डित, Complete, entire, **अविकल** (वि.)।

अविकल्प (वि. तस.) सन्देहरहित, निश्चयात्मक, Doubtless, certain, **अविकल्पक** (वि.)।

अविकारी (वि. तस.) परिवर्तन से रहित, अव्यय, सदा एक रूप रहने वाला, Unchangeable, indeclinable, अविकारी-रिन् (वि.)।

अविकृत (वि. तस.) अपरिवर्तित, ठीकठाक, Unchanged, not deformed, अविकृत (वि.)।

अविचल (वि. तस.) स्थिर, अडिग, गतिहीन, Firm, immovable, motionless, अविचल (वि.)।

अविच्छिन्न (वि. तस.) अखण्डित, निरन्तर, Ceaseless, continuous, अविच्छिन्न (वि.)।

अविद्यमान (वि. तस.) अनुपस्थित, Absent, not existing, अविद्यमान (वि.)।

अविद्या (स्त्री. तस.) अज्ञान, ज्ञान का अभाव, कर्म, Ignorance, illiteracy, practice, action, अविद्या (स्त्री.)।

अविनय (स्त्री. तस.) धृष्टता, उद्दण्डता, Rudeness, immodesty, अविनयः (पुं.)।

अविनाशी (वि. तस.) अमर, शाश्वत, अनश्वर, Everlasting, immortal, अविनाशी-शिन् (वि.)।

अविनीत (वि. तस.) धृष्ट, उद्दण्ड, Rude, immodest, अविनीत (वि.)।

अविवाहित (वि. तस.) कँवारा, जिसका विवाह नहीं हुआ, unmarried, bachelor, अविवाहित (वि.)।

अविवेक (पुं. तस.) विवेक का अभाव, परख न कर सकना, Lack of discrimination, imprudence, अविवेकः (पुं.)।

अविश्वसनीय (वि. तस.) विश्वास न करने योग्य, Incredible, inreliable, not trustworthy, अविश्वसनीय (वि.)।

अवेर (अ. देशी) देरी, Delay, चिरम् (अ.)।

अवैतनिक (वि. तस.) बिना वेतन लिए कार्यरत, Honorary, अवैतनिक (वि.)।

अव्यक्त (वि. तस.) अस्पष्ट, दिखाई या सुनाई न देने वाला, Not clear, invisible, indistinct, अस्पष्ट (वि.)।

अव्यय (पुं. तस.) अपरिवर्तनशील, सदा एक-सा रहने वाला, Indeclinable, unchangeable, अव्यय (वि.), अव्ययः (पुं.)।

अव्ययीभाव (पुं. तस.) अव्यय बन जाना, एक समास जिसमें सम्पूर्ण शब्द अव्यय बन जाता है, Being unchangeable, a compound in which the compounded words become अव्यय, अव्ययीभावः (पुं.)।

अव्यवस्था (स्त्री. तस.) अक्रम, अनियमितता, Disorder, irregularity, अव्यवस्था (स्त्री.)।

अव्यवस्थित (वि. तस.) बिना क्रम के, अ-नियमित, Out of order, अव्यवस्थित (वि.)।

अव्यवहार्य (वि. तस.) व्यवहार में न लाने योग्य, Impracticable, not fit to be used, अव्यवहार्य (वि.)।

अव्यवहित (वि. तस.) व्यवधान से रहित, Undisturbed, united.

अव्याप्ति (स्त्री. तस.) लक्ष्य में लक्षण का न घटना, फैलाव की कमी, Definition which is not fit for the defined, diffusion अव्याप्तिः (स्त्री.)।

अव्याहृत (वि. तस.) अकथित, न कहा हुआ, Not told, not stated, अव्याहृत (वि.)।

अव्युत्पन्न (वि. तस.) नासमझ, अज्ञानी, Not proficient, ignorant, अव्युत्पन्न (वि.)।

अव्वल (वि. अर.) प्रथम, पहले दर्जे का, First, best, topmost, प्रथम, उत्तम (वि.)।

अशक्त (वि. तस.) असमर्थ, शक्तिहीन, Unable, powerless, अशक्त (वि.)।

अशरफी (स्त्री. फा.) सोने का एक सिक्का, A gold coin, एका सुवर्णमुद्रा (स्त्री.)।

अशान्त (वि. तस.) व्याकुल, घबराया हुआ, Disturbed, restless, अशान्त (वि.)।

अशान्ति (स्त्री. तस.) व्याकुलता, घबराहट, Disturbance, restlessness, अशान्तिः (स्त्री.)।

अशिक्षित (वि. तस.) शिक्षा से रहित, निरक्षर, Uneducated, untrained, illiterate, अशिक्षित (वि.)।

अशिव (पुं. तस.) अमंगल, Not auspicious, bad luck, अशिवम् (नपुं.)।

अशिष्ट (वि. तस.) असभ्य, बदतमीज़, Uncivilised, अशिष्ट (वि.)।

अशिष्टता (स्त्री. तस.) असभ्यता, बदतमीजी, Rudeness, uncivility, अशिष्टता (स्त्री.)।

अशुद्ध (वि. तस.) अपवित्र, गलत, गन्दा, Impure, incorrect, polluted, अशुद्ध (वि.)।

अशुद्धि (स्त्री. तस.) अपवित्रता, गलती, गन्दगी, Impurity, incorrectness, pollution, अशुद्धिः (स्त्री.)।

अशुभ (वि. तस.) बुरा, अमंगलमय, अनर्थ, Bad, not auspicious, undesired, अशुभ (वि.)।

अशेष (वि. तस.) सम्पूर्ण, पूरा-पूरा, Complete, whole, अशेष (वि.)।

अशोक (पुं. तस.) एक प्रसिद्ध राजा का नाम, एक वृक्ष का नाम, The name of a famous king and a tree, अशोकः (पुं.)।

(वि.) शोक से रहित, प्रसन्न, Not sorrowful, cheerful, अशोक (वि.)।

अशोचनीय (वि. तस.) शोक न करने योग्य, Not worth of feeling sadness, अशोचनीय (वि.)।

अशोच्य (वि. तस.) दे. अशोचनीय —अशोच्य (वि.)।

अश्म, अश्मा (पुं. तस.) पत्थर, पाषाण, A stone, अश्मा-मन् (पुं.) — अश्मा, अश्मानौ, अश्मानः)।

अश्मरी (स्त्री. तस.) पथरी, पेट में पथरी का रोग, Small stone, the name of the 'stone' disease, अश्मरी (स्त्री.)।

अश्रद्धेय (वि. तस.) अविश्वसनीय, Not reliable, not believable, अश्रद्धेय (वि.)।

अश्रु (पुं. तस.) आँसू, Tear, अश्रु (नपुं. - अश्रु, अश्रुणी, अश्रूणि)।

अश्रुतपूर्व (वि. तस.) जिसे पहले न सुना हो, Not heard before, अश्रुतपूर्व (वि.)।

अश्लील (वि. तस.) निन्दनीय, गंदा, Vulgar, obscene, अश्लील (वि.)।

अश्व (पुं. तस.) घोड़ा, Horse, अश्वः (पुं.)।

अश्वगंध (स्त्री. तस.) असगंध नाम की ओषधि, The name of a herb, अश्वगन्धा (स्त्री.)।

अश्वतर (पुं. तस.) खच्चर, A mule, अश्वतरः (पुं.), अश्वतरी (स्त्री.)।

अश्वत्थ (पुं. तस.) पीपल का पेड़, The name of a holy fig-tree, अश्वत्थः, पिप्पलः (पुं.)।

अश्वत्थामा (पुं. तस.) द्रोणाचार्य के पुत्र का नाम, The name of Droṇācārya's son, अश्वत्थामा-मन् (पुं.)।

अश्वपति (पुं. तस.) एक प्राचीन राजा का नाम, The name of an ancient king, अश्वपतिः (पुं.)।

अश्वपाल (पुं. तस.) साईस, A groom, अश्वपालः (पुं.)।

अश्वमेध (पुं. तस.) सम्राट द्वारा किया गया एक यज्ञ जिसमें छोटे-छोटे राजा सम्मिलित होते हैं, A sacrifice performed by an emperor which is also joined by subordinate kings.

अश्वारोही (पुं. तस.) घुड़सवार, A rider on a horse, अश्वारोही-हिन् (पुं.)।

अश्विनीकुमार (पुं. तस.) देवताओं के वैद्य दो देवता, The two physicians of gods, अश्विनीकुमारौ (पुं. द्वि.)।

अषाढ़ी फसल (स्त्री. तभ.) आषाढ़ के महीने में तैयार होने वाली फसल, The crop which is ready in the fourth local month, आषाढमन्नम् (नपुं.)।

अष्ट (वि. तस.) आठ, Eight, अष्ट, अष्टौ (वि.)।

अष्टक (पुं. तस.) आठ का समूह, A collection of eight things.

अष्टम (वि. तस.) आठवाँ, Eighth, अष्टम (वि.)।

अष्टमी (वि. तस.) आठवीं, आठवीं तिथि, The eighth day of a fortnight, eighth, अष्टमी (वि. स्त्री.)।

अष्टादश (वि. तस.) अठारह, Eighteen, अष्टादश (वि.)।

अष्टाध्यायी (स्त्री. तस.) पाणिनि द्वारा लिखित व्याकरण-पुस्तक, A grammar book written by Pāṇini, अष्टाध्यायी (स्त्री.)।

अष्टावक्र (पुं. तस.) एक ऋषि का नाम जिसके आठ अंग टेढ़े थे, The name of a sage who was deformed by eight organs, अष्टावक्रः (पुं.)।

अष्टि (स्त्री. तस.) गुठली, Stone of a fruit, अष्टिः (स्त्री.)।

असंख्य (वि. तस.) अनगिनत, Countless, असंख्य (वि.)।

असंख्यात (वि. तस.) दे. असंख्य।

असंगत (वि. तस.) असम्बद्ध, मेल न खाने वाला, असंगत (वि.)।

असंतुष्ट, असन्तुष्ट (वि. तस.) अप्रसन्न, नाराज़, Unhappy, not satisfied.

असंतोष, असन्तोष (पुं. तस.) अप्रसन्नता, नाराजगी, Dissatisfaction, असन्तोषः (पुं.)।

असंदिग्ध, असन्दिग्ध (वि. तस.) निश्चित, पक्का, Certain, assured, असन्दिग्ध (वि.)।

असम्बद्ध (वि. तस.) अनमेल, Irrelevant, असम्बद्ध (वि.)।

असम्भव (वि. तस.) नामुमकिन, Impossible, असम्भव (वि.)।

असम्भावित (वि. तस.) जिसकी सम्भावना नहीं थी, अचानक होने वाला, Without possibility, sudden, असम्भावित (वि.)।

असंयत (वि. तस.) अनियन्त्रित, वश से बाहर, Uncontrolled, असंयत (वि.)।

असंस्कृत (वि. तस.) अपवित्र, दोषपूर्ण, संस्कारों से शून्य, Not refined, devoid of religious rites.

असंशय (पुं. तस.) सन्देह का अभाव, निश्चयात्मकता, Absence of doubt, certainity, असंशयः (पुं.)।

अस (वि. तभ.) ऐसा, ईदृश, So, similar, thus, ईदृश, एतादृश (वि.)।

असकृत् (अ. तस.) बारम्बार, अनेक बार, Often, frequently, असकृत् (अ.)।

असगन्ध (स्त्री. तभ.) दे. अश्वगन्ध।

असत् (वि. तस.) जिसकी सत्ता नहीं, बुरा, Having no existence, bad, असत् (वि.)।

असत्य (वि. तस.) झूठा, False, असत्य, सत्यहीन (वि.)।

(पुं. तस.) झूठ, Falsehood, a lie, असत्यम् (नपुं.)।

असदृश (वि. तस.) असमान, Dissimilar, असदृश (वि.)।

असादृश्य (पुं. तस.) असमानता, Dissimilarity, असादृश्य (नपुं.)।

असफल (वि. तस.) नाकामयाब, अनुत्तीर्ण, Unsuccessful, failed, असफल (वि.)।

असबाब (पुं. अर.) सामान, सामग्री, Luggage, baggage, सम्भारः (पुं.), वस्तुजातम् (नपुं.)।

असभ्य (वि. तस.) बदतमीज़, Uncivilized, rude, असभ्य (वि.)।

असभ्यता (स्त्री. तस.) बदतमीजी, Indecency, rudeness, vulgarity, असभ्यता (स्त्री.)।

असमंजस (पुं. तस.) उलझन, किंकर्त्तव्यविमूढता, Suspense, निश्चयाभावः (पुं.)।

असम (वि. तस.) असमान, असदृश, Dissimilar, uneven, different, असम (वि.)।

असमर्थ (वि. तस.) अशक्त, अयोग्य, Unable, incompetent, असमर्थ (वि.)।

असमान (वि. तस.) दे. असम।

असम्मत (वि. तस.) असहमत, विरुद्ध विचार वाला, Not yielding, not accepting one's view, असम्मत (वि.)।

असर (पुं. अर.) प्रभाव, Effect, consequence, प्रभावः (पुं.)।

असल (वि. अर.) सत्य, अकृत्रिम, खरा, True, real, pure, वास्तविक (वि.)।

असलियत (स्त्री. अर.) वास्तविकता, सत्यता, खरापन, Reality, purity, absence of artificiality, वास्तविकता (स्त्री.)।

असली (वि. अर.) दे. असल।

असहनीय (वि. तस.) न सहने योग्य, Intolerable, असहनीय, असह्य (वि.)।

असह्य (वि. तस.) दे. असहनीय।

असहिष्णु (वि. तस.) सहन न करने वाला, उग्र स्वभाव वाला, Intolerant, irritated, peevish, असहिष्णु (वि.)।

असाधारण (वि. तस.) विशेष, असामान्य, Uncommon, special, असाधारण (वि.)।

असाध्य (वि. तस.) सिद्ध न होने वाला, जिसका इलाज न हो सके, Remediless, incurable, impregnable, असाध्य (वि.)।

असामयिक (वि. तस.) समय के अनुसार न होने वाला, Untimely, असामयिक (वि.)।

असामान्य (वि. तस.) विशेष, खास, Special, uncommon, असामान्य (वि.)।

असामी (पुं. अर.) किसान, ग्राहक, प्रतिवादी, A tenant, a culprit, defendant, कृषकः, ग्राहकः, प्रतिवादी-दिन् (पुं.)।

असावधान (वि. तस.) लापरवाह, ध्यान न देने वाला, Negligent, unaware, not alert, sluggish, असावधान (वि.)।

असि (पुं. तस.) तलवार, A sword, असिः (पुं.)।

असित (वि. तस.) काला, बन्धन से रहित, स्वतंत्र, Black, untied, free, असित (वि.)।

असी (स्त्री. तस.) एक नदी का नाम, Name of a river.

असीम (वि. तस.) सीमारहित, अनन्त, Unlimited, limitless, असीम (वि.)।

असीस (पुं. तभ.) दे. आशिष।

असीसन (सकर्म. तभ.) आशीर्वाद देना, To bless, आशीर् + वद् (भ्वा. पर.) – आशीर्वदति।

असु (पुं. तस.) प्राण, जीवन, Life, breath, असुः (पुं.)।

असुविधा (स्त्री. तस.) कष्ट, तकलीफ़, सहूलियत का अभाव, Inconvenience, difficulty, असुविधा (स्त्री.)।

असूया (स्त्री. तस.) डाह, जलन, ईर्ष्या, Jealousy, malice, असूया (स्त्री.)।

असूल (पुं. अर.) दे. उसूल।

अस्तंगत (वि. तस.) डूबा हुआ, छिपा हुआ, Setting down, descending, अस्तंगत (वि.)।

अस्त (वि. तस.) फेंका हुआ, डूबा हुआ, ओझल, Thrown, sunk, hidden.

अस्तबल (पुं. अर.) अश्वशाला, A stable, मन्दुरा, अश्वशाला (स्त्री.)।

अस्तमित (वि. तस.) दे. अस्तंगत —अस्तमित (वि.)।

अस्तर (पुं. फा.) तह, लेप, The lining of garments, plastering, coating, अन्तःस्तर, उपदेहः (पुं.)।

अस्त-व्यस्त (वि. तस.) उथल-पुथल, अव्यवस्थित, विकीर्ण, बिखरा हुआ, Disarranged, out of order, scattered, अस्तव्यस्त (वि.)।

अस्ताचल (पुं. तस.) पश्चिमीय पर्वत जहाँ सूर्य डूबता दीखता है, A western mountain where the sun looks setting, अस्ताचलः (पुं.)।

अस्तित्व (पुं. तस.) सत्ता, शक्ति, मौजूदगी, Existence, power, अस्तित्वम् (नपुं.)।

अस्तु (अ. तस.) अच्छा, ऐसा ही सही, ठीक है, Well, it may be so, true, अस्तु (अ.)।

अस्तेय (पुं. तस.) चोरी का अभाव, Absence of stealing, अस्तेयम् (नपुं.)।

अस्त्र (पुं. तस.) हथियार जिसके द्वारा दूर से मार की जाती है, A weapon, a missile, अस्त्रम् (नपुं.)।

अस्थि (स्त्री. तस.) हड्डी, A bone, अस्थि (नपुं. - अस्थि, अस्थिनी, अस्थीनि)।

अस्थिर (वि. तस.) चञ्चल, नाशवान्, Unsteady, destructible, अस्थिर (वि.)।

अस्पृश्य (वि. तस.) न छूने योग्य, अछूत, Untouchable, अस्पृश्य (वि.)।

अस्पष्ट (वि. तस.) जो साफ-साफ सुनाई या दिखाई न दे, धुंधला, मन्द, Not clear, indistinct, illegible, inaudible, अस्पष्ट (वि.)।

अस्फुट (वि. तस.) दे. अस्पष्ट।

अस्मिता (स्त्री. तस.) अभिमान, घमंड, Vanity, pride, अस्मिता (स्त्री.)।

अस्र (पुं. तस.) खून, आँसू, Blood, tear, अस्रम् (नपुं.)।

अस्वस्थ (वि. तस.) रोगी, बीमार, Diseased, अस्वस्थ (वि.)।

अस्वाभाविक (वि. तस.) अप्राकृतिक, Unnatural, अस्वाभाविक (वि.)।

अस्वीकार (पुं. तस.) नामंजूरी, निषेध, इनकार, Refusal, rejection, denial, अस्वीकारः (पुं.)।

अस्वीकृत (वि. तस.) नामंजूर, प्रतिषिद्ध, निषिद्ध, Rejected, refused, denied, अस्वीकृत (वि.)।

अस्सी (वि. तभ.) सत्तर और दस, Eighty, अशीतिः (वि. स्त्री.)।

अहम् (सर्व. तस.) मैं, I, अहम् (सर्व.)।

अहम्भाव (पुं. तस.) अपना महत्त्व, अभिमान, Egoism, arrogance, अहम्भावः (पुं.)।

अहंकार, अहङ्कार (पुं. तस.) अभिमान, घमण्ड, Pride, arrogance, अहङ्कारः (पुं.)।

अहः (पुं. तस.) दिन, Day, अहः (नपुं. - अहः, अहनी, अहानि)।

अहर्निश (अ. तस.) दिन-रात, निरन्तर, Day and night, continuously, अहर्निशम् (अ.)।

अहलकार (पुं. फा.) राज्य का प्रतिनिधि, An agent of the government, राजप्रतिनिधिः (पुं.)।

अहलमद (पुं. फा.) न्यायालय का अभिलेखाधिकारी, An official of court who is incharge of the records, अभिलेखाधिकारी-रिन् (पुं.)।

अहल्या (स्त्री. तस.) गौतम की पत्नी, Wife of Gautam, अहल्या (स्त्री.)।

अहसान (पुं. अर.) उपकार, भला, Obligation, help, favour, उपकारः (पुं.)।

अहह (अ. तस.) अरे, रे, आश्चर्य और व्याकुलताबोधक अव्यय, An indeclinable showing surprize and perplexity etc. अहह (अ.)।

अहहिं (अकर्म. देशी) हैं, They are, सन्ति (अदा. अस्)।

अहा (अ. तस.) आश्चर्य, दुःख आदि बताने वाला अव्यय, Oh, alas, अहा।

अहाता (पुं. अर.) घेरा, घेराव, Boundary, enclosure, परिसीमा (स्त्री.)।

अहिंसा (स्त्री. तस.) किसी को पीड़ा न देना, Non-violence, अहिंसा (स्त्री.)।

अहि (पुं. तस.) साँप, A snake, अहिः (पुं.)।

अहित (पुं. तस.) अपकार, नुकसान, harm, injury, अहितम् (नपुं.)।

अहिफेन (पुं. तस.) अफीम, Opium, अहिफेनम् (नपुं.)।

अहिभुक् (पुं. तस.) मोर, A peacock, अहिभुक् (पुं.), मयूरः (पुं.)।

अहीर (पुं. तभ.) ग्वाला, दूध दोहने वाला, A cow-herd, a milkman, आभीरः (पुं.)।

अहेरी (पुं. देशी) शिकारी, A hunter, व्याधः, आखेटकः (पुं.)।

अहो (अ. तस.) आश्चर्य और प्रसन्नताबोधक अव्यय, Oh, O, अहो (अ.)।

अहोभाग्य (पुं. तस.) अच्छी किस्मत, Good luck, अहोभाग्यम् (नपुं.)।

अहोरात्र (पुं. तस.) दिनरात, Day and night, अहोरात्रम् (नपुं.)।

आ Ā

आ (पुं.) देवनागरी लिपि का दूसरा स्वर, The second vowel of Devanāgarī script, आकारः (पुं.)।

आँकड़ा (पुं. तभ.) अंक, संख्या का चिह्न, A digit, अङ्कः (पुं.)।

आँकना (सकर्म. तभ.) अन्दाज़ा लगाना, To estimate, (अङ्क-चुरा. उभ) — अङ्कयति।

आँख (स्त्री. तभ.) अक्षि, नेत्र, नयन, An eye, अक्षि (नपुं. - अक्षि, अक्षिणी, अक्षीणि)।

आँख-फोड़वा (पुं. तभ.) टिड्डा, A grasshopper, अक्षिस्फोटकः (पुं.)।

आँखमिचौली (स्त्री. तभ.) एक खेल जिस में एक व्यक्ति की आँख बन्द करने के बाद उसे छिपे हुओं को ढूँढना पड़ता है, The play of hide and seek, अक्षिनिमीलिनी क्रीडा (स्त्री.)।

आँगन (पुं. तभ.) मकान के सामने का खुला-स्थान, A court-yard, प्राङ्गणम् (नपुं.)।

आंगिक, आङ्गिक (वि. तस.) अंगों से सम्बन्धित, Pertaining to the organs of body, आङ्गिक (वि.)।

आँच (स्त्री. तभ.) ज्वाला, लपट, Flame of fire, अर्चिः-ष् (नपुं. -अर्चिः, अर्चिषी, अर्चींषि)।

आँचर, आँचल (पुं. तभ.) कपड़े का सिरा, The end of a cloth, अञ्चलः-लम् (पुं. नपुं.)।

आँजना (सकर्म. तभ.) आँख में सुर्मा लगाना, To apply collyrium to the eyes, अञ्जू-अनक्ति (रुधा.)।

आंत (स्त्री. तभ.) अंतड़ी, Intestine, अन्त्रम् (नपुं.)।

आंदोलन, आन्दोलन (पुं. तस.) चेष्टा, प्रवृत्ति, हरकत, Movement, आन्दोलनम् (नपुं.)।

आँधी, आन्धी (स्त्री. तभ.) अंधड़, तूफान, A gale, a storm, प्रभञ्जनः (पुं.)।

आँय-बाँय (स्त्री. देशी) व्यर्थ की बात, Useless talk, प्रलापः (पुं.)।

आँव (स्त्री. तभ.) अतिसार में टट्टी के साथ आने वाला एक सफेद चिकना पदार्थ, The white glutinous matter which comes from bowels in dysentry, आमः, श्लेष्मा-मन् (पुं.)।

आँवड़ना (अकर्म. देशी) दे. उमड़ना।

आँवल (पुं. तभ.) ज़ेर, जरायु, The membraneous cover of a womb, उल्वम् (नपुं.), जरायु (नपुं.)।

आँवला (पुं. तभ.) आमला, एक फल, A kind of myrobalan, आमलकम्, आमलकः आमलकी (नपुं., पुं., स्त्री.)।

आँवाँ (पुं. देशी) मिट्टी के पात्र पकाने की भट्टी, The potter's kiln, आपाकः (पुं.) कुम्भकार-भ्राष्ट्रम् (नपुं.)।

आंशिक (वि. तस.) थोड़ा-सा, जरा-सा, Pertaining to a part, आंशिक (वि.)।

आँसू (पुं. तभ.) अश्रु, नेत्रजल, Tear, अश्रु (नपुं.)।

आँहाँ (अ. देशी) नहीं, ऐसा नहीं, The word of disapproval, not so, नैव (अ.)।

आइन्दा (अ. अर.) भविष्य में, In future, अग्रतः (अ.)।

आइना (पुं.) दर्पण, शीशा, Mirror, दर्पणः (पुं.)।

आईन (पुं. अर.) संविधान, Constitution, संविधानम् (नपुं.)।

आईना (पुं. अर.) दे. आइना।

आईनी (वि. अर.) वैधानिक, नियमानुसार, Legal, वैधानिक (वि.)।

आकंपन, आकम्पन (पुं. तस.) हिलना-डुलना, काँपना, थरथराना, Shaking, quivering, trembling, आकम्पनम् (नपुं.)।

आक (पुं. तभ.) एक प्रकार की औषधि, अर्क, मन्दार, Sallow-wort, अर्कः (पुं.)।

आकर (पुं. तस.) खजाना, खान, खनि, A treasury, source, a mine, आकरः (पुं.)।

आकरिक (पुं. तस.) खनिक, खान खोदने वाला, A mine digger, आकरिकः (पुं.)।

आकरी (पुं. तस.) खान खोदने का काम, The work of digging mines, आकर-खननम् (नपुं.)।

आकर्ष (पुं. तस.) खिंचाव, Attraction, आकर्षः (पुं.)।

आकर्षक (वि. तस.) खींचने वाला, Attractive, आकर्षक (वि.)।

आकर्षण (पुं. तस.) खिंचाव, Attraction, आकर्षणम् (नपुं.)।

आकर्षित (वि. तस.) खिंचा हुआ, Attracted, आकर्षित (वि.)।

आकलन (पुं. तस.) हिसाब, अन्दाजा, Estimation, counting, आकलनम् (नपुं.)।

आकस्मिक (वि. तस.) अचानक होने वाला, आपातित, Accidental, sudden, आकस्मिक (वि.)।

आकांक्षा, आकाङ्क्षा (स्त्री. तस.) चाह, इच्छा, कामना, Desire, wish, आकाङ्क्षा (स्त्री.)।

आकांक्षित, आकाङ्क्षित (वि. तस.) इच्छित, चाहा हुआ, Desired, wished, आकाङ्क्षित (वि.)।

आकांक्षी, आकाङ्क्षी (वि. तस.) चाहने वाला, इच्छुक, Desirous, aspirant, आकाङ्क्षीक्षिन् (वि.)।

आकार (पुं. तस.) शक्ल, सूरत, आकृति, Shape, form, appearance, आकारः (पुं.)।

आकाश (पुं. तस.) आसमान, नभ, व्योम, Sky, आकाशः-शम् (पुं., नपुं.)।

आकाशकुसुम (पुं. तस.) असम्भव वात, Impossibility, आकाशकुसुमम् (नपुं.)।

आकाशगंगा-गङ्गा (स्त्री. तस.) सितारों की परम्परा, The milky way, galaxy, आकाशगङ्गा (स्त्री.)।

आकाशपुष्प (पुं. तस.) दे. आकाशकुसुम।

आकाशबेल (स्त्री. तभ.) दे. अमरबेल।

आकाशवाणी (स्त्री. तस.) दैवीय ध्वनि, A divine communication, आकाशवाणी (स्त्री.)।

आकाशीय (वि. तस.) आसमानी, आकाश से सम्बन्धित, Pertaining to the sky, आकाशीय (वि.)।

आकिल (वि. अर.) अक्लमंद, बुद्धिमान्, Wise, intelligent, बुद्धिमान्-मत् (वि.)।

आकीर्ण (वि. तस.) बिखरा हुआ, घिरा हुआ, Scattered, surrounded, आकीर्ण (वि.)।

आकुंचन, आकुञ्चन (पुं. तस.) संकुचन, सिकुड़न, Contraction, आकुञ्चनम् (नपुं.)।

अकुंचित, आकुञ्चित (वि. तस.) सिकुड़ा हुआ, Contracted, आकुञ्चित (वि.)।

आकुल (वि. तस.) व्याकुल, तंग आया हुआ, घिरा हुआ, Agitated, perplexed, crowded, आकुल (वि.)।

आकुलता (स्त्री. तस.) व्याकुलता, घबराहट, घिराव, Disturbance, restlessness, entanglement, आकुलता (स्त्री.)।

आकुलित (वि. तस.) दे. आकुल।

आकूति (स्त्री. तस.) प्रवृत्ति, विचार, Intention, thinking, आकूतिः (स्त्री.)।

आकृति (स्त्री. तस.) दे. आकार – आकृतिः (स्त्री.)।

आकृष्ट (वि. तस.) खिंचा हुआ, Attracted, आकृष्ट (वि.)।

आक्रन्दन (पुं. तस.) विलाप, रोना, रुदन, Crying, weeping, lamentation, आक्रन्दनम् (नपुं.)।

आक्रमण (पुं. तस.) हमला, चढ़ाई, Attack, invasion, आक्रमणम् (नपुं.)।

आक्रांत, आक्रान्त (वि. तस.) घिरा हुआ, चढ़ाई किया हुआ, हमला किया हुआ, Involved, surrounded, attacked, आक्रान्त (वि.)।

आक्रोश (पुं. तस.) क्रोध, गाली, A curse, anger, abusing, क्रोधः, शापः (पुं.), गालीदानम् (नपुं.)।

आक्षिप्त (वि. तस.) सभी ओर फेंका हुआ, जिस पर आपत्ति की गई है, मिलाया हुआ, Thrown, objected, defiled, mixed, आक्षिप्त (वि.)।

आक्षेप (पुं. तस.) उलाहना, एतराज, Objection, आक्षेपः (पुं.)।

आक्षेपक (पुं. तस.) आक्षेप करने वाला, एतराज करने वाला, मिलावट करने वाला, Objectioner, he who defiles in the original, आक्षेपकः (पुं.)।

आखर (पुं. तभ.) दे. अक्षर।

आखिर (वि. अर.) अन्त, अन्तिम, Last, at last, अन्तिम (वि.), अन्ततः (अ.)।

आखिरी (वि. अर.) अन्तिम, समाप्ति वाला, Last, final, अन्तिम (वि.)।

आखु (पुं. तस.) चूहा, A rat, a mouse, आखुः, मूषकः (पुं.)।

आखेट (पुं. तस.) शिकार, Hunting, a hunt, आखेटः (पुं.)।

आखेटिक, आखेटी (पुं. तस.) शिकारी, व्याध, A hunter, आखेटिकः (पुं.)।

आख्या (स्त्री. तस.) नाम, प्रसिद्धि, Name, fame, आख्या (स्त्री.), नाम-मन् (नपुं.)।

आख्यात (वि. तस.) कहा हुआ, वर्णन किया हुआ, Said, told, आख्यात (वि.)।

आख्यात (पुं. तस.) धातु, A root, आख्यातम् (नपुं.)।

आख्यातिक (पुं. तस.) धातुरूपों से सम्बन्धित पुस्तक, The book explaining conjugation of roots, आख्यातिकम् (नपुं.)।

आख्यान (पुं. तस .) कथानक, समाचार, Story, narration, आख्यानम् (नपुं.)।

आख्यानक (पुं. तस.) दे. आख्यान — आख्यानकम् (नपुं.)।

आख्यायिका (स्त्री. तस.) सत्य कथा, True story, आख्यायिका (स्त्री.)।

आगंतुक, आगन्तुक (पुं. तस.) आया हुआ, मेहमान, New comer, a guest, आगन्तुकः (पुं.)।

आग (स्त्री. तस.) अग्नि, अनल, शिखी, ज्वलन, Fire, अग्निः (पुं.)।

आगत (वि. तस.) आया हुआ, Approached, come, आगत (वि.)।

आगम (पुं. तस.) आना, ज्ञान, बोध कराने वाला, वेद, Coming, knowledge, source of knowledge, Vedas, आगमः (पुं.)।

आगमन (पुं. तस.) आना, Coming, आगमनम् (नपुं.)।

आगर (पुं. तभ.) देखिए आगार — आगारः (पुं.)।

आगल (पुं. तभ.) अर्गला, दरवाजों को बन्द करने वाला लकड़ी या धातु का टुकड़ा, Wooden or iron rod to fasten the parts of doors, अर्गला (स्त्री.)।

आगवन (पुं. तभ.) दे. आगमन।

आगा (पुं. तभ.) अगला भाग, बीता समय, The fore part of any thing, past time, अग्रभागः (पुं.), गतः कालः (पुं.)।

आगामी (वि. तस.) आने वाला, भविष्य का, Coming, of future, आगामी-मिन् (वि.)।

आगार (पुं. तस.) घर, कमरा, जमा करने का स्थान, House, a room, storehouse, आगारम् (नपुं.)।

आगाह (वि. फा.) परिचित, सूचित, Acquainted with, aware, सूचित (वि.), परिचित (वि.)।

आगाही (स्त्री. फा.) सूचना, परिचय, Information, aquaintance, सूचना (स्त्री.), परिचयः (क.)।

आगि, आगी (स्त्री. तभ.) दे. आग।

आगे (अ. तभ.) सामने, आने वाला समय या स्थान, In front of, next time or place, अग्रे (अ.), अग्रतः (अ.)।

आगौन (पुं. तभ.) देखिए आगमन।

आग्नेय (वि. तस.) अग्नि से सम्बन्धित, Pertaining to fire, आग्नेय (वि.)।

आग्नेय कोण (पुं. तस.) दक्षिण-पूर्व की उपदिशा, South-east quarter, आग्नेय-कोणः (पुं.)।

आग्नेयास्त्र (पुं. तस.) आग फेंकने वाले हथियार, Fire missiles, आग्नेयास्त्रम् (नपुं.)।

आग्रह (पुं. तस.) हठ, जिद, डटना, संकल्प, Obestinacy, persistence, determination, आग्रहः (पुं.)।

आग्रहायण (पुं. तस.) मार्गशीर्ष का महीना, Ninth month of Indian year, आग्रहायणः (पुं.)।

आग्रही (पुं. तस.) हठी, जिद्दी, डटा हुआ, संकल्पपूर्ण, Persistent, obestinate, आग्रही-हिन् (पुं.)।

आघ (पुं. तभ.) अर्घ, मूल्य, Price, cost, अर्घः (पुं.), मूल्यम् (नपुं.)।

आघात (पुं. तस.) चोट, टक्कर, Stroke, blow, shock, आघातः (पुं.)।

आघूर्णन (पुं. तस.) अपनी किल्ली पर ही घुमाव, Rotating, rotation, आघूर्णनम् (नपुं.)।

आघूर्णित (वि. तस.) चक्कर में पड़ा हुआ, व्याकुल, Confused, perplexed, आघूर्णित (वि.)।

आघ्राण (पुं. तस.) सूँघना, Smelling, आ-घ्राणम् (नपुं.)।

आघ्रात (वि. तस.) सूँघा हुआ, Smelled, आघ्रात (वि.)।

आचमन (पुं. तस.) हथेली में थोड़ा सा जल ले कर पीना, Drinking a little water from the palm of the hand, आचमनम् (नपुं.)।

आचमनी (स्त्री. तस.) आचमन के लिए प्रयुक्त की जाने वाली चम्मच, A small spoon used for आचमन, आचमनी (स्त्री.)।

आचमनीय (वि. तस.) पीने योग्य, आचमन करने योग्य, Fit for little sipping, आचमनीय (वि.)।

आचरण (पुं. तस.) चाल-चलन, Conduct, practice, behaviour, आचरणम् (नपुं.)।

आचरित (वि. तस.) व्यवहार में लाया गया, Practised, आचरित (वि.)।

आचार (पुं. तस.) आचरण, सामाजिक नियम, Practice, social rules, conduct, आचारः (पुं.)।

आचारज (पुं. तभ.) दे. आचार्य।

आचार्य (पुं. तस.) व्यवहार और धर्म आदि का शिक्षक तथा छात्रों का मार्गदर्शक, The preacher of conduct and guide of student, आचार्यः (पुं.)।

आचार्या (स्त्री. तस.) आचार्य के समान कार्य करने वाली स्त्री, A lady आचार्य, आचार्या (स्त्री.)।

आचार्यानी (स्त्री. तस.) आचार्य की पत्नी, Wife of the आचार्य – आचार्यानी (स्त्री.)।

आच्छन्न (वि. तस.) ढका हुआ, छिपा हुआ, गुप्त, Covered, hidden, secret, आच्छन्न (वि.)।

आच्छादक (पुं. तस.) ढकने वाला, छिपाने वाला, गुप्त रखने वाला, Covering one, आच्छादकः (पुं.)।

आच्छादन (पुं. तस.) ढक्कन, वस्त्र, कपड़ा, A cover, any cloth, आच्छादनम् (नपुं.)।

आच्छादित (वि. तस.) ढका हुआ, छिपाया हुआ, Covered, hidden, आच्छादित (वि.)।

आछत (वि. तभ.) अछत, होते हुए, सत्, उपस्थिति में, Being, in the presence of, सति, विद्यमाने (वि.)।

आछना (अक. तभ.) होना, To be, to remain, अस्-अस्ति (अदा. पर.)।

आछा (वि. तभ.) दे. अच्छा।

आछेप (पुं. तभ.) दे. आक्षेप।

आज (अ. तभ.) यह दिन, अद्य, Today, अद्य (अ.)।

आजन्म (अ. तस.) जन्म से लेकर, पैदा होने से लेकर, From the birth, आजन्म (अ.)।

आज़माइश (स्त्री. फा.) परीक्षा, देखभाल, Examination, test, परीक्षा (स्त्री.)।

आज़ाद (वि. फा.) स्वतन्त्र, स्वाधीन, Independent, free, स्वतन्त्र (वि.), स्वाधीन (वि.)।

आज़ादी (स्त्री. फा.) स्वतन्त्रता, स्वाधीनता, Independence, freedom, स्वाधीनता (स्त्री.), स्वतन्त्रता (स्त्री.)।

आजानु (अ. तस.) घुटनों तक, Upto the knees, आजानु (अ.)।

आजीव (पुं. तस.) रोज़ी-रोटी, पेशा, रोजगार, Livelihood, profession, आजीवः (पुं.)।

आजीवन (अ. तस.) जीवन-पर्यन्त, जब तक जान है, Throughout life, आजीवनम् (अ.)।

आजीविका (स्त्री. तस.) दे. आजीव।

आज्ञा (स्त्री. तस.) हुक्म, आदेश, Order, command, आज्ञा (स्त्री.)।

आज्ञाकारी (वि. तस.) हुक्म मानने वाला, Obedient, आज्ञाकारी-रिन् (वि.)।

आज्ञापक (वि. तस.) हुक्मरान, आज्ञा देने वाला, हाकिम, A master, he who orders, आज्ञापक (वि.)।

आज्ञापत्र (पुं. तस.) लिखित आज्ञा, आज्ञा का पत्र, Warrent, a written order, आज्ञापत्रम् (नपुं.)।

आज्ञापन (पुं. तस.) आज्ञा देने का कार्य, आदेश, Ordering, commanding, आज्ञापनम् (नपुं.)।

आज्ञापित (वि. तस.) आदिष्ट, आज्ञा किया हुआ, Ordered, आज्ञापित (वि.)।

आज्ञापालक (पुं. तस.) दे. आज्ञाकारी।

आज्ञाभंग, आज्ञाभङ्ग (पुं. तस.) आदेश का पालन न करना, हुक्म न मानना Disobedience, आज्ञाभङ्गः (पुं.)।

आज्ञार्थक (वि. तस.) आज्ञा को बताने वाला, Imperative, आज्ञार्थक (वि.)।

आटा (पुं. तभ.) चूर्ण, Flour, अट्टम् (नपुं.), पिष्टान्नम् (नपुं.)।

आटोप (पुं. तस.) फैलाव, दिखावा, Extension, spreading, vanity, show, आटोपः (पुं.)।

आठ (वि. तभ.) छह और दो, अष्ट, Eight, अष्ट, अष्टौ (वि.)।

आठवाँ (वि. तभ.) अष्टम, Eighth, अष्टमः (पुं. वि.), अष्टमी (स्त्री. वि.) अष्टमम् (नपुं. वि.)।

आडंबर, आडम्बर (पुं. तस.) दिखावा, पाखण्ड, Display, vanity, show, आडम्बरः (पुं.)।

आड़ (स्त्री. देशी) ओट, रुकावट, बचाव, A screen, hinderance, protection, व्यवधानम् (नपुं.)।

आड़ा (वि. देशी) टेढ़ा, तिरछा, Oblique, crooked, तिर्यक्-च् (वि.)।

आड़ू (पुं. तभ.) एक फल का नाम, A peach, आडुकम् (नपुं.)।

आढ़क (पुं. तस.) लगभग सात किलो के भार का माप, A measurement weighting about seven kg. आढकम् (नपुं.)।

आढ़त (स्त्री. देशी) दलाली, Brokerage, मध्यस्थांशः (पुं.)।

आढ़तिया (पुं. देशी) दलाल, Broker, मध्यस्थः (पुं.)।

आढ्य (वि. तस.) सम्पन्न, युक्त, भरपूर, Full of, having sufficient, as धनाढ्य — आढ्य (वि.)।

आतंक, आतङ्क (पुं. तस.) भय, डर, आशंका, Terror, fear, आतङ्कः (पुं.)।

आततायी (पुं. तस.) अत्याचारी, जालिम, Cruel, tyrant.

आतप (पुं. तस.) धूप, सूर्य का ताप, Light of the sun, आतपः (पुं.)।

आतपत्र (पुं. तस.) धूप से बचाने वाला, छाता, छत्र, An umbrella, आतपत्रम् (नपुं.)।

आतमा (पुं. तभ.) दे. आत्मा।

आतशक (पुं. फा.) मूत्रेन्द्रिय का रोग, उपदंश, Syphilis, उपदंशः (पुं.)।

आतशबाजी (स्त्री. फा.) अग्निचूर्ण के खिलौनों का खेल, Display of fire-works, आग्नेय-क्रीडा (स्त्री.)।

आतशी-शीशा (पुं. फा.) धूप को ग्रहण करने वाला काँच, अग्निजनकःकाचः (पुं.)।

आतिथ्य (पुं. तस.) अतिथिसत्कार, मेहमान-बाजी, Hospitality, आतिथ्यम् (नपुं.)।

आतिशबाजी (स्त्री. फा.) दे. आतशबाजी।

आतुर (वि. तस.) व्याकुल, पीड़ित, Suffering, perplexed, restless, आतुर (वि.)।

आत्म (वि. तस.) अपना, Own, आत्मीय (वि.), (पुं.) दे. आत्मा।

आत्मकृत (वि. तस.) अपना किया हुआ, Done by oneself, आत्मकृत (वि.)।

आत्मगत (वि. तस.) अपने मन में, स्वगत, In himself, आत्मगत (वि.)।

आत्मज (पुं. तस.) पुत्र, बेटा, A son, आत्मजः (पुं.)।

आत्मजा (स्त्री. तस.) पुत्री, बेटी, A daughter, आत्मजा (स्त्री.)।

आत्मजात (पुं.), आत्मजाता (स्त्री.) दे. आत्मज, आत्मजा।

आत्मज्ञ (वि. तस.) अपने आप को या आत्मा को जानने वाला, Having the knowledge of himself or soul, आत्मज्ञ (वि.)।

आत्मज्ञान (पुं. तस.) आत्मा के सम्बन्ध में जानना, Spiritual knowledge, आत्मज्ञानम् (नपुं.)।

आत्मज्ञानी (वि. तस.) दे. आत्मज्ञ।

आत्मप्रशंसा (स्त्री. तस.) अपनी तारीफ़, आत्मश्लाघा, Self-praise, boasting, आत्मप्रशंसा (स्त्री.)।

आत्महत्या (स्त्री. तस.) अपने को मार देना, Suicide, आत्महत्या (स्त्री.)।

आत्मा (पुं. तस.) शरीरी, शरीरधारीजीव, Self, soul, आत्मा-मन् (पुं.)।

आत्मानंद-नन्द (पुं. तस.) आत्मा में रमने का मजा, Spiritual pleasure, internal peace, आत्मानन्दः (पुं.)।

आत्माभिमान (पुं. तस.) स्वाभिमान, अपनी शक्ति का अनुभव करना, Self-pride, आत्माभिमानः (पुं.)।

आत्मावलंबी-लम्बी (वि. तस.) स्वाश्रयी, स्वावलम्बी, अपने आश्रय पर रहने वाला, Self-supporter, आत्मावलम्बी-बिन् (वि.)।

आत्मिक (वि. तस.) अपने से या आत्मा से सम्बन्धित, Pertaining to self, spiritual, आत्मिक (वि.)।

आत्मीय (वि. तस.) निजी, अपना, Own, intimate, आत्मीय (वि.)।

आत्मोत्सर्ग (पुं. तस.) आत्मत्याग, बलिदान, Relinquishing of own interest for others, आत्मोत्सर्गः (पुं.)।

आत्मोद्धार (पुं. तस.) अपनी उन्नति, अपना कल्याण, Own progress, self-welfare, progress in spiritual life, आत्मोद्धारः (पुं.)।

आत्मोन्नति (स्त्री. तस.) दे. आत्मोद्धारः।

अत्यधिक (वि. तस.) बहुत ज्यादा, Excessive, plenty, abundant, अत्यधिक (वि.)।

आदत (स्त्री. अर.) स्वभाव, प्रकृति, Habit, nature, स्वभावः (पुं.)।

आदम (पुं. अर.) आदिम, सृष्टि के आरम्भ का मानव, Adam, the first man of God's creation, आदिमः (पुं.)।

आदमियत (स्त्री. अर.) मनुष्यता, मानवता, Huminity, kindness, मानवता (स्त्री.)।

आदमी (पुं. अर.) मनुष्य, मानव, A man, मानवः, मनुष्यः (पुं.)।

आदर (पुं. तस.) सम्मान, इज्जत, Respect, honour, आदरः, सम्मानः (पुं.)।

आदरणीय (वि. तस.) माननीय, आदर के योग्य, Respectable, honourable, आदरणीय, माननीय (वि.)।

आदर्श (पुं. तस.) नमूना, दर्पण, An ideal, a mirror, आदर्शः (पुं.)।

आदान (पुं. तस.) ग्रहण करना, Obtaining, आदानम् (नपुं.)।

आदान-प्रदान (पुं. तस.) लेन-देन, Taking and giving, आदानप्रदाने (नपुं. द्विव.)।

आदि (पुं. तस.) आरम्भ, शुरु, Beginning, आदिः (पुं.)।

आदिक (वि. तस.) इसी प्रकार अन्य, इत्यादि, Extra, and so forth, आदिक (वि.)।

आदित्य (पुं. तस.) सूर्य, 48 वर्ष का ब्रह्मचर्य पूर्ण करने वाला ब्रह्मचारी, The sun, the student who remained Brahmachārī upto 48 years.

आदी (वि. अर.) अभ्यस्त, जिसे आदत पड़ गई हो, Addicted, habituated, व्यसनी-निन्, अभ्यस्त (वि.)।

आदी (पुं. तभ.) अदरख, आर्द्रकम्, Ginger, आर्द्रकम् (नपुं.)।

आदृत (वि. तस.) सम्मानित, जिसने आदर पाया है, Honoured, आदृत (वि.)।

आदेय (वि. तस.) ग्रहण करने योग्य, Fit to be taken, आदेय (वि.)।

आदेय (पुं. तस.) पैसा ग्रहण करने वाला, Payee, आदेयः (पुं.)।

आदेश (पुं. तस.) हुक्म, आज्ञा, Order, आदेशः (पुं.)।

आद्यंत, आद्यन्त (वि. तस.) शुरू और अन्त, पहला और आखिरी, First and last, आद्यन्त (वि.)।

आद्य (वि. तस.) शुरू का, आरम्भिक, खाने योग्य, Beginning, eatable, आद्य (वि.)।

आद्योपांत, आद्योपान्त (वि. तस.) शुरु से लेकर अन्त तक, From beginning to the end, आद्योपान्त (वि.)।

आध, आधा (वि. तभ.) अर्ध, अर्द्ध, Half, semi, अर्ध, अर्द्ध (वि.)।

आधान (पुं. तस.) रखने का स्थान या पात्र, A place or pot where something is put, आधानम् (नपुं.)।

आधार (पुं. तस.) आश्रय, सहायक, base, support, backbone, आधारः (पुं.)।

आधासीसी (स्त्री. तभ.) आधे सिर की पीड़ा, pain effecting half of the head, hemicrania, अर्धशिरोवेदना (स्त्री.)।

आधी (वि. स्त्री. तभ.) अर्धा, Half, अर्धा, अर्द्धा (स्त्री. वि.)।

आधिकारिक (वि. तस.) प्रामाणिक, अधिकार-युक्त, मुख्य (कथा), Authentic, official, main (story), आधिकारिक (वि.)।

आधिक्य (पुं. तस.) अधिकता, ज्यादती, बहुतायत, Excess, abundance, आधिक्यम् (नपुं.)।

आधिदैविक (वि. तस.) अग्नि, वायु, सूर्य आदि देवताओं से सम्बन्धित, Related to gods like fire, air, sun etc. आधिदैविक (वि.)।

आधिपत्य (पुं. तस.) स्वामित्व, मलकियत, Supremacy, ownership, आधिपत्यम् (नपुं.)।

आधिभौतिक (वि. तस.) प्राणियों से सम्बन्धित, Related to animate things, आधिभौतिक (वि.)।

आधीन (वि. तभ.) दे. अधीन।

आधुनिक (वि. तस.) इस समय का, अर्वाचीन, Modern, recent, आधुनिक (वि.)।

आधेय (वि. तस.) रखने योग्य, टिकाने योग्य, Fit to be put into or upon, fit for support, आधेय (वि.)।

आध्यात्मिक (वि. तस.) आत्मा से सम्बन्धित, Spiritual, आध्यात्मिक (वि.)।

आनंद, आनन्द (पुं. तस.) खुशी, प्रसन्नता, Pleasure, joy, tranquility, आनन्दः (पुं.)।

आनंदित, आनन्दित (वि. तस.) खुश, प्रसन्न, Happy, joyful, delighted, आनन्दित (वि.), मर्यादा (स्त्री.)।

आन (स्त्री. फा.) छवि, सौन्दर्य, इज्जत, Beauty, respect, सौन्दर्यम् (नपुं.), मानः (पुं.), मर्यादा (स्त्री.)।

आनक (पुं. तस.) नगाड़ा, A large military drum, आनकः (पुं.)।

आनद्ध (वि. तस.) बन्धा हुआ, Tied, bound, आनद्ध (वि.)।

आनन (पुं. तस.) मुख, चेहरा, Face, mouth, आननम् (नपुं.)।

आनन-फानन (अ. अर.) झटपट, क्षणभर में, At once, immediately, क्षणेन, क्षणात्, शीघ्रमेव (अ.)।

आनयन (पुं. तस.) लाना, Bringing, fetching, आनयनम् (नपुं.)।

आन्तरिक (वि. तस.) अन्दर का, भीतर का, Internal, आन्तरिक (वि.)।

आंदोलन, आन्दोलन (पुं. तस.) तहरीक, कोई प्रवृत्ति, Movement, agitation, आन्दोलनम् (नपुं.)।

आनाकानी (स्त्री. अर.) बहानेबाजी, उपेक्षा, Hesitation, overlooking, उपेक्षा (स्त्री.)।

आनाह (पुं. तस.) पेट में अफ़ारा, Inflation of stomach, आनाहः (पुं.)।

आनि (अ., तभ.) लाकर, Bringing, आनीय (अ.)।

आनि (स्त्री. अ.) दे. आन।

आनुपूर्वी (वि. तभ.) एक के बाद दूसरा, क्रमशः, क्रम में, One after the other, serially, आनुपूर्वीय (वि.)।

आनुवंशिक (वि. तस.) वंश-परम्परा से सम्बद्ध, Hereditary, आनुवंशिक (वि.)।

आनुषंगिक (वि. तस.) दूसरे दर्जे का, दूसरी श्रेणी का, of secondary importance, आनुषङ्गिक (वि.)।

आन्वीक्षकी (स्त्री. तस.) न्याय-विद्या, The science of logic.

आप (सर्व. तभ.) सम्मान योग्य, भवान्, Your goodself, भवान्-वत् (सर्व.)
(अ.) स्वयं, self — स्वयम् (अ.)।

आप्, आब (पुं. तभ.) जल, पानी, Water, आप् वहुवचनान्त स्त्रीलिंग (आपः, अपः, अद्भिः)।

आपगा (स्त्री. तभ.) दे. अपगा —अपगा, नदी (स्त्री.)।

आपत्ति (स्त्री. तस.) संकट, मुसीबत, मृत्यु, एतराज, Calamity, distress, death, objection, आपत्तिः (स्त्री.)।

आपद्, आपदा (स्त्री. तस.) संकट, मुसीबत, Difficulty, calamity, distress, आपद्, आपदा (स्त्री.)।

आपन्न (वि. तस.) आपत्तियों से घिरा हुआ, मुसीबत में पड़ा हुआ, Afflicted, fallen into calamity, आपन्न (वि.)।

आपस में (अ. तभ.) परस्पर, Mutually, परस्परम् (अ.)।

आपसी (वि. तभ.) पारस्परिक, आपस का, Mutual, पारस्परिक (वि.)।

आपा (पुं. देशी) अपनापन, अभिमान, घमण्ड, Selfishness, pride, arrogance, अभिमानः (पुं.)।

आपात (पुं. तस.) आकस्मिक घटना, सहसा आ गिरना, चारों ओर से आ पड़ना, मुसीबत, Unexpected event, sudden incident, a condition of distress, आपातः (पुं.)।

आपाततः (अ. तस.) अकस्मात्, सहसा, Unexpectedly, all of a sudden, आपाततः (अ.)।

आपातस्थिति (स्त्री. तस.) अचानक आई हालत, Emergency, आपातस्थितिः (स्त्री.)।

आपाधापी (स्त्री. देशी) स्वार्थ साधने की भावना, गड़बड़ी, Looking into the personal interest, confusion, स्वार्थ-साधन-प्रवृत्तिः (स्त्री.),अहमहमिका (स्त्री.)।

आपीड (पुं. तस.) माला, गुच्छा, A garland, a cluster, आपीडः (पुं.)।

आपु, आपुन, (सर्व. देशी) दे. आप, अपना।

आप्त (पुं. तस.) आदर्श, सत्यप्रिय, न्यायप्रिय और विश्वसनीय व्यक्ति, Ideal man, trustworthy, just, and reliable person, आप्तः (पुं.)
(वि. तस.) प्राप्त, व्यापक, obtained, spread, आप्त (वि.)।

आप्तकाम (वि. तस.) जिसकी इच्छाएँ पूर्ण हो गई हैं, सर्वथा सन्तुष्ट, Whose desires are fulfilled, contented, आप्तकामः (पुं. वि.)।

आप्ति (स्त्री. तस.) प्राप्ति, व्याप्ति, Gain, spreading, आप्तिः (स्त्री.)।

आप्यायित (वि. तस.) बढ़ा हुआ, मोटा, Increased, fat, enlarged, आप्यायित (वि.)।

आप्लव, आप्लाव (पुं. तस.) बाढ़, Flood, आप्लावः (पुं.)।

आप्लावन (पुं. तस.) दे. आप्लावः, आप्लावनम् — (नपुं.)।

आफ़त (स्त्री. अर.) आपद्, संकट, Disaster, difficulty, आपद् (स्त्री.)।

आफ़ताब (पुं. फा.) सूर्य, The sun, सूर्यः (पुं.)।

औदार्य (पुं. तस.) उदारता, Generosity, औदार्यम् (नपुं.), उदारता (स्त्री.)।

औदासीन्य (पुं. तस.) उदासीनता, Indifference, औदासीन्यम् (नपुं.)।

औदात्त्य (पुं. तस.) उदात्तता, श्रेष्ठता, Nobility, frankness, औदात्त्यम् (नपुं.), उदात्तता (स्त्री.)।

औदुम्बर (वि. तस.) उदुम्बर से सम्बन्धित, Related to a fig tree, औदुम्बर (वि.)।

औद्धत्य (पुं. तस.) उच्छृंखलता, Rudeness, औद्धत्यम् (नपुं.)।

औद्योगिक (वि. तस.) उद्योग से सम्बन्धित, Pertaining to an occupation, औद्योगिक (वि.)।

औध (स्त्री. तभ.) अवध, अयोध्या, The city of Ayodhyā, अयोध्या (स्त्री.)।

औधि (स्त्री. तभ.) अवधि, सीमा, Limit, अवधिः (पुं.)।

औना-पौना (वि. देशी.) थोड़ा-सा, A little, किंचिन्मात्रम् (वि.)।

औपचारिक (वि. तस.) व्यावहारिक, Formal, औपचारिक (वि.)।

औपनिवेशिक (वि. तस.) अधीनस्थ प्रदेश से सम्बन्धित, Colonial, औपनिवेशिक (वि.)।

औपन्यासिक (वि. तस.) उपन्यास से सम्बन्धित, Pertaining to a novel, औपन्यासिक (वि.)।

औपम्य (वि. तस.) उपमा के योग्य, Fit for simile, औपम्य (वि.)।

और (वि. तभ.) अन्य, अपर, Someone, more, अपर (वि. सर्व.), अधिक (वि.)। (अ. तभ.) तथा, एवम्, And, अपरञ्च (अ.)।

औरत (स्त्री. अर.) स्त्री, महिला, A woman, स्त्री, नारी (स्त्री.)।

औरस (वि. तस.) अपने से पैदा हुआ Real (son etc.), legitimate, औरस (वि.)।

और्णनाभ (पुं. तस.) मकड़ी, ऊर्णनाभ, A spider, ऊर्णनाभः (पुं.)।

और्ध्वदैहिक (वि. तस.) मृत्यु के बाद से सम्बन्धित क्रियाएँ, Pertaining to a dead person, और्ध्वदैहिक (वि.)।

औलाद (स्त्री. अर.) सन्तान, सन्तति, Off-spring, children, सन्तानः (पुं.), सन्ततिः (स्त्री.)।

औलिया (पुं. अर.) पवित्रात्मा, सन्त, The holy man, a saint, महात्मा-मन् (पुं.)।

औषध (स्त्री. तस.) दवाई, Medicine, औषधम् (नपुं.)।

औषधालय (पुं. तस.) दवाईखाना, अस्पताल, Dispensary, hospital, औषधालयः (पुं.)।

औसत (स्त्री.) सामान्य संख्या या परिमाण, Average, मध्यमानम् (नपुं.)।

औसर (पुं. तभ.) अवसर, मौका, Chance, opportunity, अवसरः (पुं.)।

औसान (पुं. तभ.) अवसान, समाप्ति, पूर्णता, अन्त, End, completion, अवसानम् (नपुं.)।

क *Ka*

क (पुं. तस.) व्यंजनों में कवर्ग का पहला वर्ण, First letter of Ka-group in consonants, प्रजापति, Creator, कः (पुं.)।

क (पुं. तस.) पानी, सुख, Water, happiness, कम् (नपुं.)।

कंक, कङ्क (पुं. तस.) सफेद रंग की चील, White kite, कङ्कः (पुं.)।

कंकड़ (पुं. तभ.) छोटे-छोटे पत्थर का टुकड़ा, Pebble, कर्करम् (नपुं.)।

कंकड़ीला (वि. तभ.) कंकड़ों से भरपूर, Full of pebbles, कर्करमय (वि.)।

कंकण-कङ्कणम् (पुं. तस.) कड़ा, हाथ की चूड़ी, A bangle, कङ्कणम् (नपुं.)।

कंकतिका, कङ्कतिका (स्त्री. तस.) कंघी, A comb, कङ्कतिका (स्त्री.)।

कंकरीट (पुं. इं.) कंकर से मिला हुआ लेप, Concrete, कर्करलेपः (पुं.)।

कंकाल, कङ्काल (पुं. तस.) पञ्जर, A skeleton, कङ्कालः (पुं.)।

कंखवारी, कंखौरी (स्त्री. तभ.) बगल में होने वाला फोड़ा या फुंसी, A boil in the armpit, कक्षस्फोटः (पुं.), कक्षपिटिका (स्त्री.)।

कंगनः, कंगना (पुं.) दे. कंकण।

कंगला, कंगाल (वि. तभ.) दरिद्र, Poor, miserable, कङ्कालीभूत, दरिद्र (पुं. वि.)।

कंगारु (पुं. वि.) आस्ट्रेलिया का एक प्राणी, An Australian pouched animal, कंगारुः (पुं.)।

कंगाली (स्त्री. तभ.) दरिद्रता, गरीबी, Poverty, miserability, दरिद्रता (स्त्री.), दारिद्र्यम् (नपुं.)।

कंगूरा (पुं. फा.) ऊपर निकला हुआ भाग, ऊपर का कोना, Tower, ornament on crown, शिखरम्, शृङ्गम् (नपुं.)।

कंघा (पुं. तभ.) बाल सँवारने का साधन, बड़ी कंघी, A big comb, कङ्कतम् (नपुं.)।

कंघी (स्त्री. तभ.) छोटा कंघा, Small comb, कङ्कतिका (स्त्री.)।

कंघेरा (पुं. तभ.) कंघे बनाने वाला, A comb maker, कङ्कतकारः (पुं.)।

कंचन, कञ्चन (पुं. तभ.) सोना, Gold, काञ्चनम् (नपुं.)।

(सर्व.) किसी को, To someone.

कंचुक, कञ्चुक (पुं. तस.) कुर्ता, कमीज, केंचुली, A bodice, a jacket, skin of a snake, कञ्चुकम् (नपुं.)।

कंचुकी, कञ्चुकी (पुं. तस.) अन्तःपुर का वृद्ध सेवक, An attendant who serves in the harem, कञ्चुकी-किन् (पुं.)।

कंचुरी (स्त्री. तभ.) साँप की केंचुली, Skin of a serpent, निर्मोकः (पुं.), सर्पत्वक् (स्त्री.)।

कंज, कञ्ज (पुं. तस.) कमल, A lotus, कञ्जम्, कमलम् (नपुं.)।

कंजड़ (पुं. देशी.) एक घुमक्कड़ जाति का व्यक्ति, A man of a nomad tribe, कालिंजरः (पुं.)।

कंजूस (वि. देशी.) अनुदार, कृपण, A miser, a niggard, कृपण (वि.)।

कंजूसी (स्त्री. देशी.) अनुदारता, कृपणता, Miserliness, niggardliness, कृपणता (स्त्री.)।

कंटक, कण्टक (पुं. तस.) काँटा, A thorn, कण्टकम् (नपुं.)।

कंटकित, कण्टकित (वि. तस.) काँटों से भरा हुआ, विघ्नों से पूर्ण, Thorny, full of difficulties, कण्टकित (वि.)।

कंटीला (वि. तभ.) दे. 'कण्टकित'।

कंटोप (पुं. तभ.) दे. कनटोप।

कंठ, कण्ठ (पुं. तस.) गला, The throat, कण्ठः (पुं.)।

कंठमाला (स्त्री. तस.) गले का एक रोग, The disease called mumps, गण्डमाला (स्त्री.)।

कंठस्थ, कण्ठस्थ (वि. तस.) Learned by heart, oral, कण्ठस्थ (वि.)।

कंठा (पुं. तभ.) गले का एक आभूषण, An ornament for the neck, कण्ठालंकारः (पुं.)।

कंठ्य, कण्ठ्य (वि. तस.) गले से उच्चारण किए जाने वाले वर्ण, The letters produced by throat, guttural, कण्ठ्य (वि.)।

कंडा (पुं. तभ.) गोबर का उपला, Cake of cowdung, करीषम् (नपुं.)।

कंडी (स्त्री. तभ.) छोटा उपला, Small cake of cowdung, करीषकम् (नपुं.)।

कंडील (स्त्री. अर.) कागज या मिट्टी से बनाया दीप-कोष, A box for light made of paper or clay, दीप-कोषः (पुं.)।

कंडु, कण्डू (स्त्री. तस.) खुजली, Itch, scratching, कण्डूतिः (स्त्री.)।

कंडूति, कण्डूति (स्त्री. तस.) खुजली, Itch, scratching, कण्डुः, कण्डूतिः (स्त्री.)।

कंत (पुं. तभ.) देखिए कान्त।

कंथा, कन्था (स्त्री. तस.) गुदड़ी, टुकड़े जोड़कर बनाई गई ओढ़नी, A patchwork garment, कन्था (स्त्री.)।

कंद, कन्द (पुं. तस.) मिट्टी में उगने वाले फल, जैसे आलू, An esculent tuber-root as a potato, कन्दः, कन्दम् (पुं. नपुं.)।

कंदन, कन्दन (पुं. तस.) विनाश, तबाही, Devastation, ruin, कन्दनम् (नपुं.)।

कंदरा, कन्दरा (स्त्री. तस.) गुफा, A cave, कन्दरा, गुहा (स्त्री.)।

कंदर्प, कन्दर्प (पुं. तस.) कामदेव, God Cupid, कन्दर्पः (पुं.)।

कंदुक, कन्दुक (पुं. तस.) गेंद, A ball, कन्दुकः, गेन्दुः, गेण्डुः (पुं.)।

कंधर, कन्धर (स्त्री. तभ.) देखिए कन्धरा।

कन्धरा (स्त्री. तस.) गर्दन, Neck, कन्धरा, ग्रीवा (स्त्री.)।

कंधा, कन्धा (पुं. तभ.) स्कन्ध, Shoulder, स्कन्धः (पुं.)।

कंधारी (वि. तभ.) कन्धार देश से सम्बन्धित, Belonging to Kandhāra, गान्धारिक (वि.)।

कंधियाना (सकर्म. तभ.) कंधा देना, कंधे पर उठाना, To place on shoulder, स्कन्धाय्-स्कन्धायते।

कंप, कम्प (पुं. तस.) कम्पन, काँपना, Shivering, trembling, कम्पः (पुं.)।

कंपकम्पी (स्त्री. तभ.) शरीर का कांपना, Shivering, trembling, काय-कम्पः (पुं.)।

कंपन, कम्पन (पुं. तस.) काँपना, Shivering, trembling, कम्पनम् (नपुं.)।

कंपमान, कम्पमान (वि. तस.) काँपता हुआ, Shivering, trembling, कम्पमान (वि.)।

कंपाना (सकर्म. तभ.) डर दिखाना, कम्पन पैदा करना, To show fear, to cause to tremble, कम्पय्-कम्पयति।

कंपायमान, कम्पायमान (वि. तस.) कंपाया जाता हुआ, डराया जाता हुआ, Causing to tremble, being shown fear, कम्पायमान (वि.)।

कंपास (पुं. इं.) दिशाओं को बताने वाला यंत्र, A compass, दिग्दर्शकयन्त्रम् (नपुं.)।

कंपित, कम्पित (वि. तस.) काँपा हुआ, Trembled, shaken, कम्पित (वि.)।

कंबल, कम्बल (पुं. तस.) ऊन का बना ओढ़ने का वस्त्र, A blanket, कम्बलः, रल्लकः (पुं.)।

कंबु, कम्बु (पुं. तस.) शंख, A conch, कम्बुः (पुं.)।

कंबुक, कम्बुक (पुं. तस.) दे. 'कम्बु'।

कंबोज, कम्बोज (पुं. तस.) अफगानिस्तान के एक प्रदेश का पुराना नाम, An old name of a part of Afghanistān, कम्बोजः (पुं.)।

कंवल (पुं. तभ.) दे. 'कमल'।

कंस (पुं. तस.) कांसी, कांसी का पात्र, मथुरा का राजा श्री कृष्ण का मामा, Bell-metal, a bronzen pot, the ancient king of Mathurā and maternal uncle of sh. Kṛṣṇa, कंसः (पुं.), कांस्यम् (नपुं.)।

कई (वि. तभ.) अनेक, Many, several, केचित्, काश्चित्, कानिचित् (सर्व.)।

ककड़ी (स्त्री. तभ.) खीरे की जाति की लम्बे आकार की खाद्य सब्जी, A long fleshy vegetable like cucumber, कर्कटी, चिर्भटी (स्त्री.)।

कका (पुं. देशी.) चाचा, A paternal uncle, पितृव्यः (पुं.)।

ककुद (स्त्री. तस.) बैल की ठेंठ, पहाड़ की चोटी, The hump of a bull, a peak, any thing grown upwards, ककुदम् (नपुं.), ककुदः (पुं.), ककुद् (स्त्री.)।

ककुभ (पुं. तस.) अर्जुन नामक पेड़, The Arjuna tree, ककुभः (पुं.)।

ककुभा (स्त्री. तस.) दिशा, Direction, ककुभ्, ककुभा, दिशा (स्त्री.)।

कक्ष (पुं. तस.) काँख, बगल, तिनका, कमरा, Armpit, a straw, a room, कक्षः (पुं.)।

कक्षा (पुं. तस.) ग्रहमार्ग, श्रेणी, वर्ग, परिधि, Orbit, class, circumference, group, ग्रहमार्गः, वर्गः, परिधिः (पुं.), श्रेणी (स्त्री.)।

कखौरी (स्त्री. तभ.) दे. 'कंखौरी'।

कगार (पुं. देशी.) ऊँचा तट, High bank, a coast, उच्छ्रिताग्रम् तटम् (नपुं.)।

कच (पुं. तस.) केश, बाल, Hair, कचः (पुं.)।

कचक (पुं. देशी.) चोट आदि की पीड़ा, Pain of wound or sprain etc. पीड़ा, वेदना (स्त्री.)।

कचनार (पुं. तभ.) एक पेड़ जिसके फूलों का रायता बनाया जाता है, A kind of tree, काञ्चनालः, कोविदारः (पुं.)।

कचर-कचर (अ. अनु.) कच्चे फलों को खाते हुए होने वाली ध्वनि, Sound produced while eating unripe fruits, कचर-कचरम् (अ.)।

कचरा (वि. देशी.) कच्चा, अपक्व, Raw, unripe, अपक्व (वि.)।

कचरा (पुं. देशी.) कूड़ा, गन्दगी, Rubbish, sweepings, मालिन्यम् (नपुं.), अवस्करः (पुं.)।

कचहरी (स्त्री. देशी.) न्यायसभा, न्यायालय, Court of justice, न्यायालयः (पुं.)।

कचालू (पुं. देशी.) अरबी की तरह की एक कन्द सब्जी, An esculent root, तीक्ष्णकन्दः (पुं.)।

कचूमर (पुं. देशी.) कुचलना, मसलाव, Crushing, चूर्णनम्, दलनम् (नपुं.)।

कचौरी, कचौड़ी (स्त्री. देशी.) एक प्रकार की नमकीन भरवाँ पूरी, A kind of pastry of wheaten flour full of saltish things, सुपिष्टिका, कर्चारिका (स्त्री.)।

कच्चा (वि. देशी.) अपक्व, Unripe, raw, अश्राण, असिद्ध, आम (वि.)।

कच्चे-बच्चे (पुं. देशी.) बालबच्चे, All children, elder and younger, बालाः, अर्भकाः (पुं. बहु.)।

कच्छ (पुं. तस.) अनूप प्रदेश, जलप्राय प्रदेश, तट, A marshy land, a bank, a shore, कच्छः (पुं.), कच्छम् (नपुं.)।

कच्छप (पुं. तस.) कछुआ, A tortoise, a turtle, कच्छपः, कमठः (पुं.)।

कच्छा (पुं. तभ.) एक प्रकार की नौका, कटि वस्त्र, एक प्रकार का जांघिया, A kind of boat, a lower garment, underwear, कच्छः (पुं.)।

कछनी (स्त्री. तभ.) छोटा कच्छा, Lower garment, underwear, कटिवसनम् (नपुं.)।

कछार (पुं. तभ.) अनूप प्रदेश, जलप्राय प्रदेश, A marshy land, कच्छः (पुं.), कच्छम् (नपुं.)।

कछु (वि. देशी.) दे. 'कुछ'।

कछुक (वि. देशी.) कुछ-एक, थोड़े से, Some what, a few, कानिचित्, केचित्, काश्चित् (सर्व.)।

कजरा (पुं. तभ.) काजल, गहरी काली आँखों वाला बैल, Lamp black, a bull having deep black eyes, कज्जलम् (पुं.), कज्जल (वि.), कज्जलः वृषभः (पुं.)।

कजराई (स्त्री. तभ.) कालिमा, कालापन, Blackness, कालिमा-मन् (पुं.)।

कजरी (वि. तभ.) काली गाय, A black cow, कृष्णा गौः (स्त्री.)।

(स्त्री. तभ.) दे. कजरा।

कजलाना (सकर्म. तभ.) काजल लगाना, To apply collyrium to the eyes, कज्जली +कृ-कज्जलीकरोति।

कजली (वि. तभ.) दे. कजरी।

कज़ा (स्त्री. अर.) मृत्यु, मौत, Death, मृत्युः (पुं.), निधनम् (नपुं.)।

कज़ाक (पुं. तु.) दे. कज्जाक।

कज्जल (पुं. तस.) काजल, Lamp black, collyrium, कज्जलम् (नपुं.)।

कज्ज़ाक (पुं. तु.) डाकू, लुटेरा, A robber, a cheat, दस्युः (पुं.), लुण्ठकः (पुं.)।

कट (पुं. तस.) चटाई, हाथी का गण्डस्थल (कनपटी) A mat, an elephant's, temple, कटः (पुं.), गजगण्डः (पुं.)।

कटक (पुं. तस.) छावनी, A army residence, सैन्यनिवासः (पुं.)।

कटघरा (पुं. तभ.) एक बड़ा पिंजरा, A large cage, काष्ठगृहम् (नपुं.)।

कटड़ा (पुं. देशी.) भैंस का बच्चा, A young one of a she-buffalo, महिषी-वत्सः (पुं.)।

कटना (अकर्म. तभ.) काटा जाना, To be cut, कृन्त् (तुद.) - कर्त्यते (कर्मवा.)।

कटरा (पुं. देशी.) देखिए कटड़ा, दीवारों से घिरा हुआ बाजार, A market surrounded by walls, चतुष्कोणा लघुविपणिः (स्त्री.)।

कटवाना (सकर्म. तभ.) किसी को काटने की प्रेरणा देना, To ask other to cut, कर्तय्-कर्तयति।

कटहर, कटहल (पुं. तभ.) एक बड़े फल वाला वृक्ष और फल, पनस्, A jack fruit and its tree, कण्टक-फलः, पनसः (वृक्ष) कण्टकफलं, पनसम् (फलम्)।

कटाई (स्त्री. तभ.) काटने की क्रिया, फसल काटना, Act of cutting, reaping, कर्तनम्, छेदनम्, शस्यलवनम् (नपुं.)।

कटाकटी (स्त्री. देशी.) नाश, हत्या, मारकाट, Massacre, bloodshed, हत्या (स्त्री.), वधः (पुं.)।

कटाक्ष (पुं. तस.) ताना, व्यंगपूर्ण कथन, एक तरफ देखना, A taunt, a side look, कटाक्षः (पुं.)।

कटान (पुं. तभ.) दे. कटाई।

कटाना (सकर्म. तभ.) किसी को काटने के लिए कहना, To make other to cut or reap, कर्तय्-कर्तयति, शस्यं लावयति।

कटार (स्त्री. तभ.) छोटी तलवार, A small sword, कट्टारः (पुं.), असिपुत्रिका (स्त्री.)।

कटाव (पुं. तभ.) काटना, छेदना, A cut, कर्तनम्, छेदनम् (नपुं.)।

कटाह (पुं. तस.) कड़ाहा, A cauldron, कटाहः (पुं.)।

कटि (स्त्री. तस.) कमर, A waist, कटिः, कटी (स्त्री.)।

कटिबंध, कटिबन्ध (पुं. तस.) पेटी, कमरबंद, पृथ्वी के भाग, A belt to set on waist, zones of the earth, कटिबन्धः (पुं.)।

कटिबद्ध (वि. तस.) तैयार, कमर कसे हुए, तत्पर, Ready, prepared, कटिबद्ध (वि.)।

कटीला (वि. तभ.) कांटों से पूर्ण, विघ्नों से भरा हुआ, Thorny, full of obstacles, कण्टकमय (वि.)।

कटु (वि. तस.) कड़वा, Bitter, कटु (वि.)।

कटुता (स्त्री. तस.) कटुत्व (पुं. तस.) कड़वाहट, शत्रुता, Bitterness, enemity, कटुता (स्त्री.), कटुत्वम् (नपुं.)।

कटूक्ति (स्त्री. तस.) कड़वी बात, कड़वा कथन, Bitter saying, unfavourable remark, कटूक्तिः (स्त्री.)।

कटेरी (स्त्री. तभ.) कांटों वाली झाड़ी, A pricky bush, कण्टकितः गुल्मः (पुं.)।

कटैया (पुं. तभ.) काटने वाला, He who cuts, कर्तकः (पुं.)।

कटोरा (पुं. तस.) बड़ी कटोरी, A big bowl, कटोरम् (नपुं.)।

कटोरी (स्त्री. तभ.) छोटा कटोरा, A small bowl, कटोरिका (स्त्री.)।

कटौती (स्त्री. देशी.) कमी, न्यूनता, A discount or set off from the amount to be paid, उद्धृतभागः (पुं.)।

कट्टर (वि. देशी.) धर्मान्ध, अन्धविश्वासी, A blind follower, conservative, अन्धविश्वासी-सिन् (पुं.)।

कठ (स्त्री. तस.) एक उपनिषद् का नाम, कठोपनिषद्, The name of a spiritual book, Kaṭhopaniṣad, कठोपनिषद् (स्त्री.)।

कठघरा (पुं. तभ.) पशुओं या कैदियों के लिए एक बड़ा पिंजरा, A large cage for animals or prisoners, काष्ठगृहम् (नपुं.)।

कठपुतली (स्त्री. तभ.) लकड़ी आदि से बनाई गई आकृति, A puppet, काष्ठपुत्तलिका (स्त्री.)।

कठफोडवा (पुं. तभ.) लकड़ी में छेद कर देने वाला एक पक्षी, A woodpecker, काष्ठकूटः (पुं.)।

कठमस्त (पुं. तभ.) दुनिया से लापरवाह व्यक्ति, Plump and stout, dissolute, काष्ठमत्तः (पुं.)।

कठवत (पुं. देशी.) लकड़ी का बना टब, कठौता, A big wooden pot, बृहत् काष्ठपात्रम् (नपुं.)।

कठिन (वि. तस.) मुश्किल, Difficult, कठिन (वि.)।

कठिनता (स्त्री. तस.) मुश्किलाहट, Difficulty, कठिनता (स्त्री.)।

कठिनाई (स्त्री. तभ.) दे. 'कठिनता'।

कठिनी (स्त्री. तस.) लिखने की कलम या चाक, A pen or chalk stick, कठिनी (स्त्री.)।

कठियाना (सकर्म. तभ.) सुखाकर काष्ठ सा कर देना, To make hard by drying, काष्ठी+कृ-काष्ठीकरोति।

कठुवाना (अकर्म. तभ.) देखिए 'कठियाना'।

कठोर (वि. तस.) सख्त, निर्दय, क्रूर, Hard, merciless, cruel, कठोर, निर्दय, क्रूर (वि.)।

कठोरता (स्त्री. तस.) सख्ती, निर्दयता, क्रूरता, Hardness, cruelty, कठोरता, क्रूरता (स्त्री.)।

कठोरपन (पुं. तभ.) देखिए 'कठोरता'।

कठौता (पुं. तभ.) काष्ठ का बना बड़ा पात्र, A large pot made of wood, बृहत्काष्ठपात्रम् (नपुं.)।

कठौती (स्त्री. तभ.) काष्ठ का बना छोटा पात्र, A small wooden pot, लघुकाष्ठपात्रम् (नपुं.)।

कड़क (स्त्री. देशी.) इस प्रकार की आवाज Sound of cracking, कडकशब्दः (पुं.)।

कड़कड़ाना (अकर्म. देशी.) ऐसा शब्द करना, To produce cracking sound, कडकडाय्-कडकडायते।

कड़कड़ाहट (स्त्री. देशी.) कड़कड़ की आवाज, Cracking sound, कडकडायनम् (नपुं.)।

कड़कना (अकर्म. देशी.) कड़कड़ करना, गड़गड़ करना, To crackle, to thunder, कडकाय् (नामधा.) — कडकायते।

कड़वा (वि. तभ.) कटु, Bitter, कटु (वि.)।

कड़वी (वि. स्त्री.) कटु, Bitter, कटु (वि.)।

(स्त्री. देशी.) पशुओं के चारे के लिए लाई गई बिना बीज वाली हरी फसल, Corn plants without seeds used for fodder, चरी (स्त्री.) यवसः (पुं.)।

कड़ा (पुं. तभ.) कंगना, A bangle, कङ्कणम् (नपुं.)।

कड़ा (वि. देशी.) कठोर, सख्त, Hard, कठोर, कठिन (वि.)।

कड़ाई (स्त्री. देशी.) कठोरता, Hardness, stiffness, कठोरता (स्त्री.)।

कड़ाका (पुं. देशी.) कड़कड़ की आवाज, Cracking sound, कडकड-ध्वनिः (पुं.)।

कड़ापन (पुं. तस.) दे. 'कड़ाई'।

कड़ाह (पुं. तभ.) कयह, बड़ी कड़ाही, A large cauldron, कटाहः (पुं.)।

कड़ाही (स्त्री. तभ.) कटाही, A pan, small cauldron, कटाही (स्त्री.)।

कड़ी (स्त्री. देशी) एक खण्ड, एक भाग, जोड़, A portion, a link, a part, भागः, सन्धिः (पुं.)।

(वि. स्त्री. देशी) कठोर, Hard, कठोरा (स्त्री. वि.)।

कड़ुआ (वि. तभ.) देखिए 'कड़वा'।

कड़ुआहट (स्त्री. तभ.) देखिए 'कड़वाहट'।

कढ़ना (अकर्म. देशी.) उबलना, To be boiled, क्वथ् (भ्वा. पर.) — क्वथते (वि.)

कढ़ाई (स्त्री. देशी) कसीदकारी, The art of embroidary, सूचीशिल्पम् (नपुं.)।

कढ़ी (स्त्री. देशी) बेसन से तैयार की गई खाद्य वस्तु, A food prepared with the flour of gram by boiling it, क्वथिता (स्त्री.)।

कण (पुं. तस.) छोटा टुकड़ा, अंश, A particle, कणः (पुं.)।

कणाद (पुं. तस.) वैशेषिक दर्शन के लेखक ऋषि का नाम, The name of the sage who wrote Vaiśeiṣika Philosophy, कणादः (पुं.)।

कणिका (स्त्री. तस.) बहुत छोटा टुकड़ा, जरा सा अंश, Very small particle, कणिका (स्त्री.)।

कण्व (पुं. तस.) शकुन्तला को पालने वाले ऋषि का नाम, The name of a sage who was the foster father of Śakuntalā, कण्वः (वि.)।

कत (अ. तभ.) कैसे, कितना, How, how much, कथम् (अ.), कति (वि.)।

कतई (अ. तभ.) पूर्णरूप से, सर्वथा, Wholly, altogether, कदाचिदपि, पूर्णतः (अ.)।

कतना (अकर्म. हि.) सूत बनाना, To spin, सूत्र् (चुरादि) — सूत्र्यते (कर्मवा.)।

कतरन (स्त्री. तभ.) कटा हुआ छोटा टुकड़ा, Shred, कृत्तांशः (पुं.)।

कतरना (सकर्म. तभ.) कपड़े आदि को काटना, To shred, कृन्त् (तुदा. पर.), कृन्तति।

कतरनी (स्त्री. तभ.) कैंची, A pair of scissors, कर्तनिका (स्त्री.)।

कतरवाना (प्रेर. तभ.) किसी से कतरने का काम करवाना, To make someone shred, कर्तय्—कर्तयति।

कतरब्योंत (स्त्री. देशी) योजना में काँट-छाँट, Cutting, editing, अल्पीकरणम् (नपुं.)।

कतरा (पुं. देशी) खंड, हिस्सा, बूंद, A particle, a drop, अंशः, बिन्दुः (पुं.)।

कतराना (अकर्म. देशी) संकोच करना, To hesitate, सम्+कुच् (भ्वा. पर.)—सङ्कोचति।

क़तल (पुं. अर.) हत्या, वध, Murder, slaughter, हत्या (स्त्री.), वधः (पुं.)।

क़तला (पुं. अर.) अंश, भाग, A slice, अंशः, भागः (पुं.)।

क़ातिलाना (वि. अर.) हत्याकारी, वधकारी, Pertaining to killing, हत्याकरः (वि.)।

कतवाना (प्रेर. देशी) किसी के द्वारा कातने की क्रिया करवाना, To make someone spin, सूत्र् (चुरा.), — सूत्रयति।

कतहुँ, कतहूँ (अ. देशी) कहीं पर, किसी भी प्रकार, At any place, in any way, कुत्रापि, कथमपि (अ.)।

कताई (स्त्री. देशी) कातने का काम, Spinning, सूत्रणम् (नपुं.)।

कताना (सकर्म. देशी) दे. 'कतवाना'।

कतार (स्त्री. अर.) पंक्ति, श्रेणी, लाइन, Line, row, पङ्क्तिः (स्त्री.)।

कति (सर्व. तस.) कितना, कितने, How much, how many, कति (सर्व.)।

कतिक (सर्व. तभ.) कितना, कितने, How much, how many, कति (सर्व.)।

कतिपय (वि. तस.) कुछ एक, थोड़े से, A few, कतिपय (वि.)।

कतीरा (पुं. देशी) गुलू नामक पेड़ की गोंद, The gum tragacanth used in medicine, गुलूवृक्षनिर्यासः (पुं.)।

कत्थई (वि. तभ.) कत्थे के रंग का, Having the colour of catechu, खदिरसारवर्णः (वि.)।

कत्थक (पुं. तभ.) संगीत और नृत्य करने वाली एक जाति, A tribe whose occupation is to sing and dance, कथकः (पुं.)।

कत्थक (पुं. तभ.) नृत्य का एक भेद जिसके द्वारा कथा बताई जाती है, A kind of dance-drama, कथा-नृत्यम् (नपुं.)।

कत्था (पुं. तभ.) खदिर पेड़ का सार, Catechu, खदिरसारः (पुं.)।

कथक्कड़ (पुं. तभ.) पुरानी कहानियाँ सुनाने वाला व्यक्ति, A man who always tells old stories, कथाकरः (पुं.)।

कथन (पुं. तस.) कहना, उक्ति, Saying, quotation, कथनम् (नपुं.)।

कथनी (स्त्री. तस.) कहना, भाषण, Saying, speech, कथनम् (नपुं.), उक्तिः (स्त्री.)।

कथनीय (वि. तस.) कहने योग्य, Worth-saying, कथनीय (वि.)।

कथा (स्त्री. तस.) कहानी, A story, a tale, कथा (स्त्री.)।

कथानक (पुं. तस.) कथा का सार, The substance of a story, कथानकम् (नपुं.)।

कथामुख (पुं. तस.) कथा की भूमिका, Introductory part of a story, कथा-मुखम् (नपुं.)।

कथावस्तु (पुं. तस.) दे. कथानक – कथा-वस्तु (नपुं.)।

कथित (वि. तस.) कहा हुआ, Said, told, कथितम् (नपुं.)।

कथोद्घात (पुं. तस.) दे. कथामुख – कथोद्घातः (पुं.)।

कथोपकथन (पुं. तस.) संवाद, वार्तालाप, Conversation, dialogue, कथोपकथनम् (नपुं.)।

कथ्य (वि. तस.) दे. कथनीय – कथ्य (वि.)।

कदंब, कदम्ब (पुं. तस.) एक पेड़ का नाम, Name of a tree, कदम्बः (पुं.)। समूह, योगफल, Assembly, sum-total, कदम्बः (पुं.)।

कद (पुं. अर.) परिणाह, लम्बाई, Length, height, परिणाहः (पुं.), प्रांशुता (स्त्री.)।

कदन (पुं. तस.) मृत्यु, विनाश, Death, destruction, कदनम् (नपुं.), विनाशः (पुं.)।

कदन्न (पुं. तस.) कुत्सित अनाज, गंदा अनाज, Bad corn, कदन्नम् (नपुं.)।

क़दम (पुं. अर.) पग, चरण, पाँव, Foot, step, पादः, चरणः (पुं.)।

क़दर (स्त्री. अर.) मान, सीमा, Respect, limit, मानः (पुं.), सीमा-मन् (पुं.)।

क़दरदान (वि. अर.) मान करने वाला, Respecting, appreciating, गुणग्राहक (वि.)।

कदर्थना (स्त्री. तस.) दुर्भाग्यपूर्ण दशा, बुरी हालत, Miserable condition, misfortune, दुर्भाग्यम् (नपुं.), दुर्दशा (स्त्री.)।

कदर्थित (वि. तस.) पीड़ित, दुःखी किया गया, Troubled, tortured, कदर्थित (वि.)।

कदर्य (पुं. तस.) कंजूस, बुरा व्यवसाय करने वाला, Miser, dealing in bad things, कदर्यः (पुं.)।

कदली (स्त्री. तस.) केला, Banana tree and fruit, कदली (स्त्री.)।

कदा (अ. तस.) कब, When, at what time, कदा (वि.)।

कदाचार (पुं. तस.) कुत्सित चालचलन, Bad character, कदाचारः (पुं.)।

कदाचित् (अ. तस.) कभी, At anytime, may be, कदाचित् (अ.)।

कदापि (अ. तस.) कभी भी, At some time, कदापि (अ.)।

क़दीम (वि. अर.) पुराना, प्राचीन, Old, ancient, प्राचीन, पुरातन (वि.)।

क़दीमी (वि. अर.) दे. क़दीम।

कदुष्ण (वि. तस.) थोड़ा गरम, गुनगुना, Lukewarm, कदुष्ण, कोष्ण (वि.)।

क़द्दावर (वि. अर.) ऊँचे कद वाला, प्रोन्नत, Of tall stature, प्रांशुदेहः (वि.)।

कद्रु (स्त्री. तस.) साँपों की माँ, Mother of snakes, कद्रुः, कद्रू (स्त्री.)।

कद्रुज (पुं. तस.) साँप, कद्रु से उत्पन्न, A snake, born of Kadru, सर्पः (पुं.)।

कद्दू (पुं. फा.) Pumpkin, gourd, तुम्बीफलम् (नपुं.)।

कन (पुं. तभ.) दे. 'कण'।

कनक (पुं. तस.) सोना, धतूरा, Gold, the thorn-apple, कनकम् (नपुं.)।

कनकटा (वि. तभ.) कटे हुए कान वाला, One who has his ear cut, छिन्नकर्ण (वि.)।

कनकाचल (पुं. तस.) मेरु पर्वत, The Meru mountain, मेरुपर्वतः (पुं.)।

कनकौआ (पुं. तभ.) एक बड़ी पतंग, A large kite, पत्रचिल्लम् (नपुं.)।

कनखजूरा (पुं. तभ.) एक काटेदार कीड़ा, A centipede, कर्णखर्जूः, शतपदी (स्त्री.)।

कनसी (स्त्री. हि.) कटाक्ष, A glance of the eye, कटाक्षः (पुं.)।

कनटोप (पुं. तस.) कान को ढकने वाली टोपी, A cap which covers the ears, कर्णशिरस्त्रम् (नपुं.)।

कनपटी (स्त्री. तस.) कान के साथ का भाग, A temple, गण्डस्थलम् (नपुं.)।

कनपेड़ा (पुं. देशी) कानों की जड़ों की ग्रन्थियों में सूजन का रोग, A disease of swelling of glands near ears called mumps, कर्णग्रन्थिशोथः (पुं.)।

कनफटा (पुं. तभ.) एक प्रकार के योगी जिनके कान फाड़े जाते हैं, A kind of Yogis whose ears are torn, कर्णस्फटितः (पुं.)।

कनसुई (स्त्री. तभ.) छिपकर सुनना, Secret hearing, रहस्य-श्रवणम् (नपुं.)।

कनस्तर (पुं. इ.) पीपा, A canister, पटहपात्रम् (नपुं.)।

कनाउत (पुं. तभ.) दे. 'कनावत'।

कनात (स्त्री. तु.) कपड़े का पर्दा, A screen of cloth, पटमण्डप-भित्तिः (स्त्री.)।

कनावत (पुं. तभ.) पितृपक्ष, श्राद्धों का समय, Time of ceremonial rites in connection with ancestors, पितृपक्षः (पुं.)।

कनियाँ (स्त्री. देशी) गोद, A lap, अंकः उत्सङ्गः (पुं.)।

कनियार (पुं. तभ.) दे. 'कर्णिकार'।

कनिष्ठ (वि. तस.) सबसे छोटा, लघुतम, Youngest, कनिष्ठ (वि.)।

कनिष्ठिका (स्त्री. तस.) सबसे छोटी उंगली, कानी उंगल, The smallest finger, कनिष्ठिका (स्त्री.)।

कनी (स्त्री. तभ.) कणिका, छोटा कण, A small particle, कणिका (स्त्री.)।

कनीनिका (स्त्री. तस.) आँख की पुतली, The pupil of an eye, कनीनिका (स्त्री.)।

कने (अ. दे.) पास, Near, समीपम् (अ.)।

कनेर (पुं. तभ.) लाल और पीले फूलों वाला एक पौधा, A plant having red and yellow flowers, oleander, कणेरः, करवीरः (पुं.)।

कनौड़ा (वि. देशी) काणा, अंग से हीन, Blind of one eye, devoid of a limb, काणः, हीनांगः (पुं. वि.)।

कनौती (स्त्री. तभ.) कान का अन्तिम सिरा, कर्ण-आभूषण, The pointed end of an ear, an ornament of ears, कर्णान्तकम् (नपुं.)।

कन्ना (पुं. देशी.) अन्तिम सिरा, An end, अग्रभागः (पुं.), कोटिः (स्त्री.)।

कन्नी (स्त्री. देशी) दे. कन्ना।

कन्यका (स्त्री. तस.) छोटी लड़की, Small girl, कन्यका (स्त्री.)।

कन्या (स्त्री. तस.) लड़की, अविवाहित स्त्री, A virgin, a girl, कन्या (स्त्री.)।

कन्हाई, कन्हैया (पुं. तभ.) कृष्ण के नाम, कान्हा, Names of Kṛṣṇa, कृष्णः (पुं.)।

कपट (पुं. तस.) धोखा, छल, Fraud, deception, कपटम्, छलम् (नपुं.)।

कपटी (वि. तस.) धूर्त, छली, Cunning, wicked, cheat, कपटी-टिन्, छली-लिन् (वि.)।

कपड़छान (पुं. तभ.) कपड़े द्वारा छानना, Sifting something through a cloth, वस्त्रपूतम् (नपुं.)।

कपड़ा (पुं. तभ.) वस्त्र, वसन, Cloth, वस्त्रम् (नपुं.)।

कपर्द (पुं.) कौड़ी, बालों का जटाजूट, Cowrie, lock of hair, कपर्दः (पुं.)।

कपर्दिका (स्त्री. तस.) कौड़ी, एक जलीय कीड़े का घर, Cowrie, कपर्दिका (स्त्री.)।

कपर्दी (पुं. तस.) शिवजी का विशेषण या उपाधि, An epithet of Shiva, कपर्दी-दिन् (पुं.)।

कपाट (पुं. तस.) किवाड़, A door-leaf, कपाटः-टम् (पुं., नपुं.)।

कपाल (पुं. तस.) खोपड़ी, A skull, कपालः-लम् (पुं., नपुं.)।

कपाली (पुं. तस.) शिवजी, An epithet of Shiva, कपाली-लिन् (पुं.)।

कपास (स्त्री. तभ.) तन्तुमय एक उपज, Cotton, कार्पासः (पुं.)।

कपि (पुं. तस.) बन्दर, A monkey, कपिः, वानरः (पुं.)।

कपिल (पुं. तस.) सांख्यदर्शन के रचयिता ऋषि, The sage who was the author of the Sāṅkhya philosophy, कपिलः (पुं.)।

कपिल (वि. तस.) लालभूरा, Reddish brown, कपिल (वि.)।

कपिलवस्तु (पुं. तस.) वह स्थान जहाँ महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था, The place where Buddha was born, कपिलवस्तु (पुं.)।

कपीश (पुं. तस.) वानरों का स्वामी, हनुमान, An epithet of Hanumān, कपीशः (पुं.)।

कपूत (पुं. तभ.) कुपुत्र, बुरा पुत्र, A worthless son, कुपुत्रः (पुं.)।

कपूर (पुं. तभ.) एक सुगन्धित द्रव्य, कर्पूर, Camphor, कर्पूरम् (नपुं.)।

कपोत (पुं. तस.) कबूतर, A pigeon, कपोतः (पुं.)।

कपोतव्रत (पुं. तस.) दूसरों द्वारा दिये कष्टों को चुपके से सहना, Silently enduring the aggression of others, कपोतव्रतम् (नपुं.)।

कपोती (स्त्री. तस.) कबूतरी, A female pigeon, कपोती (स्त्री.)।

कपोल (पुं. तस.) गाल, गण्डस्थल, Cheek, कपोलः (पुं.)।

कफ़ (पुं. इं.) कपड़ों की बाहों के कफ़, the bottom part of a sleeve, वस्त्र-भुजाग्रभागः (पुं.)।

कफ (पुं. तस.) बलगम, Phlegm, कफः (पुं.)।

कफन (पुं. अर.) शव के लिए वस्त्र या ढकने का साधन, Shroud, coffin, शव-वस्त्रम्, पेटिका वा।

कबंध, कबन्ध (पुं. तस.) शरीर का धड़, Torso, कबन्धः (पुं.)।

कब (अ. तभ.) किस समय, कदा, When, at what time, कदा, कर्हि (अ.)।

कबड्डी (स्त्री. देशी) दौड़ और पकड़ने वाले एक खेल का नाम, The name of a game in which players run and catch each other, कबड्डी-क्रीडा (स्त्री.)।

कबर (स्त्री. अर.) देखिए कब्र'।

कबरा (वि. तभ.) चितकबरा, रंगबिरंगा, कर्बुर, Piebald, of different colours, कर्बुर (वि.)।

कबाड़ (पुं. तभ.) निकम्मी वस्तुएँ, Worthless articles, निष्प्रयोजनवस्तुजातम् (नपुं.)।

कबाड़ा (वि. देशी) विनाश, बरबादी, Destruction, harm, नाशः (पुं.), हानिः (स्त्री.)।

कबाड़िया (पुं. देशी) कबाड़ खरीदने वाला, One who buys used articles, निष्प्रयोजन-वस्तुक्रेता-तृ (पुं.)।

कबाड़ी (पुं. देशी) दे. कबाड़िया।

कबाब (पुं. अ.) टुकड़े किया हुआ तथा भुना हुआ मांस, Sliced and parched meat, शूल्यं मांसम् (नपुं.)।

कबीर (पुं.) एक प्रसिद्ध ज्ञानमार्गी कवि का नाम, Name of a famous Hindi poet, कबीरः (पुं.)।

कबीला (पुं. अर.) परिवार, Kinsmen, परिजनः (पुं.)।

क़बुलवाना (सकर्म. अर.) स्वीकार करवाना, To make one confess, अङ्गीकारय्—अङ्गीकारयति।

क़बुलाना (सकर्म. अर.) दे. बुलवाना।

कबूतर (पुं. तभ.) कपोत, A pigeon, कपोतः (पुं.)।

कबूतरी (स्त्री. तभ.) कपोती, A female pigeon, कपोती (स्त्री.)।

क़बूल (वि. अर.) स्वीकृत, मंजूर, Accepted, स्वीकृत (वि.)।

कब्ज (स्त्री. अर.) कोष्ठवद्धता, मल का न निकलना, Constipation, कोष्ठबद्धता (स्त्री.)।

कब्ज़ा (पुं. अर.) अधिकार, हक, Right, occupying, अधिकारः (पुं.), स्वामित्वम् (नपुं.)।

कब्ज़ियत (स्त्री. अर.) कोष्ठवद्धता, अधिकार, स्वामित्व, Constipation, ownership, कोष्ठबद्धता (स्त्री.) स्वामित्वम् (पुं.)।

कब्र (स्त्री. फा.) मुर्दे के दफनाने का गड्ढा, A grave, शवगर्तः (पुं.)।

कब्रिस्तान (पुं. फा.) मुर्दे के दफनाने के लिए बना स्थान, A grave-yard, प्रेतभूमिः (स्त्री.)।

कभी (अ. तभ.) कदापि, कदाचित्, किसी समय, At anytime, कदापि, कदाचित् (अ.)।

कमण्डल (पुं. तभ.) दे. कमण्डलु।

कमण्डलु (पुं. तस.) हाथ में लटकने वाला जलपात्र, A pot used by Sadhus, कमण्डलुः (पुं.)।

कमंद (स्त्री. फा.) रस्सी की सीढ़ी, A rope-ladder, या फंदा—रज्जुनिःश्रेणी (स्त्री.), रज्जुपाशः (पुं.)।

कम (वि. फा.) न्यून, थोड़ा, Small, a little, न्यूनम् (वि. नपुं.)।

कमखाब (पुं. फा.) एक प्रकार का सुन्दर वस्त्र, Brocade, सुन्दरवस्त्रविशेषः (पुं.)।

कमची (स्त्री. तु.) छड़ी, यष्टि, A slender stick, यष्टिः (स्त्री.)।

कमजोर (वि. फा.) दुर्बल, शक्तिहीन, Weak, without strength, दुर्बल (वि.)।

कमज़ोरी (स्त्री. फा.) दुर्बलता, शक्तिहीनता, Weakness, दुर्बलता (स्त्री.)।

कमठ (पुं. तस.) कछुआ, कच्छप, Tortoise, turtle, कमठः, कच्छपः (पुं.)।

कमठी (स्त्री. तस.) कछुई, कच्छपी, Female tortoise, कमठी, कच्छपी (स्त्री.)।

कमनीय (वि. तस.) सुन्दर, रमणीय, प्रिय, Beautiful, lovely, रमणीय (वि.)।

कमनीयता (स्त्री. तस.) सौन्दर्य, Beauty, कमनीयता (स्त्री.), सौन्दर्यम् (नपुं.)।

कमबख्त (वि. फा.) हतभाग्य, बदकिस्मत, Unlucky, हतभाग्य (वि.)।

कमबख़्ती (स्त्री. फा.) मन्दभाग्यता, बुरी किस्मत, Bad luck, मन्दभाग्यता (स्त्री.)।

कमर (स्त्री. फा.) कटि, Waist, कटिः, कटी (स्त्री.)।

कमरबन्द (पुं. फा.) पेटी, कटिबन्ध, Belt, मेखला (स्त्री.)।

कमरा (पुं. लै.) कोष्ठ, प्रकोष्ठ, Room, कोष्ठः, कक्षः (पुं.)।

कमल (पुं. तस.) पंकज, सरोज, नीरज, Lotus, कमलम्, सरोजम् (नपुं.)।

कमला (स्त्री. तस.) लक्ष्मी, धन की देवी, Prosperity, goddess of wealth, कमला (स्त्री.)।

कमलापति (पुं. तस.) विष्णु, लक्ष्मीपति, Lord Vishṇu, कमलापतिः, विष्णुः (पुं.)।

कमलालया (स्त्री. तस.) सरस्वती, विद्या की देवी, The goddess of knowledge, कमलालया, सरस्वती (स्त्री.)।

कमलासन (पुं. तस.) ब्रह्मा, Lord Brahmā, the Creator, कमलासनः, ब्रह्मा (पुं.)।

कमलिनी (स्त्री. तस.) कमल की एक जाति, A kind of lotus, कमलिनी (स्त्री.)।

कमली (स्त्री. तस.) छोटे फूल वाला कमल, A lotus plant having small flowers, कमली (स्त्री.)।

कमाई (स्त्री. देशी) कमाना, अर्जन, लाभ, Earning, gain, अर्जनम् (नपुं.), प्राप्तिः (स्त्री.), लाभः (पुं.)।

कमाऊ (वि. देशी) कमाने वाला, अर्जक, Earner, अर्जकः (पुं. वि.)।

कमान (पुं. फा.) धनुष, A bow, धनुः (नपुं.)।

कमान (स्त्री.) नियन्त्रण, Command, control, नियन्त्रणम् (नपुं.)।

कमाना (सकर्म. देशी) कमाई करना, To earn, अर्ज् (चुरा.) — अर्जयति।

कमानी (स्त्री. फा.) पूर्वस्थिति-स्थापक, A spring, स्थितिस्थापिका (स्त्री.)।

कमाल (वि. अर.) आश्चर्यमय, विस्मयपूर्ण, Strange, विस्मयावह (वि.)।

कमालियत (स्त्री. अर.) आश्चर्यमयता, Strangeness, आश्चर्यमयता (स्त्री.)।

कमीशन (पुं इं.) काट, आयोग, Commission, discount, उद्धृतभागः (पुं.)।

कमी (स्त्री. फा.) न्यूनता, Shortcoming, न्यूनता (स्त्री.)।

कमीज़ (स्त्री. अर.) शरीर का एक वस्त्र, एक परिधान, A shirt, कञ्चुकी (स्त्री.)।

कमीना (वि. फा.) नीच, निम्न, Mean, low, निम्नजातीयः (वि.)।

कमीनापन (पुं. देशी) नीचता, छुटपन, Vulgarity, meanness, नीचता (स्त्री.)।

कमीला (पुं. देशी) एक प्रकार की औषधि, A kind of herb, औषधिविशेषः (पुं.)।

कमेरा (पुं. देशी) काम करने वाला, कर्मकर, A workman, a labourer, कर्मकरः, श्रमिकः (पुं.)।

क़याम (पुं. अर.) आरामगाह, विश्रामस्थल, A place to rest, a lodge, विश्रामस्थलम् (नपुं.)।

क़यामत (स्त्री. अर.) प्रलय, विनाश, Destruction, death of the whole creation, प्रलयः, विनाशः (पुं.)।

क़यास (पुं. अर.) कल्पना, अनुमान, Fancy, conjecture, कल्पना (स्त्री.), अनुमानम् (नपुं.)।

करंक, करङ्क (पुं. तस.) अस्थिपञ्जर, Skeleton, करङ्कः (पुं.), अस्थिपञ्जरम् (नपुं.)।

कर (पुं. तस.) हाथ, किरण, सूँड, टैक्स, Hand, ray, trunk of an elephant, tax, करः (पुं.)।

करक (स्त्री. देशी) पीड़ा, वेदना, Pain, पीड़ा, वेदना (स्त्री.)।

करकट (पुं. देशी) व्यर्थ की वस्तुएँ, कूड़ा, Rubbish, अवस्करः (पुं.)।

करकस (वि. तभ.) दे. 'कर्कश'।

करग्रह (पुं. तस.) विवाह, Marriage, कर-ग्रहः, विवाहः (पुं.)।

करघा (पुं. फा.) जुलाहे की खड्डी, A weaver's loom, तन्त्रवापः (पुं.), तन्तु-वायवेमः (पुं.)।

करछा (पुं.) बड़ी करछी, A large ladle, बृहद्दर्वी (स्त्री.)।

करछी (स्त्री.) करछी, A ladle, दर्वी (स्त्री.)।

करछुल (पुं.) दे. 'करछी'।

करज (पुं. तस.) उँगलियाँ, नाखून, Fingers, nails, करजाः (पुं. बहु.)।

करट (पुं. तस.) हाथी की कनपट्टी, गण्डस्थल, कौआ, The temple of an elephant, a crow, करटः (पुं.)।

करटक (पुं. तस.) दे. 'करट'।

करटी (पुं. तस.) हाथी, An elephant, करटी-टिन्, हस्ती-तिन् (पुं.)।

करण (पुं. तस.) साधन, An instrument, करणम् (नपुं.)।

करणीय (वि. तस.) करने योग्य, कर्त्तव्य, Worth doing, करणीय (वि.)।

करतब (पुं. तभ.) काम, कला, A work, a skill, a feat, कर्त्तव्यम् (नपुं.), कला (स्त्री.), नैपुण्यम् (नपुं.)।

करतबी (पुं. तभ.) चतुराई दिखाने वाला, Skilful, कलाकुशलः (पुं.)।

करतल (पुं. तस.) हाथ की तली, Palm of a hand, करतलम् (नपुं.)।

करतार (पुं. तभ.) कर्त्ता, संसार का रचयिता, Creator, God, सृष्टिकर्त्ता-तृ (पुं.)।

करताल (पुं. तस.) हाथ की तालिका, एक प्रकार का बाजा, खड़ताल, Clapping, a kind of small cymbal, करतालः (पुं.)।

करतूत, करतूति (स्त्री. तभ.) कार्य, व्यवहार, Work, behaviour, कर्त्तव्यता (स्त्री.)।

करत्राण (पुं. तस.) दस्ताना, Glove, करत्राणम् (नपुं.)।

करद (पुं. तस.) कर देने वाला, Tax-payer, करदः (पुं.)।

करधनी (स्त्री. तस.) मेखला, तड़ागी, A belt, an ornament worn round the waist, करधनी, मेखला (स्त्री.)।

करना (सकर्म. तभ.) व्यवहार में लाना, To do, कृ (तना. पर.) —करोति।

करनी (स्त्री. देशी) क्रिया, काम, राजमिस्त्री के हाथ का औज़ार, Action, mason's tool, कृतिः (स्त्री.), भवनकर्तुः उपकरणम्, (नपुं.), करणी (स्त्री.)।

करपर (पुं. तभ.) दे. 'खप्पर'।

करपल्लवी (पुं. तस.) हाथ के संकेतों से बात समझाने की विद्या, The science of expressing words by signs of fingers, the finger alphabet, करपल्लवी (स्त्री.)।

करपृष्ठ (पुं. तस.) हाथ का पिछला भाग, The back portion of the hand, करपृष्ठम् (नपुं.)।

करबला (पुं. अर.) दे. 'कर्बला'।

करभ (पुं. तस.) हाथी या ऊँट का बच्चा, The young one of an elephant or a camel, करभः (पुं.)।

करम (पुं. तभ.) दे. 'कर्म'।

करमठ (वि. तभ.) दे. 'कर्मठ'।

करमुँहा (वि. तभ.) दे. 'कलमुँहा'।

करवट (स्त्री. तभ.) शरीर की दाईं या बाईं तरफ, Sides of the body, करवर्तः (पुं.)।

करवत (पुं. तभ.) आरा, A saw, करपत्रकम्।

करवा (पुं. तभ.) टूटीदार गडवा, A pot of water with a spout, करकः (पुं.)।

करवाना (प्रेर. तभ.) दूसरे को काम में लगाना, To make some one do, कारय् (प्रेर.) — कारयति।

करवार (पुं. तभ.) दे. 'करवाल'।

करसान (पुं. तभ.) दे. 'कृषक'।

कराची (स्त्री. अर.) सामान ढोने की गाड़ी या डिब्बा, A railway wagon or cart for carrying load.

करामात (स्त्री. अर.) आश्चर्य, अद्भुत कार्य, A miracle, a wonderful feat, चमत्कारः (पुं.)।

करामाती (पुं. अर.) करामात दिखाने वाला, Exibiting any miracle, चमत्कार-दर्शकः (पुं.), चामत्कारकः (पुं.)।

करार (पुं. अर.) प्रतिज्ञा, समझौता, Promise, agreement, प्रतिज्ञा (स्त्री.), समयः (पुं.)।

करारा (वि. तभ.) तेज, तीखा, Sharp, तीक्ष्णम्, दारुणम् (वि.)।

(पुं. तभ.) ऊँचा तट, किनारा, उच्छ्रिततीरम् (नपुं.)।

कराल (वि. तस.) भयंकर, उग्र, Dreadful, cruel, भयंकर, उग्र (वि.)।

कराहना (अकर्म. देशी) पीड़ा से चीखना, Crying due to pain, पीडया क्रन्द् (भ्वा. पर.) — क्रन्दति।

करिणी (स्त्री. तस.) हथिनी, She elephant, करिणी (स्त्री.)।

करिवदन (पुं. तस.) गणेश, An apithet of Gaṇeśa, करिवदनः, गणेशः (पुं.)।

करी (पुं. तस.) हाथी, हस्ती, गज, An elephant, गजः, हस्ती-तिन् (पुं.)।

क़रीना (पुं. अर,) ढंग, तरीका, Manner, विधिः (पुं.)।

क़रीब (अ. अर.) लगभग, प्रायः, समीप, Close by, nearby, about, प्रायः, समीपम् (अ.)।

करीम (वि. अर.) दयालु, कृपालु, Benevolent, generous, दयालु, कृपालु (वि.)।

करीश (पुं. तस.) हाथियों का मुखिया, गजपति, Leader of the elephants, करीशः, गजेन्द्रः (पुं.)।

करीष (पुं. तस.) गोबर का उपला, The cake of cowdung, करीषम् (नपुं.)।

करुआ (वि. तभ.) देखिए 'कड़ुआ'।

करुण (वि. तस.) दुःखपूर्ण, दयनीय, Full of woe, pitiable, करुण (वि.)।

करेजा (पुं.) दे. 'कलेजा'।

करेणु (स्त्री. तस.) हथिनी, हस्तिनी, Female elephant, करेणुः, हस्तिनी (स्त्री.)।

करेला (पुं. तभ.) एक कड़वी सब्जी, A bitter vegetable, कारवेल्लकः (पुं.)।

करेली (स्त्री. तभ.) छोटे करेलों वाली बेल, A creeper having small bitter vegetable, कारवेल्ली (स्त्री.)।

करोड़ (वि. तभ.) सौ लाख की संख्या, कोटि, Ten millions, कोटिः (स्त्री.)।

करोदना (सकर्म.) खुरचना, To scrap, to scratch, खुर् (तुदा. पर.) — खुरति।

करौंजी (स्त्री. तभ.) दे. 'कलौंजी'।

करौंदा (पुं. देशी) एक प्रकार का फल, The gooseberry, करौंदा-फलविशेषम् (नपुं.), बरमर्दः (पुं.)।

कर्क (पुं. तस.) केंकड़ा, ककरेखा, कर्कवृत्त, Zodiac, cancer, कर्कः (पुं.)।

कर्कट (पुं. तस.) केंकड़ा, A crab, कर्कटः (पुं.)।

कर्कटी (स्त्री. तस.) केंकड़ी, A female crab, कर्कटी (स्त्री.)।

कर्कवृत्त (पुं. तस.) भूमि के सबसे ऊपर कल्पित घेरा, Tropic of cancer, कर्कवृत्तम् (नपुं.)।

कर्कश (वि. तस.) कठोर, उग्र, Hard, harsh, कर्कशः (वि.)।

कर्कशा (स्त्री. वि. तस.) कठोर, सूखी हुई, उग्र, Hard, dried, harsh, कर्कशा (स्त्री. वि.)।

कर्चूर (पुं. तस.) कचूर नामक औषध, Cucurma veclinata, कर्चूरम् (नपुं.)।

कर्ज़, कर्ज़ा (पुं. अर.) उधार, ऋण, Loan, debt, ऋणम् (नपुं.)।

कर्ज़दार (पुं. अर.) ऋणी, कर्ज लेने वाला, A debtor, ऋणी, अधमर्णः (पुं.)।

कर्ण (पुं. तस.) कान, कुन्ती का सबसे बड़ा पुत्र, पतवार, आयत, An ear, the eldest son of Kunti, an oar, a diagonal, कर्णः (पुं.)।

कर्णकटु (वि. तस.) कानों को कड़वा लगने वाला, कठोर ध्वनि, Unpleasant to hear, कर्णकटु (वि.)।

कर्णकुहर (पुं. तस.) कान के अंदर का छिद्र, कर्ण-विवर, The hole inside the ear, कर्णकुहरम् (नपुं.)।

कर्णधार (पुं. तस.) नौका चलाने वाला, खेवनहार, नेता, A boatman, a leader, कर्णधारः (पुं.)।

कर्णवेध (पुं. तस.) कान छेदने का संस्कार, A ceremony of piercing the ears of a child, कर्णवेध-संस्कारः (पुं.)।

कर्णिकार (पुं. तस.) सुन्दर फूलों वाला एक पेड़, A tree having beautiful flowers, कर्णिकारः (पुं.)।

कर्तन (पुं. तस.) कतरना, Cutting, कर्तनम् (नपुं.)।

कर्तनी (स्त्री. तस.) कैंची, A pair of scissors, कर्तनी, कर्तनिका (स्त्री.)।

कर्तरी (स्त्री. तस.) दे. 'कर्तनी'।

कर्तव्य (पुं. तस.) कार्य, काम, ड्यूटी, Work, duty, कर्तव्यम् (नपुं.)।

(वि. तस.) करने योग्य, करणीय, Proper to be done, कर्तव्य (वि.)।

कर्तव्यमूढ (वि. तस.) करने या न करने योग्य को न समझने वाला, संदेहात्मा, Not realising what is to be done and what is not to be done, कर्तव्यमूढ (वि.)।

कर्ता, कर्तार (पुं. तस.) करने वाला, संसार का रचयिता, Doer, Creator of the world, कर्ता-तृ (पुं.)।

कर्तृत्व (पुं. तस.) कार्य करने का भाव, प्रबन्ध, Management, performance, कर्तृत्वम् (नपुं.)।

कर्तृवाच्य (वि. तस.) क्रिया का कर्ता के अनुसार होना, Active voice, कर्तृवाच्यम् (नपुं.)।

कर्दम (पुं. तस.) कीचड़, पंक, Mud, filth, कर्दमः (पुं.)।

कर्पट (पुं. तस.) फटा कपड़ा, चीथड़ा, Worn out cloth, a rag, कर्पटः-टम् (पुं. नपुं.)।

कर्पर (पुं. तस.) खप्पर, खोपड़ी, पात्र का टुकड़ा, Skull, a piece of a broken pot, कर्परः (पुं.)।

कर्पास (पुं. तस.) कपास, Cotton, कर्पासः-सम्-सी (त्रिलिंग)।

कर्पूर (पुं. तस.) कपूर, Camphor, कर्पूरः (पुं.)।

कर्बुर (वि. तस.) चितकबरा, कबरा, Piebald, having different colours, कर्बुर (वि.)।

कर्म (पुं. तस.) काम, कर्त्तव्य, Work, action, duty, कर्म-कर्मन् (नपुं.)।

कर्मकर (पुं. तस.) काम करने वाला, A worker, कर्मकरः (पुं.)।

कर्मकांड-काण्ड (पुं. तस.) धार्मिक अनुष्ठान अथवा कार्य, Rituals, कर्मकाण्डः (पुं.)।

कर्मकार (पुं. तस.) दे. 'कर्मकर'।

कर्म-कारक (पुं. तस.) क्रिया द्वारा कर्ता जिस पर प्रभाव डालता है, Objective case, कर्मकारकम् (नपुं.)।

कर्मचारी (पुं. तस.) किसी कार्यालय का सेवक, Employee, कर्मचारी-रिन् (पुं.)।

कर्मच्युत (वि. तस.) अपने कार्य से हटाया गया, Dismissed from the duty, कर्मच्युत (वि.)।

कर्मठ (वि. तस.) कार्यकुशल, कर्म में लगा हुआ, Active, busy in work, कर्मठ (वि.)।

कर्मणा (क्रि. वि. तस.) कर्म द्वारा, By practice, practically, कर्मणा (नपुं. तृतीया)।

कर्मण्य (वि. तस.) मेहनती, परिश्रमी, Hard worker, कर्मण्य (वि.)।

कर्मण्यता (स्त्री. तस.) परिश्रम, मेहनत, Hardwork, कर्मण्यता (स्त्री.)।

कर्मनिष्ठ (वि. तस.) कार्य में लगा हुआ, Busy in work, कर्मनिष्ठ (वि.)।

कर्मभूमि (स्त्री. तस.) कर्मक्षेत्र, काम करने का स्थान, A place of one's duties, कर्मभूमिः (स्त्री.)।

कर्मयोग (पुं. तस.) फल की इच्छा न करते हुए कर्त्तव्य-बुद्धि से कार्य करना, Performing one's duty without thinking of its result, कर्मयोगः (पुं.)।

कर्मवाच्य (वि. तस.) जब क्रिया कर्मकारक वाले शब्द के अनुसार होती है, Passive voice, कर्मवाच्यम् (नपुं.)।

कर्मवाद (पुं. तस.) कर्म के अनुसार ही सुख-दुःख प्राप्त होते है - यह सिद्धान्त, The principle which explains that a man receives weal and woe according to his actions, कर्मवादः (पुं.)।

कर्मविपाक (पुं. तस.) कर्म का फल, कर्म का परिणाम, The consequences of the actions done, कर्मविपाकः (पुं.)।

कर्मशील (वि. तस.) देखिए 'कर्मठ'।

कर्मशूर (वि. तस.) कर्म करने में बहादुर, मेहनती, Industrious, hardworker, कर्मशूर (वि.)।

कर्मेन्द्रिय (स्त्री. तस.) वे बाह्य साधन जिनसे हम काम करते हैं — हाथ, पाँव, वाणी, पायु, उपस्थ, The five motor organs are reckoned :- the hand, the foot, the organ of voice, the organ of generation, and one that of feculent excretion, कर्मेन्द्रियाणि (नपुं. बहु.)।

कर्षक (पुं. तस.) किसान, कृषक, A farmer, one who pulls, कर्षकः (पुं.)।

कर्षण (पुं. तस.) खींचना, हल चलाना, Pulling, ploughing, कर्षणम् (नपुं.)।

कलंक, कलङ्क (पुं. तस.) धब्बा, बदनामी, Spot, taint, Defame, कलङ्कः (पुं.)।

कलंकित, कलङ्कित (वि. तस.) धब्बे वाला, बदनाम, Spotted, tainted, defamed, कलङ्कित (वि.)।

कल (अ. तभ.) बीता हुआ दिन, आने वाला दिन, Yesterday, tomorrow, कल्यम् (नपुं.), ह्यः (अ.), श्वः (अ.)।

कल (वि. तस.) सुन्दर, प्रिय, मधुर, Beautiful, lovely, sweet, कल (वि.)।

कल (स्त्री. तभ.) कला, यन्त्र, खंड, उपकरण, Art, machine, part, instrument, कला (स्त्री.)।

कल (स्त्री. तभ.) चैन, आराम, सुख, Peace, rest, happiness, कल्यम्, स्वास्थ्यम् (नपुं.), शान्तिः (स्त्री.)।

कलई (स्त्री. अर.) रांग या चांदी आदि का लेप, Tin; whitewashing; electroplating, रंग-वंग-लेपः (पुं.)।

कलकल (स्त्री. अनु.) शोर, आवाज, Noise, sound, कोलाहलः (पुं.), ध्वनिः (पुं.)।

कलगी (स्त्री. तु.) शिखण्ड, सिर का आभूषण, Crest, an ornament of the head, शिखण्डः (पुं.), शिखरम् (नपुं.)।

कलछा (पुं. देशी) दे. 'करछा'।

कलछी (स्त्री. देशी) दे. 'करछी'।

कलत्र (पुं. तस.) स्त्री, पत्नी, Wife, कलत्रम् (नपुं.)।

कलपना (अकर्म. देशी) दुखी होना, शोक करना, To lament, to grieve, खिद् (दिवा. आ.) — खिद्यते।

कलपाना (सकर्म. देशी) दुखी करना, तड़पाना, To cause to grieve or lament, खेदय् (प्रे.) — खेदयति।

कलफ (पुं. तभ.) माँड, Starch, कल्पः (पुं.), मण्डः (पुं.), मण्डम् (नपुं.)।

कलबूत (पुं. फा.) आधार, Frame, structure, आधारः (पुं.), उपष्टम्भः (पुं.), आकारसाधनम् (नपुं.)।

कलभ (पुं. तस.) दे. 'करभ'।

कलम (पुं. तस.) लेखनी, पैवन्द, एक वृक्ष के अंकुर का दूसरे पर आरोपण, Pen, implanting, कलमः (पुं.)।

कलम करना (सकर्म. देशी) काट देना, To cut, कृन्त्—कृन्तति।

कलमदान (पुं. फा.) कलम रखने का बॉक्स, A small box for pens, कलमाधानम् (नपुं.)।

कलमा (पुं. अर.) इस्लाम को स्वीकृति की प्रतिज्ञा, Confession of Islam, प्रतिज्ञानम् (नपुं.)।

कलमी (वि. तस.) पैवन्द द्वारा उत्पन्न, Cultivated by grafting, कलमी-मिन् (वि.)।

कलमुँहा (वि. तभ.) काले मुँह वाला, कलंकित, बुरा, Tainted, bad, कालमुखः, नीचः, कलङ्कितः (पुं.)।

कलरव (पुं. तस.) मीठी ध्वनि, मीठी आवाज, Sweet sound, कलरवः (पुं.)।

कलल (पुं. तस.) गर्भ की बुलबुले जैसी प्रथम अवस्था, The bubble-shaped primary formation of an embryo, कललम् (नपुं.)।

कलवार (पुं. तभ.) शराब बनाने और बेचने वाला, One who distils and sells wine, कल्यपालः, शौण्डिकः, सुराकारः (पुं.)।

कलविंक, कलविङ्क (पुं. तस.) चिड़ा, चटक, A cock-sparrow, कलविङ्कः, चटकः (पुं.)।

कलश (पुं. तस.) घड़ा, A pitcher, कलशः (पुं.)।

कलशी (स्त्री. तस.) छोटा घड़ा, Small pitcher, कलशी (स्त्री.)।

कलस, कलसी (पुं. स्त्री. तभ.) दे. क्रमशः 'कलश, कलशी'।

कलहंस (पुं. तस.) राजहंस, मराल, श्रेष्ठ राजा, परमेश्वर, A goose, a good king, God, कलहंसः (पुं.)।

कलह (पुं. तस.) झगड़ा, लड़ाई, Quarrel, dispute, कलहः (पुं.)।

कला (स्त्री. तस.) अंश, भाग, कारीगरी, यन्त्र, Portion, part, art, machine, अंशः, भागः, (पुं.), शिल्पम् (नपुं.)।

कलाई (स्त्री. तभ.) बाँह का हाथ के साथ वाला भाग, बाँह का निचला भाग, The fore-arm, the wrist, कलाचिका (स्त्री.), प्रकोष्ठः, मणिबन्धः (पुं.)।

कलाकौशल (पुं. तस.) कला में चतुराई, शिल्प में पटुता, Workman-ship, कला-कौशलम् (नपुं.)।

कलानिधिः (पुं. तस.) चन्द्रमा, The moon, कलानिधिः (पुं.)।

कलाप (पुं. तस.) समूह, गुच्छा, Multitude, cluster, समूहः, गुच्छः (पुं.)।

कलापिनी (स्त्री. तस.) मोरनी, रात, Pea-hen, night, कलापिनी (स्त्री.)।

कलापी (पुं. तस.) मोर, तुणीरवाला व्यक्ति, Pea-cock, a warrior having a quiver of arrows, कलापी-पिन् (पुं.)।

कलाबत्तू (पुं. तु.) रेशमी या सूती धागे पर सोने या चाँदी के धागों का मिलान, Gold or silver thread twisted with silk or cotton thread, कौशेयतन्तौ कार्पासतन्तौ वा व्यावर्तितः सुवर्णरजततारः (पुं.)।

कलाबाज़ (पुं. सं.+फा.) उल्टी छलाँग लगाने वाला, Acrobat, विपर्यस्तप्लुतिकरः (पुं.)।

कलाभृत् (पुं. तस.) चाँद, The moon, कलाभृत् (पुं.)।

कलाम (पुं. अर.) वार्तालाप, प्रतिज्ञा, आक्षेप, Conversation, promise, objection, वार्तालापः (पुं.), प्रतिज्ञा (स्त्री.), आक्षेपः (पुं.)।

कलार (पुं.) दे. 'कलवार'।

कलावती (स्त्री. तस.) कारीगर स्त्री, सुन्दरी, An artistic woman, a beautiful lady, शिल्पिनी, सुन्दरी (स्त्री.)।

कलिंद, कलिन्द (पुं. तस.) एक पर्वत जहाँ से यमुना निकलती है, Name of a mountain from where the Yamunā rises, कलिन्दः (पुं.)।

कलिंदी (स्त्री. तभ.) दे. 'कालिन्दी'।

कलि (पुं. तस.) 432000 वर्षों वाला चौथा युग, कलियुग, कलह, झगड़ा, Kaliyuga, the fourth long period of 432000 years, strife, quarrel, battle, कलियुगम् (नपुं.), कलहः (पुं.)।

कलिका (स्त्री. तस.) कली, Bud, कलिका (स्त्री.)।

कलिमल (पुं. तस.) पाप, Sin, कलिमलम् (नपुं.)।

कलिन्दा (पुं. तभ.) तरबूज, Water-melon, कालिन्दम् (नपुं.)।

कली (स्त्री. तस.) कलिका, कोरक, कुड्मल, Bud, कलिका (स्त्री.)।

कलील (वि. अर.) कम, न्यून, Little, small, न्यूनम्, स्तोकम् (नपुं.)।

कलुख (पुं. तभ.) दे. 'कलुष'।

कलुष (पुं. तस.) पाप, अपवित्रता, Sin, impurity, कलुषम् (नपुं.)।

कलुषित (वि. तस.) अपवित्र, गन्दा, पापपूर्ण, Impure, dirty, sinful, अपवित्र, मलिन, पापमय (वि.)।

कलेऊ (पुं. तभ.) दे. 'कलेवा'।

कलेजा (पुं. तभ.) हृदय, छाती, जिगर, Heart, bosom, liver, कालेयम् (नपुं.), हृदयम् (नपुं.), वक्षः-क्षस् (नपुं.) यकृत् (नपुं.)।

कलेवर (पुं. तस.) शरीर, आकार, परिणाह, Body, structure, शरीरम् (नपुं.), आकारः, परिणाहः (पुं.)।

कलेवा (पुं. तभ.) प्रातराश, Breakfast, कल्यवर्तः (पुं.), प्रातराशः (पुं.)।

कलेस (पुं. तभ.) दे. 'क्लेश'।

कलोल (पुं. तभ.) खेल, मौजवहार, विलास, Sport, amusement, gaiety and mirth, कल्लोलः (पुं.)।

कलौंजी (स्त्री. तभ.) एक पौधा जिसके वीज अचार वनाने के काम आते हैं, The plant nigella indica and its seeds which are used as spice, कलाजाजी, पृथुका, काला (स्त्री.)।

कल्क (पुं. तस.) चूर्ण, अवलेह, Powder, medicine in the form of paste, कल्कः, कल्कम् (पुं. नपुं.)।

कल्कि (पुं. तस.) विष्णु का दसवाँ अवतार जो अभी होना है, The tenth incarnation of Viṣṇu which is yet to come, कल्किः (पुं.)।

कल्प (पुं. तस.) व्रह्मा का दिन, सृष्टि का पूरा काल जो 4320000000 वर्ष का माना गया है, The time of creation which is said to be of 4320000000 years, कल्पः (पुं.)।

कल्प (पुं. तस.) वेद के छह अंगों में से एक अंग, One of the six organs of the vedas, कल्पः (पुं.)।

कल्पः (पुं. तस.) विधान, युक्ति, रोगनिवृत्ति का ढंग, प्रातःकाल, Manner, treatment, morning, कल्पः (पुं. तस.)।

कल्पतरु (पुं. तस.) स्वर्ग का एक वृक्ष जो कामनाएँ पूर्ण करता है, A tree of paradise which fulfils all desires, कल्पतरुः कल्पवृक्षः (पुं.)।

कल्पना (स्त्री. तस.) मान लेना, सम्भावना, रूप देना, Assumption, hypothesis, designing, कल्पना, ऊहा (स्त्री.)।

कल्पित (वि. तस.) माना हुआ, उद्भावित, रचित, Artificially prepared, imagined, fictitious, कल्पित (वि.)।

कल्मष (पुं. तस.) दुर्वलता, पाप, अपवित्रता, Weakness, sin, impurity, कल्मषम् (नपुं.)।

कल्माष (वि. तस.) कर्वुर, रंगविरंगा, Spotted, black and white, कल्माष (वि.)।

कल्य (पुं. तस.) प्रभात, मधु, सुरा, आने वाला दिन, Dawn, honey, wine, tomorrow, कल्यम् (नपुं.)।

कल्य (वि. तस.) स्वस्थ, गूंगा, वहरा, Healthy, dumb, deaf, कल्य (वि.)।

कल्याण (पुं. तस.) मंगल, भला, Welfare, happiness, कल्याणम् (नपुं.)।

कल्याणी (वि. तस.) मंगलमयी, (स्त्री.) गाय, Auspicious, cow, कल्याणी (वि. स्त्री.), गौः (स्त्री.)।

कल्यान (पुं. तभ.) दे. 'कल्याण'।

कल्लर (पुं. देशी) खारेपन से युक्त वंजर भूमि, Saline barren land, ऊषरम् (नपुं.), ऊषरः (पुं.), वन्ध्याभूमिः (स्त्री.)।

कल्ला (पुं. तभ.) नया अंकुर, सिर, New shoot, sprout, head, किसलयः, प्ररोहः (पुं.), शिरस् (नपुं.)।

कल्लोल (पुं. तस.) खेल-कूद, मौज-वहार, खुशी, Happiness, merry-making, कल्लोलः (पुं.)।

कल्लोलिनी (स्त्री. तस.) नदी, तरंगिणी, A river, कल्लोलिनी (स्त्री.)।

कल्ह (अ. तभ.) दे. 'कल'।

कल्हारना (सकर्म. देशी) भूनना, तलना, पीड़ा से चिल्लाना, To fry in a pan, to cry in pain, भर्ज् (भ्वा. आ.) – भर्जते, क्रन्द् (भ्वा. पर.) – क्रन्दति।

कवच (पुं. तस.) शरीर-त्राण, जिरहबख़्तर, Armour, कवचम् (नपुं.), तनुत्राणम् (नपुं.)।

कवर (पुं. तभ.) दे. 'कवल'।

कवर्ग (पुं. तस.) 'क' से आरम्भ होने वाले पाँच वर्णों 'क ख ग घ ङ' का समूह, 'A group of letters beginning with 'क', कवर्गः (पुं.)।

कवल (पुं. तस.) ग्रास, A mouthful, कवलम् (नपुं.), ग्रासः (पुं.)।

कवलित (वि. तस.) खाया गया, ग्रसित, Eaten, swallowed, कवलित (वि.)।

क़वायद (स्त्री. अर.) नियम, अभ्यास, सैनिक व्यायाम, Rule, exercise, military exercise, नियमः, अभ्यासः, सैनिक-व्यायामः (पुं.)।

कवि (पुं. तस.) कविता करने वाला, क्रान्तदर्शी, A poet, deep thinker, कविः (पुं.)।

कविका (स्त्री. तस.) लगाम, Bridle, rein, कविका, वल्गा (स्त्री.)।

कविता (स्त्री. तस.) कवित्व, कवि का कर्म, Poem, poetry, कविता (स्त्री.)।

कवित्त (पुं. तस.) हिन्दी कविता का एक छन्द, A metre of Hindi poetry, कवित्तम् (नपुं.)।

कवित्व (पुं. तस.) दे. 'कविता' – कवित्वम् (नपुं.)।

कव्य (पुं. तस.) पितरों के लिए दिए जाने वाला खाद्य पदार्थ, Edibles offered in the name of ancestors, कव्यम् (नपुं.)।

कशमकश (स्त्री. फा.) संघर्ष, खींचातानी, Struggle, mutual pulling, संघर्षः (पुं.)।

कशा (स्त्री. तस.) चाबुक, वाणी, Whip, tongue, कशा (स्त्री.)।

कशिश (स्त्री. फा.) आकर्षण, Attraction, आकर्षणम् (नपुं.)।

कशीदाकारी (स्त्री. देशी) सुई द्वारा कपड़े पर कढ़ाई, Embroidery, सूचिशिल्पकर्मन् (नपुं.)।

कश्चित् (पुं. तस.) कोई, Someone, कश्चित् (पुं.)।

कश्ती (स्त्री. फा.) नौका, A boat, नौका (स्त्री.)।

कश्मीर (पुं. तभ.) एक उत्तरभारतीय पर्वतीय राज्य, A north Indian state, काश्मीरम् (नपुं.)।

कश्मीरी (वि. तभ.) कश्मीर से सम्बन्धित, Pertaining to Kashmir, काश्मीरीय (वि.)।

कश्यप (पुं. तस.) एक ऋषि का नाम, Name of a sage, कश्यपः (पुं.)।
(वि. तस.) समझदार व्यक्ति, Intelligent, दिव्यद्रष्टा (वि.)।

कषाय (वि. तस.) कसैले स्वाद वाला, लाल-से रंग वाला, Astringent, of red colour, कषाय (वि.)।

कष्ट (पुं. तस.) पीड़ा, दुःख, Pain, trouble, कष्टम् (नपुं.)।

कष्टसाध्य (वि. तस.) कठिनाई से सिद्ध होने योग्य, Difficult to be performed, कष्टसाध्य (वि.)।

कसक (स्त्री. तभ.) चीस, तीखी पीड़ा, Affliction, severe pain, कषणम् (नपुं.), वेदना, पीड़ा (स्त्री.)।

कसना (सकर्म. तभ.) मजबूती से बाँधना, To tighten, कृष्—कर्षति, दृढी+कृ—दृढीकरोति।

कसब (पुं. अर.) पेशा, करतूत, Profession, skill, employment, व्यवसायः (पुं.)।

कसबा (पुं. अर.) दे. 'कस्बा'।

कसम (स्त्री. अर.) शपथ, सौगन्ध, An oath, शपथः (पुं.)।

कसमसाना (सकर्म. अनु.) हिलाना-डुलाना, To shake, मिश्री+कृ-मिश्रीकरोति। (अकर्म.) अशान्त होना, उलझन में होना, To become restless, to be in suspense, व्याकुली+भू—व्याकुलीभवति।

कसर (स्त्री. अर.) कमी, त्रुटि, Deficiency, defect, त्रुटिः, न्यूनता (स्त्री.)।

कसरत (स्त्री. अर.) व्यायाम, अभ्यास, Physical exercise, practice, repetition, व्यायामः, अभ्यासः (पुं.), आवृत्तिः (स्त्री.)।

कसाई (पुं. अर.) घातक, वधिक, A butcher, घातकः, वधिकः (पुं.)।

कसावट (स्त्री. देशी) कसने का कार्य, Tightening, दृढीकरणम् (नपुं.)।

कसीदा (पुं. फा.) वस्त्र पर बेलबूटे काढ़ना, कढ़ाई, Embroidery, सूचीशिल्पम् (नपुं.)।

क़सूर (पुं. अर.) दोष, अपराध, कमी, Fault, defect, crime, दोषः, अपराधः (पुं.)।

कसैला (वि. तभ.) कषाय स्वाद वाला, Astringent, pungent, कषाय (वि.)।

कसोरा (पुं. देशी) मिट्टी से बना पीने का पात्र, An earthen cup, चषकः, शरावः (पुं.)।

कसौटी (स्त्री. तभ.) सोने की परख करने वाला पत्थर, निकषा, Touch-stone, कषपट्टी (स्त्री.), निकषोपलः (पुं.)।

कस्तूरी (स्त्री. तस.) एक सुगन्धित द्रव्य, मृगमद, Musk, कस्तूरी, कस्तूरिका (स्त्री.)।

कस्तूरी-मृग (पुं. तस.) वह हरिण जिसकी नाभि से कस्तूरी निकलती है, The musk-deer, कस्तूरः, कस्तूरीमृगः (पुं.)।

कहकहा (पुं. अनु.) जोर की हँसी, A loud laughter, अट्टहासः (पुं.)।

कहना (सकर्म. तभ.) बात करना, To say, to tell, कथ् (चुरा. पर.) — कथयति। (पुं. तभ.) कथन, उक्ति, Saying, statement, कथनम्, वचनम् (नपुं.)।

क़हर (पुं. अर.) विनाश, अत्याचार, जुल्म, Disaster, calamity, violence, अत्याचारः (पुं.)।

कहरवा (पुं.) संगीत के एक ताल का नाम, Name of a rhythm in music, संगीततालभेदः (पुं.)।

कहलवाना (प्रेर. तभ.) दूसरे को कहने की प्रेरणा देना, To make other to talk, कथ्—कथयति।

कहवाँ, कहाँ (अ. तभ.) किस जगह, Where, कुत्र, कहिं, क्व (अ.)।

कहा (पु. तभ.) कथन, आदेश, Saying, order, कथनम् (नपुं.), आदेशः (पुं.)।

कहानी (स्त्री. तभ.) कथा, कथानिका, Story, tale, कथा, कथानिका (स्त्री.)।

कहार (पुं. तस.) पानी ढोने वाला सेवक, पालकी उठाने वाला, The person who carries water and palanquin, कहारः, जलहारकः (पुं.)।

कहावत (स्त्री. तभ.) सूक्ति, A proverb, सूक्तिः (स्त्री.), आभाणकः (पुं.)।

ख्याली (वि. अर.) काल्पनिक, Imaginary, काल्पनिक (वि.)।

ख्रिष्टान (वि. तस.) दे. 'क्रिस्तान'।

ख्रिष्टीय (वि. तस.) क्रिस्तीय, ईसायत से सम्बन्धित, Related to christianity, क्रिष्टीय (वि.)।

ख्वाब (पुं. अर.) स्वप्न, सुपना, A dream, स्वप्नः (पुं.)।

ख्वाहिश (स्त्री. फा.) चाह, कामना, Desire, wish, काम्ना (स्त्री.), अभिलाषः (पुं.)।

ग *Ga*

ग (पुं. तस.) कवर्ग का तीसरा वर्ण, शब्द के अन्त में जुड़कर 'जाने वाला' अर्थ देता है, जैसे – विहगः, खगः, The third letter of Ka group, when added to a word it gives meaning of one who goes, as विहगः, खगः। गकारः (पुं.)।

गंग, गंगा, गङ्गा (स्त्री. तस.) भारत की सबसे पवित्र नदी का नाम, The river Ganges, गङ्गा (स्त्री.)।

गंगोदक (पुं. तस.) गंगा का पानी, The water of Ganges, गङ्गोदकम् (नपुं.)।

गंगोत्री (स्त्री. तस.) गंगा के निकलने के स्थान वाली हिमानी, The source of Ganges, गङ्गोत्री (स्त्री.)।

गंज (पुं. फा.) कोश, राशि, बाजार, Treasure, bazzar, कोशः, विपणिः।

गंज (पुं. तभ.) गंजापन, Baldness, खालत्यम्, खल्वाटता, विकेश्यम् (नपुं.)।

गंजा (वि. तभ.) बालों से रहित सिर वाला, खल्वाट, Bald headed, खल्वाट, विकेश (वि.)।

गंजी (स्त्री. फा.) ढेर, समूह, A collection, a pile, heap, राशिः, समूहः (पुं.)।

गंजी (स्त्री.) बनियान, शरीर में नीचे पहनने वाला वस्त्र, बालों से रहित स्त्री, A wollen vest, वयितमधोवसनम्, खल्वाटा (स्त्री. वि.)।

गंजेड़ी (वि. देशी) गांजा पीने का व्यसनी, Addicted to the use of a kind of hemp leaves, गंजापायिन् (वि.)।

गंठ (स्त्री. तभ.) गांठ, ग्रन्थि, Knot, ग्रन्थिः (पुं.)।

गंठीला (वि. तभ.) गाँठों से भरा हुआ, Knotty, ग्रन्थिलः, ग्रन्थिमयः (वि.)।

गंड, गण्ड (पुं. तस.) गाल, कपोल, Cheek.

गंडक (पुं. तस.) गले में पहने जाने वाला एक रक्षाचिह्न, एक नदी का नाम, फोड़ा, गैंडा, An amulet worn on the neck, name of a river, a boil, a rhinoceros, गंडकः, गण्डः (पुं.)।

गंडकी (स्त्री. तस.) गंगा की एक उपनदी, A rivulet of Ganges, गण्डकी (स्त्री.)।

गंडमाला, गण्डमाला (स्त्री. तस.) गले का रोग, कण्ठमाला, A disease of throat, inflamation of the glands of the neck, गण्डमाला (स्त्री.)।

गंडस्थल, गण्डस्थल (पुं. तस.) हाथी का कपोल या कनपटी, The temple of an elephant, गण्डस्थलम् (नपुं.)।

गंडासा (पुं. देशी) कुट्टी काटने का हाथ का हथियार, टोका, An instrument for chopping fodder, यवसछेदकः (पुं.)।

गंडासी (स्त्री. देशी) गन्ना काटने का औजार, An instrument for cutting sugar-cane, इक्षुछेदकी (स्त्री.)।

गंडेरी (स्त्री. देशी) गन्ने का छोटा-सा टुकड़ा, A segment of sugar-cane, इक्षुखण्डकम्-खण्डकः (पुं., नपुं.)।

गंदगी (स्त्री. फा.) मलिनता, कूड़ा-कचरा, Dirtiness, filth, मालिन्यम् (नपुं.), अवस्करः (पुं.)।

गंदला (वि. फा.) जिसमें गंद मिला हुआ है, Mixed with filth, dirty, मलिन (वि.)।

गंदा (वि. फा.) मैला, अपवित्र, अशुद्ध, Dirty, impure, filthy, मलिन (वि.)।

गंदुम (पुं. तभ.) दे. 'गोधूम'।

गंदुमी (वि. तभ.) गेहूँ के रंग का, Of wheatish colour, गोधूमवर्ण (वि.)।

गंध, गन्ध (स्त्री. तभ.) बू, वास, Smell, गन्धः, वासः (पुं.)।

गंधक, गन्धक (पुं. तस.) एक खनिज औषध, शुल्वारि, Sulphur, गन्धकः, गन्धिकः (पुं.)।

गंधमादन, गन्धमादन (पुं. तस.) भौंरा, काला ततैया, एक पर्वत का नाम, Black wasp, black bee, a mountain named 'Malaygiri', गन्धमादनः, मलयगिरिः (पुं.)।

गंधर्व, गन्धर्व (पुं. तस.) गाने वाली देव-जाति, गायक, चन्द्रमा, A heavenly musician of Indra, a community, a demigod of the heaven in which the women are singers and dancers, the moon, गन्धर्वः (पुं.)।

गंधबिरोजा (पुं. देशी) तेज गंध वाला चीड़ का रस, Resin extracted from pine trees, सरलनिर्यासः (पुं.)।

गंधी (पुं. तस.) सुगन्धित द्रव्यों का व्यापारी, A seller or maker of perfumes, गन्धी-धिन् (पुं.)।

गंभीर, गम्भीर (वि. तस.) गहरा, विचारशील, रहस्यमय, दुर्बोध, Deep, grave, serious, solemn, thoughtful, dignified, गम्भीर (वि.)।

गंभीरता, गम्भीरता (स्त्री. तस.) गहराई, विचारशीलता, रहस्यमयता, दुर्बोधता, Depth, gravity, seriousness, density, secrecy, गम्भीरता (स्त्री.), गाम्भीर्यम् (नपुं.)।

गँवई (स्त्री. तभ.) ग्रामीण, Rural, rustic, ग्रामीण (स्त्री.)।

गंवाना (सकर्म. तभ.) खो देना, नष्ट कर देना, To waste, to lose, to squander (as money, time, opportunity), अप+व्यय् (चुरा.) — अपव्ययति, नाशयति, अतिवाहयति, व्यर्थीकरोति।

गँवार (वि. तभ.) असभ्य, ग्राम्य, मूर्ख, जड़, Uncivilised, a villager, an ignorant, foolish, stupid, ग्राम्य, असभ्य, मूर्ख, जड (वि.)।

गंवारू (वि. तभ.) असभ्यतापूर्ण, Rude, uncivilised, rustic, अशिष्ट, असभ्य, ग्राम्य (वि.)।

गंस (वि. देशी) गाँठ, Knot, ग्रन्थिः (स्त्री.)।

गंसीला (वि. देशी) गांठों से भरा हुआ, चुभने वाला, Knotty, piercing, ग्रन्थिल, ग्रन्थिमय, पर्वमय, वेधक, छेदक (वि.)।

गऊ (तभ.) दे. 'गौ'।

गगन (पुं. तस.) आकाश, Sky, heaven, गगनम् (नपुं.), आकाशः-शम् (पुं., नपुं.)।

गगरी (स्त्री. तभ.) पानी भरने का गोल पात्र, A round water pot, गर्गरः (पुं.), गर्गरी (स्त्री.)।

गज (पुं. तस.) हाथी, An elephant, गजः हस्ती-तिन् (पुं.)।

गज़ (पुं. फा.) एक माप, पुरानी बन्दूकों में मसाला भरने की डण्डी, डण्डी, A measurement, a yard, a stick etc, मापनसाधनम् (नपुं.), यष्टिः (स्त्री.)।

गज़क (स्त्री. फा.) तिल और चीनी से बनी मिठाई, A sweet made of sugar and sesamum, तिलशर्करिका (स्त्री.)।

गजगामिनी (वि. तस.) हाथी की चाल के समान चाल वाली, A female who walks majestically, गजगामिनी (स्त्री. वि.)।

गजदन्त (पुं. तस.) हाथी का दाँत, Ivory, गजदन्तः (पुं.)।

गजदान (पुं. तस.) हाथी का मद, Rut of an elephant, an act of very great merit, गजदानम् (नपुं.), गजमदः (पुं.)।

गजपति (पुं. तस.) हाथियों के झुंड का नेता, A large or noble elephant, a king owning many elephants, गजपतिः, गजेन्द्रः (पुं.)।

गज़ब (पुं. अर.) क्रोध, रोष, विनाश, आश्चर्यपूर्ण कार्य, Anger, wrath, disaster, wonderful thing, रोषः, क्रोधः (पुं.), विपत्तिः (स्त्री.), विलक्षणवृत्तम् (नपुं.)।

गजमुख (पुं. वि.) गणेश, गणपति, Gaṇeśa, गजमुखः, गणेशः (पुं.)।

गजमुक्ता (स्त्री. तस.) दुर्लभ हाथी के सिर से निकलने वाला बड़ा मोती, A large pearl found in the head of a rare elephant, गजमुक्ता (स्त्री.), गजमौक्तिकम् (नपुं.)।

गजमोती (पुं. तभ.) दे. 'गजमुक्ता'।

गजरा (पुं. देशी) फूलों से बनी माला, बाँह का आभूषण, एक प्रकार का रेशमी वस्त्र, A garland of flowers, armlet, a kind of silken garment, माल्यम् (नपुं.), स्रक्-ज् (स्त्री.), वलयः (पुं.), कोशेयवस्त्रभेदः (पुं.)।

गजराज (पुं. तस.) देखिए 'गजपति'।

गज़ल (स्त्री. फा.) एक प्रकार की उर्दू कविता का भेद अथवा गायन-पद्धति, A kind of Urdu poem, an ode, an amatory poem, उर्दूकविता, एका गायनपद्धतिः (स्त्री.)।

गजवदन (पुं. तस.) दे. 'गजमुख'।

गजानन (पुं) दे. 'गजमुख'।

गजेन्द्र (पुं. तस.) दे. 'गजपति'।

गटकना (सकर्म. अनु.) हड़प कर जाना, किसी का अधिकार हजम कर जाना, To swallow, to embezzle, नि+गॄ (तुदा.) — निगरति, अप+हृ (भ्वा.) — अपहरति।

गटगट (क्रि. वि. अनु.) गटगट करके, झटपट, With gurgling sound, गटगटायित्वा।

गट्टा (पुं. तभ.) ग्रन्थि, गाँठ, मणिवंध, गुल्फ, गिट्टा, एक प्रकार की मिठाई, Wrist, ankle, a joint or knot, a kind of sweetmeat, ग्रन्थिः, (स्त्री.), मणिबन्धः, गुल्फः (पुं.), मिष्टान्नभेदः (पुं.)।

गट्ठर, गट्ठड़ (पुं. तभ.) बड़ी पोटली, A big bundle or package, पोटलकम् (नपुं.), ग्रन्थितभारः (पुं.)।

गट्ठा (पुं. तभ.) दे. 'गट्ठर'।

गठ (स्त्री. तभ.) गाँठ, ग्रन्थि, A knot, ग्रन्थिः (स्त्री.)।

गठन (पुं. तस.) निर्माण, रचना, Unification, building, construction, निर्माणम् (नपुं.), रचना (स्त्री.), गठनम् (नपुं.)।

गठबंधन (पुं. तस.) विवाह, Marriage, विवाहः (पुं.)।

गठरी, गठड़ी (स्त्री. तभ.) पोटली, A bundle, a package, ग्रथितलघुभारः (पुं.), पोटलिका (स्त्री.)।

गठाव (पुं. तभ.) दे. 'गठन'।

गठित (वि. तस.) अच्छी प्रकार बना हुआ, Strongly built, गठित (वि.)।

गठिया (पुं. तभ.) जोड़ों में वात-रोग, Rheumatism, a disease of joints, ग्रन्थिवातः, वातरोगः (पुं.)।

गठीला (वि. तस.) गाँठों से भरा हुआ, अच्छी प्रकार बना हुआ, Full of knots, well-built, ग्रन्थिपूर्ण, दृढाङ्ग (वि.)।

गड़गड़ (स्त्री. अनु.) गड़गड़ शब्द, गर्जन, A thundering sound, गडगड-ध्वनिः (पुं.), गर्जनम्, गर्जितम् (नपुं.)।

गड़गड़ाहट (स्त्री. अनु.) दे. 'गड़गड़'।

गड़ना (अकर्म. तभ.) भूमि में चले जाना, To be buried, to penetrate, भूमौ-नि+धा—निधीयते, प्रत्युप्यते (कर्मवा.)।

गड़पना (सकर्म. अनु.) हड़प जाना, To swallow, नि+गॄ—निगिरति।

गड़बड़ (स्त्री. अनु.) विषमता, अशान्ति, उथलपुथल, Confusion, disorder, fuss, विषमता, अशान्तिः, अस्तव्यस्तता (स्त्री.)।

गड़बड़ाना (क्रिया. देशी) गड़बड़ करना या होना, To get into a state of confusion, to be disturbed, to alarm, आकुली+भू— आकुलीभवति, आकुली+कृ – आकुलीकरोति।

गड़बड़ाहट (स्त्री. देशी) व्याकुलता, अस्तव्यस्तता, Confusion, disorder, व्याकुलता, अस्तव्यस्तता (स्त्री.)।

गड़बड़ी (स्त्री. देशी) दे. गड़बड़ी।

गडरिया (पुं. तभ.) भेड़-बकरी पालने वाला, A shepherd, गड्डरिकः, अजापालकः अविपालकः (पुं.)।

गड़हा (पुं. तभ.) दे. 'गड्ढा'।

गड़ाना (सकर्म. देशी) किसी वस्तु में फँसाना, To thrust, to bury, to push, to pierce, निक्षिप् (भ्वा.) — निक्षिपति, प्रति+वप्— प्रतिवपति, अन्तःनिदधाति।

गड़ारी (स्त्री. अनु.) दे. 'गरारी'।

गडुआ (पुं. तभ.) लोटा, गड़वा, A water-pot having a spout, a drinking mug, गडुकः (पुं.)।

गडुई (स्त्री. तभ.) लुटिया, गड़वी, Small drinking mug, गड़वा, गडुकी (स्त्री.)।

गडुवा (पुं.) दे. 'गडुआ'।

गडेरिया (पुं. तभ.) दे. 'गड़रिया'।

गडुर (पुं. तस.) मेंढा, भेड़, A sheep, गडुरः, अविः, मेषः (पुं.)।

गड्डा (पुं. तभ.) बन्धा ढेर, Collected bundle, bunch jumbled up, बद्धः, निकरः, स्तोमः, चयः (पुं.)।

गड्डी (स्त्री. तभ.) बन्धी हुई वस्तुओं का समूह, A small bundle, a heap, pack of cards, बद्ध-निचयिका, स्तोमिका, पूलिका (स्त्री.)।

गड्ढा (पुं. तस.) खुदा हुआ स्थान, गर्त, A pit, a ditch, गर्त्तः अवटः (पुं.), खातम् (नपुं.)।

गढ़ंत (वि. तभ.) कल्पित, घड़ी हुई, Fabricated, imaginary, artificial, स्वघटित, कल्पित (वि.)।

गढ़ (पुं. तभ.) किला, दुर्ग, A fort, a castle, a citadel दुर्गम् (नपुं.)।

गढ़ना (सकर्म. तभ.) घड़ना, बनाना, To make, to shape, to mould, घट् (चुरा.) — घटयति।

गढ़पति (पुं. तभ.) किले का स्वामी, दुर्गपति, Commander of a fort, दुर्गपतिः (पुं.)।

गढ़वाल (पुं. तभ.) किले का स्वामी, दुर्गपति, Commander of a fort, दुर्गपतिः (पुं.), एक पहाड़ी प्रदेश का नाम, Name of a mountain region, गढ़वालः (पुं.)।

गढ़िया (स्त्री. तभ.) छोटा किला, कोट, सुनार कलाकार, Small fort, fortress, a craftsman; a goldsmith, jeweller, लघुदुर्गम्, स्वर्णकारः, कलाकारः।

गढ़ी (स्त्री. तभ.) दे. 'गढ़िया'।

गण (पुं. तस.) समूह, A tribe, a group, a troop, गणः, समूहः (पुं.)।

गणक (पुं. तस.) हिसाब करने वाला, ज्योतिषी, A calculator, an astronomer, गणकः, गणितज्ञः, दैवज्ञः (पुं.)।

गणन (पुं. तस.) संख्यान, संख्या करना, Counting, calculation, गणनम्, संख्यानम् (नपुं.)।

गणना (पुं. तस.) दे. 'गणन'।

गणनायक (पुं. तस.) दल या टुकड़ी का नेता, गणेश, The leader of a group, Gaṇeśa, गणनायकः, गणेशः (पुं.)।

गणनीय (वि. तस.) गिनने योग्य, गिने जा सकने योग्य, Fit to be counted or reckoned, गणनीय, गण्य (वि.)।

गणपति (पुं. तस.) गणेश, Gaṇeśa, the Hindu god of wisdom and prudence, गणेशः (पुं.)।

गणराज्य (पुं. तस.) राज्य समूह का शासन, लोकराज्य, Republican Democracy, लोकराज्यम्, प्रजातान्त्रिकं गणराज्य-शासनम् (नपुं.)।

गणाधिपति (पुं. तस.) दे. 'गणपति'।

गणिका (स्त्री. तस.) वेश्या, A prostitute, वेश्या (स्त्री.), वाराङ्गना (स्त्री.)।

गणित (पुं. तस.) संख्याओं की विद्या, Arithmetic, गणितशास्त्रम् (नपुं.)।

गणितज्ञ (पुं. तस.) गणित का ज्ञाता, Mathematician, an astronomer.

गणेश (पुं. तस.) दे. 'गणपति'।

गण्य (वि. तस.) गिनने योग्य, प्रतिष्ठित, Countable, respectable, distinguished, गण्य (पुं.)।

गण्यमान्य (वि. तस.) गिनने योग्य और मान-योग्य, Calculable and respectable, गण्यमान्य (वि.)।

गत (वि. तस.) गया हुआ, Gone, previous, departed, गत, व्यतीत (वि.)।

गतका (पुं. तभ.) चमड़े से ढकी लाठी, खेल का एक भेद, लाभदायक A leather-covered club, a kind of game, useful, गदकः (पुं.), चर्मावृतयष्टिः (स्त्री.), क्रीडाभेदः लाभकरः (पुं.)।

गतांक, गताङ्क (पुं. तस.) पिछला छपा हुआ पत्र, The old issue of a newspaper or printed matter, गताङ्कः (पुं.)।

गति (स्त्री. तस.) चाल, Speed, motion, गतिः (स्त्री.)।

गत्ता (पुं. देशी) मोटा कागज, Cardboard, स्थूलकर्गलम्, गुरुपत्रम् (नपुं.)।

गद (पुं. तस.) रोग, बीमारी, A disease, गदः, रोगः (पुं.)।

गदका (पुं. तभ.) दे. 'गतका'।

गदगद, गद्‌गद्, गदगद् (वि. तभ.) अतिप्रसन्न, अतिहर्षित, हर्षपुलकित, Very happy, greatly delighted, गद्‌गद् (वि.)।

गदर (पुं. अर.) सैनिक विद्रोह, mutiny, सैन्यविद्रोहः (पुं.)।

गदराना (अकर्म. देशी) पकने लगना, About to ripen, to bloom, to develop, पक्वतां गच्छत् (वि.) — गच्छति।

गदहपचीसी (स्त्री. देशी) 16 से पच्चीस वर्ष की अनुभवहीन परन्तु उत्साहपूर्ण आयु, The age between 16 to 25 years when one has less experience and more courage, आषोडशात, आपञ्चविंशतेः आयुर्भागः (पुं.)।

गदहपन (पुं. तस.) ज़ड़ता, मूर्खता, नासमझी, Foolishness, stupidity, जड़ता, मूर्खता, मतिमन्दता (स्त्री.)।

गदहा (पुं. तभ.) गधा, गर्दभ, A donkey, an ass, गर्दभः रासभः (पुं.)।

गदा (स्त्री. तस.) लड़ाई का एक हथियार, A mace, गदा (स्त्री.)।

गदाधर (पुं. तस.) विष्णु का उपनाम, An epithet of vishnu, गदाधरः (पुं.)।

गदेला (पुं. देशी) दे. 'गद्दा'।

गद्दा (पुं. देशी.) रूई से भरा बिछाने का वस्त्र, A cushion, तूलसंस्तरः (पुं.), तूलपूर्णस्तरणम् (नपुं.)।

गद्दी (स्त्री. देशी) रूई से भरा आसन, आसन, राजसिंहासन, A stuffed cushion, a seat, a throne, पिचुलविष्टरः (पुं.), आसनम् (नपुं.), राजसिंहासनम् (नपुं.)।

गद्य (पुं. तस.) बिना छन्द की वाक्य-रचना, Prose, गद्यम् (नपुं.)।

गधा (पुं. तभ.) दे. 'गदहा'।

गनना (स्त्री. तभ.) दे. 'गणना'।

गनीमत (स्त्री. अर.) सन्तोष का विषय होना, सुखद समाचार, Good fortune, satisfaction, सन्तोषविषयः, शुभसमाचारः (पुं.)।

गन्ना (पुं. देशी) इक्षु, ईख, Sugarcane, इक्षुः, इक्षुदण्डः (पुं.)।

गप (स्त्री. तभ.) दे. 'गप्प'।

गपकना (क्रिया. देशी) हड़पना, तेजी से निगल जाना, To swallow, to eat at once, नि+गृ —निगिरति (तुदा.पर.)।

गपोड़ा (पुं. तस.) बड़ी गप्प, झूठमूठ बनाई बात, A false rumour, a big gossip, महान् लोकप्रकादः, प्रलापः (पुं.)।

गप्प (स्त्री. तभ.) A gossip, a false rumour, असत्यवार्ता (स्त्री.)।

गप्पी (पुं. तभ.) गप्पे सुनाने वाला, कल्पित बातें कहने वाला, Gossiper, a chatter, वावदूकः, जल्पकः, मिथ्यावादी-दिन् (पुं.)।

गप्फा (पुं. अनु.) बड़ा हिस्सा, बड़ा ग्रास, A big portion, a big morsel, big gain, बृहत्कवलः, महाँल्लाभः (पुं.)।

गफ (वि. तभ.) मोटा, घना बुना हुआ, Thick, dense, densely woven, अविरल (वि.), घनगुम्फित (वि.)।

गफ़लत (स्त्री. अर.) लापरवाही, प्रमाद, Carelessness, negligence, प्रमादः (पुं.) उपेक्षा (स्त्री.)।

गबन (पुं. अर.) गोपन, कपट से हरना, Embezzlement, गोपनम्, अपहरणम् (नपुं.)।

गबरू (पुं. फा.) पति, भर्ता, युवक, Husband, a youngman, पतिः (पुं.), भर्ता-तृ (पुं.), युवकः (पुं.)।

गभस्ति (पुं. तस.) किरण, रश्मि, मरीचि, A ray, गभस्तिः, किरणः, रश्मिः (पुं.)।

गभीर (वि. तस.) गहरा, घना, विचारशील, गम्भीर, Deep, dense, serious, solemn, गभीर, गम्भीर (वि.)।

गम (पुं. अर.) शोक, अफसोस, चिन्ता, Sorrow, grief, anxiety, शोकः, खेदः (पुं.), चिन्ता (स्त्री.)।

गमछा (पुं. तभ.) अंगोछा, अंगप्रोंछक, तोलिया, A towel, a napkin, अङ्गप्रोञ्छकः, प्रोञ्छकः (पुं.)।

गमन (पुं. तस.) जाना, गति, चाल, मैथुनम्, Going, movement, intercourse, गतिः (स्त्री.), गमनम्, मैथुनम् (नपुं.)।

गमनीय (वि. तस.) जाने योगय, गम्य, Approachable, accessible, गमनीय, गम्य (वि.)।

गमला (पुं. पुर्त.) फूलों का बर्तन, मलत्याग का पात्र, A flower pot, a commode, पुष्पपात्रम्, पुरीषपात्रम् (नपुं.)।

गमी (स्त्री. अर.) दे. 'गम'।

गम्य (वि तस.) दे. 'गमनीय'।

गयंद (पुं. तभ.) गजेन्द्र, गजपति, बड़ा हाथी, A big elephant, गजेन्द्रः, गजपतिः (पुं.)।

गय (पुं. तभ.) गज, हाथी, An elephant, गजः, द्विरदः, द्विपः (पुं.)।

गया (वि. तभ.) गया हुआ, गत, Gone, गत (वि.)।

गया (पुं. देशी) एक तीर्थ का नाम, बौद्धगया, Name of a holyplace, Bauddha-Gayā, गयातीर्थम् (नपुं.)।

गर (पुं. तस.) विष, रोग, Poison, disease, विषम् (नपुं.), गरः (पुं.)।

गर (अ. फा.) दे. अगर (फा.)।

गरक (वि. अर.) दे. 'गर्क'।

गरगरा (पुं. अनु.) गरारी, A pulley, उच्छायणचक्रम् (नपुं.), रज्जुवेष्टनी (स्त्री.)।

गरज़ (स्त्री. अर.) आशय, उद्देश्य, स्वार्थ, आवश्यकता, अभिलाषा, Purpose, selfishness, importance, desire, आशयः, स्वार्थः (पुं.), प्रयोजनम् (नपुं.), अभिलाषः (पुं.)।

गरजना (अकर्म. तभ.) गर्जन करना, To roar, thunder, गर्ज् (भ्वा. पर.) — गर्जति।

गरजमंद (पुं. अर.) स्वार्थ सिद्ध करने वाला, आवश्यकता वाला, Needy, desirous, स्वार्थसाधकः, लाभापेक्षकः, ईप्सुः (पुं.)।

गरदन (स्त्री.) दे. 'गर्दन'।

गरदा (पुं.) दे. 'गर्दा'।

गरदान (पुं. फा.) शब्दों की रूपरचना, Declension, conjugation, रूपावली, शब्दरूपरचना (स्त्री.)।

गरब (पुं. तभ.) दे. 'गर्व'।

गरबीला (वि. तभ.) दे. 'गर्वीला'।

गरभाना (अकर्म. तभ.) गर्भ धारण करना, To be pregnant, पौधों पर बालों का उगना, Growing of ears of paddy plants, गर्भय् (नामधा.) — गर्भयति।

गरम (वि. तभ.) देखिए 'गर्म'।

गरमागरमी (स्त्री. तभ.) लड़ाई-झगड़ा, संघर्ष, Fight, strike, कलहः, संघर्षः (पुं.)।

गरमाना (सकर्म. तभ.) गरम करना, To heat, तापय् (प्रे.) — तापयति।

गरमाहट (स्त्री. तभ.) गरमी, उष्णता, Heat, घर्मः, तापः (पुं.)।

गरमी (स्त्री. तभ.) दे. 'गर्मी'।

गरल (नपुं. तस.) विष, जहर, Poison, गरलम्, विषम् (नपुं.)।

गरा (पुं. तभ.) दे. 'गला'।

गराड़ी (स्त्री. अनु.) दे. 'गड़ारी'।

गरारा (पुं. अर.) कुल्ला, चुल्लु, A gargle, चुलुः, चुलुकः (पुं.)।

गरारी (स्त्री. अनु.) दे. 'गड़ारी'।

गरिष्ठ (वि. तस.) सबसे बड़ा, सबसे भारी, पचने में कठिन, Heaviest, greatest, difficult to digest, गरिष्ठ (वि.)।

गरी (स्त्री. तभ.) नारियल आदि का अन्दर का खाद्य पदार्थ, The internal part of a coconut or of something else, गुलिका (स्त्री.)।

गरीब (वि. अर.) निर्धन, दीनहीन, Poor, deserted, निर्धन, दीन (वि.)।

गरीबी (स्त्री. अर.) निर्धनता, दरिद्रता, Poverty, humility, निर्धनता, दरिद्रता (स्त्री.)।

गरीयस (वि. तस.) अधिक बड़ा, अधिक भारी, Greater, heavier, गुरुतर, गरीयस् (वि.)।

गरु, गरुआ (वि. तभ.) दे. 'गुरु'।

गरुआई (स्त्री. तभ.) दे. 'गुरुता'।

गरुड़ (पुं. तस.) विष्णु की सवारी वाला पक्षी, बाज, The bird and vehicle of Viṣṇu in Hindu mythology, the king of birds, गरुडः, वैनतेयः, सुपर्णः, विष्णुरथः (पुं.)।

गरूर (पुं. अर.) अभिमान, Pride, अभिमानः (पुं.)।

गरूरी (वि. अर.) अभिमानी, Proud, अभिमानी-निन् (वि.)।

गरेबान (पुं. फा.) गले के साथ वाला कपड़ा, Part of a neck garment, collar, निचोलगलः (पुं.)।

गरोह (पुं. फा.) दे. 'गिरोह'।

गर्ग (पुं. तस.) एक ऋषि का नाम, बैल, Name of a sage, a bullock, गर्गः (पुं.)।

गर्जन (पुं. तस.) घोर आवाज, Roaring, गर्जनम् (नपुं.)।

गर्जना (स्त्री. तस.) देखिए 'गर्जन'।

गर्त (पुं. तस.) गड्ढा, A pit, गर्त्तः (पुं.)।

गर्द (स्त्री. फा.) धूल, धूलि, Dust, धूलिः, धूली (स्त्री.)।

गर्दभ (पुं. तस.) गधा, गदहा, An ass, a donkey, गर्दभः (पुं.)।

गर्दिश (स्त्री. फा.) परिक्रमण, चक्कर, संकट, Circuation, revolution, calamity, distress, परिक्रमणम्, परिवर्तनम् (नपुं.), आपद्, विपद् (स्त्री.)।

गर्भ (पुं. तस.) मध्य का भाग, भ्रूण, पेट का बच्चा, Central part, womb, embryo, गर्भः (पुं.)।

गर्भकेसर (पुं. तस.) फूल के अंदर का तंतु, Pistil of a flower, गर्भकेसरम् (नपुं.)।

गर्भगृह (पुं. तस.) घर के मध्य का कमरा, The internal room of a house, गर्भगृहम् (नपुं.)।

गर्भपात (पुं. तस.) गर्भ का गिरना, Abortion, गर्भपातः (पुं.)।

गर्भवती (स्त्री. वि. तस.) पेट में बच्चे वाली, Pregnant, गर्भवती (स्त्री.)।

गर्भस्थ (वि. तस.) गर्भ में रहने वाला, A child in the womb, गर्भस्थ (वि.)।

गर्भस्राव (पुं. तस.) दे. 'गर्भपात'।

गर्भाधान (पुं. तस.) गर्भ धारण करना, Conception, a ceremony performed on the first indication of pregnancy, गर्भाधानम् (नपुं.)।

गर्भाशय (पुं. तस.) गर्भ धारण करने का स्थान, The womb, गर्भाशयः (पुं.)।

गर्भिणी (स्त्री. वि. तस.) दे. 'गर्भवती'।

गर्भित (वि. तस.) गर्भ में स्थित, छिपा हुआ, Staying in the womb, concealed, गर्भित (वि.)।

गर्व (पुं. तस.) घमण्ड, अभिमान, Pride, arrogance, गर्वः, अभिमानः (पुं.)।

गर्वाना (अकर्म. तभ.) गर्व करना, अभिमान करना, To boast, to be proud, गर्व् (चुरा. आ.) — गर्वयते।

गर्वीला (वि. तभ.) अभिमानी, घमण्डी, Proud, arrogant, गर्वित, अभिमानी-निन् (वि.)।

गर्हणा (स्त्री. तस.) निन्दा, तिरस्कार, Censure, reproach, गर्हणम् (नपुं.), गर्हणा (स्त्री.)।

गर्हा (स्त्री. तस.) दे. 'गर्हणा'।

गर्हित (वि. तस.) निन्दित, गन्दा, Censurable, base, defective, mean, गर्हित (वि.)।

गर्ह्य (वि. तस.) निन्दा के योग्य, Contemptible, mean, गर्ह्य (वि.)।

गल (पुं. तस.) गला, गर्दन, The neck, the throat, गलः, कण्ठः (पुं.)।

गलकम्बल (पुं. तस.) गाय के गले को झालर, सास्ना, The hanging part of a cow's neck, गलकम्बलः (पुं.), सास्ना (स्त्री.)।

गलगण्ड (पुं. तस.) गले की ग्रन्थियों में सोजिश का रोग, Inflamation of the glands of the neck, गलगण्डः (पुं.)।

गलगल (स्त्री. देशी) एक बड़ा खट्टा रसदार फल, A citron, बृहत् जम्भफलम् (नपुं.)।

गलग्रह (पुं. तस.) भयंकर दुर्भाग्य, Calamity which can be removed with great difficulty, गलग्रहः (पुं.)।

गलत (वि. अर.) अशुद्ध, Incorrect, अशुद्ध (वि.)।

गलती (स्त्री. अर.) अशुद्धि, त्रुटि, Error, mistake, अशुद्धिः, त्रुटिः (स्त्री.)।

गलन (पुं. तस.) पिघलने या नीचे जाने की क्रिया, Melting, decaying, गलनम् (नपुं.)।

गलना (अकर्म. तभ.) पिघलना, To melt, गल् (चुरा. आ.) — गालयते।

गलफट (वि. तभ.) बहुत बोलने वाला, बातूनी, Talkative, वावदूक, जल्पक (वि.)।

गलफड़ा (पुं. तभ.) मछली के गले के दोनों ओर के सुराख, Gill of a fish, corner of the mouth, गलच्छिद्रम् (नपुं.)।

गलवाना (प्रेरणा. तभ.) पिघलवाना, To cause to be melted, गालय् (प्रे.), गालयति।

गलस्तन (पुं. तस.) किसी बकरी के गले के दोनों ओर लटकते हुए मांसपिण्ड, Loose pieces of flesh hanging on the neck of some goats, गलस्तनः (पुं.)।

गला (पुं. तभ.) दे. 'गल'।

गलाऊ (वि. तभ.) गलने योग्य, Fusible, soluble, गलनीय (वि.)।

गलाना (सकर्म. तभ.) पिघलाना, To melt, to dissolve, गालय्-गालयति।

गलित (वि. तस.) गला हुआ, सड़ा हुआ, Melted, decayed, dissolved गलित (वि.)।

गलियारा (पुं. तभ.) घर के अन्दर कमरों में जाने आने का मार्ग, गैलरी, The gallery of a house, corridor, गृहगली (स्त्री.)।

गली (स्त्री. तस.) जाने का तंग मार्ग, A lane, passage, a narrow path, गली, वीथिः-थी (स्त्री.)।

गलीचा (पुं. फा.) कालीन, A carpet, कुथः (पुं.), आस्तरणम् (नपुं.)।

गलीज़ (वि. अर.) मलिन, गन्दा, कुत्सित, Dirty, filthy, impure, मलिन, आविल, (वि.)।

गल्प (पुं. तभ.) कथा, कहानी, आख्यायिका, A tale, story, गल्पः (पुं.), आख्यायिका (स्त्री.)।

गल्ला (पुं. फा.) पशुओं का झुंड, समज, अन्न, A herd, flock; grain, समजः, व्रजः (पुं.), अन्नम् (नपुं.)।

गवन (पुं. तभ.) दे. 'गमन' और 'गौना'।

गवय (पुं. तस.) नील गाय, A kind of wild cow or bull, गवयः (पुं.)।

गवाक्ष (पुं. तस.) रोशनदान, A small window, skylight, गवाक्षः (पुं.)।

गवाना (सकर्म. देशी) गाने की प्रेरणा देना, To cause to sing, गापय्-गापयति (प्रे.)।

गवारा (वि. फा.) अनुकूल, अभीष्ट, Acceptable, agreeable, अनुकूल, अभीष्ट (वि.)।

गवाह (पुं. फा.) साथी, Witness, साक्षी-क्षिन् (वि.)।

गवाही (स्त्री.) साक्षित्व, Testimony, evidence, साक्षित्वम् (नपुं.)।

गवेषणा (स्त्री. तस.) खोज, छानबीन, Research, investigation, गवेषणा (स्त्री.)।

गवेषी (पुं. तस.) खोजने वाला, छानबीन करने वाला, Researcher, investigator, गवेषी-षिन् (पुं.)।

गवैया (पुं. तभ.) गाने वाला, A singer, गायकः (पुं.)।

गव्य (पुं. तस.) गौ से प्राप्त होने वाले पदार्थ—दूध, घी, गोबर, मक्खन, मूत्र, The five things available from a cow i.e. milk, butter, ghee, urine, dung, गव्यम् (नपुं.)।

गश (स्त्री. अर.) बेहोशी, Senselessness, fainting, निश्चैतन्यम् (नपुं.), मूर्च्छा (स्त्री.)।

गश्त (स्त्री. फा.) भ्रमण, पर्यटन, Patrolling, going round, भ्रमणम्, पर्यटनम् (नपुं.)।

गहगहाना (अकर्म. अनु.) प्रसन्न होना, To be enraptured, to be delighted, प्र+हृष् (दिवा.) — प्रहृष्यति।

गहन (वि. तस.) घना, गूढ़, गहरा, Dense, obscure, deep, गहन (वि.)।

गहन (पुं. तभ.) ग्रहण, लेना, An eclipse, ग्रहणम् (नपुं.)।

गहना (पुं. तभ.) आभूषण, अलंकार, Ornament, आभूषणम् (नपुं.), अलङ्कारः (पुं.)।

गहना (पुं. तभ.) ग्रहण करना, To take, to accept, ग्रह् (क्र्या.) — गृह्णाति।

गहनि (स्त्री. तभ.) दे. गहन।

गहर (पुं. तभ.) गह्वर, गुफा, A cave, गह्वरम् (नपुं.)।

गहरा (वि. तभ.) गम्भीर, अथाह, गूढ, गहन, Deep, serious, गम्भीर (वि.)।

गहराई (स्त्री. तभ.) गहरापन, थाह के विना, Depth, seriousness, गाम्भीर्यम् (नपुं.)।

गहराना (अकर्म. तभ.) गहरा होना, To be deep, to deepen, अगाधी+भू-अगाधीभवति।

गहराव (पुं. तभ.) गहरापन, Depth, गाम्भीर्यम् (नपुं.)।

गहाई (स्त्री. तभ.) फसल में से दानों को निकालना, Separating corns out of sheaves, गाहनम् (नपुं.)

गहाना (सकर्म. तभ.) दानों को फसल से पृथक् करना, To separate corns out of sheaves, गाह् (भ्वा. आ.) — गाहते।

गह्वर (पुं. तस.) गुफा, A cave, गह्वरम् (नपुं.), गुहा (स्त्री.)।

गांग, गाङ्ग (वि. तस.) गंगा से सम्बन्धित, Related to the river Gangā, गाङ्ग (वि.)।

गांगेय, गाङ्गेय (पुं. तस.) देवव्रत भीष्म का नाम, The name of Bhishma, son of Ganga, गाङ्गेयः (पुं.)।

गाँजना (सकर्म. तभ.) ढेर लगाना, To heap, to accumulate, नि+चय् (स्वा.) — निचिनोति, गजि (भ्वा. पर.), गाञ्जय् (प्रे.) — गाञ्जयति।

गाँजा (पुं. तभ.) एक मादक ओषधि, An intoxicating herb, hemp, गञ्जा, मादिनी (स्त्री.)।

गाँठ (स्त्री. तभ.) ग्रन्थि, Knot, ग्रन्थिः (पुं.)।

गाँठगोभी (स्त्री. तभ.) एक प्रकार की गोभी, Cabbage, ग्रन्थिगोभी (स्त्री.)।

गाँठना (सकर्म. तभ.) गाँठ लगाना, To knot, ग्रन्थ् (चुरा.) — ग्रन्थयति।

गाण्डीव (पुं. तस.) अर्जुन के धनुष का नाम, Name of Arjuna's bow, गाण्डीवम् (नपुं)।

गाँधना (सकर्म. तभ.) दे. गाँठना।

गांधर्व, गान्धर्व-विवाह (पुं. तस.) केवल वर और वधू की एकमति से विवाह, A form of marriage requiring only mutual agreement of the couple, गान्धर्वविवाहः (पुं.)।

गांधर्व, गान्धर्व-वेद (पुं. तस.) सामवेद का गानविद्या का उपवेद, A sub-Veda of Sāmaveda related to music, गान्धर्ववेदः (पुं.)।

गांधार, गान्धार (पुं. तस.) कन्धार, सिंध नदी के पश्चिम में स्थित देश, एक स्वर विशेष, A country situated on the west of Sindhu river, the third note of Indian songs scale, गान्धारः (पुं.)।

गांधारी, गान्धारी (स्त्री. तस.) दुर्योधन की माता का नाम, The name of the mother of Duryodhana and wife of Dhritarashtra (in Mahābhārata) गान्धारी (स्त्री.)।

गांधी, गान्धी (पुं. तस.) सुगन्धित द्रव्यों का व्यापारी, एक जाति विशेष, मोहनदास गांधी, A perfume-seller, name of a caste, Gujrati trading community, गान्धीधिन् (पुं.)।

गांभीर्य, गाम्भीर्य (पुं. तस.) गम्भीरता, गहराई, Seriousness, depth, गाम्भीर्यम्।

गाँव (पुं. तस.) कृषकों की बस्ती, देहात, A village, ग्रामः (पुं.)।

गाँस (स्त्री. देशी) गांठ, विरोध, द्वेष, रहस्य, A knot, enemity, secret, an arrow head, spear head, ग्रन्थिः (पुं.) द्वेषः (पुं.) रहस्यम् (नपुं.)।

गाँसना (सकर्म. देशी) फँसाना, वश में करना, To trap; to pierce; to string, ग्रन्थ् (चुरा.), ग्रन्थयति।

गाँसा (पुं. देशी) उंगलियों के मध्य के जोड़, Joints between the fingers and toes, अङ्गुलि-ग्रन्थिः (पुं.)।

गागर, गागरी (स्त्री. अनु.) दे. 'गगरी'।

गाछ (पुं. देशी) छोटा पौधा, A plant, क्षुपः (पुं.)।

गाछी (स्त्री. देशी) पलान, पल्ययन, जीन, A pad placed on the back of a beast of burden, saddle, bag, पल्ययनम् (नपुं.), पर्याणम् (नपुं.)।

गाज (स्त्री. तभ.) बिजली, बिजली के गिरने की आवाज, Thunderbolt, the noise of thunder, lightning, गर्जनम् (नपुं.)।

गाजर (पुं. तभ.) एक मीठा खाद्य मूल, Carrot, गर्जरम् (नपुं.)।

गाजी (पुं. अर.) इस्लाम धर्म का बहादुर, A brave Mohammadan, यवनयोधः।

गाड़ना (सकर्म. देशी) फंसाना, ढालना, To bury, to lay into, रुह+णिच्—रोपयति, नि+विश्+णिच्—निवेशयति।

गाडर (स्त्री. तभ.) भेड़, मेषी, A sheep, गड्डुरी, अविः, एडका (स्त्री.)।

गाड़ी (स्त्री. तभ.) रथ, वाहन, A carriage, a vehicle, गन्त्री (स्त्री.), यानम्, वह्यम् (नपुं.)।

गाड़ीवान् (पुं. तभ.) रथ-चालक, ड्राइवर, A driver, सारथिः (पुं.)।

गाढ़ (वि. तस.) घना, गम्भीर, स्थिर, Dense, deep, permanent, गाढ (वि.)।

गाढ़ा (वि. तभ.) दे. 'गाढ़'।

गाढ़ा (पुं. तभ.) मोटा कपड़ा, खद्दर, Thick cloth, khādi, स्थूलवस्त्रम्।

गाणपत्य (पुं. तस.) गणपति का पूजक, गणेश का भक्त, The worshipper of Gaṇeśa, गाणपत्यः (पुं.)।

गात (पुं. तभ.) अङ्ग, शरीर, An organ, a body, गात्रम् (नपुं.)।

गाती (स्त्री. तभ.) गले में बांधे जाने वाला शरीर का वस्त्र, A garment worn over one shoulder and under other armpit, गात्रीयम् (नपुं.)।

गाथ (स्त्री. तस.) प्रशंसागीत, स्तोत्र, स्तुति, a song of praise, स्तुतिः (स्त्री.), स्तोत्रम् (नपुं.)।

गाथक (पुं. तस.) गीत गाने वाला, Singer, musician, गाथकः (पुं.)।

गाथा (स्त्री. तस.) कथा, वृत्तान्त, स्तुति, Story, narration, praise, a ballad; a narrative poem, गाथा (स्त्री.)।

गादड़ (पुं. देशी) गीदड़, सियार, Jackal, शृगालः (पुं.)।

गाध (वि. तस.) कम गहरा, उथला, Less deep, shallow, गाध (वि.)।

गाधि (पु. तस.) महर्षि विश्वामित्र के पिता का नाम, The name of sage Viśvāmitra's father, गाधिः (पुं.)।

गान (पुं. तस.) गीत, गायन, A song, गानम्, गायनम् (नपुं.)।

गाना (सकर्म. तभ.) गाने की क्रिया करना, To sing, गाय् (भ्वा.) — गायति।

गाफिल (वि. अर.) असावधान, लापरवाह, Not alert, careless, असावधान (वि.)।

गाभ (पुं. तभ.) गर्भ, अङ्कुर, Pregnancy, sprout, गर्भः (पुं.)।

गाभिन (वि. स्त्री. तभ.) गर्भिणी, Pregnant, गर्भिणी (वि. स्त्री.)।

गामी (वि. तस.) जाने वाला, Going, moving, गामी-मिन् (वि.)।

गायक (पुं. तस.) गाने वाला, संगीतज्ञ, A singer, musician, गायकः (पुं.)।

गायत्री (स्त्री. तस.) गाने वाले की रक्षिका, 24 वर्णों का वैदिक छन्द, 'भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यम्' इत्यादि मंत्र, The protector of singer, a vedic metre, name of a particular sacred verse of the Veda, गायत्री (स्त्री.)।

गायन (पुं. तस.) गान, गाने का कार्य, Singing, गायनम् (नपुं.)।

गायब (वि. अर.) गुम, लापता, Lost, disappeared, लुप्त, तिरोहित (वि.)।

गार (पुं. अर.) गुहा, कन्दरा, विवर, A cave, a den, sunken place, गुहा, कन्दरा (स्त्री.), विवरम् (नपुं.)।

गारत (वि. अर.) नष्ट, ध्वस्त, बरबाद, Devasted, destroyed, नष्ट, ध्वस्त (वि.)।

गारद (स्त्री. अर.) रक्षकवर्ग, रक्षा, A guard of constables, protection.

गारा (पुं. देशी) कीचड़, पङ्क, Mud, mortar, पङ्कः, लेपः, कर्दमः (पुं.)।

गारी (स्त्री. तभ.) दे. 'गाली'।

गारुड़ (पुं. तस.) विष उतारने का मंत्र, A mantra against snake-bite or snake poison, गारुडम् (नपुं.), विषमन्त्रः (पुं.)।

गारुड़ी (पुं. तस.) विष-वैद्य, जहर को हटाने वाला, One who administers mantras against snake bite, a snake charmer, विषवैद्यः (पुं.), गारुडी-डिन् (पुं.)।

गार्गी (स्त्री. तस.) अध्यात्मविद्या की एक प्रसिद्ध विदुषी, A lady scholar of spiritual science, गार्गी (स्त्री.)।

गार्हस्थ्य (पुं. तस.) गृहस्थ का कार्य, गृहस्थाश्रम, Duties of a family man, family life, गार्हस्थ्यम् (नपुं.)।

गाल (पुं. तभ.) कपोल, Cheek, गल्लः, कपोलः (पुं.)।

गाल बजाना (सकर्म. देशी) शेखी बघारना, To boost, वि+कत्थ् (भ्वा. आ.) विकत्थते।

गाला (पुं. तभ.) किसी मशीन में डालने योग्य वस्तु का भाग, A portion to be put in a machine as a flock of cotton, a ball of carded cotton or something else, जैसे रुई का गाला, प्रक्षेप्यम्, गाल्यम् (नपुं.)।

गालिब (वि. अर.) शानदार, बढ़िया, Excellent, distinguished, महिमशाली-लिन्, विशिष्टः (पुं.)।

गालिब (पुं. अर.) उर्दू के प्रसिद्ध एक कवि का नाम, The name of a famous Urdu poet, गालिबः (पुं.)।

गालिबन (क्रि. वि. अर.) सम्भवतः, प्रायः, लगभग, Probably, perhaps, about सम्भवतः, प्रायः (अ.)।

गाली (स्त्री. तस.) दुर्वचन, गन्दे शब्द, A type of indecent song sung at weddings, indecent word, गालिः, गाली (स्त्री.)।

गाय, गाव (स्त्री. तभ.) दे. 'गौ'।

गावज़बान (स्त्री. अर.) अधपुष्पी नामक ओषधि, A medicinal herb, अधःपुष्पी, खरपत्री (स्त्री.)।

गाहक (पुं. तभ.) खरीददार, ग्राहक, A customer, ग्राहकः (पुं.)।

गाहना (सकर्म. तभ.) उथल-पुथल करना, अनाज के दाने निकालना, To stimulate, to disturb, to tread upon the crops to get corn, गाह् (भ्वा. आ.), गाहते।

गिचपिच (वि. अनु.) अस्पष्ट, मिलाजुला, Not clear, illegible, mixed, अस्पष्ट, मिश्रित (वि.)।

गिजा (स्त्री. अर.) आहार, खाद्य पदार्थ, Food, diet, आहारः (पुं.), खाद्यम् (नपुं.)।

गिटपिट (वि. अनु.) दे. 'गिचपिच'।

गिट्टक (स्त्री. देशी) गुठली, A piece, fragment (of stone or metal), hard inner part of mango, अष्ठिः (स्त्री.)।

गिट्टी (स्त्री. देशी) कंकर, A pebble, a piece of a stone, कर्करम् (नपुं.), उपलखण्डः (पुं.)।

गिड़गिड़ाहट (स्त्री. अनु.) नम्र निवेदन, A humble request, नम्र-निवेदनम् (नपुं.)।

गिद्ध (पुं. तभ.) गीध, गृध्र, A vulture, गृध्रः (पुं.)।

गिनती (स्त्री. तभ.) संख्या, गिनना, Counting, संख्यानम् (नपुं.), गणना (स्त्री.)।

गिनना (सकर्म. तभ.) गिनती करना, To count, गण् (चुरा.) — गणयति।

गिन्नी (स्त्री. इं.) अंग्रेजों का एक सिक्का, An English gold coin, गिन्नी-मुद्रा (स्त्री.)।

गिब्बन (पुं. इं.) एक प्रकार का बन्दर, A kind of monkey or ape, गिब्बनः (पुं.)।

गिर (पुं. तभ.) दे. 'गिरि'।

गिरगिट (पुं. देशी) चूहे की जाति का एक प्राणी, A chameleon, सरटः, प्रतिसूर्यकः (पुं.)।

गिरजाघर (पुं. संक.) ईसाइयों का उपासना स्थान, A church, ख्रिस्टोपासनालयः (पुं.)।

गिरधर, गिरधारी (पुं. तस.) श्रीकृष्ण का उपनाम, An epithet of Sh. Krishṇa, गिरधरः, गिरधारी-रिन् (पुं.)।

गिरनार (पुं. तभ.) गुजरात राज्य में एक प्रदेश का नाम, A region in Gujarat state, गिरनारः (पुं.)।

गिरफ्त (स्त्री. फा.) पकड़, बन्धन, Capture; seizing, grasp, ग्रहणम्, बन्धनम् (नपुं.)।

गिरफ्तार (वि. फा.) बन्दी, कैद, Arrested, गृहीत, निरुद्ध (वि.)।

गिरफ्तारी (स्त्री. फा.) कैद, बन्धन, Imprisonment, arrest, ग्रहणम् (नपुं.), निरोधः (पुं.)।

गिरवाना (प्रेर. देशी) गिराने की प्रेरणा देना, To cause to fall; to cause to be overthrown, पातय्-पातयति (प्रे.)।

गिरवी (स्त्री. फा.) धरोहर, निक्षेप, Mortgaged, धरोहरः, निक्षेपः (पुं.)।

गिरह (स्त्री. फा.) गाँठ, जेब, Knot, pocket, ग्रन्थिः (पुं.), वस्त्रकोशः (पुं.)।

गिरहकट (पुं. संक.) जेबकतरा, Pick-pocket, ग्रन्थिच्छेदकः (पुं.)।

गिरा (स्त्री. तस.) वाणी, सरस्वती, Speech, voice, the goddess of learning, गिरा (स्त्री.)।

गिराना (सकर्म. देशी) नीचे फेंकना, To cause to fall down, to pour down, पातय्-पातयति।

गिरापति (पुं. तस.) ब्रह्मा, An epithet of Brahmā, गिरापतिः (पुं.)।

गिरावट (स्त्री. देशी) पतन, अवगमन, अवनति, Falling, decreasing, पतनम् (नपुं.), अवनतिः (स्त्री.)।

गिरि (पुं. तस.) पहाड़, A mountain, गिरिः, पर्वतः (पुं.)।

गिरिधारी (पुं. तस.) दे. 'गिरधर'।

गिरिनन्दिनी (स्त्री. तस.) पार्वती, An epithet of Pārvatī, daughter of the mountain (Himālaya), पार्वती (स्त्री.)।

गिरिनाथ (पुं. तस.) शिवजी, A name of Lord Shiva, गिरिनाथः (पुं.)।

गिरिर (पुं. देशी) लकड़बग्घा, A hyena, ईहामृगः, लकुट-व्याघ्रः (पुं.)।

गिरिराज (पुं. तस.) हिमालय, Himālayas, हिमालयः (पुं.)।

गिरिसुत (पुं. तस.) मैनाक पर्वत, An epithet of Mainaka, मैनाकः (पुं.)।

गिरिसुता (स्त्री. तस.) दे. 'गिरिनन्दिनी'।

गिरीन्द्र (पुं. तस.) दे. 'गिरिनाथ'।

गिरी (स्त्री. देशी) गुठली, Stone in a fruit, अष्ठिः।

गिरीश (पुं. तस.) दे. 'गिरिनाथ'।

गिर्द (क्रि. वि. फा.) चारों ओर, Around, परितः (अ.)।

गिलट (पुं. देशी) निकल, एक विशेष धातु, Nickel, धातुविशेषः।

गिलटी (स्त्री. देशी) ग्रन्थि, गाँठ, माँसपिंड, A gland, tumour, मांसग्रन्थिः (पुं.), मांसपिण्डः (पुं.)।

गिलहरी (स्त्री. देशी) चुहिया की जाति का एक प्राणी, A squirrel, चमरपुच्छः (पुं.)।

गिला (पुं. फा.) उलाहना, उपालम्भ, Complaint, reproach, उपालम्भः (पुं.)।

गिलाफ (पुं. अर.) तकिए या रजाई आदि का आवरण, A pillow case, covering of a quilt; sheath, उपधानावरणम् (नपुं.), तूलिकाकोषः (पुं.), आवरकः (पुं.)।

गिलास (पुं. इं.) जल पीने का पात्र, A tumbler, कंसः (पुं.), पानपात्रम् (नपुं.)।

गिलौरी (स्त्री. देशी) लपेटा हुआ पान का पत्ता, Folded betel-leaf, ताम्बूलवीटिः (स्त्री.)।

गिल्टी (स्त्री. देशी) दे. 'गिलटी'।

गीत (पुं. तस.) गान, भजन, A song, गीतम् (नपुं.)।

गीता (स्त्री. तस.) ज्ञानमय उपदेश; जैसे श्रीमद्भगवद्गीता, The Bhagavadgītā, an episode of Mahābhārata, a song, an episode in a poetic work, ज्ञानमयोपदेशः (पुं.), श्रीमद्भगवद्गीता (स्त्री.)।

गीति, गीतिका (स्त्री. तस.) दे. 'गीत'।

गीदड़-गीदर (पुं. फा.) सियार, Jackal, शृगालः (पुं.)।

गीध (पुं. तभ.) गिद्ध, Vulture, गृध्रः (पुं.)।

गीर्, गीः (स्त्री. तस.) दे. 'गिरा'।

गीर्ण (वि. तस.) कहा हुआ, प्रशंसित, Said, praised, गीर्ण, प्रशंसित (वि.)।

गीर्देवी (स्त्री. तस.) सरस्वती, शारदा, The goddess of knowledge, goddess Saraswati, सरस्वती, शारदा (स्त्री.)।

गीर्वाण (पुं. तस.) देवता, A god, a sage, गीर्वाणः (पुं.)।

गीला (वि. फा.) आर्द्र, भीगा हुआ, Wet, आर्द्र (वि.)।

गीलापन (पुं. संक.) आर्द्रता, भीगना, Wetness, आर्द्रता (स्त्री.)।

गुंगा (पुं. फा.) गूंगा, जो स्पष्ट न बोल सके, मूक, A dumb person, मूकः (पुं.)।

गुंगी (स्त्री. फा.) गूंगी, मूका, दोमुँही सर्पिणी, A dumb lady, the snake having two mouths on both sides, मूका, द्विमुखी सर्पिणी (स्त्री.)।

गुंचा (पुं. अर.) कली, कलिका, A bud, मुकुलः-लम्, कोरकः-कम् (पुं., नपुं.), कलिका (स्त्री.)।

गुंजन, गुञ्जन (पुं. तस.) भौंरे आदि का शब्द, Buzzing or humming sound, गुञ्जनम् (नपुं.)।

गुंजा, गुञ्जा (स्त्री. तस.) रत्ती, A red seed with black mouth, the smallest of a jeweller's weights, रक्तिका, गुञ्जा (स्त्री.)।

गुंजाइश, गुंजायश (स्त्री. फा.) खाली स्थान, सामर्थ्य, Scope, capacity, opportunity, अवकाशः (पुं.), ग्रहणसामर्थ्यम् (नपुं.)।

गुंजान (वि. फा.) घना, गाढ़ा, निबिड, Dense, thick, घन, निबिड (वि.)।

गुंजायमान, गुञ्जायमान (वि. तस.) गूंजता हुआ, Having humming sound, गुञ्जायमान (वि.)।

गुंजार, गुञ्जार (पुं. तस.) गूंजना, Humming sound, गुञ्जनम् (नपुं.)।

गुंडई (स्त्री. तभ.) मैलापन, नीचता, गुंडापन, Foulness, rascality, scoundrelism, गुण्डनम्, दुर्वृत्तम् (नपुं.), दुराचारः (पुं.)।

गुंडा, गुण्डा (वि. तभ.) बदमाश, नीच, चरित्रहीन, Rascal, scoundrel, a dissolute person, गुण्डक, दुराचारी-रिन् (वि.)।

गुँथना (अकर्म. तभ.) धागों द्वारा जुड़ना, झगड़ना, To be threaded, to fight, ग्रथि (भ्वा.) — ग्रन्थ्यते (भाववा.)।

गुंफ, गुम्फ (पुं. तभ.) गुच्छा, समूह, A bunch, entanglement, गुम्फः, गुच्छः।

गुंबज, गुम्बज (पुं. फा.) दे. गुम्बद।

गुंबद, गुम्बद (पुं. फा.) गोलाकार छत का भाग, गोलछत, A vault, cupola, गोलपटलम् (नपुं.), गोलछदिः (स्त्री.)।

गुग्गुलु (पुं. तस.), गुग्गुल (पुं. तभ.) गूगल, A thorny tree and its fragrant resin, गुग्गुलुः (पुं.)।

गुच्छ (पुं. तस.) वस्तुओं का समूह, जैसे पुष्प-गुच्छ, A bunch, cluster, गुच्छः (पुं.), स्तबकः (पुं.)।

गुच्छा (पुं. तभ.) दे. 'गुच्छ'।

गुच्छी (स्त्री. तस.) छोटा गुच्छा, एक पहाड़ी खाद्य पदार्थ, A small bunch, a kind of mushroom, गुच्छी (स्त्री.)।

गुज़र (स्त्री. फा.) निर्वाह, गुज़ारा, गति, Livelihood, passing, व्यवसायः (पुं.), वृत्तिः (स्त्री.), गतिः (स्त्री.)।

गुज़रना (अकर्म. फा.) चले जाना, To pass away, to cross over, प्र+गम् (भ्वा. पर.) — प्रगच्छति।

गुज़र-बसर (पुं. फा.) रहना-सहना, जीवन की चाल-ढाल, Subsisting, getting by, जीवननिर्वाहः (पुं.), निर्वाह्यवासम् (नपुं.)।

गुज़ारना (सकर्म. फा.) बिताना, To spend, to pass, नी (भ्वा. उभ.) — नयति, या (अदा.) — यापय् (प्रे.) — यापयति।

गुज़ारा (पुं. फा.) दे. 'गुज़र'।

गुज़ारिश (स्त्री. फा.) निवेदन, प्रार्थना, Request, निवेदनम् (नपुं.), प्रार्थना (स्त्री.)।

गुज्जर (पुं. तभ.) गुर्जर जाति का व्यक्ति, पशुपालक, A man of Gujara caste, a herd's man, गुर्जरः (पुं.)।

गुझिया (स्त्री. देशी) एक प्रकार की मिठाई, A kind of sweet made with khoya, गुज्झियामिष्टान्नम् (नपुं.)।

गुटका (पुं. देशी) छोटे आकार की पुस्तक या गेंद, A book or ball of small size, लघु-पुस्तिका (स्त्री.)।

गुटरगूँ (पुं. अनु.) कबूतर की आवाज, The sound of pigeon, गुटरगूँध्वनिः, कपोत-ध्वनिः (पुं.)।

गुटिका (स्त्री. तस.) गोली, वटिका, बटी, A tablet, a pill, वटिका, गुटिका (सं.), वटी (स्त्री.)।

गुट्ट (पुं. तभ.) समूह, गोष्टी, दल, An assembly, a band, a gang, गोष्ठी (स्त्री.), समूहः (पुं.), दलम् (नपुं.)।

गुठली (स्त्री. तभ.) गुटिका, फल के अन्दर की कठोर वस्तु, The stone of a fruit, kernel; limp; mass, गुटिका, अष्ठिः (स्त्री.)।

गुड़ (पुं. तस.) गन्ने का ठोस सार, Molasses, raw sugar, गुडः, गुलः, खंडकः (पुं.)।

गुड़गुड़ाना (अकर्म. अनु.) हुक्के की-सी आवाज करना, Rumbling sound, गुडगुडाय् (नामधा.) — गुडगुडायते।

गुड़गुड़ी (स्त्री. अनु.) छोटा हुक्का, A small smoking instrument, लघुधूमपानयन्त्रम् (नपुं.)।

गुडहर-ल (पुं. देशी) एक फूलदार पेड़ और उसके फूल, A plant of flowers and its flower, गुडहरः (पुं.)।

गुड़ाकेश (पुं. तस.) अर्जुन और शिवजी का उपनाम, An epithet of Arjuna and Śiva, गुडाकेशः (पुं.)।

गुड़िया (स्त्री. तभ.) गुडिका, पुतली, A doll, a puppet, गुडिका, पुत्तलिका (स्त्री.)।

गुडूची (स्त्री. तस.) गिलोय, अमृता, A medicinal creeper, गुडूची (स्त्री.)।

गुड्डा (पुं. तभ.) बड़ी गुड़िया, बड़ी पतंग, A large kite, puppet; an effigy of a man, गुडकः, पुत्तलः (पुं.), बृहत्पत्रचिल्लः (पुं.)।

गुड्डी (स्त्री. तभ.) गुड़िया, पतंग, A doll, a kite, गुडिका, पुत्तलिका (स्त्री.), पत्रचिल्लः (पुं.)।

गुण (वि. तस.) विशेषता, रस्सी, Quality, merit, a string, गुणः (पुं.)।

गुणक (वि. तस.) गुणा करने वाली संख्या, A multiple, गुणक (वि.)।

गुणकारी (वि. तस.) लाभप्रद, Meritorious, useful, गुणकारी-रिन् (वि.)।

गुणगाहक, गुणग्राहक (पुं. तस.) गुणों का मान करने वाला, Appreciating the virtues, one who appreciates merits, गुणग्राहकः (पुं.)।

गुणज्ञ (पुं. वि.) गुणों की परख करने वाला, He who recognises merits, गुणज्ञ (वि.)।

गुणन (पुं. तस.) गुणा करना, Multiplication, गुणनम् (नपुं.)।

गुणनफल (पुं. तस.) संख्याओं को गुणा करने से प्राप्त संख्या, Result of multiplication, गुणनफलम् (नपुं.)।

गुणना (सकर्म. तभ.) गुणा करना, सोचना-विचारना, To multiply, to think over, गुण् (चुरा. उभ.) — गुणयति।

गुणवन्त (वि. तभ.) गुणी, गुणवान्, Meritorious, गुणवान्-वत् (वि.)।

गुणवाचक (वि. तस.) विशेषता बताने वाला, गुण बताने वाला, Qualifying, गुणवाचक (वि.)।

गुणवान् (वि. तस.) दे. 'गुणवन्त'।

गुणांक, गुणाङ्क (पुं. तस.) गुणन करने वाली संख्या, The multiplying digit, गुणाङ्कः (वि.)।

गुणा (पुं. तभ.) गुणन, गुणन करने का कार्य, Multiplying, गुणनम् (नपुं.)।

गुणाढ्य (वि. तस.) गुणों से भरपूर, Full of virtues, गुणाढ्य (वि.)।

गुणित (वि. तस.) गुणा किया हुआ, Multiplied, गुणित (वि.)।

गुणी (पुं. तस.) दे. 'गुणवान्' – गुणी-णिन् (पुं.)।

गुण्य (वि. तस.) गुणन करने योग्य, To be multiplied, गुणा (वि.)।

गुत्थमगुत्था (क्रि. वि. देशी) लड़ते-लड़ते चिपटने का भाव, Entangled while fighting, संश्लिष्टता (स्त्री.), संग्रन्थनम् (नपुं.)।

गुत्थी (स्त्री. देशी) थैली, A small bag, वस्त्रकोशिका (स्त्री.)।

गुथना (अकर्म. देशी) मिल जाना, परस्पर जुड़ जाना, ठीक प्रकार से मिलना, To interlock, to inweave, to braid ग्रन्थनम्, वेणीग्रन्थनम् (नपुं.)।

गुथवाना (सकर्म. देशी) ठीक प्रकार से मिलाना, गूंथना, जोड़ना, To cause to inter-weave, वेणीवयनम् (नपुं.), वापयनम् (नपुं.)।

गुदगुदा (वि. देशी) नरम वस्तुओं से पूर्ण, नरम, Fleshy, soft, plump, कोमल, सुखस्पर्श (वि.)।

गुदगुदाना (सकर्म. देशी) गुदगुदी करना, To titillate, to tease for merriment, मनोविनोदाय क्षोभय्-क्षोभयति, कण्डू (कण्ड्वा.) —कण्डूयति।

गुदगुदी (स्त्री. देशी) आनन्दमय क्षोभ, तीव्र इच्छा, Merriment, ardent desire, कूतकूतम् (नपुं.), कण्डूतिः (स्त्री.)।

गुदड़ी (स्त्री. देशी) चीथड़ों को सी कर बनाया वस्त्र, A patched quilt; a bedding of rags; a tattered garment, स्यूतकर्पटः (पुं.), कन्था (स्त्री.)।

गुदभ्रंश (पुं. तस.) मल-त्याग के अंग का एक रोग, Prolapsus of anus, गुदभ्रंशः (पुं.)।

गुदा (स्त्री. तस.) पायु इन्द्रिय, मल-त्याग का अंग, Anus, गुदा (स्त्री.), गुदम् (नपुं.)।

गुदाम (पुं. देशी) दे. 'गोदाम'।

गुद्दा (पुं. तस.) नरम-नरम वस्तु, Pulp, flesh, गोर्दम् (नपुं.), फलसारः (पुं.), मज्जा (स्त्री.)।

गुद्दी (स्त्री. तभ.) दे. 'गुद्दा'।

गुद्देदार (वि. तभ.) गुद्दे से भरा हुआ, Full of pulp, fleshy, गोर्दमय, मज्जामय, फलसारपूर्ण (वि.)।

गुनगुनाना (अकर्म. अनु.) नाक में ही कुछ बोलना, To grumble, to mutter, गुनगुनाय् (नामधा.) — गुनगुनायते।

गुनह (पुं. फा.) पाप, अपराध, Sin, offence; vice; guilt, पापम् (नपुं.), अपराधः (पुं.)।

गुनहगार (पुं. फा.) पापी, अपराधी, Sinner, guilty, पापी-पिन्, अपराधी-धिन् (वि.)।

गुनाह (पुं. फा.) दे. 'गुनह'।

गुनी (वि. तभ.) दे. 'गुणवान्'।

गुप्त (वि. तस.) छिपा हुआ, वैश्यों का उपनाम, Concealed, hidden, an epithet of business class, गुप्त (वि.)।

गुप्तचर (पुं. तस.) भेदिया, दूत, A spy, an emissary, गुप्तचरः, प्रणिधिः (पुं.)।

गुप्तदान (पुं. तस.) नाम को छिपाकर दिया गया दान, A secret gift or donation, गुप्तदानम् (नपुं.)।

गुप्ता (पुं. तस.) वैश्यों का उपनाम, An epithet of Vaishyas, गुप्तः (पुं.)।

गुप्ति (स्त्री. तस.) छिपाव, दुराव, Concealment, hiding, गुप्तिः (स्त्री.), संवरणम्, प्रच्छादनम् (नपुं.)।

गुप्ती (स्त्री. तभ.) छिपी हुई कृपाण, तलवार-युक्त सोटी, A hidden sword, a sword stick, गुप्तासिः (पुं.), खड्गयष्टिः, गुप्तिः (स्त्री.)।

गुफ़ा (स्त्री. तभ.) गुहा, कन्दरा, A cave, a den, गुहा, कन्दरा, दरी (स्त्री.), गह्वरम्, विवरम् (नपुं.)।

गुफ़्तगू (स्त्री. फा.) बातचीत, वार्तालाप, Talk, conversation, वार्तालापः (पुं.)।

गुबरैला (पुं. देशी) गोबर का कीड़ा, A kind of black insect which lives in dung, गोमयलः, गोमयकीटः (पुं.)।

गुबार (पुं. अर.) धूलि, छिपी हुई दुर्भावना, Dust, concealed affliction, धूलिः प्रच्छन्ना दुर्भावना (स्त्री.)।

गुब्बारा (पुं. देशी) फूलने वाला खिलौना, A balloon, वायुपूर्णं क्रीडनकम् (नपुं.)।

गुमना (अकर्म. फा.) लुप्त हो जाना, लापता होना, To be lost, to disappear, नश् (दिवा.) — नश्यति, लुप् (दिवा.) — लुप्यति।

गुमनाम (वि. फा.) लुप्तनाम, अप्रसिद्ध या अज्ञातनाम, anonymous, nameless, अज्ञातनाम (वि.)।

गुमराह (वि. फा.) मार्ग से भ्रष्ट, रास्ता भूला हुआ, One who has lost his way; misled; gone astray; losing the way, मार्गभ्रष्ट (वि.), पथच्युत (वि.)।

गुमान (सकर्म. फा.) अनुमान, घमण्ड, Imagination, pride, अनुमानम् (नपुं.), अभिमानः (पुं.)।

गुमाना (सकर्म. फा.) खो देना, To lose प्रणाशय् (प्रे.) — प्रणाशयति, परि+ह्रापय् (प्रे.)—परिह्रापयति।

गुमानी (वि. फा.) अभिमानी, Proud, suspicions अभिमानी-निन्, दर्पी-पिन् (वि.)।

गुमाश्ता (पुं. फा.) प्रतिनिधि, बदले में कार्य करने वाला, A representative, प्रतिनिधिः (पुं.)।

गुर (पुं. तभ.) गुरुमन्त्र, सूत्र, सारभूत नियम, A formula, गुरुमन्त्रः (पुं.), सूत्रम् (नपुं.)।

गुरदा (पुं. फा.) दे. 'गुर्दा'।

गुरु (पुं. तस.) अध्यापक, शिक्षक, धर्मोपदेशक, चतुर, A teacher, a preacher, a clever man, गुरुः, अध्यापकः प्रवीणो मनुष्यः (पुं.)।

गुरु (वि. तस.) भारी, बड़ा, माननीय, दीर्घ, Heavy, big, great, respectable, long, बृहत्, महत्, माननीय, दीर्घ (वि.)।

गुरुआनी (स्त्री. तभ.) गुरु की पत्नी, Wife of the Guru, गुरुपत्नी (स्त्री.)।

गुरुआई (स्त्री. तभ.) गुरुता, बड़प्पन, Heaviness, greatness, गुरुता (स्त्री.), गुरुत्वम्, गौरवम् (नपुं.), गरिमा-मन् (पुं.)।

गुरुघंटाल (पुं. देशी) बहुत चालाक, बहुत धूर्त, Very clever, a rascal, a wicked person, धूर्तराजः, महाशठः (पुं.)।

गुरुकुल (पुं. तस.) गुरु का कुल जहाँ छात्र रह कर पढ़ते हैं, A residential Indian school where students live under the control of Guru, गुरुकुलम् (नपुं.)।

गुरुता (स्त्री. तस.) दे. 'गुरुआई'।

गुरुत्व (पुं. तस.) दे. 'गुरुआई'।

गुरुत्वकेन्द्र (पुं. तस.) किसी वस्तु के आकर्षण का मुख्य बिन्दु, The centre of gravity of an object, गुरुत्वकेन्द्रम् (नपुं.)।

गुरुत्वाकर्षण (पुं. तस.) पृथिवी आदि ग्रहों या उपग्रहों द्वारा आकर्षण, The gravity of earth or of any other planet etc. गुरुत्वाकर्षणम् (नपुं.)।

गुरुदक्षिणा (स्त्री. तस.) विद्या – समाप्ति पर गुरु को दी जाने वाली भेंट, The gift which is offered to the Guru at the end of one's education, गुरुदक्षिणा (स्त्री.)।

गुरुद्वारा (पुं. तभ.) सिक्खों का उपासना–स्थल, The prayer place of Sikhs, गुरुद्वारम् (नपुं.)।

गुरुभाई (पुं. तभ.) एक गुरु से पढा हुआ साथी, Fellow, disciples or pupil of the same Guru, सतीर्थ्यः, सगुरुकः (पुं.)।

गुरुमुखी–गुरमुखी (स्त्री. तस.) पंजाबी भाषा की लिपि विशेष, A script of Panjābi language and Sikh scriptures, गुरुमुखी (स्त्री.)।

गुरुवार (पुं. तस.) वीरवार, बृहस्पतिवार, Thursday, गुरुवारः, बृहस्पतिवारः (पुं.)।

गुर्जर (पुं. तस.) एक जाति विशेष, गुजरात, गुज्जर, A special caste, the state of Gujrat, गुर्जरः (पुं.)।

गुर्दा (पुं. फा.) गुरदा, वृक्क, Kidney, वृक्क, वृक्कम्, वृक्का (त्रिलिंग)।

गुर्राना (अकर्म. अनु.) घुरघुर करना, To growl, to roar, घुरघुराय् (नामधा.), घुरघुरायते।

गुर्राहट (स्त्री. अनु.) घुरघुराहट, Growling roaring, घुरघुरायणम् (नपुं.)।

गुर्वी (स्त्री. वि. तस.) बड़ी, लम्बी, भारी, Great, large, heavy, गुर्वी (स्त्री. वि.)।

गुल (पुं. फा.) शोर, फूल, Noise, flower, कलकलध्वनिः (पुं.), पुष्पम् (नपुं.)।

गुलकंद (पुं. फा.) फूलों का मुरब्बा, Sugared rose leaves dried in the sun, पुष्प-कन्दः (पुं.)।

गुलछर्रा (पुं. फा.) मजा, आनन्द, Merry-making, revelry, विलासः, भोगः, आनन्दः (पुं.)।

गुलछर्रे उड़ाना (सकर्म. देशी.) मजे लेना, मौज बहार करना, To merry make, to enjoy, स्वच्छन्दं+रम् = स्वच्छन्दं रमते, विलस्-विलसति।

गुलज़ार (पुं. फा.) उद्यान, वाटिका, A garden, a park, उद्यानम् (नपुं.), वाटिका (स्त्री.)।

गुलथी (स्त्री. देशी.) मांस की गाँठ, गुत्थी, A knot of flesh, a tumour, small bag, मांसग्रन्थिः (पुं.), कोषः (पुं.)।

गुलदस्ता (पुं. फा.) फूलों का गुच्छा, A bunch of flowers, कुसुमस्तबकः (पुं.)।

गुलदान (पुं. फा.) फूलदान, A flower vase, पुष्पाधानम् (नपुं.)।

गुलबन्द (पुं. फा.) Neck cloth, गल-वस्त्रम् (नपुं.)।

गुलशन (पुं. फा.) बगीचा, उद्याग, A garden, उद्यानम्, उपवनम् (नपुं.), वाटिका (स्त्री.)।

गुलाब (पुं. फा.) एक पौधा और उसका फूल, Rose flower, शतपत्री (स्त्री.)।

गुलाबी (वि. फा.) गुलाब के फूल के रंग वाला, Rosy, पाटल (वि.)।

गुलाम (पुं. अर.) खरीदा हुआ दास, A slave, क्रीतदासः (पुं.)।

गुलामी (स्त्री. अर.) पराधीनता, Slavery, bondage, पारतन्त्र्यम् (नपुं.), पराधीनता (स्त्री.)।

गुलाल (पुं. फा.) होली पर डाले जाने वाले लाल रंग का पौडर, The red powder which is used in Holi festival, रक्त-चूर्णम् (नपुं.)।

गुलिस्ताँ (पुं. फा.) दे. 'गुलशन'।

गुलेल (स्त्री. फा.) पत्थर फेंकने का फन्दा, A pellet bow, पाषाणक्षेपणी, वटिका-क्षेपणी (स्त्री.)।

गुल्फ (पुं. तस.) गिट्टा, पैर की एक हड्डी, The anklet, गुल्फः, चरणग्रन्थिः (पुं.)।

गुल्म (पुं. तस.) अफारा, सेना का एक दल, झाड़ी, पौधों का झुण्ड, The air-disease in belly, division of an army, a shrub, a bush, गुल्मः (पुं.)।

गुल्लक (पुं. तभ.) दे. 'गोलक'।

गुल्ली (स्त्री. तभ.) गिरी, गुठली, डण्डे से खेलने की गिल्ली, The stone of a fruit, the short stick struck by a longer stick (ḍaṇḍa) in the game gulli-ḍaṇḍā, गुली, वीटा (स्त्री.)।

गुसलखाना (पुं.अर.) स्नानघर, Bathroom, स्नानालयः (पुं.), स्नानगृहम् (नपुं.)।

गुस्ताख (वि. फा.) उद्दण्ड, अशिष्ट, असभ्य, Rude, arrogant, haughty, उद्दण्ड, अशिष्ट, असभ्य (वि.)।

गुस्ताखी (स्त्री. फा.) उद्दण्डता, अशिष्टता, Rudeness, arrogance, haughtiness, उद्दण्डता, अशिष्टता, असभ्यता (स्त्री.)।

गुस्सा (पुं. अर.) क्रोध, कोप, Anger, rage, wrath, क्रोधः, कोपः (पुं.)।

गुस्सैल (वि. अर.) क्रोधी स्वभाव वाला, Furious, wrathful, क्रोधन, कोपन (वि.)।

गुहा (स्त्री. तस.) गुफा, बड़ा छिद्र, विवर, गह्वर, A cave, a den, a vault, गुहा (स्त्री.), गह्वरम् (नपुं)।

गुहार (स्त्री. तभ.) पुकार, ऊँचे से बुलाना, गोहार, Shouting, loud cry, उच्चैःक्रन्दनम् (नपुं.), आह्वानम्।

गुहारना (अकर्म. तभ.) ऊँचे से चिल्लाना, पुकारना, To shout loudly, to cry, उच्चैः आह्वय्-आह्वयति।

गुह्य (वि. तस.) छिपाने योग्य, Concealable, secret, गुह्य (वि.)।

गूँगा (वि. फा.) मूक, वाणी से रहित, Mute, dumb, मूक, वाग्रहित (वि.)।

गूँजना (अकर्म. तभ.) गुञ्जन करना, भिन-भिनाना, प्रतिध्वनि करना, To buzz, to echo, गुञ्ज्- (भ्वा. पर.) — गुञ्जति।

गूँथना (सकर्म. तभ.) अनेक को जोड़ना या मिलाना, To weave together, to set together, ग्रन्थ् (क्र्या. पर.), ग्रथ्नाति।

गूँधना (सकर्म. तभ.) आटे को जल डालकर मुट्ठी से मिलाना, To knead, गुध् (दिवा. पर.) — गुध्यति।

गूँ, गू (पुं. तस.) मानव का मल, Human excrement, faeces, गुत्, पुरीषम् (नपुं)।

गूगल (पुं. तभ.) दे. 'गुग्गुल, गुग्गलु'।

गूजर (पुं. तभ.) दे. 'गुर्जर'।

गूढ़ (वि. तस.) घना, रहस्यपूर्ण, छिपा हुआ, कठिन, Dense, secret, concealed, difficult, गूढ (वि.)।

गूढ़ता (स्त्री. तस.) घनत्व, रहस्यमयता, कठिनता, Density, secrecy, difficulty, गूढता (स्त्री)।

गूढ़ार्थ (पुं. तस.) छिपा हुआ मतलब, असली अर्थ, Hidden meaning, real sense, गूढार्थः (पुं.)।

गूढ़ोक्ति (स्त्री. तस.) रहस्यमय कथन, A statement or remark of hidden sense, गूढोक्तिः (स्त्री.)।

गूथना (सकर्म. तभ.) दे. 'गूँथना'।

गूदड़ (पुं. देशी) दे. 'गुदड़ी'।

गूदड़ी (स्त्री. तभ.) दे. 'गुदड़ी'।

गूदा (पुं. तभ.) दे. 'गुद्य'।

गूथना (सकर्म. तभ.) दे. 'गूँथना'।

गून (पुं. तस.) नौका को पानी पर खींचने वाला रस्सा, The rope used for pulling a boat in water, नौकर्षणरज्जुः (स्त्री.)।

गूमड़ा (पुं. तस.) फोड़ा, गिल्टी, A boil, a tumour, विस्फोटः, पिटकः, गुल्मः, ग्रन्थिः (पुं.)।

गूमड़ी (स्त्री. तभ.) फुंसी, छोटी गिल्टी, A small boil, a pimple, a small tumour, विस्फोटिका, पिटिका, गुल्मिका (स्त्री.)।

गूलर (पुं. देशी) उदुम्बर, वनस्पति जाति का एक पेड़, A wild fig tree and its fruits उदुम्बरः, जन्तुफलः, हेमदुग्धकः (पुं.)।

गूह (पुं. तभ.) दे. 'गू'।

गृध्र (पुं. तस.) गीध, A vulture, गृध्रः (पुं.)।

गृह (पुं. तस.) घर, निवास, House, residence, गृहम् (नपुं.), आवासः (पुं.)।

गृहपति (पुं. तस.) घर का स्वामी, Master of the House, गृहपतिः (पुं.)।

गृहयुद्ध (पुं. तस.) घरेलू लड़ाई, देश के अन्दर की लड़ाई, A civil war, गृहयुद्धम् (नपुं.)।

गृहस्थ (पुं. तस.) विवाहित पुरुष या आश्रम, A householder, a married man carrying out the obligations of domestic life, गृहस्थः (पुं.)।

गृहस्थी (पुं. तस.) गृहस्थ आश्रम को चलाने वाला मनुष्य, A man performing the duties of a domestic life, गृहस्थी-थिन् (पुं.)।

गृहस्वामी (पुं. तस.) घर का मालिक, Owner of the house, गृहस्वामी-मिन् (पुं.)।

गृहस्वामिनी (स्त्री. तस.) घर की मालकिन, A mistress of the house, गृहस्वामिनी (स्त्री.)।

गृहिणी (स्त्री. तस.) दे. 'गृहस्वामिनी'।

गृही (पुं. तस.) दे. 'गृहस्वामी' — गृही-हिन् (पुं.)।

गृहीत (वि. तस.) ग्रहण किया हुआ, लिया हुआ, Taken, adopted, गृहीत (वि.)।

गृह्य (वि. तस.) घर से सम्बन्धित, Related to a house, domestic, गृह्य (वि.)।

गृह्यसूत्र (पुं. तस.) गृहस्थ जीवन के कर्त्तव्यों को बताने वाले सूत्र, The formula related to duties of a domestic life, गृह्यसूत्रम् (नपुं.)।

गेंडली (स्त्री. तभ.) लपेटा हुआ वस्त्र, भार उठाने के लिए गोल किया हुआ कपड़ा, A coiled cloth to carry a load on the head, कुण्डली (स्त्री.), आवेष्टनम् (नपुं.)।

गेंडा (पुं. देशी) गन्नों का पत्ता जो पशुओं के चारे के काम आता है, Leaf of sugarcane used for fodder, इक्षुपत्रम् (नपुं.)।

गेंडुरी (स्त्री. तभ.) दे. 'गेंडली'।

गेंद (पुं. तभ.) खेलने का गोल पिंड, बॉल, A ball, गेन्दुकः, कन्दुकः (पुं.)।

गेंदा (पुं. तभ.) बड़ा गेंद, एक प्रकार का फूल और उसका पौधा, A big ball, a merigold plant and its flower, बृहत्कन्दुकः, बृहत्गेन्दुकः, पुष्पभेदः (पुं.)।

गेंदुक (पुं. तस.) दे. 'गेंद'।

गेय (वि. तस.) गाने योग्य, Worth singing, गेय (वि.)।

गेरुआ (वि. तभ.) गेरवे रंग का, Having the red brown colour, गैरिकवर्ण (वि.)।

गेरू (पुं. तभ.) लाल रंग की पहाड़ी धातु, Ruddle, red ochre, गवेरुकम्, गैरिकम् (नपुं.)।

गेह (पुं. तस.) घर, आवास, A house, residence, गेहः-हम् (पुं., नपुं.)।

गेहनी (स्त्री. तभ.) दे. 'गृहिणी'।

गेही (पुं. तभ.) दे. 'गृही'।

गेहुँअन (पुं. तभ.) एक प्रकार का साँप, A kind of snake having wheatish colour, गोधूमकः, सर्पभेदः (पुं.)।

गेहुँआ (वि. तभ.) गेहूँ के रंग का, having wheatish colour, गोधूमवर्ण (वि.)।

गेहूँ (पुं. तभ.) एक प्रसिद्ध अनाज, Wheat, गोधूमः (पुं.)।

गैंडा (पुं. तभ.) कठोर चर्म वाला एक प्राणी, Rhinoceros, गण्डकः, खड्गी-गिन् (पुं.)।

गैंता (पुं. देशी) गहरी तथा कठोर खुदाई करने का साधन, A mattock, a pick-axe, कुद्दारः, स्तम्बघ्नः (पुं.)।

गैंती (स्त्री. देशी) हल्का गैंता, A small mattock, कुद्दारिका, स्तम्बघ्निका (स्त्री.)।

गैया (स्त्री. तभ.) दे. 'गौ'।

गैर (वि. अर.) दूसरा, अन्य, इतर, Other, alien, different, अन्य, इतर (वि.)।

गैरत (स्त्री. अर.) शरम, लज्जा, स्वाभिमान, Shame, self-respect, लज्जा, त्रपा (स्त्री.) स्वाभिमानः (पुं.)।

गैरिक (वि. तस.) गेरू के रंग का, Ruddle coloured, गैरिक, गवेरुक (वि.)।

गैल (स्त्री. देशी.) मार्ग, रास्ता, Way, path, मार्गः, पथः (पुं.)।

गोंद (पुं. तभ.) चिपकने वाला तत्त्व, Gum, निर्यासः (पुं.)।

गो (पुं. स्त्री. तस.) गाय, बैल, पृथ्वी, वाणी, किरण, इन्द्रिय, A cow, a bull, earth, tongue, ray, organ, गौः (पुं. स्त्री.)।

गोई (स्त्री. तभ.) गाय, A cow, गौः, धेनुः (स्त्री.)।

गोई (स्त्री. देशी) रुई की लच्छी, A skein of cotton.

गोकुल (पुं. तस.) वृन्दावन के चारों ओर का स्थित प्रदेश, गौओं का समूह, A herd of cattle, name of a village near Mathura and its vicinity, गोकुल-प्रदेशः (पुं.), गोकुलम् (नपुं.)।

गोक्षुर (पुं. तस.) चारों ओर काँटो वाली एक ओषधि, गोखरू, एक प्रकार का आभूषण, A kind of thorny herb, a kind of ornament, गोक्षुरः (पुं.)।

गोखरू (पुं. तभ.) दे. 'गोक्षुर'।

गोग्रास (पुं. तस.) अपने आहार में से गाय के लिए रखा गया भोजन-खंड, A part of meals put aside for a cow, गोग्रासः (पुं.)।

गोचर (वि. तस.) इन्द्रियों से ग्रहण करने योग्य, An object perceptible by the senses, गोचर (वि.)।

गोचर-भूमि (स्त्री. तस.) चरागाह, Pasture for cattle, grazing ground, गोचरभूमिः (स्त्री.)।

गोजरा (पुं. देशी) जौ और गेहूँ का मिश्रण, A mixture of barley and wheat, गोधूमयवम् (नपुं.)।

गोझा (पुं. देशी) एक कांटेदार पौधा, जेब, एक प्रकार की मिठाई, A kind of thorny plant, pocket, a kind of sweet, एकः कण्टकपूर्णः पादपः, गुह्यकोषः, पक्वान्न-भेदः (पुं.)।

गोठ (पुं. तभ.) गोष्ठ, गोशाला, गोष्ठी, भ्रमण, A cowshed, an assembly, an excursion, गोशाला, सभा (स्त्री.), भ्रमणम् (नपुं.)।

गोड़ा (पुं. देशी) घुटना, A knee, जानु (नपुं.)।

गोड़ाई (स्त्री. देशी) खेत में से घासफूस निकालने का काम, Weeding, क्षुरप्रीकरणम्।

गोड़ाना (सकर्म. देशी) खेत में से घासफूस को फसल से निकालना, To remove weeds, to scrape, क्षुरप्री+ कृ—क्षुरप्रीकरोति।

गोणी (स्त्री. तस.) बोरी, A sack, गोणी (स्त्री.)।

गोत (पुं. तभ.) दे. 'गोत्र'।

गोता (पुं. अर.) डुबकी, Diving, निमज्जनम् (नपुं.)।

गोताखोर (पुं. अर.) डुबकी लगाने वाला, A diver, निमज्जकः (पुं.)।

गोत्र (नपुं. तस.) ऋषियों से चले हुए वंशक्रम का नाम, जैसे गर्ग, आत्रेय, The name of dynasty begun from a sage, as Garga, Ātreya, गोत्रम् (नपुं.)।

गोद (स्त्री. तभ.) अंकवार, A lap, अंकः उत्सङ्गः (पुं.)।

गोदना (सकर्म. तभ.) किसी अंग को चित्रित करना, Tattooing, सूच्या त्वचः रञ्ज् (दिवा.) — रज्यते।

गोदान (पुं. इं.) गौ का दान (विवाह में अथवा मृतक द्वारा मरते समय) A gift of cow, गोदानम् (नपुं.)।

गोदाम (पुं. इं.) आगार, स्टोर, A store, godown, आगारः (पुं.)।

गोधा (स्त्री. तस.) गोह, छिपकली–जाति का एक बड़ा प्राणी, Iguana, गोधा (स्त्री.)।

गोधूम (पुं. तस.) गेहूँ, Wheat, गोधूमः (पुं.)।

गोधूलिवेला (स्त्री. तस.) गौओं के पैरों से उड़ाई धूली का समय, सायंकाल का समय जब गौएँ वन से घरों को लौटती हैं, Evening time when cows come from a forest after grazing, गोधूलिवेला (स्त्री.)।

गोना (पुं. तभ.) दे. 'गौना'।

गोनी (स्त्री. तभ.) दे. 'गोणी'।

गोप (पुं. तस.) गोपालक, ग्वाला, ग्वालों की एक जाति, A cow herd, a cast of cowherds, गोपः (पुं.)।

गोपनीय (वि. तस.) छिपाने योग्य, गोप्य, रहस्य, Confidential, hidden, to be kept secret, गोपनीय (वि.)।

गोपा (स्त्री. तस.) ग्वालिन, राधा का उपनाम, A herdgirl, milk-maid, an epithet of Rādhā, गोपा (स्त्री.)।

गोपाल (पुं. तस.) दे. 'गोप'।

गोपाष्टमी (स्त्री. तस.) गौओं के सम्मान में उन्हें मीठी वस्तुएँ खिलाने का एक पर्व, A festival when cows are honoured with sweet edibles, गोपाष्टमी (स्त्री.)।

गोपिका (स्त्री. तस.) दे. गोपा।

गोपी (स्त्री. तस.) दे. 'गोपिका'।

गोपुर (पुं. तस.) किसी नगर अथवा बस्ती का मुख्य द्वार, The main gate of a city or residential place, गोपुरम् (नपुं.)।

गोफन, गोफना (पुं. तभ.) कंकर फेंकने का साधन, A sling for throwing pieces of stone, (used in scaring birds away from crops), गोफणः, भिन्दिपालः (पुं.)।

गोबर (पुं.तस.) गाय - भैंस का मल, Cowdung, गोमयम् (नपुं.)

गोभी (स्त्री. तस.) एक सब्जी का नाम, Cauliflower, गोभी, गोजिह्वा (स्त्री.)।

गोमक्खी (स्त्री. तभ.) पशुओं को काटने वाली एक मक्खी, Gadfly, गोमक्षिका (स्त्री.)।

गोमती (स्त्री. तस.) दक्षिणभारत की एक नदी का नाम, The name of a river in southern India, गोमती (स्त्री.)।

गोमय (पुं. तस.) गोबर, Cowdung, गोमयम् (नपुं.)।

गोमूत्र (पुं. तस.) गाय का पेशाब, Urine of a cow, गोमूत्रम् (नपुं.)।

गोमेधयज्ञ (पुं. तस.) एक यज्ञ या मेला जिसमें गौओं की नसल सुधारने और उन्हें बढ़ाने का यत्न किया जाता है, A kind of a sacrifice or a fare through which the species of cows are improved and developed, गोमेधयज्ञः (पुं.)।

गोया (क्रि. वि. फा.) जैसे, मानो कि, As if, यथा, (अ.), मन्ये (क्रिया. रूप)।

गोरखधंधा (पुं. देशी) उलझन से भरा कार्य, A work full of many problems and not clear in its plannings, समस्या-पूर्णकार्यम् (नपुं.)।

गोरखनाथ (पुं. तभ.) कनफटे योगियों के गुरु का नाम, The name of a legendary Yogī, founder of the Gorakha sect or community, गोरक्षनाथः (नपुं.)।

गोरखा (पुं. तभ.) दार्जिलिंग और नेपाल में रहने वाली क्षत्रियों की एक जाति का नाम, The name of a caste of warriors living in Darjiling and Nepal, गोरक्षकः (पुं.)।

गोरज (स्त्री. तभ.) गाय के चरणों की धूली, The dust of cow-hoofs, गोरजः-जस् (नपुं.)।

गोरस (पुं. तस.) दूध और इससे बने पदार्थ, Milk and its' products, गोरसः (पुं.)।

गोरा (वि. तभ.) सफेद रंग वाला, Fair complexioned, गौर (वि.)।

गोरिल्ला (पुं. अफ्रीका) वानरों की एक जाति, The Gorilla, गोरिल्लः (पुं.)।

गोरी (वि. स्त्री. तभ.) गोरे रंग वाली, सफेद रंग वाली, Fair complexioned (woman), गोरा, शुक्ला (स्त्री. वि.)।

गोरोचन (पुं. तस.) गौ के मुख से निकली हुई पीले रंग की वस्तु, A yellow pigment vomitted by a cow, गोरोचना (स्त्री.)।

गोलंदाज (पुं. फा.) बन्दूक या तोप से गोले फेंकने वाला, A gunner or bomber, शतघ्नी-चालकः, गोलक्षेपकः (पुं.)।

गोल (वि. तस.) गोल आकृति वाली वर्तुल, Round-shaped, गोल, वर्तुल (वि.)।

गोल (पुं. अर.) गण, समुदाय, A group, a herd, an assembly, गणः, समुदायः।

गोलक (पुं. तस.) गेंद, गोल डिब्बा, आँख का गड्ढा, A ball, a round box, the socket of an eye, गोलकः (पुं.)।

गोलगप्पा (पुं. अनु.) A kind of Indian snack, गोलगप्पः (पुं.)।

गोलमाल (पुं. देशी) अस्तव्यस्तता, क्रमहीनता, छिपाव, Upsetting, disorder, confusion, mess, things lumped together, अस्तव्यस्तता (स्त्री.), क्रमभङ्गः, व्यापोहः (पुं.)।

गोला (पुं. तभ.) गोल वस्तु, फटने वाला गोला, लकड़ी का बड़ा कुन्दा, A round ball, a shell, a cannonball, a large pole of wood, गोलः (पुं.)।

गोलाई (स्त्री. तभ.) गोलरूपता, Roundness, गोलत्वम्, मण्डलत्वम् (नपुं.), वृत्तता (स्त्री.)।

गोलाकार (वि. तस.) दे. 'गोल'।

गोलाकृति (वि. तस.) दे. 'गोल'।

गोलार्ध, गोलार्द्ध (पुं. तस.) भूमि का आधा भाग, Hemisphere, गोलार्धम्, गोलार्द्धम् (नपुं.)।

गोलिका (स्त्री. तस.) छोटी गोली (दवाई की या बन्दूक की), A bullet, a pill, a marble, गोलिका, गुलिका, वटिका, काचगुलिका, भुशुण्डीगुलिका (स्त्री.)।

गोली (स्त्री. तस.) दे. 'गोलिका'।

गोलोक (पुं. तस.) श्रीकृष्ण का आवास, स्वर्गलोक, The residence of Lord Kṛṣṇa or Viṣṇu, the Heaven, गोलोकः (पुं.)।

गोवर्धन (पुं. तस.) वृन्दावन की एक प्रसिद्ध पहाड़ी, The celebrated hill of Vrindāvana, गोवर्धनपर्वतः (पुं.)।

गोविन्द (पुं. तस.) ईश्वर या विष्णु का नाम, An epithet of God or Vishnu, गोविन्दः (पुं.)।

गोश (पुं. फा.) कान, Ear, कर्णः (पुं.)।

गोशा (पुं. फा.) कोना, दिशा, एकान्तस्थान, A corner, a private place, direction, कोणः (पुं.), एकान्तस्थानम् (नपुं.), दिशा (स्त्री.)।

गोशाला (स्त्री. तस.) गौओं को रखने का स्थान, Cow-pen, cow-house, गोशाला (स्त्री.)।

गोश्त (पुं. फा.) मांस, आमिष, Flesh, meat, मांसम्, आमिषम् (नपुं.)।

गोष्ठ (पुं. तस.) गोशाला, Cow-pen, गोष्ठः (पुं.), गोष्ठम् (नपुं.)।

गोष्ठी (स्त्री. तस.) सभा, समिति, वार्तालाप, Assembly, conversation, गोष्ठी (स्त्री.)।

गोसाईं (वि. तभ.) दे. 'गोस्वामी'।

गोस्वामी (पुं. तस.) इन्दिय – विजेता, He who has full control on senses and mind, वैष्णवमत का मुखिया, The religious head of Vaiṣṇava sect, गोस्वामी-मिन् (पुं.)।

गोह (स्त्री. तभ.) दे. 'गोधा'।

गोहर (पुं. तभ.) गाँव में पशुओं के आने-जाने का मार्ग, A footpath for cattle in a village, गोमार्ग, गोपथः (पुं.)।

गोहरा (पुं. देशी) उपला, गोबर की पाथी, A cowdung-cake, करीषः, उपलः (पुं.)।

गोहराना (सकर्म. देशी) ऊँची आवाज से पुकारना, To call in a loud voice, उच्चैः आकारय्-आकारयति।

गोहूँ (स्त्री. तभ.) दे. 'गेहूं'।

गौ (स्त्री. तस.) गाय, A cow, गौः (स्त्री.)।

गौचरी (स्त्री. तभ.) दे. 'गोचरभूमिः'।

गौड़ (पुं. तस.) बंगाल – राज्य का एक भाग, ब्राह्मणों की एक उपजाति, A part of Bengal, a sub-caste of Brahmins, गौड़ (पुं.)।

गौड़िया (पुं. तभ.) गौड़प्रदेश का रहने वाला, A habitant of Gaud, गौडीयः (पुं.)।

गौड़ी (स्त्री. तस.) साहित्य की आडम्बर – पूर्ण रीति, A style of heavy words used in a literature, गौडी–रीतिः (स्त्री.)।

गौण (वि. तस.) निम्नस्तर का, अप्रधान, Inferior, secondary, subsidiary, गौण (वि.)।

गौणी (वि. स्त्री. तस.) 'गौण' का ही स्त्रीलिंग रूप, Inferior, subsidiary, गौणी (स्त्री. वि.)।

गौतम (पुं. तस.) न्यायदर्शन के लेखक ऋषि, गौतम वंश के लोग, The author of Nyaya philosophy, name of a Brahmaṇa community, गौतमः (पुं.)।

गौतमी (स्त्री. तत्सम) अहिल्या, गौतम की पत्नी, एक नदी का नाम, Wife of Gautam, name of a river, गौतमी (स्त्री.)।

गौन (पुं. तभ.) दे. 'गमन'।

गौना (पुं. तभ.) पिता के घर से वधू को पति के ले जाने की प्रथम प्रथा, The ceremony of taking a bride to the husband's house first time, वध्वाः पतिगृहे प्रथम – गमनम्।

गौर (पुं. अर.) ध्यान, विचार, चिन्तन, Attention, thought, ध्यानम् (नपुं.), विचारः (पुं.)।

गौरव (पुं. तस.) बड़प्पन, मान, गरिमा, Prestige, respect, majesty, गौरवम् (नपुं.), गरिमा-मन् (पुं.)।

गौरांग, गौराङ्ग (पुं. तस.) विष्णु, Lord Vishnu, a fair complexioned person, गौराङ्गः (पुं.)।

(वि.) गौरे अंगों वाला, यूरोपनिवासी, A European, गौराङ्ग (वि.)।

गौरा (स्त्री. तस.) गौरे रंग की स्त्री, पार्वती, A fair complexioned woman, Pārvatī, गौरा (स्त्री.)।

गौरिया (स्त्री. देशी) दे. 'गौरैया'।

गौरी (स्त्री. तस.) दे. 'गौरा'।

गौरैया (स्त्री. देशी) घर के पास रहने वाली चिड़िया, A hen-sparrow, चटका (स्त्री.)।

गौल्मिक (पुं. तस.) तीस सैनिकों का अधिकारी, An officer controlling thirty soldiers, गौल्मिकः (पुं.)।

ग्यान (पुं. तभ.) दे. 'ज्ञान'।

ग्यारस (स्त्री. देशी) चन्द्रमास की एकादशी, Eleventh day of lunar month, एकादशी (स्त्री.)।

ग्यारह (वि. देशी) दस और एक, Eleven, एकादश (वि.)।

ग्यारहवाँ (वि. देशी) एक और दसवाँ, Eleventh, एकादशः (पुं.), एकादशी (स्त्री.)।

ग्रंथ, ग्रन्थ (पुं. तस.) पुस्तक, धार्मिक पुस्तक, A book, a religious book, ग्रन्थः (पुं.)।

ग्रंथन, ग्रन्थन (पुं. तस.) गूँथने की क्रिया, Joining, sticking together, ग्रन्थनम् (नपुं)।

ग्रंथ साहब (पुं. देशी.) सिक्खों का धर्मग्रन्थ, The holy religious book of Sikhs, गुरुग्रन्थः (पुं.)।

ग्रंथालय, ग्रन्थालय (पुं. तस.) पुस्तकालय, A library, पुस्तकालयः (पुं.)।

ग्रंथि, ग्रन्थि (स्त्री. तस.) गाँठ, A knot, ग्रन्थिः (पुं.)।

ग्रंथित, ग्रन्थित (वि. तस.) गुथा हुआ, जुड़ा हुआ, Knotted, joined together, ग्रन्थित (वि.)।

ग्रन्थिबन्धन (पुं. तस.) विवाह में वर और वधू के वस्त्रों को गाँठ लगाना, ceremony of knotting the garments of the bride and bridegroom during marriage, ग्रन्थिबन्धनम् (नपुं.)।

ग्रन्थिल (वि. तस.) गठीला, गाँठों से पूर्ण, Knotty, ग्रन्थिल (वि.)।

ग्रसन (पुं. तस.) खाना, हड़प करना, Eating, swallowing, ग्रसनम् (नपुं.)।

ग्रसना (सकर्म. तभ.) खा लेना, काबू करना, To devour, to torment, ग्रस् (भ्वा. आ.) — ग्रसते।

ग्रह (पुं. तस.) पकड़, भूमि आदि ग्रह, A hold, a planet, ग्रहः (पुं.)।

ग्रहण (पुं. तस.) लेना, पकड़ना, सूर्यचन्द्र के प्रकाश पर पर्दा, Taking, accepting, holding, an eclipse, ग्रहणम् (नपुं.)।

ग्रहणी (स्त्री. तस.) दस्त आने का रोग, अतिसार, dysentry, अतिसारः (पुं.), ग्रहणी (स्त्री.)।

ग्रहणीय (वि. तस.) लेने योग्य, ग्राह्य, स्वीकार्य, Acceptable, ग्रहणीय (वि)।

ग्रहपथ (पुं. तस.) पृथ्वी आदि ग्रहों के घूमने का मार्ग, The orbit of a planet, ग्रहपथः (पुं.)।

ग्राम (पुं. तस.) समूह, देहात, A group, a village, ग्रामः (पुं.)।

ग्राम (पुं. इं.) तोल की एक इकाई, A unit of weighing, 1000th part of one Kg., ग्रामः (पुं.)।

ग्रामणी (पुं. तस.) ग्राम का नेता या मुखिया, The leader of a village, ग्रामणी (पुं.)।

ग्रामीण (वि. तस.) गाँव का रहने वाला, देहाती, A villager, ग्रामीण (वि.)।

ग्राम्य (वि. तस.) गाँव से सम्बन्धित, हीन, निकृष्ट, Pertaining to a village, rural, rustic, foolish, ग्राम्य (वि.)।

ग्रामोफोन (पुं. इं.) एक प्रकार का बाजा जो रिकार्ड बजाता है, A gramophone, ग्रामोफोनम् (नपुं.)।

ग्रास (पुं. तस.) मुख में ग्रहण करने की मात्रा, कवल, A mouthful, morsel, ग्रासः (पुं.)।

ग्राह (पुं. तस.) भयंकर जलजन्तु, मगरमच्छ, नक्र, A dreadful water creature, a crocodile, an alligator, ग्राहः (पुं.), मकरः, नक्रः (पुं.)।

ग्राहक (पुं. तस.) खरीदार, गाहक, A purchaser, a customer, ग्राहकः (पुं.)।

ग्राह्य (वि. तस.) दे. 'ग्रहणीय'।

ग्रीवा (स्त्री. तस.) गर्दन, A neck, ग्रीवा (स्त्री.)।

ग्रीस (पुं. अ.) यूनान - निवासी, A Greek, यवनदेश-निवासी-सिन् (पुं.)।

ग्रीष्म (पुं. तस.) गरमी का मौसम, Summer season, ग्रीष्मः, ग्रीष्मर्तुः (पुं.)।

ग्लानि (स्त्री. तस.) घृणा, व्याकुलता, Contempt, depression of mind, ग्लानिः (स्त्री.)।

ग्वार (पुं. देशी) एक प्रकार का अनाज, A kind of corn, ग्वारः (पुं.)।

ग्वाला (पुं. तस.) दे. 'गोपाल'।

ग्वालिन (स्त्री. तभ.) दे. 'गोपी'।

घ *Gha*

घ (पुं. तस.) कवर्ग का महाप्राण वाला चतुर्थाक्षर, Fourth letter of Ka - group, घः, घकारः (पुं.)।

घंघोलना (सकर्म. तभ.) पानी को डालकर पात्र हिलाकर साफ करना, To rinse, घङ्घोर्-घङ्घोरयति (नामधा.), सर्वतः प्र+क्षल् (चुरा.) प्रक्षालयति।

घंटा, घण्टा (स्त्री. तस.) बड़ा घंटा, A big bell, घण्टा (स्त्री.)।

घंटिका, घण्टिका (स्त्री. तस.) छोटी घंटी, A small bell, घण्टिका (स्त्री.)।

घंटी, घण्टी (स्त्री. तस.) छोटी घंटी, स्वरयन्त्र, A small bell, tonsil, घण्टी (स्त्री.)।

घट (पुं. तस.) घड़ा, शरीर, कण, A pitcher; a body, a particle, घटः, कलशः, देहः, कणः, अणुः (पुं.)।

घट (वि. देशी) कम, न्यून, Less, little, न्यून, अल्प (वि.)।

घटक (पुं. तस.) मिले हुए पदार्थ, योजक, जोड़ने वाला, Contents, a broker, an intermediator, घटकः (पुं.)।

घटकार (पुं. तस.) कुम्हार, A potter, कुम्भकारः, घटकारः (पुं.)।

घटज (पुं. तस.) अगस्त्य मुनि का उपनाम, An epithet of sage Agastya, घटजः, कुम्भजः (पुं.)।

घटती (स्त्री. देशी) कमती, न्यूनता, Reduction, decreasing, न्यूनता, अवनतिः (स्त्री.), अपक्षयः (पुं.)।

घटना (अकर्म. देशी) कम होना, To decrease, न्यूनी+भू—न्यूनीभवति, अपक्षिणोति।

घटना (स्त्री. तस.) घटित होने वाली बात, वृत्त, Incident, event, घटना (स्त्री.), वृत्तम् (नपुं.)।

घटयोनि, घटसम्भव (पुं. तस.) दे. 'घटज'।

घटा (स्त्री. तस.) मेघमाला, समूह, वृन्द, Gathering of clouds, assembly, multitude, कादम्बिनी, मेघमाला (स्त्री.), समूहः, वृन्दः (पुं.)।

घटाई (स्त्री. देशी) दे. 'घटती'।

घटाटोप (पुं. तस.) मेघमाला का आवरण, Dense gathering of the clouds, घटाटोपः (पुं.)।

घटाना (सकर्म. देशी) कम करना, To lessen, to reduce, to decrease, न्यूनी+कृ — न्यूनीकरोति, अल्पीकरोति।

घटाव (पुं. देशी) दे. 'घटती'।

घटिका (स्त्री. तस.) छोटा घड़ा, घड़ी, चौबीस पल का समय, A small pitcher, a time piece or watch, a time of twenty four minutes, घटिका (स्त्री.)।

घटित (वि. तस.) हुई हुई, घटी हुई, Happened, occurred, घटित (वि.)।

घटिया (वि. देशी) निम्न श्रेणी का, Of inferior quality, अपकृष्ट, अल्पमूल्य (वि.)।

घटोत्कच (पुं. तस.) भीम और हिडिम्बा के पुत्र का नाम, The name of the son of Bhīma and Hiḍimbā, घटोत्कचः (पुं.)।

घट्ठा (पुं. देशी) शरीर पर कोई गिल्टी, खाली स्थान, A tumour on the body, a gap, an opening, ग्रन्थिः (पुं.), अवकाशः (पुं.)।

घड़घड़ाना (अकर्म. अनु.) घड़घड़ शब्द करना, To clatter, to thunder, घडघडाय् (नामधा.) — घडघडायते।

घड़घड़ाहट (स्त्री. अनु.) घड़घड़ की आवाज, The thundering sound, घडघडध्वनिः (पुं.)।

घड़ा (पुं. तभ.) दे. 'घट'।

घड़ियाल (पुं. तस.) बड़ा घंटा, मगरमच्छ, नक्र, A large bell, a crocodile, an alligator, घण्टा (स्त्री.), मकरः, नक्रः (पुं.)।

घड़ी (स्त्री. तभ.) दे. 'घटिका'।

घड़ौंची (स्त्री. तभ.) घड़ा रखने की मंचिका, A place for putting a pitcher, घटमञ्चिका (स्त्री.)।

घन (वि. तस.) घना, गहरा, Dense, deep, thick, घन (वि.)।

घन (पुं. तस.) बादल, बड़ा हथौड़ा, लम्बाई-चौड़ाई-मोटाई में बराबर आकृति, A cloud, a big hammer, a cubic shape, घनः (पुं.)।

घनफल (पुं. तस.) घनाकृति वस्तु की लम्बाई-चौड़ाई और मोटाई का गुणनफल, The product of the volume of cuboid, घनफलम् (नपुं.)।

घनघोर (वि. तस.) भयंकर, घना, गरजता हुआ, Terrible, thick, roaring, thundering, घनघोर, सान्द्र, भयावह, गर्जत् (वि.)।

घनचक्कर (पुं. तभ.) नासमझ मनुष्य, मूढ़, A dullard, a stupid fellow, मूर्खः, मूढः, मतिमन्दः (पुं. वि.)।

घनत्व (पुं. तस.) सान्द्रता, घनापन, घनफल, Solidity, compactness, product of a cuboid, घनता (स्त्री.), घनत्वम् (नपुं.)।

घनफल (पुं. तस.) किसी घन की लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई का फल, Product of a cubic shape, घनफलम् (नपुं.)।

घनमूल (पुं. तस.) घनाकार वस्तु का मूल, The cubic root, घनमूलम् (नपुं.)।

घनश्याम (पुं. तस.) मेघ के समान श्याम वर्ण वाला, श्री कृष्ण का नाम, An epithet of Lord Kṛṣṇa, black like a cloud, घनश्यामः (पुं.)।

घनसार (पुं. तस.) कपूर, पारा, Camphor, mercury, घनसारः (पुं.)।

घनाक्षरी (वि. तस.) घने अक्षरों वाला, Written in close letters, घनाक्षरी-रिन् (वि.)। (पुं. तस.) कवित्त नामक छन्द, A metre called Kavitta, कवित्तम् (नपुं.)।

घनात्मक (वि. तस.) घन आकृति की वस्तु, A cube, घनात्मक (वि.)।

घनिष्ठ (वि. तस.) बहुत घना, बहुत गहरा, Thickest, closest, deepest, घनिष्ठ (वि.)।

घनीभूत (वि. तस.) जो गहरा या घना हो गया है, Thickened, dense, घनीभूत (वि.)।

घने (वि. तभ.) अनेक, बहुत, Many, several, अनेके (सर्व. बहु.)।

घपला (पुं. देशी) छल, कपट, अव्यवस्था, Fraud, deception, disorder, छलम् कपटम् (नपुं.), अव्यवस्था (स्त्री.)।

घबड़ाना, घबराना (अकर्म. देशी) व्याकुल होना, To be confused, to be perplexed, व्याकुलीभू-व्याकुलीभवति।

घबड़ाहट, घबराहट (स्त्री. देशी) व्याकुलता, घबराहट, Confusion, perplexity, व्याकुलीभावः, उद्वेगः (पुं.), किंकर्त्तव्य-विमूढता (स्त्री.)।

घमंड, घमण्ड (पुं. देशी) अभिमान, गर्व, दर्प, Pride, arrogance, haughtiness, गर्वः, दर्पः, अभिमानः (पुं.)।

घमसान (वि. अनु.) दे. 'घमासान'।

घमस (स्त्री. तभ.) घर्मः, ऊष्मा, उमस, Heat, warmth, sultriness of weather, घर्मः, ऊष्मा-मन् (वि.)।

घमासान (वि. अनु.) भयंकर, घोर, दारुण, Dreadful, fierce, cruel, भयङ्कर, घोर, दारुण (वि.)।

घर (पुं. तभ.) गृह, आवास, निकेतन, House, residence, dwelling, गृहम् (नपुं.), आवासः (पुं.)।

घरघराना (अकर्म. अनु.) घरघर आवाज करना, To make a hoarse sound, घरघराय् (नामधा.) — घरघरायते।

घरघराहट (स्त्री. अनु.) घरघर की आवाज, A hoarse sound, घरघरायणम् (नपुं.)।

घरट्ट (पुं. तस.) घराट, पीसने की चक्की, A flour - mill, घरट्टकः (पुं.), पेषणीचक्रिका (स्त्री.)।

घरनी (स्त्री. तभ.) दे. 'गृहिणी'।

घरबार (पुं. देशी) परिवार, कुनबा, A family, domestic affairs, परिवारः, गृहस्थः (पुं.)।

घरबारी (पुं. देशी) गृहस्थी, परिवार वाला, A family-man, गृहस्थी-थिन् (पुं.)।

घराऊ (वि. देशी) घरेलू, वैयक्तिक, Domestic, personal, गृह्य, गृहसम्बन्धिन्, वैयक्तिक (वि.)।

घराट (पुं. तभ.) दे. 'घरट्ट'।

घराती (वि. देशी) बारातियों का स्वागत करने वाले कन्यापक्ष के लोग, The bride's relatives, कन्यापक्षीय (वि.)।

घरू (वि. देशी) दे. 'घराऊ'।

घरेलू (वि. देशी) दे. 'घराऊ'।

घरौंदा, घरौंधा (पुं. देशी) छोटा घर, खिलौना घर, A small house, a toy house, लघुगृहम्, क्रीडनकगृहम् (नपुं.)।

घर्म (पुं. तस.) धूप, आतप, गरमी, The heat of the sun, घर्मः (पुं.)।

घर्षण (पुं. तस.) रगड़, घिसाव, Rubbing, friction, घर्षणम् (नपुं.)।

घलुआ (पुं. देशी) बेची गई मात्रा के बाद दिया गया कुछ अंश, सेंत, A portion given after the sold thing, घारः (पुं))।

घसियारा (पुं. तभ.) घास काटने वाला, घासकर्त्तक, A grass - cutter, घासकर्त्तकः (पुं.), घासहारकः (पुं.)।

घसियारिन (स्त्री. तभ.) घास काटने वाली, A female grass - cutter, घासकर्त्तिका, घासहारिका (स्त्री.)।

घसीट (स्त्री. देशी) खरोंच, शीघ्रलेख, Scratch, swift writing, त्वग्व्रणः, शीघ्रलेखः (पुं.)।

घसीटना (सकर्म. देशी) धीरे-धीरे खींचना, To drag, to trail, बलात् आकर्ष्—आकर्षति।

घहराना (अकर्म. अनु.) मँडराना, गरजना, To thunder, to roar, मण्डली+कृ—मण्डलीकरोति, गर्ज—गर्जति।

घाघ (पुं. देशी) अनुभवी पुरुष, धूर्त मनुष्य, A clever and experienced person, a wicked fellow, अनुभवी-विन्, मायावी- विन् (पुं.)।

घाघरा (पुं. देशी) अधोवस्त्र जो निचले भाग को घेरता है, एक नदी का नाम, A skirt, name of a river, घर्घरः (पुं.)।

घाट (पुं. तस.) नदी में उतरने का स्थान, A landing place in a river, घाटः, अवतारः (पुं.)।

घाटा (वि. देशी) हानि, नुकसान, Harm, deficit, हानिः, क्षतिः (स्त्री.)।

घाटी (स्त्री. तभ.) दो पर्वतों के मध्य का स्थान, उपत्यका, Valley, द्रोणी, उपत्यका।

घात (पुं. तस.) आक्रमण, दाँव, हत्या, बीजगणित में शक्ति, A blow, an attack, opportunity, power of a letter or figure in Algebra, घातः (पुं.)।

घातक, घातकी, घाती (पुं. तस.) हत्यारा, Murderer, destroyer, घातकः (पुं.)।

घातुक (पुं. तस.) मारने की इच्छा वाला, हानिकारक, Ruinous, murderous, harmful, घातुकः (पुं.)।

घान (पुं. तस.) चक्की आदि में एक बार डालने योग्य मात्रा, A quantity of corn to be thrown in a mill at one time, घानः, घानम् (पुं., नपुं.)।

घानी (स्त्री. तस.) दे. 'घान'।

घाम (स्त्री. तभ.) दे. 'घर्म'।

घायल (वि. तभ.) जिसे घाव लगा है, Wounded, injured, क्षत, आहत (वि)।

घालना (सकर्म. देशी) डालना, भेजना, चलाना, मारना, To thrust, to send, to move, to kill, प्रेषयति, प्रवेशयति, चालयति, मारयति।

घाव (पुं. तभ.) चोट, जख्म, Wound, आघातः, व्रणः (पुं.)।

घावरिया (पुं. देशी) घावों का इलाज करने वाला, A healer of wounds, व्रण-चिकित्सकः (पुं.)।

घास (पुं. तस.) पशुओं का चारा, तिनके, Grass, यवसः-सम् (पुं., नपुं.), शादः, घासः (पुं.)।

घासपात (पुं. तभ.) घास और पत्ते, कूड़ा-करकट, Grass and leaves, rubbish, मालिन्यम्, घासपत्रम् (नपुं.), अवस्करः (पुं.)।

घिग्घी (स्त्री. अनु.) गद्गद् वाणी, हिचकी पूर्ण वाणी, Faltering in speech, hiccup, हिक्क् (भ्वा. उ.) — हिक्कति, हिक्कते।

घिघियाना (अकर्म. देशी) करुणापूर्ण प्रार्थना करना, To request in humble words, करुणं - प्र + अर्थ् (चु. आ.) — करुणं प्रार्थयते।

घिचपिच (स्त्री. अनु.) स्थान की कमी, अस्पष्टता, Want of space, not clear, illegibility, अवकाशहीनता (स्त्री.), अस्पष्टता (स्त्री.)।

घिन (स्त्री. तभ.) घृणा, नफरत, Hate; contempt, घृणा (स्त्री.)।

घिनाना (अकर्म. तभ.) घृणा अनुभव करना, नाक-भौंह सिकोड़ना, To feel hate or disgusted, जुगुप्स् — जुगुप्सते, ग्ला (भ्वा. पर.) ग्लायति।

घिनावना, घिनौना (वि. तभ.) घृणा के योग्य, Hateful, contemptuous, घृणित (वि.)।

घिया (पुं. देशी) कद्दू, Pumpkin, अलाबुः (पुं. स्त्री.), तुम्बीफलम् (नपुं.)।

घियातोरी (स्त्री. देशी) एक खाद्य सब्जी, A kind of vegetable, महाकोशातकी, हस्तिपर्णा (स्त्री.)।

घिरना (अकर्म. देशी) To be surrounded, परि+क्रम् — परिक्रम्यते (भाववा.)।

घिरनी (स्त्री. देशी) गरारी, A pulley, घूर्णिः (स्त्री.), उच्छ्रायणचक्रम् (नपुं.)।

घिराई (स्त्री. देशी) दे. 'घिराव'।

घिराव (पुं. देशी) घेरा, Surrounding, परिक्रमणम् (नपुं.)।

घिसना (सकर्म. तभ.) रगड़ना, पतला करना, To rub, घृषु (भ्वा. पर.) — घर्षति।

घिसवाना (प्रेर. तभ.) रगड़वाना, पतला करवाना, To cause to rub, घर्षयति।

घिसाई (स्त्री.) रगड़, पतला करने का काम, Rubbing, घर्षणम् (नपुं.)।

घिसाव (पुं. तभ.) दे. 'घिसाई'।

घिस्सा (पुं. तभ.) रगड़, घिसने का काम, Friction, घर्षणम् (नपुं.)।

घी (पुं. तभ.) घृत, आज्य, Clarified butter, घृतम्, आज्यम् (नपुं.)।

घी-कुँआर (पुं. तभ.) कँवार गंदल, एक दवाई वाली बूटी, A medicinal plant, घृत-कुमारी (स्त्री.)।

घुंघनी (स्त्री. अनु.) गीले चने आदि के भूने हुए दाने, Fried and seasoned wet corns of gram etc, भर्जितार्द्रचण-कादिकम् (नपुं.)।

घुंघरारे-ले (वि. देशी) घूँघरवाले, घूमते हुए बालों का समूह, Curly hair, वक्रीभूत-कुन्तलः (पुं.)।

घुँघरू (पुं. अनु.) बंद गोलाकार छोटी घंटी, A string of small bells worn round the wrist or ankle for dancing, किंकिणी (स्त्री.)।

घुंडी (स्त्री. देशी) गोल गाँठ, A globular knot, a button, hook, गोलग्रन्थिः (पुं.), अंकुशी (स्त्री.)।

घुग्घी (स्त्री. अनु.) घू-घू करने वाला पक्षी, पण्डुकी तिकोने रूप से लपेय कम्बल, A bird sounding ghū-ghū, a dove, a blanket worn in triangular form, पण्डुकः (पुं.), पण्डुकी (स्त्री.), त्रिकोण-रूपेण व्यावर्तितः कम्बलः (पुं.)।

घुग्घू, घुघुआ (पुं. तभ.) उल्लू, An owl, घूकः, उलूकः, दिवान्धः (पुं.)।

घुटना (पुं. देशी) टाँग के मध्य की गाँठ, जानु, A knee, जानु (नपुं.)।

घुटना (अकर्म. अर.) कंठ के श्वास का रुकना, To be suffocated, रुध् (रुध.) रुध्यते (कर्मवा.)।

घुटना (अकर्म. तभ.) पिसना, चूर्ण होना, To be crushed, to be powdered, घुट् (तुदा.) — घोट्यते (कर्मवा.)।

घुटन्ना (पुं. देशी) पाजामा, Trousers, पादायामः (पुं.)।

घुटाई (स्त्री. तभ.) रगड़ने की क्रिया अथवा वेतन, दोहराई, Work or wages for rubbing, repitition, polishing, घोटनम् (नपुं.), मर्दनम्, आवर्तनम् (नपुं.)।

घुटाना (सकर्म. तभ.) रगड़वाना, दोहरवाना, To cause to be rubbed, to cause to be repeated; to be polished, घोटय्, - घोटयति, मर्दय् मर्दयति, (प्रे.), आवर्तय् - आवर्तयति (प्रे.)।

घुट्टी (स्त्री. अनु.) बच्चे को दी जाने वाली दवाई, Medicine given to babies, शिशुभेषजम्, बालौषधम्।

घुड़कना (सकर्म. तभ.) भय दिखाना, धमकाना, To frown at, to growl, to scold, घुर् (तुदा.) — घुरति, भर्त्स्(चुरा.)—भर्त्सयति।

घुड़की (स्त्री. तभ.) धमकी, भयंकर आवाज, A growling, rebuke, reprimand, घोरणम्, भर्त्सनम् (नपुं.)।

घुड़चढ़ा (पुं. देशी) घोड़े पर सवार, A horseman, a rider, अश्वारोही-हिन् (पुं.)।

घुड़चढ़ी (स्त्री. देशी) घोड़े की सवारी, Riding on a horse - specially in the marriage ceremony, अश्वारोहणम् (नपुं.)।

घुड़दौड़ (स्त्री. देशी) घोड़ों की दौड़, घोड़ों की दौड़ने में प्रतियोगिता, A horse-race, अश्वधावन-प्रतियोगिता (स्त्री.)।

घुड़साल (स्त्री. तभ.) घोड़ों का ठिकाना, अश्वशाला, A stable for horses, अश्वशाला, मन्दुरा (स्त्री.)।

घुणाक्षर - न्याय (पुं. तस.) अचानक किसी घटना का होना, Worm-holes (traced in wood), a happening by chance, घुणाक्षर-न्यायः (पुं.)।

घुन (पुं. तभ.) लकड़ी या अन्न को खाने वाला एक कीड़ा, घुण, An insect which eats wood or corn, a wood louse, घुणः (पुं.)।

घुनघुना (पुं. अनु.) झुनझुना, छिनकला, A rattling toy for babies, झुणझुणकः (पुं.)।

घुन्ना (वि. अनु.) भाव प्रकट न करने वाला, चुप रहने वाला, Malicious, spiteful, sullen, secretive, तूष्णीक, संवृतभाव (वि.)।

घुप (पुं. तभ.) घना अंधेरा, Thick dense (of darkness), कूप इव गभीरोऽन्धकारः, सूचीभेद्यःअन्धकारः (पुं.)।

घुमड़ना, घुमरना (अकर्म. तभ.) तेजी से उमड़ना, To roam rapidly, to thunder, to gather, घूर्ण् (भ्वा. पर.) — घूर्णति, नभः आ+छादय्-आच्छादयति।

घुमाना (सकर्म. तभ.) चक्कर देना, To cause to move or to revolve, घूर्णय्-घूर्णयति, भ्रामय्-भ्रामयति।

घुमाव (पुं. तभ.) घुमाना, Turning, round, घूर्णनम्, भ्रामणम्।

घुमावदार (वि. देशी.) पेचदार, Winding, spiral, घूर्णनमय, परिभ्रामक (वि.)।

घुरघुराना (अकर्म. अनु.) घुरघुर शब्द करना, To growl, to grumble, घुरघुराय्—घुरघुरायते (नामधा.)।

घुलना (अकर्म. देशी) पिघलकर मिल जाना, To melt, to be dissolved, वि+ली (दिवा. आ.) — विलीयते।

घुलवाना (प्रे. देशी) पिघलवाना, To cause to melt, to cause to dissolve, विलापय् (प्रे.) — विलापयति।

घुलावट (स्त्री. देशी) घुल जाने की क्रिया, Act of dissolving, विलयनम् (नपुं.)।

घुसड़ना (अकर्म. देशी) अन्दर जबरदस्ती प्रवेश करना, To penetrate, to thrust in, बलात् प्र+विश् (तुदा. पर.) — बलात् प्रविशति।

घुसना (अकर्म. देशी) प्रवेश करना, To enter, to go in, प्र+विश्—प्रविशति।

घुसपैठ (स्त्री. देशी) घुस कर अन्दर पहुँचना, Entry, right of entry, pushing, infiltrating into, प्रवेशः (पुं.), अन्तः प्राप्तिः (स्त्री.)।

घुसेड़ना (सकर्म. देशी) अन्दर चुभो देना, अन्दर पहुँचा देना, To thrust in, to pierce, प्रवेशय्-प्रवेशयति (प्रे.), अन्तःवेधय्-अन्तर्वेधयति।

घुंघुराले (वि. देशी) चक्करदार (बाल), Curly (hair), वलयीभूत (वि.)।

घूँट (स्त्री. अनु.) चुल्लूभर, A sip, drinking a little amount, गण्डूषमात्रं पेयम् (नपुं.), चलुकः (पुं.)।

घूँसा (पुं. देशी) मुक्का, A blow with the fist, मुष्टिप्रहारः (पुं.), मुष्टिः (स्त्री.)।

घूमना (अकर्म. तभ.) भ्रमण करना, To walk, to rotate, to revolve, घूर्ण् (भ्वा. आ.) — घूर्णते।

घूरना (सकर्म. तभ.) क्रोध से देखना, To stare, घुर् (तुदा. पर.) घूरति।

घूरा (पुं. देशी) कूड़े का ढेर, A heap of rubbish or sweepings, अवस्करनिचयः (पुं.), मलनिचयः (पुं.)।

घूस (स्त्री. देशी) रिश्वत, Bribery, उत्कोचः (पुं.)।

घृणा (स्त्री. तस.) नफरत, ग्लानि, Contempt, hatred, घृणा, ग्लानिः (स्त्री.)।

घृणित (वि. तस.) गन्दा, घृणास्पद, Contemptible, hateful, घृणित (वि.), घृणास्पद (वि.)।

घृतकुमारी (स्त्री. तस.) क्वाँरगंदल, घीकुआँर, एक औषध, A medicinal herb, घृतकुमारी (स्त्री.)।

घृताची (स्त्री. तस.) एक अप्सरा का नाम, रात, The name of a fairy, night, घृताची (स्त्री.)।

घेघा (पुं. देशी) पेट में जाने वाली आहार की नाली, The pipe in the gullet through which food passes into the stomach, goitre, आहारनलिका (स्त्री.)।

घेर (पुं. देशी) दे. 'घेरा'।

घेरना (सकर्म. देशी) लपेटना, चारों ओर से घेर लेना, To encircle, to besiege, परि+क्रम् (भ्वा. पर.) — परिक्राम्यति।

घेरनी (स्त्री. देशी.) चर्खे की हत्थी, The handle of a spinning wheel, तान्तवचक्रमुष्टिः (स्त्री.)।

घेरा (पुं. देशी) परिधि, मण्डल, परिवेश, Circumference, परिधिः (पुं.)।

घेराव (पुं. देशी) दे. 'घेरा'।

घेवर (पुं. तभ.) एक प्रकार का मिष्ठान्न, A kind of sweet made of flour, ghee and sugar, घृतपूरः (पुं.)।

घोंघा (पुं. देशी) एक जलीय प्राणी, कोषस्थ, A snail shell, a snail, a worthless person, शम्बुकः (पुं.), कोषस्थः (पुं.), शुक्तिः (स्त्री.)।

घोंटना (सकर्म. तभ.) बारीक करना, कूटना, याद करना, To crush, to repeat, घुट्-घोट्य् (प्रे.) — घोटयति।

घोंपना (सकर्म. अनु.) घुसेड़ देना, To penetrate, to pierce, प्र+विश्— प्रवेशय् (प्रे) — प्रवेशयति, वि + विध् - वेधय्(प्रे) — विवेधयति।

घोंसला (पुं. देशी.) पक्षी का ठिकाना, नीड, कुलाय, Nest, नीडः-डम् (पुं. नपुं.) कुलायः (पुं.)।

घोखना (सकर्म. तभ.) बारम्बार रटना, To repeat and learn by heart, रट् (भ्वा. पर.), रटति, पुनः पुनः घोषयति।

घोटक (पुं. तस.) घोड़ा, अश्व, तुरग, हय, Horse, घोटकः, अश्वः, तुरगः, तुरङ्गमः, हयः (पुं.)।

घोटना (सकर्म. तभ.) दे. 'घोंटना'।

घोटाला (पुं. देशी) गड़बड़, अव्यवस्था, Disturbance, turmoil, अव्यवस्था (स्त्री.), क्रमभङ्गः, विप्लवः (पुं.)।

घोड़ा (पुं. तभ.) दे. 'घोटक'।

घोड़ी (स्त्री. तभ.) घोड़ी, तुरगी, हयी, A female horse, mare, तुरगी, हयी, अश्वा, वडवा (स्त्री.)।

घोणी (पुं. तस.) सूअर, A pig, घोणी-णिन्, शूकरः (पुं.)।

घोर (वि. तस.) भयंकर, Dreadful, horrible, घोर (वि.)।

घोल (पुं. देशी) वस्तुओं का द्रव, मिश्रण, Solution, मिश्रणम्।

घोलना (सकर्म. देशी) मिलाना, एक रूप करना, To dissolve, to mix, मिश्री+कृ— मिश्रीकरोति।

घोष (पुं. तस.) ध्वनि, झोंपड़ी, गोशाला, तट, Sound, a cottage of herdsmen, cowshed, shore, ध्वनिः (पुं.), कुटीरम् (नपुं.), गोशाला (स्त्री.), तटः, तटी, तटम् (पुं., स्त्री., नपुं.)।

घोषणा (स्त्री. तस.) ऐलान, Announcement, घोषणा (स्त्री.)।

घोसी (पुं. तभ.) दूध दोहने वाला मुसलमान, A Mohammadan milkman, यवन-दोग्धा-ग्धृ (पुं.)।

घ्राण (पुं. तस.) नासिका, Nose, घ्राणम् (नपुं.), नासिका (स्त्री.)।

ङ *Ṅa*

ङ (पुं. तस.) कवर्ग का पञ्चम अनुनासिक वर्ण। इसका प्रयोग कवर्गीय वर्ण से पूर्व अनुस्वार के स्थान पर अथवा किसी अनुनासिक वर्ण से पूर्व कवर्गीय वर्ण के स्थान पर होता है; जैसे - गङ्गा, मङ्गल, जङ्गल, वाङ्मय, प्राङ्मुख, This is the fifth letter of Ka group having nasal sound. It is used in place of अनुस्वार before a क group letter or before a fifth letter of any वर्ग, as गङ्गा, मङ्गल, जङ्गल, वाङ्मय, प्राङ्मुख, ङः, ङकारः (पुं.)।

च *Ca*

च (पुं. तस.) चवर्ग का प्रथम वर्ण, 'और' अर्थ को बताने वाला अव्यय, The first letter of cha - group, gives the meaning of 'and' चः, चकारः (पुं.)।

चंग (पुं. फा.) एक प्रकार का ढोल, गुड्डी, A kind of drum, a paper kite, डिण्डिमः, पत्रचिल्लः (पुं.)।

चंगा (वि. तभ.) स्वस्थ, ठीकठाक, Healthy, safe and sound, cured, स्वस्थः, निरामयः, शोभनः (वि.)।

चंगुल (पुं. देशी) पकड़, ग्रहण, पकड़ाव, नियन्त्रण, Claws, hold, control, नियन्त्रणम्, ग्रहणम् (नपुं.)।

चंगेर-चंगेरी (स्त्री. तभ.) चपटी टोकरी, Shallow basket, चङ्गेरिका (स्त्री.)।

चंचरीक, चञ्चरीक (पुं. तस.) भौंरा, A black bee, भ्रमरः, चञ्चरीकः (पुं.)।

चंचल, चञ्चल (वि. तस.) अस्थिर, गतिशील, Unsteady, restless, trembling, fickle, चञ्चल, चपल (वि.)।

चंचलता, चञ्चलता (स्त्री. तस.) अस्थिरता, गतिशीलता, Unsteadiness, variability.

चंचला, चञ्चला (स्त्री. तस.) लक्ष्मी, बिजली, A title of Lakshmi the goddess of fortune, lightning, चञ्चला (स्त्री.)।

चंचलाई (स्त्री. तभ.) दे. 'चंचलता'।

चंचलाहट (स्त्री. तभ.) दे. 'चंचलता'।

चंचु, चञ्चु (स्त्री. तस.) चोंच, A beak, चञ्चुः (स्त्री.)।

चंड, चण्ड (वि. तस.) उग्र, तीक्ष्ण, क्रूर, Violent, fierce, sharp, cruel, चण्ड (वि)।

चंडता, चण्डता (स्त्री. तस.) उग्रता, तीक्ष्णता, क्रूरता, Violence, sharpness, cruelty, चण्डता (स्त्री.)।

चंडांशु, चण्डांशु (पुं. तस.) सूर्य, भास्कर, भानु, The sun, चण्डांशुः (पुं.)।

चंडाल (पुं. तभ.) दे. 'चाण्डाल'।

चंडिका, चण्डिका (स्त्री. तस.) दुर्गा देवी, The epithet of goddess Durgā, कठोर-हृदया नारी, A cruel woman, चण्डिका (स्त्री.)।

चंडी, चण्डी (स्त्री. तस.) दे. 'चण्डिका'।

चंडू (पुं. तस.) अफीम से बना एक मादक द्रव्य, A preparation of opium, चण्डूः (पुं.)।

चंडूखाने की गप (स्त्री. तभ.) बिल्कुल बुद्धिहीन और झूठी बात, Completely illogical and false statement, असत्यकथनम् (नपुं.)।

चंडूल (पुं. तभ.) एक पक्षी-विशेष, भारद्वाज, व्याघ्राट, A kind of a bird, the crested lark, भारद्वाजः, व्याघ्राटः (पुं.)।

चंडोल (पुं. देशी) एक प्रकार की पालकी, A palanquin having two poles, पल्यङ्कभेदः (पुं.)।

चंद (पुं. तभ.) चन्द्र, चाँद, The moon, चन्द्रः (पुं.)।

चंद (वि. फा.) कुछ-एक, A few, केचित् (सर्व.)।

चंदन, चन्दन (पुं. तस.) एक सुगन्धमय पेड़, मलयज, Sandalwood, चन्दनः-नम् (पुं., नपुं.)।

चँदला (पुं. देशी) गंजा, Bald - headed, खल्वाटः (पुं.)।

चँदवा (पुं. तभ.) तम्बू, वितान, आच्छादन, A tent, canopy, वितानम्, आच्छादनम्, पिधानम् (नपुं.)।

चंदा (पुं. तभ.) चाँद, The moon, चन्द्रः (पुं.)।

चंदा (पुं. फा.) धन का हिस्सा, धनांश, Subscription, धनांशः (पुं.)।

चंद्र, चन्द्र (पुं. तस.) चाँद, चन्द्रमा, The moon, चन्द्रः, चन्द्रमाः-मस् (पुं.)।

चन्द्रकान्तमणि (स्त्री. तस.) चन्द्रमणि, एक विशेष रत्न, The moon-stone, चन्द्र-कान्तमणिः (पुं.)।

चंद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त (पुं. तस.) नन्दवंश के बाद भारत का पहला शासक, जिसने मौर्य - वंश चलाया, The first king of Maurya dynasty who uprooted Nandās, चन्द्रगुप्तः (पुं.)।

चंद्रग्रहण, चन्द्रग्रहण (पुं. तस.) चन्द्रमा पर पृथ्वी की छाया, The eclipse of the moon, lunar eclipse, चन्द्रग्रहणम् (नपुं)।

चंद्रचूड, चन्द्रचूड (पुं. तस.) शिवजी का उपनाम, An epithet of Shiva, चन्द्रचूडः (पुं.)।

चंद्रधर, चन्द्रधर (पुं. तस.) दे. 'चन्द्रचूड'।

चंद्रभागा, चन्द्रभागा (स्त्री. तस.) चनाब नदी, The name of Canāba river in Panjāb, चन्द्रभागा (स्त्री.)।

चंद्रमा, चन्द्रमा (पुं. तस.) चाँद, The moon, चन्द्रमाः-मस् (पुं.)।

चंद्रमौलि, चन्द्रमौलि (पुं. तस.) दे. 'चन्द्रचूड'।

चंद्रशेखर, चन्द्रशेखर (पुं. तस.) दे. 'चन्द्र-चूड'।

चंद्रहास, चन्द्रहास (पुं. तस.) तलवार, कृपाण, असि, A sword, चन्द्रहासः (पुं.)।

चन्द्रिका (स्त्री. तस.) चाँदनी, The moon-light, चन्द्रिका (स्त्री.)।

चन्द्रोदय (पुं. तस.) चाँद का निकलना, Rising of the moon, चन्द्रोदयः (पुं.)।

चम्पक (पुं. तस.) पीले फूलों वाला एक पेड़, A tree which bears fragrant yellow flowers, चम्पकः (पुं.)।

चम्पत (वि. तभ.) तिरोहित, लुप्त, Disappeared, vanished, तिरोहित, लुप्त (वि.)।

चंपा, चम्पा (स्त्री. तभ.) दे. 'चम्पक'।

चंपू, चम्पू (पुं. तस.) गद्य तथा पद्य से मिश्रित काव्य, A type of composition treating the same subject in alternate passages of prose and verse, चम्पू (स्त्री.)।

चंबल, चम्बल (पुं. देशी) एक नदी का नाम, The name of a river; चम्बल नदी (स्त्री.)।

चँवर (पुं. तभ.) चामर, याक या चमरी गाय की पूँछ के बालों का गुच्छा, The hair cluster of the tail of Yak, चामरम् (नपुं)

च (अ. तस.) और, इसके अतिरिक्त, And, besides, च (अ.)।

चक (पुं. तभ.) चक्र, पहिया, भूमि का एक खण्ड, छोटा गाँव, Wheel, a plot of ground, a small village, चक्रम् (नपुं.), भूभागः (पुं.), लघुग्रामः (पुं.), पर्याप्तम् (नपुं.)।

चकई (स्त्री. तभ.) दे. 'चकवी'।

चकत्ता (पुं. तभ.) चमड़ी पर उभार, A round blotch on the skin, चक्रवर्तः (पुं.)।

चकनाचूर (वि. देशी) पूरी तरह से कुचला हुआ, Completely crushed, सुचूर्णित (वि.)।

चकबंदी (स्त्री. देशी) भूखण्डों का नियमन, Making the boundaries of the plots of land, भूखण्डनियमनम् (नपुं.)।

चकमक (पुं. तु.) अग्नि पैदा करने वाला पत्थर, A flint, अग्निग्रावा-वन्, पावक-प्रस्तरः (पुं.)।

चकमा (पुं. तभ.) धोखा, चालाकी, धूर्तता, Deception, trick, चक्रमाया (स्त्री.), छलः (पुं.), धूर्तता (स्त्री.)।

चकराना (अकर्म. तभ.) चक्कर खाना, समझ में न आना, व्याकुल होना, To revolve, to feel dizzy, to be confused, आकुली+भू - आकुलीभवति।

चकला (पुं. तभ.) बेलन, वेश्याओं का अड्डा, A small wooden roller for making chapaties, residence of prostitutes, चक्रकः (पुं.)।

चकली (स्त्री. तभ.) चक्री, बेलनी, A small roller, a pulley, चक्रिका (स्त्री.)।

चकवा (पुं. तभ.) चक्रवाक नामक पक्षी, The ruddy goose, चक्रवाकः (पुं.)।

चकाचौंध (स्त्री. देशी) चुँधियाहट, प्रकाश में आँखें चुँधियाना, A dazzling light, dazzling, दृष्टेः प्रकाशेन प्रतिघातः (पुं.)।

चकित (वि. तस.) हैरान, Astonished, amazed, चकित (वि.)।

चकोटना (सकर्म. देशी) उँगलियों से च्यूँटी लगाना, To pinch with fingers, अङ्गुलिभ्यां दंशनम् (नपुं.)।

चकोतरा (पुं. तभ.) नींबू जाति का एक बड़ा फल, A kind of large sweet lemon, महाजम्बीरः (पुं. – वृक्ष), महाजम्बीरम् (नपुं. – फल)।

चकोर (पुं. तस.) चन्द्रमा से प्यार करने वाला एक पक्षी, A bird, lover of moon, (supposed to live on moonbeams), चकोरः, कौमुदीजीवनः (पुं.)।

चक्कर (पुं. तस.) चक्र, पहिया, फेरा, A wheel, a circle, a round journey, confusion, perplexity, चक्रम् (नपुं.)।

चक्का (पुं. तभ.) दे. 'चक्र'।

चक्की (स्त्री. तभ.) पीसने की मशीन, चक्रिका, A millstone; a grindstone, चक्रिका (स्त्री.)।

चक्र (पुं. तस.) पहिया, A wheel, चक्रम् (नपुं.)।

चक्रदन्ती (स्त्री. तस.) जमालगोटा, A purgative drug, चक्रदन्ती (स्त्री.)।

चक्रदंष्ट्र (पुं. तस.) जंगली सूअर, A boar, चक्रदंष्ट्रः, शूकरः, घोणी (पुं.)।

चक्रधर (पुं. तस.) विष्णु, कुम्हार, तेली, चकवा, चक्रवर्ती शासक, God Viṣṇu, a potter, an oil miller, a ruddy goose, an emperor, चक्रधरः (पुं.)।

चक्रपाणि (पुं. तस.) विष्णु, An epithet of Vishnu, विष्णुः (पुं.)।

चक्रवर्ती (पुं. तस.) सम्राट्, An emperor, ruler of a wide region, चक्रवर्ती-तिन् (पुं.)।

चक्रवाक (पुं. तस.) चकवा, A ruddy goose, चक्रवाकः (पुं.)।

चक्रवात (पुं. तस.) बवण्डर, वायु का घेरा, A whirlwind, चक्रवातः (पुं.)।

चक्रवृद्धि (स्त्री. तस.) ब्याज-दर-ब्याज, Compound interest, चक्रवृद्धिः (स्त्री.)।

चक्रव्यूह (पुं. तस.) सेना खड़ा करने का एक ढंग, A form of array of soldiers in the battle, चक्रव्यूहः, विशिष्टसैन्यसंनिवेशः (पुं.)।

चक्राकार (वि. तस.) गोलाकार, Circular, चक्राकार (वि.)।

चक्री (पुं. तस.) दे. 'चक्रधर' – चक्री-क्रिन् (पुं.)।

चक्षु (पुं. तस.) नेत्र, नयन, The eye, चक्षुः (नपुं. – चक्षुः, चक्षुषी, चक्षूंषि)।

चख (पुं. तभ.) चक्षु, नेत्र, The eye, चक्षुः (नपुं.)।

चखना (सकर्म. तभ.) स्वाद लेना, To taste, चष् (भ्वा. पर.) चषति, स्वद् (भ्वा. आ.) — स्वदते।

चखाना (प्रेरणा. तभ.) स्वाद दिखाना, To cause to taste, चाषय् (प्रे.)—चाषयति, स्वादय् (प्रे.), स्वादयति।

चचा (पुं. तभ.) चाचा, Paternal uncle, पितृव्यः, (पुं.)।

चचिया (वि. देशी) चाचा-चाची से सम्बन्धित, Pertaining to paternal aunt or uncle, पितृव्यसम्बन्धिन् (वि.)।

चचेरा (पुं. देशी) चाचा का पुत्र, The son of paternal uncle, पितृव्यपुत्रः (पुं.)।

चटक (पुं. तस.) चिड़ा, A cock-sparrow, चटकः, कलविङ्कः (पुं.)।

चटकना (अकर्म. अनु.) तिड़कने का शब्द होना या तिड़कना, To make a sound of breaking up, to crack, स्फुट् (तुदा. पर.) — स्फुटति।

चटकीला (वि. देशी) चटक वाला, भासुर, उज्ज्वल, Bright, splendid, pungent, भासुर, उज्ज्वल (वि.)।

चटनी (स्त्री. तभ.) कुटी हुई वस्तु, चाटने योग्य,अवलेह,Sauce,condiment, चुटिता (स्त्री.), अवलेहः (पुं.)।

चटपटा (वि. देशी) स्वादु, रुचिकर, तीखा, Tasteful, delicious, spicy, स्वादु, रुचिकर, तीक्ष्ण (वि.)।

चटपटी (स्त्री. वि.) दे. 'चटपटा'।

चटपटी (स्त्री. देशी) शीघ्रता, तेजी, त्वरा, Hurry, haste, restlessness, शीघ्रता, तीव्रता, त्वरा, क्षिप्रता (स्त्री.)।

चटवाना (प्रे. देशी) चाटने की प्रेरणा देना, To cause to taste, लिह् (दिवा.) लेहय् (प्रे.) लेहयति।

चटसार (पुं. देशी) चटशाला, पाठशाला, विद्यालय, A school, पाठशाला (स्त्री.), विद्यालयः (पुं.)।

चटाई (स्त्री. देशी) चाटने की क्रिया, बिछने की पट्टी, Tasting, a mat, लेहनम् (नपुं.), कटः (पुं.)।

चटाना (सकर्म. देशी) दे. 'चटवाना'।

चटी (स्त्री. देशी) दे. 'चट्टी'।

चटोरा (वि. देशी) स्वाद लेने के स्वभाव वाला, बहुभक्षक, Greedy for delicious food, a glutton, जिह्वालोलुपः, घस्मरः (पुं.)।

चट्टान (स्त्री. देशी) शिला, A rock, शिला (स्त्री.)।

चट्टी (स्त्री. देशी) हानि, जूती, रुकने का स्थान, Shortcoming, injury, damage, a sandal, a halting place, हानिः, क्षतिः (स्त्री.), पादत्राणम् (नपुं.), यात्रावरोध-स्थानम् (नपुं.)।

चढ़ना (सकर्म. तभ.) ऊपर जाना, To climb, to mount, उत्+चल (भ्वा. पर.) — उच्चलति, आ+रुह् (भ्वा. पर.) आरोहति।

चढ़ाई (स्त्री. तभ.) आक्रमण, ऊपर जाने की क्रिया, ऊँचाई, Attack, climbing, height, आक्रमणम् (नपुं.), आरोहणम् (नपुं.), आरोहः (पुं.)।

चढ़ाना (सकर्म. तभ.) ऊपर ले जाना, To help in climbing or riding, आरोहय् (प्रे.) — आरोहयति।

चढ़ावा (पुं. तभ.) देवता को भेंट, उपायन, An offering to a god, उपायनम् (नपुं.), उपहारः, उत्सर्गः (पुं.)।

चणक (पुं. तस.) चना, चाणक्य के पिता का नाम, Gram, the Chanakya's father's name, चणकः (पुं.)।

चतुरंग, चतुरङ्ग (पुं. तस.) सेना के हाथी, घोड़े, रथ और पैदल ये चार अंग, The army's four parts - elephants, horses, chariots and infantry, चतुरङ्गाणि (नपुं.)।

चतुरंगिणी, चतुरङ्गिणी (स्त्री. तस.) हाथी घोड़ों, रथों और पैदलों से युक्त सेना, The army having the four parts as shown above, चतुरङ्गिणी (स्त्री.)।

चतुर (वि. तस.) होशियार, चालाक, निपुण, Clever, dexterous, shrewd, चतुर, निपुण (वि.)।

चतुराई (स्त्री. तभ.) दे. 'चतुरता'।

चतुरता (स्त्री. तस.) होशियारी, चालाकी, निपुणता, Cleverness, dexterity, shrewdness, चतुरता, निपुणता (स्त्री.), चातुर्यम्, नैपुण्यम् (नपुं.)।

चतुरानन (पुं. तस.) ब्रह्मा, An epithet of Brahmā, having four faces, चतुराननः (पुं.)।

चतुर्, चतुः (वि. तस.) चार, Four, चतुर् चत्वारः (पुं.), चतस्रः (स्त्री.) चत्वारि (नपुं.)।

चतुर्थ (वि. तस.) चौथा, Fourth, चतुर्थः (वि.)।

चतुर्थांश (पुं. तस.) चौथा हिस्सा, The fourth part, चतुर्थांशः (पुं.)।

चतुर्थाश्रम (पुं. तस.) संन्यासाश्रम, The fourth stage of the life, चतुर्थाश्रमः (पुं.), संन्यासः (पुं.)।

चतुर्थी (स्त्री. वि. तस.) चौथी, Fourth, चतुर्थी (स्त्री. वि.)।

चतुर्दश (वि. तस.) चौदह, Fourteen, चतुर्दश (त्रिलिंग) (पुं. वि.) चौदहवाँ, Fourteenth, चतुर्दशः (पुं. वि.)।

चतुर्दशी (स्त्री. वि. तस.) चौदहवीं, Fourteenth day, चतुर्दशी (स्त्री. वि.)।

चतुर्दिक् (पुं. तस.) चारों दिशाओं का समूह, A group of four directions, चतुर्दिक्, चतुर्दिशम्, दिक्चतुष्टयम् (नपुं.)।

चतुर्भुज (पुं. तस.) विष्णु, A title of Vishnu, having four arms, चतुर्भुजः (पुं.)।

चतुर्मास (पुं. तस.) 'आषाढ़, सावन, भादों, आश्विन' इन चार महीनों का समूह, चौमासा, The period of four months as mentioned above, चतुर्मासम् (नपुं.)।

चतुर्मुख (पुं. तस.) दे. 'चतुरानन'।

चतुर्युगी (स्त्री. तस.) 'सत्, त्रेता, द्वापर, कलि' इन चार युगों का समूह, A multitude of four ages, चतुर्युगी (स्त्री.)।

चतुर्वर्ग (पुं. तस.) 'धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, इन चार का समूह, Four goals of life- Dharma, Artha, Kāma and Mokṣa, चतुर्वर्गः (पुं.)।

चतुर्वर्ण (पुं. तस.) 'ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र' ये चार वर्ण, The four Hindu castes, चतुर्वर्णाः (पुं.)।

चतुष्कोण (पुं.तस.) चार कोनों वाली आकृति, A shape having four corners, चतुष्कोणम् (नपुं.)।

चतुष्टय (पुं. तस.) चार का समूह, A multitude of four, चतुष्टयम् (नपुं.)।

चतुष्पथ (पुं. तस.) चौराहा, The place where four roads meet, चतुष्पथम् (नपुं.)।

चतुष्पद (वि. तस.) चौपाया, Four-footed, quadruped, चतुष्पद (वि.), चतुष्पदः (पुं.)।

चत्वर (पुं. तस.) चबूतरा, A platform, चत्वरम् (नपुं.)।

चद्दर (स्त्री. फा.) चादर, A sheet, प्रावारः (पुं.), प्रच्छदः (पुं.)।

चना (पुं. तभ.) चणक, A gram, चणः, चणकः, हरिमन्थः (पुं.)।

चनाब (स्त्री. तभ.) पंजाब की एक नदी, Canāba, चन्द्रभागा (स्त्री.)।

चपटा (वि. तभ.) चिपट, चौड़ा, सपाट, Broad, flat, चिपट, सपाट (वि.)।

चपड़-चपड़ करना (अक. अनु.) चपड़-चपड़ ध्वनि करना, To sound while chewing or eating, चपड़ाय् (नामधा.) — चपडायते।

चपत (स्त्री. तभ.) चपेट, थप्पड़, A slap, चपेटः (पुं.), चपेटिका (स्त्री.)।

चपरास (स्त्री. फा.) चपरासी की पट्टी, A badge for a peon, प्रेष्यपट्टकः (पुं.)।

चपरासी (पुं. फा.) नौकर, आने जाने का काम करने वाला, A peon, प्रेष्यः, किंकरः (पुं.)।

चपल (वि. तस.) चञ्चल, अस्थिर, Nimble, unsteady, चपल, चञ्चल (वि.)।

चपलता (वि. तस.) चञ्चलता, अस्थिरता, Nimbleness, fickleness, चपलता (स्त्री.), चञ्चलता (स्त्री.), चापल्यम् (नपुं.)।

चपला (वि. स्त्री.) चञ्चल, अस्थिर, Unsteady, nimble, चपला (वि.)।

चपला (स्त्री. तस.) बिजली, लक्ष्मी, Lightning, goddess of wealth, चपला (स्त्री.)।

चपाती (स्त्री. तभ.) रोटी, फुलका, चर्पटी, A thin bread, चर्पटी, रोटिका (स्त्री.)।

चपेट (स्त्री. तस.) दे. 'चपत'।

चपेटा (पुं. तभ.) दे. 'चपत'।

चप्पल (स्त्री. अनु.) पादुका, खुली जूती, A sandal, a slipper, पादुका (स्त्री.)।

चप्पा (वि. देशी) चतुर्थांश, चौथा भाग, Fourth part, चतुर्थांशः (पुं.)।

चप्पू (पुं. देशी) नौका चलाने का डंडा, An oar, a paddle, क्षेपणिः-णी (स्त्री.)।

चबाना (सकर्म. तभ.) दाँतों द्वारा पीसना, To chew, चर्व् (भ्वा. पर.) — चर्वति।

चबारा (पुं. तभ.) सबसे ऊँची मंजिल का कमरा, A room in the uppermost storey of a house, अट्टालिका, चन्द्रशाला (स्त्री.)।

चबूतरा (पुं. तभ.) चत्वर, प्लेटफार्म, Platform, चत्वरम् (नपुं.)।

चमड़ा (पुं. तभ.) चर्म, त्वचा, Leather, hide, चर्म (नपुं. - चर्म, चर्मणी, चर्माणि)।

चय (पुं. तस.) ढेर, समूह, Heap, accumulation, चयः (पुं.)।

चर (पुं. तस.) जीवनधारी, प्राणी, गुप्तचर, Animate, movable creature, a spy, an agent, चरः (पुं.)।

चरण (पुं. तस.) पाँव, चौथा भाग, A foot, a quarter, पादः, चरणः (पुं.)।

चरणायुध (पुं. तस.) मुर्गा, A cock, चरणायुधः, कुक्कुटः (पुं.)।

चरना (सकर्म. तभ.) चलना, खाना, To eat, to graze, चर् (भ्वा. पर.) — चरति।

चरपरा (वि. अनु.) तीखा, तिक्त, उष्ण, Hot, pungent, तिक्त, तीक्ष्ण, उष्ण (वि.)।

चरबी (स्त्री. फा.) वसा, मेदस्, Fat, tallow, grease, वसा (स्त्री.), मेदः (नपुं.) (मेदः, मेदसी, मेदांसि।)

चरम (वि. तस.) अन्तिम, परम, Last, supreme, ultimate, चरम (वि.)।

चरमलक्ष्य (पुं. तस.) अन्तिम उद्देश्य, मोक्ष की प्राप्ति, The final aim, चरमलक्ष्यम् (नपुं.)।

चरमराना (अकर्म. अनु.) चरमर ध्वनि करना, टूटने की आवाज करना, Crackling sound, creaking, tearing, rattling sound, चरमराय् (अनु.) — चरमरायते।

चरवाई (स्त्री. तभ.) चराने का काम या वेतन, Work of looking after grazing animals, price paid for grazing, पशुचारणम्, चारणवेतनम् (नपुं.)।

चरवाना (प्रे. तभ.) किसी के द्वारा पशु चराने का कार्य करवाना, To cause to be grazed, चारय् (प्रे.) — चारयति।

चरवाहा (पुं. तभ.) पशुओं को चराने वाला, A herdsman, shepherd, पशुचारकः (पुं.)।

चरवैया (पुं. तभ.) दे. 'चरवाहा'।

चरस (पुं. तभ.) चर्मकोष, कुएँ से पानी निकालने का चमड़े का बड़ा बर्तन, एक मादक द्रव्य, A large bucket of leather for drawing water from a well, an intoxicant, चर्मकोषः (पुं.), गंजानिर्यासः (पुं.)।

चरसा (पुं. तभ.) दे. 'चरस'।

चराई (स्त्री. तभ.) दे. 'चरवाई'।

चराऊ (स्त्री. तभ.) चरागाह, पशु चराने का स्थान, A meadow, a pasture, पशुचारणस्थानम् (नपुं.), गोप्रचारः (पुं.) यवसभूमिः (स्त्री.)।

चरागाह (स्त्री. तभ.) दे. 'चराऊ'।

चराचर (पुं. तस.) चेतन और जड़ वस्तुएँ, Animate and inanimate things, जड़-चेतन-पदार्थाः, चराचराः (पुं.)।

चराना (सकर्म. तभ.) चरने को प्रवृत्त करना, To cause to graze, चारय्-चारयति।

चरित (पुं. तस.) चरित्र, आचरण, Character, action, behaviour चरितम् (नपुं.)।

चरितार्थ (वि. तस.) सफल - मनोरथ, कृत-कृत्य, Successful, contented, चरितार्थ (वि.)।

चरित्तर (पुं. तभ.) दे. 'चरित्र'।

चरित्र (पुं. तस.) व्यवहार, स्वभाव, कार्य, Conduct, nature, habit, action, deed, चरित्रम् (नपुं.)।

चरित्रवान् (वि. तस.) ऊँचे चालचलन वाला, Having good moral character, चरित्रवान्-वत् (वि.)।

चरी (स्त्री. तभ.) पशुओं का चारा, यवस, Fodder plants, यवसः-सम् (नपुं.), तृणादिकम् (नपुं.)।

चरु (पुं. तस.) देवों को भेंट करने योग्य पकाया हुआ पदार्थ, A cooked thing prepared for deities, चरुः (पुं.), देवभोज्यम् (नपुं.)।

चर्खा (पुं. तभ.) सूत कातने का चक्र, A spinning wheel, तान्तवचक्रम्, सूत्र-कर्तनचक्रम् (नपुं.)।

चर्चा (स्त्री. तस.) वर्णन, कथन, जिकर, Description, mention, discussion, चर्चा (स्त्री.)।

चर्चित (वि. तस.) विख्यात, प्रसिद्ध, अभ्यस्त, विचारित, Famous, practised, smeared; discussed, चर्चित (वि.)।

चर्पट (पुं. तस.) चपेट, चपेटिका, थप्पड़, A slap, चर्पटः, चपेटः (पुं.), चपेटिका (स्त्री.)।

चर्पटी (स्त्री. तस.) चपाती, A kind of a thin bread, चर्पटी, रोटिका (स्त्री.)।

चर्बी (स्त्री. फा.) दे. 'चरबी'।

चर्म (पुं. तस.) चमड़ा, त्वचा, खाल, Skin, leather, hide, चर्म (नपुं. - चर्म, चर्मणी, चर्माणि)।

चर्मकार (पुं. तस.) चमार, Shoe-maker, dealing in hides, चर्मकारः (पुं.)।

चर्मण्वती (स्त्री. तस.) चम्बल नदी, The name of Chambal river, चर्मण्वती (स्त्री.)।

चर्मपादुका (स्त्री. तस.) चमड़े की जूती, A leather shoe, चर्मपादुका (स्त्री.)।

चर्य (वि. तस.) चलने योग्य, करने योग्य, Worth doing, चर्य (वि.)।

चर्या (वि. तस.) करने योग्य क्रिया, Routine, an activity, चर्या (वि. स्त्री.)।

चर्राना (अकर्म. अनु.) टूटने का - सा शब्द करना, टूटना, To make a crackling noise, भिद्-भिद्यते (कर्मवा.)।

चर्वण (पुं. तस.) चबाना, Chewing, चर्वणम् (नपुं.)।

चल (वि. तस.) अस्थिर, परिवर्तनशील, चंचल, Unsteady, changeable, movable, चल (वि.)।

चलदल (पुं. तस.) पीपल, अश्वत्थ, The sacred fig tree, चलदलः, अश्वत्थः, पिप्पलः (पुं.)।

चलना (अकर्म. तभ.) जाना, गति करना, To go, to move, चल् (भ्वा. पर.) — चलति।

चलनी (स्त्री. तभ) छलनी, छननी, A sieve, परिपवनम्, (नपुं.) तितउः (पुं.)।

चलाऊ (वि. तभ.) अस्थिर, अस्थायी, गुजारे योग्य, Fickle, unconstant, frail, अस्थिर (वि.)।

चलाचल (वि. तस.) अस्थिर, अस्थायी, Fickle, changeable, चलाचल (वि.)।

चलाचली (वि. तभ.) चलते समय स्फूर्ति, अनेक लोगों का निरन्तर जाना, The bustle while starting, departure of several men, चलितुं तत्पराः।

चलान (पुं. तभ.) चलने की अनुमति की चिट, Invoice, memorandum of financial transactions, consignment, dispatch, प्रयाणोपकल्पनम्, (नपुं.) प्रस्थानानुमतिः (स्त्री.)।

चलाना (सकर्म. तभ.) गति देना, To start, to cause to move, गमय्-गमयति।

चलायमान (वि. तस.) गतिशील, अस्थिर, चंचल, Movable, fickle, inconstant, चलायमान (वि.)।

चलित (वि. तस.) चला हुआ, हिला हुआ, डगमगाया हुआ, Unsteady, in motion, departed, fickle, अस्थिर, चलित (वि.)।

चवालीस (वि. तभ.) चालीस और चार, Forty four, चतुश्चत्वारिंशत् (वि.)।

चव्य (पुं. तस.) पिप्पली, A medicine, the pepper, चव्यम् (नपुं.)।

चश्म (पुं. फा.) आँख, चक्षु, नेत्र, Eye, अक्षि (नपुं. - अक्षि, अक्षिणी, अक्षीणि)।

चश्मा (पुं. फा.) उपनेत्र, स्रोत, Spectacles, a fountain, उपनेत्रम्, स्रोतः-तस् (नपुं. - स्रोतः, स्रोतसि, स्रोतांसि)।

चषक (पुं. तस.) प्याला, A wine-pot, a cup, चषकः-कम् (पुं. नपुं.)।

चसका (पुं. तभ.) आस्वाद, आदत, Habit, taste, आस्वादः (पुं.), प्रकृतिः (स्त्री.) रसः (पुं.)।

चहकना (अकर्म. अनु.) कूजना, चहचहाना, To twitter, to chirp, to talk boastfully, कूज् (भ्वा. पर.) — कूजति, वि+कत्थ् (भ्वा. आ.) — विकत्थते।

चहलकदमी (स्त्री. फा.) टहलना, भ्रमण, विहार, Walking slowly, वि+हृ (भ्वा.) — विहरति।

चहल - पहल (स्त्री. देशी) रौनक, आनन्द, उत्सव, उल्लास, Mirth, merriment, cheer, आनन्दः, उल्लासः, उत्सवः (पुं.)।

चहार दीवारी (स्त्री. देशी) चारदीवारी, An enclosing wall, वरणः, प्राकारः (पुं.)।

चहुँ (क्रि. वि. तभ.) चारों ओर, All round, चतुर्दिक् (स्त्री.), परितः (अ.)।

चहुँआन (वि. देशी) दे. 'चौहान'।

चहेता (वि. देशी) चाहा हुआ, प्रिय, Beloved, प्रिय (वि.)।

चांटा (पुं. तभ.) चपेटा, चपत, A slap, चपेटः (पुं.), चपेटिका (स्त्री.)।

चांडाल, चाण्डाल (पुं. तस.) क्रूर व्यक्ति, A sinful person, a wretch चाण्डालः (पुं.)।

चाँद (पुं. तभ.) चन्द्रमा, The moon, चन्द्रः, चन्द्रमाः-मस् (पुं.)।

चाँदनी (स्त्री. तभ.) चाँद की रोशनी, चन्द्रिका, The moon light, चन्द्रिका (स्त्री.)।

चाँदमारी (स्त्री. देशी) लक्ष्य-वेध करना, The practice of shooting targets, लक्ष्य-वेधः (पुं.)।

चाँदी (स्त्री. देशी) एक सफेद धातु, रजत, रूप्य, Silver, रजतम्, रूप्यकम् (नपुं.)।

चांद्रमास, चान्द्रमास (पुं. तस.) चन्द्रमा की तिथियों से सम्बन्धित महीना, A lunar month, चान्द्रमासः (पुं.)।

चांद्रायणव्रत, चान्द्रायणव्रत (पुं. तस.) चन्द्र की कलाओं के साथ-साथ भोजन के ग्रासों को बढ़ाने और घटाने का एक महीने का व्रत, A fast in which food is taken according to the increase and decrease of the moon, चान्द्रायणव्रतम् (नपुं.)।

चाँपना (सकर्म. देशी) दे. 'दबाना' या 'चाप'।

चाऊ (पुं. देशी) दे. 'चाव'।

चाउर (पुं. देशी) दे. 'चावल'।

चाक (पुं. तस.) चक्र, पहिया, A wheel, चक्रम् (नपुं.)।

चाक (पुं. अर.) चाक मिट्टी, खड़िया मिट्टी, Chalk, खटिका, कठिनी (स्त्री.)।

चाक (वि. तुर.) सबल, बलिष्ठ, दृढ़शरीर वाला, Strongbodied, well-built, बलिष्ठ, सबल, दृढतनु (वि.)।

चाकचक्य (स्त्री. तस.) चकाचौंध, आभा, प्रभा, कान्ति, Splendour, beauty, brilliance, आभा, प्रभा, कान्तिः (स्त्री.), चाकचक्यम् (नपुं.)।

चाकर (पुं. फा.) नौकर, गुलाम, दास, Servant, slave, attendant, दासः, सेवकः (पुं.)।

चाकरी (स्त्री. फा.) गुलामी, नौकरी, Slavery, attendance, दासता (स्त्री.), सेवकत्वम् (नपुं.)।

चाकी (स्त्री. देशी) चक्की, ठोस वस्तु गोल या चपटी, A big fragment, बृहत्खण्डः।

चाक्षुष (वि. तस.) आँखों से सम्बन्धित, नेत्र ग्राह्य, Pertaining to the eye, चाक्षुष (वि.)।

चाचा (पुं. तभ.) पिता का छोटा भाई, पितृव्य, Paternal uncle, पितृव्यः, तातः (पुं.)।

चाची (स्त्री. देशी) चाचा की पत्नी, पितृव्या, The paternal aunt, पितृव्या, पितृव्यपत्नी (स्त्री.)।

चाञ्चल्य (पुं. तस.) दे. 'चञ्चलता'।

चाट (स्त्री. देशी) स्वादलोलुपता, चसका, Keen desire, greediness, लोलुपता, लालसा (स्त्री.)।

चाटना (सकर्म. देशी) जीभ से स्वादपूर्वक खाना, To lick, लिह् (दिवा. उ.), लिह्यति, लिह्यते।

चाटुकार (वि. तस.) खुशामदी, A flatterer, चाटुकार (वि.)।

चाटुकारिता (स्त्री. तस.) खुशामद, Flattery, चाटुकारिता (स्त्री.)।

चाणक्य (पुं. तस.) कौटिल्यार्थशास्त्र का रचयिता, कौटिल्य, Chanakya, the great politician of his time, चाणक्यः, विष्णुगुप्तः (पुं.)।

चातक (पुं. तस.) मेघ का ही जल पीने वाला एक पक्षी, A bird which is supposed to live only on rain-drop, चातकः, सारङ्गः, मेघ-जीवनः (पुं.)।

चातुरी (स्त्री. तभ.) दे. 'चातुर्य'।

चातुर्मास्य (पुं. तस.) चौमासे में किए जाने वाला व्रत या कार्य, An observation or work to be done in four rainy months, चातुर्मास्य, वेदस्वाध्यायः (पुं.)।

चातुर्य (पुं. तस.) दे. चतुरता — चातुर्यम् (नपुं.)।

चात्रिक (पुं. तभ.) दे. 'चातक'।

चादर, चादरा (स्त्री. फा.) ओढ़ने या बिछाने का वस्त्र, A sheet, प्रावारः (पुं.)।

चाप (पुं. तस.) धनुष, A bow, चापः, कार्मुकः (पुं.)।

चाप (स्त्री. देशी) दाब, पैर आदि दबाने का काम, Pressing, pressure, the sound of footsteps, पीडनम् (नपुं.)।

चापलूस (वि. फा.) दे. 'चाटुकार'।

चापलूसी (स्त्री. फा.) दे. 'चाटुकारिता'।

चाबी (स्त्री. देशी) कुंजी, A key, कुञ्जिका, तालिका, उद्घाटिका (स्त्री.)।

चाबुक (स्त्री. फा.) हण्टर, कशा, A hunter, a whip, कशा (स्त्री.), प्रतोदः (पुं.)।

चाम (पुं. तस.) दे. 'चर्म'।

चामर (पुं. तस.) चमरी की पूँछ के बालों का गुच्छा, The bunch of hair made by the hair of Yalk's tail, चामरः-रम् (पुं., नपुं.)।

चामीकर (पुं. तस.) सोना, सुवर्ण, Gold, चामीकरम्, सुवर्णम् (नपुं.)।

चामुंडा, चामुण्डा (स्त्री. तस.) दुर्गा देवी, An epithet of Durga, चामुण्डा (स्त्री.)।

चाय (पुं. तस.) समूह, ढेर से उत्पन्न, Born from a heap, चायः (पुं.)।

चाय, चा (स्त्री. चीनी) पेय, Tea, पेयम् (नपुं.), चायिका (स्त्री.)।

चायक (वि. देशी) दे. 'चाहक'।

चार (वि. तभ.) तीन और एक, चार की संख्या, Four, चत्वारः (पुं.), चतस्रः (स्त्री.), चत्वारि (नपुं.)।

चार (पुं. तस.) दूत, गुप्तचर, प्रणिधि, A spy, a secret messenger, चारः (पुं.)।

चारण (पुं. तस.) स्तुति - पाठक, राजाओं की प्रशंसा करने वाला, वैतालिक, चराई, A bard, singer, grazing वैतालिकः, चारणः (पुं.), चारणम् (नपुं.)।

चारदीवारी (स्त्री. देशी) दे. 'चहारदीवारी'।

चारा (पुं. तभ.) खाद्यवस्तु, पशुओं की खुराक, Edible, fodder, चारः (पुं.), खाद्यम् (नपुं.)।

चारा (पुं. देशी) उपाय, ढंग, Method, means, उपायः (पुं.), साधनम् (नपुं.)।

चारित्र, चारित्र्य (पुं. तस.) दे. 'चरित्र' — चारित्र्यम् (नपुं.)।

चारु (वि. तस.) सुन्दर, बढ़िया, Beautiful, excellent, चारु (वि.)।

चारुता (स्त्री. तस.) सुन्दरता, उत्तमता, Beauty, elegance, चारुता (स्त्री.)।

चारों ओर (अ. तभ.) सब तरफ, On all sides, परितः (अ.)।

चाल (स्त्री. तस.) गति, ढंग, उपाय, Gait, movement, procedure, manner, चालः (पुं.), गतिः (स्त्री.), विधिः (पुं.)।

चालक (पुं. तस.) चलाने वाला, रथवान्, Driver, सारथिः (पुं.)।

चालचलन (पुं. तस.) चरित्र, Character, आचारः (पुं.), आचरणम् (नपुं.), चरित्रम् (नपुं.)।

चालढाल (स्त्री. देशी) दे. 'चालचलन'।

चालनी (स्त्री. तस.) छलनी, छानने का साधन, तितउ, A sieve, चालनी, छलनी (स्त्री.), तितउः (पुं.)।

चालबाज (वि. देशी) चालाक, धूर्त, कपटी, Deceitful, crafty, cunning, धूर्त, कपटी-टिन् (वि.)।

चालाक (वि. फा.) धूर्त, मायावी, होशियार, Cunning, deceitful, clever, धूर्त, मायावी-विन् (वि.)।

चालाकी (स्त्री. फा.) धूर्तता, छल, Cunningness, deceitfulness, धूर्तता (स्त्री.), छलम् (नपुं.)।

चालान (पुं. देशी) दे. 'चलान'।

चालीस (वि. तभ.) तीस और दस, Forty, चत्वारिंशत् (पुं., स्त्री., नपुं.)।

चालू (वि. तभ.) अस्थायी, गुजारे योग्य, चालाक, Temporary, useful for the time being, deceitful, अस्थायी-यिन्, सामयिक-कार्ययोग्य, धूर्त (वि.)।

चाव (पुं. देशी) चाह, शौक, Fondness, desire, eagerness, अभिलाषः (पुं.), लालसा (स्त्री.), औत्सुक्यम् (नपुं.)।

चावल (पुं. देशी) शालि, धान्य के कण, Rice, तण्डुलः (पुं.)।

चाशनी (स्त्री. फा.) मीठी वस्तुओं का पकाया हुआ रस, Syrup prepared from sugar, शर्करारसः (पुं.)।

चाष (पुं. तस.) एक विशेष पक्षी, The blue jay, चाषः, किकीदिवः (पुं.)।

चाह (स्त्री. देशी) दे. 'चाव'।

चाहक (पुं. देशी) चाहने वाला, इच्छुक, Desirous, इच्छुकः (पुं.)।

चाहना (स्त्री. देशी) दे. 'चाह'।

चाहिए - ये (अव्य. देशी) आवश्यक है, Must, should be, उचित, उपयुक्त (वि.)।

चाहे (अ. देशी) भले ही, In spite of, यद्यपि (अ.)।

चिऊँटा (पुं. देशी) दे. 'चींटा'।

चिऊँटी (स्त्री. देशी) दे. 'चींटी'।

चिंघाड़ (स्त्री. तभ.) चीत्कार, ऊँची चुभने वाली आवाज, हाथी की आवाज, Scream, shriek, cry, trumpeting of an elephant, चीत्कारः (पुं.)।

चिंघाड़ना (अकर्म. तभ.) To trumpet, to make shrill cry, चीत्+कृ — चीत्करोति, उच्चैः नदति।

चिंतक, चिन्तक (वि. तस.) विचारशील, विवेचक, Thinker, thoughtful, विचारकः, विवेचकः (पुं.)।

चिंतन, चिन्तन (पुं. तस.) विचारना, सोचना, Thinking, pondering, विचारणम् (नपुं.)।

चिंतनीय, चिन्तनीय (वि. तस.) सोचने योग्य, Thinkable, to be considered, चिन्तनीय (वि.)।

चिंता, चिन्ता (स्त्री. तस.) सोच, Anxiety, worry, चिन्ता (स्त्री.)।

चिंतामणि, चिन्तामणि (स्त्री. तस.) एक बहुमूल्य रत्न, A famous gem supposed to fulfil all desires of the possessor, चिन्तामणिः (पुं.)।

चिंतित, चिन्तित (वि. तस.) चिन्ता में डूबा हुआ, Axnious, worried, चिन्तित (वि.)।

चिंत्य, चिन्त्य (वि. तस.) दे. 'चिन्तनीय'।

चिम्पांजी (पुं. अफ्रीका) वनमानुष की एक जाति, The chimpanzee, अफ्रीका देशस्थवनमानुषभेदः (पुं.)।

चिउड़ा (पुं. देशी) दे. 'चिड़वा'।

चिक (स्त्री. तुर्की) पर्दा, आवरण, Curtain, a screen, आवरणम् (नपुं.), तिरस्करिणी (स्त्री.)।

चिकन (पुं. फा.) विशेष प्रकार का वस्त्र, Embroidered fine muslin or cotton cloth, सूचीशिल्पयुक्तवस्त्रविशेषः (पुं.)।

चिकना (वि. तभ.) दे. 'चिक्कण'।

चिकनाई (स्त्री. तभ.) चिकनापन, Smoothness, चिक्कणता (स्त्री.)।

चिकनापन, चिकनाहट (स्त्री. तभ.) दे. 'चिकनाई'।

चिकार (पुं. तभ.) दे. 'चीत्कार'।

चिकित्सक (पुं. तस.) इलाज करने वाला, डाक्टर, वैद्य, A doctor, a medical practitioner, चिकित्सकः, वैद्यः (पुं.)।

चिकित्सा (स्त्री. तस.) इलाज, रोग-निवारण, Treatment, चिकित्सा (स्त्री.)।

चिकित्सालय (पुं. तस.) इलाज करने का स्थान, अस्पताल, Hospital, चिकित्सालयः (पुं.)।

चिकीर्षा (स्त्री. तस.) करने की इच्छा, Desire of doing, चिकीर्षा (स्त्री.)।

चिकुटी (स्त्री. देशी) दे. 'चिकोटी'।

चिकुर (पुं. तस.) सिर के बाल, पर्वत, गिलहरी, Hair of the head, mountain, squirrel, चिकुरः (पुं.)।

चिकोटी (स्त्री. देशी) उँगलियों द्वारा काटी गई च्यूंटी, A pinch, कुचुटी (स्त्री.)।

चिक्कट (वि. देशी) चिपचिपा, तेलयुक्त, मैला, Greasy, oily, filthy, चिक्कण (वि.)।

चिक्कण (वि. तस.) चिकना, चिपचिपा, तैलीय, Greasy, oily, slippery, चिक्कण (वि.)।

चिचड़ा (पुं. तभ.) अपामार्ग, एक ओषधि, A medicinal plant, अपामार्गः (पुं.)।

चिचिड़ी (स्त्री. देशी) चिच्चड़, पशुओं से चिपटने वाला कीड़ा, An insect which sticks to the body of cattle and sucks their blood, पशुयूका (स्त्री.)।

चिचियाना (अकर्म. अनु.) चीं-चीं करना, To scream, to squeak, चीत्+कृ — चीत्करोति।

चिट (स्त्री. तभ.) कागज़ का लिखित टुकड़ा, A chit, a slip, चिटः (पुं.), पत्रखण्डः (पुं.)।

चिटकना (अकर्म. अनु.) कड़कना, फटना, To crack, to split, स्फुट् (तुदा. पर.) — स्फुटति, दृ (क्र्या. पर.) दीर्यते (कर्मवा.)।

चिटुकी (स्त्री. अनु.) दे. 'चुटकी'।

चिट्टा (वि. देशी) सफेद, श्वेत, White, सित, श्वेत (वि.)।

चिट्ठा (पुं. देशी) हिसाब - किताब का पत्रा, A detail of income and expenditure, आयव्ययविवरणपत्रम् (नपुं.)।

चिट्ठी (स्त्री. देशी) खत, संदेशपत्र, A letter, a note, an invoice, a bill, लिखितपत्रम् (नपुं.)।

चिट्ठीरसाँ (पुं. देशी) पत्रवाहक, डाकिया, A postman, पत्रवाहकः (पुं.)।

चिड़चिड़ा (पुं. अनु.) क्रोधी स्वभाव वाला, Irritable, short-tempered, क्रोधनः, कोपनः (पुं.)।

चिड़वा (पुं. तभ.) चपटे किए हुए चावल, चिड़ुआ, Flattened rice, चिपिटः, चिपटः, पृथुकः (पुं.)।

चिड़ा (पुं. तभ.) चटक, Cock-sparrow, चटकः (पुं.)।

चिड़िया (स्त्री. तभ.) चटका, Hen-sparrow, चटका, चटिका (स्त्री.)।

चिड़ी (स्त्री. तभ.) दे. 'चिड़िया'।

चिड़ीमार (पुं. तभ.) बहेलिया, व्याध, A fowler, व्याधः, शकुनिलुब्धकः (पुं.)।

चिढ़ना (अकर्म. देशी) कोई बात सुनकर क्रोध में भर जाना, To be irritated, क्रुद्धी+भू-क्रुद्धीभवति, कुप्-कुप्यति।

चिढ़ाना (सकर्म. देशी) क्रोध दिलाना, To irritate, क्रोधय् - क्रोधयति, क्रोपय् - कोपयति।

चित् (अ. तस.) अनिश्चय बोधक अव्यय, जैसे कश्चित्, क्वचित्, A word showing uncertainty, चित् (अ.)।

चित् (पुं. तस.) चेतन तत्त्व, आत्मा, परमात्मा, Animate, soul, God, चित् (पुं.)।

चितकबरा (वि. तभ.) चित्रित, कर्बुर, रंग-बिरंगा, Spotted, speckled, कर्बुर (वि.)।

चितरना (सकर्म. तभ.) चित्रित करना, चित्र बनाना, To paint, to make a picture, चित्र (चुरा. उभ.) — चित्रयति, चित्रयते।

चितला (वि. तभ.) दे. 'चितकबरा'।

चितवन (स्त्री. देशी) दृष्टि, दर्शन, दृष्टिपात, A look, glance, sight, दृष्टिपातः (पुं.), दर्शनम् (नपुं.), दृष्टिः (स्त्री.)।

चितवना (सकर्म. देशी) देखना, To see, दृश् (भ्वा. पर.) — पश्यति।

चिता (स्त्री. तस.) मुर्दे को जलाने वाला काष्ठचयन, A funeral pyre, चिता (स्त्री.)।

चिति (स्त्री. तस.) चयन, चिनना, pile, pyre, चितिः (स्त्री.), चयः (पुं.), चयनम् (नपुं.)।

चितेरा (पुं. तभ.) चित्रकार, A painter, चित्रकारः (पुं.)।

चितौन (स्त्री. देशी) दे. 'चितवन'।

चित्त (पुं. तस.) मन, अन्तःकरण, मानस, Mind, intellect, चित्तम् (नपुं.)।

चित्तवृत्ति (स्त्री. तस.) मन की चाल, मन का झुकाव, Mentality, intention, चित्त-वृत्तिः (स्त्री.)।

चित्ति (स्त्री. तस.) बुद्धि, प्रज्ञा, चिन्तन, Intellect, wisdom, thinking, चित्तिः (स्त्री.)।

चित्ती (स्त्री. तभ.) चिह्न, निशान, A scar, a spot, चिह्नम् (नपुं.), अङ्कः (पुं.)।

चित्र (पुं. तस.) तस्वीर, A picture, चित्रम् (नपुं.), प्रतिकृतिः (स्त्री.)।

चित्र (वि. तस.) विचित्र, अनोखा, Strange, चित्र (वि.)।

चित्रक (पुं. तस.) चीता, चित्र बनाने वाला, एक ओषधि, A leopard, a painter, a medicinal herb, चित्रकः (पुं.)।

चित्रकला (स्त्री. तस.) तस्वीर बनाने की कला, The art of painting, चित्रकला (स्त्री.)।

चित्रकार (पुं. तस.) चितेरा, चित्र बनाने वाला, A painter, an artist, चित्रकारः (पुं.)।

चित्रकूट (पुं. तस.) एक पर्वत का नाम जहाँ राम ठहरे थे, Name of a mountain where Rama stayed, चित्रकूटपर्वतः (पुं.)।

चित्रगुप्त (पुं. तस.) यमराज का लिपिक, The recording angel of Yama, चित्रगुप्तः (पुं.)।

चित्रपट (पुं. तस.) तस्वीर बनाने का वस्त्र अथवा फट्टा, The cloth or board for painting a picture, चित्रपटः (पुं.)।

चित्रविचित्र (वि. तस.) अद्‌भुत, निराला, कई रंगों का, Extra - ordinary, having many colours, चित्रविचित्र (वि.)।

चित्रशाला (स्त्री. तस.) चित्र रखने या बनाने का स्थान, An art-studio, picture gallery, चित्रशाला (स्त्री.)।

चित्रा (स्त्री. तस.) चौदहवाँ नक्षत्र, The star Spica, the fourteenth lunar mansion, चित्रा (स्त्री.)।

चित्रित (वि. तस.) वर्णित, चित्र बनाया हुआ, Painted, decorated with pictures, चित्रित (वि.)।

चिथड़ा (पुं. देशी) फटा-पुराना कपड़ा, A rag, a tatter, चीरम् (नपुं.), कर्पटः (पुं.)।

चिदात्मा (पुं. तस.) चेतन शक्तिरूप, परमात्मा, Having perfect knowledge, God, the Supreme being, the principle of thought, चिदात्मा-मन् (पुं.)।

चिदानन्द (पुं. तस.) चेतनता और आनन्द से पूर्ण, परमात्मा, Having complete knowledge and tranquility, God, intelligence and bliss, चिदानन्दः (पुं.)।

चिदाभास (पुं. तस.) चेतनता की अनुभूति, Feeling of conciousness, चिदाभासः (पुं.)।

चिनगारी (स्त्री. देशी) अग्नि-कण, A spark, अग्निकणिका (स्त्री.), अग्निकणः (पुं.)।

चिनगी (स्त्री. देशी) दे. 'चिनगारी'।

चिनना (सकर्म. तभ.) चयन करना, ढंग से जोड़ना, To pile, to set orderly, चि (स्वा. उभ.), चिनोति, चिनुते।

चिन्मय (पुं. तस.) चेतन - स्वरूप, परमात्मा, Embodiment of knowledge, Omniscient God, चिन्मयः (पुं.)।

चिन्ह (पुं. तभ.) दे. 'चिह्न'।

चिपकना (अकर्म. अनु.) जुड़ जाना, संश्लिष्ट हो जाना, To stick, to cling, सम्+श्लिष् (चुरा. पर.) — संश्लिष्यते (भाववा.)।

चिपकाना (सकर्म. अनु.) जोड़ना, मिला देना, To adhere to, to stick to, संश्लेषयति।

चिपचिपा (वि. अनु.) चिपकने वाला, Sticky, clinging, greasy, श्लेषमय (वि.)।

चिपटना (अकर्म. तभ.) दे. 'चिपकना'।

चिपटाना (सकर्म. तभ.) दे. 'चिपकाना'।

चिप्पी (स्त्री. देशी) चिपकाने योग्य कागज, A label, a piece, a patch, नामपत्रम्, संश्लेष्यम् (नपुं.)।

चिबुक (स्त्री. तस.) ठोढ़ी, The chin, चिबुकम् (नपुं.)।

चिमटना (अकर्म. अनु.) दे. 'चिपकना'।

चिमटा (पुं.) Tongs, Forceps, संदंशकः, कङ्कमुखः (पुं.)।

चिमटाना (सकर्म. अनु.) दे. 'चिपटाना'।

चिमटी (स्त्री. देशी) छोटा चिमटा, Small tongs, forceps, tweezer, संदंशिका, कङ्कमुखी (स्त्री.)।

चिमनी (स्त्री. देशी) धुआँ निकालने का छिद्र, A chimney, धूमरन्ध्रम् (नपुं.), धूमनली (स्त्री.)।

चिरंजीव, चिरञ्जीव (वि. तस.) आयुष्मान्, लम्बी उमर वाला, Long-lived, आयुष्मान्-मत्, चिरंजीवी-विन् (वि.)।

चिरंतन, चिरन्तन (वि. तस.) पुराना, प्राचीन, Old, ancient, चिरन्तन (वि.)।

चिरंजीवी (वि. तस.) दे. 'चिरञ्जीव'।

चिरना (अकर्म. तभ.) फटना, दरार पड़ना, To be split, to be torn, स्फुट् (तुदा.) — स्फुट्यते, दीर्यते (भाववा.)।

चिरस्थायी (वि. तस.) देर तक रहने वाला, ध्रुव, Lasting for a long time, persistent, चिरस्थायी- यिन् (वि.)।

चिराई (स्त्री. देशी) चीरने का कार्य और उसकी मजदूरी, Work and wages for splitting (wood), sawing, स्फोटनम्, दारणम् (नपुं.), दारण-वेतनम् (नपुं.)।

चिराग (पुं. फा.) दीपक, दीवा, A lamp, a light, दीपः, दीपकः (पुं.)।

चिराना, चिरवाना (सकर्म. देशी) फाड़ना, फड़वाना, टुकड़े करवाना, To cause to be torn; to cause to split, स्फोटय्- स्फोटयति, विदारय् - विदारयति।

चिरायता (पुं. तभ.) एक कड़वी ओषधि, A bitter herb, चिरतिक्तः, किरातकः (पुं.)।

चिरायु (वि. तस.) दे. 'चिरञ्जीव' — चिरायुः (पुं. वि.)।

चिरौंजी (स्त्री. तभ.) पियाल, एक पेड़ जिसके बीज खाए जाते हैं, A tree and its edible nut, प्रियालः, चारकः (वृक्ष), प्रियालम्, चारकम् (फल)।

चिलकना (अकर्म. देशी) चमकना, टीस मारना, To glitter, to be a shooting pain, चकास् (अदा.), — चकास्ते, मुहुर्मुहुः पीड् (चुरा.) — पीडयति।

चिलकार (पुं. देशी) चमक, टीस, Glittering pain, दीप्तिः, पीडा (स्त्री.)।

चिलगोजा (पुं. फा.) चीड़ आदि पेड़ों का फल, The seed or Kernel of pine tree, निकोचकम् (नपुं.)।

चिलम (स्त्री. फा.) तम्बाकू पीने की प्याली, A clay pipe in which tobacco is smoked with or without steam, धूमपानपात्रिका (स्त्री.)।

चिलमची (स्त्री. फा.) हाथ धोने का पात्र, A metal basin used for washing hands, हस्तधावनी, करक्षालनी (स्त्री.)।

चिल्ला (पुं. फा.) चालीस दिन के समय का व्रत, A fast continued for the period of forty days, the coldest period of winter, चत्वारिंशद्दिवसव्रतम् (नपुं.), शीततमःकालः।

चिल्ला (पुं. देशी) धनुष की डोरी, प्रत्यञ्चा, A bow string, प्रत्यञ्चा, ज्या, मौर्वी (स्त्री.)।

चिल्लाहट (स्त्री. देशी) चीख - पुकार, कोलाहल, कलकल, Out-cry, loud noise, कलकलः, कोलाहलः, उत्क्रोशः, विरावः (पुं.)।

चिहुँकना (अकर्म. देशी) ऊँचा चिल्लाना, जोर से चींची करना, To scream, to shiver, to shudder, उच्चैः चीत्+कृ—चीत्करोति।

चिह्न (पुं. तस.) निशान, अंक, पहचान, Sign, signal, mark, token, चिह्नम् (नपुं.)।

चिह्नित (वि. तस.) अंकित, निशान लगाया हुआ, Marked, stained, spotted, चिह्नित (वि.)।

चींटा (पुं. देशी) पिपीलक, चिऊँटा, A big ant, पिपीलकः, पीलकः (पुं.)।

चींटी (स्त्री. देशी) पिपीलिका, An ant, पिपीलिका (स्त्री.)।

चीख (स्त्री. अनु.) चीखने की आवाज, Squeak, scream, चीत्कारः (पुं.)।

चीखना (अकर्म. अनु.) चीत्कार करना, To squeak, to scream, चीत्+कृ (तना. उभ.) चीत्करोति।

चीज़ (स्त्री. फा.) वस्तु, पदार्थ, A thing, वस्तु (नपुं.)।

चीड़ (स्त्री. तभ.) दारुगंध, दयार की जाति का पेड़, A pine tree, दारुगंधा (स्त्री.) चीरपर्णः, सरलः (पुं.), मङ्गल्या (स्त्री.)।

चीतना (अकर्म. तभ.) सोचना, To think, चिति (चुरा. पर.) — चिन्तयति।

चीतल (पुं. तभ.) चित्रल, चितकबरा मृग, An antelope with white spots, चित्तलः, चित्रमृगः (पुं.)।

चीता (पुं. तभ.) सिंह की जाति का चितकबरा प्राणी, चित्रक, A leopard, चित्रकः (पुं)।

चीत्कार (पुं. तस.) चीखने की आवाज, Screaming, चीत्कारः (पुं.)।

चीथड़ा (पुं. देशी) दे. 'चिथड़ा'।

चीन (पुं. तस.) एक विशेष प्रकार का मृग, एक देश का नाम, पतला रेशमी वस्त्र, A kind of deer, China country, a fine silk cloth, चीनः (पुं.)।

चीनना (सकर्म. तभ.) पहचानना, To recognize, चित् (भ्वा. पर.), चेतति, अभि+ज्ञा, (क्र्या. उभ.) — 'अभिजानाति'।

चीनांशुक (पुं. तस.) बारीक रेशमी वस्त्र, A fine silk cloth, चीनांशुकः (पुं.)।

चीना बादाम (पुं. देशी) मूंगफली, Groundnut, भू-वातादः (पुं.)।

चीनी (स्त्री. देशी) खाँड, शक्कर, सिता, Sugar, सिता, शुक्ला (स्त्री.)।

चीनी (वि. तस.) चीन निवासी, चीन से सम्बन्धित, Habitant of China, pertaining to China, चीनी-निन् (वि)।

चीन्हना (सकर्म. तभ.) दे. 'चीनना'।

चीर (पुं. तस.) फटे कपड़े का टुकड़ा, A piece of a torn cloth, वृक्ष की छाल, bark of a tree चीरम् (नपुं.)।

चीर (पुं. तभ.) दे. 'चीरा'।

चीरना (सकर्म. तभ.) खंड-खंड करना, To cleave, to tear, चृत् (तुदा. पर.) चृन्तति छिद् (रुधा. पर.) छिनत्ति, स्फाटयति।

चीरफाड़ (स्त्री. तभ.) शल्यचिकित्सा, Surgery, operation, dissection, शल्यचिकित्सा (स्त्री.)।

चीरा (पुं. तभ.) फाड़ना, घाव, A cut, a wound, व्रणः, आघातः (पुं.)।

चीरा देना (सकर्म. देशी) फोड़े आदि को चीरना, To dissect, to operate, शल्येन छेदनम् (नपुं.)।

चीर्ण (वि. तस.) फटा हुआ, चिरा हुआ, Split, torn, चीर्ण (वि.)।

चील (स्त्री. तभ.) एक पक्षी, चिल्ल, A kite (bird), चिल्लः चीला व्यंजन (पुं.)।

चुंगल (पुं. देशी) दे. 'चंगुल'।

चुंगी (स्त्री. देशी) नगर - शुल्क, नगर - कर, Excise duty, नगर - करः (पुं.), नगर-शुल्कम् (नपुं.)।

चुँधियाना (अकर्म. देशी) अस्पष्ट देखना, To be dazzled, to have weak sight, अस्पष्टं दृश्—पश्यति।

चुंबक, चुम्बक (पुं. तस.) चूमने वाला, अयस्कान्त मणि, A lodestone, a magnet, चुम्बकः, अयस्कान्तमणिः (पुं.)।

चुंबन, चुम्बन (पुं. तस.) चूमना, Kissing, चुम्बनम् (नपुं.)।

चुंबित, चुम्बित (वि. तस.) चूमा हुआ, छुआ हुआ, Kissed, touched, चुम्बित, स्पृष्ट (वि.)।

चुकंदर (पुं. फा.) एक मीठा और लाल कन्द, Beet root, चुकन्दरः, कन्दविशेषः (पुं)।

चुकता (वि. देशी) चुकाया हुआ, ऋण - मुक्त, Paid up, settled, समाप्त, निःशेष (वि.)।

चुकाना (सकर्म. देशी) ऋण दे देना, हिसाब कर देना, To pay up, to settle, सम्+आप् (स्वा. उभ.)— समाप्नोति, निःशेषं करोति।

चुगना (सकर्म. देशी) पक्षियों द्वारा दाना चुनना, To pick up food with beak; to gather; to select, चञ्च्वा-चि (स्वा. पर.) चिनोति।

चुगलखोर (वि. फा.) चुगली करने वाला, पिशुन, A back-biter, a slander, पिशुनः, कर्णेजपः (पुं.)।

चुगलखोरी (स्त्री. फा.) चुगली की आदत, Backbiting, slandering, पिशुनता (स्त्री.), पैशुन्यम् (नपुं.)।

चुगली (स्त्री. फा.) दे. 'चुगलखोरी'।

चुगाना (सकर्म. देशी) चराना, दाना खिलाना, To make graze, to make pick up corns, चारय् (प्रे.) — चारयति, चायय् (प्रे.) — चाययति।

चुचकारना (सकर्म. अनु.) चु-चु करके प्यार दिखाना, To show love, to fondle, चु-चुत्कारं अथवा चूत्कारं करोति, स्नेहयति।

चुटकला (पुं. देशी) हँसी का वाक्य, A humorous saying, परिहासकथनम् (नपुं.)।

चुटकी (स्त्री. अनु.) दो उँगलियों को मिलाकर बजाना या चुभोना, A pinch, a snap of the fingers, छोटिका, चुटिका (स्त्री.)।

चुटीला (वि. देशी) चोट वाला, चोटी वाला, Wounded, having a top, आहत, शिखरी-रिन्, शिखी-खिन् (वि.)।

चुड़ैल (स्त्री. देशी) राक्षसी, पिशाची, A female giant, an evil spirit, a witch, राक्षसी, पिशाची (स्त्री)।

चुनचुनाहट (स्त्री. देशी) जलन-सी होना, Burning sensation, तीक्ष्णव्यथाऽनुभूतिः (स्त्री.)।

चुनना (सकर्म. तभ.) बहुतों में से चुनाव करना, To select, चिञ् (स्वा. उ.), चिनोति, चिनुते, निर्धारय् (प्रे.) — निर्धारयति।

चुनरी (स्त्री. तस.) चितकबरी ओढ़नी, A cloth dyed in different colours, कर्बुरशिरोवस्त्रम् (नपुं.)।

चुनवाना (प्रे. तभ.) चुनने का प्रेरणार्थक रूप, To cause to be chosen; चायय् (प्रे.) — चाययति।

चुनाव (पुं. देशी) चुनने का काम, निर्धारण, Election, selection, चयनम्, — निर्धारणम् (नपुं.)।

चुनिंदा (वि. फा.) विशेष व्यक्ति, चुने हुए व्यक्ति, Selected, chosen, विशिष्टः जनः (पुं.)।

चुनौती (स्त्री. देशी) ललकार, चैलेञ्ज, Challenge, उत्तेजनम्, उद्दीपनम्, आह्वानम् (नपुं.)।

चुप (वि. देशी) तूष्णीक, निःशब्द, मौन, Silent, quiet, तूष्णीक, अवाक् (वि)।

चुपचाप (क्रि. वि. देशी) चुपके से, विना बोले, Silently, quietly, निःशब्दम्, मौनम् (क्रि.वि.)।

चुपड़ना (सकर्म. अनु.) मलना, लीपना, मसलना, To besmear; to anoint, लिप् (तुदा. पर.) — लिम्पति।

चुप्पी (स्त्री. देशी) मौन, निःशब्दता, Silence, quietness, मौनम्, निःशब्दता।

चुभना (अकर्म. देशी) अंदर प्रवेश करना, खुभना, To pierce, to penetrate, to sting, व्यध् (दिवा. पर.) — विध्यति।

चुभाना, चुभोना (सकर्म. देशी) बींधना, To cause to pierce, वेधय् (प्रे) — वेधयति, क्षोभय् (प्रे.) —क्षोभयति।

चुमकारना (सकर्म. अनु.) दे. 'पुचकारना'।

चुम्बा (पुं. तभ.) चुम्बन, Kissing, चुम्बनम् (नपुं.)।

चुम्बन (पुं. तस.) चूमने का कार्य, Kissing, चुम्बनम् (नपुं.)।

चुरमुरा (वि. अनु.) झटपट टूट जाने वाला। Brittle, crisp, भङ्गुर, छिदुर (वि.)।

चुरमुराना (अकर्म अनु.) दे. 'चरमराना',

चुराना (सकर्म. तभ.) चोरी करना, To steal, to hide, चुर् (चुरा.) — चोरयति।

चुलबुलाना (अकर्म. अनु.) व्याकुल होना, अशान्त होना, To be restless, to be unsteady, चञ्चली+भू — चञ्चलीभवति।

चुलबुलाहट (स्त्री. अनु.) व्याकुलता, अशान्ति, Restlessness, fickleness, व्याकुलता, अशान्तिः (स्त्री.)।

चुल्ली (स्त्री. तस.) चूल्हा, A fire place, चुल्ली (स्त्री.)।

चुल्लू (पुं. तभ.) मुँह में भरे पानी की मात्रा, चुलुक, A mouthful of water, चुलुकः (पुं.)।

चुवाना (सकर्म. तभ.) बिन्दु टपकाना, च्योतन करना, To percolate, to drop down, च्युति (भ्वा. आ.), च्योतय् (प्रे.) — च्योतयति।

चुसकी (स्त्री. देशी) घूँट, A mouthful of draught, चुलुकः (पुं.)।

चुसाना (सकर्म. तभ.) चुसवाना, To cause to suck, चूषय् (प्रे.) —चूषयति।

चुस्त (वि. फा.) होशियार, स्फूर्तिमय, Active, alert, स्फूर्तिमय (वि.)।

चुस्ती (स्त्री. फा.) होशियारी, स्फूर्ति, Activeness, alertness, स्फूर्तिः (स्त्री.)।

चुहिया (स्त्री. अनु.) छोटा चूहा, A small rat, मूषिका (स्त्री.)।

चूक (स्त्री. देशी) त्रुटि, कमी, न्यूनता, Error, mistake, default, त्रुटिः, न्यूनता, (स्त्री.)।

चूकना (अकर्म. तभ.) कार्य छूट जाना, गलती करना, To miss, to fail, to err, च्युत् (भ्वा. आ.) — च्योतते, स्खल् (भ्वा. पर.) — स्खलति।

चूची (स्त्री. तभ.) दे. चूचुक।

चूचुक (पुं. तस.) स्तन का अगला भाग, चूची, Teat, nipple, चूचकम् (नपुं.)।

चूज़ा (पुं. फा.) मुर्गी का बच्चा, A chicken, कुक्कुटशावकः (पुं.)।

चूड़ा (पुं. तस.) शिखा, बालों की चुटिया, The top, crest, top of hair, a bracelet, red bangle (worn by a bride) at the time of marriage in northern India, चूड़ा (स्त्री.)।

चूड़ाकर्म (पुं. तस.) बच्चे के बाल काटने का संस्कार, A ceremony of shaving the head, first ceremony of shaving a child's head, चूडाकर्मन् (नपुं.)।

चूड़ामणि (स्त्री. तस.) सिर का आभूषण, सबसे श्रेष्ठ व्यक्ति, मुखिया, An ornament of the head, the supreme, an excellent person, चूडामणिः (पुं.)।

चूड़ी (स्त्री. तभ.) कंगना, वलय, A bangle, कङ्कणम् (नपुं.), वलयः-यम् (पुं. नपुं.)।

चूत (पुं. तस.) आम का पेड़ और उस का फल, A mango tree and its fruit, चूतः, आम्रः, रसालः (पुं. वृक्ष), चूतम्, आम्रम्, रसालम् (नपुं. फल)।

चूत (स्त्री. देशी) स्त्री - योनि, स्त्री की जननेन्द्रिय, The female genitals, योनिः (स्त्री.)।

चूतड़ (पुं. देशी) नितम्ब, कटि से निचला भाग, The buttocks, नितम्बः (पुं.), स्फिक् (स्त्री.)।

चून (पुं. तभ.) चूर्ण, आटा, Powder, flour, चूर्णम् (नपुं.)।

चूनरी (स्त्री. देशी) दे. 'चुनरी'।

चूना (पुं. तभ.) पत्थर की भस्म, Lime, चूर्णकः (पुं.), चूर्णकम् (नपुं.)।

चूना (अकर्म. तभ.) टपकना, To drop, च्युत् (भ्वा. आ.) च्योतते।

चूमना (सकर्म. तभ.) चुम्बन करना, स्पर्श करना, To kiss, to touch, चुम्ब् (भ्वा. पर.) — चुम्बति।

चूर (पुं. तभ.) दे. 'चूरा'।

चूरण (पुं. तभ.) दे. 'चूर्ण'।

चूरमा (पु. तभ.) ब्रैड को चूर-चूर कर बनाया गया मिष्टान्न, A sweet prepared by bread crumbs, मिष्टचूर्णः, मिष्टान्नभेदः (पुं.)।

चूरा (पुं. तभ.) चूर्णित कण, Fragment, broken part, चूर्णितांशः (पुं.)।

चूर्ण (पुं. तस.) पिसी वस्तु, Crushed or powdered thing, चूर्णः-णम् (पुं., नपुं.)।

चूर्णित (वि. तस.) चूरा बनाया हुआ, Powdered, crushed, चूर्णित (वि.)।

चूल (स्त्री. देशी) लकड़ी का सिरा, The end of a wooden piece, pivot, विवर्तनकीलः (पुं.), काष्ठाग्रभागः (पुं.)।

चूल्हा (पुं. तभ.) दे. 'चुल्ली'।

चूषण (पुं. तस.) चूसना, Sucking, licking, sipping, चूषणम् (नपुं.)।

चूष्य (वि. तस.) चूसने योग्य, Fit to be sipped, licked or sucked, चूष्य (वि.)।

चूसना (सकर्म. तभ.) चूसने की क्रिया करना, To sip, to lick, to suck, चूष् (भ्वा. पर.) — चूषति।

चूहा (पुं. अनु.) मूषक, उन्दुर, मूसा, A rat, a mouse, मूषकः, आखुः, उन्दुरः (पुं.)।

चूहिया (स्त्री. अनु.) दे. 'चुहिया'।

चेचक (स्त्री. फा.) शीतला का रोग, Small pox, शीतला (स्त्री.)।

चेट (पुं. तस.) चपरासी, सेवक, नौकर, A peon, a servant, चेटः (पुं.)।

चेटक (पुं. तस.) दे. 'चेट'। —चेटकः (पुं.)।

चेटी (स्त्री. तस.) नौकरानी, चपरासिन, सेविका, Female servant, female peon, चेटी (स्त्री.)।

चेतन (पुं., वि., तस.) जीवनधारी, होश वाला, Conscious, rational, aware, vigilant, चेतन (पुं., वि.)।

चेतना (स्त्री. तस.) ज्ञान, जीवन, अनुभूति, Consciousness, intelligence, life, sensibility, चेतना (स्त्री.)।

चेताना (सकर्म. तभ.) ध्यान दिलाना, समझाना, To acquaint, to make understand, चिती (भ्वा. पर.) —चेतय् (प्रे.) -चेतयति।

चेतावनी (स्त्री. तभ.) विशेष रूप से ध्यान दिलाना, A warning, a reminder, caution, पूर्व- प्रतिबोधः (पुं.), चेतायनम् (नपुं.)।

चेरा (पुं. तभ.) दे. 'चेला'।

चेरी (स्त्री. तभ.) दे. 'चेली'।

चेला (पुं. तभ.) शिष्य, चेटक, A pupil, a servant, शिष्यः, चेटकः (पुं.)।

चेली (स्त्री. तभ.) शिष्या, चेटिका, A female pupil, a female attendant, शिष्या, चेटिका (स्त्री.)।

चेष्टा (स्त्री. तस.) अंग - सञ्चालन, Bodily action, attempt, चेष्टा (स्त्री.)।

चेहरा (पुं. फा.) मुखड़ा, वदन, A face, वदनम्, आननम् (नपुं.)।

चैत (पुं. तभ.) दे. 'चैत्र'।

चैतन्य (पुं. तस.) चेतनता, सजीवता, Consciousness, rationality, intelligence; perception, चेतनता (स्त्री.), चैतन्यम् (नपुं.)।

चैती (स्त्री. तभ.) चैत्र मास से सम्बन्धित फसल, The harvest to be cut in the month of Chaitra, चैत्रीयं सस्यम्।

चैत्य (पुं. तस.) मन्दिर, बौद्धभिक्षु - विहार, A temple, a Baudhistic monastery, चैत्यम् (नपुं.), बौद्धविहारः (पुं.)।

चैत्र (पुं. तस.) देशी वर्ष का पहला महीना, The first month (lunar) of the Hindu year, चैत्रः (पुं.)।

चैन (स्त्री. देशी) शान्ति, आराम, Relief, peace, rest, शान्तिः, सुखम् (नपुं.)।

चैल (पुं. तस.) कपड़ा, वस्त्र, Cloths, garment, चैलम्, वस्त्रम् (नपुं.), पटः (पुं.)।

चोंकर (पुं.) दे. 'चोकर'।

चोंगा (पुं. देशी) थैला, वस्तुएँ डालने का लिफाफा, A bag, a telephone receiver; a cylindrical case, पुटकः, स्थालकः (पुं.)।

चोंच (स्त्री. तभ.) चञ्चु, नोकदार सिरा, A beak, bill चञ्चुः (स्त्री.) तनुशीर्षम् (नपुं.)।

चोकर (पुं. देशी) आटे से बचा छिलका, Bran, chaff, husk of wheat, barley etc, तुषः (पुं.), धान्यत्वक् (स्त्री.), बुसम् (नपुं.)।

चोखा (वि. देशी) पर्याप्त, उत्तम, उत्कृष्ट, शुद्ध, Sufficient, pure, clear, neat, शुद्ध, पवित्र, उत्कृष्ट, पर्याप्त (वि.)।

चोगा (पुं. देशी) पक्षियों का चारा, चुगने वाली वस्तु, कोट जैसा बड़ा पहनावा, The food for birds, a long loose knee length cloak, खग - खाद्यम्, उपर्याच्छादनम् (नपुं.)।

चोट (स्त्री. तभ.) घाव, आघात, Wound, injury, bruise, आघातः, प्रहारः (पुं.), चुण्टितम् (नपुं.)।

चोटी (स्त्री. तभ.) शिखर, शिखा, चूड़ा, Top, crest, peak, lock of hair, शिखरम् (नपुं.), शिखा (स्त्री.), चूडा (स्त्री.)।

चोट्टा (पुं. तभ.) चोर, ठग, A thief, a rogue, चौरः, कपटी-ट्टिन् (पुं.)।

चोदना (स्त्री. तस.) प्रेरणा, उत्साहित करना, Stimulation, to instigate, चोदना (स्त्री.), प्रेरणा (स्त्री.)।

चोभना (सकर्म. तभ.) चुभोना, To pierce, छिद-छेदय् (प्रे.) -छेदयति, चुबि (चुरा.) — चुम्बयति, दश् (चुरा. पर.) — दंशयति।

चोभा (पुं. तभ.) चुभने वाली वस्तु, A nail, a thorn, दंशकः (पुं.)।

चोर (पुं. तस.) चोर, तस्कर, A thief, चौरः, तस्करः (पुं.)।

चोरटा (पुं. तभ.) दे. 'चोर'।

चोराचोरी (क्रि. वि. तभ.) छिपकर, Concealing, hiding, अप्रकाशम्, निभृतम्।

चोरी (स्त्री. तभ.) चुराना, Theft, stealing, चौर्यम् (नपुं.)।

चोला (पुं. तभ.) लम्बा कुर्ता, शरीर, A long robe, a body, चोलः, कञ्चुकः (पुं.), शरीरम् (नपुं.)।

चोली (स्त्री. तस.) छाती को ढकने वाला स्त्रियों का वस्त्र, A bodice, चोली, चुलिका (स्त्री.)।

चोषण (पुं. तस.) चूसने का काम, A sip, चोषणम्, चूषणम् (नपुं.)।

चोष्य (वि. तस.) चूसने की वस्तु, चूसने योग्य, Fit to be sipped, चोष्यम् (नपुं.)।

चौंकना (अकर्म. देशी) सहसा सावधान होना, हैरान होना, To be alert, to be greatly astonished, to be startled at once, वि+स्मि (भ्वा. आ.) — विस्मयते, सहसा अव+बुध् (दिवा. आ.) — अवबुध्यते।

चौंकाना (सकर्म. देशी) हैरान कर देना, सहसा स्तम्भित करना, To alarm, to startle, सहसा विस्मापय्- (प्रे.) विस्मापयति।

चौंतीस (वि. तभ.) तीस और चार, Thirty four, चतुस्त्रिंशत् (वि.)।

चौंर (पुं. तभ.) दे. 'चंवर'।

चौ (वि. तभ.) चार का परिवर्तित रूप, Four, चतुर्, चत्वारः (वि.)।

चौक (पुं. तभ.) चौराहा, A quadrangle, a square, a cross of roads,, चतुष्पथः (पुं.)।

चौकड़ी (स्त्री. तभ.) चार मनुष्यों का समूह, बैठने का एक ढंग, A group of four persons, four fold constructions, a position of sitting, चतुष्टयी (स्त्री.), एकः उपवेश-विधिः (पुं.)।

चौकन्ना (वि. तभ.) सावधान, Alert, चतुष्कर्ण, सावधान (वि.)।

चौकस (वि. देशी) दे. 'चौकन्ना'।

चौकसी (स्त्री. देशी) सावधानता, होशियारी, Caution, watchfulness, सावधानता, जागरूकता (स्त्री.)।

चौका (पुं. तभ.) चार का समूह, भोजन पकाने का स्थान, A group of four, the place of cooking, a square piece of ground, चतुष्टयम् (नपुं.), पाकशाला (स्त्री.)।

चौकी (स्त्री. तभ.) बैठने की चार पैरों वाली वस्तु, पुलिस का स्थान, एकत्र होने का स्थान, A chair or stool, a police sub-station, a gathering place, पीठम् (नपुं.), चतुष्की (स्त्री.), रक्षिनिवेशः (पुं.), एकत्रीभवनस्थानम् (नपुं.)।

चौकीदार (पुं. देशी) पहरेदार, A watchman, प्रहरी-रिन् (पुं.)।

चौकीदारी (स्त्री. देशी) पहरेदारी, Watchfulness; wages of a watchman, प्रहरित्वम् (नपुं.), प्रहरिवेतनम् (नपुं.)।

चौकोना (वि. तभ.) चार कोनों वाला, वर्गाकार, Four-sided, square, चतुष्कोण (वि.), वर्गाकार (वि.)।

चौकोर (वि. तभ.) दे. 'चौकोना'।

चौखट (स्त्री. तभ.) दरवाजे या खिड़की आदि की चारों ओर की लकड़ी, A frame of a door or window etc, चतुष्काष्ठम् (नपुं.)।

चौगान (पुं. फा.) पोलो का खेल, The game of Polo, चौगाननामिका क्रीडा (स्त्री.)।

चौगिर्द (क्रि. वि. फा.) चारों ओर, On all sides, परितः (अ.)।

चौगुना (वि. तभ.) चार गुणा, Four fold, चतुर्गुणित (वि.)।

चौड़ा (वि. देशी) चपटा, फैला हुआ, Wide, broad, flat, पृथु, विशाल, विस्तृत (वि.)।

चौड़ाई (स्त्री. देशी) चपटापन, विस्तार, Width, breadth, विस्तारः (पुं.), पृथुता (स्त्री.), विशालता (स्त्री.)।

चौतरा (पुं. तभ.) चबूतरा, A platform, चत्वरः (पुं.)।

चौथा (वि. तभ.) चतुर्थ, Fourth, चतुर्थः (पुं.), चतुर्थम् (नपुं.)।

चौथाई (स्त्री. तभ.) चौथा भाग, चतुर्थांश, The fourth part, चतुर्थांशः (पुं.)।

चौथी (स्त्री. वि. तभ.) चतुर्थी, Fourth, चतुर्थी (स्त्री. वि.)।

चौदस (स्त्री. वि. तभ.) चौदशी, चतुर्दशी, Fourteenth day, चतुर्दशी (स्त्री.)।

चौदह (वि. तस.) चार और दस, Fourteen, चतुर्दश (वि. सामान्य)।

चौदहवाँ, चौदहवीं (वि.) दे. क्रमशः 'चतुर्दश, चतुर्दशी'।

चौधराई (स्त्री. देशी) चौधराहट, नेतृत्व, मुख्यता, Work of a headman, leadership, मुख्यता (स्त्री.), नेतृत्वम् (नपुं.)।

चौधरी (पुं. देशी) मुखिया, नेता, The head-man, a leader, मुख्यः, नेता-तृ (पुं.)।

चौपट (वि. देशी) सब ओर से खुला, विनष्ट, बरबाद, Wide open, levelled, ruined, destroyed, सर्वतः अपावृत, नाशित (वि.)।

चौपड़ (स्त्री. देशी) जुए का खेल और उसका वस्त्र, A kind of gamble and its cloth, द्यूतक्रीडाभेदः (पुं.), क्रीडायाः पटः (पुं.)।

चौपथ (पुं. तभ.) चारों ओर के मार्ग जहाँ मिलते हैं, चतुष्पथ, A cross-roads, चतुष्पथः (पुं.)।

चौपद (पुं. तभ.) चौपाया पशु, A quadru-ped, चतुष्पदः (पुं.)।

चौपाई (स्त्री. तभ.) प्रत्येक चरण में 16 मात्राओं वाला एक छन्द, A metre having 16 matras in each line, चतुष्पदी (स्त्री.)।

चौपाया (पुं. तभ.) दे. 'चौपद'।

चौपाल (स्त्री. देशी) सभास्थल, गोष्ठीभवन, A meeting place, an assembly hall, सभास्थलम्, गोष्ठीभवनम् (नपुं.)।

चौबारा (पुं. तभ.) सबसे ऊपर की मंजिल का खुला कमरा, An open room on the top - most storey, चन्द्रशाला (स्त्री.), अट्टालः (पुं.)।

चौबीस (वि. तभ.) चार और बीस, Twenty four, चतुर्विंशतिः (स्त्री. सामान्य)।

चौबीसवाँ (पुं. वि.) चतुर्विंश, Twenty fou-rth, चतुर्विंशः (वि.), चतुर्विंशी (स्त्री.)।

चौबे (पुं. तभ.) चतुर्वेदी, A Brahmin community, चतुर्वेदी-दिन् (पुं.)।

चौमासा (पुं. तभ.) दे. 'चातुर्मास'।

चौर (पुं. तस.) चोरी करने वाला, तस्कर, स्तेन, A thief, चौरः (पुं.)।

चौरस (वि. तभ.) लम्बाई चौडाई में समान, वर्गाकार, Square, वर्गाकारः (पुं.)।

चौरस्ता (पुं. देशी.) दे. 'चौपथ'।

चौरानवें (वि. तभ.) नब्बे और चार, Ninety four, चतुर्णवतिः (स्त्री. सामान्य)।

चौरासी (वि. तभ.) अस्सी और चार, Eighty four, चतुरशीतिः (स्त्री. सामान्य),।

चौराहा (पुं. देशी.) दे. 'चौपथ'।

चौरी (स्त्री. तभ.) चुराने का काम, चौर्य, स्तेय, Theft, stealing, चौर्यम्, स्तेयम् (नपुं.)।

चौर्य (पुं. तस.) दे. 'चौरी'।

चौलाई (स्त्री. देशी) पत्तों वाली एक सब्जी, A kind of leaf vegetable whose leaves are boiled for food, सुपथ्य-शाकः, बहुवीर्यः, मेघनादः (पुं.)।

चौवन (वि. तभ.) पचास और चार, Fifty four, चतुष्पञ्चाशत् (वि. सामान्य)।

चौथा (वि. तभ.) चतुर्थ, Fourth, चतुर्थः (पुं.), चतुर्थी (स्त्री.), चतुर्थम् (नपुं.)।

चौथाई (स्त्री. तभ.) चौथा हिस्सा, Fourth part, चतुर्थांशः (पुं.)।

चौवालीस (वि. तभ.) चालीस और चार, Fourty four, चतुश्चत्वरिंशत् (वि. सामान्य)।

चौहत्तर (वि. तभ.) सत्तर और चार, Seventy four, चतुःसप्ततिः (वि. सामान्य)।

चौहरा (वि. तभ.) चार तहों वाला, Having four folds, चतुःस्तर (वि.)।

चौहान (वि. देशी) राजपूतों की एक उपजाति, A subcaste of Rājapūtas, चौहान (वि.)।

च्यवन (पुं. तस.) एक ऋषि का नाम, The name of a sage, च्यवनः (पुं.), flowing, distilling, trickling, च्यवनम् (नपुं.)।

च्यवनप्राश (पुं. तस.) एक अवलेह, जिसे खाकर च्यवन ऋषि जवान हो गए थे, An Ayurvedic tonic medicine, च्यवनप्राशः (पुं.)।

च्युत (वि. तस.) हटा हुआ, गिरा हुआ, Deviated, fallen, च्युत (वि.)।

च्युति (स्त्री. तस.) हटाव, पतन, गिरावट, A deviation, a fall, discharge, demotion, dismissal, च्युतिः (स्त्री.)।

छ *Cha*

छ (पुं. तस.) चवर्ग का दूसरा वर्ण, The second letter of च group, छः, छकारः (पुं.)।

छँटना (अकर्म. देशी) अलग होना, To be separated, to be removed, पृथग्+भू — पृथग्भवति।

छँटाई (स्त्री. देशी) अनाज आदि साफ करने का कार्य तथा उसका पारिश्रमिक, कमी करना, The work of cleaning or pruning and its wages, sorting removal, पृथक्करणम्, शोधनम्, अस्य वर्तनम् च (नपुं.), चयनम् (नपुं.)।

छँटाव (पुं. देशी) दे. 'छँटाई'।

छँड़ना (सकर्म. देशी) छाज आदि द्वारा उछाल कर तिनके आदि अलग करना, To separate chaff by winnowing, उत्+धुञ् (स्वा. उभ.) — उद्धुनोति, उद्धुनुते।

छँड़ाना (प्रे. देशी) छँड़ने की प्रेरणा देना, To cause to winnow, उद्धावय् (प्रे.) —उद्धावयति।

छंद, छन्द (पुं. तस.) अधिकार, प्रसन्नता, गेय रचना, वेद, A right, happiness, a verse, Veda, छन्दः-दस् (नपुं.)।

छकड़ा (पुं. तभ.) गाड़ी, शकट, A carriage, शकटः (पुं.), शकटम् (नपुं.)।

छकड़ी (स्त्री. तभ.) छोटी गाड़ी, शकटी, A small carriage, शकटी, शकटिका (स्त्री.)।

छकना (सकर्म. तभ.) तृप्त होना, खाना, To be satisfied, to eat, चक् (भ्वा. आ.) — चकते, तृप्यति, खादति।

छकाना (सकर्म. तभ.) तृप्त करना, खिलाना, To satisfy, to make eat, चाकयति, तर्पयति, भोजयति।

छक्का (पुं. तभ.) छह का समूह, A group of six, षट्कम् (नपुं.)।

छछिया (स्त्री. तस.) छाछ का पात्र, A pot of whey, a skimmer, छच्छिका-पात्रम्, तक्रपात्रम् (नपुं.)।

छछुंदर (पुं. तस.) एक प्रकार का चूहा, A mole, a musk-rat, छुछुन्दरः (पुं.)।

छजना (सकर्म. देशी) ठीक लगना, शोभा देना, To be liked, to be attractive, शुभ् (भ्वा. आ.) — शोभते।

छज्जा (पुं. देशी) मकान का आगे बढ़ा हुआ भाग, A balcony, sunshade, a gallery, आतपत्रकम्, पटलाग्रम् (नपुं.)।

छटपटाना (अकर्म. देशी) तड़पना, व्याकुल होना, To toss, to struggle, to feel uneasy, सम्+घृष् (भ्वा. पर.) संघर्षति, व्याकुलीभवति, उद्+विज् (तुदा. आ.) उद्विजते।

छटा (स्त्री. तस.) शोभा, दीप्ति, Beauty, brilliance, glory, घटा, शोभा, द्युतिः (स्त्री.)।

छठा (वि. तभ.) षष्ठ, Sixth, षष्ठः (पुं. वि.)।

छठी (वि. तभ.) षष्ठी, Sixth, षष्ठी (स्त्री. वि.)।

छड़ (स्त्री. देशी) सोटी, डण्डी, A bar, a stick, यष्टिः, दण्डिका (स्त्री.)।

छड़िया (पुं. देशी) छड़ी वाला, दण्डधारी, पहरेदार, A gatekeeper, दण्डधारकः, द्वारपालः (पुं.)।

छड़ी (स्त्री. तभ.) सोटी, डण्डी, A stick, a bar, यष्टिः, दण्डिका (स्त्री.)।

छत (पुं. तभ.) छदि, पटल, The roof, छदिः (स्त्री.), पटलम् (नपुं.)।

छतना (सकर्म. तभ.) छत डालना, To make a roof, छादय् (प्रे.) - छादयति।

छतरी (स्त्री. तभ.) छाता, मण्डप, An umbrella, a canopy, छत्रम् (नपुं.), आतपत्रम् (नपुं.), मण्डपः-पम् (पुं. नपुं.)।

छत्तीस (वि. तभ.) तीस और छह, Thirty six, त्रयस्त्रिंशत् (वि.)।

छत्तीसा (पुं. तभ.) छत्तीस का समूह, A group of thirty six, त्रयत्रिंशत्कम् (नपुं)।

छत्तर (पुं. तभ.) दे. 'छत्र' और 'सत्र'।

छत्ता (पुं. तभ.) मधुमक्खी आदि का घर, A comb of bees etc., छत्रकम् (नपुं.), मधुकोशः (पुं.)।

छत्रक (पुं. तस.) खुमी, Mushroom, छत्रकः-कम् (पुं. नपुं.)।

छत्रधारी (पुं. तस.) छाता धारण करने वाला, राजा, Having an umbrella, a king, छत्रधारी-रिन् (पुं.)।

छत्रपति (पुं. तस.) दे. 'छत्रधारी'।

छत्री (पुं. तभ.) क्षत्रिय, A warrior, क्षत्रियः (पुं.)।

(स्त्री. तभ.) छोटा छाता, Small umbrella, लघु आतपत्रम् (नपुं.)।

छद (पुं. तस.) पंख, पत्ता, A wing, a leaf, छदः (पुं.), पक्षः (पुं.) पत्रम् (नपुं.)।

छद्म (पुं. तस.) धोखा, कपट, बहाना, Fraud, disguise, excuse, छद्म-मन् (नपुं.)।

छद्मी (पुं. तस.) धोखेबाज, कपटी, Deceptive, crafty, छद्मी-मिन् (पुं.)।

छन (पुं. तभ.) दे. 'क्षण'।

छनकना (अकर्म. अनु.) छनछन आवाज करना, To make jingling sound, to clink, to tinkle, छनछनाय् (नाम धा.) -छनछनायते, क्वण् (भ्वा. पर) — क्वणति।

छनकना (पुं. अनु.) झुनझुना, छनछन आवाज करने वाला बच्चों का खिलौना, A baby toy having jingling sound, क्वणन - क्रीडनकम् (नपुं.)।

छनना (पुं. तभ.) छनने का साधन, छनना, A filter, a sieve, क्षरणम् (नपुं.), तितउः (पुं.)।

छनाना (सकर्म. तभ.) दे. 'छनना'।

छनिक (वि. तभ.) क्षणिक, Momentary, temporary, क्षणिक (वि.)।

छन्न (वि. तस.) ढका हुआ, आच्छादित, Covered, आच्छन्न, आच्छादित (वि.)।

छप (पुं. अनु.) छप की आवाज, A splashing sound, आस्फान - ध्वनिः (पुं.)।

छपछपाना (सकर्म. अनु.) छपछप की आवाज करना, To make a splashing sound, छपछपाय् (नामधा.) — छपछपायते।

छपना (अकर्म. देशी) मुद्रित होना, To be printed, मुद्रायते, अङ्क्यते (कर्मवा.)।

छपरी (स्त्री. देशी) झोंपड़ी, A small cottage, कुटीरकम्, उटजकम् (नपुं.)।

छपाई (स्त्री. देशी) छापने का काम और मजदूरी, Printing and its wages, मुद्रणम् (नपुं.) मुद्रणवृत्तिः (स्त्री.)।

छपाना (सकर्म. देशी) छापने का काम करवाना, To cause to print, मुद्रापय् (नामधा.) – मुद्रापयति।

छप्पन (वि. तभ.) पचास और छह, Fiftysix, षट्पञ्चाशत् (वि.)।

छप्पय (पुं. तभ.) छह चरणों वाला छन्द, A metre of six feet, छप्पयछन्दः (नपुं.)।

छप्पर (पुं. देशी) तिनकों का छत, A thatched roof, तृणपटलम् (नपुं.)।

छबि (स्त्री. तभ.) दे. 'छवि'।

छबीला (वि. तभ.) छविमय, सुन्दर, Handsome, graceful, छविमय, शोभन (वि.)।

छब्बीस (वि. तभ.) बीस और छह, Twenty six, षड्विंशतिः (वि.)।

छमा (स्त्री. तंस.) दे. 'क्षमा'।

छय (पुं. तभ.) दे. 'क्षय'।

छर (पुं. तभ.) दे. 'छल'।

छरछराना (अकर्म. अनु.) छरछर शब्द करना, छिले हुए स्थान पर पीड़ा अनुभव करना, To sound char-char, to feel pain on the scratched part of body, छरछराय् (नामधा.) – छरछरायते।

छरहरा (वि. देशी) हल्के शरीर वाला, Active, graceful, lean, कृशतनु (वि.)।

छरी (स्त्री. देशी) दे. 'छड़ी'।

छर्दन (पुं. तस.) उल्टी, बाहर निकालना, वमी, Vomit, vomitting, छर्दनम् (नपुं.), छर्दिः (स्त्री.), वमनम् (नपुं.), वमी (स्त्री.)।

छर्दि (स्त्री. तस.) दे. 'छर्दन'।

छर्रा (पुं. अनु.) बन्दूक की गोली, गोली, A piece of shot, a small stone, shower (of stones), गोलिका (स्त्री.)।

छल (पुं. तस.) धोखा, कपट, Deception, trick, छलः-लम् (पुं., नपुं.)।

छलकना (अकर्म. तभ.) उछलना, To splash, to spill, to overflow, उत्+छल् – उच्छलति।

छलछन्द (पुं. तस.) धोखेबाजी, कपटीपना, Deceit, trickery, duplicity, छलच्छन्दः-स् (नपुं.)।

छलछलाना (अकर्म. तभ.) दे. 'छलकना'।

छलच्छिद्र (पुं. तस.) दे. छलछन्द – छलच्छिद्रम् (नपुं.)।

छलना (पुं. तस.) धोखा देना, To deceive, छलय् (नामधा.) – छलयति।

छलना (पुं. तभ.) छानना, A big sieve, परिपवनम् (नपुं.), तितउः (पुं.) क्षारकः (पुं.)।

छलनी (स्त्री. तभ.) छोटी छाननी, A small sieve, क्षारिणी (स्त्री.), लघुः तितउः (पुं.), परिपवनी (स्त्री.)।

छलाँग (स्त्री. तभ.) कूद, A jump, a leap, कूर्दनम् (नपुं.)।

छलाना (पुं. तभ.) धोखे में आना, To be deceived, to be cheated, वञ्च् (चुरा.), वञ्च्यते – (कर्मवा.)।

छलिया (पुं. तभ.) धोखेबाज, कपटी, छली, A cheat, produlent, cunning, छलीलिन् (पुं.)।

छली (पुं. तस.) दे. 'छलिया'।

छल्ला (पुं. तभ.) अंगूठी, उँगली की मुद्रा, A ring, ringlet, lock (of hair), अङ्गुलीयकम् (नपुं.), मुद्रा (स्त्री.) केशगुच्छः (पुं.)।

छल्लेदार (वि. देशी) छल्लों वाला, चक्करों वाला, Having rings or ringlets, चक्रमय, सवलय (वि.)।

छवाई (स्त्री. तभ.) छत डालने का कार्य और पारिश्रमिक, The work of thatching a roof and its wages, छदिकार्यम्, तद्वेतनं च (नपुं.)।

छवाना (स्त्री. तभ.) छत डलवाना, To cause to be thatched, आच्छादय्-आच्छादयति।

छवि (स्त्री. तस.) शोभा, सौन्दर्य, Beauty, grace, charm, शोभा (स्त्री.), छविः (स्त्री.), सौन्दर्यम् (नपुं.)।

छहराना (अकर्म. देशी) सब ओर फैल जाना, To scatter all round, परि+सृ (भ्वा. पर.) - परिसरति, परि+सृप् (भ्वा. पर.) परिसर्पति।

छाँगना (सकर्म. देशी) पेड़ों की बढ़ी हुई शाखाओं को काटना, To cut branches of a tree, उत्+छिद् (क्र्या. पर.), उच्छिनत्ति, उच्छेदयति।

छाँट (स्त्री. तभ.) काटना, हटाना, Cutting, trimming, छेदनम्, अवच्छेदनम् (नपुं.)।

छाँटना (पुं. तभ.) चुनना, काटना, To select, to cut, निर्+धारय्—निर्धारयति, छिनत्ति।

छान्दोग्य-उपनिषद् (स्त्री. तस.) एक उपनिषद् का नाम, The name of a spiritual book, छान्दोग्योपनिषद् (स्त्री.)।

छाँव (स्त्री. तभ.) छाया, Shade, shadow, छाया (स्त्री.)।

छाँह (स्त्री. तभ.) दे. 'छाया'।

छाकना (सकर्म. तभ.) छकना, खाना, तृप्त होना, To eat, to be contented, चक् (भ्वा. आ.) — चकते, खादति, तृप्यति।

छाग (पुं. तस.) बकरा, He goat, छागः, छागलः (पुं.)।

छाछ (स्त्री. तभ.) मक्खन से शून्य लस्सी, तक्र, मट्ठा, Whey, छच्छिका (स्त्री.)।

छाज (पुं. तस.) सूप, A winnowing basket, शादः (पुं.), शूर्पः-पम् (पुं., नपुं.)।

छाजन (पुं. तभ.) छप्पर, छादन, वस्त्र, Thatch, छादनम्, आच्छादनम्, वस्त्रम् (नपुं.)।

छाजना (सकर्म. तभ.) छप्पर डालना, To thatch, आ+छादय्—आच्छादयति।

छाता (पुं. तभ.) छतरी, छत्र, An umbrella, छत्रम्, आतपत्रम् (नपुं.)।

छाती (स्त्री. देशी) वक्षःस्थल, हृदय, Breast, chest, heart, वक्षः-स् उरः-स् (नपुं.)।

छात्र (पुं. तस.) पढ़ने वाला लड़का, विद्यार्थी, शिष्य, A student, a pupil, छात्रः (पुं.)।

छात्रालय (पुं. तस.) छात्रावास, विद्यार्थी - सदन, A boarding house, a student hostel, छात्रालयः (पुं.), छात्रावासः (पुं.)।

छादन (पुं. तस.) आच्छादन, वस्त्र, ढक्कन, पर्दा, A wrapper, a cloth, a cover, a screen, a veil, छादनम्, आच्छादनम् (नपुं.), तिरस्करणी (स्त्री)।

छादित (वि. तस.) ढका हुआ, Covered, छादित (वि.)।

छान (पुं. तभ.) ढकने का कार्य, छत डालने का काम, Thatching work, छादनम् (नपुं.)।

छान (पुं. तभ.) छानने से बचे हुए तिनके आदि, Chaff of flour etc. अवशिष्ट बुसम् (नपुं.)।

छानना (सकर्म. तभ.) छत डालना, चलनी द्वारा शुद्ध करना, To thatch, to purify with a sieve, आ+छादय्—आच्छादयति, परिपुनाति।

छानबीन (स्त्री. देशी) खोज, A search, investigation, अनुसन्धानम्, अन्वेषणम् (नपुं.)।

छाप (स्त्री. देशी) मुद्रण, प्रभाव, अंकन, Print, influence, मुद्रणम्, अङ्कनम् (नपुं.), प्रभावः (पुं.)।

छापना (सकर्म. देशी) मुद्रित करना, To print, अकि (भ्वा. आ.) — अङ्कते, मुद्रय्-मुद्रयति।

छापा (पुं. देशी) मुद्रण, Printing, मुद्रणम् (नपुं.)।

छापाखाना (पुं. देशी) मुद्रण का स्थान, मुद्रणालय, A printing press, मुद्रणालयः (पुं.)।

छाम (वि. तभ.) दे. 'क्षाम'।

छाया (स्त्री. तस.) प्रतिविम्ब, छाँव, Shade, shelter, छाया (स्त्री.)।

छार (स्त्री. तभ.) क्षार, भस्म, धूल, Salt, ashes, dirt, भस्म-मन् (नपुं.), क्षारः (पुं.), धूलिः (स्त्री.)।

छाल (स्त्री. तस.) चमड़ी, त्वचा, Skin, bark (of a tree), छालः-लम् (पुं., नपुं.), त्वक् (स्त्री.)।

छाला (पुं. तभ.) चमड़ी का फोड़ा, बुदबुदा, A blister, छालः, त्वक्स्फोटः (पुं.)।

छावनी (स्त्री. देशी) सेना का आवास, Cantonment, स्कन्धावारः (पुं.)।

छिः (अ. देशी) धिक्, धत्, A word showing hate, धिक्, धिक्-धिक् (अ.)।

छिकनी (स्त्री. अनु.) नसबार, A powder for snuffing, नस्यम् (नपुं.)।

छिछड़ा (पुं. तभ.) छिलका, पतली सी तह, The scarf formed on the skin, a thin membrane, त्वक्शल्कम् (नपुं.)।

छिछला (वि. देशी) कम गहरा, Shallow, अल्पगाध (वि.)।

छिछोरापन (पुं. देशी) कमीनापन, नीचता, Meanness; shallowness; frivolity, क्षुद्रता, अधमता (स्त्री.)।

छिटकना (अकर्म. देशी) बिखरना, To be scattered, वि+कृ (तुदा.) विकीर्यते (कर्मवा.)।

छिड़कना (सकर्म. देशी) छिटकना, छितराना, To sprinkle, to scatter, वि + कृ (तुदा. पर.) — विकिरति।

छिड़काई (स्त्री. देशी) छितराने का काम और पारिश्रमिक, The work or wages of sprinkling, विकरणम् (नपुं.), विकरण - वृत्तिः (स्त्री.)।

छिड़काव (पुं. देशी) छितराने का काम, Sprinkling, विकरणम् (नपुं.)।

छिड़ना (अकर्म. देशी) आरम्भ होना, उत्तेजित होना, To begin, to be touched, to be tuned, to be heard, to be excited, आ + रभ्—आरभ्यते (कर्मवा.), उद् + विज् — उद्विज्यते (कर्मवा.)।

छितरना (अकर्म. देशी) छिटकना, To be sprinkled, वि + कृ— विकीर्यते (कर्मवा.)।

छितराना (सकर्म. देशी) दे. 'छिड़कना'।

छितरान (पुं. देशी) दे. 'छिड़काव'।

छिति (स्त्री. तभ.) क्षिति, पृथ्वी, The earth, क्षितिः, भूमिः, पृथ्वी (स्त्री.)।

छित्ति (स्त्री. तस.) छेदन, कृन्तन, कटाव, Cutting, छेदनम्, कृन्तनम् (नपुं.)।

छिदना (अकर्म. तभ.) कटना, सुराख होना, छिन्न होना, To be pierced, to be cut, छिद् (क्र्या. पर.) — छिद्यते (कर्मवा.)

छिदाना (प्रे. तभ.) सुराख कराना, छेदन करवाना, To cause to be pierced, छिद् छेदय् (प्रे.) —छेदयति।

छिद्र (पुं. तस.) सुराख, दोष, A hole, a defect, छिद्रम् (नपुं.)।

छिद्रान्वेषक (पुं. तस.) दोष ढूँढने वाला, A critic, छिद्रान्वेषकः, छिद्रान्वेषी-षिन् (पुं.)।

छिद्रान्वेषण (पुं. तस.) दोष निकालने का कार्य, Criticism, fault - finding, छिद्रान्वेषणम् (नपुं.)।

छिद्रान्वेषी (पुं. तस.) दे. 'छिद्रान्वेषक'।

छिन (पुं. तभ.) दे 'क्षण'।

छिनकना (सकर्म. देशी) नाक से मल निकालने के लिए झटके से श्वास निकालना, To blow the nose to expell mucus, नासिकाया: निः+श्वस् (अदा. पर.), निःश्वसिति।

छिनना (सकर्म. तभ.) जबरदस्ती छीना जाना, To be snatched away, आ+छिद् — आच्छिद्यते (कर्मवा.)।

छिनवाना (प्रे. तभ.) किसी द्वारा छीनने का कार्य करवाना, To cause to be snatched, आ+छिद् — आच्छेदय् (प्रे.) — आच्छेदयति।

छिन्न (वि. तस.) पृथक् हुआ-हुआ, कटा हुआ, Cut, separated, छिन्न, (वि.)।

छिपकली (स्त्री. देशी) कृकलास, कृकलासिका, A lizard, कृकलासः (पुं.), कृकलासिका (स्त्री.)।

छिपना (अकर्म. देशी) आँखों से ओझल होना, To disappear, तिरो+भू — तिरोभवति।

छिपाना (सकर्म. देशी) ओझल कर देना, To conceal, to hide, अन्तर्+धा — (जुहो. उभ.) अन्तर्दधाति, अन्तर्धत्ते।

छिपाव (पुं. देशी) ओझल करने का काम, Concealment, secrecy, तिरोधानम् (नपुं.)।

छियालीस (वि. तभ.) चालीस और छह, Forty six, षट्चत्वारिंशत् (वि.)।

छियासी (वि. तभ.) अस्सी और छह, Eighty six, षडशीतिः (वि.)।

छिरकना (सकर्म. देशी) दे. 'छिड़कना'।

छिलका (पुं. तभ.) त्वचा, ऊपर की परत, Peel, bark, शल्कम् (नपुं.)।

छिलना (अकर्म. देशी) छाल का उतरना, छिलके का उतरना, To be peeled, to be scratched, तक्ष्, त्वक्ष् (भ्वा.) — त्वक्ष्यते, तक्ष्यते (कर्मवा.)।

छिहत्तर (वि. तभ.) सत्तर और छह, Seventy six, षट्सप्ततिः (वि.)।

छींक (स्त्री. तभ.) जोर से 'छीं' करना, A sneeze, छिक्का, क्षुतिः (स्त्री.)।

छींकना (अकर्म. तभ.) छींक मारने की क्रिया करना, To sneeze, क्षु (अदा. पर.) — क्षौति।

छींट (स्त्री. देशी) बारीक बूँद, रंग की बूँदों वाला कपड़ा, A fine drop, a spot, a stain, a cloth full of floral patterns, कणिका (स्त्री.), बिन्दुः (पुं.), रागबिन्दुमयम् वस्त्रम् (नपुं.)।

छींटना (अकर्म. देशी) छींटे डालना, बिखेरना, To throw drops, to scatter, शीकरायते, विकिरति।

छींटा (पुं. देशी) बूँद, बिखराव, A drop, scattering, बिन्दुः (पुं.), विकीर्णनम् (नपुं.)।

छीका (पु. तभ.) वस्तुएँ लटकाने के लिए जालीदार झोला, A net or hanging basket (for food), शिक्या (स्त्री.), शिक्यम् (नपुं.)।

छीछालेदर (स्त्री. अनु.) दुर्दशा, दुर्गति, तिरस्कार, A bad situation, trouble, mess, दुर्दशा, दुर्गतिः (स्त्री.), तिरस्कारः (पुं.)।

छीजना (अकर्म. तभ.) घटते जाना, छिन्न-भिन्न होना, To decrease, to lessen, क्षि (स्वा.) — क्षीयते (भाववा.)।

छीपी (पुं. देशी) कपड़ों पर ठप्पे लगाने वाला, Cloth printer, वस्त्रमुद्रकः, वस्त्रचित्रकः (पुं.)।

छीलना (सकर्म. देशी) त्वचा या छिलका उतारना, To peel, to scratch, त्वक्ष्, तक्ष् (भ्वा. पर.) — त्वक्षति, तक्षति।

छुआछूत (स्त्री. देशी) अस्पृश्यता, Untouchability, अस्पृश्यता (स्त्री.)।

छुईमुई (स्त्री. देशी) लाजवन्ती नामक पौधा, A sensitive plant, स्पर्शलज्जा (स्त्री.)।

छुटकारा (पुं. देशी) मुक्ति, मोक्ष, Release, escape, liberation, मुक्तिः (स्त्री.) मोक्षः (पुं.)।

छुटना (अकर्म. देशी) मुक्त होना, To be released, मुच् (तुदा. पर.) — मुच्यते (भाववा.)।

छुटपन (पुं. देशी) लघुता, बचपन, लघिमा, Infancy, childhood, littleness, लघुता (स्त्री.) लघिमा-मन् (पुं.)।

छुट्टी (स्त्री. देशी) अवकाश, मुक्ति, Freedom, leisure, leave, अवकाशः (पुं.) अनध्यायः (पुं.) मुक्तिः (स्त्री.)।

छुड़ाना (प्रेरणा. देशी) मुक्त करवाना, छुड़वाना, To cause to set free, मुच् (तुदा.) — मोचय् — मोचयति।

छुत् (स्त्री. तभ.) क्षुधा, भूख, Hunger, क्षुत्, क्षुधा, बुभुक्षा (स्त्री.)।

छुद्र (वि. तभ.) दे. 'क्षुद्र'।

छुधा (स्त्री. तभ.) दे. 'छुत्'।

छुपना (अकर्म. देशी) दे. 'छिपना'।

छुभित (वि. तभ.) दे. 'क्षुब्ध'।

छुरा (पुं. तभ.) दाढ़ी मूंडने का औज़ार, बड़ी छुरी, A razor, क्षुरः (पुं.)।

छुरी (स्त्री. तभ.) सब्जी आदि काटने का साधन, चाकू, A knife, a dagger, क्षुरिका, असिपुत्रिका (स्त्री.)।

छुहारा (पुं. तभ.) पिंड खजूर का फल, A dried sweet date, क्षुद्धारकः (पुं.), पिंडखर्जूरफलम् (नपुं.)।

छूँछा (वि. देशी) खाली, गरीब, Empty, poor, shallow, रिक्त, निर्धन (वि.)।

छू (स्त्री. अनु.) छू करना, फूत्कार करना, The act of blowing after incantation, मन्त्रपाठानन्तरं छूत्कारः, फूत्कारः (पुं.)।

छूट (स्त्री. देशी) मुक्ति, छुटकारा, कटौती, Freedom, discount, मुक्तिः (स्त्री.), अवकाशः (पुं.), धनोद्धृतिः (स्त्री.), धनमुक्तिः (स्त्री.)।

छूटना (अकर्म. देशी) स्वतन्त्र होना, अलग होना, चल पड़ना, To be free, to be separated, to start, मुच्यते, पृथग्भूयते, चल्यते (भाववा.)।

छूत (स्त्री. देशी) स्पर्श, संसर्ग, The notion of untouchability, ritual contamination, contact, स्पर्शः, संसर्गः (पुं.)।

छूतछात (स्त्री. देशी) अस्पृश्यता, Untouchability, अस्पृश्यता (स्त्री.)।

छेक (पुं. तस.) विवर, छिद्र, वर्णों की एक वार आवृत्ति वाला छेकानुप्रास, Hole, a cut, a figure of speech where letters are repeated only once, विवरम्, छिद्रम् (नपुं.), छेदः, भेदः (पुं.), छेकानुप्रासः (पुं.)।

छेड़ (स्त्री. देशी) भड़काने का काम, परिहास, चिढ़, Teasing, irritating, प्रकोपनम्, उद्दीपनम् (नपुं.), परिहासः (पुं.)।

छेड़खानी (स्त्री. देशी) दे. 'छेड़'।

छेड़ना (सकर्म. देशी) उद्दीप्त करना, चिढ़ाना, To irritate, to tease, to instigate, to activate, प्र+कोपय् (प्रे.) — प्रकोपयति, उद्दीपय् (प्रे.) — उद्दीपयति, परि+हस् – परिहसति।

छेत्र (पुं. तभ.) दे. क्षेत्र।

छेद (पुं. तस.) छिद्र, सुराख, A hole, a cut, छेदः (पुं.), छिद्रम् (नपुं.)।

छेदक (पुं. तस.) सुराख करने वाला या काटने वाला, A tool for boring, a man who bores or cuts, छेदकः (पुं)।

छेदन (पुं. तस.) छेद करने या काटने का कार्य, Boring or cutting, छेदनम् (नपुं.), वेधनम् (नपुं.)।

छेना (पुं. देशी) पनीर, A sweet made of curd, cheese, प्रनीरम्, दधिपिण्डम् (नपुं.), कलाटः (पुं.)।

छेनी (स्त्री. तभ.) छेदनी, छेनी, काटने का औजार, A chisel, छेदनी, तक्षणी (स्त्री.)।

छेम (पुं. तभ.) दे. 'क्षेम'।

छेरी (स्त्री. तभ.) छागली, बकरी, She goat, छागली, अजा, वर्करी (स्त्री.)।

छैल (पुं. तभ.) छबीला, अपने को सुन्दर मानने वाला, A dandy, छविमयम्मन्यः, सुभगम्मन्यः, रूपगर्वितः (पुं.)।

छैलछबीला (पुं. तभ.) दे. 'छैल'।

छैला (पुं. तभ.) दे. 'छैल'।

जोश (पुं. फा.) गरमी, उत्साह, उत्तेजना, Heat, courage, excitement, आवेशः, उत्साहः (पुं.) उत्तेजना (स्त्री.)।

जोशांदा (पुं. फा.) काढ़ा, A medicinal decoction, क्वाथः (पुं.)।

जोशी (पुं. देशी) ब्राह्मणों की एक उपजाति, Name of a Brahmin sub-community, जोशी (पुं.)।

जोशीला (वि. फा.) उत्साही, साहसी, Courageous, enthusiastic, उत्साही-हिन् (वि.)।

जोष (पुं. तस.) प्रेम, प्रीति, Affection, love, जोषः (पुं.)।

जोहना (सकर्म. देशी) देखना - भालना, खोजना, प्रतीक्षा करना, To observe, to investigate, to wait, अनु+इष् (दिवा. पर.) — अन्विष्यति, प्रति+ईक्ष् (भ्वा. पर.) — प्रतीक्षते।

जौं (अ. तभ.) यदि, चेत्, If, यदि, चेत् (अ.)।

जौ (पुं. तभ.) एक अनाज, यव, Barley, यवः (पुं.)।

जौहर (पुं. अ.) रत्न, मणि, A jewel, a precious stone, रत्नम् (नपुं.), मणिः (पुं.)।

जौहरव्रत (पुं. देशी.) चिता पर सतीत्व की रक्षा के लिए जल मरना, Suicide by the wife on her husband's pyre, जौहर-व्रतम्।

जौहरी (पुं. अ.) रत्न - परीक्षक, सर्राफ, A jeweller, appraiser of jewels, रत्नपरीक्षकः (पुं.), मणिकारः (पुं.)।

ज्ञात (वि. तस.) जाना हुआ, Known, ज्ञात (वि.)।

ज्ञातव्य (वि. तस.) जानने योग्य, Worth knowing, fit to be known, ज्ञातव्य, ज्ञेय (वि.)।

ज्ञाता (पुं. तस.) जानने वाला, Conversant, a learned person, having knowledge ज्ञाता-तृ (पुं.)।

ज्ञाति (स्त्री. तस.) रिश्तेदार, सम्बन्धी, A relative, ज्ञातिः, सम्बन्धी-धिन् (पुं.)।

ज्ञान (पुं. तस.) बोध, समझ, जानना, Knowledge, understanding, ज्ञानम् (नपुं.) बोधः (पुं.)।

ज्ञानचक्षु (पुं. तस.) ज्ञानरूपी आँख, The sight or vision of true knowledge, intellect, ज्ञानचक्षुः (नपुं.)।

ज्ञानवान् (वि. तस.) ज्ञानी, जानने वाला, Knowledgeable, learned, ज्ञानवान्-वत् (वि.), ज्ञानी-निन् (वि.)।

ज्ञानवृद्ध (वि. तस.) अधिक ज्ञानवान्, Highly learned, a man of deep knowledge, ज्ञानवृद्ध (वि.)।

ज्ञानी (पुं. तस.) दे. 'ज्ञानवान्'।

ज्ञानेन्द्रिय (स्त्री. तस.) ज्ञान की साधन इन्द्रियाँ - आँख, नाक, कान, जीभ, त्वचा, Five senses, ज्ञानेन्द्रियम् (नपुं.)।

ज्ञापक (पुं. तस.) बताने वाला, ज्ञान कराने वाला, Informative, one who communicates knowledge, ज्ञापकः (पुं.)।

ज्ञापित (वि. तस.) सूचित, बताया गया, Informed, notified, announced, ज्ञापित (वि.)।

ज्ञेय (वि. तस.) दे. 'ज्ञातव्य'।

ज्या (स्त्री. तस.) धनुष की डोरी, पृथ्वी, A bow-string, earth, ज्या, पृथ्वी (स्त्री.)।

ज्यादती (स्त्री. फा.) अधिकता, आधिक्य, अत्याचार, Excess, increase, tyranny, आधिक्यम् (नपुं.), अत्याचारः (पुं.)।

ज्यादा (वि. फा.) अधिक, बहुत, Much, many, अधिक, बहु (वि.)।

ज्यामिति (स्त्री. तस.) रेखागणित, ज्योमैट्री, Geometry, ज्यामिति (स्त्री.)।

ज्यूँ (अ. तभ.) ज्यों, जिस समय ही, The same time as, यावदेव (अ.)।

ज्येष्ठ (वि. तस.) सबसे बड़ा, Eldest, greatest, ज्येष्ठ (वि.)।

ज्येष्ठ (पुं. तस.) जेठ का महीना, The third month of the Hindu year, ज्येष्ठमासः (पुं.)।

ज्येष्ठता (स्त्री. तस.) बड़प्पन, Superiority, ज्येष्ठता (स्त्री.)।

ज्येष्ठा (स्त्री. तस.) सबसे बड़ी बहिन, एक नक्षत्र, बीच की उँगली, The eldest sister, a star, the middle finger, ज्येष्ठा (स्त्री.)।

ज्यों (अ. तभ.) दे. 'ज्यूँ'।

ज्योति (स्त्री. तस.) प्रकाश, आलोक, कान्ति, द्युति, Light, radiance, brilliance, ज्योतिः (नपुं.)।

ज्योतिर्मय (वि. तस.) प्रकाश से पूर्ण, Lustrous, brilliant, glittering, starry, ज्योतिर्मय (वि.)।

ज्योतिर्लिङ्ग (पुं. तस.) शिवजी का उपनाम, A title of Lord Shiva, ज्योतिर्लिङ्गः (पुं.)।

ज्योतिर्विद (पुं. तस.) तारकों की गति को जानने वाला, ज्योतिषी, An astrologer, ज्योतिर्विद्, ज्योतिर्वेत्ता (पुं.)।

ज्योतिष् (पुं. तस.) ज्योति, प्रकाश, दे. 'ज्योति'।

ज्योतिश्शास्त्र (पुं. तस.) ज्योतिष विद्या, Astrology, astronomy, ज्योतिश्शास्त्रम् (नपुं.)।

ज्योतिषी (पुं. तस.) दे. 'ज्योतिर्विद्' – ज्योतिषी-षिन् (पुं.)।

ज्योतिष्क (पुं. तस.) नक्षत्र - समूह, Heavenly bodies, ज्योतिष्कम् (नपुं.)।

ज्योतिष्टोम (पुं. तस.) एक प्रकार का यज्ञ, A kind of sacrifice, ज्योतिष्टोमः (पुं.)।

ज्योतिष्मान् (वि. तस.) दे. 'ज्योतिर्मय' – ज्योतिष्मान्-मत् (वि.)।

ज्योत्स्ना (स्त्री. तस.) चाँदनी, कौमुदी, चन्द्रिका, Moonlight, चन्द्रिका, कौमुदी (स्त्री.)।

ज्योनार (पुं. देशी) प्रीतिभोज, जलपान, A feast, an entertainment, प्रीतिभोजः (पुं.), जलपानम् (नपुं.)।

ज्योतिष (वि. तस.) तारों से सम्बन्धित, Pertaining to stars, ज्यौतिष (वि.)।

ज्वर (पुं. तस.) बुखार, Fever, ज्वरः (पुं.)।

ज्वरार्त (वि. तस.) बुखार से पीड़ित, Suffering from fever, ज्वरार्त (वि.)।

ज्वलन्त (वि. तस.) जलता हुआ, चमकता हुआ, देदीप्यमान, स्पष्ट, Burning, shining, clear, ज्वलत्, जाज्वल्यमान, स्पष्ट (वि.)।

ज्वलन (पुं. तस.) अग्नि, Fire, ज्वलनः (पुं.), जलने का कार्य, burning, ज्वलनम् (नपुं.)।

ज्वार (स्त्री. देशी) एक प्रकार का मोटा अन्न, A kind of millet, यावनालः (पुं.)।

ज्वारभाटा (पुं. देशी) समुद्र की लहरों का बढ़ना (ज्वार) और घटना (भाटा), Flood-tide of ocean, वेलायाः वृद्धिक्षयौ (पुं. द्वि.)।

ज्वाला (स्त्री. तस.) लपट, A flame, ज्वाला (स्त्री.)।

ज्वालादेवी (स्त्री. तस.) एक देवी जिसमें से ज्वाला निकलती है और जिसका मन्दिर कांगड़ा के पास स्थित है, A goddess whose temple is near Kangra, ज्वालादेवी (स्त्री.)।

ज्वालामुखी (पुं. तस.) ऐसा पर्वत जिसमें से आग निकलती है, A volcano, a volcanic mountain, ज्वालामुखी पर्वतः (पुं.)।

झ *Jha*

झ (पुं. तस.) चवर्ग का महाप्राण वाला चौथा वर्ण, The fourth letter of ca-group, झः, झकारः (पुं.)।

झंकार, झङ्कार (पुं. तस.) झं झं की ध्वनि, Tinkling sound, झङ्कारः (पुं.)।

झंखाड़ (पुं. अनु.) काँटेदार झाड़ियों का समूह, A group of thorny bushes, कण्टकगुल्मः (पुं.), कण्टकगुल्मम् (नपुं.)।

झंझट (पुं. अनु.) कष्ट, क्लेश, मेहनत, Botheration, difficulty, hardwork, कष्टम् (नपुं.), आयासः, क्लेशः (पुं.)।

झंझनाना (अकर्म. अनु.) झन - झन शब्द करना, To tinkle, to rattle, झनझनाय् (नामधा.) झन- झनायते।

झंझरी (स्त्री. देशी) जालीदार खिड़की, A latticed window, जालमयं वातायनम् (नपुं.)।

झंझा, झञ्झा (पुं. तस.) झकझोरने वाला तूफान, A strong wind and heavy rain, झञ्झा (स्त्री.)।

झंझावात, झञ्झावात (पुं. तस.) दे. 'झञ्झा' — झञ्झावातः (पुं.)।

झंझोड़ना (सकर्म. अनु.) झटके के साथ किसी वस्तु को पटकना, To shake, to give a shaking to, झर्झ् (तुदा. पर.) — झर्झति।

झंडा, झण्डा (पुं. देशी) ध्वज, पताका, वैजयन्ती, A flag, ध्वजः, केतुः (पुं.)।

झंडी, झण्डी (स्त्री. देशी) पताका, वैजयन्ती, छोटा झण्डा, A banner, a small flag, पताका, वैजयन्ती (स्त्री.)।

झंपना (सकर्म. तभ.) छलाँग लगाना, To jump, to leap, कूर्द् (भ्वा. आ.) — कूर्दते।

झँसना (सकर्म. देशी) तेल को शरीर पर मलना, To rub oil, तैलम्+मृद् (क्र्या. पर.) — मृद्नाति।

झँसाना (सकर्म. देशी) शरीर पर तेल मलवाना, To get oil rubbed on the body, मृद्-मर्दय् (प्रे.) — मर्दयति।

झक (पुं. अनु.) हठ, प्रलाप, वहम, Craze, whim, obsession, हठः, प्रलापः आग्रहः (पुं.)।

झकझोरना (सकर्म. अनु.) दे. 'झंझोड़ना'।

झकना (अकर्म. अर.) प्रलाप करना, झगड़ा करना, To chatter, to prattle, प्र+लप् (भ्वा. पर.) प्रलपति, वि+वद् (भ्वा. आ.) — विवदते।

झकोरना (सकर्म. देशी) झटके के साथ हिलाना, To shake violently, झर्झ् (भ्वा. पर.) झर्झति।

झकोरा (पुं. देशी) वायु का झटका, A blast of wind, झर्झरः (पुं.)।

झक्कड़ (पुं. देशी) दे. 'झञ्झा'।

झक्की (पुं. देशी) बहुत बोलने वाला, वहमी, Prattling, whimsical, वावदूकः, वाचालः, दुराग्रही-हिन् (पुं.)।

झख (पुं. तभ.) दे. 'झष'।

झख मारना (सकर्म. देशी) व्यर्थ समय नष्ट करना, To waste time uselessly, वृथा समयं नाशय् (प्रे.) — नाशयति।

झगड़ना (अकर्म. देशी) झगड़ा करना, To quarrel, वि+वद् (भ्वा. आ.) —विवदते, कलहायते।

झगड़ा (पुं. देशी) लड़ाई, विवाद, A quarrel, a dispute, विवादः, कलहः।

झगड़ालू (वि. देशी) झगड़ा करने के स्वभाव वाला, Quarrelsome, litigious, विवादिन्, कलहप्रिय (वि.)।

झगला, झगा (पुं. देशी) शरीर पर धारण करने का खुला कपड़ा, A loose garment, लम्बनिचोलः (पुं.)।

झट (क्रि. वि. तभ.) शीघ्र, जल्दी, Soon, immediately, झटिति, सत्वरम् (अ.)।

झटकना (सकर्म. तभ.) झटका देना, To jerk, to jolt, to wrench, to shake, झट् (भ्वा. पर.) झटति।

झटका (पुं. तभ.) सहसा बलपूर्वक खींचना, A jerk, झटकः (पुं.)।

झटकाना (सकर्म. तभ.) झटका दिलवाना, To cause to jerk, झटय् (प्रे.) — झटयति।

झटकारना (सकर्म. तभ.) दे. 'झटकाना'।

झटपट (क्रि. वि. अनु.) शीघ्रतापूर्वक, झटिति, Very soon, quickly, झटिति, शीघ्रमेव (अ.)।

झटिति (क्रि. वि. तस.) झटपट, तत्काल, Very soon, quickly, झटिति, शीघ्रमेव (अ.)।

झड़ (स्त्री. तभ.) झड़ी, लगातार वर्षा, continuous rain, झरः (पुं.), क्षरणम् (नपुं.)।

झड़ना (अकर्म. तभ.) ऊपर से बहुत सी वस्तुओं का गिरना, To fall down abruptly, to be poured झॄ (क्र्या. पर.) झीर्णाति, क्षर् (भ्वा. पर.) क्षरति।

झड़प (स्त्री. अनु.) टकराव, विवाद, संघर्ष, Quarrel, heat, struggle, कलहः, विवादः, संघर्षः (पुं.)।

झड़पना (सकर्म. अनु.) छीन लेना, झटके से ले लेना, To snatch aggressively away, सहसा अप+हृ (भ्वा.पर.) — अपहरति।

झड़बेरी (स्त्री. तभ.) जंगली बेरों की झाड़ी, A bush of wild plums, झरबदरिकागुल्मः (पुं.), वन्यबदरम् (फलम्)।

झड़वाना (प्रे. तभ.) दूसरे को झाड़ने की प्रेरणा देना, To cause to fall, झारय् (प्रे.) — झारयति, क्षारय् (प्रे.) — क्षारयति।

झड़ी (स्त्री. तभ.) दे. झड़ — झरणम्, क्षरणम् (नपुं.)।

झनझनाना (अकर्म. अनु.) झनझन शब्द करना, To tinkle, to zingle, झनझनाय् (नामधा.), झनझनायते।

झपक (स्त्री. देशी) आँख का बन्द होना, A blink of the eye, a moment, नेत्र-निमीलनम्, क्षणम् (नपुं.)।

झपकना (अकर्म. देशी) आँख का बन्द होना, To blink, to close the eyes नि+मील् (भ्वा. पर.) निमीलति।

झपकाना (सकर्म. देशी) आँख बन्द करना, To blink the eyes, नि+मील् — निमीलय् (प्रे.), निमीलयति।

झपकी (स्त्री. देशी) दे. 'झपक'।

झपट (स्त्री. देशी) झटका, झटके द्वारा ग्रहण, आक्रमण, A pounce, a dash, an assault, झम्पः, (पुं.) सहसाक्रमणम् (नपुं.), आकस्मिकः प्रहारः (पुं.)।

झपटना (अकर्म. देशी) अचानक छीन लेना, आक्रमण करना, To snatch abruptly, to pounce, अपहृ (भ्वा. पर.) सहसा अपहरति, आ+क्रम् (भ्वा. आ.) आक्रमते।

झपटाना (प्रे. देशी) किसी पर सहसा आक्रमण करवाना, To cause to run or to go quickly, सहसा आ+क्रम् — आक्रामय् (प्रे.) —आक्रामयति।

झपट्टा (पुं. देशी) सहसा अपहरण, आक्रमण, A sudden assault, a violent attack, सहसा अपहरणम्, आक्रमणम्।

झप्पड़ (पुं. देशी) थप्पड़, चपेटा, A slap, चपेटः (पुं.), चपेटिका (स्त्री.)।

झबरा (वि. अनु.) लम्बे और गुथे बालों से ढका हुआ, Covered with long and entangled hair, सघनकेश, दीर्घकेश (वि.)।

झबुआ (वि. अनु.) लम्बे बालों वाला, Long haired, सघनकेश, दीर्घकेश, लोमश (वि.)।

झमक (स्त्री. तभ.) चमक, दीप्ति, तेज आवाज, Glittering, a tinkling sound, द्युतिः, आभा, कान्तिः, झङ्कृतिः (स्त्री.)।

झमकना (अकर्म. तभ.) झपकना, To twinkle, नि+मील् (भ्वा. प.) — निमीलति।

झमकाना (सकर्म. तभ.) झपकाना, To make twinkle, नि+मीलय् (प्रे.) — निमीलयति।

झमेला (पुं. देशी) दे. 'झंझट'।

झरना (पुं. तभ.) पानी का स्रोत या नाला, A fountain, a stream, झरः, निर्झरः (पुं.)।

(पुं. तभ.) छानना, A sieve, तितउः (पुं.)।

झरना (अकर्म. तभ.) झर - झर करके बहना, To flow with sound, झर् (भ्वा. पर.) झरति, निर्झरति।

झरनी (पुं. तभ.) छननी, A small sieve, चलनी (स्त्री.)।

झरित (वि. तस.) झरा हुआ, बहा हुआ, Fallen, come down, झरित (वि.)।

झरी (स्त्री. तस.) जलप्रपात, झरी, A waterfall, आसारः, वर्षाप्रपातः (पुं.)।

झरोखा (पुं. अनु.) खिड़की, A window, वातायनम् (नपुं.), गवाक्षः (पुं.)।

झर्झर (पुं. अनु.) एक छोटा ढोल, झाँझरी, A small drum, झर्झरः (पुं.)।

झलक (स्त्री. तभ.) दृष्टिपात, झाँकी, Glimpse, दृष्टिपातः (पुं.), झल्लिका (स्त्री.)।

झलकना (अकर्म. देशी) प्रतीत होना, To become evident, to shine, प्रति+इ-प्रतीयते (कर्मवा.)।

झलना (सकर्म. अनु.) पंखा चलाना, हवा करना, To flap, to move to and fro, वीजय् (चुरा.) — वीजयति।

झलवाना (प्रेरणा. अनु.) पंखा चलवाना, हवा करवाना, To cause to fan, वीजयति।

झल्ला (पुं. देशी) टोकरा, A large basket, कण्डोलः, करण्डकः (पुं.)।

झल्लाना (अकर्म. देशी) नाराज होना, तंग आना, To be displeased, to be irritated, to be angry, कुप् (दिवा. पर.) — कुप्यति, उद्+विज् (भ्वा. आ.) उद्विजते।

झल्ली (स्त्री. देशी) टोकरी, A basket, कण्डोलिका, करण्डिका (स्त्री.)।

झाँई (स्त्री.) छाया, प्रतिबिम्ब, Shadow, reflection, छाया (स्त्री.), प्रतिबिम्बम् (नपुं.)।

झाँकना (अकर्म. देशी) ध्यान से देखना, To peep, नि+रूपय् — निरूपयति, निगूढं पश्यति।

झाँका (पुं. देशी) झाँकने का छिद्र, Peeping hole, the act of peeping, निरूपणच्छिद्रम्, (नपुं.) गवाक्षः (पुं.)

झाँकी (स्त्री. देशी) दृष्टिपात, A glimpse, दृष्टिपातः (पुं.), ईक्षणम् (नपुं.) दृश्य, A scene, दृश्यम् (नपुं.)।

झाँझ (पुं. अनु.) एक बाजा, A small drum, झल्लकम् (नपुं.), झल्लरी (स्त्री.)।

झाँप (स्त्री. देशी) ढक्कन, आवरण, पर्दा, A cover, shutter, a curtain, आच्छादनम्, आवरणम् (नपुं.), तिरस्करणी (स्त्री.)।

झाँपना (सकर्म. देशी) ढकना, पर्दा करना, छिपाना, To cover, to veil, to hide, आ+छादय् (प्रे.) - आच्छादयति, गूहय् (प्रे.)- गूहयति।

झाँपा (पुं. देशी) टोकरा, A crate, a basket, करण्डः, कण्डोलः (पुं.)।

झाँसना (सकर्म. देशी) धोखा देना, To deceive, वञ्चय् (भ्वा. पर.) वञ्चय् — वञ्चयति, प्र+तारय् (प्रे.)— प्रतारयति, छलय्-छलयति (प्रे.)।

झाँसा (पुं. देशी) धोखा, Deception, trickery, वञ्चनम्, प्रतारणम्, छलनम् (नपुं.)।

झाग (स्त्री.) फेन, Foam, फेनः, डिण्डीरः (पुं.)।

झाड़ (पुं. तभ.) बड़ी झाड़ी, झटका कर साफ करने का कार्य, A large bush, sweaping with shaking down, causing to drop or fall, झारः, गुल्मः (पुं.), झारणम्, अवस्कारप्रवारणम् (नपुं.)।

झाड़झंखाड़ (पुं. अनु.) घनी झाड़ियों का समूह, A pile of jinks, a tangled thicket of brambles, गुल्मबाहुल्यम् (नपुं.)।

झाड़न (पुं. तभ.) झाड़ने का साधन, A duster, मार्जनपटः (पुं.), झारणपटः (पुं.)।

झाड़ना (सकर्म. तभ.) धूल आदि को झटकाकर हटाना, To remove dust, dusting, निर्धूली+कृ — निर्धूलीकरोति, अप+मार्जय् — अपमार्जयति।

झाड़-फूँक (स्त्री. देशी) मंत्र द्वारा रोगनिवारण, Casting out an evil spirit through charm and magic, मन्त्रयोगः (पुं.)।

झाड़ा (पुं. देशी) मलमूत्र, Excreta, foul matter, rubbish, sweepings, मलमूत्रम् (नपुं.)।

झाड़ी (स्त्री. तभ.) घनी टहनियों तथा काँटें आदि वाला पौधा, A bush, a shrub, गुल्मः (पुं.)।

झाड़ू (पुं. देशी) सफाई करने का साधन, सम्मार्जनी, A broom, सम्मार्जनी (स्त्री.), शोधनी (स्त्री.)।

झापड़ (पुं. देशी) थप्पड़, चपेट, A slap, चपेटः (पुं.), चपेटिका (स्त्री.)।

झाबा (पुं. देशी) टोकरा, A big basket, woven of straw, कण्डोलः, करण्डः (पुं.)।

झाबी (स्त्री. देशी) टोकरी, A small basket, woven of straw, करण्डिका (स्त्री.)।

झारना (सकर्म. तभ.) दे. 'झाड़ना'।

झालर (स्त्री. तभ.) लटकता हुआ भाग, लटकन, A fringe, border, edging, झल्लरी (स्त्री.)।

झाला (पुं. तभ.) दे. 'जाला'।

झिड़कना (सकर्म. अनु.) धमकाना, To rebuke, to speak snappishly, to browbeat, भर्त्सय् (चुरा.) —भर्त्सयति।

झिड़की (स्त्री. अनु.) धमकी, A rebuke, snapping at; scolding, भर्त्सनम् (नपुं.) भर्त्सना (स्त्री.)।

झिनगा (पुं. अनु.) कीड़ा, A caterpillar, कीटः (पुं.)।

झिरझिरा (पुं. अनु.) झिरझिराता हुआ (कपड़ा), सुराखों से भरपूर, Worn, badly woven, thin, flimsy, भिदुर, भङ्गुर, जीर्ण (वि.)।

झिरना (अकर्म. अनु.) फटते जाना, To be torn, स्फुट् (तुदा. पर.) स्फुटति, वि+दृ (स्वा. प.) — विदीर्यते (कर्मवा.)।

झिरी (स्त्री. तभ.) एक लम्बी और तंग कटान, A crack, chink, slit, damaged by frost, दीर्घच्छेदः (पुं.)।

झिलना (सकर्म. तभ.) सहना, To endure, सह् (भ्वा. आ.) — सहते।

झिलमिल (स्त्री. अनु.) काँपती हुई रोशनी, Flickering, कम्पमानः प्रकाशः (पुं.)।

झिलमिलाना (अकर्म. अनु.) टिमटिमाना, रोशनी का काँपना, To flicker, कम्प् (भ्वा. आ.) — कम्पते।

झिल्ली (स्त्री. तस.) झींगुर, A cricket, a membrane, झिल्ली (स्त्री.), जरायु (नपुं.)।

झींगुर (पुं. अनु.) झी-झीं करने वाला कीट, A cricket, झींकरः (पुं.), झिल्ली (स्त्री.)।

झील (पुं. तभ.) बड़ा सरोवर, जलाशय, A lake, सरोवरः जलाशयः (पुं.)।

झीवर (पुं. तभ.) धीवर, मल्लाह, नाविकः A sailor, a boatman, नाविकः, कैवर्तः (पुं.)।

झुँझलाना (अकर्म. अनु.) क्रोध दिखाना, To be annoyed, to show rage, कुप् (दिवा. पर.) — कुप्यति, क्रुध् (दिवा. पर.) — क्रुध्यति।

झुँझलाहट (स्त्री. अनु.) क्रोध, गुस्सा, असहनशीलता, Rage, anger, lack of endurance, क्रोधः, कोपः, आवेशः (पुं.)।

झुंड, झुण्ड (पुं. तभ.) समूह, रेवड़, A group, a herd, a crowd, a flock, झुण्टः, समूहः, समुदायः (पुं.)।

झुकना (अकर्म. तभ.) नीचे को ओर हो जाना, To bow, to kneel, नम् (भ्वा. पर.) — नमति, युज् (चुरा.) — युज्यते (भाववा.)।

झुकाना (पुं. तभ.) नीचे की ओर करना, नम्र करना, To cause to bow, नमय् (प्रे.) — नमयति।

झुकाव (सकर्म. तभ.) नमन, नति, तरफदारी, Bowing, kneeling, inclination, संयोजनम्, नमनम् (नपुं.) नतिः (स्त्री.) प्रवृत्तिः (स्त्री.)।

झुठलाना (सकर्म. देशी) झूठा सिद्ध करना, To prove one a liar, to cause to appear false, असत्यवक्तारम्- साधय् (प्रे.) — साधयति।

झुठाई (स्त्री. देशी) झूठापन, Falsehood, असत्यभाषणम् (नपुं.)।

झुनझुना (पुं. अनु.) झुनझुन करने वाला बच्चे का खिलौना, छिनकला, A child's rattling toy, झुनझुनकः (पुं.)।

झुनझुनाना (सकर्म. अनु.) झुनझुन करना, To make a tinkling sound, झुनझुनाय् (नामधा.) — झुनझुनायते।

झुमका (पुं. देशी) कान का एक आभूषण, An ear-ornament (bell shaped), एकं कर्णाभूषणम् (नपुं.), तालपत्रम् (नपुं.)।

झुरझुरी (स्त्री. अनु.) कम्पन, Shivering, quivering, कम्पनम्, वेपनम् (नपुं.)।

झुरना (अकर्म. देशी) सूखना, मुरझाना, To wither, to fade, to be dried, म्लै (भ्वा. पर.) म्लायति, म्लानं भवति।

झुरमुट (पुं. अनु.) पेड़ - पौधों का घना समुदाय, A thick Grove, घनः वृक्षसमूहः (पुं.), झुण्टः (पुं.)।

झुर्री (स्त्री. देशी) सिकुड़न, चमड़ी पर सिकुड़न के कारण पड़ी रेखा, Wrinkle, वलिः, वली (स्त्री.)।

झुलना (अकर्म. देशी) झूले का चलना या उसका आनन्द लेना, To enjoy swinging, to swing, दुल् (चुरा. पर.) — दोल्यते (भाववा.)।

झूठ (पुं. देशी) असत्य, मिथ्या, A lie, falsehood, असत्यम् (नपुं.) मिथ्या (अ.)।

झूठन (स्त्री. तभ.) दे. 'जूठन'।

झूठमूठ (वि. अनु.) सर्वथा असत्य, सर्वथा मिथ्या, Lying, falsehood, falsely, vainly, सर्वथा असत्यम् (वि. नपुं.)।

झूठा (वि. देशी) झूठ बोलने वाला, असत्यवक्ता, Liar, असत्यवक्ता-तृ (वि.)।

झूमना (अकर्म. देशी) मस्ती से चलना, To sway, to move imposingly, to be delighted, परि+चल् (भ्वा. पर.) - परिचलति।

झूमर (पुं. देशी) लटकने वाला सिर का आभूषण, An ornament for the forehead or side of the head, इतस्ततः आन्दोल्यमानं भूषणम् (नपुं.)।

झूरना (सकर्म. देशी) पीसना, To grind, to pound, पिश् (तुदा. पर.) — पिंशति, चूर्ण् (चुरा.) — चूर्णयति, पिष् (रुधा. पर.) पिनष्टि।

झूरी (स्त्री. देशी) दे. 'झुर्री'।

झूल (स्त्री. देशी) झूलने वाला वस्त्र, A hanging garment, कुथः (पुं.), परिस्तोमः (पुं.)।

झूलन (स्त्री. देशी) झूलने की क्रिया या उत्सव, Swinging ceremony, दोलोत्सवः (पुं.)।

झूलना (अकर्म. देशी) दे. 'झुलना'।

झूलाना (सकर्म. देशी) दे. 'झुलाना'।

झेंप (स्त्री.) संकोच, लज्जा, Hesitation, shame, संकोचः (पुं.) लज्जा (स्त्री.)।

झेंपना (अकर्म. देशी) संकोच करना, लज्जा अनुभव करना, To hesitate, to feel ashamed, सम्+कुच् (भ्वा. आ.) — संकोचते, लज्ज् (भ्वा. आ.) — लज्जते।

झेलना (सकर्म. देशी) सहना, To endure, सह् (भ्वा. आ.) — सहते।

झोंक (स्त्री. देशी) डालने की क्रिया, Putting into, प्रक्षेपणम् (नपुं.)।

झोंकना (सकर्म. देशी) फेंकना, To throw into, प्र+क्षिप् (भ्वा. पर.) प्रक्षिपति।

झोंका (पुं. देशी) झटका, धक्का, A blow of wind, push, पवनप्रहारः, वायोः आघातः (पुं.)।

झोंपड़ा (पुं. देशी) लकड़ी और पत्तों से बना घर, छप्पर, A hut, a cottage, कुटीरम् (नपुं.)।

झोंपड़ी (स्त्री. देशी) छोटा झोंपड़ा, छपरी, A small hut, a small cottage, पर्णशाला, कुटी (स्त्री.)।

झोल (पुं. देशी) दे. 'झूल'।

झोलना (सकर्म.) पंखा करना, हिलाना, To fan, to cause to move, वीजय्— वीजयति, आन्दोलयति।

झोला (पुं. देशी) थैला, A bag, वस्त्रपुटकी, वस्त्रकोशिका (स्त्री.)।

झौवा (पुं. देशी) दे. 'झाबा'।

ञ *Ña*

ञ (पुं. तस.) यह चवर्ग का पञ्चम अनुनासिक वर्ण है। इसका प्रयोग केवल चवर्गीय वर्णों से पूर्व अनुस्वार के स्थान में विकल्प से होता है, जैसे — चंचल या चञ्चल, इंजन या इञ्जन, संचय या सञ्चय, संजय या सञ्जय। 'ज्ञ' ज्+ञ में भी इस का प्रयोग है जैसे — ज्ञान, विज्ञापन। This is the fifth nasal letter of the च-group and is used only before the letters of चवर्ग in place of अनुस्वार as shown above,, it is also used in ज्ञ = ज्+ञ, as ज्ञान। ञः, ञकारः (पुं.)।

ट *ṬA*

ट (पुं. तस.) टवर्ग का पहला वर्ण, The first letter of Ṭa-group, टः, टकारः (पुं.)।

टंक, टङ्क (पुं. तस.) पत्थर काटने की छेनी, तालाब, टाँग, A sculptor's chisel, a lake, leg, ग्रावदारणः, पाषाणभेदनः, जलाशयः (पुं.), जङ्घा (स्त्री.)।

टंकण, टङ्कण (पुं. तस.) जोड़, मिलान, सुहागा, Soldering, borax, स्थिरीकरणम्, मुद्रणम्, टङ्कणम्, (नपुं.) सुभगः (पुं.)।

टंकणयन्त्र, टङ्कणयन्त्र (पुं. तस.) टाईपराईटर, Typewriter, टङ्कणयन्त्रम् (नपुं.)।

टंकना (अकर्म. तभ.) टिकना, जमना, टाँका लगाना, To stich, to sew, to record, to solder, टकि (चुरा. पर.) — टङ्कयति।

टंकाई (स्त्री. तभ.) टाँका लगाने का कार्य और मजदूरी, The work of setting and wages paid for this work, टङ्कण-कार्यम् तद्वेतनं च।

टंकाना (सकर्म. तभ.) जोड़ना, मिलाना, सीना, To make stich, to make sew, to make solder, टङ्कय् — टङ्कयति।

टंकार, टङ्कार (पुं. अनु.) टनटन की ध्वनि, A tinkling sound, टङ्कारः (पुं.)।

टंकारना (सकर्म. अनु.) धनुष की डोरी से आवाज करना, To twang a bow, टम्+कृ (अनु.) — टङ्करोति।

टंकी (स्त्री. तभ.) पानी आदि को जमा करने का एक बड़ा पात्र, A small tank for storing water or grains etc. टङ्किका।

टंकोरना (सकर्म. अनु.) दे. 'टंकारना'।

टंगड़ी (स्त्री. तभ.) टेढ़ी की हुई टाँग, A curved leg, वक्रीकृता जङ्घा (स्त्री.)।

टंगड़ी अड़ाना (सकर्म. देशी) टाँग को मोड़ कर अड़ाना, किसी के कार्य में दखल देना, To use one's curved leg in wrestling, to interfere in one's work, वक्रीकृतया जङ्घया मल्लयुद्धकरणम्, विघ्नी+कृ— विघ्नीकरोति।

टंगना (अकर्म. देशी) लटकना, To hang, to be hanged, to be suspended, अव+लम्ब् (भ्वा. आ.), — अवलम्बते।

टंगार (पुं. देशी) आत्मश्लाघा, प्रदर्शन, Boasting, self-demonstration, आत्मप्रदर्शनम्, आत्मश्लाघा (स्त्री.)।

टंटा (पुं. अनु.) उपद्रव, लड़ाई-झगड़ा, Struggle, quarrel, उपद्रवः, कलहः।

टकटकी (स्त्री. तभ.) स्थिरदृष्टि, अपलकदृष्टि, A fixed stare, स्थिरदृष्टिः, अनिमेष-दृष्टिः (स्त्री.)।

टकराना (अकर्म. देशी) टक्कर खाना, To strike against, प्रति+हन् (अदा. पर.) — प्रतिहन्ति।

टकसाल (स्त्री. तभ.) टंकशाला, मुद्रण-स्थान, A mint, टङ्कशाला, मुद्राङ्कणशाला (स्त्री.)।

टका (पुं. तभ.) पुराना सिक्का जो दो पैसों के बराबर होता था, धन, A copper coin worth two former paisas, money, टंकः (पुं.), धनम् (नपुं.)।

टकोर (स्त्री. अनु.) दे. 'टङ्कार'।

टकोरना (सकर्म. अनु.) दे. 'टंकारना'।

टक्कर (स्त्री. देशी) टकराव, किसी के साथ धक्का, A push, a collision, knocking, striking, संघट्टः, प्रतिघातः (पुं.)।

टखना (पुं. देशी) पैर की अंदर वाली हड्डी, गुल्फ, The ankle, गुल्फः, घुण्टः, घुटिकः (पुं.)।

टटुआ (पुं.) दे. 'टट्टू'।

टटोरना (सकर्म. देशी) दे. 'टटोलना'।

टटोल (स्त्री. देशी) त्वचा द्वारा खोज, Groping, feeling, स्पर्शः, स्पर्शजो बोधः (पुं.)।

टटोलना (सकर्म. देशी) स्पर्श द्वारा ज्ञान प्राप्त करना, To feel by touching, to grope, त्वचा परा+मृश् (तुदा. पर.) — परामृशति।

टट्टर (पुं. देशी) पर्दा, बाड़, A screen, a fence, तिरस्करिणी, काष्ठभित्तिः (स्त्री.)।

टट्टी (स्त्री. देशी) दे. 'टट्टर', शौचालय, A lavatory, शौचालयः (पुं.)।

टट्टू (पुं. अनु.) छोटे कद का घोड़ा, A pony, क्षुद्रघोटकः, ह्रस्वतुरगः।

टनकना (अकर्म. अनु.) टन-टन की आवाज करना, To tinkle, to jingle, टणटणाय् (अनु.) — टणटणायते।

टनटन (स्त्री. अनु.) घंटी की सी आवाज, Sound like that of a bell, टणटणम् (नपुं.)।

टनटनाना (अकर्म. अनु.) टनटन की आवाज करना, A jingling sound, टण-टणायते।

टपक (स्त्री. देशी) बूँद-बूँद नीचे गिरना, Dropping, dripping, बिन्दुपातः (पुं.), स्रावः (पुं.), स्यन्दनम्, श्च्योतनम् (नपुं.)।

टपकना (अकर्म. देशी) बूँद-बूँद गिरना, To drip, to drop, स्रु (भ्वा. पर.) — स्रवति, स्यन्द् (भ्वा. आ.) — स्यन्दते, श्च्युतिर् (भ्वा. आ.) — श्च्योतते।

टपका (पुं. देशी) वर्षा की बूँद, बूँद, A drop of rain, drop; वर्षाबिन्दुः बिन्दुः (पुं.)।

टपका (पुं. देशी) पक कर गिरा हुआ आम, A fallen ripe mango, पतितं पक्वाम्रम् (नपुं.)।

टपकाना (सकर्म. देशी) बूँद-बूँद गिराना, To cause to drip or to drop, to distil, स्रावय् (प्रे.) — स्रावयति।

टपकाव (सकर्म. देशी) टपकने की क्रिया, Dripping, distilling, स्रावः, स्यन्दः (पुं.), स्रवणम्, स्यन्दनम् (नपुं.)।

टपना (सकर्म. देशी) छलाँग लगाना, To jump over, कूर्द् (भ्वा. आ.) — कूर्दते।

टपाटप (क्रि. वि. अनु.) लगातार, सतत, Continuously, सततम्, निरन्तरम् (क्रि. वि.)।

टपाना (सकर्म. देशी) छलाँग लगवाना, To cause to leap, कूर्दय् (प्रे.)- कूर्दयति।

टप्पा (पुं. अनु.) छलाँग, गीतिका का एक भेद, The distance of a leap, a type of folk song (in Punjab), कूर्दनम् (नपुं.) गीतिकाभेदः (पुं.)।

टब (पुं. इं.) पानी का एक खुला बर्तन, द्रोणि, A tub, टपः (पुं.) द्रोणिः (स्त्री.)।

टब्बर (पुं. देशी) परिवार, A family, परिवारः (पुं.), कुटुम्बः (पुं.), कुटुम्बम् (नपुं.)।

टमाटर (पुं. देशी) लाल वर्ण का सब्जी का खट्टा एक फल, Tomato, रक्तवृन्ताकम् (नपुं.)।

टरकना (अकर्म. देशी) छिप जाना, गायब हो जाना, To disappear, गुह् (भ्वा.) गूहति, अप+गम् — अपगच्छति।

टरकाना (सकर्म. देशी) टालना, To make excuse, to avoid, परि+हृ — परिहरति।

टरटराना (अकर्म. देशी) व्यर्थ में शोर मचाना, Tochatter, टरटराय् (अनु.) - टरटरायते।

टर्राना (अकर्म. देशी) दे. 'टरटराना'।

टलना (अकर्म. तभ.) स्थान से हटना, To be moved, to vanish, टल् (भ्वा. पर.) टलति, वि+चल्-विचलति।

टस से मस न होना (अकर्म.) अपने निश्चय पर दृढ़ रहना, To remain strong on one's verdict, not to yield, to be unchangeable, दृढी+भू — दृढीभवति।

टसक (स्त्री. देशी) टीस, चुभने वाली पीड़ा, A throbbing pain in the body, विध्यद्-वेदना।

टसर (पुं. तस.) त्रसर, एक प्रकार का साधारण रेशमी वस्त्र, A kind of coarse silken cloth, त्रसरः, वस्त्रभेदः (पुं.)।

टहक (स्त्री. देशी) जोड़ों का दर्द, Shooting pain in joints, सन्धिवेदना, सन्धिपीडा (स्त्री.)।

टहना (पुं. देशी) बड़ी शाखा, A big branch, बृहच्छाखा (स्त्री.), वृक्षस्कन्धः (पुं.)।

टहनी (स्त्री. देशी) छोटी शाखा, A small branch, a twig, लघुशाखा (स्त्री.)।

टहल (स्त्री. देशी) सेवा, Service, सेवा (स्त्री.)।

टहलना (अकर्म. देशी) घूमना, फिरना, To go for a walk, भ्रम् (भ्वा. पर.) — भ्रमति, भ्राम्यति।

टहलुआ, टहलू (पुं.) सेवक, नौकर, A servant, an attendant, सेवकः, भृत्यः (पुं.)।

टाँकना (सकर्म. तभ.) जोड़ना, मिलाना, सीना, To join, to sew, to stitch, टकि (चुरा.) टङ्कयति।

टाँका (पुं. तभ.) जोड़, मिलान, सीवन, Joining, sewing, stitching, टङ्कनम् (नपुं.)।

टाँकी (स्त्री. तभ.) छेनी, पत्थर काटने का औजार, A stone-workers chisel, तक्षणी (स्त्री.)।

टाँग (स्त्री. तभ.) लात, जङ्घा, A leg, जङ्घा, टङ्किका (स्त्री.)।

टाँगना (सकर्म. तभ.) लटकाना, To hang, अव+लम्ब् (भ्वा.आ.) — अवलम्बते।

टाँगा (पुं. देशी) दो पहियों वाली सवारी वाली घोड़ागाड़ी, Tonga, अश्ववाहनभेदः (पुं.)।

टाँट (स्त्री. देशी) खोपड़ी, कपाल, The skull, cranium, कपालः (पुं.)।

टाँड (स्त्री. देशी) छत से कुछ नीचे सामान रखने के लिए बनाया गया स्थान, अर्धछदि, नीमछती, A shelf under the roof, platform (in a field) from which corps can be watched, अर्धच्छदिः, अर्धपटली (स्त्री.)।

टाँय-टाँय फिस (स्त्री. देशी) बिना सफलता का कार्य, A flop, निष्फलः कार्यकलापः (पुं.)।

टाइटिल (पुं. इं.) शीर्षक, पदवी, Heading, title, position, शीर्षकम्, पदम् (नपुं.)।

टाइप (पुं. इं.) छपाई का अक्षर, प्रकार, A printing letter, a kind, मुद्रणवर्णः, भेदः (पुं.)।

टाइफाइड (पुं. इं.) आंत्रज्वर, Typhoid fever, आन्त्रज्वरः (पुं.)।

टाईम (पुं. इं.) समय, वक्त, Time, कालः, समयः (पुं.), वेला (स्त्री.)।

टाई (स्त्री. इं.) गलबन्ध, Tie, गलबन्धः (पुं.)।

टाऊन (पुं. इं.) नगर, A town, नगरम् (नपुं.)।

टाट (पुं. देशी) नीचे बिछाने का रस्सियों से बुना वस्त्र, A piece of sacking, sacking, शाणपटः, रज्जुपटः (पुं.)।

टाटर (पुं. देशी) दे. 'टट्टर'।

टाप (स्त्री. अनु.) घोड़े के पैरों की आवाज, छलाँग, The sound of the horse's hooves, a bamboo basket or net (for catching fish), jump, तुरगपादध्वनिः (पुं.), पाशः (पुं.), कूर्दनम् (नपुं.)।

टापू (पुं. देशी) द्वीप, An island, द्वीपः (पुं.), द्वीपम् (नपुं.)।

टाल (पुं. तभ.) ढेर, उपेक्षा, Heap, evasion, निचयः (पुं.), अट्टालः (पुं.), उपेक्षा (स्त्री.), टालनम् (नपुं.)।

टालना, टारना (सकर्म. तभ.) उपेक्षा करना, To overlook, to turn away, to avoid टल् (भ्वा.पर.), टालय् (प्रे.)- टालयति, उप+ईक्ष् (भ्वा.आ.) — उपेक्षते।

टालमटोल (स्त्री. अनु.) उपेक्षा, Postponement, evasion, excuse, उपेक्षा (स्त्री.)।

टिंड, टिंडा (पुं. तभ.) एक गोलाकार सब्जी, A kind of round shaped vegetable, तिन्दिशः, डिण्डिशः (पुं.)।

टिकट (स्त्री. इं.) यात्रापत्र, टिकट, Ticket, यात्रापत्रम् (नपुं.) अनुज्ञापत्रकम् (नपुं.)।

टिकटिकी, टिकटी (स्त्री. तभ.) तीन डण्डों पर खड़ी एक आकृति, A stretcher, a litter, gallows, त्रिकाष्ठी, त्रिपादी (स्त्री.)।

टिकड़ा (पुं. देशी) दे. 'टिक्कड़'।

टिकना (अकर्म. तभ.) स्थिर होना, ठहरना, To stay, to be detained, to be fixed, अव+टिक् (भ्वा. आ.) अवटेकते, स्था (भ्वा. पर.) — तिष्ठति।

टिकाई (स्त्री. तभ.) स्थिरता और स्थिर करने की वृत्ति, Immobility, stability, constancy, स्थिरीकरणम्।

टिकाऊ (वि. तभ.) देर तक चलने वाला, Stable, durable, firm, lasting, स्थायिन्, दृढ (वि.)।

टिकाना (सकर्म. तभ.) स्थिर करना, ठहराना, To detain, to cause to remain, to cause to stop, टिक् (भ्वा.आ.) अव+टेकय् (प्रे.) — अवटेकयति।

टिकाव (पुं. तभ.) दे. 'टिकाई'।

टिकिया (स्त्री. तभ.) वटी, गोली, वटिका, A pill, वटी, गुटिका, वटिका (स्त्री.)।

टिक्कड़ (पुं. देशी) मोटी और बड़ी रोटी, A large thick and flat cake of bread, रोटः (पुं.), रोटकम् (नपुं.)।

टिक्का (पुं. देशी) दे. 'टीका'।

टिक्की (स्त्री. देशी) दे. 'टिकिया'।

टिटिह, टिटिहा, टिटिहरा (पुं. तभ.) ट्रीं-ट्रीं करने वाला एक पक्षी, A male sandpiper, the cry of sandpiper, टिट्टिभः (पुं.)।

टिटिहरी (स्त्री. तभ.) मादा टिटिहा, A hen-sandpiper, टिट्टिभी (स्त्री.)।

टिट्टिभ (पुं. तस.) टिटिहरा, टिटिहा, A lapwing, a sandpiper, टिट्टिभः (पुं.)।

टिड्डा (पुं. तभ.) टिट्टिभ, शलभ, पतंग, A grasshopper, टिट्टिभः, शलभः, शरभः, पतङ्गः (पुं.)।

टिड्डी (स्त्री. देशी) शरभ, शलभ, पतङ्ग, A locust, शिरिः, शरभः, शरभः, पतङ्गः (पुं.)।

टिड्डीदल (पुं. तस.) असंख्य टिड्डियों का समूह, Swarm of locusts, टिड्डीदलम् (नपुं.)।

टिप्पणी (स्त्री. तस.) व्याख्या, भाष्य, Annotation, commentary, व्याख्या, टीका, वृत्तिः (स्त्री.), भाष्यम् (नपुं.)।

टिप्पन, टिप्पनी (स्त्री. तभ.) दे. 'टिप्पणी'।

टिब्बा (पुं. देशी) टीला, A mound, उन्नतभूभागः, लघुपर्वतः (पुं.)।

टिमटिमाना (अकर्म. अनु.) टिमटिम करना, थोड़ा प्रकाश देना, To twinkle, to glimmer, स्फुर् (तुदा. पर.) — प्रस्फुरति।

टिसुआ (पुं. देशी) आँसू, अश्रु, Tears, अश्रु (नपुं.)।

टिहुनी (स्त्री. देशी) दे. 'कोहुनी'।

टीकना (सकर्म. तभ.) माथे पर टीका लगाना, To mark a forehead with round sectarian mark, तिलकी+कृ — तिलकीकरोति।

टीका (पुं. तभ.) माथे पर तिलक का चिह्न, A round ornamental mark on the forehead, commentary, तिलकः-कम् (पुं., नपुं.), टीका (स्त्री.)।

टीका (स्त्री. तस.) दे. 'टिप्पणी'।

टीकाकार (पुं. तस.) व्याख्याकार, वृत्तिकार, टिप्पणीकर्ता, Commentator, annotator, व्याख्याकारः, वृत्तिकारः, व्याख्याता-तृ (पुं.)।

टीन (पुं. इं.) राँग, बंग, जस्ता, जस्ते की चादर, Tin, a sheet of tinned iron, रङ्गम्, बङ्गम्, त्रपु (नपुं.), बङ्गीकृतलोहप्रावारः।

टीप (स्त्री. देशी) छिद्रों में भराई, नकल, Filling up the holes, copying, संधिषु पूरणम् (नपुं.) लेखानुकृतिः (स्त्री.)।

टीपटाप (स्त्री. अनु.) सजावट, Beautification; finishing touch, आडम्बरः, परिष्कारः (पुं.) अलंकरणम् (नपुं.)।

टीपना (सकर्म. देशी) स्थान को भरना, लिखना, धीरे से प्रहार करना, जोर से गाना, To fill in the blank, to write, to hit, to note, to sing loudly, प्रप्ररय्-प्रपूरयति, लिख्-लिखति, शनैः प्रहरति, उच्चैः गायति।

टीम (स्त्री. इं.) दल, समूह, संघ, A team of players, क्रीडकसंघः, क्रीडकगणः, क्रीडकवर्गः।

टीमटाम (स्त्री. अनु.) दे. 'टीपटाप'।

टीस (स्त्री. देशी) चीरने वाली पीड़ा, A throbbing pain, तीक्ष्ण पीड़ा (स्त्री.), दंशपीड़ा (स्त्री.)।

टीसना (अकर्म – सकर्म., देशी) तीखी पीड़ा होना या करना, To throb, to shoot with pain, तीक्ष्णं+पीडय् (चुरा.) तीक्ष्णं पीडयति।

टुकड़ (पुं. देशी) दे. 'टुकड़ा'।

टुकड़तोड़ (वि. देशी) खाऊ, बहुत खाने वाला, दूसरों पर आश्रित, Glutton, dependant, one who lives on scraps (provided by others), अतिभक्षकः, पर - पिण्डोपजीवी-विन् (वि.)।

टुकड़ा (पुं. देशी) खण्ड, अंश, भाग, A piece, अंशः, भागः (पुं.)।

टुकड़ी (स्त्री. देशी) छोटा दल, A small group, fragment.

टुटपुंजिया (पुं. देशी) थोड़े साधनों वाला, A small merchant having small means, अल्पधनः, दरिद्रः।

टूँगना (सकर्म. देशी) किसी छिद्र में भरना, To nibble, to pick at, अन्तः+पृ (जुहो. पर.) — अन्तः पिपर्ति।

टूटना (अकर्म. तभ.) टुकड़े-टुकड़े होना, अलग होना, To be broken, to be separated, त्रुट् (दिवा. पर.) — त्रुट्यति।

टूटा (वि. तभ.) टुकड़े हुआ हुआ, अलग हुआ हुआ, Broken, separated, त्रुटित, भग्न, (वि.)।

टेंटुआ (पुं. देशी) कंठ, गला, श्वासनली, Throat, wind pipe, कण्ठः, गलः (पुं.), श्वासनलिका (स्त्री.)।

टें-टें (स्त्री. अनु.) तोते की आवाज, Chattering of a parrot, शुकध्वनिः, कीररावः (पुं.)।

टेक (स्त्री. तस.) सहारा, आश्रय, Support, help, टेकः, आश्रयः, सहायकः (पुं.)।

टेकना (अकर्म. तभ.) रखना, टिकाना, To support, to lean on, टिक् (भ्वा. आ.) — टेकते।

टेटेनस (पुं. इं.) एक रोग जिसमें शरीर अकड़ जाता है, A disease in which the body stiffens, tetanus, धनुर्वातः, प्रतानः (पुं.)।

टेढ़ा (वि. तभ.) तिरछा, वक्र, कुटिल, Twisted, slanting, crooked, वक्र, कुटिल, तिर्यक् (वि.)।

टेढ़ापन (पुं. देशी) वक्रता, कुटिलता, तिरछापन, Obliqueness, slant, crookedness, वक्रता, कुटिलता, (स्त्री.) तिर्यक्त्वम् (नपुं.)।

टेटुआ (पुं. देशी) दे. 'टेंटुआ'।

टेबुल (पुं. इं.) मेज, मञ्च, A table, मञ्चः, पादफलकः (पुं.) पादफलकम् (नपुं.)।

टेनिस (स्त्री. इं.) एक खेल का नाम, Tennis, कन्दुकक्रीडाभेदः (पुं.)।

टेरना (सकर्म.) पुकारना, जोर-जोर से बुलाना, To call loudly, उच्चैः आह्वय्-आह्वयति, आकारय्-आकारयति।

टेलिग्राफ़ (पुं. इं.) तार-समाचार, Telegraph, तारसमाचारः (पुं.)।

टेलीपैथी (स्त्री. इं.) दूसरे के चित्त को जानना, Telepathy, अन्यचित्तज्ञानम् (नपुं.)।

टेलीप्रिंटर (पुं. इं.) दूरमुद्रक, Teleprinter, दूरमुद्रकम् (नपुं.)।

टेलिफोन (पुं. इं.) दूरभाष, Telephone, दूरभाषः (पुं.)।

टेलिविज़न (पुं. इं.) दूरदर्शन, Television, दूरदर्शनम् (नपुं.)।

टेलिस्कोप (पुं. इं.) दूरबीन, Telescope, दूरवीक्षणम् (नपुं.)।

टेव (स्त्री. देशी) आदत, व्यसन, Habit, custom, अभ्यासः (पुं.), रुचिः (स्त्री.)।

टेवा (पुं. देशी) जन्मपत्री, Horoscope, जन्मपत्री, जन्मपत्रिका (स्त्री.)।

टेसू (पुं. तभ.) दे. 'केसू' — किंशुकः (पुं.)।

टैक्स (पुं. इं.) कर, लगान, A tax, करः, राज्यभागः (पुं.) राज्यदेयम् (नपुं.)।

टोंटा (पुं. देशी) नल, A spout, a pipe, नली, नलिका (स्त्री.), नलः (पुं.)।

टोंटी (स्त्री. देशी) दे. 'टोंटा'।

टोआ-टोई (स्त्री. देशी) छानबीन, खोज का कार्य, Groping, searching, feeling, अन्वेषण - कार्यम् (नपुं.)।

टोक (स्त्री. देशी) रुकावट, विघ्न, Hindrance, obstruction, विघ्नः, अन्तरायः (पुं.)।

टोकना (सकर्म. देशी) बीच में रोकना, रुकावट डालना, To meddle, to prevent, to hinder, रुध् (रुधा. उभ.) — रुणद्धि, विघ्नी+कृ — विघ्नीकरोति।

टोकना (पुं. देशी) टोकरा, A big basket, a wide mouthed brass or copper vessel (for water), करण्डः, कण्डोलः (पुं.)।

टोकनी (स्त्री. देशी) टोकरी, A small basket, कर-ण्डिका, कण्डोलिका (स्त्री.)।

टोकरा (पुं. देशी) दे. 'टोकना'।

टोकरी (स्त्री. देशी) दे. 'टोकनी'।

टोका (पुं. तभ.) चरी आदि काटने का औजार, An instrument to cut the fodder into pieces, त्रोटकः, कृन्तकः, खण्डकः (पुं.)।

टोटका (पुं. देशी) जादू, A spell, a charm, a magical practice, मन्त्रः (पुं.), इन्द्रजालम् (नपुं.)।

टोटल (पुं. इं.) योगफल, जमा रकम, Total, योगः (पुं.), परिसंख्या (स्त्री.)।

टोटा (पुं. तभ.) त्रुटि, कमी, न्यूनता, टुकड़ा, Loss, deficiency, harm, a part or portion, त्रुटिः, न्यूनता, हानिः (स्त्री.), खण्डः, भागः (पुं.)।

टोनहा (पुं. देशी) जादूगर, मंत्र-जंत्र चलाने वाला, A juggler, a magician, a sorcerer, ऐन्द्रजालिकः, मन्त्रवेत्ता-तृ (पुं.)।

टोनहाई (स्त्री. देशी) जादूगरनी, A lady juggler, a sorceress, ऐन्द्रजालिकी, मन्त्रवेत्री (स्त्री.)।

टोना (पुं. देशी) दे. 'टोटका'।

टोप (पुं. इं.) अंग्रेजी शिरोवस्त्र, A hat, टोपम्, आंग्लीयशिरस्कम् (नपुं.)।

टोपी (स्त्री. देशी) सिर को ढकने का सिला वस्त्र, A cap, टोपी (स्त्री.) शिरस्कम् (नपुं.)।

टोरना (सकर्म. तभ.) दे. 'तोड़ना'।

टोला (पुं. देशी) नगर का एक भाग, वर्ग, गण, Part of a town or city, a group, नगरभागः (पुं.), वर्गः, समूहः (पुं.)।

टोली (स्त्री. देशी) मण्डली, टुकड़ी, A group, party, flock, quarter of a town or village, मण्डली (स्त्री.)।

टोह (स्त्री. देशी) खोज, छानबीन, अन्वेषण, Search, investigation, अन्वेषणम्, गुप्तनिरीक्षणम् (नपुं.)।

टोही (पुं. देशी) छानबीन करने वाला, Investigator, searcher, अन्वेषकः (पुं.)।

टोहना (सकर्म. देशी) छानबीन करना, खोजना, To search for, to grope, to feel, अनु+इष् (दिवा. पर.) —अन्विष्यति।

ठ Ṭha

ठ (पुं. तस.) टवर्ग का दूसरा वर्ण, The second letter of the ट group, ठः, ठकारः (पुं.)।

ठंठ (वि. देशी) दे. 'ठूंठ'।

ठंठार (वि. देशी) खाली, रिक्त, Empty, रिक्त (वि.)।

ठंठी (स्त्री. देशी) बछड़े के मर जाने पर भी दूध देने वाली गाय, The cow which gives milk even when her calf is dead, अवत्साऽपि दुग्धदात्री धेनुः (स्त्री.)।

ठंड, ठंडक (स्त्री. देशी) दे. 'ठंढ, ठंढक'।

ठंडा (वि. देशी) दे. 'ठंढा'।

ठंडई (स्त्री. देशी) दे. 'ठंढाई'।

ठंढ (स्त्री. देशी) शीत, सर्दी, Cold, शैत्यम् (नपुं.)।

ठंढक (स्त्री. देशी) शीतता, शैत्य, सर्दी, Cold, शैत्यम् (नपुं.), शीतता (स्त्री.)।

ठंढा (वि. देशी) ठंडा, शीत, शीतल, Cool, cold, शीत, शीतल (वि.)।

ठंढाई (स्त्री. देशी) ठंढक पहुँचाने वाला पेय, A cooling drink containing certain ground spices शीतपेयम् (नपुं.)।

ठकठक (स्त्री. अनु.) किसी वस्तु पर दूसरी वस्तु के मारने की आवाज, Repeated knocking, ठकठकध्वनिः (पुं.)।

ठकठकाना (सकर्म. अनु.) थपथपाना, दरवाजे आदि पर चोट मारना, To knock, to rattle, ठकठकाय् (नामधा.) — ठकठकायते।

ठकुरसोहाती (स्त्री. देशी) खुशामद, Flattery, coaxing, चाटुकारिता (स्त्री.)।

ठकुराइन (स्त्री. देशी) ठाकुर की पत्नी, The wife of a Ṭhakur, ठक्कुरभार्या (स्त्री.)।

ठकुराई (स्त्री. देशी) भूस्वामित्व, प्रभुता, आधिपत्य, The estate of a landlord, the rank or status of a thākur, supremacy, भू-स्वामित्वम्, आधिपत्यम्, प्रभुत्वम् (नपुं.)।

ठकुरानी (स्त्री. देशी) दे. 'ठकुराइन'।

ठकुराय (अ. देशी) ठोकर मार कर, ठुकरा कर, Leaving aside, kicking away, आहत्य, आघातं कृत्वा, सर्वथा परित्यज्य (अ.)।

ठकुरायत (स्त्री. देशी) दे. 'ठकुराई'।

ठक्कर (स्त्री. देशी) दे. 'टक्कर'।

ठक्कुर (पुं. देशी) ठाकुर, स्वामी, ब्राह्मणों की एक जाति, A landlord, a master, a sub-caste of Brahmins, ठक्कुरः (पुं.)।

ठग (पुं. देशी) वञ्चक, धोखेबाज, A cheat, a robber, a villain, a swindler, वञ्चकः, धूर्तः (पुं.)।

ठगई (स्त्री. देशी) दे. 'ठगी'।

ठगना (सकर्म. देशी) To cheat, to deceive, वञ्च् (चुरा. आ.) — वञ्चयते, प्रतारयति।

ठगनी (स्त्री. देशी) ठगने वाली, The wife of a cheat, a woman who deceives, a seductive woman, वञ्चिका, प्रतारिका (स्त्री.)।

ठगवाना (प्रेरणा. देशी) ठगा जाना, To be cheated, to be deceived, वञ्च्यते, प्रतार्यते (कर्मवा.)।

ठगविद्या (स्त्री. देशी) ठगने की कला, The science of cheating, trickery, वञ्चकविद्या (स्त्री.)।

ठगाना (प्रेरणा. देशी) दे. 'ठगवाना'।

ठगाही (स्त्री. देशी) धोखेबाजी, वञ्चन, Deceit, fraud, वञ्चनम्, प्रतारणम् (नपुं.)।

ठगिन, ठगिनी (स्त्री. देशी) दे. 'ठगनी'।

ठगिया (पुं. देशी) दे. 'ठग'।

ठगी (स्त्री. देशी) धोखेबाजी, ठगने की क्रिया, Deception, fraud, cheating, वञ्चनम्, प्रतारणम् (नपुं.)।

ठगोरी (स्त्री. देशी) दे. 'ठगी'।

ठट (स्त्री. देशी) दे. 'ठठ'।

ठटना (अकर्म. तभ.) खड़ा होना, स्थित रहना, To stay, स्थगनी+भू — स्थगनीभवति, तिष्ठति।

ठठरी (स्त्री. देशी.) पञ्जर, शरीर का ढांचा, Skeleton, अस्थिपञ्जरम् (नपुं.)।

ठट्ठा (पुं. देशी) उपहास, मखौल, Fun, joke, jest, उपहासः (पुं.) परिहासवचनम् (पुं.)।

ठट्ठेबाज (पुं. देशी.) मखौली, विनोदप्रिय, A facetious; a joker, हासप्रियः, विनोद-शीलः (पुं.)।

ठठ (पुं. देशी) इकट्ठा किया सामान, समुदाय, ढेर, A heap of several things, crowd, community, पदार्थसमूहः, घनौघः।

ठठकना (अकर्म. देशी) दे. 'ठिठकना'।

ठठेरिन (स्त्री. अनु.) ठठेरे की पत्नी, Wife of a brazier, पात्रकारपत्नी (स्त्री.)।

ठठेरा (पुं. अनु.) पीतल और ताम्बे आदि के पात्र बनाने वाला, A brazier, धातुपात्रकारः, ताम्रकारः, कांस्यकारः (पुं.) पात्रकारः (पुं.)।

ठठेरी (स्त्री. अनु.) धातुपात्र घड़ने का व्यवसाय, Profession of a brazier, पात्रकार-व्यवसायः (पुं.)।

ठठोली (स्त्री. देशी) उपहास, मखौल, Fun, joke, jest, उपहासः, परिहासः (पुं.)।

ठड्डा, ठढ्ढ़ (वि. तभ.) दे. 'खड़ा'।

ठनक (स्त्री. अनु.) ठन-ठन की आवाज, टीस, पीड़ा, The sound made by beating a drum, throbbing pain, ठणत्कार-ध्वनिः (पुं.) तीक्ष्णवेदना (स्त्री.)।

ठनकना (अकर्म. अनु.) ठन-ठन होना, To strike on a drum, ठणठणाय् (अनु.) – ठणठणायते।

ठनकाना (सकर्म. अनु.) ठन-ठन करना, To beat on a drum, ठणठणीकरोति।

ठनकार (स्त्री. देशी) दे. 'ठनक' – ठणत्कारः (पुं.)।

ठन-ठन गोपाल (पुं. देशी) सर्वथा दरिद्र, धनहीन व्यक्ति, A penniless person, दरिद्रः, निर्धनः।

ठनना (अकर्म. देशी) निश्चित होना, To be certain, निश्चिती+भू-निश्चितीभवति।

ठपका (पुं. देशी) दे. 'थपकी'।

ठपना (सकर्म. तभ.) स्थापित करना, स्थिर करना, To close, to clap, स्थिरी+कृ स्थिरीकरोति, स्थापय्-स्थापयति।

ठपना (सकर्म. तभ.) बन्द कर देना, तह करना, To close, to fold up, सं+वृ (स्वादि. उभ.) – संवृणोति, संपुटी+कृ, संपुटीकरोति।

ठप्पा (पुं. तभ.) मुद्रण करने का साधन और, A stamp, an impression, स्थापः (पुं.) मुद्रापः (पुं.)।

ठरना (अकर्म. देशी) तेज सर्दी अनुभव करना, To feel severe cold, अधिकशैत्यम्-अनु+भू, अनुभवति।

ठर्रा (पुं. देशी) निकृष्ट शराब, आधी पकी ईंट, A cheap spirituous liquor, a half baked brick, अर्धपक्वा इष्टका, निकृष्टा सुरा (स्त्री.)।

ठस (वि. देशी) मोटा, घना, घना बुना हुआ, Thick, densely woven, स्थूल, सुसंहत, घन (वि.)।

ठसमठस, ठसाठस (वि. देशी) खूब ठूँस कर भरा हुआ, Filled up to the brim, परिपूर्ण (वि.)।

ठस्सा (पुं. देशी) अहंकार, दर्प, आडम्बर, Pride, arrogance, vanity, अहङ्कारः, दर्पः, आडम्बरः (पुं.)।

ठहरना (अकर्म. तभ.) रुकना, To stay, स्थिरी+भू – स्थिरीभवति।

ठहराई (स्त्री. तभ.) रुकने की क्रिया और वेतन, Stay, wages for the stay, अवस्थितिः, एतद् वृत्तिश्च।

ठहराना (सकर्म. तभ.) रोकना, To bring to a halt, to stop, स्थिरी+कृ – स्थिरीकरोति, अव- स्थापय् - अवस्थापयति।

ठहराव (पुं. तभ.) रुकने का कार्य, फैसला, Stability, durability, agreement, अवस्थितिः (स्त्री.), निवेशः, समयः (पुं.), निर्धारणम् (नपुं.)।

ठहाका (पुं. देशी) जोर की हँसी, अट्टहास, Loud laugh, अट्टहासः।

ठाँव (पुं. देशी) स्थान, जगह, Place, स्थानम् (नपुं.)।

ठाँसना (अकर्म. तभ.) दे. 'खाँसना'।

ठाकुर (पुं. तभ.) ईश्वर, जगदीश, स्वामी, मान्य व्यक्ति, पूज्य मूर्ति, God, a deity, master, respectable person, idol, ठक्कुरः (पुं.)।

ठाकुरी (स्त्री. तभ.) स्वामित्व, प्रभुत्व, Lordship, dignity, rightfulness, ठक्कुरत्वम् (नपुं.)।

ठट (पुं. देशी) घासफूस का छत, छप्पर, सजावट, Thatched roof, beautification, तृणपटलम्, अलङ्क्रिया (स्त्री.) आडम्बरः (पुं.)।

ठाटना (अकर्म. देशी) सजावट करना, सजना-धजना, बनाना, To fashion, to dress, to make.

ठाड़ा (वि. तभ.) दे. 'खड़ा'।

डाढ़ (वि. तभ.) दे. 'खड़ा'।

ठान (स्त्री. तभ.) निश्चय, सङ्कल्प, आरम्भ, Resolution, determination, beginning, निश्चयः, सङ्कल्पः आरम्भः (पुं.)।

ठानना (सकर्म. तभ.) निश्चय करना, To determine, निः+चि (स्वादि. उभ.) — निश्चिनोति निश्चिनुते।

ठाम (पुं. तभ.) स्थान, जगह, Place, स्थानम् (नपुं.)।

ठार (स्त्री. देशी) बहुत शैत्य, तेज ठंढक, Severe cold, अतिशैत्यम् (नपुं.)।

ठाला (पुं. देशी) निकम्मा, निठल्ला, बेरोज़गार, Unemployed, व्यवसायहीनः (पुं.)।

ठाली (वि. देशी) खाली बैठा हुआ, निठल्ला, रोज़गारहीन, Unemployed, व्यवसायहीनः (पुं.)।

ठिंगना (वि. देशी) बौना, छोटे कद का, Dwarfish, unusually short of stature, वामन, खर्व, ह्रस्वकाय (वि.)।

ठिकना (अकर्म. देशी) ठहरना, To stay, स्था (भ्वा. पर.) — तिष्ठति, अवरुध्यते (कर्मवा.)।

ठिठक (स्त्री. देशी) संकोच, आशंका, Hesitation, reluctance, संकोचः (पुं.), आशंका (स्त्री.)।

ठिठकना (अकर्म. देशी) संकोच करना, भय अनुभव करना, To hesitate, to shrink, to stand still, सं+कुच् (भ्वा. आ.) संकोचते, आ+शंङ्क् (भ्वा. आ.) आशङ्कते।

ठिठरना, ठिठुरना (अकर्म. देशी) सर्दी अनुभव करना, To feel cold, to tremble, शैत्यम्+अनुभू — अनुभवति, कम्पते, वेपते।

ठिठोलिया (पुं. देशी) मखौल करने वाला, One who cuts jokes, हासप्रियः, विनोदप्रियः।

ठिठोली (स्त्री. देशी) हँसी, मजाक, A joke, fun, jest, उपहासः, परिहासः (पुं.)।

ठिरना (अकर्म. देशी) दे. 'ठिठुरना'।

ठिलना (अकर्म. देशी) चल पड़ना, धकेला जाना, To be pushed, to start, चलितुम्-प्रेर्यते, चलितुम्-आरभते।

ठिल्ला (पुं. देशी) मिट्टी का एक बड़ा बर्तन, A big earthen pot, बृहत्मृत्पात्रमेकम्।

ठिल्ली (स्त्री. देशी) मिट्टी का छोटा एक बर्तन, A small earthen pot, लघुमृत्पात्रमेकम्।

ठीक (वि. देशी) उचित, अनुकूल, Just, fit, उचित, अनुकूल (वि.)।

ठीकठाक (वि. अनु.) सर्वथा उपयुक्त, पूर्णतः स्वस्थ, पूर्णतः शुद्ध, Quite just, safe and sound, fully correct, सर्वथा — उपयुक्त, स्वस्थ, शुद्ध (वि.)।

ठीकरा (पुं. देशी) मिट्टी के बर्तन का टुकड़ा, अनुपयोगी वस्तु, A piece of an earthen pot, useless thing, मृत्पात्रखण्डम्, वृथा वस्तु (नपुं.)।

ठीकरी (स्त्री. देशी) दे. 'ठीकरा'।

ठीका (पुं. देशी) दे. 'ठेका'।

ठीवन (पुं. तभ.) थूक, ष्ठीवन, A spit, ष्ठीवनम् (नपुं.)।

ठीहा (पुं. देशी) लकड़ी का वह आधार जिस पर बढ़ई काम करता है, A wooden structure on which a carpenter works, तक्षक-कार्याधारः।

ठुकना (अकर्म. अनु.) अन्दर घुस जाना, To be struck into, आपातेन अन्तः प्र+विश् — प्रवेश्यते (कर्मवा.)।

ठुकराना (सकर्म. देशी) एक तरफ कर देना, छोड़ देना, उपेक्षा करना, To make away, to reject, to overlook, एकतः कृ-करोति, त्यज्-त्यजति, उप+ईक्ष्-उपेक्षते।

ठुड्डी (स्त्री. देशी) ठोड़ी, A chin, हनुः, हनू (स्त्री.), चिबुकम् (नपुं.)।

ठुमुक (पुं. देशी) शिशु की गति, An affected gait (as in dancing or of children), stately gait, शिशु-चलनम्।

ठुमुकना (अकर्म. देशी) शिशु के समान मौज में चलना, To walk gracefully like a child, शिशुरिव सविलासम् चल् — चलति।

ठुमुका (वि. देशी) बौना, ह्रस्व, Dwarfish, वामन, खर्व, (वि.)।

ठुमरी (स्त्री. देशी) एक प्रकार की गीतिका, A type of song, गीतिकाभेदः (पुं.)।

ठुसना (सकर्म. देशी) थोड़े स्थान में अधिक वस्तु का आना, To be crammed, अत्यधिकं प्रविश्-प्रवेश्यते (कर्मवा.)।

ठुग, ठूँग (स्त्री. देशी) पक्षी की चोंच, The beak of a bird, विहगचञ्चुः (स्त्री.)।

ठूँठ (पुं. तभ.) पत्रहीन वृक्ष, पत्तों से रहित, Leafless tree, a stunted tree, stump, पत्रहीनः वृक्षः (पुं.), स्थाणुः (पुं.)।

ठूँठा (वि. देशी) पत्रहीन, शाखाहीन, Leafless, reduced to a stump, without branches, पत्रहीन, शाखारहित (वि.)।

ठूँसना (सकर्म. देशी) भरते जाना, To cram into, to force down or into, अधिकं प्र+वेशय् (प्रे.) — प्रवेशयति।

ठेंगा (पुं. तभ.) अंगूठा, अंगुष्ठ, A thumb, अङ्गुष्ठः (पुं.)।

ठेका (पुं. देशी) उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी, संविद् Contract, उत्तरदायित्वम् (नपुं.) संविद् (स्त्री.)।

ठेकेदार (पुं. देशी) उत्तरदायी, जिम्मेदार, Contractor, उत्तरदायी-यिन् (पुं.) कृतसमयः, संवित् - कर्ता-तृ (पुं.)।

ठेठ (वि. देशी) विशुद्ध, Quite pure, विशुद्ध (वि.)।

ठेलना (सकर्म. देशी) गति देना, चलाना, धक्का देना, To cause to move, to cause to start, to push, चल् (भ्वा. पर.) — चालय् (प्रे.) — चालयति, अपसारयति।

ठेला (पुं. देशी) हाथ की गाड़ी, A cart, trolley, wheelbarrow, हस्त - शकटी (स्त्री.)।

ठेलमठेल (पुं. देशी) धक्कमधक्का, With much shocking, rush, अत्यधिको जनसम्मर्दः (पुं.)।

ठेस (स्त्री. देशी) चोट, पीड़ा, ठोकर, Stroke, pain, blow, आघातः (पुं.), पीडा (स्त्री.), वेदना (स्त्री.)।

ठेहरी (स्त्री. देशी) दे. 'देहरी'।

ठेहुना (पुं. देशी) घुटना, A knee, जानु (नपुं.)।

ठोंकना (सकर्म. अनु.) दे. 'ठोकना'।

ठो (अ. देशी) मात्र, Only, मात्रम् (अ.)।

ठोकर (स्त्री. अनु.) टक्कर, A kick, a dash, a blow, a knock, संघट्टः, प्रतिघातः (पुं.)।

ठोकरा (वि. देशी) कठोर, सख्त, Hard, stiff, कठोर, कर्कश (वि.)।

ठोड़ी, ठोढ़ी (स्त्री. देशी) ठुड्डी, A chin, हनुः, हनू (स्त्री.) चिबुकम् (नपुं.)।

ठोस (वि. देशी) खूब भरा हुआ, सख्त, शक्तिशाली, Quite full, hard, solid, dense, परिपूर्ण, कठोर, शक्तिमय, छिद्ररहित (वि.)।

ठोहना (सकर्म. देशी) दे. 'टोहना'।

ठौका (पुं. देशी) सिंचाई के लिए पानी ऊपर उठाने का स्थान, The place for lifting water for irrigation, सिञ्चनार्थं जलोदञ्चनस्थानम् (नपुं.)।

ठौनि (स्त्री. देशी) खड़ा होने का ढंग, Mode of standing, उत्थानविधिः (पुं.)।

ठौर (पुं. देशी) ठिकाना, आश्रय, स्थान, Abode, place of residence, locality, आवासः, आश्रयः, निवासः (पुं.)।

ड *Ḍa*

ड (पुं. तस.) टवर्ग का तीसरा वर्ण, The third letter of ट group, डः, डवर्णः (पुं.)।

डंक (पुं. तभ.) दंश, चुभन, A sting, दंशः (पुं.)।

डंकना (अकर्म. तभ.) डंक चुभोना, To sting, दंश् (तुदा. पर.) — दंशति।

डंका (पुं. तभ.) ढक्का, बड़ा ढोल, दुन्दुभि, A Kettle drum, ढक्का (स्त्री.), डिण्डिमः (पुं.), दुन्दुभिः (स्त्री.)।

डँकिनी (स्त्री. देशी) दे. 'डाकिनी'।

डंगर (पुं. देशी) पशु, जानवर, असभ्य व्यक्ति, An animal, an uncivilized person, पशुः, असभ्यः मनुष्यः (पुं.)।

डंगज्वर (पुं. तभ.) मच्छर के काटने से उत्पन्न बुखार, Dengue fever, दंशज्वरः (पुं.)।

डंठल (पुं. तभ.) डंडी, काण्ड, वृन्त, A stem, a small shoot of a plant, वृन्तम्, काण्डम्, नालम् (नपुं.)।

डंड (पुं. तभ.) दण्ड, व्यायाम का एक प्रकार, A stuff, a stick, a kind of exercise, लगुडः, दण्डः (पुं.) दण्ड-व्यायामः (पुं.)।

डंडपेल (पुं. तभ.) दण्ड का व्यायाम करने वाला, पहलवान, A wrestler, मल्लः (पुं.)।

डंडा (पुं. तभ.) सोटा, दण्ड, A staff, a pole, दण्डः (पुं.), लगुडः (पुं.)।

डंडाल (पुं. देशी) बड़ा ढोल, A kettle drum, दुन्दुभिः (स्त्री.), ढक्का (स्त्री.)।

डँडिया (स्त्री. तभ.) डंठल, डंडी, Stalk or a main stem, वृन्तम्, काण्डम् (नपुं.)। (पुं. तभ.) कर उगाहने वाला, Tax collector, करोद्ग्राहकः, शुल्कसंग्राहकः (पुं.)।

डंडी (स्त्री. तभ.) छोटी सोटी, डंठल, A thin stick, stalk, दण्डिका (स्त्री.), वृन्तम् (नपुं.)।

डंडोरना (सकर्म. देशी) छानबीन करना, To make a search, अनु+इष् (दिवा. पर.) — अन्विष्यति।

डंबर, डम्बर (पुं. तस.) घेराव, दिखावा, आडम्बर, बड़ा तम्बू, Display, vanity, pomp and show; a big tent, प्रदर्शनम् (नपुं.), आडम्बरः (पुं.), पटवितानम् (नपुं.)।

डँवाडोल (वि. अनु.) अस्त-व्यस्त, अव्यवस्थित, अनिश्चित, Upset, uncertain, अस्त-व्यस्त, अव्यवस्थित, अनिश्चित (वि.)।

डंस (पुं. तभ.) दंश, डंक, A sting, दंशः (पुं.)।

डकारना (अकर्म. अनु.) गाय-बैल का बोलना, डकार मारना, हड़पना, To bellow, to swallow, डकारय् – डकारयति, नि+गृ (भ्वा. पर.) निगरति।

डकैत (पुं. देशी) डाकू, लुटेरा, A robber, दस्युः (पुं.), लुण्ठकः (पुं.)।

डकैती (स्त्री.) डाका, लूट, Robbery, dacoity, banditry, दस्युकर्म (नपुं.) लुण्ठनम् (नपुं.)।

डग (पुं. देशी) कदम, पग, Step, a foot, पादः, चरणः (पुं.)।

डगमगाना (अकर्म.) डाँवाडोल होना, अस्थिर होना, To wave, to become uncertain, अस्थिरी+भू - अस्थिरीभवति, वि+चल् (भ्वा. पर.) – विचलति।

डगर (पुं. देशी) रास्ता, मार्ग, Way, passage, मार्गः, पन्थाः (पुं.)।

डगरना (अकर्म. देशी) चलना, यात्रा करना, To walk, to travel, चल् (भ्वा. पर.) चलति, गम् (भ्वा. पर.) – गच्छति।

डगा (पुं. देशी) ढोल पीटने की डंडी, A stick used to beat a drum, भेरी-दण्डिका (स्त्री.)।

डगाना (सकर्म. देशी) दे. 'डिगाना'।

डट (पुं. देशी) निशान, चिह्न, Sign, a mark, चिह्नम् (नपुं.), अङ्कः (पुं.)।

डटना (अकर्म. देशी) स्थिर होना, मुकाबला करना, To stand bravely, to oppose, सम्मुखी+भू – सम्मुखीभवति, सामुख्यं-करोति।

डट्टा (पुं. देशी) डाट, A plug, a stopper, छिद्रपिधानम् (नपुं.) अवरोधः (पुं.)।

डढ्यार (वि. देशी) दे. 'डढ़ियल'।

डढ़न (पुं. तभ.) दहन, ज्वलन, जलना, Burning, दहनम्, ज्वलनम् (नपुं.)।

डढ़ना (अकर्म. सकर्म. तभ.) जलना, जलाना, To burn, to scorch, ज्वल् (भ्वा. पर.) ज्वलति, दह् (भ्वा. पर.) दहति।

डढ़ियल (पुं. देशी) बड़ी दाढ़ी वाला, Having a long beard, लम्बकूर्चधरः (पुं.)।

डपट (स्त्री. देशी) धमकी, A rebuke, भर्त्सना (स्त्री.), भर्त्सनम् (नपुं.)।

डपटना (सकर्म. देशी) धमकाना, To rebuke, भर्त्स् (चुरा. पर.) – भर्त्सयति।

डपोरसंख (वि. देशी.) बड़ी-बड़ी प्रतिज्ञाएँ करके भी उन्हें न निभाने वाला, बुद्धू, Inspite of promising frequently who does not fulfil them, stupid, असत्यप्रतिज्ञाः, बालबुद्धिः (वि. पुं.)।

डफ, डफला (पुं. अनु.) डफ, एक प्रकार की ढोलक, A tomtom; a drum, डफम्, (नपुं.) लघुडिण्डिमः (पुं.)।

डफली (स्त्री. देशी) एक छोटी ढोलक, A small drum, timble, डफम्, (नपुं.) लघुडिण्डिमः (पुं.)।

डफारना (अकर्म. देशी) जोर-जोर से चिल्लाना, To cry aloud, उच्चैः क्रन्द् (भ्वा. पर.) उच्चैः क्रन्दति।

डबडबाना (अकर्म. अनु.) आँखों में आँसू भर आना, To overflow with tears, नेत्रे अश्रुपूर्णे भू (भ्वा. पर.) भवतः।

डबरा (पुं. देशी) पोखर, छोटा तालाब, A small pond, पल्वलः, कासारः (पुं.)।

डबल (वि. इं.) दुगुना, Double, द्विगुणित (वि.)।

डबलरोटी (स्त्री. देशी.) एक विशेष प्रकार की रोटी, Bread containing yeast, a loaf, विशिष्टा रोटिका (स्त्री.)।

डब्बा (पुं. देशी) डिब्बा, संपुट, रेलगाड़ी का कमरा, A box, a railway wagon, सम्पुटः, डिम्बः (पुं.) रेलयानस्य कोष्ठकम् (नपुं.)

डब्बी (स्त्री. देशी) डिब्बी, संपुटिका, A small box, सम्पुटिका (स्त्री.)।

डब्बू (पुं. देशी) ढक्कन वाला बड़ा डिब्बा, A large box with a lid, बृहत्सम्पुटकः (पुं.)।

डमरु, डमरू (पुं. तत्स.) मध्य में हाथ से पकड़कर बजाए जाने वाली एक डुगडुगी, A small drum which is held in centre and moved to make sound, डमरुः (पुं.)।

डयन (पुं. तत्स.) उड़ना, उड्डयन, Flying, डयनम्, उड्डयनम् (नपुं.)।

डर (पुं. तभ.) भय, दर, भीति, Fear, भयम् (नपुं.), दरः (पुं.), भीतिः (स्त्री.)।

डरना (अकर्म. तभ.) भय अनुभव करना, To be afraid of, भी (जुहो. उभ.) — बिभेति, बिभीते।

डरपोक (वि. तभ.) डरने वाला, कायर, A coward, कातर (वि.) भीरु, भीलु (वि.)।

डराना (सकर्म. तभ.) भयभीत करना, To cause to be afraid, भी - भायय् — (प्रे.) — भाययति।

डरावना (वि. तभ.) भयंकर, Fierce, dreadful, fearful, भयङ्कर (वि.)।

डरावा (पुं. तभ.) भय, डर, Fear, भयम् (नपुं.), भीतिः (स्त्री.)।

डल (पुं. तभ.) झील, सरोवर, A lake, a tank, तल्लः, जलाशयः (पुं.)।

डलना (अकर्म.) रखा जाना, To be kept, to be put, पत् (भ्वा. पर.) — पतति।

डलवाना (प्रे.) दे. 'डालना'।

डला (पुं. तभ.) टुकड़ा, खण्ड, A piece, खण्डः, भागः, दलः (पुं.)।

डला (पुं. तभ.) टोकरा, A big basket, करण्डकः (पुं.), डल्लकम् (नपुं.)।

दर्भासन (पुं. तस.) कुशा के तिनकों से बना आसन, कुशासन, A seat made of Kuśā-grass, दर्भासनम्, कुशासनम् (नपुं.)।

दर्रा (पुं. फा.) पहाड़ों के मध्य से जाने वाला मार्ग, A clift between hills, दरः (पुं.), पर्वतयोः मध्यमार्गः (पुं.)।

दर्वी (स्त्री. तस.) कलछी, A ladle, दर्वी (स्त्री.)।

दर्श (पुं. तस.) देखना, नये चाँद का दिन, दृश्य, Sight, seeing, the day of new moon, दर्शः (पुं.)।

दर्शक (पुं. तस.) देखने वाला, द्रष्टा, Looker-on, दर्शकः, द्रष्टा-दृक्ष (पुं.)।

दर्शन (पुं. तस.) साक्षात्कार, देखना, Interview, sight, दर्शनम् (नपुं.)।

दर्शनीय (वि. तस.) देखने योग्य, सुन्दर, Deserving to look, beautiful, दर्शनीय (वि.)।

दर्शित (वि. तस.) दिखाया हुआ, Shown, दर्शित (वि.)।

दल (पुं. तभ.) टुकड़ी, समूह, पत्ता, खण्ड, टुकड़ा, A team, a group, a leaf, a piece, दलः, दलम् (पुं. नपुं.)।

दलकना (अकर्म. तभ.) दे. 'दरकना'।

दलदल (स्त्री. देशी) कीचड़ से पूर्ण भूमि, A swamp, जम्बालः-लम् (पुं., नपुं.), कर्दमः, पङ्कः (पुं.)।

दलन (पुं. तस.) पेषण, मर्दन, विनाश, Trodding, grinding, destruction, पेषणम्, मर्दनम् (नपुं.), विनाशः (पुं.)।

दलना (सकर्म. तभ.) पीसना, दल देना, नाश करना, To grind, to split, to destroy, पिष् (रुधा. पर.), —पिनष्टि।

दलपति (पुं. तस.) समूह का मुखिया, नेता, A leader, commander of an army, दलपतिः (पुं.)।

दलबल (पुं. तस.) जोर-शोर, सेना, Full force, an army, पूर्णशक्तिः, सेना (स्त्री.)।

दलवाना (सकर्म. तभ.) दलने के लिए प्रेरित करना, To cause to crush, दल्-दलय् (प्रे.) दलयति, पिष्-पेषय् (प्रे.) पेषयति।

दलहन (पुं. देशी) दालों वाला अनाज, Pulses, सूप - समूहः (पुं.)।

दलान (पुं. फा.) दे. 'दालान'।

दलाल (पुं. अर.) लेन-देन में मध्यस्थ, A broker, व्यापारे मध्यस्थः।

दलाली (स्त्री. अर.) दलाल का पारिश्रमिक, Brokerage, व्यापारमध्यस्थस्य धनांशः।

दलित (वि. तस.) कुचला हुआ, पीछे धकेला हुआ, Crushed, low-conditioned, trampled, backward, दलित (वि.)।

दलिया (पुं. तभ.) आधा दला हुआ अन्न, Semi-grounded corn, अर्धदलितमन्नम् (नपुं.), दलितकम् (नपुं.)।

दलील (स्त्री. अर.) युक्ति, तर्क, Argument, reasoning, logic, युक्तिः (स्त्री.), तर्कः (पुं.), प्रमाणम् (नपुं.)।

दव (पुं. तस.) दे. 'दावानल'।

दवा (स्त्री. फा.) दवाई, औषध, Medicine, औषधम्, भैषज्यम् (नपुं.)।

दवाखाना (पुं. फा.) औषधालय, डिस्पेंसरी, Dispensary, औषधालयः (पुं.)।

दवानल (पुं. तस.) दे. 'दावानल'।

दश (वि. तस.) दस, Ten, दश (वि.)।

दशकण्ठ, दशकन्धर (पुं. तस.) रावण का उपनाम, An epithet of Rāvaṇa.

दशति (स्त्री. तस.) दस, A group of ten, दशतिः (स्त्री.)।

दशन (तस. पु.) दाँत, A tooth, दशनः-नम् (पुं., नपुं.)।

दशमलव, दशमांश (पुं. तस.) दसवाँ हिस्सा, Decimal, दशमलवः (पुं.)।

दशम (वि. तस.) दसवाँ, Tenth, दशमः (पुं.), दशमम् (नपुं.)।

दशमी (वि. तस.) दसवीं, चांद्रमास के प्रत्येक पक्ष की दसवीं तिथि, Tenth, tenth day of every fortnight, दशमी (वि.)।

दशमी अवस्था (स्त्री. तस.) मरण-काल, मृत्यु की अवस्था, The deathage, दशमी अवस्था (स्त्री.), मृत्युकालः (पुं.)।

दशमुख (पुं. तस.) दे. 'दशकण्ठ'।

दशमूल (पुं. तस.) एक दवाई, जो दस बूटियों की जड़ों से बनाई जाती है, A medicine which is prepared by the roots of ten herbs, दशमूलम् (नपुं.)।

दशरथ (पुं. तस.) श्री राम के पिता का नाम, Name of Sh. Rāma's father, दशरथः (पुं.)।

दशशीश (पुं. तस.) दे. 'दशकण्ठ'।

दशहरा (पुं. देशी) विजयदशमी का पर्व, The festival of Vijayadashami, विजय-दशमी, आश्विनशुक्ला दशमी (स्त्री.)।

दशांश (पुं. तस.) दसवाँ हिस्सा, Tenth part, दशांशः (पुं.)।

दशा (स्त्री. तस.) हालत, स्थिति, लैम्प आदि की बत्ती, Condition, circumstances, a wick, दशा, स्थितिः, दीपवर्त्तिका, दीपदशा (स्त्री.)।

दशानन (पुं. तस.) दे. 'दशकण्ठ'।

दशास्य (पुं. तस.) दे. 'दशकण्ठ'।

दस (वि. तभ.) नौ और एक, दश, Ten, दश (वि.)।

दसवाँ (वि. तभ.) नौवें से अगला, दशम, Tenth, दशम (वि.)।

दसवाँ (वि. तभ.) दे. 'दशा'।

दस्तंदाजी (स्त्री. फा.) दखलंदाजी, कार्य में विघ्न डालना, Interference, hindrance, हस्तक्षेपः (पुं.)।

दस्त (पुं. फा.) जुलाव, विरेचन, हाथ, Loose-motions, hand, विरेचनम् (नपुं.), हस्तः (पुं.)।

दस्तक (पुं. फा.) हाथों से थपथपाने का कार्य, Tapping or knocking at a door, द्वारताडनम् (नपुं.)।

दस्तकार (पुं. फा.) कारीगर, An artisan, शिल्पकारः, शिल्पी-पिन् (पुं.)।

दस्तकारी (स्त्री. फा.) कारीगरी, Handicraft हस्तशिल्पम्, शिल्पम् (नपुं.)।

दस्तखत (पुं. फा.) हस्ताक्षर, Signature, हस्ताक्षरम्ः (नपुं.)।

दस्ता (पुं. फा.) मुट्ठी, चौबीस कागजों का समूह, सेनादल, Handle, a quire of papers, a band of soldiers, त्सरुः (पुं.), मुष्टिः (स्त्री.), चतुर्विंशति - पत्रकम् (नपुं.) सैनिकसंघकः (पुं.)।

दस्ताना (पुं. फा.) हस्तत्राण, A glove, हस्तत्राणम् (नपुं.), करच्छदः (पुं.)।

दस्तावर (वि. फा.) विरेचक, जुलाब लाने वाला, Purgative, विरेचक (वि.)।

दस्तावेज़ (पुं. फा.) लिखित पत्र, Written papers, लिखितपत्रम् (पुं.)।

दस्ती (वि. फा.) हाथ द्वारा दी गई, हस्त सम्बन्धी, Pertaining to hand, हस्त्यम् (नपुं.)।

दस्तूर (पुं. फा.) नियम, परम्परा, Regulation, custom, नियमः (पुं.), परम्परा (स्त्री.)।

दस्युता (स्त्री. तस.) डकैती, Robbery, दस्युता (स्त्री.)।

दह (पुं. तस.) ज्वलन, Burning, दहः (पुं.), ज्वलनम् (नपुं.)।

दहकना (अकर्म. तभ.) लाल ज्वाला के साथ जल उठना, To burn with a red hot flame, उत्+दीप् — उद्दीप्यते (कर्मवा.)।

दहन (पुं. तस.) आग, A fire, दहनः, अग्निः, अनलः (पुं.)।

दहल (स्त्री. देशी) कम्पन, डर कर काँपना, The act of trembling with fear, भयकम्पनम् (नपुं.)।

दहलना (अकर्म. देशी) भय से काँप जाना, To tremble with fear, भयेन कम्प् (भ्वा. आ.) — कम्पते, वेप् - वेपते।

दहला (पुं. तभ.) दस का समूह, A multitude of ten, दशकम् (नपुं.)।

दहलाना (सकर्म. देशी) भय से कँपा देना, To cause to tremble with fear, कम्प् - प्र+कम्पय् (प्रे.) — प्रकम्पयति, प्रवेपयति, आङ्कयति।

दहलीज़ (स्त्री. फा.) देहली, घर के प्रवेश का स्थान, A corridor, देहली (स्त्री.)।

दहशत (स्त्री. फा.) डर, त्रास, आतंक, Terror, danger, त्रासः, आतङ्कः (पुं.)।

दहाड़ (स्त्री. अनु.) गर्जन, भयंकर आवाज, Roaring, a dreadful sound, गर्जनम् (नपुं.)।

दहाड़ना (अकर्म. अनु.) गरजना, To roar, गर्ज् (भ्वा. पर.) — गर्जति।

दहाना (पुं. फा.) नदी का मुहाना, The end of a river when it falls in a sea, नदीमुखम् (नपुं.)।

दही (पुं. तभ.) दधि, Curd, दधि (नपुं.)।

दहेज (पुं. तभ.) लड़की को विवाह के समय दिया जाने वाला सामान, The things which are given to a bride when she leaves paternal house, dowry युतकम्, यातुकम्, स्त्रीधनम् (नपुं.)।

दाँत (पुं. तभ.) दन्त, रदन, Tooth, दन्तः, रदनः (पुं.)।

दाँती (स्त्री. तभ.) दराँती, फसल काटने का औज़ार, Sickle, दात्रम्, लवित्रम् (नपुं.), शस्यकर्तनी (स्त्री.)।

दाँव (पुं. देशी) उपाय, शर्त, अवसर, A stake, a bet, उपायः, पणः, अवसरः (पुं.)।

दाऊ (पुं. देशी) बड़ा भाई, Elder brother, ज्येष्ठोभ्राता, अग्रजः (पुं.)।

दाक्षिणात्य (वि. तस.) दक्षिण से सम्बन्धित, दक्षिण वाला, Southerns, दाक्षिणात्य, दाक्षिणिक (वि.)।

दाक्षिण्य (पुं. तस.) उदारता, सहनशीलता, Generosity, endurance, दाक्षिण्यम्, औदार्यम् (नपुं.)।

दाख (स्त्री. तभ.) अंगूर, द्राक्षा, Grapes, द्राक्षा, मृद्वीका, गोस्तनी (स्त्री.)।

दाखिला (पुं. फा.) प्रवेश, Admission, प्रवेशः (पुं.)।

दाखिला करना (सकर्म. देशी) प्रविष्ट करना, To admit, प्र+विश-प्रवेशय् (प्रे.) प्रवेशयति।

दाग़ (पुं. फा.) धब्बा, कलंक, Spot, stain, blemish, अङ्कः, कलङ्कः (पुं.), चिह्नम्, लाञ्छनम् (नपुं.)।

दागना (सकर्म. तभ.) जलाना, गोली चलाना, To burn, to fire a gun, दाहय् (प्रे.), दाहयति, गोलिकां प्रक्षिपति।

दाघ (पुं. तस.) ताप, ऊष्मा, ग्रीष्मर्तु, Heat, summer season, तापः, दाघः, ग्रीष्मर्तुः (पुं.)।

दाडिम (पुं. तस.) अनार, Pomegranate, दाडिमः (वृक्षः), दाडिमम् (फलम्)।

दाढ़ (स्त्री. तभ.) दंष्ट्रा, चबाने वाला दाँत, A grinding tooth, दंष्ट्रा (स्त्री.), दंष्ट्रम् (नपुं.)।

दाढ़ी (स्त्री. तभ.) ठोड़ी के बाल, Beared, दाढिका (स्त्री.), कूर्चः (पुं.), कूर्चम् (नपुं.)।

दातव्य (वि. तस.) देने के योग्य, Worth to be given, दातव्य, देय (वि.)।

दाता, दातार (पुं. तस.) देने वाला, उदार, Donor, giver, generous person, दाता-तृ (पुं.)।

दातुन (पुं. तस.) दन्तधावन, Dental brush, दन्तधावनः (पुं.), दन्तधावनम् (नपुं.)।

दात्री (स्त्री. तस.) देने वाली, उदार स्त्री, A generous lady, दात्री (स्त्री.)।

दाद (पुं. तभ.) दद्दर, दद्रु, Ringworm, दद्रुः (पुं.)।

दाद (स्त्री. फा.) प्रशंसा, महत्त्व, औचित्य, Praise, importance, justification, प्रशंसा (स्त्री.), महत्त्वम्, औचित्यम् (नपुं.)।

दादरा (पुं. देशी) संगीत का एक भेद, A kind of music, दादरा-संगीतभेदः (पुं.)।

दादा (पुं. देशी) पितामह, Paternal grandfather, पितामहः (पुं.)।

दादी (स्त्री. देशी) पितामही, Paternal grandmother, पितामही (स्त्री.)।

दादुर (पुं. तभ.) दर्दुर, मेंढक, A frog, दर्दुरः, भेकः, मण्डूकः (पुं.)।

दादू (पुं. देशी) एक फकीर का नाम, Name of a saint, दादुः (पुं.)।

दाधना (सकर्म. तभ.) जलाना, जलाकर राख कर देना, To burn, to reduce to ashes by burning, ज्वालय्—ज्वालयति, भस्मीकरोति, दग्धीकरोति।

दान (पुं. तस.) देने का कार्य, हाथी के मद का पानी, Giving donation, the fluid of an elepant's temple in rut, दानम् (नपुं.)।

दानव (पुं. तस.) राक्षस, दनुज, A demon, दानवः, दैत्यः (पुं.)।

दानवी (स्त्री. तस.) राक्षसी, दनुजा, A female demon, दानवी (स्त्री.)।

(वि. तभ.) दानवों से सम्बन्धित, Pertaining to demons, दानवीय (वि.)।

दानवीर (वि. तस.) दान देने में बहादुर, बहुत उदार, Extremely generous or donor, दानवीर, अत्युदार (वि.)।

दानवेन्द्र (पुं. तस.) बलिराजा का उपनाम, The epithet of Bali, the king of Pātāla, दानवेन्द्रः (पुं.)।

दानशील (वि. तस.) दान देने के स्वभाव वाला, उदार, Generous, दानशील (वि.)।

दाना (पुं. फा.) अन्न का कण, Grain, seed, अन्नकणः (पुं.), अन्नकणिका (स्त्री.)।

दाना (वि. फा.) बुद्धिमान्, Wise, बुद्धिमान्-मत्, ज्ञानी-निन् (वि.)।

दानाई (स्त्री. फा.) समझदारी, बुद्धिमत्ता, Wisdom, intelligence, understanding, बुद्धिमत्ता (स्त्री.), बोधः (पुं.)।

दानी (वि. तस.) दान देने वाला, Donor, generous, दानी-निन्, दाता-तृ (वि.)।

दानेदार (वि. फा.) दानों वाली, पृथक् कणों वाली, Granular, कणिकामयी (स्त्री. वि.)।

दाब (स्त्री. तभ.) दबाव, भार, प्रभाव, Pressure, weight, influence, भारः, प्रभावः (पुं.)।

दाबदार (वि. तभ.) प्रभावशाली, रोबदार, शानदार, Influencial, grand, प्रभावशालीलिन्, सौन्दर्यपूर्ण (वि.)।

दाभ (पुं. तभ.) दर्भ, कुशा, The Kusha grass, दर्भः (पुं.), कुशा (स्त्री.)।

दाम (पुं. देशी) मूल्य, कीमत, Price, value, मूल्यम् (नपुं.), अर्घः (पुं.)।

दाम (पुं. फा.) पाश, जाल, बन्धनी, A net, पाशः (पुं.), जालम् (नपुं.), वागुरा, बन्धनी (स्त्री.)।

दाम (स्त्री. तस.) रस्सी, माला, हार, A string, a roap, a garland, दामन् (स्त्री., नपुं.), रज्जुः (स्त्री.), माला (स्त्री.), हारः (पुं.)।

दामन (पुं. फा.) कपड़े का सिरा, घाटी, End of a cloth, a valley, वस्त्राञ्चलः (पुं.), उपत्यका (स्त्री.)।

दामाद (पुं. फा.) दे. 'जामाता'।

दामिनी (स्त्री. तस.) बिजली, Lightning, दामिनी, विद्युत्, चञ्चला (स्त्री.)।

दामोदर (पुं. तस.) श्रीकृष्ण का उपनाम, An epithet of Sh. Krishna, दामोदरः (पुं.)।

दाम्पत्य (पुं. तस.) पति - पत्नी का जीवन, गार्हस्थ्य, Life of husband and wife, domestic life, दाम्पत्यम् (नपुं.)।

दाम्भिक (वि. तस.) पाखण्ड से पूर्ण, Full of deception, दाम्भिक (वि.)।

दाय (पुं. तस.) पैतृक सम्पत्ति का हिस्सा, The division of the paternal wealth, दायभागः (पुं.)।

दायर करना (सकर्म. फा.) उपस्थित करना, निवेदन करना, To present, to submit, उपस्थापय् (प्रे.) —उपस्थापयति, नि+वेदय् (प्रे.), —निवेदयति।

दायरा (पुं. फा.) घेरा, मण्डल, A circle, extention, मण्डलम्, क्षेत्रम् (नपुं.)।

दायाँ (वि. तस.) दक्षिण, Right, दक्षिण (वि.)।

दाया (स्त्री. तभ.) दे. 'दया'।

दायाद (पुं. तस.) उत्तराधिकारी, An heir, a claimant, दायादः (पुं.)।

दायित्व (पुं. तस.) उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी, Responsibility, दायित्वम् (नपुं.)।

दायी (वि. तस.) उत्तरदायी, जिम्मेदार, Responsible, दायी-यिन् (वि.)।

दायें (क्रि. वि. तभ.) दाईं ओर, To the right side, दक्षिणतः (अ.)।

दार (स्त्री. तस.) पत्नी, स्त्री, Wife, दाराः (पुं. बहु.)।

दारक (पुं. तस.) बालक, पुत्र, शिशु, A boy, a son, a baby, दारकः (पुं.)।

दारकर्म (पुं. तस.) विवाह-संस्कार, A marriage ceremony, दारकर्म-मन् (नपुं.)।

दारचीनी (देशी.) दारु-चीनी, मीठे छिलके वाली एक ओषधि, Cinnamon, तजत्वक् (स्त्री.), मधुरत्वक् (स्त्री.)।

दारण (पुं. तस.) फाड़, घाव, चीर, Operating, cutting, tearing, दारणम् (नपुं.)।

दारना (सकर्म. तभ.) चीरना, फाड़ना, To operate, to cut, to tear, दृ (क्र्या. पर.) दृणाति, दारय् (प्रे.) — दारयति।

दारपरिग्रहः (पुं. तस.) दे. 'दारकर्म' — दारपरिग्रहः (पुं.)।

दारमदार (पुं. फा.) भरोसा, आश्रय, सहायता, Dependence, support, help, विश्वासः, आश्रयः (पुं.)।

दारा (स्त्री. तस.) पत्नी, Wife, दाराः (पुं. बहु.)।

दारिका (स्त्री. तस.) कन्या, पुत्री, A girl, daughter, कन्या, पुत्री, बालिका, (स्त्री.)।

दारिद, दारिद्र (पुं. तभ.) दे. 'दारिद्र्य'।

दारिद्र्य (पुं. तस.) गरीबी, बुरी दशा, Poverty, bad condition, दारिद्र्यम् (नपुं.)।

दारु (पुं. तस.) लकड़ी, काष्ठ, Wood, timber, दारु (नपुं.)।

दारुण (वि. तस.) क्रूर, कठोर, भयंकर, Cruel, harsh, terrible, दारुण (वि.)।

दारुमय (वि. तस.) लकड़ी से बना, Made of wood, दारुमय (वि.)।

दारुहल्दी (स्त्री. तभ.) एक प्रकार की लकड़ी से तैयार की गई पीली औषध, A kind of medicine prepared from a special wood, दारुहरिद्रा, पीतिका (स्त्री.)।

दारू (स्त्री. फा.) औषध, दवाई, मदिरा, Medicine, drug, spirituous liquor, औषधम्, भैषज्यम्, मद्यम् (नपुं.)।

दारोगा (पुं. फा.) अध्यक्ष, पुलिस-अध्यक्ष, थानेदार, A manager, a sub-inspector of police, अध्यक्षः, आरक्षि-स्थानाध्यक्षः (पुं.)।

दारोगाई (स्त्री. फा.) अध्यक्षता, थानेदार का पद, Management, the post of a Sub-inspector of Police, अध्यक्षता, आरक्षिस्थानाध्यक्षपदम् (नपुं.)।

दार्शनिक (वि. तस.) दर्शनों का विद्वान्, दर्शनों से सम्बन्धित, A philosopher, pertaining to philosophy, दार्शनिक (वि.)।

दाल (स्त्री. तस.) शमीधान्य, अन्न का दलन, Pulse grain, a split grain, सूपः (पुं.), शमीधान्यम् (नपुं.), अन्नदालः, खण्डः (पुं.)।

दालचीनी (स्त्री. देशी) दे. 'दारचीनी'।

दालमोठ (स्त्री. देशी) मिली-जुली तली हुई दालों का व्यंजन, Mixed fried and seasoned pulses, स्नेहभर्जितदाल-व्यञ्जनम् (नपुं.)।

दालिम (पुं. तभ.) दे. 'दाडिम'।

दाँव (पुं. तभ.) चालाकी, अवसर, उपाय, युक्ति, Trick, opportunity, position, cleverness, चातुर्यम् (नपुं.), अवसरः (पुं.), उपायः (पुं.), युक्तिः (स्त्री.)।

दाव (पुं. तस.) दे. 'दावाग्नि'।

दावत (स्त्री. अर.) भोजन के लिए निमंत्रण, An invitation for a feast, भोजनार्थं निमन्त्रणम् (नपुं.)।

दावा (पुं. अर.) अधिकार की घोषणा, अभियोग, मुकदमा, claim, solemn declaration, a suit in law-court, अधिकारघोषणा (स्त्री.), न्यायाभियोगः (पुं.)।

दावाग्नि (स्त्री. तस.) वन में लगी आग, The fire broken in a forest, दवः, दावः, दावानलः, दावाग्निः (पुं.)।

दावात (स्त्री. अर.) मसीपात्र, मसीभाजन, An inkpot, मसीपात्रम्, मसीभाजनम् (नपुं.)।

दावानल (पुं. तस.) दे. 'दावाग्नि'।

दावेगीर, दावेदार (पुं. अर.) अधिकार की घोषणा करने वाला, A claimant, अधिकारोद्घोषकः (पुं.)।

दाश (पुं. तस.) मल्लाह, नाविक, A boat-man, दाशः (पुं.)।

दाशनन्दिनी (स्त्री. तस.) सत्यवती जो वेद-व्यास की माता थी, Satyavati, mother of the sage Veda Vyāsa, सत्यवती, दाशनन्दिनी (स्त्री.)।

दाशरथि (पुं. तस.) दशरथ का पुत्र-राम आदि, The son of Daśaratha, दाशरथिः (पुं.)।

दास (पुं. तस.) गुलाम, नौकर, A slave, a servant, दासः (पुं.)।

दासता (स्त्री. तस.) गुलामी, नौकरी, Slavery, attendance, service, दासता (स्त्री.), भृत्यत्वम् (नपुं.)।

दासत्व (पुं. तस.) दे. 'दासता'।

दासी (स्त्री. तस.) नौकरानी, गुलाम स्त्री, A female slave or servant, सेविका, दासी, भृत्या (स्त्री.)।

दास्तान (पुं. फा.) वृत्तान्त, बीती बात का विवरण, Narration, account of the incident, वृत्तान्तः (पुं.), विवरणम्, वर्णनम् (नपुं.)।

दास्य (पुं. तस.) दे. 'दासता' — दास्यम्, दासत्वम् (नपुं.)।

दाह (पुं. तस.) ताप, जलाने का कार्य, दाहन, ज्वालन, Work of burning, दाहः (पुं.)।

दाहक (पुं. तभ.) जलाने वाला, आग लगाने वाला, Burning, he who burns, दाहकः (पुं.)।

दाहकर्म (पुं. तस.) मुर्दे को जलाने का कार्य, अंत्येष्टि क्रिया, Burning of the dead, cremation, दाहकर्म (नपुं.), दाहक्रिया (स्त्री.)।

दाहन (पुं. तस.) जलाने का कार्य, Work of burning, दाहनम् (नपुं.)।

दाहना (सकर्म. तभ.) जलाना, To burn, ज्वालय् (प्रे.) — ज्वालयति, दाहय् (प्रे.) — दाहयति।

दाहिना (वि. तभ.) दक्षिण, Right, दक्षिणः (वि.)।

दाहिनावर्त (पुं. तभ.) दाहिनी ओर घूमना, दक्षिणावर्त, Turning to the right side, दक्षिणावर्तः (पुं.)।

दाहिने (क्रि. वि. तभ.) दाहिनी ओर, To the right side, दक्षिणतः (क्रि. वि.)।

दिक् (स्त्री. तस.) दे. 'दिशा'।

दिक (पुं. अर.) तपेदिक, क्षयरोग, राजमक्ष्मा, Tuberculosis, क्षयरोगः, राजयक्ष्मा-मन् (पुं.)।

दिक, दिक्क (वि. अर.) तंग आया हुआ, Troubled, पीड़ित, कष्टापन्न (वि.)।

दिक्कत (स्त्री. अर.) असुविधा, कष्ट, Inconvenience, trouble, असुविधा (स्त्री.), कष्टम् (नपुं.)।

दिक्पाल (पुं. तस.) दिशा का रक्षक, The guardian of a direction, दिक्पालः (पुं.)।

दिखाना (सकर्म. तभ.) प्रकट करना, To show, दृश्-दर्शय् (प्रे.) — दर्शयति।

दिखलाई (स्त्री. तभ.) दिखावट, प्रदर्शन, Showing, display, प्रदर्शनम् (नपुं.)।

दिखलाना (सकर्म. तभ.) दे. 'दिखाना'।

दिखाई देना (सकर्म. तभ.) नज़र आना, To be seen, दृश् - दृश्यते (कर्मवा.)।

दिखावटी (वि. तभ.) नकली, धोखे वाला, दिखाने योग्य, Showing, deceitful, artificial, कृत्रिम, दर्शनीय, वञ्चक।

दिखावा (पुं. तभ.) प्रदर्शन, Show, pomp, प्रदर्शनम् (नपुं.)।

दिखैया (पुं. तभ.) दिखाने वाला, One who shows some thing, प्रदर्शकः (पुं.)।

दिखौवा (वि. तभ.) दे. 'दिखावटी'।

दिगंत, दिगन्त (पुं. तस.) दिशाओं के कोने तक, Upto the ends of directions, दिगन्तः, दिशान्तः (पुं.)।

दिगंबर, दिगम्बर (वि. तस.) दिशा - रूपी वस्त्रधारी, नंगे शरीर वाला, Naked, नग्न, दिगम्बर (वि.)।

दिग् (स्त्री. तस.) दे. 'दिशा'।

दिग्गज (पुं. तस.) विभिन्न दिशाओं के रक्षक माने हुए हाथी, The elephants who are the protectors of different directions, दिग्गजाः (पुं. बहु.)।

(वि. तस.) माना हुआ, प्रभावशाली, Very influencial, well-known, दिग्गज (वि.)।

दिग्दर्शकयन्त्र (पुं. तस.) दिशासूचक यंत्र, A compass, दिग्दर्शकयन्त्रम् (नपुं.)।

दिग्दर्शन (पुं. तस.) संकेतमात्र, Survey, only hints, दिग्दर्शनम् (नपुं.)।

दिग्भ्रम (पुं.), दिग्भ्रान्ति (स्त्री.) दे. 'दिङ्मोह'।

दिग्विजय (पुं. तस.) सभी दिशाओं को जीतना, Winning of all sides, दिग्विजयः (पुं.)।

दिग्विभाग (पुं. तस.) दिशा का हिस्सा, A part of a direction, दिग्विभागः (पुं.)।

दिङ्नाग (पुं. तस.) दे. 'दिग्गज (पुं.)'।

दिङ्मोह (पुं. तस.) दिशाओं का ठीक ज्ञान न रहना, The false knowledge of quarters, दिङ्मोहः, दिग्भ्रमः (पुं.), दिग्भ्रान्तिः (स्त्री.)।

दिठना (पुं. तस.) बुरी दृष्टि से देखना, To see with an evil sight, कुदृष्ट्या+दृश्-पश्यति।

दिठौना (पुं. देशी) बुरी नजर से बचाने के लिए माथे पर लगाया गया काला निशान, A black mark put on a forehead to keep off the bad effect of an evil eye, कुदृष्टिनिवारकः कज्जलबिन्दुः (पुं.)।

दिति (स्त्री. तस.) राक्षसों की माता, The name of the demon's mother, दितिः (स्त्री.)।

दिन (पुं. तस.) दिवस, A day, दिनम् (नपुं.), दिवसः (पुं.)।

दिनकर (पुं. तस.) सूर्य, The sun, दिनकरः, दिनेशः, सूर्यः (पुं.)।

दिनचर्या (स्त्री. तस.) दिनभर का कार्यक्रम, The routine of the day, दिनचर्या (स्त्री.)।

दिननाथ, दिनमाली, दिनराज (पुं. तस.) दे. 'दिनकर'।

दिनेश, दिनेश्वर (पुं. तस.) दे. 'दिनकर'।

दिमाग़ (पुं. अर.) मस्तिष्क, बुद्धि, मत, अभिमान, Brain, intelligence, wisdom, pride, arrogance, मस्तिष्कम् (नपुं.), बुद्धिः, मतिः (स्त्री.), अभिमानः (पुं.), मनः-स् (नपुं.)।

दिमाग़ी (वि. अर.) मस्तिष्क - सम्बन्धी, बौद्धिक, Pertaining to brain or mind, mental, बौद्धिक, मानसिक (वि.)।

दिया (पुं. तभ.) दीप, दीपक, A lamp, दीपः, दीपकः (पुं.)।

दियानत (स्त्री. अर.) ईमानदारी, सत्यता, Honesty, सत्यता (स्त्री.), सत्यव्यवहारः (पुं.)।

दियानतदार (वि. अर.) ईमानदार, Honest, सत्यव्यवहारक (वि.)।

दियासलाई (स्त्री. तभ.) दीपशलाका, माचिस, A lucifer match, दीपशलाका (स्त्री.)।

दिरद (पुं. तभ.) दे. 'द्विरद'।

दिल (पुं. फा.) हृदय, मन, Heart, mind, हृदयम्, मनः-स् (नपुं.)।

दिलचस्प (वि. फा.) मनोहर, रोचक, Interesting, रोचक, रुचिपूर्ण (वि.)।

दिलदार (वि. फा.) प्रिय, वल्लभ, Dear, beloved, प्रिय, वल्लभ (वि.)।

दिलपसन्द (वि. फा.) दे. 'दिलचस्प'।

दिलरुबा (पुं. फा.) प्यारा व्यक्ति, Beloved one, प्रियो जनः (पुं.)।

दिलाना (सकर्म. तभ.) किसी को देने के लिए प्रेरणा देना, To cause to give, दा-दापय् (प्रे.) — दापयति।

दिलावर (वि. फा.) वीर, साहसी, Brave, courageous, वीर, साहसी-सिन् (वि.)।

दिलासा (पुं. फा.) आश्वासन, Consolation, आश्वासनम् (नपुं.)।

दिली (वि. फा.) हृदय को प्यारा, जिगरी, अभिन्नहृदय, Hearty, cordial, अभिन्नहृदय (वि.)।

दिलीप (पुं. तस.) श्रीराम के परदादा के पिता का नाम, The name of the father of Rāma's grandfather, दिलीपः (पुं.)।

दिलेर (वि. फा.) दे. 'दिलावर'।

दिलेरी (स्त्री. फा.) बहादुरी, वीरता, साहस, Bravery, courage, वीरता (स्त्री.), उत्साहः (पुं.)।

दिल्लगी (स्त्री. फा.) हँसी, मखौल, Joke, jest, उपहासः, परिहासः (पुं.)।

दिल्ला (पुं. देशी) फट्टा, किवाड़, A plank, a panel of a door, काष्ठ - फलकः, कपाटः (पुं.)।

दिवंगत, दिवङ्गत (वि. तस.) परलोक गया हुआ, मृत, Dead, दिवङ्गत (वि.)।

दिवस (पुं. तस.) दिन, A day, दिवसः (पुं.), दिनम् (नपुं.)।

दिवांध, दिवान्ध (पुं. तस.) उल्लू, An owl, उलूकः, दिवान्धः (पुं.)।

दिवा (अ. तस.) दिन के समय, In day time, दिवा (अ.)।

दिवाकर (पुं. तस.) सूर्य, दिनकर, The sun, दिवाकरः, सूर्यः (पुं.)।

दिवानिश (अ. तस.) दिन-रात, Day and night, दिवानिशम्, अहर्निशम् (अ.)।

दिवाला (पुं. देशी) ऋण लौटाने की असमर्थता, दिवालियापन, Bankruptcy, ऋणशोधना-सामर्थ्यम् (नपुं.)।

दिवालिया (वि. देशी) जिसका दिवाला निकल गया है, Bankrupt, ऋणशोधना-समर्थः (वि.)।

दिवास्वप्न (पुं. तस.) कल्पनाओं में डूबे रहना, शेखचिल्लीपना, Day dream, दिवास्वप्नः (पुं.)।

दिवास्वाप (पुं. तस.) दिन की नींद, Sleeping during the day, दिवास्वापः (पुं.)।

दिवौका (पुं. तस.) स्वर्ग में रहने वाला, देवता, A heavenly being, दिवौकाः-कस्, देवः (पुं.)।

दिव्य (वि. तस.) सुन्दर, चमकदार, आकर्षक, Beautiful, brilliant, attractive, दिव्य, सुन्दर, दीप्तिमय, आकर्षक (वि.)।

दिव्यचक्षु (पुं. तस.) अनोखी आँख, दिव्य आँख, Supernatural eye or knowledge, दिव्यचक्षुः-ष् (नपुं.)।

दिश, दिशा (स्त्री. तस.) तरफ, Direction, दिक्, दिग् (स्त्री.), दिशा (स्त्री.)।

दिशाभ्रम (पुं. तस.) दे. 'दिग्भ्रम'।

दिशि (स्त्री. तभ.) दे. 'दिशा'।

दिष्ट (पुं. तस.) भाग्य, किस्मत, Fate, luck, दिष्टम् (नपुं.)।

(वि. तस.) निर्दिष्ट, Formed, indicated, दिष्ट, निर्दिष्ट (वि.)।

दिसम्बर (पुं. इं.) अंग्रेजी वर्ष का बारहवाँ महीना, December, दिसम्बरो मासः (पुं.)।

दिसावर (पुं. तभ.) अन्य देश, विदेश, A foreign country, अपरो देशः, विदेशः (पुं.)।

दिसावरी (वि. तभ.) दूसरे देश से सम्बन्धित, Pertaining to a foreign country, अपरदेशीय, विदेशीय, वैदेशिक (वि.)।

दिसि (स्त्री. तभ.) दे. 'दिशा'।

दिहाड़ा (पुं. देशी) पूरा चढ़ा दिन, Shining day, प्रकाशमयो दिवस।

दीक्षांत, दीक्षान्त (पुं. तस.) शिक्षा-प्राप्ति के अन्त का समारोह, A ceremony which is performed after the completion of one's education, दीक्षान्तसमारोहः, समावर्त्तनसंस्कारः (पुं.)।

दीक्षा (स्त्री. तस.) गुरुमुख से विधिपूर्वक मन्त्रग्रहण, Initiation of a sacred education, text or mantra, दीक्षा (स्त्री.)।

दीक्षित (वि. तस.) दीक्षा-प्राप्त (शिष्य), जिसे गुरु ने शिष्य रूप में स्वीकार कर लिया है, Initiated, consecrated (as a disciple) दीक्षित (वि.)।

दीखना (अकर्म. तभ.) दिखाई देना, To be seen, दृश् – दृश्यते (कर्मवा.)।

दीठ (स्त्री. तभ.) दृष्टि, नज़र, Sight, glance, दृष्टिः (स्त्री.)।

दीदा (पुं. फा.) नज़र, आँख, अकड़, Sight, eye, arrogance, दृष्टिः (स्त्री.), चक्षुः-ष् (नपुं.), धृष्टता (स्त्री.)।

दीदार (पुं. फा.) दर्शन, साक्षात्कार, Sight, interview, look, दर्शनम् (नपुं.), साक्षात्कारः (पुं.)।

दीदी (स्त्री. देशी) बड़ी बहिन, अग्रजा, Elder sister, अग्रजा, ज्येष्ठा भगिनी (स्त्री.)।

दीधिति (स्त्री. तस.) किरण, A ray, दीधितिः (पुं.)।

दीन (वि. तस.) गरीब, असमर्थ, Poor, unable, दीन (वि.)।

दीन (पुं. अर.) धर्म, ईमान, Faith, honesty, धर्मः (पुं.), सत्यम् (नपुं.)।

दीनता (स्त्री. तस.) गरीबी, दयनीयता, Poverty, distress, humility, दीनता (स्त्री.)।

दीनदयाल, दीनदयालु (वि. तस.) दीनों पर दया करने वाला, Kind to the poor, दीनदयालु (वि. तस.)।

दीनदार (वि. फा.) धार्मिक, ईमानदार, Religious, honest, धार्मिक, सत्यप्रिय (वि.)।

दीनदुनिया (स्त्री. अर.) लोक-परलोक, This and the next world, लोकपरलोकौ (पुं. द्वि.)।

दीनबन्धु (पुं. तस.) गरीबों का साथी, Helper of the poor, दीनबन्धुः (पुं.)।

दीनानाथ (पुं. तस.) दीनों का हितैषी, दीनों का रक्षक, Well - wisher of the poor, protector of the poor, दीनवत्सल, दीनरक्षक (वि.)।

दीनार (पुं. तस.) एक सुवर्णमुद्रा, A gold coin, दीनारः (पुं.), स्वर्णमुद्रा (स्त्री.)।

दीन-इलाही (पुं.) अकबर द्वारा चलाया गया एक धर्म, ईश्वरीय धर्म, A religion founded by Akabar the great, Godly religion, अकबरस्थापितः धर्मः, ईश्वरीयो धर्मः (पुं.)।

दीप (पुं. तस.) दीया, A lamp, दीपः, दीपकः (पुं.)।

दीपक (पुं. तस.) दे. 'दीप'।

(वि. तस.) प्रकाशित करने वाला, चमकाने वाला, He who makes shining or reknown, दीपक (वि.)।

दीपगृह (पुं. तस.) दीये का ठिकाना, दीपालय, Light house, a light box, दीपगृहम् (नपुं.), दीपालयः (पुं.), दीपमञ्जूषा (स्त्री.)।

दीपदान (पुं. तस.) मूर्ति को दीपक की भेंट, A gift of a lamp offered to an idol, दीपदानम् (नपुं.)।

दीपन (पुं. तस.) प्रकाश करना, चमकाना, क्रोध चढ़ाना, Lighting, making shine, stimulation, exciting, दीपनम्, प्रकाशनम्, उद्दीपनम् (नपुं.)।

दीपमाला (स्त्री. तस.) दीवाली, The festival of illumination, दीपमाला, दीपावली (स्त्री.)।

दीपमालिका (स्त्री. तस.) दे. 'दीपमाला'।

दीपशिखा (स्त्री. तस.) दीये की लपट, The flame of a lamp, दीपशिखा (स्त्री.)।

दीपावलि, दीपावली (स्त्री. तस.) दीवाली, The festival of Diwali, दीपावली (स्त्री.)।

दीपिका (स्त्री. तस.) छोटा दीपक, A small lamp, दीपिका (स्त्री.)।

(वि. तस.) प्रकाश करने वाली, One who spreads lights, दीपिका (वि.)।

दीप्त (वि. तस.) प्रकाशित, रोशन, जलता हुआ, Lighted, burning, दीप्त (वि.)।

दीप्ति (स्त्री. तस.) रोशनी, चमक, Light, lustre, दीप्तिः, द्युतिः (स्त्री.)।

दीप्तिमान् (वि. तस.) रोशनी वाला, शोभा वाला, प्रसिद्ध, Lighting, shining, well-known, दीप्तिमान्-मत् (वि.)।

दीबो (सकर्म. तभ.) देना, Giving, दानम् (पुं.)।

(पुं. तभ.) दीपक, A lamp, दीपकः (पुं.)।

दीपट (पुं. तभ.) दे. 'दीवट'।

दीया (पुं. तभ.) दे. 'दीप'।

दीरघ (वि. तभ.) दे. 'दीर्घ'।

दीर्घ (वि. तस.) लम्बा, दीर्घ स्वर, Long, a vowel having longer sound, दीर्घ (वि.)।

दीर्घजीवी (वि. तस.) चिरंजीव, लम्बी आयु वाला, Living for a long time, having the long age, दीर्घजीवी-विन् (वि.)।

दीर्घदर्शी (वि. तस.) दूरदर्शी, दूर तक की सोचने वाला, Far-seeing, wise, दीर्घदर्शी-शिन् (वि.)।

दीर्घसूत्रता (स्त्री. तस.) देर से काम करना, To do any work late, दीर्घसूत्रता (स्त्री.)।

दीर्घसूत्री (पुं. तस.) देर से काम करने के स्वभाव वाला, One who habitually does his work late, दीर्घसूत्री-त्रिन् (पुं.)।

दीर्घाकार (वि. तस.) लम्बी आकृति वाला, आयताकार, Oblong, दीर्घाकार, दीर्घाकृति (वि.)।

दीर्घिका (स्त्री. तस.) बावड़ी, वापी, जलाशय, A reservoir for storing water, वापी (स्त्री.), जलाशयः, ह्रदः, तडागः (पुं.)।

दीवट (स्त्री. तभ.) दीपक रखने का स्थान, A lamp-stand, दीपकाधारः (पुं.)।

दीवा (पुं. तभ.) दीपक, A lamp, दीपकः (पुं.)।

दीवान (पुं. अर.) राजसभा, मन्त्री, कवितासंग्रह, तख्तपोश, Court of a king, a minister, selection of poems, a wooden bedstead, राजसभा (स्त्री.), अमात्यः (पुं.), कवितासंग्रहः (पुं.), काष्ठपटलम् (नपुं.)।

दीवाने-आम (पुं. अर.) सामान्य श्रोताओं के लिए बना हुआ सभा-भवन, A public hall for audience, जनसामान्यसभाभवनम् (नपुं.)।

दीवाने-खास (पुं. अर.) विशेष व्यक्तियों की सभा के लिए बना भवन, Building for privy council or the cabinet, जनविशेषसभाभवनम् (नपुं.)।

दीवाना (वि. फा.) पागल, उन्मत्त, Mad, insane, उन्मत्त, विक्षिप्त (वि.)।

दीवानी (स्त्री. फा.) व्यवहार-न्यायालय, Civil court, व्यवहार - न्यायालयः (पुं.)

दीवार, दीवाल (स्त्री. फा.) भित्ति, A wall, भित्तिः (स्त्री.), कुड्यम् (नपुं.)।

दीवाली (स्त्री. तभ.) दे. 'दीपावली'।

दीसना (अकर्म. तभ.) दीखना, To be seen, दृश् — दृश्यते (कर्मवा.)।

दीह (वि. तभ.) दे. 'दीर्घ'।

दुंद (पुं. तस.) दे. 'द्वन्द्व'।

दुंदुभि, दुन्दुभि, दुन्दुभी (स्त्री. तस.) नगाड़ा, A kettle drum, दुन्दुभिः, दुन्दुभी (स्त्री.)।

दुंबा, दुम्बा (पुं. फा.) चर्बी से भरी हुई पूँछ वाला मेंढा, A ram having a tail full of fat, स्थूलपुच्छो मेषः मेढ्रः वा।

दुःख (पुं. तस.) कष्ट, पीड़ा, असुविधा, Trouble, pain, inconvenience, दुःखम् (नपुं.)।

दुःखदायी (वि. तस.) दे 'दुःखद' — दुःखदायी – यिन् (वि.)।

दुःखसाध्य (वि. तस.) दुःख से किए जाने योग्य, To be done with difficulty, difficult to be done, दुःखसाध्य, दुःसाध्य (वि.)।

दुःखमय (वि. तस.) दुःख से पूर्ण, Full of trouble or pain, दुःखमय (वि.)।

दुःखांत, दुःखान्त (वि. तस.) दुःखकारी घटना से समाप्त होने वाला, Ending in pain, दुःखान्त (वि.)।

(पुं. तस.) दुःखान्त नाटक, A tragedy, दुःखान्तकम् नाटकम् (नपुं.)।

दुःखित (वि. तस.) पीड़ित, अप्रसन्न, Woeful, painful, unhappy, दुःखित, पीडित (वि.)।

दुःखिनी (वि. स्त्री. तस.) पीड़ित नारी, A Woeful lady, दुःखिनी, दुःखिता (स्त्री.)।

दुःखी (वि. स्त्री. तस.) दुःख से पूर्ण, A woeful, दुःखी (पुं.)।

दुःशला, दुश्शला (स्त्री. तस.) दुर्योधन की बहिन का नाम, Name of Duryodhana's sister, दुःशला, दुश्शला (स्त्री.)।

दुःशासन, दुश्शासन (पुं. तस.) दुर्योधन के एक भाई का नाम, The name of one of the brothers of Duryodhana, दुःशासनः, दुश्शासनः (पुं.)।

(पुं. तस.) बुरा शासन, बुरी हकूमत, Bad administration, दुःशासनम्, दुश्शासनम् (नपुं.)।

दुःसह, दुस्सह (वि. तस.) जिसे कठिनाई से सहा जा सके, Tolerable with difficulty, दुःसह, दुस्सह (वि.)।

दुःसह्य, दुस्सह्य (वि. तस.) दे. 'दुःसह'।

दुःसाहस, दुस्साहस (पुं. तस.) सामर्थ्य से अधिक साहस, धृष्टता, A futile enterprise, rashness, दुःसाहसम् (नपुं.), धृष्टता (स्त्री.)।

दुःस्वप्न, दुस्स्वप्न (पुं. तस.) बुरा सुपना, A bad dream, दुःस्वप्नः, दुस्स्वप्नः (पुं.)।

दु (तभ. उप.) दो (द्वि) Two, bad, बुरा (दुर्), द्वि (वि.), दुर् (उप.)।

दुआ (स्त्री. अर.) प्रार्थना, शुभकामना, आशीर्वाद, Prayer, well-wishing, blessing, प्रार्थना (स्त्री.), शुभकामना (स्त्री.), आशीर्वादः (पुं.)।

दुकान (स्त्री. फा.) हट्ट, आपण, A shop, आपणः (पुं.), निषद्या (स्त्री.), हट्टम् (नपुं.), हट्टी (स्त्री.)।

दुकानदार (पुं. फा.) दुकान वाला, विक्रेता, आपणिक, A shopkeeper, आपणिकः (पुं.)।

दुकानदारी (स्त्री. फा.) खरीदने और बेचने का कार्य, The business of a shopkeeper, क्रय-विक्रयकार्यम्, आपणिकत्वम् (नपुं.)।

दुकाल (अ., पुं. तभ.) दोनों समय, बुरा समय, Both times, bad time, द्विकालम् (क्रि. वि.), दुष्कालः (पुं.)।

दुकूल (पुं. तस.) उत्तम कपड़ा, Fine cloth, दुकूलम् (नपुं.), क्षौमम् (नपुं.)।

दुकेला (वि. देशी) दूसरे आदमी सहित, Accompanied by another one, द्वितीय – सहित (वि.)।

दुक्का (पुं. तभ.) दो का समूह, A group of two, द्विकम् (नपुं.)।

दुखंडा (वि. तभ.) दोमंजिला, Having two storeys, द्विखण्ड (वि.), द्विभूमिक (वि.)।

दुख (पुं. तस.) दे. 'दुःख'।

दुखड़ा (पुं. तभ.) दुःख से भरी घटना का विवरण, The narration of one's painful event, दुःखवृत्तान्तः (पुं.), दुःखकथा (स्त्री.)।

दुखदाई, दुखदायी (वि. तभ.) दे. 'दुःखद', दुःखदायी-यिन् (वि.)।

दुखना (अकर्म. तभ.) पीड़ित होना, To be painful, दुःख् (कण्ड्वा.), दुःख्यति।

दुखित (वि. तभ.) दे. 'दुःखित'।

दुखिया (वि. तभ.) दे. 'दुःखित'।

दुखियारा (वि. तभ.) दुखी किया हुआ, Troubled, tortured, दुःखीकृत (वि.)।

दुखी (वि. तभ.) दे. 'दुःखी'।

दुगना, दुगुना (वि. तभ.) दो गुणा, Doubled, द्विगुणित (वि.)।

दुग्ग (पुं. तभ.) दुर्ग, किला, A fort, दुर्गम् (नपुं.)।

दुग्ध (पुं. तस.) दूध, Milk, दुग्धम्, पयः-स् (नपुं.)।

दुज (पुं. तस.) दे. 'द्विज'।

दुटूक (क्रि. वि.) स्पष्ट शब्दों में, निश्चयपूर्वक (कथन), A description in clear and concise language, पूर्णस्पष्टतः (क्रि. वि.)।

दुतकार (पुं. अनु.) धिक्कार, घृणापूर्णशब्द, Reproof, reprimand, न्यक्कारः, धिक्कारः (पुं.)।

दुतकारना (सकर्म. अनु.) धिक्कारना, To reprove, to show contempt, न्यक्-कृ -न्यक्करोति, धिक्-कृ - धिक्करोति।

दुतरफा (वि. फा.) दो तरफ का, Of both sides, द्विपाक्षिक (वि.)।

दुति (स्त्री. तभ.) दे. 'द्युति'।

दुतिया (वि. तभ.) दे, 'द्वितीया'।

दुबल (वि. तभ.) दे. 'दुर्बल'।

दुदल (पुं. तभ.) द्विदल, दाल, A pulse which can be split into two parts, द्विदलः, सूपः (पुं.)।

दुधमुँहा (वि. तभ.) दूध पीने वाला, बहुत छोटा, Very young, दुग्धमुख (वि.)।

दुधारा (वि. तभ.) दोनों ओर को धार वाला, Double edged, द्विधारः (खड्गः)।

दुधारी (वि. तभ.) दे. 'दुधारा'।

दुधारू (वि. तभ.) दूध देने वाली, Giving milk, milch, दुग्धवती, क्षीरिणी, पयस्वती (स्त्री.)।

दुधिया (वि. तभ.) दे. 'दूधिया'।

दुधैल (वि. तभ.) दे. 'दुधारू'।

दुनाली (वि. तभ.) दो नालियों वाली, Having two pipes, द्विनाली (वि.) (भुशुण्डी)।

दुनिया (स्त्री. अर.) संसार, जगत्, The world, संसारः (पुं.), जगत् (नपुं.)।

दुनियाई, दुनियावी (वि. अर.) दुनिया से सम्बन्धित, Worldly, सांसारिक (वि.)।

दुनियादारी (स्त्री. अर.) व्यवहार, लेन-देन, Formality observed in business, व्यवहारः (पुं.), व्यापारकर्म (नपुं.)।

दुपटा, दुपट्टा (पुं. देशी) सिर आदि ढकने वाला वस्त्र, A piece of cloth to cover head and other organs, द्विपट्टः (पुं.)।

दुपहर (पुं. तभ.) दे. 'दोपहर'।

दुपहरिया (पुं. तभ.) फूलों वाला एक पौधा, A small flowering plant, बन्धूकः, बन्धुजीवकः (पुं.)।

दुपहरी (पुं. तभ.) दे. 'दोपहर'।

दुबला (वि. तभ.) दे. 'दुर्बल'।

दुबारा (क्रि. वि. तभ.) दूसरी बार, Second time, द्वितीयवारम् (क्रि. वि.)।

दुमंजिला (वि. देशी) दो खंड वाला, Having two storeys, द्विभूमिक (वि.)।

दुम (स्त्री. फा.) पूँछ, A tail, पुच्छम् (नपुं.), लाङ्गूलम् (नपुं.)।

दुमदार (वि. देशी) पूँछ वाला, पुच्छल, Having a tail, सपुच्छ (वि.)।

दुमुँहा (वि. तभ.) दो मुँह वाला, Having two mouths, द्विमुख (वि.)।

दुरंगा (वि. तभ.) दो रंगों वाला, दोहरी चाल चलने वाला, दोगला, Having two colours, having two manners, duplex,deceitful,द्विरंग,द्विवर्ण,दाम्भिक (वि.)।

दुरद (पुं. तभ.) दे. 'द्विरद'।

दुरदुराना (सकर्म. अनु.) दे. 'दुतकारना'।

दुरना (अकर्म. देशी) छिपना, To hide himself, to disappear, तिरो+भू - तिरोभवति।

दुरभिसन्धि (स्त्री. तस.) गुप्त षड्यन्त्र, A secret plot, a stratagem, गुप्तषड्यन्त्रम् (नपुं.)।

दुरवस्था (स्त्री. तस.) बुरी दशा, Bad condition, दुरवस्था, दुर्दशा (स्त्री.)।

दुराकांक्षा, दुराकाङ्क्षा (स्त्री. तस.) बुरी इच्छा, बुरी प्रवृत्ति, Bad intention, दुराकाङ्क्षा, दुष्प्रवृत्तिः (स्त्री.)।

दुराग्रह (पुं. तस.) बुरा हठ, Bad persistency, दुराग्रहः (पुं.)।

दुराग्रही (वि. तस.) बुरा हठ करने वाला, युक्ति - संगत बात न करने वाला, Bad persistent, दुराग्रही-हिन् (वि.)।

दुराचरण (पुं. तस.) बुरा चालचलन, Bad conduct, दुराचरणम् (नपुं.)।

दुराचार (पुं. तस.) दे. 'दुराचरण' — दुराचारः (पुं.)।

दुराचारः (वि.) दे. 'दुराचारी'।

दुराचारी (वि. तस.) बुरे चाल-चलन वाला, Immoral, loose-character, दुराचारी - रिन् (वि.), दुराचारः (वि.)।

दुराज (वि. तभ.) दो राजाओं वाला या वाली, Having two rulers, द्विराज, द्विशासक (वि.)।

दुरात्मा (वि. तस.) दुष्ट आत्मा वाला, पापी, Having bad soul or self, vile, wicked, दुरात्मा-मन् (वि.)।

दुराराध्य (वि. तस.) दुःखपूर्वक प्रसन्न करने योग्य, Difficult to be pleased, दुराराध्य (वि.)।

दुराव (पुं. देशी) छिपाव, गोपन, Concealing, hiding, गोपनम्, गूहनम् (नपुं.)।

दुराशय (वि. तस.) बुरे विचारों वाला, दुरात्मा, Having evil intention, दुराशय (वि.)।

दुराशा (स्त्री. तस.) न पूर्ण होने वाली आशा, A desire which can not be fulfilled, दुराशा (स्त्री.)।

दुरित (पुं. तस.) अवगुण, बुराई, दोष, Defect, sin, deficiency, bad quality, दुरितम् (नपुं.)।

दुरुखा (वि. सं.) दोतरफा, अविश्वसनीय, दुधारा, Supporter of both sides, double edged, deceitful, उभयपाक्षिक, अविश्वसनीय, द्विधार (वि.)।

दुरुत्तर (वि. तस.) कठिन उत्तर वाला, Difficult to be answered, दुरुत्तर (वि.)।

दुरुपयोग (पुं. तस.) बुरा इस्तेमाल, Misuse, misapplication, दुरुपयोगः (पुं.)।

दुरुस्त (वि. फा.) ठीक, स्वस्थ, शुद्ध, Proper, just, healthy, correct, सुस्थित, शुद्ध, स्वस्थ, संगत (वि.)।

दुरुस्ती (स्त्री. फा.) शुद्धता, स्वास्थ्य, शोधन, Correctness, health, adjustment, शुद्धता (स्त्री.), स्वास्थ्यम् (नपुं.), सुसङ्गतिः (स्त्री.)।

दुरूह (वि. तस.) कठिन, दुर्बोध, मुश्किल, Difficult, unintelligible, दुरूह, कठिन, दुर्बोध (वि.)।

दुरेफ (पुं. तस.) दे. 'द्विरेफ'।

दुर्गन्ध (स्त्री. तस.) बदबू, Bad smell, दुर्गन्धः (पुं.)।

दुर्ग (पुं. तस.) किला, A fort, दुर्गम् (नपुं.)।

दुर्गति (स्त्री. तस.) बुरी हालत, Bad condition, दुर्गतिः (स्त्री.)।

दुर्गपाल (पुं. तस.) किलेदार, An incharge of a fort, दुर्गपालः (पुं.)।

दुर्गम (वि. तस.) कठिनता से जाने योग्य, Difficult to be approached, दुर्गम (वि.)।

दुर्गा (स्त्री. तस.) वीरता की देवी, The goddess of bravery, दुर्गा, चण्डी (स्त्री.)।

दुर्गाध्यक्ष (पुं. तस.) दे. 'दुर्गपाल'।

दुर्गुण (पुं. तस.) दुरित, बुराई, अवगुण, Defect, flaw, blemish, fault, दुर्गुणः (पुं.)।

दुर्घट (वि. तस.) कठिनाई से पूर्ण होने वाला, दुष्कर, दुरूह, Difficult to be accomplished, difficult to be done, दुर्घट (वि.)।

दुर्घटना (स्त्री. तस.) बुरी घटना, An accident, दुर्घटना (स्त्री.)।

दुर्जन (पुं. तस.) दुष्ट व्यक्ति, A bad person, दुर्जनः (पुं.)।

दुर्जनता (स्त्री. तस.) दुष्टता, नीचता, Bad action, wickedness, rascalism, दुष्टता, नीचता।

दुर्जय (वि. तस.) जिसे कठिनाई से जीता जा सके, Difficult to be won, impregnable, दुर्जेय (वि.)।

दुर्ज्ञेय (वि. तस.) कठिनाई से जानने योग्य, Difficult to be known, दुर्ज्ञेय (वि.)।

दुर्दमनीय (वि. तस.) कठिनाई से वश में करने योग्य, Difficult to bring under control, difficult to be subdued, दुर्दमनीय (वि.)।

दुर्दम्य (वि. तस.) दे. 'दुर्दमनीय' – दुर्दम्य (वि.)।

दुर्दर्श (वि. तस.) जिसे देखना कठिन हो, Difficult to be seen, दुर्दर्श (वि.)।

दुर्दशा (स्त्री. तस.) बुरी अवस्था, दुर्गति, Bad condition, adversity, दुर्दशा, दुर्गतिः (स्त्री.)।

दुर्दिन (पुं. तस.) बुरा दिन, बादलों से ढका हुआ दिन, Unlucky day or time, a cloudy day, दुर्दिनम् (नपुं.)।

दुर्दैव (पुं. तस.) दुर्भाग्य, बदकिस्मत, Bad luck, misfortune, दुर्दैवम् (नपुं.)।

दुर्धर्ष (वि. तस.) दे. 'दुर्दम्य'।

दुर्नाम (पुं. तस.) बदनाम, A bad name, दुर्नाम-मन् (नपुं.)।

(वि. तस.) बदनाम, Notorious, ill-named, निन्दित, निन्दनीय (वि.)।

दुर्निवार्य (वि. तस.) जिसे रोका न जा सके, Difficult to be stopped, दुर्निवार्य (वि.)।

दुर्नीति (स्त्री. तस.) बुरी नीति, बुरी चाल, Bad policy, injustice, दुर्नीतिः (स्त्री.)।

दुर्बल (वि. तस.) कमज़ोर, कृश, दुबला, Weak, infirm, slender, दुर्बल (वि.)।

दुर्बलता (स्त्री. तस.) कमज़ोरी, Weakness, दुर्बलता (स्त्री.)।

दुर्बुद्धि (वि. तस.) बुरी बुद्धि वाला, Evil-minded, दुर्बुद्धि (वि.)।
(स्त्री.) बुरी बुद्धि, Bad mind, दुर्बुद्धिः (स्त्री.)।

दुर्बोध (वि. तस.) कठिनाई से समझ आने वाला, Difficult to be understood or to be known, दुर्बोध (वि.)।

दुर्भगा (वि. तस.) दुर्भाग्यशालिनी, Misfortune lady, दुर्भगा (वि. स्त्री.)।

दुर्भाग्य (पुं. तस.) बदकिस्मत, Bad luck, दुर्भाग्यम् (नपुं.)।

दुर्भाव (पुं. तस.) बुरी भावना, Bad intention, दुर्भावः (पुं.)।

दुर्भिक्ष (पुं. तस.) अकाल, दुष्काल, Famine, दुर्भिक्षम् (नपुं.), अकालः, दुष्कालः (पुं.)

दुर्भेद्य (वि. तस.) कठिनाई से तोड़ने योग्य, Difficult to be broken, दुर्भेद्य (वि.)।

दुर्मति (वि. तस.) और (स्त्री. तस.) दे. 'दुर्बुद्धि'— दुर्मति (वि.) दुर्मतिः (स्त्री.)।

दुर्मद (वि. तस.) उन्मत्त, बहुत पागल, Intoxicated, दुर्मद (वि.)।

दुर्मनस् (वि. तस.) पापी मन वाला, बुरे मन वाला, Having bad intention, दुर्मनाः -स् (पुं. वि.)।

दुर्मेधस् (वि. तस.) दे. 'दुर्बुद्धि' — दुर्मेधस् (वि.)।

दुर्यश (वि. तस.) अपकीर्ति वाला, Notorious, ill-named, दुर्यशस् (वि.)।

दुर्योधन (पुं. तस.) धृतराष्ट्र का सबसे बड़ा पुत्र, The eldest son of Dritarashtra, दुर्योधनः (पुं.)।

दुर्लंघ्य, दुर्लङ्घ्य (वि. तस.) कठिनाई से लाँघने योग्य, Difficult to be crossed, दुर्लङ्घ्य (वि.)।

दुर्लक्ष्य (वि. तस.) कठिनाई से दीखने वाला, Difficult to be seen, दुर्लक्ष्य (वि.)।

दुर्लभ (वि. तस.) कठिनाई से मिलने वाला, दुष्प्राप्य, Difficult to be attained, दुर्लभ, दुष्प्राप्य (वि.)।

दुर्ललित (पुं. तस.) बुरा कर्म, पाप, Evil deed, sin, दुर्ललितम् (नपुं.)।

दुर्वचन (पुं. तस.) गाली, बुरा वचन, Abuse, censure, दुर्वचनम् (नपुं.)।

दुर्वासा (पुं. तस.) शाप देने के लिए प्रसिद्ध एक ऋषि का नाम, The name of a sage who is known for throwing curses, दुर्वासाः-सस् (पुं.)।

दुर्विदग्ध (वि. तस.) अभिमानी, घमण्डी, Proud, haughty, दुर्विदग्ध (वि.)।

दुर्विनीत (वि. तस.) असभ्य, धृष्ट, Rude, ill-mannered, दुर्विनीत, असभ्य (वि.)।

दुर्विपाक (पुं. तस.) दुष्परिणाम, Evil consequence, दुर्विपाकः (पुं.), दुष्परिणामः (पुं.)।

दुर्वृत्त (वि. तस.) बुरे आचरण वाला, दुराचारी, Immoral, wicked, दुर्वृत्त (वि.)।

दुर्व्यवस्था (पुं. तस.) कुप्रबन्ध, बुरा इन्तज़ाम, Mismanagement, दुर्व्यवस्था (स्त्री.), दुष्प्रबन्धः (पुं.)।

दुर्व्यवहार (पुं. तस.) बुरा बर्ताव, Bad treatment, दुर्व्यवहारः (पुं.)।

दुर्व्यसन (पुं. तस.) बुरी आदत, Bad habit, दुर्व्यसनम् (नपुं.)।

दुलकी (स्त्री. देशी) घोड़े की एक चाल, A trot, धौरितम्, धौरितकम् (नपुं.)।

दुलत्ती (स्त्री. देशी) घोड़े या गधे आदि द्वारा पिछले दो पैरों से आक्रमण, An attack with hind legs by horse or a donkey, द्विपादप्रहारः (पुं.)।

दुलभ (वि. तभ.) दे. 'दुर्लभ'।

दुलराना (सकर्म. तभ.) प्यार करना, To fondle a child, दुर्+लालय् (प्रे.), दुर्लालयति।

दुलहन (स्त्री. देशी) वधू, A bride, वधू (स्त्री.)।

दुलहा (पुं. देशी) वर, ब्याहने वाला, A bridegroom, वरः (पुं.)।

दुलाई (स्त्री. देशी) तुलाई, रजाई, Covering full of cotten, तूलाच्छादनम् (नपुं.), तूलिका (स्त्री.)।

दुलार (पुं. तभ.) बच्चे से प्यार, Affection, fondling, दुर्लालनम् (नपुं.)।

दुलारना (सकर्म. तभ.) दे. 'दुलराना'।

दुलारा (वि. तभ.) प्यारा Beloved, dear, लालित, दुर्लालित (वि.)।

दुल्लभ (वि. तभ.) दे. 'दुर्लभ'।

दुविधा (स्त्री. तभ.) असमंजस, उलझन, A lurch, lack of dicision, द्विविधा-स्थितिः (स्त्री.), असमञ्जसम् (नपुं.), अनिश्चयः (पुं.)।

दुशाला (पुं. फा.) कढ़ाई वाली ऊनी ओढ़नी, An embroidered wrapper, द्विशाटः (पुं.)।

दुश्शासन (पुं. तस.) बुरा शासन, Mismanagement, दुश्शासनम् (नपुं.)।
(पुं. तस.) दुर्योधन के एक भाई का नाम, Name of a Duryodhan's brother, दुश्शासनः (पुं.)।

दुश्चरित्र (वि. तस.) दे. 'दुर्वृत्त'।

दुश्चिन्ता (स्त्री. तस.) दुःख देने वाली चिन्ता, डर, Apprehension, fear, दुश्चिन्ता (स्त्री.)।

दुश्चिन्त्य (वि. तस.) कठिनाई से समझने योग्य, Difficult to be understood, दुश्चिन्त्य (वि.)।

दुश्चेष्टा (स्त्री. तस.) कुकर्म, बुरी चेष्टा, Evil conduct, दुश्चेष्टा (स्त्री.)।

दुष्कर (वि. तस.) करने में जो कठिन हो, Difficult to be done, दुष्कर (वि.)।

दुष्कर्म (पुं. तस.) बुरा काम, कुकर्म, Bad work, wickedness, दुष्कर्म-मन् (नपुं.)।

दुष्कर्मा (वि. तस.) बुरा काम करने वाला, Sinful, doer of bad deed, दुष्कर्मा-मन् (पुं. वि.)।

दुष्काल (पुं. तस.) दे. 'दुर्भिक्ष' — दुष्कालः (पुं.)।

दुष्कृत (पुं. तस.) दे. 'दुष्कर्म' — दुष्कृतम् (नपुं.)।

दुष्ट (वि. तस.) खल, शठ, दुर्वृत्त, दुर्जन, Bad, mean, vicious, दुष्ट (वि.)।

दुष्टता (स्त्री. तस.) दे. 'दुष्कर्म' — दुष्टता (स्त्री.)।

दुष्पच (वि. तस.) कठिनाई से पचने योग्य, Difficult to be digested, दुष्पच (वि.)।

दुष्पूर (वि. तस.) कठिनाई से भरा जाने वाला, Difficult to be fulfilled, दुष्पूर (वि.)।

दुष्प्रवृत्ति (स्त्री. तस.) बुरी भावना, Bad intention, दुष्प्रवृत्तिः (स्त्री.)।

दुष्प्राप्य (वि. तस.) दे. 'दुर्लभ' — दुष्प्राप्य (वि.)।

दुष्मन्त, दुष्यन्त (पुं. तस.) भरत के पिता और शकुन्तला के पति का नाम, The name of Bharata's father and husband of Śakuntalā, दुष्मन्तः, दुष्यन्तः (पुं.)।

दुसह (वि. तम.) दे. 'दुस्सह'।

दुस्तर (वि. तस.) जिसे पार करना कठिन हो, Difficult to be crossed, दुस्तर (वि.)

दुस्त्यज (वि. तस.) जिसे छोड़ना कठिन हो, Difficult to be abandoned, दुस्त्यज (वि.)।

दुस्सह (वि. तस.) जिसे सहना कठिन हो, Difficult to be tolerated, दुस्सह, दुःसह (वि.)।

दुहत्था (वि. तभ.) दोनों हाथों से समान रूप से काम करने में समर्थ, Able to work with both hands equally, उभयहस्तक (वि.), द्विहस्तक (वि.)।

दुहना (सकर्म. तभ.) दूध निकालना, सार निकालना, To milk, to squeeze the essence of, दुह् (अदा. उभ.) दोग्धि, दुग्धे।

दुहनी (स्त्री. तभ.) दूध दोहने का पात्र, The pot in which the animal is milked, दोहन-पात्रम् (नपुं.)।

दुहरा (वि. तभ.) दो तह किया हुआ, Doubled, द्वितय (वि.), द्विरावृत्त (वि.)।

दुहाई (स्त्री. तभ.) दोहने का कार्य और उसकी मजदूरी, Act of milking and its wages दोहनम् (नपुं.) दोहनवेतनम् (नपुं.)।

दुहाई (स्त्री. देशी.) अपनी रक्षा के लिए जोर-जोर से पुकारना, To call loudly again and again, पुनः पुनः आह्वानम्, आत्म-रक्षार्थमुच्चैः सम्बोधनम् (नपुं.)।

दुहागिन (स्त्री. तभ.) दुर्भाग्यशालिनी, विधवा, A widow, विधवा (स्त्री.)।

दुहाना (सकर्म. तभ.) किसी से दोहने का कार्य करवाना, To cause to milk, दोहय् (प्रे.) — दोहयति।

दुहिता (स्त्री. तस.) पुत्री, बेटी, Daughter, दुहिता-तृ (स्त्री.) पुत्री, आत्मजा (स्त्री.)।

दुह्य (वि. तस.) दोहने योग्य, सार निकालने योग्य, Worth milking or extracting, दुह्य (वि.)।

दुइज (वि. तभ.) चान्द्रमास के पक्ष की द्वितीया, Second day of a fortnight, द्वितीया (स्त्री.)।

दूकान (स्त्री. फा.) दे. 'दुकान'।

दूज (वि. तभ.) दे. 'दुइज'।

दूत (पुं. तस.) प्रणिधि, संदेशहर, A messenger, ambassador, दूतः, सन्देशहरः (पुं.)।

दूतकर्म (पुं. तस.) दूत का कर्तव्य, The work of a messenger, दूतकर्म-मन् (नपुं.)।

दूतत्व (पुं. तस.) दे. 'दूतकर्म' — दूतत्वम् (नपुं.)।

दूतावास (पुं. तस.) दूत के रहने का स्थान, An embassy, दूतावासः (पुं.)।

दूतिका, दूती (स्त्री. तस.) नारी संदेशहरी, A female messenger, दूती, दूतिका (स्त्री.)।

दूध (पुं. तस.) दुग्ध, पय, Milk, दुग्धम्, पयः-स् (नपुं.)।

दूधिया (वि. तभ.) दूध देने वाली, जिसमें से दूध निकलता है, दूध-सा सफेद, Milch, a plant having milky fluid as white as milk, दोग्ध्री, दुग्धवर्णरसवत्, दुग्धवर्ण (वि.)।

दून (स्त्री. फा.) घाटी, A valley, उपत्यका (स्त्री.)।

दूना (वि. तभ.) दुगुना, Doubled, द्विगुणित (वि.)।

दूब (स्त्री. तभ.) कोमल घास, दूर्वा, Green grass, दूर्वा (स्त्री.)।

दूबे (वि. तभ.) ब्राह्मणों की एक उपजाति, A subcaste of Brahmans, द्विवेदी-दिन् (वि.)।

दूभर (वि. तभ.) कठिन, दुस्साध्य, Difficult, difficult to be performed, दुर्भर, कठिन (वि.)।

दूरंदेश (वि. फा.) दूरदर्शी, भविष्य की सोचने वाला, Far - sighted, prudent, दूरदर्शी-शिन् (वि.)।

दूरंदेशी (स्त्री. फा.) दूर की बात सोचना, Far-sightedness, prudence, दूर-दर्शिता, दूरदृष्टिः (स्त्री.)।

दूर (क्रि. वि. तस.) परे, Away, at a distance, दूरे, दूरम्, दूरात् (अ.)।

दूरदर्शक (पुं. तस.) दूरबीन, दूरवीक्षण, Telescope, दूरदर्शकः (पुं.), दूरवीक्षणम् (नपुं.)।

दूरदर्शन (पुं.) टेलीविजन, Television, दूरदर्शनः (पुं.)।

दूरदर्शित (वि. तस.) दूर से दिखाया गया, Shown from a distance, दूरदर्शित (वि.)।

दूरदर्शी (पुं. तस.) दे. 'दूरदर्शक' — दूरदर्शी-शिन् (पुं.)।

दूरदृष्टि (वि. तस.) दे. 'दूरंदेश' (स्त्री. तस.), दे. 'दूरंदेशी'।

दूरबीन (स्त्री. फा.) दूर से देखने का साधन, Telescope, दूरवीक्षणम् (नपुं.)।

दूरवर्ती (वि. तस.) दूर पर स्थित, Staying far away, दूरवर्ती-तिन् (वि.)।

दूरवीक्षण (पुं. तस.) दे. 'दूरबीन'।

दूरस्थ (वि. तस.) दे. 'दूरवर्ती' — दूरस्थ (वि.)।

दूरी (स्त्री. देशी) समीपता न होना, Being a distance, दूरता (स्त्री.), दूरत्वम् (नपुं.), विप्रकर्षः (पुं.)।

दूरीकरण (पुं. तस.) दूर कर देना, To keep off, दूरीकरणम् (नपुं.)।

दूरीकृत (वि. तस.) दूर हटाया गया, Removed at a distance, दूरीकृत (वि.)।

दूरीभूत (वि. तस.) दूर हुआ हुआ, Gone at a distance, दूरीभूत (वि.)।

दूर्वा (स्त्री. तस.) दूब, हरी घास, Green grass, दूर्वा (स्त्री.)।

दूलह, दूल्हा (पुं. देशी) वर, पाणि-ग्रहण करने वाला, A bridegroom, वरः, परिणेता-तृ (पुं.)।

दूषक (पुं. तस.) दोष लगाने वाला, गन्दा करने वाला, An objectioner, a contaminator, दूषकः (पुं. तस.)।

दूषण (पुं. तस.) दोष लगाना, दूषित करना, Act of contamination or objecting any one, दूषणम् (नपुं.)।

दूषण (पुं. तस.) रावण के एक सेनापति का नाम, The name of a commander of Rāvaṇa's army, दूषणः (पुं.)।

दूषित (वि. तस.) गन्दा किया गया, दोष लगाया गया, Contaminated, blamed, दूषित (वि.)।

दूसरा (वि. तभ.) द्वितीय, Second, द्वितीय (वि.)।

दृक् (स्त्री. तस.) दृष्टि, नज़र, Sight, दृक्, दृग्-श्, दृष्टिः (स्त्री.)।

दृक्पात (पुं. तस.) दृष्टिपात, नज़र डालना, Looking, throwing a sight, दृक्पातः (पुं.)।

दृगञ्चल (पुं. तस.) आँख की पलक, The eyelash, दृगञ्चलः (पुं.)।

दृग्गोचर (वि. तस.) दे. 'दृष्टिगोचर'।

दृढ़ (वि. तस.) मज़बूत, पक्का, अडिग, Firm, strong, sturdy, दृढ़, ध्रुव, (वि.)।

दृढ़ता (स्त्री. तस.) मज़बूती, Firmness, दृढ़ता (स्त्री.), दार्ढ्यम् (नपुं.)।

दृढ़त्व (पुं. तस.) दे. 'दृढ़ता' — दृढत्वम् (नपुं.)।

दृढ़ाङ्ग (वि. तस.) मजबूत अंगों वाला, Having strong organs, दृढाङ्ग (स्त्री.)।

दृत (वि. तस.) डरा हुआ, फटा हुआ, आदर किया हुआ, Afraid, torn out, respected, दृत (वि.)।

दृति (स्त्री. तस.) मशक, मेघ, ऊन, A leather bag, a cloud, fleece or wool, दृतिः (स्त्री.)।

दृश (स्त्री. तभ.) दे. 'दृश'।

दृशा (स्त्री. तस.) दे. 'दृश्'।

दृशान (वि. तस.) सूक्ष्म द्रष्टा, विवेचक, A preceptor, investigator, दृशान (वि.)।

दृशि (स्त्री. तभ.) दे. 'दृश्'।

दृश् (स्त्री. तस.) दृष्टि, नजर, Sight, दृश्- (दृक्-दृग्, दृशौ, दृशः) (स्त्री.)।

दृश्य (पुं. तस.) नज़ारा, A scene, scenery, दृश्यम् (नपुं.)।

दृश्यमान (वि. तस.) दिखाई देने वाला, Perceptible, visible, दृश्यमान (वि.)।

दृषद् (पुं. तस.) पत्थर, पाषाण, Stone, दृषद् (पुं.)।

दृषद्वती (स्त्री. तस.) एक नदी का नाम, Name of a river, दृषद्वती (स्त्री.)।

दृष्ट (वि. तस.) देखा हुआ, Seen, दृष्ट (वि.)।

(पु.) भाग्य, Luck, दृष्टम् (नपुं.)।

दृष्टांत, दृष्टान्त (पुं. तस.) उदाहरण, An example, दृष्टान्तः (पुं.)।

दृष्टि (स्त्री. तस.) नज़र, Sight, दृष्टिः (स्त्री.)।

दृष्टिगोचर (वि. तस.) देखा हुआ, Seen, दृष्टिगोचर (वि.)।

दृष्टिपात (पुं. तस.) नज़र डालना, Throwing of a sight, looking, seeing, दृष्टिपातः (पुं.)।

दृष्टिभ्रम (पुं. तस.) गलत देखना, Illusion, दृष्टिभ्रमः (पुं.), दृष्टिभ्रान्तिः (स्त्री.)।

देई (पुं. तभ.) दैव, भाग्य, God, luck, दैवम् (नपुं.), भाग्यम् (नपुं.) ईश्वरः (पुं.)। (सकर्म. तभ.) देवे, Gives, दा (जुहो.) — ददाति।

देखना (सकर्म. तभ.) नज़र डालना, To see, दृश् (भ्वा. पर.) — पश्यति।

देखभाल (स्त्री. देशी) ध्यान रखना, परवरिश, Care, nourishment, ध्यानम्, पालनम् (नपुं.)।

देखरेख (स्त्री. देशी) निरीक्षण, Supervision, निरीक्षणम् (नपुं.)।

देखादेखी (क्रि. वि. देशी) देख-देखकर, Copying, दृष्ट्वैव, दर्शं-दर्शम् (अ.)।

देखाभाला (वि. देशी) जाना-पहचाना, Well-known, acquainted, परिचित, पूर्णदृष्ट (वि.)।

देग (स्त्री. देशी) पकाने का एक बड़ा बर्तन, A big cooking pot, बृहत्स्थाली (स्त्री.)।

देगचा (पुं. देशी) दे. 'देग'।

देगची (स्त्री. देशी) छोटी देग, A cooking pot, स्थाली (स्त्री.)।

देदीप्यमान (वि. तस.) चमकता हुआ, Shining, देदीप्यमान (वि.)।

देन (स्त्री. देशी) दान, देने का काम, Giving, दानम् (नपुं.)।

देनहार (पुं. देशी) देने वाला, दाता, Giver, दाता-तृ (पुं.)।

देनलेन (स्त्री. देशी) देना और लेना, विनिमय, Exchange, दानादाने (नपुं. द्वि.), विनिमयः (पुं.)।

देनहारा (पुं. देशी) दे. 'देनहार'।

देना (सकर्म. तभ.) देने का काम करना, To give, दा - (भ्वा. पर.) — यच्छति, (जुहो. उभ.) ददाति, दत्ते।

देय (वि. तस.) देने योग्य, Worth giving, देय (वि.)।

देर (स्त्री. फा.) देरी, विलम्ब, Delay, विलम्बः (पुं.), चिरम् (अ.)।

देरी (स्त्री. फा.) दे. 'देर'।

देव (पुं. तस.) देवता, सुर, विद्वान्, A god, a scholar, देवः, सुरः (पुं.)।

देव-ऋण (पुं. तस.) पृथ्वी-जल-तेज-वायु-आकाश द्वारा होने वाले उपकार का कर्ज़, The debt which is due to favour done by natural things, देवर्णम् (नपुं.)।

देव-ऋषि (पुं. तस.) दे. 'देवर्षि'।

देवकी (स्त्री. तस.) श्रीकृष्ण को जन्म देने वाली माता का नाम, The name of the mother of Sh. Kṛṣṇa who gave birth to him, देवकी (स्त्री.)।

देवगिरा (स्त्री. तस.) दे. 'देववाणी'।

देवगिरि (पुं. तस.) मेरु पर्वत का उपनाम, An epithet of Meru mountain, देवगिरिः (पुं.)।

देवगुरु (पुं. तस.) देवताओं के गुरु बृहस्पति का उपनाम, An epithet of Bṛhaspati; the Guru of gods, देवगुरुः, बृहस्पतिः (पुं.)।

देवगृह (पुं. तस.) दे. 'देवालय' — देवगृहम् (नपुं.)।

देवचिकित्सक (पुं. तस.) अश्विनी कुमारों का उपनाम, The epithet given to Ashvinikumaras, देवचिकित्सकौ (पुं. द्वि.)।

देवतरु (पुं. तस.) कल्पवृक्ष, This is the name of the heavenly tree which fulfils all desires, देवतरुः, कल्पवृक्षः (पुं.)।

देवता (पुं. तस.) देव, वेद-मन्त्र का अर्थ स्पष्ट करने वाला विषय, A god, the word which indicates the meaning of Veda-Mantra, देवता (स्त्री.)।

देवत्रयी (स्त्री. तस.) ब्रह्मा, विष्णु, महेश-इन तीन देवताओं का समूह, A group of Brahmā, Viṣṇu and Maheśa, देव-त्रयी (स्त्री.)।

देवत्व (पुं. तस.) देवों की भावना, श्रेष्ठता, दानशीलता, The quality of charity, देवत्वम् (नपुं.)।

देवदारु (पुं. तस.) दियार का पेड़, A kind of pine tree, देवदारुः (पुं.)।

देवधुनि (स्त्री. तस.) देव - नदी, गंगा, Ganga river, देवधुनिः, गङ्गा (स्त्री.)।

देवनागरी (स्त्री. तस.) वह लिपि जिसमें हिन्दी आदि भाषाएँ लिखी जाती हैं, The script in which Hindi and some other languages are written, देव-नागरी (स्त्री.)।

देवभिषक् (पुं. तस.) दे. 'देवचिकित्सक' — देवभिषज् — (देवभिषक्, देवभिषजौ, देवभिषजः।)

देवयज्ञ (पुं. तस.) देव-ऋण को उतारने के लिए किया जाने वाला यज्ञ, हवन, होम, A sacrifice which is performed to pay debt of devas, हवनम् (नपुं.), होमः (पुं.)।

देवयान (पुं. तस.) जीने का वह ढंग जिससे मनुष्य पुनर्जन्म से हटकर मुक्ति को प्राप्त करता है, The path by which one obtains salvation, देवयानम् (नपुं.)।

देवयानी (स्त्री. तस.) असुरों के गुरु शुक्राचार्य की पुत्री का नाम, The name of daughter of Śukrācārya; the Guru of demons, देवयानी (स्त्री.)।

देवर (पुं. तस.) पति का छोटा भाई, The younger brother of the husband, देवरः (पुं.)।

देवराज (पुं. तस.) देवेश, इन्द्र, An epithet of Indra, देवराजः, इन्द्रः (पुं.)।

देवरानी (स्त्री. तभ.) देवर की पत्नी, The wife of the younger brother of the husband.

देवर्षि (पुं. तस.) देवताओं में से बने ऋषि, The sages which are related to gods as नारद, देवर्षिः (पुं.)।

देवल (पुं. तस.) देवमन्दिर, उपासनागृह, A temple, देवलः, देवालयः (पुं.)।

देववाणी (स्त्री. तस.) संस्कृत-भाषा जिसमें वेद प्रगट हुए, The Saṁskrita language in which Vedas came into existence, देववाणी (स्त्री.)।

देवव्रत (पुं. तस.) भीष्म-पितामह का असली नाम, The real name of Bhīṣma-Pitāmaha, देवव्रतः (पुं.)।

देवशुनी (स्त्री. तस.) देवों की संदेशवाहिका (एक कुतिया) सरमा, The bitch who worked as a messenger of gods, देवशुनी, सरमा (स्त्री.)।

देवसरित् (स्त्री. तस.) दे. 'देवधुनि' — देवसरित् (स्त्री.)।

देवहूति (स्त्री. तस.) सांख्यदर्शनकार महर्षि कपिल की माता का नाम, Name of the mother of sage Kapil who was author of Sāṁkhya Philosophy, देवहूतिः (स्त्री.)।

देवानांप्रिय (वि. तस.) महाराज अशोक की एक उपाधि, मूर्ख, नासमझ, A title of King Ashoka, foolish, dull, देवानांप्रियः (पुं., वि.)।

देवालय (पुं. तस.) मन्दिर, A temple, देवालयः (पुं.), मन्दिरम् (नपुं.)।

देवी (स्त्री. तस.) दिव्यगुणों वाली स्त्री, नारी-देवता, A lady having good qualities, a goddess, देवी (स्त्री.)।

देवेन्द्र, देवेश (पुं. तस.) दे. 'देवराज' — देवेन्द्रः, देवेशः (पुं.)।

देवेश्वर (पुं. तस.) महेश, महादेव, An epithet of Mahadeva, देवेश्वरः (पुं.)।

देवैया (पुं. तभ.) देने वाला, Giver, दाता-तृ (पुं.)।

देवोद्यान (पुं. तस.) नन्दन वन, स्वर्ग का बगीचा, The heavenly garden called Nandana Vana, देवोद्यानम्, नन्दनवनम् (नपुं.)।

देश (पुं. तस.) स्थान, राष्ट्र, Place, a nation, देशः (पुं.)।

देशज (वि. तस.) देश में उत्पन्न, देशी, Born in the country, देशज (वि.)।

देशत्याग (पुं. तस.) देश को छोड़ना, Leaving one's own country, देशत्यागः (पुं.)।

देशनिकाला (पुं. देशी) देश से बाहर करना, Banishing from a country, banishment, देशनिर्वासनम् (नपुं.)।

देशांतर, देशान्तर (पुं. तस.) दूसरा देश, An other country, देशान्तरः (पुं.)।

देशी, देशीय (वि. तस.) देश से सम्बन्धित, Pertaining to one's country, देशीय (वि.)।

देस (पुं. तभ.) दे. 'देश'।

देसी (वि. तभ.) दे. 'देशीय'।

देह (पुं. तस.) शरीर, काय, Body, देहः, कायः (पुं.), शरीरम् (नपुं.)।

देहज (पुं. तस.) आत्मज, पुत्र, A son, देहजः, आत्मजः, पुत्रः (पुं.)।

देहत्याग (पुं. तस.) शरीर छोड़ना, मृत्यु, Leaving the body, death, देहत्यागः, मृत्युः (पुं.)।

देहधारी (पुं. तस.) शरीरधारी, जीवात्मा, Living in the body, the soul, देहधारी-रिन्, आत्मा-मन् (पुं.)।

देहपात (पुं. तस.) शरीर का पतन, मृत्यु, Falling of the body, death, देहपातः, मृत्युः (पुं.)।

देहयात्रा (स्त्री. तस.) आजीविका, रोजी, Livelihood, देहयात्रा, आजीविका (स्त्री.)।

देहरा (पुं. तभ.) मन्दिर, देवालय, A temple, देवालयः (पुं.)।

देहरी (स्त्री. तभ.) दे. 'देहली'।

देहली (स्त्री. तस.) दहलीज़, दिल्ली, Door-still, thresh-hold, Delhi, देहली (स्त्री.)।

देहांत, देहान्त (पुं. तस.) मृत्यु, देहत्याग, Death, end of life, देहान्तः, मृत्युः (पुं.)।

देहात (पुं. फा.) गाँव, ग्राम, A village, ग्रामः (पुं.)।

देहाती (पुं. फा.) गाँव का रहने वाला, ग्रामीण, A villager, ग्रामीणः (पुं.)।

देही (पुं. तस.) शरीरी, आत्मा, Master of the body, the soul, देही-हिन् (पुं.)।

दैऊ (पुं. तभ.) दैव, भाग्य, किस्मत, Luck, fortune, दैवम्, भाग्यम् (नपुं.)।

दैत्य (पुं. तस.) राक्षस, A demon, दैत्यः, दानवः (पुं.)।

दैत्यनिषूदन (पुं. तस.) विष्णु, God Vishnu, दैत्यनिषूदनः (पुं.)।

दैत्यपति (पुं. तस.) हिरण्यकशिपु, Hiranya-kashipu, हिरण्यकशिपुः (पुं.)।

दैत्यपुरोधा (पुं. तस.) दैत्यों का पुरोहित, शुक्राचार्य, The priest of Demons, Śukrācārya, शुक्राचार्यः, दैत्यपुरोधाः (पुं.)।

दैत्यमाता (स्त्री. तस.) राक्षसों की माँ, दिति, दनु, The mother of Demons, Diti, Danu, दैत्यमाता-तृ, दितिः, दनुः (स्त्री.)।

दैत्यारि (पुं. तस.) दे. 'दैत्यनिषूदन' — दैत्यारिः (पुं.)।

दैनंदिन (वि. तस.) प्रतिदिन से सम्बन्धित, Pertaining to day by day, दैनन्दिन (वि.)।

दैनिक (वि. तस.) दिन से सम्बन्धित, Daily, दैनिक (वि.)।

दैन्य (पुं. तस.) गरीबी, दीनता, Poverty, दैन्यम् (नपुं.), दीनता (स्त्री.)।

दैया (अ. देशी) शोक प्रकट करने वाला अव्यय, हे दीनरक्षक, A word expressing sorrow, O God, हे दीनबन्धो!

दैर्घ्य (पुं. तस.) लम्बाई, दीर्घता, Length, दैर्घ्यम् (नपुं.), दीर्घता (स्त्री.)।

दैव (पुं. तस.) भाग्य, किस्मत, Destiny, fate, fortune, दैवम् (नपुं.)।

दैवज्ञ (पुं. तस.) भाग्यवक्ता, ज्योतिषी, A prophet, an astronomer, दैवज्ञः (पुं.)

दैवत (वि. तभ.) देवता से सम्बन्धित, Pertaining to the subject matter or god, दैवत (वि.)।

दैवदुर्विपाक (पुं. तस.) भाग्य का दुष्फल, Bad consequence of the fate, दैवदुर्विपाकः (पुं.)।

दैवयोग (पुं. तस.) भाग्य का फल, Result of the fate, दैवयोगः (पुं.)।

दैववशात् (क्रि. वि.) भाग्य के कारण, Due to the fate, भाग्यवशात् (क्रि. वि.)।

दैवविवाह (पुं. तस.) मनु द्वारा बताए आठ विवाहों में से एक, One kind of the eight marriages explained by Manu, दैवविवाहः (वि.)

दैविक (वि. तस.) देवों या विद्वानों से सम्बन्धित, Related to the gods or scholars, दैविक (वि.)।

दैष्टिक (वि. तस.) भाग्य से सम्बन्धित, Related to the luck or destiny, दैष्टिक (वि.)।

दैहिक (वि. तस.) शारीरिक, Corporal, bodily, physical, दैहिक (वि.)।

दो (वि. तभ.) एक और एक, Two, द्वौ (पुं.), द्वे (स्त्री., नपुं.)।

दोआब (पुं. फा.) दो नदियों के मध्य की भूमि, The land situated between two rivers, नदीद्वयमध्यवर्तिनी भूः (स्त्री.)।

दोउ, दोऊ (वि. तभ.) दोनों, Both, द्वयम् (नपुं.)।

दोख (पुं. तभ.) दोष, त्रुटि, Fault, defect, दोषः (पुं.)।

दोगला (पुं. फा.) वर्णसंकर, Crossbreed, वर्णसङ्करः (पुं.)।

दोगाड़ा (पुं. देशी) दोनाली बंदूक, A double barrelled gun, द्विनाली भुशुण्डी (स्त्री.)।

दोगुना (वि. तभ.) दुगुना, Double, द्विगुणित (वि.)।

दोग्धा (पुं. तस.) दोहने वाला, A milk-man, दोग्धा-धृ (पुं.)।

दोज़ख (पुं. फा.) नरक, The hell, नरकः, निरयः (पुं.)।

दोजिया (स्त्री. तभ.) दो जीवों वाली, गर्भवती स्त्री, A pregnant woman, द्विजीवयुता, गर्भिणी (स्त्री.)।

दोजीवा (स्त्री. तभ.) दे. 'दोजिया'।

दोतल्ला (पुं. तभ.) दे. 'दुमंजिला' – द्वितलः, द्विभूमिकः (पुं.)।

दोदिल (वि. तभ.) अनिश्चित विचार वाला, Wavering, fickle-minded, अस्थिर-निश्चय (वि.)।

दोना (पुं. तभ.) पत्तों से बनाया गहरा पात्र, पत्रद्रोण, A cup made of leaves, पत्रद्रोणः, पुटः, पुटकः (पुं.)।

दोनों (वि. तभ.) दो का समूह, Both, उभौ, द्वावेव (वि.)।

दोपलिया, दोपल्ली (वि. तभ.) दो परतों वाला, Having two folds, द्विस्तरक (वि.)।

दोपहर (पुं. तभ.) मध्याह्न, Noon, mid-day, मध्याह्नम् (नपुं.)।

दोफसली (वि. देशी) दो फसल देने वाली, Pertaining two harvests in a year, द्विशस्यदात्री (स्त्री.)।

दोमंजिला (वि. देशी) दे. 'दुमंजिला'।

दोमट (पुं. देशी) रेत तथा चिकनी मिट्टी से मिली हुई मिट्टी, The soil which contains a mixture of clay and sand, द्विमृदा (वि.)।

दोमुँहा (वि. तभ.) दो मुँह वाला, धोखे – बाज़, Having two mouths, deceitful, द्विमुख (वि.)।

दोय (वि. तभ.) दे. 'दोनों'।

दोयम (वि. फा.) दूसरा, द्वितीय, Second, (वि.)।

दोरंगा (वि. तभ.) दे. 'दोमुँहा' — द्विरङ्गः (वि.)।

दोरंगी (वि. तभ.) दो प्रकार की, धूर्ततापूर्ण, Duplicity, deceitful, द्विविधा, दम्भपूर्णा, प्रतारिका (स्त्री.)।

दोर्दण्ड (पुं. तस.) भुजदण्ड, भुजाएँ, Arms, भुजौ (स्त्री. द्वि.), वाहू (पुं. द्वि.)।

दोला (स्त्री. तस.) झूला, हिंडोला, डोली, A swing, a kind of palanquin, दोला, दोली (स्त्री.), प्रेङ्खः (पुं.)।

दोलायन्त्र (पुं. तस.) आसव निकालने का यंत्र, A kind of still to distil medicines, आसवयन्त्रम्, वकयन्त्रम् (नपुं.)।

दोलायमान (वि. तस.) डोलता हुआ, हिलता हुआ, Swinging, dubious, दोलायमान (वि.)।

दोलोत्सव (पुं. तस.) फाल्गुन की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला एक वैष्णव उत्सव, A Vaishṇava festival which is celebrated on full moon-day of Phalguna, दोलोत्सवः (पुं.)।

दोष (पुं. तस.) कमी, अवगुण, Defect, fault, sin, दोषः (पुं.)।

दोषना (सकर्म. तभ.) दोषी ठहराना, To accuse, to inculpate, दूषय् (प्रे.) दूषयति।

दोषपत्र (पुं. तस.) अपराध बताने वाला कागज, The charge-sheet of a crime, दोषपत्रम्, अपराधपत्रम् (नपुं.)।

दोषा (स्त्री. तस.) रात, Night, दोषा (स्त्री.)।

दोषी (पुं. तस.) अपराधी, A criminal, दोषी-षिन् (पुं.)।

दोषारोपण (पुं. तस.) अपराधी ठहराना, Impeachment, दोषारोपणम् (नपुं.)।

दोस (पुं. तभ.) दे. 'दोष'।

दोसूती (स्त्री. तभ.) बिछाने वाली एक मोटी चादर, A kind of thick bedsheet, द्विसूत्रिता (स्त्री.), द्विसूत्रमास्तरणम् (नपुं.)।

दोस्-दोष्, दोः (पुं. तस.) भुजा, बाहु, An arm, दोः (पुं.)।

दोस्त (पुं. फा.) मित्र, सखा, A friend, मित्रम् (नपुं.), सुहृद्, सखा (पुं.)।

दोस्ताना (वि. फा.) मित्रतापूर्ण, Friendly, मित्रतापूर्ण (वि.)।

दोस्ती (स्त्री. फा.) मित्रता, सखित्व, Friendship, मित्रता, मैत्री (स्त्री.)।

दोह (पुं. तस.) दोहने का कार्य, Milking, दोहः (पुं.)।

(पुं. तभ.) द्रोह, दुश्मनी, Enemity, द्रोहः (पुं.)।

दोहता (पुं. तभ.) बेटी का बेटा, दौहित्र, Son of the daughter, दौहित्रः (पुं.)।

दोहत्थड़ (पुं. देशी) दोनों हाथों से लगाया गया थप्पड़, A slap administered with both hands, द्विहस्तचपेटः (पुं.)।

दोहत्था (वि. तभ.) दोनों हाथों से समान रूप से कार्य करने वाला, One who works equally with both hands, उभयहस्त-कुशल (वि.)।

दोहद (पुं. तस.) गर्भवती नारी की अभिलाषा, Desire of a pregnant woman, दोहदः-दम् (पुं., नपुं.)।

दोहन (पुं. तस.) दूध निकालना, सार निकालना, The work of milking or extracting an essence, दोहनम् (नपुं.)।

दोहनी (स्त्री. तस.) दूध निकालने का पात्र, A pot in which an animal is milked, दोहनपात्रम् (नपुं.), दोहनी (स्त्री.)।

दोहरा (वि. तभ.) दो तहों वाला, Two folded, द्विरावर्तित (वि.), द्विस्तर (वि.)।

दोहराना (सकर्म. तभ.) आवृत्ति करना, To repeat, आ+वृत् (भ्वा.आ.) वर्तय् (प्रे.) —आवर्तयति।

दोहा (पुं. देशी) हिन्दी का एक प्रसिद्ध छन्द, A famous metre of Hindi, हिन्दी-छन्दोभेदः (पुं.)।

दोही (पुं. तस.) दे. 'द्रोही'।

दौड़ (स्त्री. देशी) धावन, पलायन, Running, race, धावनम्, पलायनम् (नपुं.)।

दौड़धूप (स्त्री. देशी) कठोर परिश्रम, सख्त मेहनत, Hard labour, कठोरः परिश्रमः (पुं.)।

दौड़ना (अकर्म. देशी) भागना, To run, धाव् (भ्वा. पर.) — धावति।

दौड़ाना (सकर्म. देशी) भगाना, To make run, धावय् (प्रे.) — धावयति।

दौत्य (पुं. तस.) दूत का काम, Work of a messenger, दौत्यम् (नपुं.)।

दौर (पुं. अर.) शासन, आधिपत्य, वश, वारी, Rule, prosperity, control, turn, आधिपत्यम् (नपुं.), शासनम् (नपुं.) वशः, वारः (पुं.)।

दौरा (पुं. अर.) पर्यटन, परिभ्रमण, रोग का पुनः आक्रमण, Tour, re-attack of a disease, पर्यटनम्, परिभ्रमणम् (नपुं.) रोगस्यावृत्तिः (स्त्री.)।

दौरान (पुं. अर.) अवधि, निश्चित काल, Period, session, time, अवधिः, निश्चितः कालः (पुं.)।

दौर्बल्य (पुं. तस.) कमजोरी, Weakness, दौर्बल्यम् (नपुं.), दुर्बलता (स्त्री.)।

दौलत (स्त्री. अर.) सम्पत्ति, जायदाद, Wealth, property, सम्पत्तिः, सम्पद् (स्त्री.)।

दौवारिक (पुं. तस.) द्वारपाल, A door-keeper, दौवारिकः, द्वारपालः (पुं.)।

दौहित्र (पुं. तस.) दोहता, A son of the daughter, दौहित्रः (पुं.)।

द्यु (पुं. तस.) दिन, आकाश, Day, sky, (स्त्री.) दिनम् (नपुं.), आकाशः-शम् (पुं. नपुं.)।

द्युत (वि. तस.) चमकता हुआ, Shining, द्युत, प्रकाशित (वि.)।

द्युति (स्त्री. तभ.) चमक, कान्ति, शोभा, Light, splendour, lustre, brightness, द्युतिः (स्त्री.)।

द्युमणि (पुं. तस.) सूर्य, The sun, द्युमणिः, सूर्यः (पुं.)।

द्युलोक (पुं. तस.) आकाश, The sky, द्युलोकः, आकाशः (पुं.)।

द्यूत (पुं. तस.) जुए का खेल, Gambling, द्यूतः-द्यूतम् (पुं. नपुं.)।

द्योतक (वि. तस.) बताने वाला, स्पष्ट करने वाला, Explainer, illustrating, द्योतक, प्रकाशक, ज्ञापक (वि.)।

द्योतन (पुं. तस.) बताना, स्पष्ट करना, Explaining, clarifying, द्योतनम् (नपुं.)।

द्यौस (पुं. तभ.) दिन, दिवस, A day, दिनम् (नपुं.), दिवसः (पुं.)।

द्रव (पुं. तस.) बहने वाला पदार्थ, A liquid, द्रवः (पुं.)।

द्रवण (पुं. तस.) बहने का कार्य, स्रवण, भागना, Flow, runing away, liquidation, द्रवणम् (नपुं.)।

द्रवता (स्त्री. तस.) दे. 'द्रवण'—द्रवता (स्त्री)।

द्रवत्व (पुं. तस.) दे. 'द्रवण' — द्रवत्वम् (नपुं.)।

द्रविड़ (पुं. तस.) दक्षिण भारत में रहने वाली जाति का व्यक्ति, An inhabitant of the southern part of India, द्रविडः (पुं.)।

द्रवीकृत (वि. तस.) पिघलाया हुआ, Caused to be melted, द्रवीकृत (वि.)।

द्रवीभूत (वि. तस.) पिघला हुआ, Melted, द्रवीभूत (वि.)।

द्रव्य (पुं. तस.) संसार को बनाने वाले मूल तत्त्व - पृथिवी जल आदि, उपादान कारण, वस्तु, धन, Matter, substance, thing, money, द्रव्यम् (नपुं.)।

द्रष्टव्य (वि. तस.) देखने योग्य, सुन्दर, दर्शनीय, Worth-seeing, beautiful, द्रष्टव्य (वि.)।

द्रष्टा (पुं. तस.) देखने वाला, दर्शक, Looker-on, audience, द्रष्टा-ष्ट्+ऋ (पुं.), दर्शक (पुं.)।

द्राक्षा (स्त्री. तस.) दाख, अंगूर, Grape, द्राक्षा, मृद्वीका, गोस्तनी (स्त्री.)।

द्राघिमा (स्त्री. तस.) लम्बाई, दीर्घता, Length, द्राघिमा-मन् (पुं.), दीर्घता (स्त्री.)।

द्राव (पुं. तस.) पिघलाव, द्रावता, द्रवण, Flow, melting, द्रावः (पुं.)।

द्रावक (पुं. तस.) घोलने वाला पदार्थ, पिघलाने वाला, A solvent, द्रावकः (पुं.)।

द्रावण (पुं. तस.) किसी वस्तु को घोलने का कार्य, The act of dissolving a substance, द्रावणम् (नपुं.)।

द्रुत (वि. तस.) बहा हुआ, घुला हुआ, तेज, Melted, dissolved, swift, द्रुत (वि.)।

द्रुति (स्त्री. तस.) दे. 'द्रवण' — द्रुति (स्त्री.)।

द्रुपद (पुं. तस.) खूँटा, द्रौपदी के पिता नाम, A stake, Draupadi's father's name, द्रुपदः (पुं.)।

द्रुम (पुं. तस.) वृक्ष, तरु, पेड़, A tree, द्रुमः, तरुः, वृक्षः (पुं.)।

द्रोण (पुं. तस.) घड़ा, दौना, कौआ, द्रोणाचार्य, A pitcher, a leavepot, a black crow, Dronacharya, द्रोणः, पत्रपुटः, घटः, कलशः, काकः (पुं.)।

द्रोणाचार्य (पुं. तस.) कौरवों और पाण्डवों के धनुर्विद्या के आचार्य, The teacher of Kauravas and Pandvas in archery, द्रोणाचार्यः (पुं.)।

द्रोणी (स्त्री. तस.) घाटी, एक बर्तन, A valley, a kind of a pot, द्रोणी (स्त्री)।

द्रोह (पुं. तस.) द्वेष, वैमनस्य, Malice, enemity, hatred, द्रोहः (पुं.)।

द्रोही (पुं. तस.) अनर्थचिन्तक, शत्रु, Malignant, an enemy, द्रोही-हिन् (पुं.)।

द्रौपदी (स्त्री. तस.) द्रुपद की पुत्री और पाण्डवों की पत्नी, कृष्णा, The daughter of Drupad and wife of Pāṇḍavas, Krishnā, द्रौपदी, कृष्णा (स्त्री.)।

द्वंद्व, द्वन्द्व (पुं. तस.) जोड़ा, युग्म, एक समास का नाम, A couple, a pair, name of a compound, द्वन्द्वम् (नपुं.)।

द्वय (पुं. तस.) दो का समूह, Company of two, द्वयम् (नपुं.)।

द्वादश (वि. तस.) बारह, Twelve, द्वादश (वि.)।

द्वादशाह (पुं. तस.) मृत्यु के बारह दिन बाद मनाया जाने वाला श्रद्धा-दिवस, The Śraddhā Divas which is celebrated after twelve days from the death-day, द्वादशाहः (पुं.)।

द्वादशी (स्त्री. तस.) प्रत्येक चान्द्रपक्ष की बारहवीं तिथि, The twelfth day of every lunar fortnight, द्वादशी (स्त्री.)।

द्वापर (पुं. तस.) सतयुग के बाद आने वाला सृष्टि का तीसरा युग, The third of the four ages of the creation, द्वापरः (पुं.), द्वापरम् (नपुं.)।

द्वार (पुं. तस.) दरवाजा, A gate, द्वारम् (नपुं.), द्वाः-द्वार् (स्त्री.)।

द्वारका (स्त्री. तस.) द्वारवती, एक तीर्थ, Dwarka, a holy place, द्वारका, द्वारिका, द्वारवती (स्त्री.)।

द्वारकाधीश (पुं. तस.) श्रीकृष्ण का एक उपनाम, An epithet of Shri Krishna, द्वारकाधीशः (पुं.)।

द्वारपाल (पुं. तस.) दे. 'दौवारिक'।

द्वारा (अ. तस.) द्वार से, साधन से, By means of, द्वारा (अ.)।

द्वारी (स्त्री. तस.) खिड़की, A window, द्वारी (स्त्री.), वातायनम् (नपुं.)।

द्वि (वि. तस.) दो, Two, द्वि — द्वौ (पुं.), द्वे (स्त्री., नपुं.)।

द्विक (पुं. तस.) दुक्का, दो का समूह, A multitude of two, द्विकम् (नपुं.)।

द्विकर्मक (वि. तस.) ऐसी क्रिया जिसके दो कर्म हों, A verb having two objects, द्विकर्मक (वि.)।

द्विकोण (वि. तस.) दो कोनों वाला, Bi-angular, द्विकोण (वि.)।

द्विगु (पुं. तस.) वह कर्मधारण समास जिसका पहला पद संख्यावाची होता है, A name of a compound, द्विगु (पुं.)।

द्विगुण (वि. तप.) दुगुना, Double, द्विगुण (वि.)।

द्विगुणित (वि. तस.) दुगुना किया गया, Doubled, द्विगुणित (वि.)।

द्विघात (पुं. तस.) बीजगणित में किसी अक्षर अथवा संख्या की बताई गई दो शक्तियाँ, संख्या का वर्ग, Square of a number or letter as x^2, द्विघातम् (नपुं.)।

द्विचरण (पुं. तस.) दो पैरों वाला, द्विपद, A biped, द्विपद् (पुं.)।

द्विज (पुं. तस.) ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य - जनेऊधारी, चाँद, दाँत, पक्षी, Those who wear a sacred thread, the man out of first three castes, the moon, a tooth, a bird, द्विजः (पुं.)।

द्विजन्मा (वि. तस.) दे. 'द्विज'।

द्विजपति, द्विजराज (पुं. तस.) ब्राह्मण, चाँद, गरुड़, Brāhmaṇa, the moon, Garuḍa, द्विजपतिः, द्विजराजः (पुं.)।

द्विजाति (पुं. तस.) दे. 'द्विज'।

द्विजिह्व (पुं. तस.) साँप, चुगलखोर, A snake, a backbiter, सर्पः, पिशुनः (पुं.)।

द्वितीय (वि. तस.) दूसरा, Second, द्वितीयः (पुं.), द्वितीया (स्त्री.), द्वितीयम् (नपुं.)।

द्वितीया (वि. तस.) दे. 'द्वितीय'।

द्वित्र (वि. तस.) दो-तीन, Two or three, द्वित्र (वि.)।

द्वित्व (पुं. तस.) दो का माप, दुगुनापन, Duplication, doubling, द्वित्वम् (नपुं.)।

द्विदल (पुं. तस.) दो खण्डों वाली वस्तु, दाल, Bipetalled thing, a pulse, द्विदलः, सूपः (पुं.)।

द्विधा (अ. तस.) दो प्रकार से, In two ways, द्विधा (अ.)।

द्विधातु (पुं. तस.) मिश्रधातु, An alloy of metals, मिश्रधातुः (पुं.)।

द्विप (पुं. तस.) हाथी, गज, An elephant, द्विपः, गजः, कुञ्जरः (पुं.)।

द्विपथ (पुं. तस.) वह स्थान जहाँ दो रास्ते मिलते हैं, A place where two ways meet, द्विपथम् (नपुं.)।

द्विपाद (पुं. तस.) दो पैर वाला प्राणी—मनुष्य, पक्षी, A biped, द्विपादः (पुं.)।

द्विभाषी (पुं. तस.) दुभाषिया, A man who can speak two languages, द्विभाषी–षिन् (पुं.)।

द्विमातृक (पुं. तस.) गणेश का उपनाम, An epithet of Gaṇeśa, द्विमातृकः (पुं.)।

द्विमात्रिक (वि. तस.) दो मात्राओं वाला स्वर, दीर्घ, A long vowel, द्विमात्रिक (वि.), दीर्घ (वि.)।

द्विरद (पुं. तस.) हाथी, द्विप, गज, An elephant, द्विरदः, द्विपः, गजः (पुं.)।

द्विरागमन (पुं. तस.) वधू द्वारा विवाह के याद पतिगृह में दुबारा आना, The coming of a bride to her husband's house second time after marriage, द्विरागमनम् (नपुं.)।

द्विरेफ (पुं. तस.) भौंरा, भ्रमर, A black bee, द्विरेफः, भ्रमरः (पुं.)।

द्विवचन (पुं. तस.) दो को बताने वाला, शब्द-रूप, Dual number, द्विवचनम् (नपुं.)।

द्विविध (वि. तस.) दो प्रकार का, Of two kinds, द्विविध (वि.)।

द्विविधा (स्त्री. तस.) उलझन, असमंजस, Uncertainity, द्विविधा (स्त्री.)।

द्विवेदी (वि. तस.) दो वेदों का ज्ञाता, Having the knowledge of two Vedas.

(पुं. तस.) ब्राह्मणों की एक उपजाति, A subcaste of Brahmans, द्विवेदी-दिन्।

द्विष (पुं. तस.) शत्रु, An enemy, द्विष् (द्विट्, द्विषौ, द्विषः), शत्रुः (पुं.)।

द्वीप (पुं. तस.) टापू, An Island, द्वीपः, द्वीपम् (पुं., नपुं.)।

द्वीपी (पुं. तस.) चीता, A leopard, द्वीपी-पिन् (पुं.)।

द्वेष (पुं. तस.) शत्रुता, Enemity, द्वेषः (पुं.), शत्रुता (स्त्री.)।

द्वेषी (पुं. तस.) द्वेष करने वाला, शत्रु, An enemy, द्वेषी-षिन् (पुं.)।

द्वेष्टा (पुं. तस.) दे. 'द्वेषी' — द्वेष्टा-ष्ट्+ऋ (पुं.)।

द्वैतवाद (पुं. तस.) भेदभाव, ब्रह्म के अतिरिक्त को मानना, Different, a doctrine of dualism, द्वैतवादः (पुं.)।

द्वैपायन (पुं. तस.) महर्षि व्यास का उपनाम, An epithet of Veda Vyasa, द्वैपायनः (पुं.)।

द्वैभाषिक (पुं. तस.) दे. 'द्विभाषी'।

द्वैमातुर (पुं. तस.) दे. 'द्विमातृक'।

द्वौ (वि. पुं.) दो, Two, द्वौ (वि. पुं.)।

ध *Dha*

ध (पुं. तस.) तवर्ग का चौथा वर्ण, The fourth letter of त-group, तः, तवर्गः (पुं.)।

धंधा (पुं. देशी) कामकाज, व्यवसाय, An occupation, व्यवसायः (पुं.)।

धंसना (अकर्म. देशी) किसी के मध्य में घुस जाना, To go into, to stuck into, अन्तः-नि+विश् (भ्वा. आ.) अन्तर्निविशते।

धंसान (पुं. देशी) धंसने का कार्य, To going or dipping into, अन्तर्निवेशः (पुं.)।

धंसाना (सकर्म. देशी) धंसने में कारण बनना, To cause to dip into, अन्तः + निवेशय् (प्रे.) — निवेशयति, प्रवेशयति।

धंसाव (पुं. देशी) दे. 'धंसान'।

धकना (सकर्म. तभ.) धकेलना, To push, धक्क् (चुरा.पर.), धक्कयति, अपसारयति।

धकपेल (स्त्री. तभ.) धक्कम - धक्का, पारस्परिक सम्मर्द, A rush, पारस्परिकः सम्मर्दः, अभिसम्पातः (पुं.)।

धकाना (सकर्म. तभ.) दे. 'धकना'।

धकियाना (सकर्म. तभ.) दे. 'धकना'।

धकेलना (सकर्म. तभ.) दे. 'धकना'।

धक्कम - धक्का (पुं. तभ.) दे. 'धकपेल'।

धक्का (पुं. तस.) टक्कर, A push, धवकः (पुं.) धक्कितम्, (नपुं.), आघातः (पुं.)।

धक्का - मुक्की (स्त्री. तस.) धक्का देना और लड़ना, Pushing and fighting, आघात-प्रत्याघाते (नपुं. द्वि.)।

धजा (स्त्री. तभ.) दे. 'ध्वजा'।

धज्जी (स्त्री. देशी) छोटा टुकड़ा, वस्त्रखंड, A piece of cloth, a piece, वस्त्रखण्डः, खण्डः (पुं.)।

धडंग (वि. देशी) बिलकुल नंगा, Fully naked, पूर्णतः नग्न (वि.)।

धड़ (पुं. देशी) शरीर का सिर से निचला भाग, कबन्ध, A trunk of body, कबन्धः (पुं.)।

धड़क (स्त्री. अनु.) हृदय का स्पंदन, Palpitation, स्पन्दनम् (नपुं.)।

धड़कन (स्त्री. अनु.) दे. 'धड़कन'।

धड़धड़ाना (अकर्म. अनु.) धड़धड़ करना, To palpitate, स्पन्दते, धडधडायते।

धड़ल्ला (पुं. देशी) तेजी, जोर का शब्द, Swiftness, loudness, शीघ्रता (स्त्री.), धडधडत्कारः (पुं.)।

धड़वाई (स्त्री. देशी) तोलने के लिए बराबरी करना, Weighting equally, तोलनम् (नपुं.)।

धड़ा (पुं. देशी) तोल, Weight, तोलः (पुं.), तोलनम् (नपुं.)।

धड़ाधड़ (क्रि. वि. अनु.) लगातार, Continuously, निरन्तरम्, सततम् (अ.)।

धड़ाबन्दी (स्त्री. तभ.) दलबन्दी, Grouping, दल-रचना (स्त्री.), दलनिर्माणम् (नपुं.)।

धड़ाम से (क्रि. वि. अनु.) घोर आवाज के साथ, With loud noise, सघोरशब्दम् (अ.)।

धताबताना, धतकारना (सकर्म. अनु.) घृणा दिखाना, घृणापूर्वक दूर भगाना, To drive away with contempt, धिक्ककृ-धिक्करोति, अप+आ+कृ — अपाकरोति।

धतूरा (पुं. तभ.) दे. 'धत्तूर'।

धत्तूर (पुं. तस.) एक मादक ओषधि, The thorn-apple, धत्तूरः (पुं.)।

धधक (स्त्री. अनु.) लपट, ज्वाला, Flame, ज्वाला (स्त्री.)।

धधकना (अकर्म. अनु.) लपट के साथ जल उठना, To burn with a flame, सज्ज्वालम् + दीप् (दिवा. आ.) — दीप्यते, संदीप्यते।

धधकाना (सकर्म. अनु.) दीप्त करना, To set ablaze, दीप् - दीपय् (प्रे.) — दीपयति।

धनंजय, धनञ्जय (पुं. तस.) अर्जुन का उपनाम, An epithet of Arjuna, धनञ्जयः (पुं.)।

धन (पुं. तस.) रुपया-पैसा, Money, wealth, धनम्, वित्तम्, द्रव्यम् (नपुं.)।

धनकुबेर (पुं. तस.) बहुत धनी व्यक्ति, Very rich person, धनकुबेरः (पुं.)।

धनतेरस (स्त्री. तभ.) कार्तिकमास की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी, The thirteenth day of the dark fortnight of Kartik month observed in the name of धन्वंतरि, धनन्वतरित्रियोदशी (स्त्री.)।

धनधान्य (पुं. तस.) धनसम्पदा, Wealth and prosperity, सम्पत्सौभाग्यम् (नपुं.)।

धनधाम (पुं. तस.) धन और घर, आश्रय, Wealth and residence, धनधामनी (नपुं. द्वि.)।

धनपति (पुं. तस.) कुबेर का उपनाम, An epithet of Kubera, धनपतिः, कुबेरः (पुं.)।

धनवंत, धनवान् (वि. तस.) दे. 'धनी' — धनवान्-वत् (वि.)।

धनाढ्य (वि. तस.) दे. 'धनी' — धनाढ्य (वि.)।

धनाधिप (पुं. तस.) दे. 'धनपति'।

धनि (वि. तभ.) धन्य, Lucky, धन्य (वि.)।

(स्त्री. देशी) स्त्री, नारी, A woman, स्त्री, नारी (स्त्री.)।

धनिक (वि. तस.) दे. 'धनी' — धनिकः (पुं. वि.)।

धनियाँ (पुं. तभ.) एक सुगन्धित पौधा और उसके बीज Coriander and its seed, धनिका, धन्या (स्त्री.), धन्याकम् (नपुं.)।

धनी (वि. तस.) धनवान्, सम्पत्तिशाली, Rich, धनी-निन् (पुं. वि.)।

धनु (पुं. तभ.) धनुष, कमान, A bow, धनुष् (नपुं.) — धनुः, धनुषी, धनूंषि।

धनुर्धर (वि. तस.) धनुष धारण करने वाला, A bowman, an archer, धनुर्धरः (पुं. वि.), धनुर्धारी-रिन् (पुं. वि.)।

धनुर्धारी (वि. तस.) दे. 'धनुर्धर'।

धनुर्विद्या (स्त्री. तस.) धनुष आदि चलाने की विद्या, Archery, धनुर्विद्या (स्त्री.)।

धनुर्वेद (पुं. तस.) यजुर्वेद का उपवेद जिसमें शस्त्रास्त्र विद्या है, Upveda of Yajurveda having the science of weapons, धनुर्वेदः (पुं.)।

धनुष (पुं. तभ.) दे. 'धनु'।

धनुष्कोटि (पुं. तस.) धनुष का किनारा, रामेश्वरम् के दक्षिण में एक तीर्थस्थान, The end of a bow, a sacred place at the south of Rameshvaram, धनुष्कोटिः (पुं.)।

धनेश, धनेश्वर (पुं. तस.) दे. 'धनपति'।

धन्नासेठ (पुं. तभ.) बहुत बड़ा धनी, Very rich person, धनिकश्रेष्ठः (पुं.)।

धन्य (वि. तस.) सौभाग्यशाली, सत्कर्मी, Lucky, virtuous, धन्य (वि.)।

धन्यभाग (वि. तस.) प्रशंसनीय किस्मत वाला, Having a praise-worthy luck, धन्यभाग (वि.)।

धन्यवाद (पुं. तस.) साधुवाद, शुक्रिया, Thanks, धन्यवादः (पुं.)।

धन्वन् (पुं. तस.) धनुष, जल - रहित स्थल, A bow, a waterless place, धन्वा-वन् (पुं.)।

धन्वन्तरि (पुं. तस.) सुश्रुतग्रन्थ के रचयिता, देवों के वैद्य, The author of Sushruta, gods' doctor, धन्वन्तरिः।

धन्वा (पुं. तस.) दे. 'धन्वन्'।

धन्वी (पुं. तस.) धनुर्धारी, A bowman, an archer, धन्वी-विन् (पुं.)।

धब्बा (पुं. देशी) कलंक, निशान, दोष, Stain, spot, mark, blot, blur, कलङ्कः, अङ्कः, दोषः (पुं.)।

धमक (स्त्री. अनु.) धम की आवाज, A thump, आपातः, धमेति ध्वनिः (पुं.)।

धमकना (अकर्म. अनु.) अकस्मात् आ जाना, To come suddenly, सहसा आ+पत् - आपतति, सहसा आ+गम्आगच्छति।

धमकाना (सकर्म. देशी) धमकी देना, भर्त्सन करना, To threaten, भर्त्स् (चुरा.) — भर्त्सयति, तर्ज् (चुरा.) — तर्जयति।

धमकी (स्त्री. देशी) भर्त्सना, तर्जन, Threat, भर्त्सनम्, तर्जनम् (नपुं.)।

धमन (पुं. तस.) नड, A kind of reed, धमनः, नडः (पुं.)।

धमनी (स्त्री. तस.) हृदय से रक्त लाने वाली नाड़ी, Artery, धमनी (स्त्री.)।

धमाका (पुं. अनु.) किसी वस्तु के गिरने या फटने का शब्द, A thundering sound, पतनशब्दः, विस्फोटध्वनिः (पुं.)।

धमाचौकड़ी (स्त्री. देशी) शोरगुल, कोलाहल, Hustle-bustle, a noise, कोलाहलः, संक्षोभः, कलकलः (पुं.)।

धम्मन (पुं. देशी) एक पहाड़ी पेड़, A hilly tree, वृक्षविशेषः, धम्मनः (पुं.)।

धमिल्ल (पुं. तस.) स्त्रियों के बनाये हुए बालों का समूह, Braid of hair, धमिल्लः (पुं.)।

धरकन (स्त्री. अनु.) दे. 'धड़कन'।

धरणि (स्त्री. तस.) भूमि, पृथ्वी, The earth, धरणिः (स्त्री.)।

धरणिज (पुं. तस.) मंगलग्रह, The Mars planet, धरणिजः, मंगलग्रहः (पुं.)।

धरणिधर (पुं. तस.) पहाड़, पर्वत, भूभृत्, A mountain, धरणिधरः (पुं.)।

धरणी (स्त्री. तस.) दे. 'धरणि'।

धरती (स्त्री. तभ.) धरणि, पृथ्वी, धरित्री, The earth, धरित्री, धरणिः (स्त्री.)।

धरना (सकर्म. तभ.) रखना, स्थापित करना, To put, to lay, धृ (भ्वा.) — धरति, स्थापयति।

धरम (पुं. तभ.) दे. 'धर्म'।

धरवाना (प्रे. तभ.) रखवाना, टिकवाना, To cause to put, to cause to lay, धारय् (प्रे.) — धारयति।

धरा (स्त्री. तस.) पृथ्वी, धरती, The earth, धरा, धरणिः, (स्त्री.)।

धरातल (पुं. तस.) सतह, फैलाव, Surface, धरातलम्, भूतलम् (नपुं.)।

धराधिप (पुं. तस.) भूमिपति, राजा, A king, धराधिपः, नृपः, नृपतिः (पुं.)।

धराधीश (पुं. तस.) दे. 'धराधिप'।

धराना (सकर्म. तभ.) रखना, टिकवाना, पकड़ना, To fix, to cause to stay, धृ-धारय् (प्रे.) — धारयति।

धरापति (पुं. तस.) दे. 'धराधिप'।

धरापुत्र (पुं. तस.) पृथिवीपुत्र, मंगलग्रह, The Mars, धरापुत्रः, मंगलग्रहः (पुं.)।

धरित्री (स्त्री. तस.) दे. 'धरा'।

धरैया (पुं. तभ.) पकड़ने वाला, धारण करने वाला, A catcher, धारकः (पुं.)।

धरोहर (पुं. देशी) निक्षेप, न्यास, A deposit, निक्षेपः, न्यासः (पुं.)।

धर्म (पुं. तस.) कर्त्तव्य, शुभ कार्य, आत्मोन्नति और कल्याण का साधन, गुण, Duty, promoter of worldy and spiritual life, qualities, duty, good deeds, धर्मः (पुं.)।

धर्मकर्म (पुं. तस.) शास्त्र द्वारा कहे हुए कार्य, Practice of the works indicated by sacred books, religious duty, धर्मकर्मणी (नपुं. द्वि.)।

धर्मक्षेत्र (पुं. तस.) कुरुक्षेत्र, भारत, Kurukshetra, Bhārata, कुरुक्षेत्रम्, भारतम् (नपुं.)।

धर्मचक्र (पुं. तस.) महात्मा बुद्ध द्वारा काशी में बताए गए धर्म के सिद्धान्त, The religious doctrines said by Lord Buddha at Kashi, धर्मचक्रम् (नपुं.)।

धर्मचर्या (स्त्री. तस.) धार्मिक नियमों का व्यवहार, Religious conduct, धर्मचर्या (स्त्री.)।

धर्मज्ञ (वि. तस.) धर्म को जानने वाला, One who knows the rules of a religion, धर्मज्ञः (पुं. वि.)।

धर्मतः (क्रि. वि.) धर्म के अनुसार, According to the moral rules, morally, धर्मतः (अ.)।

धर्मतत्त्व (पुं. तस.) धर्म का सार, The essence of religion or morality, धर्मतत्त्वम् (नपुं.)।

धर्मनन्दन (पुं. तस.) युधिष्ठिर का उपनाम, An epithet of Yudhishthira, धर्मनन्दनः, धर्मपुत्रः (पुं.)।

धर्मनिष्ठ (पुं. तस.) शुभकार्यों में लगा हुआ, Busy in good deeds, religious, धर्मनिष्ठ, धार्मिक (वि.)।

धर्मनिष्ठा (स्त्री. तस.) धर्म में श्रद्धा, लगन, विश्वास, Faith in good deeds or religion, धर्मनिष्ठा (स्त्री.)।

धर्मपत्नी (स्त्री. तस.) नियमपूर्वक विवाहिता स्त्री, पत्नी, A wife, धर्मपत्नी।

धर्मपरायण (पुं. तस.) दे. 'धर्मनिष्ठ'।

धर्मपुत्र (पुं. तस.) दे. 'धर्मनन्दन'।

धर्मबुद्धि (वि. तस.) धर्म के कार्यों में लगी हुई बुद्धि वाला, श्रेष्ठ, Religiously thinker, धर्मबुद्धिः (वि. पुं.)।

धर्मबुद्धि (स्त्री. तस.) शुभ कार्यों की प्रेरणा देने वाली बुद्धि, Mind which motivates for good deeds, धर्मबुद्धिः (स्त्री.)।

धर्मभीरु (वि. तस.) बुरे कार्य करने से डरने वाला, He who is afraid of the irreligious deeds, धर्मभीरुः (वि. पुं.)।

धर्मराज (पुं. तस.) यमराज का उपनाम, An epithet of Yama, धर्मराजः, यमः (पुं.)।

धर्मव्याध (पुं. तस.) एक धार्मिक शिकारी, जिससे विश्वामित्र ने धर्म के सम्बन्ध में ज्ञान प्राप्त किया था, A religious hunter who gave instructions about religion to Vishvamitra, धर्मव्याधः (पुं.)।

धर्मशाला (स्त्री. तस.) निःशुल्क धर्मार्थ यात्री-भवन, A charitable inn, धर्मशाला (स्त्री.)।

धर्मशास्त्र (पुं. तस.) धर्म-कर्म का ज्ञान देने वाली पुस्तक, A religious book which explains one's duties, धर्मशास्त्रम् (नपुं.)।

धर्मशील (वि. तस.) दे. 'धर्मनिष्ठ'।

धर्मसभा (स्त्री. तस.) न्यायालय, न्यायसभा, A court of Justice, धर्मसभा, न्यायसभा (स्त्री.)।

धर्मसुत (पुं. तस.) दे. 'धर्मनन्दन'।

धर्मस्थल (पुं. तस.) वह स्थान जहाँ धार्मिक कार्य किए जाते हैं, The place where religious rites are performed, धर्मस्थलम् (नपुं.)।

धर्मार्थ (वि. तस.) धर्म करने के लिए, निःशुल्क, Charitable, धर्मार्थ (वि.)।

धर्मात्मा (पुं. तस.) धर्मपूर्ण विचारों वाला, Having religious attitude, धर्मात्मान् (वि. पुं.)।

धर्माधिकरण (पुं. तस.) न्यायालय, A court of justice, धर्माधिकरणम् (नपुं.), न्यायालयः (पुं.)।

धर्माधिकारी (पुं. तस.) न्यायकर्ता, A judge, a justice, धर्माधिकारी-रिन् (पुं.)।

धर्माध्यक्ष (पुं. तस.) दे. 'धर्माधिकारी'।

धर्मोन्माद (पुं. तस.) धर्म के नाम पर पागलपन या विचार-शून्यता, Theomania, धर्मोन्मादः (पुं.)।

धर्ष (पुं. तस.) अपमान, तिरस्कार, आक्रमण Insult, disgrace, attack धर्षः (पुं.), आक्रमणम् (नपुं.)।

धर्षण (पुं.) दे. 'धर्ष' – धर्षणम् (नपुं.)।

धव (पुं. तस.) कम्पन, पति, एक पेड़ का नाम, Trembling, husband, name of a tree, धवः (पुं.)।

धवल (वि. तस.) सफेद, निर्मल, White, clean, धवल (वि.)।

धवलता (स्त्री. तस.) सफेदी, निर्मलता, Whiteness, purity, धवलता (स्त्री.)।

धवलत्व (पुं. तस.) दे. 'धवलता' – धवलत्वम् (नपुं.)।

धवला (स्त्री. तस.) सफेद गाय, A white cow, धवला (स्त्री.)।

धवलित (वि. तस.) सफेद किया हुआ, स्वच्छ किया हुआ, Whitened, cleaned, धवलित (वि.)।

धवलिमा (स्त्री. तस.) सफेदी, स्वच्छता, Whiteness, cleanliness, धवलिमा-मन् (पुं.)।

धवित्र (पुं. तस.) पंखा, A fan, धवित्रम् (नपुं.)।

धसना (अकर्म. देशी) दे. 'धंसना'।

धसान (पुं. देशी) दे. 'धंसान'।

धांगड़ (पुं. देशी) कुएँ और तालाब आदि खोदने वाली एक जाति का मनुष्य, A tribal man whose occupation is to dig tanks and well etc. धांगडः (पुं.)।

धांधली (स्त्री. देशी) गड़बड़, उथलपुथल, अव्यवस्था, Confusion, disorder, अव्यवस्था (स्त्री.), क्षोभः विप्लवः (पुं.)।

धाई (स्त्री. तभ.) दे. 'धाय'।

धाक (स्त्री. देशी.) प्रभाव, आतङ्क, Influence, terror, प्रभावः, आतङ्कः (पुं.)।

धागा (पुं. देशी) सूत, तन्तु, Thread, सूत्रम् (नपुं.), गुणः, तन्तुः (पुं.)।

धाड़ (स्त्री. देशी) डाकुओं का आक्रमण, भीड़भड़क्का, Attack of robbers, a crowd, multitude, लुण्ठकाक्रमणम् (नपुं.), समुदायः, सम्मर्दः (पुं.)।

धात (स्त्री. तभ.) दे. 'धातु'।

धाता (पुं. तस.) संसार का पालक-पोषक, परमेश्वर, Creator and protector God, धाता-तृ (पुं.)।

धातु (स्त्री. तस.) क्रिया का मूलरूप, खनिज, Root of a verb, a mineral, धातुः (पुं.)।

धातुविद्या (स्त्री. तस.) खनिज-विद्या, Mineralogy, धातुविद्या, खनिजविद्या (स्त्री.)।

धातुशोधन (पुं. तस.) खनिजों को शुद्ध करना, Metallurgy, धातुशोधनम् (नपुं.)।

धात्री (स्त्री. तस.) माता, पालने वाली धाय, दूध पिलाने वाली, गाय, Mother, a foster mother, a cow, धात्री (स्त्री.)।

धान (पुं. तभ.) व्रीहि, शालि, Paddy, धान्यम् (नपुं.)।

धानक (पुं. तभ.) धनुर्धर, A bowman, a caorder of cotton, धनुर्धरः, पिञ्जकः (पुं.)।

धानकी (पुं. तभ.) धानुष्क, धनुर्धर, An archer, धनुर्धरः (पुं.)।

धानी (स्त्री. तस.) रखने का स्थान, धान्य के रंग का, A place for holding a thing, light green colour, धानः (पुं.), धानी (स्त्री.), धान्यवर्ण (वि.)।

धान्य (पुं. तस.) व्रीहि, शालि, Paddy, धान्यम् (नपुं.)।

धान्यागार (पुं. तस.) अन्नभण्डार, Granary, धान्यागारम् (नपुं.)।

धाप (स्त्री. देशी) किसी खेत की लम्बाई और चौड़ाई, क्षेत्रफल, Length and breadth of a field, an area, दीर्घता आयतनं च, क्षेत्रफलम् (नपुं.)।

धावा (पुं. देशी) दे. 'ढावा'।

धाम (पुं. तस.) घर, स्थान, तेज, House, dwelling, lustre, light, place, धाम - मन् (नपुं.), गृहम् (नपुं.), आवासः (पुं.), स्थानम् (नपुं.), तेजः-स् (नपुं.)।

धामा (पुं. देशी) भोजन के लिए निमन्त्रण, Invitation for a dinner, भोजनार्थं निमन्त्रणम् (नपुं.)।

धाय (स्त्री. तभ.) धाई, धात्री, बच्चे को पालने वाली नारी, A wet nurse, a foster mother, धात्री (स्त्री.)।

धार (स्त्री. तभ.) किनारा, प्रवाह, An edge, current, flow, धारा (स्त्री.)।

धारक (पुं. तस.) धारण करने वाला, रखने वाला, One who holds something, धारकः (पुं.)।

धारण (पुं. तस.) पहनना, रखना, Wearing, holding, धारणम् (नपुं.)।

धारणा (स्त्री. तस.) मन्तव्य, स्थिर विचार, संकल्प, Opinion, firm determination, retention, धारणा (स्त्री.)।

धारणीय (वि. तस.) धारण करने के योग्य, रखने के योग्य, Fit to be held, useful to wear, worth to be held, धारणीय (वि.)।

धारना (सकर्म. तस.) धारण करना, पहनना, ग्रहण करना, To hold, to wear, to take, धारय् (चुरा. पर.) — धारयति।

धारयितव्य (वि. तस.) दे. 'धारणीय' — धारयितव्य (वि.)।

धारयिता (पुं. तस.) दे. 'धारक' — धारयिता-तृ (पुं.)।

धारयित्री (स्त्री. तस.) धारण करने वाली स्त्री, पृथ्वी, A lady who wears, holds or takes, the earth, धारयित्री (स्त्री.)।

धारा (स्त्री. तस.) प्रवाह, A current, धारा (स्त्री.)।

धाराधार (पुं. तस.) बादल, मेघ, A cloud, धाराधारः मेघः (पुं.)।

धारायन्त्र (पुं. तस.) झरना, A fountain, धारायन्त्रम् (नपुं.)।

धारावाही (वि. तस.) निरन्तर बहने वाला, निरन्तर चलने वाला, निरन्तर बोला जाने वाला, Flowing continuously, fluently spoken, धारावाही-हिन् (वि.)।

धारासार (पुं. तस.) तेज धारा वाली वर्षा या जलप्रपात, Heavy shower of rain or water-fall, धारासारः (पुं.)।

धारिणी (वि. तस.) धारण करने वाली, Upholding, bearing, धारिणी (वि. स्त्री.)।

(स्त्री. तस.) धरित्री, धरती, पृथ्वी, The earth, धारिणी, धरणी (स्त्री.)।

धारी (वि. तस.) धारण करने वाला, Upholding, bearing, धारी-रिन् (वि. पुं.)।

धारोष्ण (वि. तस.) दूध निकालते समय जैसा गरम होता है, As warm as at the time of milking, धारोष्ण (वि.)।

धार्मिक (वि. तस.) धर्म से सम्बन्धित, Pertaining to religion, religious, धार्मिक (वि.)।

धार्मिकता (स्त्री. तस.) धर्म की भावना, पवित्रता, Spirituality, piety, धार्मिकता (स्त्री.)।

धार्य (वि. तस.) धारण करने योग्य, अपनाने योग्य, Fit to be taken, धार्य (वि.)।

धावक (पुं. तस.) दौड़ने वाला, धोने वाला, A runner, a washerman, धावकः (पुं.)।

धावन (पुं. तस.) दौड़ना, धोना, Running, a race, washing, धावनम् (नपुं.)।

धावना (सकर्म., अकर्म. तभ.) दौड़ना, धोना, To run, to wash, धाव् (भ्वा. उभ.), धावति, धावते।

धावमान (वि. तस.) दौड़ता हुआ, धोता हुआ, Running, washing, धावमान (वि.), धावत् (वि.)।

धावा (पुं. तभ.) आक्रमण, Attack, आक्रमणम्, प्रधावनम् (नपुं.)।

धाविका (स्त्री.) दौड़ने वाली, धोने वाली, A lady runner, a lady washer, धाविका (स्त्री.)।

धावित (वि. तस.) दौड़ा हुआ, धोया हुआ, धावित (वि.)।

धिक् (अ. तस.) धिक्कार, Fie, shame, धिक् (अ.)।

धिक्कार (पुं. तस.) तिरस्कार, घृणा दिखाना, Contempt, repulse, धिक्कारः (पुं.)।

धिक्कारना (सकर्म. तस.) तिरस्कार करना, घृणा दिखाना, To hate, to show contempt, धिक्+कृ — धिक्करोति।

धिय, धिया (स्त्री. देशी) पुत्री, बेटी, A daughter, दुहिता-तृ, पुत्री (स्त्री.)।

धिषणा (स्त्री. तस.) बुद्धि, स्तुति, वाणी, पृथिवी, Intellect, praise, tongue, the earth, बुद्धिः, मतिः, स्तुतिः, वाणी, पृथिवी (स्त्री.)।

धींग (वि. देशी) सुदृढ़, बलवान्, धूर्त, गुंडा, Strong, wicked, sinful, सुदृढ, सबल, धूर्त, पापमय (वि.)।

धींगरा (वि. देशी) दे. 'धींग'।

धींगा (वि. देशी) दे. 'धींग'।

धींगामुश्ती, धींगाधींगी (स्त्री. देशी) जबरदस्ती, धूर्तता, Force, wickedness, बलात्कारः (पुं.), धूर्तता (स्त्री.)।

धी (स्त्री. तस.) बुद्धि, कर्म, Intellect, action, धीः, बुद्धिः (स्त्री.), कर्म-मन् (नपुं.)।

धीम (वि. देशी) दे. 'धीमा'।

धीमा (वि. देशी) मन्द, मन्दगति वाला, Slow, मन्द (वि.)।

धीमान् (वि. तस.) बुद्धिमान्, Wise, धीमान्-मत्, बुद्धिमान्-मत् (पुं. वि.)।

धीया (स्त्री. देशी) दे. 'धिय, धिया'।

धीर (वि. तस.) धैर्यशाली, हौसले वाला, Full of patience, solemn, धीर (वि.)।

धीरज (पुं. तभ.) धैर्य, धीरता, Patience, endurance, धैर्यम् (नपुं.), धीरता (स्त्री.)।

धीरता (स्त्री. तस.) दे. 'धैर्य' — धीरता (स्त्री.), धैर्यम् (नपुं.)।

धीरे (क्रि. वि. तभ.) आहिस्ता से, Slowly, धीरम् (क्रि. वि.)।

धीवर (पुं. तस.) नाविक, मल्लाह, मत्स्यजीवी, A boatman, a sailor, a fisherman, नाविकः, मत्स्यजीवी-विन् (पुं.)।

धीवरी (स्त्री. तस.) नाविका, मल्लाहिन, नाविक की पत्नी, A lady sailer, wife of a boatman, धीवरी (स्त्री.)।

धुंआँ (पुं. तभ.) दे. 'धूम'।

धुंद, धुंध (स्त्री. देशी) अंधकार-सा, कुहरा, धूल से भरी वायु, Haziness, haze, mist, air full of dirt, धूमिका, कुहेडिका (स्त्री.), तुषारः (पुं.)।

धुंधका (पुं. देशी) धुआँ निकलने का स्थान, Chimney, धूमच्छिद्रम्, धूमविवरम् (नपुं.)।

धुंधकार (पुं. देशी) दे. 'धुंध'।

धुंधलाना (अकर्म. देशी) धूल से या कुहरे से भर जाना, To be hazy or misty, धूमी+भू – धूमीभवति।

धुआँ (पुं. तभ.) दे. 'धूम'।

धुआँकश (पुं. देशी) दे. 'धुंधका'।

धुआँधार (वि. देशी) धूममय, घोर, प्रचण्ड, अत्यधिक, प्रबल, Smoky, violent, excess, strong, धूममय, घोर, प्रचण्ड, अत्यधिक, प्रबल (वि.)।

धुआँना (सकर्म. तभ.) धुएँ से युक्त होना, To be effected with smoke, धूमी+भू – धूमीभवति।

धुकना, धुखना (अकर्म. तभ.) धुएँ के साथ जलना, आग-सी लगना, To burn with smoke, to feel burning, धुक्ष् (भ्वा. आ.) – धुक्षते।

धुज, धुजा (पुं. स्त्री. तभ.) दे. 'ध्वज, ध्वजा'।

धुजिनी (स्त्री. तभ.) ध्वजिनी, सेना, An army, ध्वजिनी (स्त्री.)।

धुन (स्त्री. देशी) लगन, आसक्ति, Mania, strong desire, passion, लगनम् (नपुं.), उत्कटेच्छा, दृढलालसा (स्त्री.)।

धुन (स्त्री. तभ.) आवाज, संगीत का स्वर, Sound, method of singing, ध्वनिः (पुं.), संगीतस्वरः (पुं.)।

धुनकी (पुं. अनु.) रूई पींजने वाला, A cotton comber, पिञ्जकः, धुनकी-किन् (पुं.)।

धुनना (सकर्म. तभ.) रूई को साफ करना, पिंजना, To comb the cotton or wool, to card, धु (स्वा. उभ.) – धुनोति, धुनुते।

धुनवाना (प्रे. तभ.) पिंजवाना, To cause to comb or card, धावय् (प्रे.), धावयति।

धुनि (स्त्री. तभ.) दे. 'ध्वनि', नदी, River, नदी (स्त्री.)।

धुनियां (पुं. तभ.) दे. 'धुनकी'।

धुपना (अकर्म. तभ.) धूप से सुगन्धित होना, धुलना, To be perfumed, to be washed, धूप् – धूप्यते (कर्मवा.), धाव्-धाव्यते (कर्मवा.)।

धुपाना (सकर्म. तभ.) धूप से सुगन्धित करना, धुलाना, To make perfumed, to get washed, धूपय् (प्रे.) – धूपयति, धावय् (प्रे.) – धावयति।

धुरंधर, धुरन्धर (वि. तस.) माना हुआ, योग्यतम, Famous, well-known धुरन्धर (वि.)।

धुर (पुं. तभ.) रथ की नाभि, अक्ष, An axle, धुर् (स्त्री.) – (धूः, धुरौ, धुरः)।

धुरा (पुं. तभ.) दे. 'धुर'।

धुरीण (वि. तस.) भार उठाने वाला, अग्रणी, Carrying a weight, chief, prominent, धुरीण (वि.)।

धुर्य (वि. तस.) भार उठाने योग्य बैल, जिम्मेदारी निभाने योग्य, Able to carry load, able to perform his duty, धुर्य (वि.)।

धुर्रा (पुं. तभ.) दे. 'धुरा'।

धुलना (अकर्म. तभ.) धोया जाना, To be washed, धाव् — धाव्यते (कर्मवा.)।

धुलवाना (प्रे. तभ.) धोने के लिए किसी को लगाना, To cause to wash, धाव् — धावय् (प्रे.) — धावयति।

धुलाई (स्त्री. तभ.) धोने का कार्य या वेतन, The work of washing or its wages, धावनम्, प्रक्षालनम्, तद्वेतनं च (नपुं.)।

धुलाना (सकर्म. तभ.) दे. 'धुलवाना'।

धुलेड़ी (स्त्री. देशी) होली में रंग से खेलने का त्यौहार, The festival of playing with colours as in Holi festival, धूलेड़ी-उत्सवः (पुं.)।

धुवाना (सकर्म. तभ.) दे. 'धुलवाना'।

धुस्सा (पुं. देशी) मोटी ऊन का बना कम्बल, A blanket made of thick wool, a rug, द्विशाटः, स्थूलकम्बलः, स्थूलरल्लकः (पुं.)।

धूआँ (पुं. तभ.) दे. 'धूम'।

धूई (स्त्री. तभ.) दे. 'धूनी'।

धूतपाप (वि. तस.) जिसके पाप नष्ट हो गए हैं, One whose sins have been destroyed, धूतपाप (वि.)।

धूनी (स्त्री. देशी) तपस्वी की आग, धूप जलाने का कार्य, religious fire, perfume-work, तपोवह्निः, धूपनम् (नपुं.)।

धूप (पुं. तस.) एक सुगन्धित द्रव्य जिसे धुखाया जाता है, A secretion which is used for perfuming, धूपः, तुरुष्कः, पिण्डकः (पुं.)।

धूप (स्त्री. देशी) सूर्य का प्रकाश, आतप, The sunlight, आतपः (पुं.)।

धूपघड़ी (स्त्री. तभ.) धूप की गति से समय बताने वाली घड़ी, A sun-dial, आतप-घटिका (स्त्री.)।

धूपछाँह (स्त्री. तभ.) एक ऐसा कपड़ा जिसमें ताना और बाना अलग-अलग रंग के होते हैं, A cloth having different colours between warp and waft, आतपच्छायम् (नपुं.)।

धूपना (सकर्म. तभ.) धूप धुखाना, To incense, to perfume, धूप् (चुरा.) — धूपयति।

धूपबत्ती (स्त्री. तभ.) धूप की बत्ती, A stick of perfuming substance, धूपवर्तिका (स्त्री.)।

धूम (पुं. तस.) धुआँ, Smoke, धूमः (पुं.)।

धूमकेतु (पुं. तस.) पुच्छल तारा, आग, A comet, fire, आकाशोल्का (स्त्री.), अग्निः (पुं.)।

धूमधड़क्का (पुं. देशी) हलचल, शोरगुल, Noise, uproar, tumult, कोलाहलः, कलकलः (पुं.)।

धूमधाम (पुं. तभ.) आडम्बर, शोभा, बड़ा आयोजन, Pomp and show, a great preparation, आडम्बरः (पुं.), शोभा (स्त्री.), बृहदायोजनम् (नपुं.)।

धूमध्वज (पुं. तस.) अग्नि, Fire, धूमध्वजः, अग्निः (वि.)।

धूमपान (पुं. तस.) सिगरेट आदि पीना, Smoking, धूमपानम् (नपुं.)।

धूमपोत (पुं. तस.) भाप से चलने वाला जलपोत, A steamer, धूमपोतः (पुं.)।

धूमर (वि. तभ.) दे. 'धूमिल'।

धूमल, धूमला (वि. तभ.) दे. 'धूमिल'।

धूमिल (पुं. तभ.) धुंधला, Smoky, धूमल (वि.)।

धूम्र (पुं. तभ.) दे. 'धूम'।

धूर (स्त्री. तभ.) दे. 'धुर'।

धूर (स्त्री. तभ.) दे. धूलि।

धूरजटी (पुं. तभ.) दे. 'धूर्जटिः'।

धूरा (पुं. तभ.) किसी वस्तु का चूर्ण, Powder of something, चूर्णम् (नपुं.), पेषः (पुं.)।

धूरि (स्त्री. तभ.) दे. 'धूलि'।

धूर्जटि (पुं. तस.) शिवजी का उपनाम, An epithet of Shivaji, धूर्जटिः (पुं.)।

धूर्त (वि. तस.) चालाक, ठग, Wicked, deceitful, धूर्त (वि.), धूर्तः (पुं.)।

धूर्तता (स्त्री. तस.) चालाकी, ठगी, धोखेबाजी, Wickedness, deception, धूर्तता (स्त्री.), वञ्चनम् (नपुं.)।

धूल (स्त्री. तभ.) दे. 'धूलि'।

धूलि (स्त्री. तस.) धूल, बारीक मिट्टी या रेत आदि, Dust, धूलिः (स्त्री.), रजः-स् (नपुं.)।

धूली (स्त्री. तस.) दे. 'धूलि'।

धुवाँ (पुं. तभ.) दे. 'धूम'।

धूसर (वि. तस.) धूलि के रंग का, भूरा, Grey, dust - coloured, धूसर (वि.)।

धूसरित (वि. तस.) धूलि के रंग वाला हुआ हुआ, Having grey colour, धूसरित (वि.)।

धूसला (वि. तभ.) दे. 'धूसर'।

धृत (वि. तस.) धारण किया हुआ, Adopted, worn, taken, धृत (वि.)।

धृतराष्ट्र (पुं. तस.) दुर्योधन के पिता का नाम, The name of Duryodhan's father, धृतराष्ट्रः (पुं.)।

धृति (स्त्री. तस.) धैर्य, हौंसला, Patience, firmess, steadiness, धृतिः (स्त्री.), धैर्यम् (नपुं.)।

धृष्ट (वि. तस.) उद्दण्ड, उच्छृंखल, Rude, arrogant, impudent, धृष्ट, उद्दण्ड (वि.)।

धृष्टता (वि. तभ.) उद्दण्डता, उच्छृंखलता, Arrogance, rudeness, impudence, धृष्टता, उद्दण्डता (स्त्री.)।

धृष्टद्युम्न (पुं. तस.) द्रौपदी के भाई का नाम, The name of Draupadi's brother, धृष्टद्युम्नः (पुं.)।

धेनु (स्त्री. तस.) गाय, दुधारू गाय, A cow, a milch-cow, धेनुः (स्त्री.)।

धेनुक (पुं. तस.) एक राक्षस का नाम जिसे बलराम ने मारा था, The name of a demon who was killed by Balarāma, धेनुकः (पुं.)।

धेय (वि. तस.) धारण करने योग्य, पीने योग्य, Worth to be taking, nourishing or drinking, धेय (वि.)।

धैर्य (पुं. तस.) दे. 'धीरता' — धैर्यम् (नपुं.)।

धैवत (पुं. तस.) संगीत के एक स्वर का नाम, A tune of music, धैवतः (पुं.)।

धोखा (पुं. तभ.) छल, कपट, Deceit, deception, fraud, छलम्, कपटम् (नपुं.)।

धोखाधड़ी (स्त्री. देशी) धोखेबाजी, कपट, छल, Deception, fraud, छलम्, कपटम् (नपुं.)।

धोखेबाज (पुं. देशी) धोखा करने वाला, धूर्त, Deceitful, fraudulent, छली-लिन्, कपटी-टिन् (पुं.)।

धोखेबाजी (स्त्री. देशी) दे. 'धोखाधड़ी'।

धोती (स्त्री. तभ.) शाटिका, कमर पर बाँधा जाने वाला वस्त्र, A waist cloth, शाटिका (स्त्री.), धौता (स्त्री.)।

धोना (सकर्म. तभ.) प्रक्षालन करना, साफ करना, To wash, धाव् (भ्वा. उभ.) — धावति, धावते, प्र+क्षालय् (चुरा.) — प्रक्षालयति।

धोबिन (स्त्री. तभ.) धोने वाली नारी, या धोबी की पत्नी, A washer-lady or washerman's wife, रजकी, रजकपत्नी (स्त्री.)।

धोबी (पुं. तभ.) धोने वाला, A washerman, रजकः, प्रक्षालकः (पुं.)।

धोरी (पुं. तभ. देशी) भारवाहक पशु, मुखिया, A beast of load, a chief, धुर्यः (पुं.)।

धोरे (क्रि. वि. देशी) नज़दीक, समीप, Near, at hand, समीपे, नातिदूरे (अ.)।

धोवना (सकर्म. तभ.) दे. 'धोना'।

धौं (क्रि. वि.) अथवा, क्या, Or, whether, अथवा, किम्वा (अ.)।

धौंकना (सकर्म. तभ.) धौंकनी द्वारा आग सुलगाना, To blow with bellows, ध्मा (भ्वा. पर.) — धमति।

धौंकनी (स्त्री. तभ.) भस्त्रा, Bellows, भस्त्रा, भस्त्रिका (स्त्री.)।

धौंकिया (पुं. तभ.) धौंकने वाला, One who works at bellows, ध्माता-तृ (पुं.), भस्त्राचालकः (पुं.)।

धौंजना (सकर्म. तभ.) पैरों के नीचे कुचलना, To trample under feet, पादाभ्याम्-ध्वंस् (भ्वा. आ.) — ध्वंसते।

धौंस (स्त्री. तभ.) धमकी, अकड़, Threat, rebuke, strife, भर्त्सनम् (नपुं.), तर्जनम् (नपुं.), धृष्टता (स्त्री.)।

धौंसना (सकर्म. तभ.) धमकी देना, डराना, To threat, to frighten, भर्त्स्-भर्त्सयति।

धौंसपट्टी (स्त्री. तभ.) झूठी आशा, झूठी सान्त्वना, False promise, deception, मिथ्याऽऽशा, मिथ्या सान्त्वना (स्त्री.)।

धौंसा (पुं. तभ.) एक विशाल ढोल, A kind of large kettle drum, विशाला ढक्का (स्त्री.), विशालपटहः (पुं.)।

धौंसिया (पुं. तभ.) ढोलची, One who beats a drum, ढक्कावादकः (पुं.)।

धौत (वि. तस.) धुला हुआ, स्वच्छ किया हुआ, Washed, धौत (वि.)।

धौम्य (पुं. तस.) पाण्डवों के पुरोहित ऋषि का नाम, The name of a sage who was the priest of Pandavas, धौम्यः (पुं.)।

धौरिय (वि. तस.) दे. 'धुर्य' — धौरिय (वि.)।

धौरी (स्त्री. तभ.) धौली गाय, A white cow, धवला (स्त्री.)।

धौरे (क्रि. वि. देशी) दे. 'धोरे'।

धौल (वि. तभ.) धवल, सफेद, White, श्वेत (वि.)।

(स्त्री. देशी) थप्पड़, A slap, चपेटः (पुं.), चपेटिका (स्त्री.)।

धौला (वि. तभ. पु.) धवल, सफेद, White, श्वेत (वि.)।

धौली (स्त्री. तभ.) सफेद गाय, A white cow, धवला, श्वेतधेनुः (स्त्री.)।

धौलगिरि (पुं. तभ.) धर्मशाला की तरफ वाली हिमालय की एक पर्वत-श्रेणी का नाम, धवलगिरि, A range of Himalayas, situated near Dharmashala, धवलगिरिः (पुं.)।

ध्मांक्ष (पुं. तभ.) दे. 'ध्वांक्ष'।

ध्यात (वि. तस.) ध्यान किया हुआ, Attended, thought, ध्यात (वि.)।

ध्याता (पुं. तस.) ध्यान करने वाला, One who thinks on, thinker, contemplater, ध्याता-तृ (पुं.)।

ध्यान (पुं. तस.) एकाग्रता, समाधि, Meditation, attention, contemplation, एकाग्रता (स्त्री.), समाधिः (पुं.), ध्यानम् (नपुं.)।

ध्यानी (पुं. तस.) ध्यान लगाने वाला, A meditator, a contemplator, ध्यानी-निन्, समाधिस्थः (पुं.)।

ध्येय (वि. तस.) ध्यान करने योग्य, Fit to meditate, ध्येय (वि.)।

(पुं. तस.) लक्ष्य, उद्देश्य, Aim, idle, goal, ध्येयम् (नपुं.)।

ध्रुपद (पुं. तस.) दे. 'ध्रुवपद'।

ध्रुव (पुं. तस.) उत्तानपाद का पुत्र भक्त ध्रुव, सप्तर्षियों से घिरा एक तारा, भूमि के उत्तरी और दक्षिणी सिरे, The son of Uttānapāda, Polar star, northern and southern poles of the earth, भक्तध्रुवः, ध्रुवतारः, भूम्याः उत्तरदक्षिणौ ध्रुवौ।

ध्रुव (वि. तस.) निश्चित, अटल, नित्य, Fixed, permanent, constant, ध्रुव (वि.)।

ध्रुवता (स्त्री. तस.) स्थिरता, नित्यता, Firmness, constancy, permanence, ध्रुवता, स्थायिता (स्त्री.)।

ध्रुवदर्शक (पुं. तस.) सप्तर्षि तारों का समूह, The great bear stars, सप्तर्षितारक-समूहः (पुं.)।

ध्रुवरेखा (स्त्री. तस.) भूमध्यरेखा, Equator, भूमध्यरेखा (स्त्री.)।

ध्रुवलोक (पुं. तस.) भूमि के ध्रुव-क्षेत्र, मोक्षधाम, The polar regions, the place of salvation, ध्रुवलोकः (पुं.)।

ध्वंस (पुं. तस.) विनाश, Destruction, ध्वंसः, विनाशः (पुं.)।

ध्वंसक (पुं. तस.) विनाश करने वाला, हत्यारा, A destroyer, ध्वंसकः, विनाशकः (पुं.)।

ध्वंसन (पुं. तस.) विनष्ट करने का काम, Destructon, ध्वंसनम् (नपुं.), विनाशनम् (नपुं.)।

ध्वंसित (वि. तस.) विनष्ट किया गया, Destructed, ruined, ध्वंसित, विनाशित (वि.)।

ध्वज (पुं. तस.) झण्डा, A flag. ध्वजः (पुं.). केतुः (पुं.)।

ध्वजा (स्त्री. तस.) झण्डा, पताका, वैजयन्ती, A flag, a banner, ध्वजा, पताका वैजयन्ती (स्त्री.)।

ध्वजिनी (स्त्री. तस.) सेना, An army, ध्वजिनी, सेना (स्त्री.)।

ध्वजी (पुं. तस.) ध्वजधारी, पताका उठाने वाला, Carrying a flag, ध्वजी-जिन् (पुं.)।

ध्वनि (स्त्री. तस.) आवाज, A sound, ध्वनिः (पुं.)।

ध्वनित (वि. तस.) आवाज से भरा हुआ, गुंजित, प्रकट भाव वाला, Full of sound, showing the sense of, ध्वनित (वि.)।

ध्वस्त (वि. तस.) नष्टभ्रष्ट, Ruined, destructed, ध्वस्त (वि.), विनष्ट (वि.)।

ध्वांक्ष, ध्वाङ्क्ष (पुं. तस.) कौआ, काग, A crow, ध्वाङ्क्षः, काकः, वायसः (पुं.)।

ध्वांत, ध्वान्त (पुं. तस.) अन्धेरा, तमस, अन्धकार, Darkness, ध्वान्तम्-तः (पुं., नपुं.), तमः - स् (नपुं.)।

न *Na*

न (पुं. तस.) तवर्ग का पाँचवाँ वर्ण, The fifth letter of त group, तः, तवर्गः (पुं.)।

(अ.) नहीं, Not, न (अ.)।

नंगा (वि. तभ.) वस्त्रहीन, गरीब, Naked, poor, नग्न, निर्धन (वि.)।

नंद, नन्द (पुं. तस.) आनन्द, प्रसन्नता, Pleasure, happiness, नन्दः (पुं.), श्रीकृष्ण के पालने वाले पिता का नाम, The name of the foster father of Sh. Krishna, पाटलिपुत्र के राजा का नाम, name of an old king of Pāṭaliputra, नन्दः।

नंदक, नन्दक (पुं. तस.) श्रीकृष्ण की तलवार का नाम, प्रसन्न करने वाला, The name of the sword of Sh. Krishna, giver of delight, नन्दकः (पुं.)।

नंदकिशोर, नन्दकिशोर (पुं. तस.) श्री कृष्ण का एक उपनाम, An epithet of Sh. Krishna, नन्दकिशोरः (पुं.)।

नंदकी, नन्दकी (स्त्री. तस.) काली मिर्च, Black pepper, नन्दकी (स्त्री.)।

नंदकुमार, नन्दकुमार (पुं. तस.) दे. 'नन्दकिशोर'।

नंदग्राम, नन्दग्राम (पुं. तस.) अयोध्या के पास वाला एक गाँव, जहाँ राम के वनवास - काल में भरत 14 वर्ष तक रहा, A village near Ayodhya where Bharat stood for fourteen years when Rāma was in exile.

नंदनंदन, नन्दनन्दन (पुं. तस.) दे. 'नन्दकिशोर'।

नंदन, नन्दन (पुं. तस.) पुत्र, A son, नन्दनः, पुत्रः (पुं.)।

(पुं. तस.) स्वर्ग का बगीचा, A celestial garden, नन्दनम् (नपुं.)।

नंदना, नन्दना (अकर्म. तभ.) प्रसन्न होना, To be pleased, नन्द् (भ्वा.) – नन्द्यते (कर्मवा.)।

नंदलाल, नन्दलाल (पुं. तस.) दे. 'नन्दकिशोर'।

नंदी, नन्दी (पुं. तस.) वड़ का पौधा, शिवजी का वैल, A banyan tree, the bull of Shivaji, नन्दी-दिन् (पुं.)।

नंदीश्वर, नन्दीश्वर (पुं. तस.) शिवजी का उपनाम, An epithet of Shivaji, नन्दीश्वरः (पुं.)।

नंदोई (पुं. तभ.) दे. 'ननदोई'।

नंबर (पुं. इं.) संख्या, क्रम, Number, counting, संख्या (स्त्री.), क्रमः (पुं.)।

नंबरदार (पुं. देशी) गाँव का मुखिया जो कर उगाहने में सहायता करता है, A leader of the village who helps in collection of tax or rent, भूकरोद्ग्राहकः (पुं.)।

नई (वि. तभ. स्त्री.) नूतना, नयी, New, नवा, नूतना (वि. स्त्री.)।

नउ (वि. तभ.) दे. 'नव'।

नउआ (पुं. तभ.) दे. 'नापित' अथवा 'नाई'।

नककटा (वि. तभ.) कटी हुई नाक वाला, अपमानित, बेशर्म, Nose-clipped, ruined, disgraced, shameless, छिन्ननासिक (वि.)।

नकछिकनी (स्त्री. देशी) नसवार, A thing which is used for sneezing, नासाछिक्किका (स्त्री.), नस्यम् (नपुं.)।

नकटा (वि. तभ.) दे. 'नककटा'।

नकद (वि. अर.) तैयार (रुपया-पैसा), Ready (money), प्रस्तुत (वि.)।

नकदी (वि. अर.) हाथ में रखा धन, Cash in hand, प्रस्तुतं धनादिकम् (नपुं.)।

नकल (स्त्री. अर.) प्रतिलिपि, अनुकरण, Copy, imitation, प्रतिलिपिः, अनुकृतिः (स्त्री.), अनुकरणम् (नपुं.)।

नकली (वि. अर.) बनावटी, कृत्रिम, Artificial, कृत्रिम, कापटिक, छाद्मिक (वि.)।

नकश (पुं. अर.) दे. 'नक्श'।

नकसीर (स्त्री. देशी) नाक से खून का बहना, Bleeding from the nose, नासारक्तस्रावः (पुं.)।

नकाब (स्त्री. अर.) आकार छिपाने का आवरण, A mask, a veil, अवगुण्ठनम् (नपुं.), आवरकः-कम् (पुं. नपुं.)।

नकारना (सकर्म. तभ.) इनकार कर देना, To deny, to refuse, निषेधय् — निषेधयति।

नकारा (वि. तभ.) कार्य के अयोग्य, निकम्मा, Useless, worthless, व्यर्थ, निरर्थक, कार्यायोग्य (वि.)।

नकुल (पुं. तस.) पाण्डवों में से माद्री का बड़ा पुत्र, नेवला, One of the Pandavas who was elder son of Mādrī, a mongoose, नकुलः (पुं.)।

नकेल (स्त्री. देशी) नाक में पड़ी रस्सी, The string fixed in the nose, नासिकारज्जुः (स्त्री.)।

नक्का (पुं. देशी) सूई आदि का सिरा, The end of a needle etc., अन्तिमोभागः (पुं.)।

नक्कारखाना (पुं. फा.) ढोल बजाने का स्थान, The place where a kettle-drum is beaten, डिण्डिमालयः (पुं.)।

नक्कारा (पुं. फा.) नगाड़ा, A kettle drum, ढक्का, दुन्दुभिः (स्त्री.), पटहः (पुं.)।

नक्काल (वि. अर.) नकल करने वाला, An imitator, one who copies, अनुकर्ता-तृ (वि.)।

नक्काली (स्त्री. अर.) नकल, Imitation, अनुकरणम् (नपुं.)।

नक्काश (पुं. अर.) पत्थर में चित्र खोदने वाला, An engraver, उत्कारकः (पुं.)।

नक्काशी (स्त्री. अर.) पत्थर में खुदाई का कार्य, Engraving, उत्किरणम् (नपुं.)।

नक्त (अ. तस.) रात, Night, नक्तम् (अ.)।

नक्तंचर, नक्तञ्चर (पुं. तस.) निशाचर, राक्षस, चोर, उल्लू, A demon, a thief, an owl, निशाचरः, नक्तञ्चरः, चौरः, स्तेनः, उलूकः, घूकः (पुं.)।

नक्तंचारी (पुं. तस.) दे. 'नक्तञ्चर'।

नक्तांध, नक्तान्ध (पुं. तस.) रात के समय न दिखाई देने के रोग वाला, He who is patient of not seeing during the night, नक्तान्धः (पुं.)।

नक्श (पुं. अर.) चिह्न, लक्षण, प्रतिकृति, Impression, mark, portrait, चिह्नम्, लक्षणम् (नपुं.), प्रतिकृतिः (स्त्री.)।

नक्शा (पुं. अर.) मानचित्र, A map, मानचित्रम् (नपुं.)।

नक्शानवीस (पुं. अर.) मानचित्र बनाने वाला, One who draws maps, मानचित्रलेखकः (पुं.)।

नक्षत्र (पुं. तस.) तारा, तारक, A star, नक्षत्रम्, तारकम् (नपुं.), तारा (स्त्री.), उडुः (पुं.)।

नक्षत्रेश (पुं. तस.) चन्द्रमा, The moon, नक्षत्रेशः, उडुपतिः (पुं.)।

नख (पुं. तस.) नाखून, Nail of a finger, नखः (पुं.), नखम् (नपुं.)।

नखर (पुं. तस.) दे. 'नख' — नखरः (पुं.) नखरम् (नपुं.)।

नखरा (पुं. फा.) बहाना, विलास, चोचला, Pretence, sportive action, विभ्रमः, अभिमानः, व्याजः (पुं.), कपटम् (नपुं.)।

नखरायुध (पुं. तस.) सिंहादि, हिंसक पशु, Wild beast, नखरायुधः, हिंस्रः प्राणी (पुं.)।

नखरीला (वि. फा.) नखरेबाज, Coquettish, prude, सविभ्रम, लीलामय, व्याजकर्ता-तृ (वि.)।

नखशिख (पुं. तस.) नीचे से ऊपर तक, From top to bottom, सर्वाङ्गम् (नपुं.), नखशिखम् (नपुं.)।

नखी (पुं. तस.) दे. 'नखरायुध'।

नखोटना (सकर्म. तभ.) नाखूनों से खुरचना, To scratch with nails, नखैः + क्षुर (तुदा. पर.) — क्षुरति।

नग (पुं. तस.) पर्वत, रत्न, पेड़, A mountain, a gem, a tree, नगः (पुं.)।

नियम (पुं. तस.) कानून, समझौता, सिद्धान्त, व्यवस्था, Regulation, agreement, principle, discipline, नियमः, विधिः, समयः, सिद्धान्तः (पुं.), व्यवस्था (स्त्री.)।

नियमन (पुं. तस.) दे. 'नियन्त्रण'।

नियमित (वि. तस.) नियम में बंधा हुआ, व्यवस्थित, Set in order, well arranged, नियमित (अ.)।

नियर (वि. देशी) पास, समीप, Near, नातिदूरे, समीपम्, निकषा, समया (अ.)।

नियराई (वि. देशी) पास आई हुई, Come near, समीपमागता (वि.)।

(स्त्री. देशी) समीपता, निकटता, Nearness, समीपता (स्त्री.)।

नियराना (अकर्म. देशी) पास आना, To come near, समीपे आ+गम् - आगच्छति।

नियामक (पुं. तस.) नियम पर चलाने वाला, A controller, नियामकः (पुं.)।

नियामत (स्त्री. अर.) वरदान, बढ़िया वस्तु, A boon, a good thing, वरदानम्, श्रेष्ठ-वस्तु (नपुं.)।

नियार (पुं. देशी) सुनार का कूड़ा-कबाड़, Rubbish preserved by a gold-smith, सुवर्णकारस्य अवस्करः (पुं.)।

नियुक्त (वि. तस.) नियत किया हुआ, लगाया हुआ, Appointed, नियुक्त (वि.)।

नियुक्ति (स्त्री. तस.) कार्य पर लगाना, नियोजन, Appointment, नियुक्तिः (स्त्री.)।

नियुत (वि. तस.) एक लाख, One hundred thousand, one lakh, नियुतम्, लक्षम् (नपुं.)।

नियोक्ता (पुं. तस.) कार्य में लगाने वाला, An appointing authority, नियोक्ता-तृ (पुं.)।

नियोग (पुं. तस.) कर्त्तव्य, निर्धारण, नियुक्ति, Duty, appointment, नियोगः (पुं.)।

नियोग (पुं. तस.) सन्तान उत्पन्न करने के लिए किसी परपुरुष से सम्बन्ध, An intercourse with some other person to get a child, नियोगः (पुं.)।

नियोजक (पुं. तस.) दे. 'नियोक्ता' — नियोजकः (पुं.)।

नियोजन (पुं. तस.) दे. 'नियुक्ति' — नियुक्तिः (स्त्री.)।

नियोजित (वि. तस.) कार्य में लगाया हुआ, Appointed, नियोजित (वि.)।

नियोज्य (वि. तस.) कार्य में लगाने योग्य, Fit to be appointed, नियोज्य (वि.)।

निरंकार (पुं. तभ.) ईश्वर का एक उपनाम, An epithet of God, निराकारः (पुं.)।

निरंकुश, निरङ्कुश (वि. तस.) बन्धन से रहित, स्वतन्त्र, आजाद, Having no checking, free, निरङ्कुश (वि.)।

निरंजन, निरञ्जन (पुं. तस.) लाग-लपेट से रहित परमेश्वर, God who is always free, निरञ्जनः (पुं.)।

निरंतर, निरन्तर (क्रि. वि.) लगातार, Continuously, निरन्तरम् (अ.)।

निरक्षर (वि. तस.) अक्षर - ज्ञान से रहित, अनपढ़, Illiterate, निरक्षरः (पुं.)।

निरक्षरता (स्त्री. तस.) पढ़ाई-लिखाई का अभाव, Illiteracy, निरक्षता (स्त्री.)।

निरखना (सकर्म. तभ.) देखना-भालना, निरीक्षण करना, निर्+ईक्ष् (भ्वा. आ.) — निरीक्षते।

निरत (वि. तस.) व्यस्त, लगा हुआ, Busy in, निरत (वि.)।

निरतिशय (वि. तस.) जिससे बढ़कर कुछ नहीं, अन्तिम सीमा, Extremity, निरतिशय (वि.)।

निरनुनासिक (वि. तस.) जो वर्ण केवल मुख से बोला जाता है और नाक से नहीं, The letter which is spoken by mouth and not by nose, निरनुनासिक (वि.)।

निरन्न (वि. तस.) अन्न ग्रहण न करने वाला, One who does not take corns, निरन्न (वि.)।

निरपराध (वि. तस.) अपराध से रहित, Far off any crime, innocent, निरपराध (वि.)।

निरपेक्ष (वि. तस.) जिसे दूसरे की सहायता की आवश्यकता नहीं, One who does not want any help, निरपेक्ष (वि.)।

निरभिमान (वि. तस.) अभिमान से रहित, नम्र, Prideless, polite, निरभिमान (वि.)।

निरभिलाष (वि. तस.) जिस की कोई कामना नहीं है, निष्काम, Having no desire, disinterested, निरभिलाष (वि.)।

निरभ्र (वि. तस.) बादलों से रहित (आकाश), मेघशून्य, Cloudless, निरभ्र (वि.), मेघशून्य (वि.)।

निरय (पुं. तस.) नरक, Hell, निरयः (पुं.), नरकम् (पुं.)।

निरर्थक (वि. तस.) व्यर्थ, फिजूल, Useless, निरर्थक (वि.)।

निरवकाश (वि. तस.) जिसके पास खाली स्थान या समय नहीं, Without any space or leisure, निरवकाश (वि.)।

निरवद्य (वि. तस.) जो निन्दा के योग्य नहीं प्रशंसनीय, Worth praising, निरवद्य (वि.)।

निरवधि (वि. तस.) स्थान या समय की सीमा से रहित, Without limit of place or time, निरवधि (वि.)।

निरवयव (वि. तस.) खण्ड से रहित, पूर्ण, Having no part, complete, whole, निरवयव (वि.)।

निरशन (वि. तस.) भोजन से रहित, निराहार, Staying on fast, निरशन, निराहार (वि)।

निरस (वि. तभ.) दे. 'नीरस'।

निरसन (पुं. तस.) प्रत्याख्यान, परे कर देना, Removing, turning away, निरसनम्, प्रत्याख्यानम् (नपुं.)।

निरस्त्र (वि. तस.) अस्त्र से रहित, Having no weapon, निरस्त्र (वि.)।

निरहंकार, निरहङ्कार (वि. तस.) दे. 'निरभिमान'।

निरा (अ. तभ.) केवल, बिलकुल, Only, fully, सर्वथा (अ.)।

निराई (स्त्री. देशी) घासफूस को निकालने का काम और उसका वेतन, The work of weeding a field and its wages, तृणादीनाम् अपवारणम् तद्वेतनंच (नपुं.)।

निराकरण (पुं. तस.) प्रत्याख्यान, दूर करना, हटाना, Remedy, removing, प्रत्याख्यानम्, निराकरणम् (नपुं.), निरसनम् (नपुं.)।

निराकार (वि. तस.) आकृति से रहित, Shapeless, निराकार।

निराकुल (वि. तस.) व्याकुलता से रहित, शान्त, Not disturbed, at peace, calm, निराकुल (वि.)।

निराकृत (वि. तस.) प्रत्याख्यात, दूर किया गया, उत्तर दिया गया, Removed, thrown away, answered, निराकृत, प्रत्याख्यात, निरस्त (वि.)।

निरादर (पुं. तस.) तिरस्कार, अपमान, Insult, disgrace, निरादरः अपमानः (पुं.)।

निराधार (वि. तस.) युक्ति से रहित, आधार से रहित, Baseless, निराधार (वि.)।

निराना (सकर्म. देशी) निराई करना, घासफूस को खेत से निकालना, Weeding a field, निर्+अय् (भ्वा. आ.) — निरायय् (प्रे.) — निराययति।

निरापद (वि. तस.) खतरे से शून्य, सुरक्षित, Having no danger, safe, निरापद (वि.)।

निरामय (वि. तस.) रोग से रहित, नीरोग, स्वस्थ, Having no disease, healthy, निरामय (वि.)।

निरामिष (वि. तस.) मांस से रहित (भोजन), Vegetarian, निरामिष (वि.)।

निरायास (वि. तस.) जिसमें परिश्रम नहीं है, सरल, Without hardwork, easy, निरायास (वि.)।

निरालंब, निरालम्ब (वि. तस.) सहारे से रहित, आश्रयहीन, Without support or help, निरालम्ब, असहाय (वि.)।

निरालस्य (वि. तस.) आलस्य से रहित, पुरुषार्थी, Without laziness, industrious, निरालस्य (वि.)।

निराला (वि. तभ.) अनोखा, अद्भुत, Strange, extra-ordinary, अद्भुत, असाधारण (वि.)।

निराश (वि. तस.) जिसे आशा नहीं रही, मायूस, Disappointed, निराश (वि.)।

निराशा (स्त्री. तस.) आशा का न होना, मायूसी, Disappointment, निराशा (स्त्री.)।

निराश्रय (वि. तस.) दे. 'निरालम्ब'।

निराहार (वि. तस.) दे. 'निरशन'।

निरीक्षक (पुं. तस.) निरीक्षण करने वाला, A supervisor, निरीक्षकः (पुं.)।

निरीक्षण (पुं. तस.) देखभाल, Supervision, निरीक्षणम् (नपुं.)।

निरीक्षित (वि. तस.) देखाभाला हुआ, जाना-पहचाना, Supervised, well-known, निरीक्षित (वि.)।

निरीह (वि. तस.) इच्छा से रहित, भोलाभाला, निरभिलाष, Desireless, disinterested, innocent, निरीह, निरभिलाष, निर्दोष (वि.)।

निरुक्त (पुं. तस.) यास्कमुनि का वह ग्रंथ जिसमें वैदिक शब्दों की व्युत्पत्ति बताई गई है, वेदों का एक अंग, The book of Yaska in which the Vedic words are explained, an organ of Vedas, निरुक्तम् (नपुं.)।

निरुक्ति (स्त्री. तस.) निर्वचन, व्युत्पत्ति, Derivation, निरुक्तिः (स्त्री.)।

निरुत्तर (वि. तस.) उत्तर देने में असमर्थ, Answerless, निरुत्तर (वि.)।

निरुत्साह (वि. तस.) उत्साह से हीन, हिम्मत छोड़ने वाला, Discouraged, निरुत्साह (वि.)।

निरुद्ध (वि. तस.) रोका हुआ, Stopped, imprisoned, obstructed, निरुद्ध (वि.)।

निरुद्यम (वि. तस.) परिश्रम से रहित, आलसी, Without any employment or work, idle, निरुद्यम (वि.)।

निरुद्योग (वि. तस.) कामधाम से रहित, आलसी, Without any occupation, idle, निरुद्योग (वि.)।

निरुपद्रव (वि. तस.) दे. 'निरापद'।

निरुपम (वि. तस.) जिसकी तुलना नहीं की जा सकती, अनुपम, Matchless, निरुपम, अनुपम (वि.)।

निरुपाधि (वि. तस.) बिना किसी लाग-लपेट वाला, ईश्वर, Without any attribute, Supreme God, निरुपाधि (वि.)।

निरुपाय (वि. तस.) उपाय से रहित, Having no means, निरुपाय (वि.)।

निरूप (वि. तभ.) नीरूप, रूप से रहित, निराकार, Shapeless, नीरूप, निराकार (वि.)।

निरूपण (पुं. तस.) पेश करना, प्रस्तुत करने का कार्य, Proposing, निरूपणम् (नपुं.)।

निरूपित (वि. तस.) पेश किया गया, Proposed, निरूपित (वि.)।

निरोग, निरोगी (वि. तभ.) दे. 'नीरोग'।

निरोध (पुं. तस.) रोक, रुकावट, बन्धन, Obstruction, restriction, confinement, निवारणम् (नपुं.), प्रतिबन्धः (पुं.), बाधा (स्त्री.)।

निरोधक (पुं. तस.) रोकने वाला, निवारक, प्रतिबन्धक, बाधक, Repressive, obstructive, निवारकः, प्रतिबन्धकः, बाधकः (पुं.)।

निर्ख (पुं. फा.) मोल, भाव-ताव, Rate, price, अर्घः, मूल्यम् (नपुं.)।

निर्गंध, निर्गन्ध (वि. तस.) गन्ध से रहित, Smellless, निर्गन्ध (वि.)।

निर्गत (वि. तस.) निकला हुआ, Excluded, banished, निर्गत (वि.)।

निर्गम (पुं. तस.) निकासी, निःसरण, Exclusion, banishing, निर्गमः (पुं.)।

निर्गमन (पुं. तस.) दे. 'निर्गम' — निर्गमनम् (नपुं.)।

निर्गुण (वि. तस.) गुणों से रहित, प्रकृति के सत्त्व-रज-तम गुणों से पृथक् (ईश्वर), Meritless, not influenced by natural substances (God), निर्गुण (वि.)।

निर्गुणी (वि. तस.) दे. 'निर्गुण'।

निर्गुण्डी (स्त्री. तस.) शेफालिका, एक ओषधि, A medicinal herb, निर्गुण्डी, शेफालिका (स्त्री.), सिन्धुवारः (पुं.)।

निर्गृह (वि. तस.) घर से रहित, विना घर के, Homeless, निर्गृह (वि.)।

निर्घृण (वि. तस.) क्रूर, ज़ालिम, Cruel, merciless, निर्घृण (वि.)।

निर्जन (वि. तस.) लोगों से शून्य, उजाड़, Deserted, निर्जन (वि.)।

निर्जल (वि. तस.) पानी से रहित, Without water, dry, निर्जल (वि.)।

निर्जला एकादशी (स्त्री. तस.) ज्येष्ठ के शुक्लपक्ष की ग्यारहवीं तिथि जब कुछ लोग पानी भी नहीं पीते, The eleventh day of the bright fortnight of Jyeshtha when some people observe fast and don't drink even water.

निर्जीव (वि. तस.) प्राणियों से रहित, प्राणों से रहित, Without any animate, lifeless, निर्जीव (वि.)।

निर्झर (पुं. तस.) झरना, चश्मा, स्रोत, A fountain, a spring, निर्झरः (पुं.), स्रोतः-स् (नपुं.)।

निर्झरिणी (स्त्री. तस.) नदी, A river, निर्झरिणी, नदी, निम्नगा (स्त्री.)।

निर्णय (पुं. तस.) फैसला, Decision, settlement, निर्णयः (पुं.)।

निर्णायक (पुं. तस.) फैसला करने वाला, न्यायाधीश, A judge, निर्णायकः (पुं.)।

निर्णीत (वि. तस.) जिसका फैसला हो चुका है, Settled, ascertained, निर्णीत (वि.)।

निर्दय (वि. तस.) दया से शून्य, क्रूर, Merciless, pitiless, cruel, निर्दय (वि.)।

निर्दयता (स्त्री. तस.) क्रूरता, कठोरहृदयता, Cruelty, hard heartedness, निर्दयता, क्रूरता (स्त्री.)।

निर्दयी (वि. तभ.) दे. 'निर्दय'।

निर्दहन (पुं. तस.) पूर्णरूप से जलाने का कार्य, Work of fully burning, निर्दहनम् (नपुं.)।

निर्दिष्ट (वि. तस.) बताया गया, संकेतित, As told, indicated, निर्दिष्ट (वि.)।

निर्देश (पुं. तस.) संकेत, आदेश, बताना, Advice, order, discription, निर्देशः, संकेतः (पुं.)।

निर्दोष (वि. तस.) दोष - रहित, कमी से शून्य, Indefective, flawless, ideal, निर्दोष, त्रुटिविहीन (वि.)।

निर्दोषता (स्त्री. तस.) दोष या कमी का न होना, Flawlessness, faultlessness, निर्दोषता, निष्कलङ्कता (स्त्री.)।

निर्दोषी (वि. तस.) दे. 'निर्दोष' — निर्दोष-षिन् (वि.)।

निर्द्वंद्व-निर्द्वन्द्व (वि. तस.) पक्षपात - शून्य, समान अवस्था वाला, Impartial, indifferent, carefree, निर्द्वन्द्व (वि.)।

निर्धन (वि. तस.) धनहीन, गरीब, Pocketless, poor, निर्धन (वि.)।

निर्धनता (स्त्री. तस.) गरीबी, पैसे से रहित होना, Poverty, need, निर्धनता (स्त्री.)।

निर्धारण (पुं. तस.) चुनाव, अनेक में से एक को चुनना, निश्चय, संकलन, Selection, settlement, ascertainity, निर्धारणम् (नपुं.), निश्चयः (पुं.)।

निर्धारित (वि. तस.) निश्चित, निर्णीत, Ascertained, selected, settled, निर्धारित, निश्चित (वि.)।

निर्धूत (वि. तस.) हटा हुआ, उड़ा हुआ, Removed, shaken away, निर्धूत (वि.)।

निर्धूम (वि. तस.) धुएँ से रहित, Smokeless, निर्धूम (वि.)।

निर्निमेष (क्रि. वि. तस.) टकटकी लगाए हुए, Without winking an eye, with fixed look, निर्निमेषम् (क्रि. वि.)।

निर्बन्ध (पुं. तस.) प्रतिबन्ध, रुकावट, Obstruction, persistence, निर्बन्धः (पुं.)।

निर्बल (वि. तस.) कमज़ोर, शक्तिहीन, Weak, powerless, निर्बल (वि.)।

निर्बलता (स्त्री.) कमजोरी, शक्तिहीनता, Weakness, want of strength, निर्बलता (स्त्री.)।

निर्बीज (वि. तस.) बीज से रहित, Seedless, निर्बीज (वि.)।

निर्बुद्धि (वि. तस.) अबोध, बुद्धिहीन, नासमझ, Ignorant, stupid, निर्बुद्धि (वि.)।

निर्भय (वि. तस.) भयहीन, निडर, Fearless, brave, निर्भय (वि.)।

निर्भयता (स्त्री. तस.) निडरता, बहादुरी, Fearlessness, bravery, निर्भयता (स्त्री.)।

निर्भर (वि. तस.) आश्रित, Dependent, निर्भर, आश्रित (वि.)।

निर्भिन्न (वि. तस.) पूर्णतः फटा हुआ, चिरा हुआ, Cut into pieces, wounded, broken, निर्भिन्न (वि.)।

निर्मद (वि. तस.) मस्ती से रहित, अभिमान से शून्य, नम्र, unintoxicated, prideless, polite, quiet, निर्मद (वि.)।

निर्भीक (वि. तस.) दे. 'निर्भय' — निर्भीक (वि.)।

निर्भीकता (स्त्री. तस.) दे. 'निर्भयता' — निर्भयता (स्त्री.)।

निर्भेद्य (वि. तस.) न फाड़ा जाने योग्य, Unable to be split up, निर्भेद्य (वि.)।

निर्भ्रम (वि. तस.) भ्रम अथवा भ्रान्ति से शून्य, निश्चयात्मक, सत्य, Having no illusion or suspense, certain, true, निर्भ्रम (वि.)।

निर्भ्रान्त (वि. तस.) दे. 'निर्भ्रम' — निर्भ्रान्त (वि.)।

निर्मम (वि. तस.) निर्दय, क्रूर, स्नेहहीन, Pitiless, cruel, without affection, निर्मम (वि.)।

निर्मल (वि. तस.) स्वच्छ, गन्दगी से रहित, Pure, flawless, clean, निर्मल (वि.)।

निर्मलता (स्त्री. तस.) स्वच्छता, शुद्धता, पवित्रता, Cleanliness, purity, निर्मलता (स्त्री.)।

निर्मला (पुं. तभ.) सिक्खों का एक उपसम्प्रदाय, A sub-sect of Sikhas, निर्मलः (पुं.)।

निर्मली (पुं. तस.) एक पौधे के बीज जो जल को स्वच्छ कर देते हैं, Seeds of a plant which are used to purify muddy water, निर्मली-लिन् (पुं.), कतकः (पुं.)।

निर्माण (पुं. तस.) रचना, बनाना, Construction, building, निर्माणम् (नपुं.)।

निर्माता (पुं. तस.) बनाने वाला, Creator, constructor, निर्माता-तृ (पुं.)।

निर्मित (वि. तस.) बनाया हुआ, Constructed, created, निर्मित (वि.)।

निर्मुक्त (वि. तस.) सर्वथा स्वतन्त्र, पूर्णतः आज़ाद, completely free, निर्मुक्त (वि.)।

निर्मूल (वि. तस.) जड़ से रहित, आधारहीन, Rootless, baseless, निर्मूल (वि.)।

निर्मूलन (पुं. तस.) जड़ से उखाड़ने का कार्य, सर्वथा समाप्त करना, Uprooting, destruction, निर्मूलनम्, उन्मूलनम् (नपुं.)।

निर्मोक (पुं. तस.) साँप की केंचुली, Slough of a snake, निर्मोकः (पुं.)।

निर्मोह (वि. तस.) मोह से रहित, Having no attachment, निर्मोह (वि.)।

निर्मोही (वि. तस.) दे. 'निर्मोह' — निर्मोही-हिन् (पुं. वि.)।

निर्यात (पुं. तस.) वस्तु को विदेश में भेजना, Export, निर्यातम् (नपुं.)।

निर्यास (पुं. तस.) पेड़ की गोंद, Exudation of a tree, निर्यासः (पुं.)।

निर्लज्ज (वि. तस.) बेशर्म, शरम से रहित, Shameless, निर्लज्ज, निस्त्रप (वि.)।

निर्लज्जता (स्त्री. तस.) बेशर्मी, Shamelessness, लज्जाभावः (पुं.), निर्लज्जता (स्त्री.)।

निर्लिप्त (वि. तस.) असम्बद्ध, सम्बंध से शून्य, Disconnected, detached, disinterested, निर्लिप्त (वि.)।

निर्लेप (वि. तस.) दे. 'निर्लिप्त' — निर्लेप (वि.)।

निर्लोभ (वि. तस.) लोभ से हीन, त्यागी, संतुष्ट, Without any desire, contented, निर्लोभ (वि.)।

निर्वंश (वि. तस.) जिसका परिवार नहीं रहा या नष्ट हो गया है, One whose family is not growing or whose family has been destroyed, निर्वंश (वि.)।

निर्वचन (पुं. तस.) व्युत्पत्ति, Derivation, निर्वचनम् (नपुं.)।

निर्वाचन (पुं. तस.) चुनाव, Election, निर्वाचनम् (नपुं)।

निर्वाचित (वि. तस.) चुना गया, Elected, निर्वाचित (वि.)।

निर्वाण (पुं. तस.) बुझने का कार्य, मुक्ति, मोक्ष, Extinction, salvation, निर्वाणम् (नपुं.), मोक्षः (पुं.), मुक्तिः (स्त्री.)।

निर्वात (वि. तस.) वायु से रहित, Airless, निर्वात (वि.)।

निर्वापित (वि. तस.) बुझाया हुआ, नष्ट किया हुआ, Extinguished, destroyed, ruined, निर्वापित, नाशित (वि.)।

निर्वासन (पुं. तस.) निकालना, देशनिकाला, Banishment, exile, निर्वासनम् (नपुं.)।

निर्वाह (पुं. तस.) गुज़ारा, Maintenance, निर्वाहः (पुं.)।

निर्विकल्प (वि. तस.) सन्देह से शून्य, निश्चित, Doubtless, fixed, settled, निर्विकल्प (वि.)।

निर्विकार (वि. तस.) जिसमें परिवर्तन नहीं होता, परिवर्तनशून्य, Changeless, immutable, निर्विकार (वि.)।

निर्विघ्न (वि. तस.) विघ्न से रहित, Unobstructed, निर्विघ्न (वि.)।

निर्विरोध (वि. तस.) जिसका विरोध नहीं है, Unopposed, निर्विरोध (वि.)।

निर्विवाद (वि. तस.) जिसमें झगड़े की आवश्यकता नहीं, सर्वथा सत्य, Indisputable, incontestable, निर्विवाद (वि.)।

निर्वीर्य (वि. तस.) शक्ति या वीरता से शून्य, नपुंसक, Powerless, impotent, coward, निर्वीर्य (वि.)।

निर्व्याज (वि. तस.) किसी लाग - लपेट से रहित, Without any fraud or trick, निर्व्याज (वि.)।

निर्वृत (वि. तस.) शान्त, सन्तुष्ट, Contented, calm, निर्वृत (वि.)।

निर्वृति (स्त्री. तस.) शान्ति, सन्तुष्टि, Contentment, peace, निर्वृतिः (स्त्री.)।

निर्वेद (पुं. तस.) वैराग्य, विरक्ति, परिश्रमहीनता, निरुत्साह, Indifference, discouragement, निर्वेदः (पुं.), वैराग्यम् (नपुं.), विरक्तिः (स्त्री.)।

निर्वैर (वि. तस.) शत्रुता से रहित, Devoid of enemity, निर्वैर (वि.)।

निलज्ज (वि. तभ.) दे. 'निर्लज्ज'।

निलय (पुं. तस.) घर, निवास, House, residence, निलयः, आवासः (पुं.), गृहम् (नपुं.)।

निलहा (पुं. तभ.) नील से सम्बन्धित, नील के रंग का, Pertaining to indigo or of that colour, नीलक (वि.)।

निलीन (वि. तस.) छुपा हुआ, डूबा हुआ, Hidden, merged, busy, निलीन (वि.)।

निवर्तन (पुं. तस.) लौटने का कार्य, निपटने का भाव, The act of returning or completion, निवर्तनम् (नपुं.)।

निवह (पुं. तस.) समूह, निचय, प्रचय, Accumulation, heap, निवहः, निचयः (पुं.)।

निवात (पुं. तस.) दे. 'निर्वात'।

निवापक (पुं. तस.) बीज बोने वाला, One who sows seeds, निवापकः (पुं.)।

निवार (स्त्री. फा.) पलंग को बुनने वाली पट्टी, A tape for weaving a bed-stead, पर्यङ्कपट्टिका (स्त्री.), निवारम् (नपुं.)।

निवारक (पुं. तस.) रोकने वाला, One who prohibits, निवारकः (पुं.)।

निवारण (पुं. तस.) दूर करना, हटाना, रोकना, Prohibiting, stopping, removing, निवारणम् (नपुं.)।

निवारना (सकर्म. तभ.) हटाना, रोकना, नि+वारय् (प्रे.), निवारयति।

निवास (पुं. तस.) घर, आवास, गृह, A house, residence, निवासः, आवासः (पुं.), गृहम् (नपुं.)।

निवासी (वि. तस.) रहने वाला, Inhabitant, resident, निवासी-सिन् (वि.)।

निविड़ (वि. तस.) घना, सघन, Dense, thick, निविड, निबिड (वि.)।

निविडता (स्त्री. तस.) सघनता, गहरापन, Density, thickness, निविडता, निबिडता (स्त्री.)।

निविष्ट (वि. तस.) सम्मिलित, Included, निविष्ट (वि.)।

निवृत्त (वि. तस.) निपटा हुआ, One who has completed any work, settled, निवृत्त (वि.)।

निवृत्ति (स्त्री. तस.) निपटारा, Settlement, निवृत्तिः (स्त्री.)।

निवेदक (पुं. तस.) प्रार्थी, निवेदन करने वाला, Applicant, निवेदकः (पुं.)।

निवेदन (पुं. तस.) प्रार्थना, Application, निवेदनम् (नपुं.)।

निवेदनीय (वि. तस.) प्रार्थ्य, प्रार्थनीय, निवेदन करने के योग्य, Fit to be applied, निवेदनीय (वि.)।

निवेदित (वि. तस.) प्रार्थित, जिसे निवेदन किया गया है, Applied, निवेदित (वि.)।

निवेश (पुं. तस.) मण्डप, रुपये का लगाना, A tent, utilization of money in some work, investment, निवेशः (पुं.)।

निवेशन (पुं. तस.) प्रवेश, पैसा लगाना, नगर, Entrance, to utilize the money in some business, investment, a city, निवेशनम् (नपुं.)।

निवेशनीय (वि. तस.) प्रवेश के योग्य, Fit to be entered, fit for investment, निवेशनीय, प्रवेशनीय (वि.)।

निवेष्टन (पुं. तस.) लपेटना, Rolling something with some cloth, निवेष्टनम् (नपुं.)।

निशांत, निशान्त (पुं. तस.) रात्रि का समाप्ति-काल, The end of a night, निशान्तः (पुं.)।

निशांध, निशान्ध (पुं. तस.) रात को न देख सकने का रोग, A disease of being unable to see, निशान्धः (पुं.)।

निशा (स्त्री. तस.) रात, A night, निशा, रात्रि, रजनी (स्त्री.)।

निशाकर (पुं. तस.) चाँद, The moon, निशाकरः, शशाङ्कः, चन्द्रः (पुं.)।

निशाचर (पुं. तस.) राक्षस, चोर, A demon, a thief, निशाचरः (पुं.)।

निशान (पुं. फा.) चिह्न, अंक, A sign, a spot, चिह्नम् (नपुं.), अङ्कः (पुं.)।

निशापति (पुं. तस.) दे. 'निशाकर' — निशापतिः (पुं.)।

निशानाथ (पुं. तस.) दे. 'निशाकर' — निशानाथः (पुं.)।

निशानी (स्त्री. फा.) पहचान, परिचय, Recognition, परिचयः (पुं.)।

निशामुख (पुं. तस.) रात्रि का आरम्भ, प्रदोष वेला, Biginning of night, निशामुखम् (नपुं.), प्रदोषः (पुं.)।

निशावसान (पुं. तस.) रात की समाप्ति, The end of a night, निशावसानम् (नपुं.)।

निशास्ता (पुं. फा.) गेहूँ, चावल आदि का सार, स्टार्च, Starch, श्वेतसारः (पुं.)।

निशि (स्त्री. तभ.) दे. 'निशा'।

निशित (वि. तस.) तीखा, तेज किया हुआ, Sharpened, निशित, तीक्ष्ण (वि.)।

निशिदिन (क्रि. वि.) रात दिन, लगातार, Day and night, continuously, दिवानिशम् (अ.), सततम् (क्रि. वि.)।

निशिवासर (क्रि. वि. तभ.) दे. 'निशिदिन' — अहर्निशम्, दिवानिशम् (क्रि. वि.)।

निशीथ (पुं. तस.) आधी रात, Midnight, निशीथम् (नपुं.)।

निशुंभ, निशुम्भ (पुं. तस.) एक राक्षस का नाम जिसे दुर्गादेवी ने मारा था, Name of the demon who was killed by the goddess Durga, निशुम्भः (पुं.)।

निश्चय (पुं. तस.) संकल्प, पक्की बात, Determination, certainity, निश्चयः।

निश्चयी (वि. तस.) निश्चय करने वाला, Determinator, निश्चयी-यिन् (वि.)।

निश्चल (वि. तस.) स्थिर, टिका हुआ, Immovable, steady, निश्चल (वि.)।

निश्चलता (स्त्री. तस.) स्थिरता, गतिहीनता, Immovability, steadiness, निश्चलता (स्त्री.)।

निश्चिंत, निश्चिन्त (वि. तस.) बेफ़िक्र, लापरवाह, शान्त, Careless, without anxiety, at ease, निश्चिन्त (वि.)।

निश्चिंतता, निश्चिन्तता (स्त्री. तस.) बेफिक्री, Freedom from anxiety, निश्चिन्तता (स्त्री.)।

निश्चित (वि. तस.) असंदिग्ध, पक्का, Doubtless, firm, sure, निश्चित (वि.)।

निश्चेष्ट (वि. तस.) बिना हरकत वाला, चेष्टाहीन, Motionless, निश्चेष्ट (वि.)।

निश्छल (वि. तस.) छल-कपट से रहित, सरल, Without deception or crookedness, simple, निश्छल (वि.)।

निश्श्रेणी (स्त्री. तस.) सीढ़ी, पोढ़ी, Ladder, staircase, निःश्रेणी, निश्श्रेणी (स्त्री.)।

निश्शक्त (वि. तस.) शक्तिहीन, कमजोर, Powerless, weak, निःशक्त, निश्शक्त (वि.)।

निश्शंक, निश्शङ्क (वि. तस.) विना शंका या भय वाला, बेफिक्र, Without feeling any danger, निःशङ्क, निश्शङ्क (वि.)।

निश्शेष (वि. तस.) विना कुछ बचे, Without remnants, निःशेष, निश्शेष (वि.)।

निषंग, निषङ्ग (पुं. तस.) तरकस, A quiver, निषङ्गः, इषुधिः (पुं.)।

निषण्ण (वि. तस.) बैठा हुआ, Sitting, sit, निषण्ण, उपविष्ट (वि.)।

निषाद (पुं. तस.) एक निम्न जाति का व्यक्ति, संगीत का एक स्वर, A man of a low-caste, a note of music, निषादः (पुं.)।

निषिद्ध (वि. तस.) मना किया हुआ, Forbidden, prohibited, निषिद्ध (वि.)।

निषेक (पुं. तस.) गर्भाधान, सिंचाई, Conception-ceremony, watering, निषेकः (पुं.)।

निषेध (पुं. तस.) इनकार, Prohibition, refusal, निषेधः (पुं.)।

निषेधक (पुं. तस.) इनकार करने वाला, Prohibitor, निषेधकः (पुं.)।

निषेधित (वि. तस.) दे. 'निषिद्ध'।

निष्कंटक, निष्कण्टक (वि. तस.) काँटों, विघ्नों अथवा शत्रु से रहित, Free from thorns; obstacles or enemies, निष्कण्टक (वि.)।

निष्क (पुं. तस.) प्राचीन समय का सोने का एक सिक्का, A gold coin of the old age, निष्कः-कम् (पुं., नपुं.)।

निष्कपट (वि. तस.) दे. 'निश्छल'।

निष्कम्प (वि. तस.) कम्पन से रहित, स्थिर, Not wavering or flickering, निष्कम्प (वि.)।

निष्करुण (वि. तस.) दयाहीन, क्रूर, Pitiless, cruel, निष्करुण (वि.)।

निष्कलंक, निष्कलङ्क (वि. तस.) धब्बे या लांछन से रहित, Spotless, stainless, pure, निष्कलङ्क (वि.)।

निष्काम (वि. तस.) कामना से रहित, Having no desire, disinterested, निष्काम (वि.)।

निष्कारण (वि. तस.) विना किसी कारण या प्रयोजन वाला, Without any reason, baseless, निष्कारण (वि.)।

निष्क्रय (पुं. तस.) मूल्य, बदला, Wages, pay, price, compensation, निष्क्रयः (पुं.)।

निष्क्रिय (वि. तस.) निकम्मा, Idle, निष्क्रिय (वि.)।

निष्ठ (वि. तस.) लगा हुआ, व्यस्त, Busy, engaged, निष्ठ (वि.)।

निष्ठा (स्त्री. तस.) श्रद्धा, लगन, विश्वास, Faith, confirmation, belief, निष्ठा (स्त्री.)।

निष्ठावान् (वि. तस.) श्रद्धालु, लगन वाला, कर्तव्यपरायण, Faithful, dutiful, निष्ठावान्-वत् (वि.)।

निष्ठीवन (पुं. तस.) थूकने का कार्य, Work of spitting, निष्ठीवनम् (नपुं.)।

निष्ठुर (वि. तस.) कठोर दिल वाला, क्रूर, Hard hearted, cruel, harsh, निष्ठुर, क्रूर (वि.)।

निष्ठुरता (स्त्री. तस.) कठोर - हृदयता, क्रूरता, Severity, brutality, cruelity, निष्ठुरता, क्रूरता।

निष्णात (वि. तस.) नहाया हुआ, कुशल, Bathed, well-versed, clever, निष्णात (वि.)।

निष्पक्ष (वि. तस.) पक्षपात से हीन, तरफदारी न करने वाला, Unbiased, unprejudiced, निष्पक्ष, पक्षपातशून्य (वि.)।

निष्पत्ति (स्त्री. तस.) कार्य की सम्पूर्णता, निष्पादन, Completion, निष्पत्तिः (स्त्री.)।

निष्पन्न (वि. तस.) पूरा किया हुआ, पूर्ण, Completed, निष्पन्न (वि.)।

निष्पादित (वि. तस.) पूर्ण कराया गया, Caused to complete, निष्पादित (वि.)।

निष्पेष (पुं. तस.) चूर्ण, Powder, निष्पेषः (पुं.), चूर्णम् (नपुं.)।

निष्प्रभ (वि. तस.) रोशनी से रहित, शोभा से हीन, कान्तिहीन, मुरझाया हुआ, Without light, without beauty, faded, withered, निष्प्रभ (वि.)।

निष्प्रयोजन (वि. तस.) दे. 'निष्कारण' — निष्प्रयोजन (वि.)।

निष्फल (वि. तस.) फल से रहित, व्यर्थ का, असफल, Fruitless, useless, failed, in-vain, निष्फल (वि.)।

निस (स्त्री. तभ.) निशा, रात, Night, निशा, रात्रिः (स्त्री.)।

निसा (स्त्री. तभ.) दे. 'निस'।

निसिचर (पुं. तभ.) दे. 'निशाचर'

निसिदिन (क्रि. वि. तभ.) दे. 'निशिदिन'।

निसिवासर (क्रि. वि. तभ.) दे. 'निशिवासर' अथवा 'निशिदिन'।

निसृष्ट (वि. तभ.) त्यागा हुआ, निकाला हुआ, गया हुआ, Abandoned, left, gone abroad, निस्सृष्ट (वि.)।

निसेनी (वि. तस.) दे. 'निःश्रेणी'।

निस्तब्ध (वि. तस.) निश्चेष्ट, गतिहीन, Inactive, motionless, निस्तब्ध, निश्चेष्ट (वि.)।

निस्तब्धता (स्त्री. तस.) मौन, चुप्पी, क्रियाहीनता, Silence, inactivity, निस्तब्धता।

निस्तरण (पुं. तस.) कल्याण, भला, कष्ट से पार हो जाना, मोक्ष, Welfare, emancipation, salvation, निस्तरणम् (नपुं.)।

निस्तार (पुं. तस.) दे. 'निस्तरण' — निस्तारः (पुं.)।

निस्तारक (पुं. तस.) पार लगाने वाला, कल्याण करने वाला, मोक्षप्रद, Helper in crossing, rescuer, helper in salvation, निस्तारकः (पुं.)।

निस्तारण (पुं. तस.) पार लगाने का कार्य, Work of causing to cross, निस्तारणम् (नपुं.)।

निस्तीर्ण (वि. तस.) पार किया हुआ, Crossed, निस्तीर्ण (वि.)।

निस्तेज (वि. तस.) दे. 'निष्प्रभ' — निस्तेजस्क (वि.)।

निस्त्रिंश (पुं. तस.) तलवार, कृपाण, A sword, निस्त्रिंशः, कृपाणः, असिः (पुं.)।

निस्संकोच (क्रि. वि.) हिचकिचाहट के बिना, Without any hesitation, निस्सङ्कोचम्, निःसङ्कोचम् (क्रि. वि.)।

निस्संतान (वि. तस.) बालबच्चे से रहित, Having no issue, issueless, निस्सन्तान, निःसन्तान (वि.)।

निस्संदेह (क्रि. वि. तस.) बिना शक, Undoubtedly, निस्सन्देहम्, निःसन्देहम् (क्रि. वि.)।

निस्सरण (पुं. तस.) निकलना, Going out, निःसरणम्, निस्सरणम् (नपुं.)।

निस्सार (पुं. तस.) सार से रहित, व्यर्थ का, Having no essence, worthless, निस्सार, निःसार (वि.)।

निस्सारित (वि. तस.) निकाला गया, Turned-out, banished, निस्सारित, निःसारित (वि.)।

निस्सीम (वि. तस.) असीम, सीमा से रहित Limitless, निस्सीम, निःसीम (वि.)।

निहंग (वि. तभ.) निःसङ्ग, अकेला रहने वाला, Alone, naked, निःसङ्ग, निस्सङ्ग (वि.)।

निहत्था (वि. तभ.) विना हथियार के, Having no weapon, unarmed, निरस्त्र, निरायुध (वि.)।

निहारना (सकर्म. तभ.) देखना, भालना, To see, to look, भल् (भ्वा. आ.) भलते-भालय् (प्रे.) भालयति, निभालयति, पश्यति।

निहाल (वि. फा.) सन्तुष्ट, प्रसन्न, Happy, satisfied, सन्तुष्ट, प्रसन्न (वि.)।

निहित (वि. तस.) रखा हुआ, Placed, put, निहित (वि.)।

निहोरना (अकर्म. देशी) प्रार्थना करना, शांत करना, कृतज्ञता अनुभव करना, To request, to pacify, to be obliged, प्रार्थय्-प्रार्थयति, शमय्-शमयति, कृतम् ज्ञापयति।

निहोरा (पुं. देशी) सहायता, उपकार, कृपा, Help, favour, kindness, सहायता, कृपा (स्त्री.), उपकारः (पुं.)

नींद (स्त्री. तभ.) शयन, निद्रा, Sleep, निद्रा (स्त्री.)।

नींव (स्त्री. अर.) बुनियाद, Foundation, भित्तिमूलम् (नपुं.), आधारः (पुं.)।

नीक, नीका (वि. देशी) अच्छा, भला, सुन्दर, Good, beautiful, शोभनम्, उत्तम, सुन्दर (वि.)।

नीके (क्रि. वि. देशी) अच्छी प्रकार से, शोभनतया (क्रि. वि.)।

नीच (वि. तस.) छोटे दर्जे का, निम्न, कमीना, Low, bad, mean, नीच (वि.)।

नीचता (स्त्री. तस.) छोटापन, कमीनापन, Lowness, meanness, नीचता (स्त्री.)।

नीचा (वि. तभ.) झुका हुआ, गिरा हुआ, Bent, fallen, नत, पतित, (वि.), नीचैः (अ.)।

नीचे (क्रि. वि. तभ.) नीचे की ओर, Below, under, down, अधः, अधस्तात्, नीचैः (अ.)।

नीड़ (पुं. तस.) घोंसला, A nest, नीडः (पुं.), नीडम् (नपुं.)।

नीत (वि. तस.) ले जाया गया, Brought, नीत (वि.)।

नीति (स्त्री. तस.) चालचलन, न्याय, राजनीति, Moral conduct, justice, a policy, politics, नीतिः (स्त्री.)।

नीतिज्ञ (पुं. तस.) नीति को जानने वाला, A statesman, a politician, नीतिज्ञः (पुं.)।

नीतिमान (पुं. तस.) न्याय - प्रिय, सदाचारी, Lover of justice, man of a good moral character, नीतिमान्-मत् (पुं. वि.)।

नीतिशास्त्र (पुं. तस.) व्यवहार की विद्या, The science of ethics and politics, नीतिशास्त्रम् (नपुं.)।

नीबू (पुं. तभ.) एक खट्टा फल और उसका पेड़, A lemon tree and its fruit, निम्बुः (वृक्षः) (पुं.), निम्बुफलम् (नपुं.)।

नीम (पुं. तभ.) निम्बतरु, A margosa tree, निम्बः (पुं.)।

नीम (वि. फा.) आधा, अर्ध, Half, अर्ध, अर्द्ध, नेम (वि.)।

नीमहकीम (पुं. फा.) आधा पढ़ा हुआ चिकित्सक, Half learned doctor, अर्धशिक्षितः चिकित्सकः (पुं.)।

नीयत (स्त्री. देशी) भावना, आशय, Intention, motive, भावना (स्त्री.), भावः, आशयः (पुं.)।

नीर (पुं. तस.) पानी, जल, Water, नीरम्, जलम्, तोयम्, वारि (नपुं.)।

नीरज (पुं. तस.) कमल, A lotus, कमलम्, नीरजम्, वारिजम् (नपुं.)।

नीरद (पुं. तस.) बादल, मेघ, A cloud, नीरदः, मेघः, वारिदः, जलदः (पुं.)।

नीरधर (पुं. तस.) दे. 'नीरद' — नीरधरः (पुं.)।

नीरधि (पुं. तस.) समुद्र, वारिधि, जलधि, A sea, an ocean, नीरधिः, जलधिः, वारिधिः (पुं.)।

नीरन्ध्र (वि. तस.) घना, निबिड, छिद्रहीन, Having no hole, dense, thick, नीरन्ध्र (वि.), निबिड (वि.), सघन (वि.)।

नीरव (वि. तस.) ध्वनि से रहित, मौन, Silent, soundless, नीरव (वि.)।

नीरस (वि. तस.) रस से हीन, Having no juice or interest, नीरस (वि.)।

नीराजन (पुं. तस.) देवमूर्ति पर दीप जलाना, अस्त्र-शस्त्र को चमकाना, Offering of a light to a deity, polishing of weapons, नीराजनम् (नपुं.)।

नीरुज् (वि. तस.) रोग से रहित, नीरोग, स्वस्थ, Having no disease, healthy, नीरुज् (नीरुक्-ग्, नीरुजौ, नीरुजः-वि.)।

नीरोग (वि. तस.) दे. 'नीरुज्' — नीरोग (वि.)।

नील (वि. तस.) नीला, Blue, नील (वि.)।

नीलकंठ, नीलकण्ठ (पुं. तस.) शिवजी का एक उपनाम, An epithet of Shivaji, नीलकण्ठः (पुं.)।

नीलगाय (स्त्री. तभ.) गवय, एक चौपाया जंगली प्राणी, A kind of big antelope, गवयः (पुं.)।

नीलता (स्त्री. तस.) नीलापन, नीलिमा, Blueness, नीलता (स्त्री.), नीलिमा-मन् (पुं.)।

नीलम (पुं. फा.) नील मणि, नीले रंग का रत्न, Sapphire, नीलमणिः (पुं.)।

नीलांबर, नीलाम्बर (पुं. तस.) नीला कपड़ा, नीला आकाश, Blue dress, blue sky, नीलाम्बरम् (नपुं.)।

नीलांबर, नीलाम्बर (वि. तस.) नीले कपड़ों वाला, Having blue clothes, नीलाम्बर (वि.)।

नीला (वि. तभ.) नीले रंग का, Having blue colour, नीलवर्ण (वि.)।

नीला थोथा (पुं. तभ.) तुत्थ, ताम्बे से उत्पन्न, Sulphate of copper, blue vitriol, नीलतुत्थम, ताम्रगर्भम् (नपुं.)।

नीलाब्ज (पुं. तस.) नील कमल, Blue lotus, नीलाब्जम् (नपुं.)।

नीलाम (पुं. पुर्त.) बोली देकर बेचना, Public sale, auction, लीलामयः विक्रयः, जनसम्मर्दे विक्रयः (पुं.)।

नीलिका (स्त्री. तस.) नील का टुकड़ा, नील का पौधा, A lump of indigo, indigo plant, नीलिका (स्त्री.)।

नीलिमा (स्त्री. तस.) नीलापन, नीलिमा, Blueness, नीलिमा-मन् (पुं.)।

नीलोत्पल (पुं. तस.) दे. 'नीलाब्ज' — नीलोत्पलम् (नपुं.)।

नीलोफर (पुं. फा.) दे. 'नीलाब्ज' — नीलाब्जम्, नीलोत्पलम् (नपुं.)।

नीवार (पुं. तस.) एक प्रकार का धान्य, तृणधान्य, Rice growing wild, नीवारः (पुं.)।

नीवि (स्त्री. तस.) कमर में बाँधने का नाड़ा, String for tying waist - dress, नीवी (स्त्री.)।

नीहार (पुं. तस.) धुंध, कोहरा, बर्फ, Mist, fog, snow, नीहारः (पुं.)।

नीहारिका (स्त्री. तस.) आकाश में धुंध के रूप में सफेद बादलों का समूह, A patch of white cloud like a fog, नीहारिका (स्त्री.)।

नुकसान (पुं. अर.) हानि, क्षति, Harm, deficiency, loss, हानिः, क्षतिः (स्त्री.), ह्रासः (पुं.)।

नुकीला (वि. देशी) नोकदार, Pointed, gaudy, तीक्ष्णाग्र (वि.)।

नुक्कड़ (स्त्री. देशी) कोना, नोकदार स्थान, A pointed corner, कोणान्तः (पुं.)।

नुक्स (पुं. अर.) दोष, त्रुटि, Defect, flaw, दोषः (पुं.), त्रुटिः (स्त्री.)।

नुमाइश (स्त्री. फा.) प्रदर्शनी, Exhibition, display, प्रदर्शनम् (नपुं.), प्रदर्शनी (स्त्री.)।

नुमाइशी (वि. फा.) प्रदर्शन के योग्य, Showy, प्रदर्शनीय (वि.)।

नुसखा (पुं. अर.) दवाइयों का योग, कल्प, Prescription, योगः, कल्पः (पुं.)।

नूतन (वि. तस.) नया, New, नूतन, नव (वि.)।

नूतनता (स्त्री. तस.) नयापन, नवीनता, Newness, freshness, नूतनता, नवीनता, नवता (स्त्री.)।

नून (पुं. तभ.) लवण, नमक, Salt, लवणम् (नपुं.)।

नूपुर (पुं. तस.) पायजेब, Ornament for the anklets, नूपुरम् (नपुं.)।

नूर (पुं. अर.) प्रकाश, तेज, कान्ति, आभा Light, lustre, प्रकाशः (पुं.), तेजः-स् (नपुं.), कान्तिः, आभा (स्त्री.)।

नृ (पुं. तस.) नर, पुरुष, मनुष्य, A man, नृ (पुं. ना, नरौ, नरः)।

नृत्य (पुं. तस.) नाच, Dance, नृत्यम् (नपुं.)।

नृत्यशाला (स्त्री. तस.) नाचघर, Dancing place, नृत्यशाला (स्त्री.)।

नृप (पुं. तस.) राजा, नृपति, A king, नृपः, नृपतिः, भूपः, भूपतिः (पुं.)।

नृपति (पुं. तस.) दे. 'नृप' — नृपतिः (पुं.)।

नृपाल (पुं. तस.) दे. 'नृप' — नृपालः (पुं.)।

नृशंस (वि. तस.) क्रूर, ज़ालिम, निर्घृण, कठोर-हृदय, Cruel, harsh, pitiless, नृशंस, क्रूर, निर्घृण (वि.)।

नृसिंह (पुं. तस.) पुरुषों में शेर के समान बहादुर, A man as brave as a lion, नृसिंहः (पुं.)।

(पुं. तस.) नृसिंह अवतार, An epithet of Viṣṇu in form of a man and lion who killed Hiraṇyakaśipu, नृसिंहः, विष्णुः (वि.)।

नेक (वि. फा.) भला, अच्छा, श्रेष्ठ, Good, kind-hearted, well-behaved, श्रेष्ठ (वि.)।

नेकी (स्त्री. फा.) भलाई, Charity, goodness, kind-heartedness, श्रेष्ठता, सज्जनता (स्त्री.)।

नेजा (पुं. फा.) भाला, A spear, भल्लः (पुं.)।

नेता (पुं. तस.) नायक, मुखिया, मार्गदर्शक, A leader, a guide, a chief, नेता-तृ (पुं.), नायकः (पुं.)।

नेति (अ. तस.) समाप्ति का न होना, Endlessness, unlimit, नेति (अ.), असीम (वि.)।

(स्त्री. तस.) ले जाने का कार्य, मार्गदर्शन, Leadership, guidance, नेतिः (स्त्री.), नाक साफ करने की एक यौगिक क्रिया और उसकी डोरी, A practice of yoga by which nose is cleansed and its string, नेतिः (स्त्री.)।

नेत्र (पुं. तस.) आँख, नयन, चक्षु, An eye, नेत्रम्, नयनम्, चक्षुः-ष् (नपुं.)।

नेत्राभिष्यन्द (पुं. तस.) आँखों का एक रोग जिसमें आँखों से पानी बहता रहता है, A disease of eyes in which water flows continuously from eyes, नेत्राभिष्यन्दः (पुं.)।

नेत्राम्बु (पुं. तस.) आँसू, अश्रु, Tears, नेत्राम्बु, अश्रु (नपुं.)।

नेनुआँ, नेनुवाँ (पुं. देशी) घिया तोरी, A vegetable, घोषः, महाफलः (पुं.)।

नेपथ्य (पुं. तस.) नाटक में पर्दे के पीछे वह स्थान जहाँ नट वेषभूषा आदि बदलते हैं, In drama; it is the place beside the curtain where actors change their dress etc., नेपथ्यम् (नपुं.)।

नेफा (पुं. फा.) पायजामे आदि में वह सुराख जिसमें नाड़ा डाला जाता है, The hole of a waist garment in which a string is inserted, नीविनलिकाम् (स्त्री.)।

नेम (पुं. तभ.) नियम, कानून, Rule, regulation, नियमः (पुं.)।

(सर्व. तस.) आधा, नीम (फा.), Half, नेम, अर्ध (वि.)।

नेमि (स्त्री. तस.) पहिये का घेरा, चक्रपरिधि, Circumference of a wheel, नेमिः (स्त्री.), परिधिः (पुं.)।

नेय (वि. तस.) ले जाने योग्य, Fit to be brought, नेय, नेतव्य (वि.)।

नेरे (क्रि. वि. देशी) नेड़े, नातिदूरे, समीप, पास, Near, close, नातिदूरे, समीपे, निकटे (क्रि. वि.)।

नेवला (पुं. तभ.) नकुल, A mongoose, नकुलः (पुं.)।

नेस्त-नाबूद (वि. फा.) अस्तित्वहीन, पूर्णतः नाश, Disappearing of existence, completely destructed, लुप्तसत्ताक, पूर्णतः नष्ट (वि.)।

नेह (पुं. तभ.) स्नेह, प्रेम, प्यार, प्रीति, Love, affection, स्नेहः (पुं.), प्रेम-मन् (नपुं.), प्रीतिः (स्त्री.)।

नेही (वि. तभ.) स्नेही, प्यार करने वाला, Lover, स्नेही-हिन् (वि.)।

नैक (वि. तस.) अनेक, कई, Many, अनेक (सर्व.), नैक (सर्व.)।

नैकट्य (पुं. तस.) निकटता, समीपता, Nearness, नैकट्यम् (नपुं.), निकटता (स्त्री.), समीपता (स्त्री.), सामीप्यम् (नपुं.)।

नैकधा (अ. तस.) अनेक बार, अनेकधा, Many time, नैकधा, अनेकधा (अ.)।

नैतिक (वि. तस.) नीति से सम्बन्धित, उत्तम व्यवहार वाला, Related to good conduct, just, नैतिक (वि.)।

नैन (पुं. तभ.) नयन, नेत्र, आँख, An eye, नयनम्, नेत्रम्, अक्षि, चक्षुः-ष् (नपुं.)।

नैनू (पुं. तभ.) नवनीत, मक्खन, Butter, नवनीतम् (नपुं.)।

नैपुण्य (पुं. तस.) निपुणता, कुशलता, चतुराई, दक्षता, Cleverness, dexterity, efficiency, निपुणता, कुशलता, दक्षता (स्त्री.), नैपुण्यम्, कौशलम्, चातुर्यम् (नपुं.)।

नैमित्तिक (वि. तस.) कारण से सम्बन्धित, Related to any cause or purpose, नैमित्तिक (वि.)।

नैमिषारण्य (पुं. तस.) एक जंगल का नाम, जहाँ महाभारत की कथा सुनाई गई थी, The name of a forest where the story of Mahābhārata was told, नैमिषारण्यम् (नपुं.)।

नैया (स्त्री. तभ.) नाव, नौका, तरणि, A boat, नौ, नौका, तरणिः (स्त्री.)।

नैयायिक (पुं. तस.) न्यायदर्शन का विद्वान्, The scholar of the philosophy of logic, नैयायिकः (पुं.)।

नैराश्य (पुं. तस.) निराशा, मायूसी, Disappointment, नैराश्यम् (नपुं.), निराशा (स्त्री.)।

नैर्ऋत (पुं. तस.) दक्षिण - पश्चिम दिशा, The south - west quarter, नैर्ऋतकोणः (पुं.)।

नैवेद्य (पुं. तस.) देवता को दी जाने वाली भेंट, A gift to be presented to a deity, नैवेद्यम् (नपुं.)।

नैश (वि. तस.) निशा या रात से सम्बन्धित, Pertaining to night, नैश (वि.)।

नैषध (पुं. तस.) राजा नल का एक उपनाम, An epithet of the king Nala, नैषधः (पुं.)।

नैष्ठिक (वि. तस.) पूरी लगन वाला, Completely devoted, नैष्ठिक (वि.)।

नैसर्गिक (वि. तस.) स्वाभाविक, प्राकृतिक, Natural, नैसर्गिक, प्राकृतिक (वि.)।

नैहर (पुं. देशी) विवाहित स्त्री के पिता या माता का घर, The father's house for a married woman, पितृगृहम् (नपुं.), मातृगृहम् (नपुं.)।

नोंकझोंक (स्त्री. फा.) छेड़खानी, परिहास, मखौल, Taunt, merriment, joke, परिहासः (पुं.), व्यङ्ग्यम् (नपुं.)।

नोकदार (वि. देशी) तेज सिरे वाला, Sharp-pointed, तीक्ष्णाग्र (वि.)।

नोकीला (वि. देशी) दे. 'नोकदार'।

नोचना (सकर्म. तभ.) थोड़ा-थोड़ा काटना या उखाड़ना, To pinch, to pluck, लुञ्च् (भ्वा. पर.), लुञ्चति।

नोट (पुं. इं.) लिखा हुआ मुद्रापत्र, A promisory note, मुद्रापत्रम् (नपुं.), लिखित आदेश, A written order, लिखितादेशः (पुं.), आज्ञापत्रम्, मुद्रापत्रम् (नपुं.)।

नोटिस (पुं. इं.) सूचना, विज्ञप्ति, विज्ञापन, A notice, विज्ञापनम् (नपुं.), विज्ञप्तिः, सूचना (स्त्री.)।

नोदन (पुं. तस.) प्रेरणा, हाँकना, Goading or driving a cattle, नोदनम् (नपुं.) हाँकने की चाबुक, कशा, a goad, नोदनः (पुं.), कशा (स्त्री.)।

नौ (स्त्री. तस.) किश्ती, नौका, A boat, नौ (स्त्री. नौ, नावौ, नावः)।

नौकर (पुं. फा.) भृत्य, किंकर, सेवक, A servant, an attendant, भृत्यः, किंकरः, सेवकः (पुं.)।

नौकरशाही (स्त्री. फा.) नौकरों का शासन, The government of servants, भृत्यशासनम् (नपुं.)।

नौकरानी (स्त्री. फा.) सेविका, किंकरी, A maid servant, सेविका, किंकरी (स्त्री.)।

नौकरी (स्त्री. फा.) सेवा, सर्विस, Service, सेवा, भृतिः (स्त्री.)।

नौका (स्त्री. तस.) दे. 'नौ' — नौका (स्त्री.)।

नौजवान (पुं. फा.) नवयुवक, A man in the prime of life, young man, नव-युवकः (पुं.)।

नौबत (स्त्री. फा.) बारी, पर्याय, मंगलवाद्य, Turn, an auspicious drum, पर्यायः, वारः (पुं.), मंगलवाद्यम् (नपुं.)।

नौरंग (पुं. तस.) औरंगज़ेब, A name given to Aurangzeb, नौरङ्गः (पुं.)।

नौलखा (वि. तभ.) नौ लाख मूल्य का, Having the price of nine lakhs, नवलक्षक (वि.)।

नौसादर (पुं. फा.) अमृतक्षार, वज्रक्षार, Salt-ammoniac, अमृतक्षारम्, वज्रक्षारम्, चूलिकालवणम् (नपुं.)।

नौसिखिया (पुं. तभ.) नया शिष्य, नवसिखुआ, A new pupil, a novice, नवशिष्यः (पुं.)।

नौसेना (स्त्री. तस.) जलसेना, Navy, नौसेना, जलसेना (स्त्री.)।

न्यग्रोध (पुं. तस.) बड़ का पेड़, A banyan tree, न्यग्रोधः, वटः (पुं.)।

न्यस्त (वि. तस.) फेंका हुआ, छोड़ा हुआ, रखा हुआ, Thrown away, rejected, placed, न्यस्त (वि.)।

न्याय (पुं. तस.) इन्साफ, Judgement, न्यायः (पुं.)।

न्यायाधीश (पुं. तस.) निर्णायक, न्याय करने वाला, A judge, न्यायाधीशः (पुं.)।

न्यायालय (पुं. तस.) कचहरी, A court of judgement, न्यायालयः (पुं.)।

न्याय्य (वि. तस.) उचित, न्याय के अनुसार, Just, correct, न्याय्य (वि.)।

न्यारा (वि. देशी) निराला, भिन्न प्रकार का, असाधारण, Of different kind, strange, uncommon, विरल, असाधारण (वि.)।

न्यारिया (पुं. देशी) सुनारों की मिट्टी में से सोना निकालने वाला व्यक्ति, A man who takes out gold from the rubbish collected from the shop of a gold-smith, हेमनिस्तारकः (पुं.)।

न्यारी (स्त्री. वि. देशी) निराली, अनोखी, Strange, uncommon, विरला, असा-धारणा (स्त्री. वि.)।

न्यास (पुं. तस.) किसी प्रयोजन के लिए सुरक्षित किया गया धन, A trust, न्यासः (पुं.), व्याकरण की काशिका-पुस्तक की व्याख्या पर लिखा गया ग्रन्थ, a book explaining the difficult points of Kashika, the grammar book, न्यासः (पुं.)।

न्यून (वि. तस.) कम, Little, न्यून, अल्प (वि.)।

न्यूनता (स्त्री. तस.) कमी, अल्पता, Little-ness, want, scarcity, न्यूनता (स्त्री.)।

न्यूनाधिक (वि. तस.) थोड़ा-बहुत, Modu-lating, adjusting, न्यूनाधिकम् (वि.)।

न्यौछावर (पुं. देशी) बलिदान, Sacrificed, बलिदानम्, अर्पणम् (नपुं.), उत्सर्गः, त्यागः (पुं.)।

न्यौता (पुं. देशी) निमन्त्रण, Invitation, निमन्त्रणम् (नपुं.)।

न्यौला (पुं. तभ.) दे. 'नेवला' — नकुलः (पुं.)।

न्हान (पुं. तभ.) दे. 'स्नान' — स्नानम् (नपुं.)।

न्हाना (अकर्म. तभ.) स्नान करना, To take bath, स्ना (अदा. पर.) — स्नाति।

प *Pa*

प (पुं. तस.) पवर्ग का पहला वर्ण, 'पीने वाला' या 'रक्षा करने वाला' अर्थ में कुछ शब्दों के बाद इसका प्रयोग होता है, जैसे - पादप, द्विप, नृप, The first letter of the प - group, this is also added at the end of some words in the meaning of 'drinker' or 'protector' पः, पकारः, पाता-तृ (पुं.)।

पंक, पङ्क (पुं. तस.) कीचड़, Mud, पङ्कः (पुं.)।

पंकज, पङ्कज (पुं. तस.) कमल, A lotus, पङ्कजम्, कमलम्, नीरजम् (नपुं.)।

पंकजात, पङ्कजात (पुं. तस.) दे. 'पङ्कज' — पङ्कजातम् (नपुं.)।

पंकिल, पङ्किल (वि. तस.) कीचड़ से युक्त, Muddy, पङ्किल (वि.)।

पंक्ति, पङ्क्ति (स्त्री. तस.) कतार, श्रेणी, अवली, लेखा, A line, series, पङ्क्तिः (स्त्री.), श्रेणी (स्त्री.), लेखा (स्त्री.)।

पंख (पुं. तभ.) पक्ष, A wing, पक्षः (पुं.)।

पंखा (पुं. तभ.) हवा करने का साधन, व्यजन, A fan, व्यजनम् (नपुं.)।

पंखी (पुं. तभ.) पक्षी, विहग, A bird, पक्षी-क्षिन्, विहगः, विहङ्गः, विहङ्गमः, पतत्री-त्रिन् (पुं.)।

पंखुड़ी (स्त्री. तभ.) छोटा पंख, पंख का टुकड़ा, फूल की पंखुड़ी, A piece of a wing, a flower petal, पक्षकः, (पुं.), पक्षिका (स्त्री.), पुष्पदलम् (नपुं.)।

पंगत, पंगती (स्त्री. तभ.) पंक्ति, कतार, A line, a series, a range, पङ्क्तिः, लेखा श्रेणी, राजिः (स्त्री.)।

पंगु, पङ्गु (वि. तस.) लँगड़ा, Lame, पङ्गुः (पुं. वि.)।

पंच, पञ्च (वि. तस.) पाँच, Five, पञ्च (वि.)।

पंचक, पञ्चक (पुं. तस.) पाँच का समूह, A multitude of five things, पञ्चकम् (नपुं.)।

पंचकोण, पञ्चकोण (वि. तस.) पाँच कोनों वाला, Having five angles, five angled, पञ्चकोण (वि.)।

पंचकोश, पञ्चकोश (पुं. तस.) अन्नमय, प्राणमय, ज्ञानमय, विज्ञानमय और आनन्दमय घेरे, जिन्हें पार कर मनुष्य मुक्त हो सकता, है, The five multitudes which are crossed to get salvation, पञ्चकोशाः (पुं. बहु.)।

पंचगव्य, पञ्चगव्य (पुं. तस.) गौ से प्राप्त होने वाले पाँच पदार्थ - दूध, मक्खन, घी, गोबर और पेशाब, Five things to be obtained from a cow – milk, butter, clarified butter, dung and urine, पञ्चगव्यम् (नपुं.)।

पंचतत्त्व, पञ्चतत्त्व (पुं. तस.) पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश — संसार के उपादान कारण, The five elements – earth, water, fire, air and sky, पञ्चतत्त्वानि (नपुं.)।

पंचत्व, पञ्चत्व (पुं. तस.) मृत्यु, Death, पञ्चत्वम् (नपुं.), पञ्चता (स्त्री.)।

पंचधा, पञ्चधा (अ. तस.) पाँच प्रकार से, In five manners, पञ्चधा (अ.)।

पंचनद, पञ्चनद (पुं. तस.) पाँच नदियों वाला राज्य, पुराना पंजाब, Punjab, पञ्चनदः (पुं.), सतलुज, व्यास, रावी, चनाव, झेलम इनमें से झेलमनदी काश्मीर से सीधी पाकिस्तान में चली जाती है। शेष चार नदियाँ पंजाब में बहती हैं।

पंचप्राण, पञ्चप्राण (पुं. तस.) प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान ये पाँच प्राण हैं, The five Prāṇas as shown in Hindi, पञ्चप्राणाः (पुं. बहु.)।

पंचभूत, पञ्चभूत (पुं. तस.) दे. 'पञ्चतत्त्व' — पञ्चभूतानि (नपुं. बहु.)।

पंचम, पञ्चम (वि. पुं. तस.) पाँचवाँ, Fifth, पञ्चमः (पुं. वि.), पञ्चमम् (नपुं. वि.)।

पंचमकार, पञ्चमकार (पुं. तस.) मीन, मांस, मत्स्य, मदिरा, मैथुन ये पाँच वाममार्गियों के 'म' से आरम्भ होने वाली वस्तुएँ, The five things of which 'म' is the first letter, — पञ्चमकाराः (पुं. बहु.)।

पंचमहापातक, पञ्चमहापातक (पुं. तस.) पाँच महापाप ये हैं :- ब्रह्महत्या, मदिरापान, चोरी, गुरुपत्नी से सम्बन्ध, पापियों से संग, The five great sins, पञ्चमहापातकानि (नपुं. बहु.)।

पंचमहायज्ञ, पञ्चमहायज्ञ (पुं. तस.) ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ अतिथियज्ञ, भूतयज्ञ — ये पाँच, Worship of God, sacrifice for deities, service given to ancenstors, respect of a guest and to give something for creatures – these are five main sacrifices, पञ्चमहायज्ञाः (पुं. बहु.)।

पंचमी, पञ्चमी (वि. स्त्री.) पाँचवी, प्रत्येक चान्द्रपक्ष की पाँचवी तिथि, Fifth, fifth-day of every fortnight, पञ्चमी (स्त्री. वि.)।

पंचवटी, पञ्चवटी (स्त्री. तस.) वह पाँच वटों वाला स्थान जहाँ बनवास-काल में राम आदि रहे थे, The place of five banyan trees where Rama remained in the time of exile, पञ्चवटी (स्त्री.)।

पंचबाण, पञ्चबाण (पुं. तस.) कामदेव, जिसके पाँच वाण माने जाते हैं, The god of love, cupid, पञ्चबाणः (पुं.)।

पंचशर, पञ्चशर (पुं. तस.) दे. 'पञ्चवाण' — पञ्चशरः (पुं.)।

पंचांग, पञ्चाङ्ग (पुं. तस.) किसी भी वस्तु के पाँच अंग, जैसे पेड़ के जड़, छल, फूल, फल और पत्ता, Five parts of anything, पञ्चाङ्गम् (नपुं.)।

पत्रा (पुं.), A book of Astrology, पञ्चाङ्गम् (नपुं.)।

पंचानन, पञ्चानन (पुं. तस.) शेर, केसरी, सिंह, A lion, पञ्चाननः (पुं.)।

पंचामृत, पञ्चामृत (पुं. तस.) दूध, दही, शक्कर, शहद और घी इन पाँच से बना खाद्य, A mixture of milk, curd, sugar, honey and ghee, पञ्चामृतम् (नपुं.)।

पंचायत (स्त्री. तभ.) पञ्चों की सभा, A body of five judges, पञ्चायतनम् (नपुं.)।

पंछी (पुं. तभ.) दे. 'पक्षी'।

पंजर, पञ्जर (पुं. तस.) पिंजरा, हड्डियों का ढाँचा, A cage, a skeleton, पञ्जरम् (नपुं.)।

पंजा (पुं. फा.) नाखूनों सहित पूरी हथेली, नखसमूह, A palm including nails, a claw of a beast, करतलम्, हस्ततलम् (नपुं.)।

पंजाब (पुं. फा.) दे. 'पञ्जनद'।

पंजाबी (पुं. फा.) पंजाब का रहने वाला, पंजाब से सम्बन्धित, Habitant or related to Punjab, पञ्जनदीयः (पुं.)।

पंजिका (स्त्री. तस.) रजिस्टर, A register, पञ्जिका (स्त्री.)।

पंजीरी (स्त्री. फा.) घी आदि में भूना हुआ आटे आदि का चूरमा, A fried powder of flour and other things, भूर्जितं मिष्टचूर्णम् (नपुं.)।

पँड़वा (पुं. देशी) भैंस का बच्चा, The young one of a buffalo, महिषीवत्सः (पुं.)।

पंडा (पुं. देशी) किसी तीर्थ स्थान का पुजारी, A priest of a holy place, तीर्थपुरोहितः (पुं.)।

पंडाल (पुं. देशी) मण्डप, लगा हुआ तम्बू, A pitched tent, मण्डपः, मण्डपम् (पुं., नपुं.)।

पंडित, पण्डित (पुं. तस.) ज्ञानी, बुद्धिमान् व्यक्ति, A scholar, a wise person, पण्डितः (पुं.)।

पंडिताई (पुं. तभ.) पण्डित का कार्य और उसका वेतन, पौरोहित्य, विद्वत्ता, The work of a priest and wages for that, knowledge, पौरोहित्यं तद्वेतनं च, विद्वत्त्वम् (नपुं.)।

पंडितानी (स्त्री. तभ.) पंडित की पत्नी, Wife of a Pandita, पण्डितपत्नी (स्त्री.)।

पंडुक, पण्डुक (पुं. तभ.) घुग्घी, A dove, पाण्डुकः, घूकरः (पुं.)।

पंथ, पन्थ (पुं. तस.) मार्ग, सम्प्रदाय, A way, a path, a sect, मार्गः, सम्प्रदायः (पुं.)।

पंथी (पुं. तभ.) मुसाफिर, यात्री, A traveller, a passenger, पथिकः, पान्थः, यात्री-त्रिन् (पुं.)।

पंद्रह (वि. तभ.) दस और पाँच, पञ्चदश, Fifteen, पञ्चदश (वि.)।

पंपा, पम्पा (स्त्री. तस.) दक्षिण के एक सरोवर का नाम, Name of a southern tank, पम्पासरोवरः (पुं.)।

पंसारी (पुं. देशी) जड़ी-बूटियाँ रखने वाला विक्रेता, A grocer of herbs, प्रसारी-रिन् (पुं.)।

पकड़ (स्त्री. देशी) हाथ में लेना, Handling, holding, ग्रहणम् (नपुं.), ग्रहः (पुं.)।

पकड़ना (सकर्म. देशी) हाथ में ग्रहण करना, To hold, प्र+ग्रह् (क्र्या. उभ.), प्रगृह्णाति प्रगृह्णीते।

पकड़ाना (सकर्म. देशी) हाथ में देना, To cause to hold, ग्रह्-प्रग्राहय् (प्रे.) — प्रगाहयति।

पकना (अकर्म. तभ.) पचना, पक जाना, To ripen, to be cooked, पच्-पच्यते (कर्मवा.)।

पकवान (पुं. तभ.) पकी हुई मीठी रोटी, मिष्टान्न, Sweetmeat, baked sweet bread, पक्वान्नम् (नपुं.)।

पकाई (स्त्री. तभ.) पकाने का कार्य और उसका वेतन, Baking or cooking and its wages, पाचनम्, तद्वेतनम् च (नपुं.)।

पकाना (सकर्म. तभ.) कच्चे को पक्की अवस्था में लाना, To cook, to bake, to ripen, पच् (भ्वा. पर.) — पचति।

पकाव (पुं. तभ.) पकाने का कार्य, Cooking, baking, ripening, पाचनम् (नपुं.), पाकः (पुं.)।

पकोड़ा (पुं. तभ.) तलकर बनाया हुआ बेसन का खाद्य, A kind of fried saltish pudding, पक्ववटः (पुं.)।

पक्का (वि. तभ.) दृढ़, मज़बूत, पका हुआ, Strong, cooked, पक्व (वि.)।

पक्व (वि. तस.) पका हुआ, पक्का, Cooked, strong, पक्व (वि.)।

पक्वान्न (पुं. तस.) पका हुआ खाद्य पदार्थ, पका हुआ अन्न, Cooked food, पक्वान्नम् (नपुं.)।

पक्वाशय (पुं. तस.) पेट का वह भाग जहाँ भोजन पचता है, Digestive system, पक्वाशयः (पुं.)।

पक्ष (पुं. तस.) पंख, दरवाजा, एक तरफ़, A wing, a part of a door, one side, पक्षः (पुं.)।

पक्षति (स्त्री. तस.) पंख की जड़, The root of a wing, पक्षतिः (स्त्री.)।

पक्षधर (पुं. तस.) साथी, पक्षपाती, A man of the same side, पक्षधरः, पक्षपाती-तिन् (पुं.)।

पक्षपात (पुं. तस.) पंख का गिरना, तरफदारी, Falling of a wing, helping one side, biased, पक्षपातः (पुं.)।

पक्षपाती (पुं. तस.) तरफदारी करने वाला, Helper of one side, पक्षपाती-तिन् (पुं.)।

पक्षाघात (पुं. तस.) एक रोग जिसमें आधा शरीर निकम्मा हो जाता है, Paralysis पक्षाघातः (पुं)।

पक्षिराज (पुं. तस.) गरुड़, An epithet of Garuda, पक्षिराजः (पुं.)।

पक्षी (पुं. तस.) परिन्दा, विहग, खग, A bird, पक्षी-क्षिन्, विहगः, खगः (पुं.)।

पक्ष्म (पुं. तस.) आँख का पर्दा, नेत्रपटल, Eye-lashes, पक्ष्म-मन् (नपुं.)।

पखवाड़ा (पुं. तभ.) पन्द्रह दिनों का समूह, A fortnight, पक्षः (पुं.)।

पखान (पुं. तभ.) पाषाण, पत्थर, A stone, पाषाणः, प्रस्तरः (पुं.)।

पखारना (सकर्म. तभ.) धोना, प्रक्षालन करना, To wash, प्रक्षालय्-प्रक्षालयति।

पखावज (स्त्री. देशी) ढोलकी, पक्षवाद्य, A kind of drum, पक्षवाद्यम् (नपुं.)।

पखेरू (पुं. तभ.) पक्षी, A bird, पक्षी, खगः, विहगः, विहङ्गः, विहङ्गमः (पुं.)।

पग (पुं. देशी) कदम, पैर, पाद, A foot, पादः, चरणः (पुं.)।

पगडंडी (स्त्री. देशी) पैदल तंग रास्ता, A footpath, पद्या, चरणवीथिः (स्त्री.)।

पगड़ी (स्त्री. देशी) सिर पर बाँधने का वस्त्र, A turban, उष्णीषम् (नपुं.), शीर्षपटकः (पुं.)।

पगदासी (स्त्री. देशी) जूता, जूती, पादत्राण, Shoe, पादत्राणम् (नपुं.), उपानत्-ह् (स्त्री.)।

पगला (पुं. देशी) पागल, उन्मत्त, विक्षिप्त, Mad, उन्मत्त, मत्त, विक्षिप्त (वि.)।

पगहा (पुं. देशी) घोड़े या गधे के पैरों को बाँधने वाली रस्सी, A string or rope to tie the feet of a horse or a donkey, पादबन्धनी (स्त्री.)।

पगुराना (अकर्म. देशी) जुगाली करना, To chew the cud, रोमन्थ् — रोमन्थायते।

पचड़ा (पुं. देशी) झगड़ा, अशान्ति, कलह, Quarrel, disturbance, agitation, कलहः (पुं.)।

पचन (पुं. तस.) पचने की क्रिया, Digesting, cooking, पचनम् (नपुं.)।

पचना (अकर्म. तभ.) हजम होना, To be digested, पच् — पच्यते (कर्मवा.)।

पचनीय (वि. तस.) पकाने या हजम करने योग्य, Fit to be cooked, digestible, पचनीय (वि.)।

पचपन (वि. तभ.) पचास और पाँच, Fifty five, पञ्चपञ्चाशत् (वि.)।

पचहत्तर (वि. तभ.) सत्तर और पाँच, Seventy five, पञ्च - सप्ततिः (वि.)।

पचाना (सकर्म. तभ.) पचाने का काम करना, To digest, पाचय् (प्रे.) — पाचयति, परिणमय् (प्रे.) — परिणमयति।

पचास (वि. तभ.) चालीस और दस, Fifty, पञ्चाशत्।

पचासा (पुं. तभ.) पचास का समूह, A multitude of fifty, पञ्चाशिका (स्त्री.)।

पचासी (वि. तभ.) अस्सी और पांच, Eighty five, पञ्चाशीतिः (वि.)।

पचीसी (स्त्री. तस.) पच्चीस का समूह, A multitude of twenty five, पञ्चविंशतिकम् (नपुं.)।

पच्चड़, पच्चर (स्त्री. देशी) छेद को भरने वाला काष्ठ - खंड अथवा पाषाण - खंड, A wooden or stone piece to fit in a blank place or hole, रन्ध्रपूरकः (पुं.)।

पच्चीकारी (स्त्री. देशी) किसी धातु या पत्थर में रिक्त स्थान भरना, Inlaid work in a metal or stone mosaic, समतलमाखचनम् निवेशनम् वा (नपुं.)।

पच्छ (पुं. तभ.) दे. 'पक्ष' — पक्षः।

पच्छिम (वि. तभ.) दे. 'पश्चिम' — पश्चिम (वि.)।

पच्छी (पुं. तभ.) दे. 'पक्षी' — पक्षी-क्षिन् (पुं.)।

पछताना (अकर्म. तभ.) पछतावा करना, To repent, पश्चात्+तप् (भ्वा. पर.), पश्चात्तपति।

पछतानि (स्त्री. तभ.) दे. 'पछतावा'।

पछतावा (पुं. तभ.) पश्चात्ताप, Repentence, पश्चात्तापः (पुं.)।

पछवाँ (वि. तभ.) पश्चिम का, Western, पश्चिमीय (वि.)।

पछाँह (पुं. तभ.) पश्चिमी देश, Western country, पश्चिमीयो देशः (पुं.)।

पछाड़ (पुं. देशी) बेहोश होकर गिरना, Falling down senselessly, मूर्छावपातः (पुं.), निःसंज्ञपतनम् (नपुं.)।

पछाड़ना, पछारना (सकर्म. देशी) हराना, पीछे धकेलना, To defeat, to beat, परा+जि (भ्वा. आ.) पराजयते।

पछिताव (पुं. तभ.) दे. 'पछतावा'।

पछोड़ना (सकर्म. देशी) पटकाना, To winnow, शूर्प् (चुरा. पर.) — शूर्पयति।

पजावा (पुं. फा.) ईंटों का भट्टा, A brick-kiln, इष्टकाभ्राष्ट्रम् (नपुं.)।

पटंबर, पटम्बर (पुं. तस.) रेशमी वस्त्र, A silken cloth, पटम्बरम् (नपुं.)।

पट (पुं. तस.) कपड़ा, वस्त्र, धातु या पाषाण की पट्टी, A cloth, a slab, पटः (पुं.)।

पटकन (स्त्री. देशी) उठाकर गिराने का कार्य, The act of throwing down at once, रभसा अवपातनम् (नपुं.)।

पटकना (सकर्म. देशी) उठाकर सहसा गिराना, To throw down abruptly, रभसा अवपातय् (प्रे.) — अवपातयति।

पटका (पुं. तभ.) सिर का वस्त्र, A head cloth, पटकः (पुं.), पटकने का कार्य, The act of throwing down at once, अवपातनम् (नपुं.)।

पटकाना (सकर्म. देशी) किसी के ऊपर जोर से फेंकना, To dash or beat against a thing, रभसा अवपातय् (प्रे.) — अवपातयति।

पटकार (स्त्री. देशी) दे. 'पटकन'।

पटकुटी (स्त्री. तस.) छोलदारी, Residence of a tent, पटकुटी (स्त्री.)।

पटच्चर (पुं. तभ.) चोर, A thief, पाटच्चरः (पुं.)।

पटतर (स्त्री. देशी) उपमा, तुलना, Simile, comparison, उपमा, तुलना (स्त्री.)।

पटना (स्त्री. तभ.) पाटलिपुत्र का नया नाम, बिहार राज्य की राजधानी, The new name of Pataliputra, the capital of Bihar, पाटलिपुत्रम् (नपुं.)।

पटपटाना (अकर्म. अनु.) पटपट शब्द करना, To sound by knocking, पटपटाय् (नामधा.)– पटपटायते।

पटबीजना (पुं. तभ.) जुगनू, खद्योत, A lightworm, खद्योतः (पुं.)।

पटमंडप-मण्डप (पुं. तस.) मँडवा, तना हुआ तम्बू, A tented place, पटमण्डपम्, मण्डपम् (नपुं.)।

पटरा (पुं. तभ.) एक फट्टा, पटल, धोबी का कपड़ा धोने का फट्टा, A plank, the board of a washerman, पटलः (पुं.)।

पटरानी (स्त्री. तभ.) मुख्य रानी, राजमहिषी, The main queen, पट्टमहिषी, राजमहिषी (स्त्री.)।

पटरी (स्त्री. तभ.) छोटा मार्ग, उठा हुआ मार्ग, धातु की बनी पट्टी, A side path for pedestrians, a rail, a narrow strip of metal, उन्नतमार्गः, धातुदण्डः (पुं.)।

पटल (पुं. तस.) छत, समूह, A roof, a multitude, पटलम् (नपुं.)।

पटवारी (पुं. देशी) ग्रामीण भूमि का हिसाब रखने वाला कर्मचारी, A government servant who keeps the record of village land, ग्राम-भूलेखकः (पुं.)।

पटवास (पुं. तस.) दे. 'पटमण्डप' – पटवासः (पुं.)।

पटवेश्म (पुं. तस.) दे. 'पटमण्डप' – पटवेश्म-मन् (नपुं.)।

पटसन (स्त्री. तभ.) एक तन्तुमय फसल, Flax, jute, पाटशणम् (नपुं.), अतसी, मसृणी (स्त्री.)।

पटह, पटहा (पुं. तस.) नगाड़ा, बड़ा ढोल, A kettle drum, पटहः (पुं.)।

पटाका (पुं. अनु.) फटकर शब्द करने वाला खिलौना, विस्फोटक, A cracker, पटाकः, स्फटकः (पुं.)।

पटाना (सकर्म. देशी) वस्तु का मूल्य निश्चित करवाना, To get the price settled of a thing, निर्+नायय् (प्रे.) – निर्णाययति।

पटी (स्त्री. तस.) कपड़े, लकड़ी अथवा किसी धातु का चपटा खंड, A broad piece of a cloth, wood or metal, पटी (स्त्री.)।

पटु (वि. तस.) चतुर, निपुण, दक्ष, Clever, efficient, dexter, चतुर, निपुण, दक्ष, कुशल (वि.)।

पटुता (स्त्री. तस.) चातुर्य, नैपुण्य, पटुत्व, दक्षता, Efficiency, dexterity, चातुर्यम्, नैपुण्यम्, पटुत्वम् (नपुं.), दक्षता (स्त्री.)।

पटुत्व (पुं. तस.) दे. 'पटुता' – पटुत्वम् (नपुं.)।

पटेल (पुं. देशी) गाँव का मुखिया, महाराष्ट्र की एक पदवी, The head of a village, a title in Mahārāṣṭra, पटेलः (पुं.)।

पटोनी (पुं. देशी) मल्लाह, नाविक, A boatman, नाविकः (पुं.)।

पटोल (पुं. तस.) एक औषधि, A medicinal herb, कुष्ठारिः, कासमर्दनः, पटोलः (पुं.)।

पटोला (पुं. देशी) दरवाजे को स्थिर रखने के लिए एक काष्ठखण्ड, A strip of wood for fixing a door, काष्ठपटः, द्वारावरोधकः (पुं.)।

पट्ट (पुं. तस.) बैठने, लिखने या पीसने के लिए बनाई गई लकड़ी या पत्थर की पट्टी, A slab of wood or stone to sit on, to write on or to crush on, पट्टः, पट्टम् (पुं. नपुं.)।

(वि.) प्रधान, Main, पट्ट (वि.)।

पट्टन (पुं. तस.) नगर, पुर, A city, a town, पट्टनम्, पत्तनम्, नगरम् (नपुं.)।

पट्टमहिषी (स्त्री. तस.) दे. 'पटरानी' — पट्टमहिषी (स्त्री.)।

पट्टा (पुं. तभ.) दे. 'पट्ट'।

पट्टिका (स्त्री. तस.) एक विस्तृत खण्ड, लिखने की पट्टी, A slab, a wooden slab for writing on, पट्टिका (स्त्री.)।

पट्टी (स्त्री. तस.) दे. 'पट्टिका'।

पट्टू (पुं. देशी) ऊन का बुना देशी वस्त्र, A woollen cloth woven by handicraft, और्णपटभेदः (पुं.)।

पट्ठा (पुं. तभ.) पुष्ट, तगड़ा, तरुण, युवक, पहलवान, Strong, young, a wrestler, दृढकायः, तरुणः, युवकः, मल्लः (पुं.)।

पठन (पुं. तस.) पढ़ाई, Reading, learning, education, पठनम् (नपुं.)।

पठनीय (वि. तस.) पढ़ने योग्य, Worth to be read, पठनीय (वि.)।

पठवाना (सकर्म.) भिजवाना, To cause to send, प्रेषय् (प्रे.) — प्रेषयति।

पठान (पुं. देशी) अफगानिस्तान में रहने वाली एक जाति, A tribe living in Afghanistan, यवन - जातिभेदः, पठानः (पुं.)।

पठाना (सकर्म. देशी) भेजना, To send, to despatch, प्रेषय् (प्रे.) — प्रेषयति, प्रस्थापयति।

पठावन (पुं. देशी), पठावनि (स्त्री. देशी) भेजने का कार्य, Work of sending, प्रेषणम् (नपुं.), प्रस्थापनम् (नपुं.)।

पठित (वि. तस.) पढ़ा हुआ, Read, पठित (वि.)।

पड़छत्ती (स्त्री. तभ.) छत के नीचे सामान रखने के लिए दीवार के सहारे बनाया गया स्थान, A thatch built under a roof to place things.

पड़ताल (स्त्री. देशी) जाँच, पता लगाने का कार्य, अन्वीक्षण, Investigation, अन्वीक्षणम् (नपुं.), परीक्षणम् (नपुं.)।

पड़ती (स्त्री. देशी) ऐसी भूमि जिसमें कुछ बोया नहीं गया, A waste land, अकृष्टा भूमिः (स्त्री.)।

पड़ना (अकर्म. तभ.) गिर जाना, आ जाना, टिक जाना, To fall, to come, to stay, आ+पत् (भ्वा. पर.) — आपतति।

पड़पोता (पुं. तभ.) पुत्र का पुत्र, The grand son, प्रपौत्रः (पुं.)।

पड़पोती (स्त्री. तभ.) पुत्र की पुत्री, The grand daughter, प्रपौत्री (स्त्री.)।

पड़वा (स्त्री. तभ.) चान्द्रमास के दोनों पक्षों की पहली तिथि, प्रथमा, The first day of every fortnight, प्रथमा।

पड़ाका (पुं. अनु.) दे. 'पटाका'।

पड़ाव (पुं. तभ.) यात्रा में रुकने का स्थान, A halting place, निवेशस्थानम् (नपुं.)।

पड़ोस (पुं. तभ.) पास का स्थान, प्रतिवेश, Neighbourhood, प्रतिवेशः (पुं.)।

पड़ोसिन (स्त्री. तभ.) पास रहने वाली, प्रतिवेशिनी, A neighbour lady, प्रतिवेशिनी (स्त्री.)।

पड़ोसी (पुं. तभ.) पास रहने वाला, प्रतिवेशी, A neighbour man, प्रतिवेशी-शिन् (पुं.)।

पढ़ंत (पुं. तभ.) पाठ, lesson, पाठः (पुं.)।

पढ़ंता (वि. तभ.) पढ़ता हुआ, Reading, पठत् (वि. पठन्, पठन्तौ, पठन्तः)।

पढ़त (पुं. तभ.) पढ़ने का कार्य, Work of reading, पठनम् (नपुं.)।

पढ़ना (सकर्म. तभ.) शिक्षा प्राप्त करना, To read, पठ् (भ्वा. पर.) — पठति।

पढ़वाना (प्रे. तभ.) शिक्षा प्राप्त करवाना, To cause to read, पाठय् (प्रे.) — पाठयति।

पढ़ा (वि. तभ.) शिक्षा प्राप्त किया हुआ, बाँचा हुआ, Read, learned, पठित (वि.)।

पढ़ाई (स्त्री. तभ.) पढ़ने का कार्य, Reading, पठनम् (नपुं.)।

पढ़ाना (सकर्म. तभ.) शिक्षा देना, To teach, शिक्षय् (प्रे.) — शिक्षयति, पाठय् (प्रे.) — पाठयति।

पण (पुं. तस.) शर्त, A bet, a condition, पणः (पुं.)।

पणन (पुं. तस.) बेचने का कार्य, The act of selling, पणनम् (नपुं.), विक्रयणम् (नपुं.)।

पणव (पुं. तस.) एक छोटा ढोल, A small drum, पणवः (पुं.)।

पणि (पुं. तस.) व्यापारी, A businessman, पणिः (पुं.)।

पण्य (पुं. तस.) व्यापार के योग्य वस्तु, बेचने या खरीदने के योग्य वस्तु, सौदा, Worth buying or purchasing thing, पण्यम् (नपुं.)।

पण्यवीथि (स्त्री. तस.) बाजार, A market, पण्यवीथिः (स्त्री.), विपणिः (स्त्री.)।

पतंग, पतङ्ग (पुं. तस.) उड़ने वाली गुड्डी, पतंगा, सूर्य, पक्षी, A paper kite, a moth, the sun, a bird, पतङ्गः (पुं.)।

पतंजलि, पतञ्जलि (पुं. तस.) योगदर्शन और महाभाष्य के रचयिता ऋषि अथवा ऋषियों के नाम, The name of the author or authors of Yoga philosophy and Mahabhashya, पतञ्जलिः (पुं.)।

पत (स्त्री. देशी) मान, इज्जत, Respect, मानः (पुं.)।

पतझड़, पतझर (स्त्री. तभ.) शिशिर ऋतु, Autumn, शिशिरः (पुं.)।

पतन (पुं. तस.) गिरावट, अवनति, A fall, demotion, पतनम् (नपुं.)।

पतनारा (पुं. तभ.) परनाला, A water pipe, a rain pipe, प्रणालः (पुं.), प्रणालम् (नपुं.)।

पतनीय (वि. तस.) गिरने योग्य, गिरने वाला, Fit to fall, about to fall, पतनीय (वि.)।

पतनोन्मुख (वि. तस.) गिरने वाला, One about to fall, पतनोन्मुख (वि.)।

पतरा (पुं. तभ.) किसी धातु का चपटा और पतला खण्ड, A wide and thin piece of a metal, धातुपत्रम् (नपुं.)।

पतरी (स्त्री. तभ.) पत्री, पत्ती, छोटा पतरा, A small and thin piece of a metal, धातुपत्री (स्त्री.)।

पतला (वि. देशी) बारीक, क्षीण, Thin, कृश, तनु (वि.)।

पतलापन (पुं. देशी) बारीकी, क्षीणता, तनुता, Thinness, कृशता, तनुता (स्त्री.)।

पतलून (स्त्री. इं.) एक प्रकार का कटि - वस्त्र, Pantaloon, कटिवस्त्रभेदः (पुं.), पतलूनम् (नपुं.)।

पतवार (स्त्री. देशी) नौका का चप्पू, Helm, rudder, केनिपातः, कर्णः, पात्रपालः (पुं.)।

पता (पुं.) नाम-धाम, परिचय, An address, नामधाम-परिचयः (पुं.) लिखितपरिचयः (पुं.)।

पताका (स्त्री. तस.) ध्वजा, झण्डा, A flag, a banner, पताका, वैजयन्ती (स्त्री.)।

पताकिनी (स्त्री. तस.) सेना, An army, a fighting force, सेना (स्त्री.)।

पतिंवरा, पतिम्वरा (स्त्री. तस.) पति का वरण करने वाली स्त्री, दुल्हन, A female who selects her husband, a bride, पतिम्वरा (स्त्री.)।

पति (पुं. तस.) स्वामी, अधिकारी, भर्ता, A master, a head or chief of any group, a husband, पतिः (पुं.)।

पतिआना (सकर्म. तभ.) विश्वास दिलाना, To cause to believe, प्रत्याय् (प्रे.)— प्रत्यायते, विश्वासय् (प्रे.) — विश्वासयति।

पतिआर (पुं. तभ.) विश्वास, Trust, faith, प्रत्ययः, विश्वासः (पुं.)।

पतित (वि. तस.) गिरा हुआ, नीच, Fallen, mean, पतित (वि.)।

पतितपावन (वि. तस.) गिरे हुओं को पवित्र करने वाला, पतितोद्धारक, One who purifies the fallen persons, uplifter of sinners, पतितपावन (वि.), पतितोद्धारक (वि.)।

पतित्व (पुं. तस.) स्वामित्व, अधिकार, भर्त्ता के कर्त्तव्य, Mastership, a right, duty of a husband, पतित्वम् (नपुं.)।

पतियाना (सकर्म. देशी) दे. 'पतिआना'।

पतियारा (पुं. तभ.) विश्वास कराने वाला, One who causes to believe, प्रत्यायकः, विश्वासकारकः (पुं.)।

पतिलोक (पुं. तस.) पति का घर, The house of a wife's husband, पतिलोकः (पुं.)।

पतिव्रता (स्त्री. तस.) पति से पूर्णतः निभाने वाली स्त्री, A faithful wife, पतिव्रता (स्त्री.)।

पतीजन (सकर्म. तभ.) दे. 'पतिआना'।

पतीला (पुं. देशी) दाल आदि पकाने का पात्र, A cooking pot, पाकपात्रम् (नपुं.), स्थालकम् (नपुं.)।

पतीली (स्त्री. देशी) छोटा पतीला, A small cooking pot, पाकपात्री, स्थाली (स्त्री.)।

पतोखा (पुं. देशी) दोना, A cup made of leaves, पर्णपुटकम्, पत्रपुटम् (नपुं.), पत्र-द्रोणः (पुं.)।

पतोखी (स्त्री. देशी) छोटा दोना, Small cup made of leaves, पर्णपुटिका, पत्रपुटिका, पत्र-द्रोणिका (स्त्री.)।

पतोह, पतोहू (स्त्री. तभ.) पोते की पत्नी, The wife of a grandson, पौत्रवधू (स्त्री.)।

पत्तन (नपुं. तभ.) नगर, A city or town, पत्तनम् (नपुं.)।

पत्तर (स्त्री. तभ.) दे. 'पत्तल'।

पत्तल (स्त्री. तभ.) पत्तों से बनाया गया भोजनपात्र, A plate made of leaves, पत्रस्थाली (स्त्री.)।

पत्ता (पुं. तभ.) पत्र, दल, A leaf, पत्रम्, दलम् (नपुं.)।

पत्ती (स्त्री. तभ.) छोटा पत्ता, धातु का पतला खण्ड, A small leaf, a thin piece of a metal, पत्री।

पत्थर (पुं. तभ.) पाषाण, अश्मा, प्रस्तर, A stone, प्रस्तरः, पाषाणः, अश्मा - मन् (पुं.)।

पत्थरफूल (पुं. तभ.) पत्थरों में उगने वाली फूलों वाली एक बूटी, A medicinal plant with flowers which grows on rocks, पाषाणपुष्पम् (नपुं.)।

पत्नी (स्त्री. तस.) भार्या, गृहिणी, A wife, पत्नी, भार्या, गृहिणी (स्त्री.)।

पत्र (पुं. तस.) पत्ता, लिखने का कागज़, चिट्ठी, अखबार, A leaf, a piece of paper, a newspaper, a letter, पत्रम् (नपुं.)।

पत्रकार (पुं. तस.) अखबार का सम्पादक, An editor of a newspaper, पत्रकारः (पुं.)।

पत्रवल्ली (स्त्री. तस.) पान की वेल, Betel creeper, ताम्बूलवल्ली (स्त्री.), पत्रवल्ली (स्त्री.)।

पत्रवाहक (पुं. तस.) डाकिया, चिट्ठीरसान, A postman, पत्रवाहकः (पुं.)।

पत्रव्यवहार (पुं. तस.) चिट्ठियों को लिखना-लिखाना, Correspondence, पत्रव्यवहारः (पुं.)।

पत्रा (पुं. तभ.) पञ्चांग, ज्योतिष की पुस्तक, A book of astrology, पञ्चाङ्गम् (नपुं.)।

पत्रिका (स्त्री. तस.) मैगज़ीन, पुस्तकाकार अखवार, A magazine, पत्रिका (स्त्री.)।

पत्री (पुं. तस.) वाण, तीर, An arrow, पत्री-त्रिन्, वाणः (पुं.)।

(स्त्री. तस.) धातु का पतला टुकड़ा, A thin piece of a metal, पत्री, पत्रिका (स्त्री.)।

पथ (पुं. तस.) रास्ता, मार्ग, A path, a way, पन्थाः – पथिन् (पुं.)।

पथगामी (पुं. तस.) पथिक, मुसाफिर, A traveller, a passenger, पथगामी-मिन्, पथिकः (पुं.)।

पथदर्शक (पुं. तस.) मार्ग दिखाने वाला, A guide, पथदर्शकः (पुं.)।

पथराना (अकर्म. तभ.) निष्क्रिय हो जाना, जड़वत् हो जाना, To be sticken, to become motionless, प्रस्तराय् (नामधा.) — प्रस्तरायते।

पथरी (स्त्री. तभ.) पेट में पत्थरी हो जाने का एक रोग, A stone disease, अश्मरी-रोगः (पुं.)।

पथरीला (वि. तभ.) पत्थरों से भरा हुआ, Stony, प्रस्तरमय (वि.)।

पथरौटी (स्त्री. देशी) पत्थर का बड़ा प्याला, A cup made of stone, प्रस्तरद्रोणः, प्रस्तरपुटः (पुं.)।

पथिक (पुं. तस.) यात्री, मुसाफिर, A traveller, a passenger, पथिकः, पान्थः, यात्री-त्रिन् (पुं.)।

पथी (पुं. तस.) दे. 'पथिक'।

पथ्य (पुं. तस.) रोगी के लिए हितकर वस्तु, Useful thing for a patient, पथ्यम् (नपुं.)।

पद (पुं. तस.) पैर, कदम, पदवी, अधिकार, A foot, a designation, पदम् (नपुं.)।

पदक (पुं. तस.) तमग़ा, A medal, पदकम् (नपुं.)।

पदचर (पुं. तस.) पैदल यात्री, A pedestrian, पदचरः (पुं.)।

पदचिह्न (पुं. तस.) पैर का निशान, A mark of a foot, पदचिह्नम् (नपुं.)।

पदच्छेद (पुं. तस.) सभी शब्दों का अलग-अलग करना, To show all words separately, पदच्छेदः (पुं.)।

पद-च्युत (वि. तस.) ओहदे से हटा हुआ, अधिकारच्युत, Dismissed from one's designation, पदच्युत (वि.)।

पदतल (पुं. तस.) पाँव की तली, The inner surface of a foot, पदतलम्, पादतलम् (नपुं.)।

पददलित (वि. तस.) पैरों से कुचला हुआ, नीचे दबाया हुआ, Trodden or crushed by feet, पद्दलित (वि.)।

पदन्यास (पुं. तस.) पैरों का रखना, शब्दों का रखना, To put one's feet, to set the words, पदन्यासः (पुं.)।

पदम (पुं. तभ.) दे. 'पद्म'।

पदमनाभ (पुं. तभ.) पद्मनाभ, विष्णु का एक उपनाम, An epithet of Vishnu, पद्मनाभः (पुं.)।

पदमाकर (पुं. तभ.) पद्माकर, कमलों से भरा तालाब, A tank full of lotuses, पद्माकरः (पुं.)।

पदविग्रह (पुं. तस.) शब्दों का विश्लेषण, पदच्छेद, Dividing the words separately, पदविग्रहः (पुं.)।

पदवी (स्त्री. तस.) ओहदा, उपाधि, पैरों का चिह्न, Designation, title, signs of feet, पदवी (स्त्री.)।

पदाति, पदातिक (पुं. तस.) पैदल चलने वाला, A pedestrian, पदातिः, पदातिकः (पुं.)।

पदाधिकारी (पुं. तस.) किसी ओहदे का अफसर, An officer of some post, an officer, पदाधिकारी-रिन् (पुं.)।

पदाना (सकर्म. तभ.) तंग करना, बार-बार चक्कार लगवाना, To harass, to vex, तुद् (तुदा. पर.) — तुदति, प्रपादयति (प्रे.), प्रधावयति (प्रे.)।

पदान्त (वि. तस.) शब्द का अन्तिम भाग, The end of a parts of speech, पदान्तः (पुं.)।

पदार्थ (पुं. तस.) वस्तु, तत्त्व, दर्शन की दृष्टि से द्रव्य-गुण-कर्म-सामान्य-विशेष-समवाय और अभाव ये सात पदार्थ हैं, शब्द का अर्थ, A thing, seven things according to the philosophy, meaning of a word, substance, पदार्थः (पुं.)

पदार्थविज्ञान (पुं. तस.) तत्त्वों के सम्बन्ध में विशेष ज्ञान, The systemetic knowledge of substances, पदार्थविज्ञानम् (नपुं.)।

पदार्पण (पुं. तस.) पैरों को रखना, सम्मानपूर्वक आना, सम्माननीय व्यक्ति का पहुँचना, Stepping, coming of a respectful person, respectful reception, पदार्पणम् (नपुं.)।

पदावनत (वि. तस.) पैरों पर झुका हुआ, Bowed upon feet, पदावनत (वि.)।

पदावली (स्त्री. तस.) गीतों का समूह, A series of one's songs, पदावली (स्त्री.)।

पदोदक (पुं. तस.) पैर धोने के लिए लाया गया जल, पाद्य, The water brought to wash the feet of a respected person, पादोदकम्, पाद्यम् (नपुं.)।

पद्धति (स्त्री. तस.) परम्परा, चालढाल, ढंग, पद-चिह्न, System, manner, way, marks of feet, पद्धतिः (स्त्री.)।

पद्म (पुं. तस.) कमल, A lotus, पद्मम् (नपुं.)।

पद्मकिञ्जल्क, पद्मकेशर (पुं. तस.) कमल के फूल के मध्य के तन्तु, Filaments existing in the lotus flower, पद्मकेशराणि (नपुं.) पद्मकिञ्जल्कानि (नपुं.)।

पद्मज (पुं. तस.) ब्रह्मा का एक उपनाम, An epithet of Brahmā, पद्मजः (पुं.)।

पद्मनाभ (पुं. तस.) विष्णु का एक उपनाम, An epithet of Vishnu, पद्मनाभः (पुं.)।

पद्मबन्ध (पुं. तस.) श्लोक के शब्दों का ऐसा विन्यास जिससे कमल-सा बन जाए, Setting of words of a verse in the shape of a lotus, पद्मबन्धः (पुं.)।

पद्मबन्धु (पुं. तस.) सूर्य, The sun, पद्मबन्धुः (पुं.)।

पद्मयोनि (पुं. तस.) दे. 'पद्मज' — पद्मयोनिः (पुं.)।

पद्मराग (पुं. तस.) एक बहुमूल्य मणि, A precious gem, पद्मरागः (पुं.)।

पद्मवासा (स्त्री. तस.) कमल में रहने वाली लक्ष्मी, लक्ष्मीदेवी का एक उपनाम, An epithet of the goddess of wealth, पद्मवासा (स्त्री.)।

पद्मा (स्त्री. तस.) दे. 'पद्मवासा' — पद्मा (स्त्री.)।

पद्माकर (पुं. तस.) कमलों से भरा तालाब, A tank full of lotuses, पद्माकरः (पुं.)।

पद्मासन (पुं. तस.) टाँग पर टाँग रखकर बैठने की विधि, A posture of sitting by putting a leg upon other one, पद्मासनम् (नपुं.)।

पद्मिनी (स्त्री. तस.) कमलिनी, A kind of lotus, पद्मिनी (स्त्री.)।

पद्मोद्भव (पुं. तस.) दे. 'पद्मज' — पद्मोद्भवः (पुं.)।

पद्य (पुं. तस.) गाने योग्य शब्द-रचना, A poetry, पद्यम् (नपुं.)।

पद्यात्मक (वि. तस.) गेय रचना से बना हुआ, Composed in poetry, पद्यात्मक (वि.)।

पद्यावली (स्त्री. तस.) पद्य-रचना की माला, पदावली, A series of poems, पद्यावली (स्त्री.)।

पधराना (सकर्म. तभ.) मान से बिठाना, To seat respectfully, ससम्मानम् उपवेशय् (प्रेर.) — उपवेशयति।

पधारना (अकर्म. तभ.) पहुँचना, आना, To approach, to come, आ+गम् (भ्वा. पर.) — आगच्छति।

पन (पुं. तभ.) पण, प्रतिज्ञा, व्यापार, पर्ण, पत्ता, A business, a promise, a leaf, पणः, व्यापारः (पुं.), पर्णम्, पत्रम् (नपुं.)।

पनकुट्टी (स्त्री. तभ.) पर्णकुटी, पत्तों से आच्छादित कुटिया, A cottage thatched with leaves, पर्णकुटी (स्त्री.) पर्णकुटीरम् (नपुं.)।

पनघट (पुं. तभ.) पानी भरने का स्थान, A place to get the water pots filled up, जलपूरण-स्थानम् (नपुं.)।

पनचक्की (स्त्री. तभ.) पानी द्वारा चलने वाली आटा पीसने की चक्की, A flour mill working with water, पानीयचक्री (स्त्री.) जलघरट्टम् (नपुं.)।

पनडुब्बा (पुं. तस.) पानी में डुबकी लगाने वाला व्यक्ति, जलपक्षी-क्षिन्, पनडुब्बी, A diver, a fowl, a submarine vessel, अवगा- हकः, अवगाहकः पोतः (पुं.), जलपक्षी-क्षिन् (पुं.)।

पनडुब्बी (स्त्री. तभ.) पानी में डुबकी लगाने वाली नौका, A submarine, जलावगाहिका नौका (स्त्री.)।

पनपना (अकर्म. तभ.) फूलना-फलना, बढ़ना, To flourish, to grow, पुष् (दिवा. पर.) पुष्यति, वृध् (भ्वा. पर.) वर्धते।

पनवटा (पुं. तभ.) पान की डिब्बी, A small betel box, ताम्बूल-मञ्जूषा (स्त्री.)।

पनव (पुं. तभ.) दे. 'प्रणव' — प्रणवः (पुं.)।

पनवाड़ी (पुं. तभ.) पान बेचने वाला, One who deals in betel leaves, ताम्बूलविक्रयी-यिन् (पुं.)।

पनवारा (पुं. तभ.) पत्तों से बनी प्लेट, A plate made of leaves, पत्रस्थालकम् (नपुं.)।

पनस (पुं.) कटहल, A jackfruit, पनसम् (नपुं.)।

पनसारी (पुं. तभ.) दे. 'पंसारी'।

पनसाल (स्त्री. तभ.) दे. 'पर्णकुटीर', पर्णशाला (स्त्री.)।

पनहरा (पुं. तभ.) पानी भरने वाला, A waterman, पानीयहारकः, जलवाहकः (पुं.)।

पनहारिन (स्त्री. तभ.) पानी भरने वाली, A lady who brings water, पानीयहारिका, जलवाहिका (स्त्री.)।

पनही (स्त्री. तभ.) उपानह्, जूता, A shoe, उपानत्-ह् (स्त्री.), पादत्राणम् (नपुं.)।

पनाला (पुं. तभ.) पानी बहाने की बड़ी नाली, A rain-pipe, a water-pipe, प्रणालः (पुं.), प्रणालम् (नपुं.)।

पनाह (स्त्री. फा.) शरण, आश्रय, Refuge, support, शरणम् (नपुं.), आश्रयः (पुं.)।

पनियाना (सकर्म. देशी) सिंचाई करना, पानी देना, To irrigate, to water, सिच् (तुदा. पर.) सिञ्चति।

पनी (पुं. तभ.) शर्त रखने वाला, One who bets, पणी-णिन् (पुं.)।

पनीर (पुं. फा.) छैना, Cheese, पनीरम् (पुं.), किलाटम् (नपुं.), तक्र-पिण्डम् (नपुं.)।

पन्नग (पुं. तस.) साँप, सर्प, A snake, पन्नगः (पुं.), सर्पः (पुं.)।

पन्नगी (स्त्री. तस.) सार्पिणी, साँपिन, A female snake, पन्नगी, सर्पिणी (स्त्री.)।

पन्नगारि (पुं. तस.) गरुड़ का उपनाम, An epithet of Garuda, पन्नगारिः (पुं.)।

पन्ना (पुं. तभ.) एक बहुमूल्य रत्न, पुस्तक का पृष्ठ, Emerald, a leaf of a book, मरकतमणिः (पुं.), पुस्तकपर्णम् (नपुं.)।

पन्नी (स्त्री. तभ.) धातु की पत्री, A fine leaf of a metal, धातुपत्री (स्त्री.), धातुपर्णी।

पपड़ा (पुं. तभ.) किसी वस्तु की कठोर चमड़ी का भाग, A crust, पर्पटः (पुं.)।

पपड़ी (स्त्री. तभ.) पतली कठोर चमड़ी का भाग, A thin crust, पर्पटी (स्त्री.)।

पपड़ीला (वि. तभ.) पपड़ी वाला, Full of crusts, पर्पटमय (वि.)।

पपीहा (पुं. देशी.) चातक नामक पक्षी, A sparrow hawk, चातकः (पुं.)।

पपीता (पुं. देशी.) खरबूजे की तरह का एक फल, A papaya fruit, महापञ्चाङ्गुलम् (नपुं.)।

पपोटा (पुं. देशी.) आँख का पर्दा, An eyelid, नयनच्छदः (पुं.)।

पपोलना (सकर्म. देशी.) धीरे-धीरे चबाना, To chew slowly, शनैः शनैः चर्व् (भ्वा. पर.) — चर्वति।

पयःपान (पुं. तस.) दुग्धपान, दूध को पीना, Drinking of milk, पयःपानम्, दुग्धपानम् (नपुं.)।

पय (पुं. तभ.) दूध, पानी, Milk, water, पयः-यस् (नपुं.-पयः, पयसी, पयांसि)।

पयद (पुं. तभ.) दे. 'पयोद'।

पयनिधि (पुं. तभ.) दे. 'पयोनिधि'।

पयस्विनी (स्त्री. तस.) दूध देने वाली गाय, A milch cow, पयस्विनी, धेनुः (स्त्री.)।

पयहारी (पुं. तभ.) दूध पीने वाला, केवल दूध पीकर रहने वाला, Living only on milk, दुग्धपायी-यिन् (पुं.)।

पयान (पुं. तभ.) प्रयाण, गमन, जाना, Starting, going, प्रयाणम्, गमनम् (नपुं.)।

पयार, पयाल, (पुं. तभ.) धान के डण्ठल, Peddy straw, पलालः-लम् (पुं., नपुं.)।

पयोज (पुं. तस.) कमल, A lotus, पयोजम्, कमलम् (नपुं.)।

पयोद (पुं. तस.) बादल, जलद, A cloud, पयोदः, जलदः, नीरदः, मेघः (पुं.)।

पयोधर (पुं. तस.) बादल, जलधर, स्तन A cloud, breast, पयोधरः, जलधरः, नीरधरः, मेघः, स्तनः (पुं.)।

पयोधि (पुं. तस.) वारिधि, जलधि, नीरधि, सागर, समुद्र, A sea, an ocean, पयोधिः, वारिधिः, जलधिः, नीरधिः, सागरः, समुद्रः (पुं.)।

पयोनिधि (पुं. तस.) दे. 'पयोधि' — पयोनिधिः जलनिधिः, वारिनिधिः (पुं.)।

पयोमुच् (पुं. तस.) दे. 'पयोद' — पयोमुक्-च्, जलमुक्-च्, वारिमुक्-च् (पुं. पयोमुक्, पयोमुचौ, पयोमुचः)।

परंच, परञ्च (अ. तस.) परन्तु, लेकिन, But, परन्तु, परञ्च (अ.)।

परंतप, परन्तप (वि. तस.) शत्रुओं को तपाने वाला, विजेता, One who beats his enemies, victorious, winner, परन्तपः (पुं.)।

परंतु, परन्तु (अ. तस.) दे. 'परञ्च'।

पर (अ. तस.) परन्तु, लेकिन, But, परम् (अ.)।

(सर्व. तस.) अन्य, अपर, Other, परः, अन्यः, (सर्व.)।

पर (पुं. फा.) पंख, A wing, पक्षः (पुं.)।

परकटा (देशी.) कटे हुए पंख वाला, Having a wing cut, कृत्तपक्ष (वि.)।

परकाजी (वि. तभ.) उपकारी, Benevolent, परकार्यी-यिन्, परोपकारी-रिन् (वि.)।

परकार्य (पुं. तस.) परोपकार, Favour done to others, परकार्यम् (नपुं.), परोपकारः (पुं.)।

परकास (पुं. तभ.) दे. 'प्रकाश' — प्रकाशः (पुं.)।

परकीय (वि. तस.) दूसरे का, Of other, परकीय (वि.)।

परकीया (स्त्री. तस.) दूसरे की पत्नी, Wife of another, परकीया (स्त्री.)।

परकृति (स्त्री. तस.) दूसरे का कार्य, Work of another, परकृतिः (स्त्री.)।

(स्त्री. तभ.) प्रकृति, स्वभाव, कुदरत, Nature, प्रकृतिः (स्त्री.)।

परकोटा (पुं. तभ.) किले के चारों ओर बनाई गई दीवार, A rampart constructed around a fort, परिकूटम् (नपुं.), प्राकारः (पुं.)।

परख (स्त्री. तभ.) परीक्षण, पहचान, Testing, recognition, परीक्षणम् (नपुं.), परिचयः (पुं.)।

परखना (सकर्म. तभ.) परीक्षा करना, पहचानना, To test, to examine, to recognize, परि+ईक्ष (भ्वा. आ.) — परीक्षते, परि+चि (भ्वा. उभ.) — परिचिनोति, परिचिनुते।

परखवैया (पुं. तभ.) परीक्षक, An examiner, परीक्षकः (पुं.)।

परखाई (स्त्री. तभ.) परीक्षा करवाना और उसका वेतन, The act of getting examined and its wages, परीक्षणकार्यम् तद्वेतनं च।

परखाना (प्रेर. तभ.) परीक्षा करवाना, To cause to examine, परि+ईक्षय् (प्रे.) परीक्षयति।

परचना (सकर्म. तभ.) पहचानना, To recognize, परि+चि (स्वा. उभ.) — परिचिनोति, परिचिनुते।

परचा (पुं. तस.) परिचय, Recognition, परिचयः (पुं.)।

परचाना (प्रेर. तभ.) परिचय करवाना, To cause to recognize, परि+चायय् (प्रे.) — परिचाययति।

परचून (पुं. तभ.) आटेदाल आदि विभिन्न वस्तुओं का खंडशः व्यापार, Business of a grocer, प्रकीर्णवस्तु-व्यापारः (पुं.)।

परचूनी (पुं. तभ.) परचून वस्तुओं का व्यापारी, A grocer, खण्डशः विक्रयी-यिन् (पुं.)।

परछत्ती (स्त्री. तभ.) दे. 'पड़छत्ती'।

परछाई (स्त्री. तभ.) प्रतिच्छाया, प्रतिबिम्ब, Shadow, प्रतिच्छाया (स्त्री.), प्रतिबिम्बम् (नपुं.)।

परछिद्र (पुं. तस.) दूसरे का दोष, Defect of another, परच्छिद्रम् (नपुं.)।

परतंत्र, परतन्त्र (वि. तस.) पराधीन, गुलाम, Dependent, slave, परतन्त्र, पराधीन (वि.)।

परतंत्रता, परतन्त्रता (स्त्री. तस.) पराधीनता, गुलामी, Dependence, slavery, परतन्त्रता, पराधीनता (स्त्री.)।

परतः (अ. तस.) बाद में, Afterwards, परतः (अ.)।

परत (स्त्री.) तह, स्तर, A fold, a layer, स्तरः (पुं.), तलम् (नपुं.)।

परताल (स्त्री.) दे. 'पड़ताल'।

परती (स्त्री. देशी.) दे. 'पड़ती'।

परतीत, परतीति (स्त्री. तभ.) प्रतीति, विश्वास, अनुभूति, Trust, belief, feeling, प्रतीतिः, अनुभूतिः (स्त्री.), प्रत्ययः, विश्वासः (पुं.)।

परत्व (पुं. तस.) परायापन, दूरी, Strangeness, remoteness, परत्वम् (नपुं.), परता (स्त्री.)।

परत्र (अ. तस.) दूसरे लोक में, In other world, परत्र (अ.)।

परथन (पुं. तभ.) रोटी बनाते समय लगाये जाने वाला आटा, धूड़ा, Dry flour which is used while preparing a chapati, परिस्तरणम्, शुष्कचूर्णम् (नपुं.)।

परदा (पुं. फा.) पर्दा, जवनिका, A curtain, तिरस्करिणी, जवनिका (स्त्री.)।

परदादा (पुं. देशी.) दादे का पिता, The father of the grandfather, प्रपितामहः (पुं.)।

परदादी (स्त्री. देशी) दादा की माता, Mother of the grandfather, प्रपितामही (स्त्री.)।

परदानशीन (वि. फा.) पर्दे में रहने वाली, Living in a veil, veiled, असूर्यम्पश्या, अवगुण्ठनवती (स्त्री. वि.)।

परदार (पुं. तस.) दूसरे की पत्नी, Wife of some other, परदाराः (पुं. बहु.)।

परदेश (पुं. तस.) विदेश, Foreign land, परदेशः, विदेशः (पुं.)।

परनाला (पुं. तभ.) दे. 'पतनाला'।

परपोता (पुं. तभ.) पोते का पुत्र, The son of the grandson, प्रपौत्रः (पुं.)।

परबत (पुं. तभ.) दे. 'पर्वत' — पर्वतः, गिरिः (पुं.)।

परब्रह्म (पुं. तस.) परमेश्वर, God, Creator of the world, परब्रह्म-मन् (नपुं.)।

परभृत् (पुं. तस.) कोयल, परपुष्ट, A cuckoo, परभृत्, परपुष्ट, कोकिल, पिक (पुं.)।

परम (वि. तस.) सबसे ऊपर या बड़ा, Supreme, परम (वि.)।

परमतत्त्व (पुं. तस.) सबसे उत्कृष्ट तत्त्व, ब्रह्म, The supreme power, God, ब्रह्म, परमतत्त्वम् (नपुं.)।

परमधाम (पुं. तस.) सबसे उत्कृष्ट ठिकाना, The best abode, परमधाम-मन् (धाम, धामनी, धामानि) (नपुं.)।

परमपद (पुं. तस.) सबसे उत्कृष्ट पद, मोक्ष, Supreme achievement, salvation, परमपदम् (नपुं.)।

परमपिता (पुं. तस.) सबसे श्रेष्ठ पिता, परमेश्वर, The supreme father, God, परमपिता, ईश्वरः (पुं.)।

परमल (पुं. देशी.) भूना अथवा तला हुआ अनाज, A kind of fried cereal used for food, भूर्जितान्नम् (नपुं.)।

परमहंस (पुं. तस.) सिद्ध योगी, The worshipper who has attained his life-goal, परमहंसः (पुं.)।

परमाणु (पुं. तस.) सबसे सूक्ष्म कण, The minutest particle, an atom, परमाणुः (पुं.)।

परमात्मा (पुं. तस.) दे. 'परब्रह्म' — परमात्मा-मन् (पुं.)।

परमार (पुं. देशी.) राजपूतों की एक उपजाति, A clan of Rajputs, परमारः (पुं.)।

परमारथ (पुं. तस.) दे. 'परमार्थ'।

परमार्थ (पुं. तस.) उत्कृष्ट लक्ष्य, परोपकार, The supreme aim, benevolence, परमार्थः (पुं.)।

परमार्थी (पुं. तस.) उत्कृष्ट लक्ष्य को चाहने वाला, परोपकारी, Desirous of the supreme aim, benevolent, परमार्थी-थिन् (पुं.)।

परमुखापेक्षी (पुं. तस.) दूसरों का मुँह देखने वाला, दूसरों पर आश्रित, Dependent on others, an idle person, परमुखापेक्षी-क्षिन् (पुं.)।

परमेश्वर (पुं. तस.) दे. 'परब्रह्म' — परमेश्वरः (पुं.)।

परमेष्ठी (पुं. तस.) दे. 'परब्रह्म' — परमेष्ठी-ठिन् (पुं.)।

परम्परा (स्त्री. तस.) सिलसिला, A series, a range, परम्परा (स्त्री.)।

परम्परागत (वि. तस.) क्रम से आया हुआ, वंशक्रम से आया हुआ, Come turn by turn from one to another generation, परम्परागत (वि.)।

परला (वि. देशी) परे वाला, दूर वाला, Of remote place, परः (वि.)।

परलोक (पुं. तस.) दूसरे जन्म वाला स्थान, The world of another birth, परलोकः (पुं.)।

परवरदिगार (वि. फा.) सबका पालने वाला परमात्मा, Almighty God, सर्वपालकः सर्वशक्तिमान् परमेश्वरः (पुं.)।

परवरिश (स्त्री. फा.) पालन-पोषण, Nourishment, पालन-पोषणम् (नपुं.)।

परवल (वि. तभ.) प्रबल, बलवान्, Strong, powerful, प्रबल (वि.)।

(पुं.) एक सब्जी, पटोलः (पुं.)।

परवश (वि. तस.) पराधीन, परतन्त्र, Dependent, परवश, पराधीन, परतन्त्र (वि.)।

परवशता (स्त्री. तस.) पराधीनता, परतन्त्रता, Dependence on others, परवशता, पराधीनता, परतन्त्रता (स्त्री.)।

परवा (स्त्री. तभ.) पूर्व से चलने वाली हवा, Air coming from the east, पूर्वतनः वायुः (पुं.)।

परवाह (स्त्री.) चिन्ता, Anxiety, care, चिन्ता (स्त्री.)।

परवीन (वि. तभ.) प्रवीण, होशियार, निपुण, Clever, expert, dexter, प्रवीण, निपुण कुशल (वि.)।

परशु (पुं. तस.) कुल्हाड़ा, An axe, परशुः, कुठारः (पुं.)।

परशुराम (पुं. तस.) क्षत्रियों के वंश को नष्ट करने वाला एक ब्राह्मण योद्धा, A Brahmin warrior who killed many Kshatriyas, परशुरामः (पुं.)।

परस (पुं. तभ.) स्पर्श, छूने का भाव, Touching, स्पर्शः (पुं.)।

परसना (सकर्म. तभ.) परोसना, भोजन वितरण करना, To serve the food, परि+वेशय् (प्रे.) परिवेशयति, वि+तॄ - वितरति।

परसा (पुं. तभ.) दे. 'परशु'।

परसाल (पुं. देशी) गत वर्ष, बीता हुआ साल, Pre-year, gone year, last year, गत-वर्षम् (नपुं.), आने वाला वर्ष, coming year, आगामिवर्षम् (नपुं.)।

परसू (पुं. तभ.) कुल्हाड़े वाला, Having an axe, परशुधरः (पुं.)।

परसों (अ. तभ.) आने वाले दिन से अगला दिन, Day after tomorrow, परश्वः (अ.)।

(अ. अनु.) गए हुए दिन से पहला दिन, Day before yesterday, परह्यः (अ.)।

परसौहाँ (वि. तभ.) छूता हुआ, स्पर्श करता हुआ, Touching, स्पृशत् (वि.), स्पृशन् (पुं. वि.)।

परस्त (वि. फा.) लगा हुआ, तत्पर, पूजक, Given to, worshipper, तत्पर, पूजक (वि.)।

परस्तिश (स्त्री. फा.) पूजा, उपासना, Worshipping, पूजा, उपासना (स्त्री.)।

परस्ती (स्त्री. फा.) दे. 'परस्तिश'।

परस्पर (अ. तस.) आपस में, Mutually, परस्परम् (अ.)।

परहरना (सकर्म. तभ.) छोड़ना, To abandon, परि+हृ (भ्वा. उभ.) — परिहरति-ते।

परहेज (पुं. फा.) घृणा, अलगाव, त्याग, Hate, separation, घृणा (स्त्री.), पृथक्त्वम् (नपुं.) त्यागः (पुं.)।

परहेलना (सकर्म. तभ.) उपेक्षा करना, To condemn, निरादर करना, प्र+हेड् (भ्वा. आ.) — प्रहेडते।

परहेला (स्त्री. तभ.) उपेक्षा, निरादर, Condemnation, प्रहेडनम् (नपुं.), प्रहेडा (स्त्री.)।

पराँठा (पुं. देशी) घी में पकाई हुई रोटी, A chapati prepared with ghee, प्ररोटः (पुं.)।

परा (स्त्री. तस.) आत्मा और ईश्वर का बोध कराने वाली विद्या, The science which gives the knowledge of soul and God, परा (स्त्री.)।

परा (पुं. फा.) पैन, कलम, पंक्ति, A pen, a row, a line, लेखनी, पंक्तिः, ततिः (स्त्री.)।

परा (उप.) विपरीतार्थक उपसर्ग, जैसे पराजय, Prefix showing contradiction, परा (उप.)।

पराकाष्ठा (स्त्री. तस.) अन्तिम सीमा, Last limit, पराकाष्ठा (स्त्री.)।

पराकोटि (स्त्री. तस.) दे. 'पराकाष्ठा' — पराकोटिः (स्त्री.)।

पराक्रम (पुं. तस.) बहादुरी, Bravery, पराक्रमः (पुं.), शूरता, वीरता (स्त्री.)।

पराक्रमी (पुं. तस.) शूरवीर, बहादुर, Brave-fellow, पराक्रमी-मिन्, शूरः, वीरः (पुं.)।

पराग (पुं. तस.) पुष्परज, पुष्पधूलि, Pollen of a flower, परागः (पुं.)।

पराङ्मुख (वि. तस.) विरुद्ध, प्रतिकूल, उल्टा, Opponent, reverse, पराङ्मुख, विरुद्ध, प्रतिकूल (वि.)।

पराजय (स्त्री. तस.) हार, Defeat, पराजयः (पुं.)।

पराजित (वि. तस.) हारा हुआ, Defeated, पराजित (वि.)।

परात (स्त्री. तभ.) कम गहरा चौड़ा बर्तन, A shallow large dish, पारीत्रा (स्त्री.)।

परात्पर (वि. तस.) सबसे परे, जिससे आगे कुछ नहीं, Farmost, last limit, परात्पर (वि.), पराकाष्ठामय (वि.)।

पराधीन (वि. तस.) पराश्रित, परतन्त्र, Depending on others, पराश्रित, पराधीन (वि.)।

पराधीनता (स्त्री. तस.) गुलामी, परतन्त्रता, पराश्रय, Slavery, dependence on others, पराधीनता, परतन्त्रता (स्त्री.), पराश्रयः (पुं.)।

परान्न (पुं. तस.) दूसरे का भोजन, The food given by another, परान्नम् (नपुं.)।

पराभव (पुं. तस.) तिरस्कार, अपमान, Insult, disgrace, पराभवः (पुं.)।

पराभूत (वि. तस.) तिरस्कृत, हारा हुआ, Insulted, disappointed, पराभूत, तिरस्कृत, निराश (वि.)।

परामर्श (पुं. तस.) सलाह, सम्मति, Consultation, परामर्शः (पुं.), सम्मतिः (स्त्री.)।

परामर्शी (पुं. तस.) सलाह करने वाला, Consultant, परामर्शी-शिन्, परामर्शकः (पुं.)।

परायण (वि. तस.) तत्पर, लगा हुआ, Engaged, busy, परायण, तत्पर (वि.)।

परायत्त (वि. तस.) दे. 'पराधीन'।

पराया (वि. तभ.) दूसरे से सम्बन्धित, Pertaining to another, अन्यसम्बन्धित, परकीय (वि.)।

परार्थ (अ. तस.) दूसरों के लिए, For others, परार्थम् (अ.)।

परार्ध (वि. तस.) दूसरा आधा भाग, ब्रह्मा की आयु का आधा समय, The other half part, the half period of Brahma's life, परार्धम् (नपुं.)।

परावर्तक (पुं. तस.) लौटाने वाला, वापिस करने वाला, One who returns or hands over back, परावर्तक (पुं.)।

परावर्तित (वि. तस.) लौटाया हुआ, वापिस किया हुआ, Returned, handed over back, परावर्तित (वि.)।

परावृत्ति (स्त्री. तस.) परावर्तन, लौटाना, Returning, handing over back, परावृत्तिः (स्त्री.), परावर्तनम् (नपुं.)।

पराशर (पुं. तस.) महर्षि व्यास के पिता का नाम, The name of the father of sage Vyasa, पराशरः (पुं.)।

पराश्रित (वि. तस.) दूसरों के भरोसे रहने वाला, Depending on others, पराश्रित, परायत्त (वि.)।

परास्त (वि. तस.) हारा हुआ, पराजित, निराश, Defeated, disappointed, परास्त, पराजित, निराश (वि.)।

पराह्न (पुं तस.) दोपहर के बाद का समय, After noon, पराह्णम् (नपुं.)।

परि (उप. तस.) यह उपसर्ग 'चारों ओर, छोड़ना या सब प्रकार से,' आदि अर्थों में शब्दों और धातुओं से पूर्व लगता है, This is prefixed in the sense of 'all round, leaving or fully' etc., परि (उप.)।

परिकर (पुं. तस.) परिजन, नौकर-चाकर, समाज, कटिबंध, एक अलंकार का नाम, A train of servants, girth, equipment, name of a figure of speech, परिकरः (पुं.)।

परिकल्पन (पुं. तस.) धोखेबाजी, ठगी, Fraud, deception, परिकल्पनम् (नपुं.), छलम् (नपुं.)।

परिकल्पित (वि. तस.) घड़ा हुआ, बनाया हुआ, Constructed, made, रचित, आविष्कृत, उद्भावित (वि.)।

परिकीर्तन (पुं. तस.) बढ़ा-चढ़ा कर प्रशंसा करना, Exaggeration of good qualities, परिकीर्तनम् (नपुं.)।

परिकृश (वि. तस.) बहुत दुबला, Very weak, very lean, परिकृश (वि.)।

परिक्रमण (पुं. तस.) चारों ओर घूमना, परिक्रमा, Moving around, revolving, परिक्रमणम् (नपुं.), परिक्रमा (स्त्री.)।

परिक्रमा (स्त्री. तस.) दे. 'परिक्रमण'।

परिखा (स्त्री. तस.) किले के चारों ओर खुदी हुई खाई, A ditch around a fort, परिखा (स्त्री.)।

परिख्यात (वि. तस.) सब ओर मशहूर, सुप्रसिद्ध, Very famous, परिख्यात (वि.)।

परिगणन (पुं. तस.) पूरी-पूरी गिनती, Counting completely, परिगणनम् (नपुं.)।

परिगणित (वि. तस.) पूरी तरह से गिना हुआ, Counted completely, परिगणित (वि.)।

परिगृहीत (वि. तस.) जमा किया हुआ, सभी ओर से संग्रह किया हुआ, Hoarded from every side, परिगृहीत (वि.)।

परिग्रह (पुं. तस.) जमाखोरी, Hoarding, परिग्रहः (पुं.)।

परिघ (पुं. तस.) मुद्गर, शूल, भाला, घड़ा, अर्गला, रुकावट, A spear, an arrow, an iron bar for shutting a gate, an obstruction, परिघः (पुं.)।

परिचय (पुं. तस.) वाकफीयत, पहचान, Recognition, familiarity, परिचयः (पुं.), परिचितिः (स्त्री.)।

परिचर (पुं. तस.) सेवक, नौकर, An attendant, a servant, परिचरः (पुं.)।

परिचरण (पुं. तस.) सेवा, शुश्रूषा, Service, obedience, परिचरणम् (नपुं.)।

परिचरी (स्त्री. तस.) सेविका, नौकरानी, A lady attendant, a maid servant, परिचरी (स्त्री.)।

परिचर्या (स्त्री. तस.) दे. 'परिचरण'।

परिचायक (पुं. तस.) वाकफ़ियत करवाने वाला, Recognizer, परिचायकः (पुं.)।

परिचार (पुं. तस.) दे. 'परिचरण' — परिचारः (पुं.)।

परिचारक (पुं. तस.) सेवा करवाने वाला, One who gets service, परिचारकः (पुं.)।

परिचारण (पुं. तस) सेवा, Service, परिचारणम् (नपुं.)।

परिचारना (प्रे. तभ.) सेवा करवाना, To cause to serve, परि+चारय् (प्रे.), परिचारयति।

परिचारिका (स्त्री. तभ.) सेवा करवाने वाली, A female who causes to serve, परिचारिका (स्त्री.)।

परिचालक (पुं. तस.) व्यवस्थापक, An organizer, परिचालकः, व्यवस्थापकः (पुं.)।

परिचालन (पुं. तस.) व्यवस्था, Organization, परिचालनम्, व्यवस्थापनम् (नपुं.)।

परिचालित (वि. तस.) व्यवस्थापित, Organized, परिचालित, व्यवस्थापित (वि.)।

परिचित (वि. तस.) वाकिफ़, पहचाना हुआ, Recognized, familiar, परिचित (वि.)।

परिचिति (स्त्री. तस.) परिचय, वाकफ़ियत, Recognition, introduction (स्त्री.)।

परिचै (पुं. तभ.) दे. 'परिचय' — परिचयः (पुं.)।

परिच्छद (पुं. तस.) परिधान, पहनावा, A garment, परिच्छदः (पुं.)।

परिच्छन्न (वि. तस.) पूर्णतः ढका हुआ, Covered completely, परिच्छन्न, आवृत (वि.)।

परिच्छिन्न (वि. तस.) सब ओर से कटा हुआ, अलग-थलग, Cut from every side, separated, परिच्छिन्न (वि.)।

परिच्छेद (पुं. तस.) किसी पुस्तक का अध्याय, A chapter of a book, परिच्छेदः (पुं.)।

परिजन (पुं. तस.) परिवार, नौकर-चाकर, Family men, servants and others, परिजनः (पुं.)।

परिज्ञात (वि. तस.) अच्छी प्रकार जाना हुआ, Known in all respects, परिज्ञातः (वि.)।

परिज्ञाता (पुं. तस.) पूरी तरह जानने वाला, One who knows in all respects, परिज्ञाता-तृ (पुं.)।

परिज्ञान (पुं. तस.) पूर्ण परिचय, Fully recognition, परिज्ञानम् (नपुं.)।

परिणत (वि. तस.) बदला हुआ, परिणाम निकला हुआ, विवाहित, Changed, resulted, married, परिणतः (वि.)।

परिणति (स्त्री. तस.) परिणाम, Result, परिणतिः (स्त्री.), परिणामः (पुं.)।

परिणद्ध (वि. तस.) जकड़ा हुआ, खूब बंधा हुआ, Well tied, परिणद्ध (वि.)।

परिणय (पुं. तस.) विवाह, Marriage, परिणयः, विवाहः (पुं.)।

परिणाम (पुं. तस.) फल, परिणति, Result, परिणामः (पुं.), परिणतिः (स्त्री.)।

परिणामी (वि. तस.) परिवर्तनशील, Changeable, परिणामी-मिन् (वि.)।

परिणाह (पुं. तस.) कद-बुत, लम्बाई-चौड़ाई, Structure, volume, परिणाहः (पुं.)।

परिणीत (वि. तस.) विवाहित, Married, परिणीत, विवाहित (वि.)।

परिणीता (वि. स्त्री. तस.) विवाहिता, A married female, परिणीता, विवाहिता (वि. स्त्री.)।

परिणेता (पुं. तस.) विवाह करने वाला, One who marries, परिणेता-तृ (पुं.)।

परिणेय (वि. तस.) विवाह करने योग्य, Fit for marriage, परिणेय (वि. पुं.)।

परितः (अ. तस.) चारों ओर, Around, परितः, सर्वतः (अ.)।

परितप्त (वि. तस.) खूब तपा हुआ, सब ओर से दुःखी, Fully heated, tortured from every side, परितप्त (वि. पुं.)।

परिताप (पुं. तस.) दुःख-क्लेश, Torturing, tormenting, परितापः (पुं.)।

परितापी (पुं. तस.) सभी ओर से सताने वाला, Torturer, tormenter, परितापी-पिन् (पुं.)।

परितुष्ट (वि. तस.) सर्वथा संतुष्ट, Contented, परितुष्ट (वि.)।

परितोष (पुं. तस.) पूर्ण सन्तोष, Contentment, परितोषः (पुं.)।

परित्यक्त (वि. पुं. तस.) सर्वथा छोड़ा हुआ, सम्बन्धविच्छेद किया हुआ, Abandoned, divorced, परित्यक्त (वि. पुं.)।

परित्यक्ता (स्त्री. वि. तस.) छोड़ी हुई, सम्बन्धविच्छेद की हुई, Abandoned, divorced, परित्यक्ता (स्त्री. वि.)।

परित्याग (पुं. तस.) सम्बन्धविच्छेद, Divorce, परित्यागः, सम्बन्धविच्छेदः (पुं.)।

परित्याज्य (वि. तस.) सर्वथा छोड़ने योग्य, सम्बन्धविच्छेद के योग्य, Fit to be abandoned or divorced, परित्याज्य (वि.)।

परित्राण (पुं. तस.) सभी ओर से बचाव, सुरक्षा, Protection from all sides, full safety, security, परित्राणम्, परिरक्षणम् (नपुं.)।

परिधान (पुं. तस.) पहनावा, A garment, a dress, परिधानम् (नपुं.)।

परिधि (स्त्री. तस.) चारों ओर का घेरा, Circumference, परिधिः (पुं.)।

परिधेय (वि. तस.) पहनने योग्य, Fit to wear, परिधेय (वि.)।

परिनिर्वृत्ति (स्त्री. तभ.) मुक्ति, मोक्ष, पूर्ण छुटकारा, Salvation, परिनिर्वृत्तिः (स्त्री.), मुक्तिः (स्त्री.), मोक्षः (पुं.)।

परिनिर्वाण (पुं. तस.) दे. 'परिनिर्वृत्ति'।

परिपक्व (वि. तस.) खूब पका हुआ, अनुभवी Well ripened, experienced, परिपक्व (वि.)।

परिपन्थी (पुं. तस.) शत्रु, वैरी, An enemy, परिपन्थी-थिन्, शत्रुः (पुं.)।

परिपवन (पुं. तस.) चालनी, छननी, Sieve, परिपवनः, तितउः (पुं.)।

परिपाक (पुं. तस.) पूर्ण रूप से पकने का कार्य, परिणाम, Fully ripening, result, परिपाकः, परिणामः (पुं.)।

परिपाटी (स्त्री. तस.) सिलसिला, पद्धति, परम्परा, A range, manner, system, series, परिपाटी, पद्धति, परम्परा (स्त्री.)।

परिपालक (पुं. तस.) सबका सब ओर से पालन करने वाला, परमेश्वर, One who brings up, God who nourishes all creatures from all sides, परिपालकः, परमेश्वरः (पुं.)।

परिपालन (पुं. तस.) पूर्ण रूप से पालना, Full nourishment, परिपालनम् (नपुं.)।

परिपालित (वि. तस.) खूब पाला-पोसा हुआ, Well nourished, परिपालित (वि.)।

परिपुष्ट (वि. तस.) दे. 'परिपालित' – परिपुष्ट (वि.)।

परिपूर्ण (वि. तस.) सब ओर से पूरा, सब ओर से भरा हुआ, Completely full, fully complete, परिपूर्ण (वि.)।

परिप्लव (पुं. तस.) बाढ़, Flood, परिप्लवः, जलौघः (पुं.)।

परिप्लुत (वि. तस.) खूब उछलने वाला, Jumping furiously, परिप्लुत (वि.)।

परिप्लुष्ट (वि. तस.) सब ओर से जला हुआ, Burnt completely, परिप्लुष्ट (वि.)।

परिभव (पुं. तस.) तिरस्कार, अपमान, Insult, disgrace, परिभवः (पुं.)।

परिभाषा (स्त्री. तस.) लक्षण, Definition, परिभाषा (स्त्री.), लक्षणम् (नपुं.)।

परिभाषित (वि. तस.) लक्षित, लक्षण बताया गया, Defined, परिभाषित, लक्षित (वि.)।

परिभुक्त (वि. तस.) अच्छी प्रकार भोगा गया या खाया गया, Eaten or enjoyed completely, परिभुक्त (वि.)।

परिभू (पुं. तस.) सर्वत्र व्यापक परमात्मा, Omnipresent God, परिभूः (पुं.)।

परिभूषित (वि. तस.) खूब सजा-धजा, Well decorated, परिभूषित (वि.)।

परिभ्रमण (पुं. तस.) इधर-उधर घूमना, चारों ओर घूमना, To walk around, to move all round, परिभ्रमणम् (नपुं.)।

परिभ्रष्ट (वि. तस.) अलग हुआ हुआ, भटका हुआ, Gone out of the way, missing one's way, परिभ्रष्ट (वि.)।

परिमण्डल (पुं. तस.) घेरा, परिधि, Circumference, परिमण्डलम् (नपुं.), परिधिः (पुं.)।

परिमल (पुं. तस.) सुगन्ध, खुशबू, Fragrance, sweet smell, परिमलः, सुगन्धः (पुं.)।

परिमाण (पुं. तस.) माप, Measurement, परिमाणम् (नपुं.)।

परिमापक (पुं. तस.) मापने का औजार, An instrument for measuring, परिमापकः (पुं.)।

परिमार्जन (पुं. तस.) अच्छी प्रकार माँजना या साफ करना, Cleansing completely, परिमार्जनम् (नपुं.)।

परिमित (वि. तस.) सीमित, Limited, परिमित (वि.)।

परिमिति (स्त्री. तस.) परिमाण, माप, Measurement, परिमितिः (स्त्री.), परिमाणः (पुं.)।

परिमेय (वि. तस.) मापने योग्य, Fit for measurement, परिमेय (वि.)।

परिमोक्षण (पुं. तस.) स्वतन्त्र करने का कार्य, Making free, releasing, परिमोक्षणम् (नपुं.)।

परिम्लान (वि. तस.) सर्वथा मुरझाया हुआ, खिन्न, उदास, Faded, withered, sad, unhappy, परिम्लान (वि.)।

परिरक्षण (पुं. तस.) अच्छी प्रकार रक्षा करना, Preservation, full protection, परिरक्षणम् (नपुं.)।

परिरक्षणीय (वि. तस.) पूर्ण रक्षा करने योग्य, Fit for preservation or protection, परिरक्षणीय (वि.)।

परिरम्भण (पुं. तस.) आलिंगन, Embrace, परिरम्भणम्, आलिङ्गनम् (नपुं.)।

परिलिखित (वि. तस.) चारों ओर रेखाओं द्वारा चिह्नित, Surrounded by lines, परिलिखित (वि.)।

परिलेखन (पुं. तस.) चारों ओर रेखा लगा देना, Drawing lines round a written work or a picture, परिलेखनम् (नपुं.)।

परिवत्सर (पुं. तस.) पूरे वर्ष का समय, The period of a full year, परिवत्सरम् (नपुं.)।

परिवर्जक (पुं. तस.) पूर्णतः छोड़ने या, रोकने वाला, Preventive, prohibitory, परिवर्जकः (पुं.)।

परिवर्जन (पुं. तस.) पूर्णतः त्याग या रोक, Prevention, परिवर्जनम् (नपुं.)।

परिवर्जनीय (वि. तस.) छोड़ने योग्य, रोकने योग्य, Fit for prevention, fit for prohibition, परिवर्जनीय (वि.)।

परिवर्जित (वि. तस.) छोड़ा हुआ, त्यक्त, निषिद्ध, Prohibited, prevented, left परिवर्जित (वि.)।

परिवर्तन (पुं. तस.) तबदीली, Change, परिवर्तनम् (नपुं.)।

परिवर्तित (वि. तस.) तबदील किया हुआ, Changed, परिवर्तित (वि.)।

परिवर्ती (वि. तस.) परिवर्तनशील, तबदील होने वाला, परिवर्ती-तिन् (वि.)।

परिवर्धन (पुं. तस.) वृद्धि, बढ़ाना, Addition, increase, increment, परिवर्धनम् (नपुं.), परिवृद्धिः (स्त्री.)।

परिवर्धित (वि. तस.) बढ़ाया गया, अधिक किया गया, Added, increased, परिवर्धित (वि.)।

परिवाद (वि. तस.) बदनामी, निन्दा, Ill-fame, badname, परिवादः (पुं.)।

परिवादक (पुं. तस.) बदनामी करने वाला, निन्दक, One who disgraces, परिवादकः (पुं.)।

परिवार (पुं. तस.) कुनबा, कुटुम्ब, A family, परिवारः (पुं.)।

परिवास (पुं. तस.) पड़ाव, Staying place, परिवासः (पुं.)।

परिवाह (पुं. तस.) बहा देने का कार्य, Causing to flow away, removal, परिवाहः (पुं.)।

परिवृत (वि. तस.) ढका हुआ, आच्छादित, Covered, परिवृत (वि.), आच्छादित (वि.)।

परिवृत्ति (स्त्री. तस.) अदला-बदली, विनिमय, एक साहित्यिक अलंकार, An exchange, a figure of speech, परिवृत्तिः (स्त्री.)।

परिवृद्ध (वि. तस.) खूब बढ़ा हुआ, Well grown, increased, परिवृद्ध (वि.)।

परिवृद्धि (स्त्री. तस.) बढ़ोत्तरी, अधिकता, Addition, increment, परिवृद्धिः (स्त्री.)।

परिवेश (पुं. तस.) आसपास का वातावरण, Environment, परिवेशः।

परिवेष (पुं. तस.) परोसना, Serving of food, परिवेषः (पुं.)।

परिवेषण (पुं. तस.) दे. 'परिवेष' – परिवेषणम् (नपुं.), परिवेषः (पुं.)।

परिवेष्टन (पुं. तस.) लपेटने का कार्य, Bundling, परिवेष्टनम् (नपुं.)।

परिवेष्टा (पुं. तस.) लपेटने वाला, One who bundles the things, परिवेष्टा-ष्टृ (पुं.)।

परिव्रज्या (स्त्री. तस.) घर को छोड़ने का कार्य, परिव्राजक बनना, Leaving one's residence and to go as a mendicant, परिव्रज्या (स्त्री.)।

परिव्राज, परिव्राजक (पुं. तस.) संन्यासी, A mendicant, परिव्राजकः (पुं.)।

परिव्राट् (पुं. तस.) दे. 'परिव्राजक' – परिव्राट्-ज् (पुं.)।

परिवेष्टक (पुं. तस.) दे. 'परिवेष्य', – परिवेष्टकः (पुं.)।

परिवेष्टित (वि. तस.) लपेटा हुआ, Bundled up, परिवेष्टित (वि.)।

परिशिष्ट (पुं. तस.) पुस्तक के अन्त में अतिरिक्त बातों का संकेतक भाग, An appendix, परिशिष्टम् (नपुं.)।

परिशीलन (पुं. तस.) अध्ययन, Study, परिशीलनम् (नपुं.)।

परिश्रम (पुं. तस.) मेहनत, Hard work, परिश्रमः (पुं.)।

परिश्रमी (पुं. तस.) मेहनती, Hard worker, industrious, परिश्रमी-मिन् (पुं.)।

परिश्रान्त (वि. तस.) बहुत थका हुआ, Badly tired, fatigued, weary, परिश्रान्त (वि.)।

परिश्रान्ति (स्त्री. तस.) थकावट, Fatigue, weariness, परिश्रान्तिः (स्त्री.)।

परिश्लिष्ट (वि. तस.) आलिङ्गित, छाती से लगाया हुआ, Embraced, आलिङ्गित, परिरम्भित (वि.)।

परिषत्-द् (स्त्री. तस.) सभा, A meeting, an assembly, परिषत्-द् (स्त्री.)।

परिषिक्त (वि. तस.) खूब सींचा हुआ, Well irrigated, परिषिक्त (वि.)।

परिषीवण (पुं. तस.) सिलाई का कार्य, Sewing, परिषीवणम् (नपुं.)।

परिषेक (पुं. तस.) अभिषेक, स्नान, सिञ्चन, A bath, irrigation, परिषेकः (पुं.)।

परिष्कार (पुं. तस.) संशोधन, संशोधन, Purification, correction, परिष्कारः (पुं.)।

परिष्क्रिया (स्त्री. तस.) दे. 'परिष्कार' – परिष्क्रिया (स्त्री.)।

परिष्कृत (वि. तस.) स्वच्छ, शुद्ध, Pure, cleansed, परिष्कृत (वि.)।

परिष्वङ्ग (पुं. तस.) आलिंगन, परिरम्भण, An embrace, परिष्वङ्गः (पुं.), आलिङ्गनम् (नपुं.)।

परिसंख्या (स्त्री. तस.) गणना, एक अलंकार का नाम, Counting, name of a figure of speech, परिसंख्या (स्त्री.)।

परिसर्पण (पुं. तस.) चारों ओर घूमना, To move around, परिसर्पणम् (नपुं.)।

परिसीमा (स्त्री. तभ.) हदबन्दी, Boundary, परिसीमा (स्त्री.)।

परिस्थिति (स्त्री. तस.) हालात, Circumstances, परिस्थितिः (स्त्री.)।

परिस्फुटित (वि. तस.) खूब खिला हुआ, Well blown, परिस्फुटित (वि.)।

परिसुत (वि. तस.) बहा हुआ, Flown away, परिसुत (वि.)।

परिहरण (पुं. तस.) त्याग, दूर करना, जबरदस्ती छीनना, Abandoning, removing, seizing by force, परिहरणम् (नपुं.)।

परिहरना (सकर्म. तभ.) छोड़ना, दूर करना, जबरदस्ती छीनना, To abandon, to remove, to seize by force, परि+हृ (भ्वा. उभ.) – परिहरति-ते।

परिहार (पुं. तस.) समस्या का हल, A solution, removing of flaws, परिहारः (पुं.)।

परिहारी (पुं. तस.) समस्या को सुलझाने वाला, One who solves the problem, परिहारी-रिन् (पुं.)।

परिहार्य (वि. तस.) त्याज्य, छोड़ने योग्य, सुलझाने योग्य, Fit to leave, fit to reject, fit to be solved, परिहार्य (वि.)।

परिहास (पुं. तस.) उपहास, मखौल, A joke, परिहासः (पुं.)।

परिहित (वि. तस.) त्यक्त, छोड़ा हुआ, Rejected, left, abandoned, परिहित (वि.)।

परिहीण (वि. तस.) क्षीण, दुर्बल, त्यक्त, Weak, languished, abandoned, परिहीण (वि.)।

परिहृत (वि. तस.) दूर किया गया, हटाया गया, छीना गया, Removed, turned away, seized, परिहृत (वि.)।

परी (स्त्री. फा.) अप्सरा, A fairy, अप्सरा (स्त्री.)।

परीक्षक (पुं. तस.) परीक्षा करने वाला, An examiner, परीक्षकः (पुं.)।

परीक्षण (पुं. तस.) परीक्षा करने का कार्य, Examining, testing, परीक्षणम् (नपुं.)।

परीक्षा (स्त्री. तस.) इम्तिहान, Examination, परीक्षा (स्त्री.)।

परीक्षित (वि. तस.) जिसको परखा गया है, अभिमन्यु के पुत्र का नाम, Examined, name of the son of Abhimanyu, परीक्षित (वि.), परीक्षितः (पुं.)।

परीक्ष्यकारी (पुं. तस.) परीक्षा करके काम करने वाला, One who works after examining, परीक्ष्यकारी-रिन् (पुं.)।

परीप्सा (स्त्री. तस.) प्राप्त करने की कामना, Desire of getting, परीप्सा (स्त्री.)।

परीप्सु (पुं. तस.) प्राप्त करने का इच्छुक, Desirous of getting, परीप्सुः (पुं.)।

परुख (वि. तभ.) दे. 'परुष'।

परुष (वि. तस.) कठोर, सख्त, Hard, harsh, परुष (वि.)।

परे (अ. तभ.) दूर, Far, परत्र (अ.)।

परेई (स्त्री. देशी) कबूतरी, कपोती, A female pigeon, कपोती (स्त्री.)।

परेवा (पुं. देशी) कबूतर, कपोत, A pigeon, कपोतः (पुं.)।

परेश (पुं. देशी) परमेश, परमेश्वर, Supreme power, परमेशः, परमेश्वरः (पुं.)।

परेशान (वि. फा.) तंग, व्याकुल, दुःखी, Tortured, disturbed, unhappy, पीडित, व्याकुल (वि.)।

परेशानी (स्त्री. फा.) व्याकुलता, घबराहट, पीड़ा, Disturbance, uneasiness, pain, व्याकुलता, अशान्तिः, पीडा (स्त्री.)।

परोक्ष (पुं. तस.) अनुपस्थिति, पश्चात्, Absence, afterwards, परोक्षम् (अ.)।

परोपकार (पुं. तस.) दूसरों की भलाई, Favour of others, benevolence, परोपकारः (पुं.)।

परोपकारी (पुं. तस.) परोपकार करने वाला, A benevolent person, a helper, परोपकारी-रिन् (पुं. तस.)।

परोपजीवी (पुं. तस.) दूसरे के आश्रय पर जीने वाला, Depending on others for his livelihood, परोपजीवी-विन् (पुं. तस.)।

परोसना (सकर्म. तभ.) भोजन वितरित करना, To present or distribute food, परिवेशनम् (नपुं.)।

परोसा (पुं. तभ.) बाँटने या सामने रखने का कार्य, The work of distribution, परिवेशः (पुं.)।

परोसिन (स्त्री. तभ.) दे. 'पड़ोसिन'।

परोसी (पुं. तभ.) दे. 'पड़ोसी'।

परौं (अ. तभ.) परसों, The day before yesterday, the day after tomorrow, परह्यः (अ.), परश्वः (अ.)।

पर्जन्य (पुं. तस.) मेघ, बादल, वारिद, A cloud, मेघः, वारिदः, जलदः (पुं.)।

पर्ण (पुं. तस.) पत्ता, पत्र, A leaf, पर्णम्, पत्रम् (नपुं.)।

पर्णकुटी (स्त्री. तस.) पत्तों के छत वाली कुटिया, A cottage thatched with leaves, पर्णकुटी (स्त्री.), पर्णकुटीरम् (नपुं.)।

पर्णकुटीर (पुं. तस.) दे. 'पर्णकुटी – पर्णकुटीरम्, (नपुं.)।

पर्णी (पुं. तस.) पत्तों वाला पेड़, A tree full of leaves, पर्णी-णिन् (पुं.)।

पर्णी (स्त्री. तस.) पत्ती, A small and thin piece of a metal, पर्णी, पत्री (स्त्री.)।

पर्त (स्त्री.) दे. 'परत'।

पर्दा (पुं.) परदा, तिरस्करिणी, जवनिका, Veil, curtain, आच्छादनम्, आवरकम् (नपुं.), तिरस्करिणी, जवनिका (स्त्री.)।

पर्पट (पुं. तस.) बड़ी पपड़ी, पित्तपापड़ा, Crust, hard skin, a medicinal plant, पर्पटः (पुं.)।

पर्पटी (स्त्री. तस.) पपड़ी, Crust, hard skin layer, पर्पटी (स्त्री.)।

पर्यंक, पर्यङ्क (पुं. तस.) पलंग, A bed-stead, पर्यङ्कः (पुं.)।

पर्यटक (पुं. तस.) यात्री, घूमने वाला, A passenger, tourist, पर्यटक (पुं.)।

पर्यटन (पुं. तस.) भ्रमण, घूमना, Journey, tourism, पर्यटनम् (नपुं.)।

पर्यवसान (पुं. तस.) समाप्ति, End, पर्यवसानम् (नपुं.)।

पर्यस्त (वि. तस.) बिखरा हुआ, विकीर्ण, Scattered, पर्यस्त, विपर्यस्त, विकीर्ण (पुं.)।

पर्याकुल (वि. तस.) बहुत व्याकुल, घबराया हुआ, Disturbed, unhappy, पर्याकुल (वि.)।

पर्याण (पुं. तस.) काठी या पलाना, A saddle, पर्याणम् (नपुं.)।

पर्याप्त (वि. तस.) काफी, उचित मात्रा वाला, Sufficient, पर्याप्त (वि.)।

पर्याप्ति (स्त्री. तस.) पर्याप्त मात्रा, Sufficiency, पर्याप्तिः (स्त्री.)।

पर्याय (पुं. तस.) क्रम, समानार्थक शब्द, Gradation, synonym, पर्यायः (नपुं.)।

पर्यालोचना (स्त्री. तस.) नुक्ताचीनी, विवेचन, Criticism, पर्यालोचनम् (नपुं.)।

पर्युत्थान (पुं. तस.) उन्नति, खड़ा होना, Progress, standing up, पर्युत्थानम् (नपुं.)।

पर्युपासक (पुं. तस.) सेवक, नौकर, A servant, an attendant, पर्युपासकः, भृत्यः (पुं.)।

पर्युपासना (स्त्री. तस.) सेवा, नौकरी, Service, attendance, पर्युपासना, सेवा (स्त्री.)।

पर्व (पुं. तस.) त्यौहार, पौरी, A festival, a part upto a knot, पर्व-वन् (नपुं. पर्व, पर्वणी, पर्वाणि)।

पर्वत (पुं. तस.) पहाड़, भूभृत, गिरि, A mountain, पर्वतः, भूभृत्, गिरिः (पुं.)।

पर्वतीय (वि. तस.) पहाड़ से सम्बन्धित, पहाड़ी, Pertaining to a mountain, पर्वतीय (वि.)।

पर्वतेश्वर (पुं. तस.) पहाड़ का राजा, हिमालय, Himalayas, पर्वतेश्वरः (पुं.)।

पर्वसन्धि (स्त्री. तस.) त्यौहारों के मिलने का स्थान, पौरी की गाँठ, A joining, joint of two festivals, a knot between two parts, पर्वसन्धिः (पुं.)।

पर्शुका (स्त्री. तस.) पसली, A rib, पर्शुका (स्त्री.)।

पलंग (पुं. तभ.) दे. 'पर्यङ्क'।

पलंगिया (स्त्री. तभ.) छोटा पलंग, A small bedstead, पर्यङ्किका (स्त्री.)।

पलंढी (स्त्री. देशी) वह किल्ला या खंभा जिससे नौका बाँधी जाती है, The pole to which a boat is fastened, नौबंधनी (स्त्री.)।

पल (पुं. तस.) समय की बहुत छोटी इकाई, सैकण्ड, A second, पलम् (नपुं.)।

पलक (स्त्री. तस.) आँख का परदा, Eye lid, नयनच्छदः (पुं.)।

पलट (स्त्री. देशी) उलट, विपरीतीकरण, समुद्र की लहर का लौटना, भाटा, Turning back, tide, विपरीतीकरणम्, तरंगप्रतिगमनम् (नपुं.)।

पलटन (स्त्री. देशी) सेना, An army, a force, सेना (स्त्री.), सैन्यम् (नपुं.)।

पलटना (सकर्म. तभ.) उलटा करना या होना, To turn back, प्रति+लुट् (भ्वा. पर.) — प्रतिलोठति।

पलटनिया (पुं. देशी) सैनिक, An army man, a soldier, सैनिकः (पुं.)।

पलटा (पुं. तभ.) उलटने का साधन, उलटा होना, An over turner, over turning, परिवर्तकः (पुं.), प्रतिलोठनम्, प्रतिनिवर्तनम् (नपुं.)।

पलटाना (सकर्म. तभ.) दे. 'पलटना'।

पलटाव (पुं. तभ.) उलटाव, Over turning, retreat, प्रतिलोठनम्, प्रतिनिवर्तनम् (नपुं.)।

पलड़ा (पुं. तभ.) पटल, पक्ष, तरफ, तराजू की एक तरफ, Side, one side of balances, पक्षः (पुं.), पटलम्, तुलायाः एका दिशा (स्त्री.)।

पलथी (स्त्री. तभ.) चौकड़ी, बैठने का एक ढंग, A posture of sitting, सुखासनम् (नपुं.)।

पलना (अकर्म. तभ.) पुष्ट होना, To be nourished, पाल् (चुरा.) — पाल्यते (कर्मवा.)।

पलवाना (प्रे. तभ.) पुष्ट करने की प्रेरणा देना, To cause to nourish, पालय् (प्रे.) — पालयति।

पलस्तर (पुं. इं.) लेप, Plaster, लेपः, प्रलेपः (पुं.)।

पलांडु, पलाण्डु (पुं. तस.) प्याज, Onion, पलाण्डुः (पुं.)।

पलान (पुं. तभ.) घोड़े की काठी या पर्याण, A saddle, पर्याणम्।

पलानना (सकर्म. तभ.) काठी या पलाना डालना, To saddle, पर्याणय् (नामधा.) — पर्याणयति।

पलाना (पुं. तभ.) दे. 'पर्याणम्'।

पलाना (अकर्म. तभ.) भाग जाना, To run away, परा+अय्-पलायते।

पलायन (पुं. तस.) भाग जाना, Running away, पलायनम् (नपुं.)।

पलायमान (वि. तस.) भागता हुआ, Running away, पलायमान (वि.)।

पलायित (वि. तस.) भागा हुआ, Run away, पलायित (वि.)।

पलाश (पुं. तस.) ढाक, केसू, पत्ता, A kind of tree which has red flowers like the beak of a parrot, a leaf, पलाशः (पुं. वृक्ष), पलाशम् (नपुं. पत्र)।

पलास (पुं. तभ.) दे. 'पलाश'।

पलित (वि. तस.) सफेद हुआ हुआ, Whitened, पलित (वि.)।

पली (स्त्री. तभ.) तेलादि को निकालने वाली कलछी, A ladle for taking out oil etc. from a big pot, पलिघः (पुं.), पल्लिका, स्नेहनिष्कासनी (स्त्री.)।

पलीता (पुं. फा.) आगे लगाने की बत्ती, A wick to burn fire, दहनवर्त्तिः (स्त्री.)। (वि. फा.) क्रोध से भरा हुआ, Full of rage, क्रोधाविष्ट (वि.)।

पलीद (वि. फा.) मैला-कुचैला, पतित, दुष्ट, Impure, filthy, wicked, mean, मलिन, खल, नीच, पतित (वि.)।

पलुआ (वि. तभ.) पालतू, Domesticated, पालित, गृहवर्धित (वि.)।

पलेथन (पुं. देशी) घूड़ा, आटे का चूरा जो रोटी बनाते समय पेड़े के साथ लगाया जाता है, Some powder of flour, रोटिका-परिस्तरणम् (नपुं.)।

पलेन रन्दा (पुं. देशी) मुलायम करने वाला रंदा, A carpenter's tool for rough planing, त्वक्षिणी (स्त्री.), तक्षिणी (स्त्री.)।

पलोलना (सकर्म. देशी) पैरों पर तेल की मालिश करना, To massage feet, पादयोः तैलं मर्दय् (प्रे.) — मर्दयति।

पलोसना (सकर्म. देशी) धोना, हिलाकर धोना, To rinse, परि+क्षालय्-परिक्षालयति।

पल्लव (पुं. तस.) पत्ता, A leaf, पल्लवम् (नपुं.)।

पल्लवग्राही (वि. तस.) बहुत थोड़ा (ज्ञान), उथला (ज्ञान), Very little (knowledge), पल्लवग्राहि-हिन् (नपुं.)।

पल्लवना (अकर्म. तभ.) बढ़ना, फलना-फूलना, पल्लवित होना, To sprout, to germinate, to make progress, पल्लविती+भू - पल्लवितीभवति।

पल्लवित (वि. तस.) बढ़ा हुआ, फला-फूला हुआ, Flourished, well grown up, पल्लवित (वि.)।

पल्ला (पुं. तभ.) अंचल, कपड़े का सिरा, सहारा, पलड़ा, The end of a garment, help, support, a pan of balances, अञ्चलः (पुं.), तुला-पटलम्।

पल्ली (स्त्री. तस.) छोटा गाँव, झोंपड़ी, A small village, a hut, पल्ली, ग्रामटिका, कुटी (स्त्री.)।

पल्लू (पुं. तभ.) दे. 'पल्ला'।

पल्लेदार (पुं. तभ.) भारवाहक, कुली, अन्न तोलने वाला, A labourer, one who weighs corns, भारवाहकः (पुं.), अन्नतोलकः (पुं.)।

पल्लेदारी (स्त्री. तभ.) भार ढोना और उसकी मजदूरी, Labour and its wages, भारवाहनम् (नपुं.), तद्वेतनं च (नपुं.)।

पवन (पुं. तस.) हवा, वायु, Air, पवनः, वायुः, समीरः (पुं.)।

पवनाशन (पुं. तस.) साँप, नाग, A snake, पवनाशनः, सर्पः, अहिः (पुं.)।

पवनाशी (पुं. तस.) दे. 'पवनाशन' – पवनाशी-शिन् (पुं.)।

पवि (पुं. तस.) वज्र, Thunderbolt, पविः (पुं.), वज्रम् (नपुं.)।

पवित्तर (वि. तभ.) दे. 'पवित्र'।

पवित्र (वि. तस.) शुद्ध, गन्दगी का अभाव, Clean, pious, sacred, पवित्र (वि.)।

पवित्र (पुं. तस.) छन्ना, चलनी, A sieve, पवित्रम् (नपुं.)।

पवित्रता (स्त्री. तस.) शुद्धता, निर्मलता, Purity, piousness, sacredness, पवित्रता (स्त्री.)।

पवित्रात्मा (वि. तस.) शुद्ध अन्तःकरण वाला, Having pure conscious, पवित्रात्मा-मन् (वि.)।

पवित्रित (वि. तस.) शुद्ध-पवित्र किया हुआ, Purified, पवित्रित (वि.)।

पवित्री (स्त्री. तस.) कुशा की अंगूठी, A ring of Kusha-grass, पवित्री (स्त्री.), कुशाङ्गुलीयकम् (नपुं.)।

पविधर (पुं. तस.) इन्द्र का एक उपनाम, An epithet of Indra, पविधरः (पुं.), इन्द्रः (पुं.)।

पशम (स्त्री. फा.) कोमल ऊन, Soft wool, कोमलोर्णा, उत्तमोर्णा (स्त्री.)।

पशमीना (पुं. फा.) पशम से बना हुआ कपड़ा, Cloth made of soft wool, उत्तमोर्ण-वस्त्रम् (नपुं.)।

पशु (पुं. तस.) जानवर, An animal, पशुः (पुं.)।

पशुता (स्त्री. तस.) स्वार्थपूर्ण वृत्ति, पशुओं का-सा स्वभाव, Selfish nature, animal nature, पशुता (स्त्री.)।

पशुत्व (पुं. तस.) दे. 'पशुता' – पशुत्वम् (नपुं.)।

पशुपति (पुं. तस.) शिवजी का एक उपनाम, An epithet of god Shiva, पशुपतिः (पुं.)।

पशुपालक (पुं. तस.) पशुओं को पालने वाला, चरवाहा, One who brings up animals, a herdsman, पशुपालकः।

पश्चात् (अ. तस.) बाद में, पीछे, After, afterwards, पश्चात् (अ.)।

पश्चात्ताप (पुं. तस.) पछतावा, A repentence, पश्चात्तापः (पुं.)।

पश्चानुताप (पुं. तस.) दे. 'पश्चात्ताप' – पश्चानुतापः, पश्चात्तापः (पुं.)।

पश्चिम (वि. तस.) पीछे वाला, बाद का, पश्चिम दिशा का, Afterward, western, पश्चिम (वि.)।

पश्चिमा (स्त्री. तस.) पश्चिम दिशा, West direction, पश्चिमा (स्त्री.)।

पश्चिमी (वि. तस.) पश्चिम का रहने वाला, यूरोपियन, पश्चिम वाला, Western, पश्चिमी-मिन् (वि.)।

पश्चिमोत्तर (वि. तस.) पश्चिम और उत्तर के मध्य की दिशा या कोना, Corner lying between west and north, पश्चिमोत्तर (वि.)।

पश्यतोहर (पुं. तस.) चोर, सुनार, A thief, a goldsmith, पश्यतोहरः (पुं.)।

पसंद (स्त्री. फा.) रुचि, चाह, Liking, रुचिः (स्त्री.)।

पसरना (अकर्म. तभ.) फैलना, फैलते जाना, To be expanded, to be spread, प्र+सृ (भ्वा. पर.) — प्रसरति।

पसराना (सकर्म. तभ.) फैलाना, फैलाते जाना, To expand, to spread, प्रसारय् (प्रे.) — प्रसारयति।

पसली (स्त्री. तभ.) पर्शु, A rib, पर्शुः, पर्शुका (स्त्री.)।

पसाना (सकर्म. तभ.) यहा देना, To decant, to pour off superfluous water, प्र+स्रावय् (प्रे.) — प्रस्रावयति।

पसार (पुं. तभ.) फैलाव, प्रसार, विस्तार, Expanding, extension, प्रसारः (पुं.)।

पसारी (पुं. तभ.) पंसारी, जड़-बूटियों का विक्रेता, The seller of medicinal herbs, ओषध्यादिविक्रेता-तृ (पुं.)।

पसीजना (अकर्म. तभ.) दया से भर जाना, To become sympathetic, to become kind, अनु+ग्रह (क्र्या. उभ.), अनुगृह्णाति, अनुगृह्णीते, अनु+कम्प् (भ्वा. आ.) — अनुकम्पते।

पसीना (पुं. तभ.) प्रस्वेद, Sweat, प्रस्वेदः (पुं.)।

पस्त (वि. फा.) पराजित, परास्त, Defeated, disappointed, परास्त, पराजित (वि.)।

पहुँ (अ. तभ.) पास, समीप, Near, पार्श्वे, समीपे (अ.)।

पहचान (स्त्री. तभ.) परिचय, परिज्ञान, Recognition, acquaintance, परिचयः (पुं.), अभिज्ञानम् (नपुं.)।

पहचानना (सकर्म. तभ.) परिचय करना, जानना, To recognize, to acquaint, परि+ज्ञा (क्र्या. उभ.) — परिजानाति, परिजानीते अभि+ज्ञा-अभिजानाति।

पहनना (सकर्म. तभ.) धारण करना, To wear, परि+धा (जुहो. उभ.) — परिदधाति, धारयति।

पहनाना (सकर्म. तभ.) धारण करवाना, To cause to wear, परिधापय् (प्रे.) — परिधापयति।

पहनावा (पुं. तभ.) परिधान, पहनने का कार्य, Garment, dress, परिधानम् (नपुं.)।

पहर (पुं. तभ.) तीन घंटों का समय, A period of three hours, प्रहरः (पुं.)।

पहरना (सकर्म. तभ.) दे. 'पहनना'।

पहरा (पुं. तभ.) चौकीदारी, पहरेदारी, Watching, work of a watchman, प्रहरिकर्म-मन् (नपुं.), प्रहरणम् (नपुं.)।

पहराना (सकर्म. तभ.) दे. 'पहनाना'।

पहरावा (पुं. तभ.) दे. 'पहनावा'।

पहरी, पहरुआ, पहरु, पहरेदार (पुं. तभ.) दे. 'प्रहरी'।

पहल (स्त्री. तभ.) आरम्भ, शुरू, प्रथमता, Beginning, आरम्भः (पुं.), प्रथमता (स्त्री.)।

पहलवान (पुं.) कुश्ती करने वाला, मल्ल, A wrestler, मल्लः (पुं.)।

पहला (वि. तभ.) प्रथम, आरम्भिक, First, प्रथमः (वि. पुं.), प्रथमः (वि. स्त्री.), प्रथमम् (वि. नपुं.)।

पहले (अ. तभ.) आरम्भ में, शुरू में, At first, प्रथमतः (अ.)।

पहाड़ (पुं. देशी) पर्वत, गिरि, भूभृत्, A mountain, पर्वतः, गिरिः, भूभृत् (पुं.)।

पहाड़ा (पुं. तभ.) संख्याओं की गुणन-तालिका, Multiplication table, प्रस्तारः (पुं.), गुणन-तालिका (स्त्री.)।

पहाड़ी (स्त्री. देशी) छोटा पहाड़, A small mountain, a hill, लघुपर्वतः (पुं.), पर्वतिका (स्त्री.)।

पहाड़ी (वि. देशी) पहाड़ में रहने वाला या उससे सम्बन्धित, Related to a mountain, पर्वतीय (वि.)।

पहिनना, पहिनाना (सकर्म. देशी) दे. 'पहनना, पहनाना'।

पहिया (पुं. तभ.) चक्र, रथांग, A wheel, चक्रम्, रथाङ्गम् (नपुं.)।

पहिला (वि. तभ.) दे. 'पहला' — प्रथमः (वि.)।

पहिले (क्रि. वि. तभ.) दे. 'पहले' — पूर्वम् (क्रि. वि.)।

पहुँच (स्त्री. देशी) प्राप्ति, आगमन, शक्ति, Approach, arrival, strength, प्राप्तिः, शक्तिः (स्त्री.), आगमनम् (नपुं.)।

पहुँचना (अकर्म. देशी) स्थान को प्राप्त होना, To reach, to approach, प्र+आप् (स्वा. उभ.) प्राप्नोति, प्राप्नुते।

पहुँचा (पुं. देशी) कलाई, The wrist, मणिबन्धः (पुं.), प्रकोष्ठः (पुं.)।

पहुँचाना (सकर्म. देशी) प्राप्त कराना, पहुँचा देना, To cause to reach, to cause to approach, प्र+आपय् (प्रे.) — प्रापयति।

पहुँची (स्त्री. देशी) कलाई पर बाँधे जाने वाला एक आभूषण, An ornament for the wrist, मणिबन्धकरकः, वलयः (पुं.)।

पहुना (पुं. तभ.) अभ्यागत, अतिथि, A guest, प्राघुणिकः, अभ्यागतः, अतिथिः (पुं.)।

पहुनाई (स्त्री. तभ.) अतिथि-सेवा, Entertainment, hospitality, प्राघुणिकत्वम् (नपुं.), अतिथिसेवा (स्त्री.)।

पहुप (पुं. तभ.) पुष्प, फूल, A flower, पुष्पम्, कुसुमम्, प्रसूनम् (नपुं.)।

पहेली (स्त्री. तभ.) समस्या, प्रहेलिका, A puzzle, a riddle, प्रहेलिका (स्त्री.)।

पाँ, पाँई, पाँऊँ (पुं. तभ.) पाँव, पाद, चरण, Foot, पादः, चरणः (पुं.)।

पाँख (पुं. तभ.) पंख, पक्ष, डैना, A wing, पक्षः (पुं.), डयनम् (नपुं.)।

पाँखड़ (स्त्री. तभ.) दे. 'पंखुड़ी'।

पाँखी (पुं. तभ.) पंछी, पक्षी, विहग, खग, A bird, पक्षी, विहगः, खगः (पुं.)।

पाँच (वि. तभ.) चार और एक, Five, पञ्च (वि.)।

पाँचवाँ (वि. तभ. पुं.) पञ्चम, Fifth, पञ्चमः (वि. पुं.)।

पांचजन्य, पाञ्चजन्य (पुं. तस.) श्रीकृष्ण के शंख का नाम, The name of the conch of Lord Krishna, पाञ्चजन्यः (पुं.)।

पांचभौतिक, पाञ्चभौतिक (वि. तस.) पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश- इन पाँच तत्त्वों से बना हुआ या सम्बन्धित, Made of or pertaining to the five basic elements, पाञ्चभौतिक (वि.)।

पांचाल, पाञ्चाल (पुं. तस.) पंचाल देश से सम्बन्धित या वहाँ उत्पन्न, Pertaining to Panchala or born there, पाञ्चाल (वि.)।

पांचाली, पाञ्चाली (स्त्री. तस.) द्रौपदी का एक उपनाम, An epithet of Draupadi, पाञ्चाली, द्रौपदी (स्त्री.)।

पांचै (स्त्री. तभ.) चान्द्रमास की पाँचवी तिथि, The fifth day of any half of a lunar month, पञ्चमी तिथिः (स्त्री.)।

पांजना (सकर्म. देशी) एक वस्तु का टुकड़ा दूसरे पर जोड़ना, To set one piece of a thing to another, युज् (रुधा.) — योजय् (प्रे.) — योजयते।

पांजर (पुं. तभ.) पञ्जर, हड्डियों का ढांचा, A cage, a skeleton, पञ्जरम् (नपुं.), अस्थिपञ्जरम् (नपुं.)।

पांडव, पाण्डव (पुं. तस.) पाण्डु के पाँच पुत्र - युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव, Five sons of Pandu, पाण्डवाः (पुं. बहु.)।

पांडु, पाण्डु (पुं. तस.) पाण्डवों के पिता का नाम, पीलिया रोग, Name of Pandava's father, Jaundice disease, (वि. तस.) पीला, yellow, पाण्डुः (पुं.), पाण्डु (वि.)।

पांडुता, पाण्डुता (स्त्री. तस.) कुछ पीलापन, Yellowishness, पाण्डुता (स्त्री.)।

पांडुर, पाण्डुर (वि. तस.) सफेद, White, पाण्डुर (वि.)।

पांडुलिपि, पाण्डुलिपि (स्त्री. तस.) कच्चा लेख, पाण्डुलेख, शोधनीयलेख, A draft of a letter or something, पाण्डुलेखः, शोधनीयलेखः (पुं.)।

पांडेय, पाण्डेय (पुं. तस.) ब्राह्मणों की एक उपजाति, A sub-caste of Brāhmaṇas, पाण्डेयः (पुं.)।

पाँति (स्त्री. तभ.) पंक्ति, कतार, Row, range, line, पङ्क्तिः, लेखा, राजिः (स्त्री.)।

पांथ, पान्थ (पुं. तस.) यात्री, मुसाफिर, A traveller, पान्थः, पथिकः (पुं.)।

पांय (पुं. तभ.) दे. 'पाँव'।

पाँव (पुं. तभ.) पैर, पाद, चरण, A foot, पादः, चरणः (पुं.)।

पाँवड़ा (पुं. तभ.) पैरों से चलने के लिए बिछाया गया आसन, A piece of cloth stretched for an eminent person to tread on, पादचारास्तरणम् (नपुं.)।

पाँवड़ी (स्त्री. तभ.) पादुका, खड़ाऊँ, Sandals, पादुके (स्त्री. द्विव.)।

पाँवर (वि. तभ.) दे. 'पामर'।

पांशु (स्त्री. तस.) पांसु, धूली, Dust, पांशुः, पांसुः (पुं.), धूलिः (स्त्री.), रजस् (नपुं.)।

पांशुल (वि. तस.) पांसुल, धूलि से भरा हुआ, धूलिधूसरित, Full of dust, पांशुल, पांसुल (वि.)।

पाँस (पुं. देशी) खाद, Manure, उर्वरकम् (नपुं.)।

पाँसना (सकर्म. देशी) खेत में खाद डालना, To manure a field, उर्वरकी-कृ-उर्वरकीकरोति।

पाँसा (पुं. तभ.) जुए का पासा, अक्ष, A dice, अक्षः (पुं.)।

पाँसी (स्त्री. तभ.) घासफूस बाँधने का जाल, A net for packing straw, घासबन्धकः, पाशः (पुं.)।

पांसुकृत (वि. तस.) धूल बनाया हुआ, Turned into a dust, पांसुकृत (वि.)।

पाँसुर (वि. तस.) दे. 'पांशुल'।

पांसुरी (स्त्री. तभ.) दे. 'पर्शु' या 'पर्शुका' - पसली।

पाँहीं (क्रि. वि. देशी) पास ही, निकट ही, Near, समीपे, पार्श्वे, निकटे (क्रि. वि.)।

पाइल, पायल (स्त्री. तभ.) पायजेब, पाँव का आभूषण, An ornament of feet, नूपुरम् (नपुं.)।

पाई (पुं. तभ.) पाँव, पैर, चरण, A foot, पादः, चरणः (पुं.)।

(क्रि. वि. तभ.) प्राप्त करके, After obtaining, प्राप्य, लब्ध्वा।

पाक (पुं. तस.) पकाने का कार्य, Cooking, पाकः (पुं.)।

पाक (वि. फा.) पवित्र, Pure, पवित्र (वि.)।

पाकट (वि. तभ.) परिपक्व, अनुभवी, दृढ़, Ripe, experienced, strong, परिपक्व, दृढ़, अनुभवी-विन् (वि.)।

पाकदामन (वि. फा.) शुद्ध चरित्र वाला, सच्चरित्र, Virtuous, of good character, सुचरित्र (वि.)।

पाकपात्र (पुं. तस.) पकाने का बर्तन, A cooker, पाकपात्रम् (नपुं.)।

पाकयज्ञ (पुं. तस.) खीर बना कर देवों को समर्पित करना, A sacrifice for gods in which a dish prepared of milk and rice is presented, पाकयज्ञः (पुं.)।

पाकशाला (स्त्री. तस.) रसोई, A kitchen, पाकशाला, रसवती (स्त्री.)।

पाकशासन (पुं. तस.) इन्द्र का एक उपनाम, An epithet of Indra, पाकशासनः (पुं.)।

पाका (वि. तभ.) पक्का, पक्व, Ripe, पक्व (वि.)।

पाकागार (पुं. तस.) दे. 'पाकशाला'।

पाकी (स्त्री. फा.) सफाई, स्वच्छता, निर्मलता, Cleanliness, purity, स्वच्छता, निर्मलता (स्त्री.)।

पाकिट (स्त्री. इं.) जेब, A pocket, वस्त्रकोशः (पुं.)।

पाक्य (वि. तभ.) सुपाच्य, पचने योग्य, Digestible, सुपाच्य (वि.)।

पाक्षिक (वि. तस.) पन्द्रह दिनों में होने वाला, किसी एक तरफ से सम्बन्धित, Fortnightly, pertaining to one side, पाक्षिक (वि.)।

पाखंड, पाखण्ड (पुं. तभ.) ढोंग, दिखावा, Hypocrisy, wickedness, pretension, पाषण्डः-डम् (पुं., नपुं.)।

पाखंडी, पाखण्डी (वि. तभ.) ढोंगी, दिखावा करने वाला, धूर्त, Hypocrite, imposter, pretender, पाषण्डी-ण्डिन् (वि.)।

पाख (पुं. तभ.) पक्ष, पंख, पन्द्रह दिन का समय, A wing, fortnight, पक्षः (पुं.)।

पाखर (पुं. देशी) घोड़े अथवा हाथी का लोह-कवच, An iron armour for a horse or an elephant, प्रक्षरः, अश्वसन्नाहः, गजसन्नाहः (पुं.)।

पाखा (पुं. तभ.) दे. 'पाख'।

पाखान (पुं. तभ.) दे. 'पाषाण' – पाषाणः (पुं.)।

पाखाना (पुं. फा.) मल, पुरीष, विष्ठा, Latrine, मलम्, पुरीषम् (नपुं.), विष्ठा (स्त्री.)।

पाग (स्त्री. देशी) पगड़ी, A turban, उष्णीषम् (नपुं.)।

पागल (वि. देशी) उन्मत्त, विक्षिप्त, Mad, insane, उन्मत्त, विक्षिप्त (वि.)।

पागलखाना (पुं. देशी) पागलों को रखने का स्थान, A mad house, a lunatic asylum, उन्मत्तागारम् (नपुं.)।

पागलपन (पुं. देशी) उन्माद, विक्षेप, Insanity, madness, उन्मादः, विक्षेपः (पुं.)।

पागुर (पुं. देशी) जुगाली, रोमन्थ, Rumination, the act of chewing the cud, रोमन्थः (पुं.)।

पाचक (पुं. तस.) रसोइया, A cook, पाचकः, सूदः (पुं.)।

पाचक (वि. तस.) पचाने वाला, Digestive, aiding digestion, पाचक (वि.)।

पाचन (पुं. तस.) पकाने का कार्य, पचाने का कार्य, Cooking, digesting, पाचनम् (नपुं.)।

पाचिका (स्त्री. तस.) रसोई का काम करने वाली, पचाने वाली (दवाई), A lady cook, a medicine for digestion, पचिका (स्त्री.)।

पाच्य (वि. तस.) पकाने योग्य, पचाने योग्य, Fit to be cooked or digested, पाच्य (वि.)।

पाछना (सकर्म. देशी) इंजेक्शन लगाना, पेड़ की छाल छीलना, To inoculate, to peel the bark of a tree, औषधम् नि+वेशय् (प्रे.) — निवेशयति, त्वचम् ईषत्+छिद् (रुधा. उभ.) — ईषच्छिनत्ति।

पाछा (पुं. तभ.) दे. 'पीछा'।

पाछे (क्रि. वि. तभ.) दे. 'पीछे'।

पाजामा (पुं. फा.) टाँगें ढकने का सिला हुआ वस्त्र, Trousers, पादायामः (पुं.)।

पाजी (वि. देशी) दुष्ट, नीच, अधम, तुच्छ, Base, mean, vile, wicked, दुष्ट, दुर्वृत्त, खल, नीच (वि.)।

पाजेब (स्त्री. फा.) दे. 'पायजेब' — नूपुरः-रम् (पुं., नपुं.)।

पाट (पुं. तभ.) रेशम, विस्तार, विशालता, सिंहासन, शिला, नदी की द्रोणी, Silk, breadth, a throne, a slab of rock, valley, पट्टः (पुं.), पट्टम् (नपुं.)।

पाटच्चर (पुं. तस.) चोर, A thief, चौरः, स्तेनः (पुं.)।

पाटन (पुं. तभ.) छत, शिलाएँ, A roof, छदिः, शिला (स्त्री.)।

पाटना (सकर्म. तभ.) निम्नस्थान को भरना, To cover a ditch, प्र+पूरय्-प्रपूरयति।

पाटल (वि. तस.) गुलाबी रंग वाला, Rose coloured, पाटल (वि.)।

(पुं. तस.) गुलाबी रंग, The rose colour, श्वेतरक्तवर्णः, श्वेतरक्तरङ्गः (पुं.)।

पाटलिपुत्र (पुं. तस.) पटना का पुराना नाम, The old name of Patna, पाटलिपुत्रम् (नपुं.)।

पाटव (पुं. तस.) चातुर्य, पटुता, होशियारी, दक्षता, Cleverness, dexterity, efficiency, पाटवम्, चातुर्यम् (नपुं.) पटुता, निपुणता (स्त्री.)।

पाटा (पुं. तभ.) शिला, पटड़ा, A big slab of stone or wood, पट्टः-ट्टम् (पुं., नपुं.)।

पाटित (पुं. तस.) भरा गया, छत डाला गया, Filled up, roofed, पाटित, पूरित, आच्छादित (वि.)।

पाटी (स्त्री. तस.) अनुक्रम, सिलसिला, ढंग, Series, way, method, अनुक्रमः, विधिः, मार्गः (पुं.), पाटी (स्त्री.)।

पाठ (पुं. तस.) पढ़ा जाने वाला अंश, A lesson, पाठः (पुं.)।

पाठक (पुं. तस.) पढ़ने अथवा पढ़ाने वाला, A reader, a student, a teacher, पाठकः (पुं.)।

पाठन (पुं. तस.) पढ़ाना, Teaching, पाठनम् (नपुं.)।

पाठशाला (स्त्री. तस.) विद्यालय, स्कूल, A school, पाठशाला (स्त्री.), विद्यालयः (पुं.)।

पाठालय (पुं. तस.) दे. 'विद्यालय' या 'पाठशाला' — पाठालयः (पुं.)।

पाठार्थी (पुं. तस.) विद्यार्थी, A student, पाठार्थी-थिन् (पुं.)।

पाठिका (स्त्री. तस.) पढ़ने या पढ़ाने वाली, A female reader - student or teacher, पाठिका (स्त्री.)।

पाठित (वि. तस.) पढ़ाया हुआ, Taught, पाठित (वि.)।

पाठी (पुं. तस.) दे. 'पाठक' — पाठी-ठिन् (पुं.)।

पाठ्य (वि. तस.) पढ़ाने योग्य, पढ़ने योग्य, Fit to be taught or read, पाठ्य (वि.)।

पाठ्यपुस्तक (पुं. तस.) कक्षा में निर्धारित पुस्तक, A textbook, पाठ्यपुस्तकम् (नपुं.)।

पाड़ा (पुं. तभ.) नगर, गाँव या उपनगर का हिस्सा, A part of a city, town or village, पाटकः (पुं.)।

पाढ़ (पुं. तभ.) बैठने का पटरा, A plank to sit on, पट्टः-ट्टम् (पुं., नपुं.), काष्ठपीठम् (नपुं.)।

पाढ़ा (पुं. देशी) चीतल, एक चितकबरा हिरण, A spotted deer, कर्बुरहरिणः (पुं.), चित्रलः (पुं.)।

पाणि (पुं. तस.) हाथ, A hand, पाणिः, हस्तः, करः (पुं.)।

पाणिक (पुं. तस.) व्यापारी, A trader, a merchant, पाणिकः, वणिक्-ज्, व्यापारी-रिन् (पुं.)।

पाणिग्रहण (पुं. तस.) विवाह, A marriage, पाणिग्रहणम् (नपुं.), विवाहः (पुं.)।

पाणिघात (पुं. तस.) ताली पीटने का कार्य, थप्पड़ लगाने का कार्य, Striking with hands, a slap with hand, पाणिघातः (पुं.)।

पाणिनि (पुं. तस.) संस्कृत-व्याकरण की प्रसिद्ध पुस्तक 'अष्टाध्यायी' के रचयिता, The author of Aṣṭādhyāyī, the famous book of Sanskrit grammar, पाणिनिः (पुं.)।

पाणिनीय (वि. तस.) पाणिनि मुनि से सम्बन्धित, Pertaining to Panini, पाणिनीय (वि.)।

पातंजल, पातञ्जल (वि. तस.) पतञ्जलि मुनि द्वारा रचित या सम्बन्धित, Pertaining to Patanjali Muni or written by him, पातञ्जल (वि.)।

पात (पुं. तस.) पतन, गिरावट, A fall, decreasing, पातः (पुं.)।

पात (पुं. तभ.) पत्र, पत्ता, चिट्ठी, A leaf, a letter, पत्रम्, लेखपत्रम् (नपुं.)।

पातक (पुं. तस.) पाप, A sin, पापम्, अघम् (नपुं.)।

पातकी (पुं. तस.) पापी, A sinner, पापी-पिन्, पातकी-किन् (पुं.)।

पातन (पुं. तस.) गिराने का कार्य, Work of falling, पातनम् (नपुं.)।

पातन (पुं. तभ.) पत्ते, Leaves, पत्राणि (नपुं. बहु.)।

पातर, पातल (स्त्री. तभ.) पत्तल, A plate made of leaves, पत्रस्थालम् (नपुं.)।

पातव्य (वि. तस.) पीने योग्य, रक्षा करने योग्य, Fit to drink, deserving protection, पातव्य (वि.)।

पातशाह (पुं. देशी) दे. 'बादशाह' — नृपः, भूपतिः (पुं.)।

पातशाही (स्त्री. देशी) राज्य, शासन, हकूमत, Kingdom, government, राज्यम्, शासनम् (नपुं.)।

पातार (पुं. तभ.), पाताल (पुं. तस.) नीचे का लोक, नागलोक, The lower part of the earth, पातालः, अधोलोकः (पुं.)।

पाति (स्त्री. तभ.) चिट्ठी, A letter, पत्रम् (नपुं.)।

पातिव्रत, पातिव्रत्य (पुं. तस.) पतिव्रता का धर्म, Faithfulness to her husband, पातिव्रतम्, पातिव्रत्यम् (नपुं.)।

पाती (स्त्री. तभ.) चिट्ठी, छोटा पत्ता, मान, A letter, a small leaf, respect, लेखपत्रम्, लघुपत्रम् (नपुं.), मानः (पुं.)।

पात्र (पुं. तस.) बर्तन, रक्षक, A pot, a protector, पात्रम् (नपुं.)।

(वि. तस.) योग्य, Deserving, पात्र।

पात्रता (स्त्री. तस.) योग्यता, सामर्थ्य, Fitness, capacity, deserving, पात्रता (स्त्री.)।

पात्रत्व (पुं. तस.) दे. 'पात्रता' — पात्रत्वम् (नपुं.)।

पात्री (स्त्री. तस.) एक छोटा वर्तन, A small pot, पात्री (स्त्री.), पात्रिका (स्त्री.)।

पाथ (पुं. तस.) पानी, जल, Water, पाथः-स् (नपुं.-पाथः, पाथसी, पाथांसि)।

पाथ (पुं. तभ.) पन्था, रास्ता, पथ, The way, passage, पन्थाः, मार्गः (पुं.)।

पाथना (सकर्म. तभ.) जमाना, स्थापित करना, To attach with, to adhere, स्था (भ्वा.) थापय् (प्रे.) — स्थापयति।

पाथर (पुं. तभ.) पत्थर, प्रस्तर, A stone, प्रस्तरः, पाषाणः उपलः (पुं.)।

पाथी (स्त्री. तभ.) गोबर का उपला, A dung cake, करीषः-षम् (पुं., नपुं.)।

पाथेय (पुं. तस.) मार्ग में खाने योग्य आहार, Food taken for a journey, पाथेयम् (नपुं.)।

पाथोज (पुं. तस.) कमल, जलज, जलजात, A lotus, पाथोजम्, जलजम्, कमलम् (नपुं.)।

पाथोद (पुं. तस.) बादल, जलद, वारिद, जलधर, A cloud, पाथोदः, जलदः, वारिदः, जलधरः, मेघः (पुं.)।

पाथोधि (पुं. तस.) सागर, जलधि, वारिधि, नीरनिधि, A sea, an ocean, पाथोधिः, जलधिः वारिधिः, नीरधिः, नीरनिधिः, सागरः (पुं.)।

पाद (पुं. तस.) पाँव, चौथा भाग, कविता का एक चरण, A foot, fourth part, one line of a stanza, पादः (पुं.)।

पादचारी (पुं. तस.) पदाति, पैदल चलने वाला, A pedestrian, पदातिः, पादचारी-रिन् (पुं.)।

पादजल (पुं. तस.) पैर धोने के लिए लाया गया पानी, Water brought for washing feet, पादजलम्, पाद्यम् (नपुं.)।

पादड़ी (पुं. पुर्त.) ईसायत का पुरोहित या गुरु, A Padri, priest of Christians, क्राइस्टीयानाम् पुरोहितः गुरुः वा।

पादत्र, पादत्राण (पुं. तस.) जूता, A shoe, पादत्रम्, पादत्राणम् (नपुं.), उपानत्-ह् (स्त्री.)।

पादना (अकर्म. तभ.) अपान वायु निकालना, To expel wind from anus, पर्द् (भ्वा. आ.) — पर्दते।

पादप (पुं. तस.) वृक्ष, तरु, A tree, पादपः, वृक्षः, तरुः, द्रुमः (पुं.)।

पादपीठ (पुं. तस.) बैठने की चौकी, A stool to sit on, पादपीठम्, पादासनम् (नपुं.)।

पादरी (पुं. पुर्त.) दे. 'पादड़ी'।

पादशाखा (स्त्री. तस.) पैरों की उंगलियाँ, Toes of foot, पादशाखाः, पादाङ्गुलयः (स्त्री. बहु.)।

पादशोथ (पुं. तस.) पैरों में सूजन, Inflammation of feet, पादशोथः (पुं.)।

पादाक्रांत, पादाक्रान्त (वि. तस.) पैरों से कुचला हुआ, पराधीन किया हुआ, Trodden by feet, conquered, पादाक्रान्त, विजित (वि.)।

पादाघात (पुं. तस.) पैर का प्रहार, Kicking with a foot, पादाघातः (पुं.)।

पादुका (स्त्री. तस.) लकड़ी की खड़ाऊँ, Wooden sandals, पादुका (स्त्री.), पादुके (स्त्री. द्वि.)।

पादोदक (पुं. तस.) दे. 'पादजल' — पादोदकम् (नपुं.)।

पादोदर (पुं. तस.) साँप, सर्प, अहि, भुजग, A snake, पादोदरः, सर्पः, भुजगः, अहिः (पुं.)।

पाद्य (पुं. तस.) दे. 'पादजल' – पाद्यम् (नपुं.)।

पाधा (पुं. तभ.) उपाध्याय, शिक्षक, गुरु, A teacher, a learned man, उपाध्यायः, शिक्षकः, गुरुः (पुं.)।

पान (पुं. तस.) पीना, Drinking, पानम् (नपुं.)।

पान (पुं. तभ.) पान का पत्ता, A betel leaf, ताम्बूलपर्णम्, ताम्बूलम् (नपुं.)।

पानगोष्ठी (स्त्री. तस.) मद्यपान की मंडली, A band of drunkards, पानगोष्ठी (स्त्री.)।

पानदान (पुं. देशी) पान के पत्ते रखने का पात्र, A box of betel leaves, पर्णाधानम्, ताम्बूलपात्रम् (नपुं.)।

पानस (पुं. तस.) कटहल से तैयार की गई शराब, A spirituous liquor prepared from jack fruit, पनसमदिरा (स्त्री.), पानसम् (नपुं.)।

पाना (सकर्म. तभ.) प्राप्त करना, To obtain, to get, प्र+आप् (स्वा. उभ.), प्राप्नोति, लभते।

पानी (पुं. तस.) पानीय, जल, कांति, इज्जत, Water, lustre, respect, पानीयम्, जलम् वारि, पयः-स्, अम्भः-स् (नपुं.), कान्तिः, शोभा (स्त्री.), मानः (पुं.)।

पानीदार (वि. देशी) कान्ति वाला, चमकीला, Lustrous, shining, कान्तिमय, उज्ज्वल (वि.)।

पानीदेवा (पुं. तभ.) पानी देने वाला, उत्तराधिकारी, A successor, a son, पिण्डकः, तर्पकः, उत्तराधिकारी-रिन्, पुत्रः (पुं.)।

पानीय (पुं. तस.) पानी, जल, Water, पानीयम् (नपुं.)।

(वि. तस.) पीने योग्य, देय, Worth drinking, पानीय, पेय।

पाप (पुं. तस.) बुराई, बुरा कर्म, अधर्म, A sin, bad work, पापम्, अघम्, पातकम्, किल्विषम् (नपुं.)।

पापड़ (पुं. तभ.) पर्पट, A thin crisp cake made of pulses and other things, पर्पटः (पुं.)।

पापड़ा (पुं. तभ.) एक कड़वी बूटी, पित्त पापड़ा, A bitter medicinal herb, पर्पटः, पित्तपर्पटः (पुं.)।

पापबुद्धि (वि. तस.) बुरी बातों को सोचने वाला, One who thinks to trouble others, पापबुद्धि (वि.)।

(स्त्री. तस.) पापी बुद्धि, Sinful thinking, पापबुद्धिः (स्त्री.)।

पापमय (वि. तस.) पापी, पापाचारी, Sinful, पापमय, पापचारी-रिन् (वि.)।

पापशील (वि. तस.) पाप करने के स्वभाव वाला, One who is addicted to do wrong things, पापशील (वि.)।

पापात्मा (वि. तस.) पापी है आत्मा जिसकी, Having sinful soul, पापात्मा-मन् (वि.)।

पापाशय (पुं. तस.) पाप-पूर्ण विचारों वाला, Thinker of sins, wicked, पापाशयः (पुं.)।

पापी (वि. तस.) पापाचारी, पाप करने वाला, Sinful, पापी-पिन् (वि.)।

पाबंद (वि. फा.) नियम का पक्का, Strict to his principles, नियमबद्ध (वि.)।

पाबंदी (स्त्री. फा.) बन्धन, Restriction, restraint, बन्धनम् (नपुं.), नियन्त्रणम् (नपुं.), नियन्त्रणा (स्त्री.)।

पामघ्न (पुं. तस.) खुजली को नष्ट करने वाली दवाई, पामारि, गन्धक, Sulphur, पामघ्नः, पामारिः, गन्धकः (पुं.)।

पामर (वि. तस.) दुष्ट, दुराचारी, Wicked, sinful, खलः, दुष्टः, दुराचारी-रिन् (पुं.)।

पामा (पुं. तस.) खुजली, खर्जूः, Itch, पामा-मन् (पुं.)।

पाँय (पुं. तभ.) दे. 'पाँव' — पादः (पुं.)।

पाय (क्रि. वि. तभ.) प्राप्त करके, After obtaining, प्राप्य, लब्ध्वा (क्रि. वि.)।

पायजामा (पुं. फा.) पाजामा, Trousers, पादायामः (पुं.)।

पायजेब (स्त्री. फा.) दे.'पाजेब' — नूपुरः-रम् (पुं., नपुं.)।

पायदान (पुं. फा.) पैरों को पोंछकर अन्दर जाने का बिछौना, A sack cloth to clean feet, पादास्तरणम् (नपुं.)।

पायदार (वि. फा.) चलने वाला, स्थायी, Lasting, strong, permanent, चिर-स्थायी-यिन्, दृढ (वि.)।

पायल (स्त्री. देशी) दे. 'पाजेब'।

पायस (पुं. तस.) दूध से बना भोजन, खीर, A dish of milk and rice, पायसम् (नपुं.)।

पारंगत, पारङ्गत (वि. तस.) पार गया हुआ, बहुत निपुण, सिद्ध, Conversant, well-versed, well learned, पारङ्गत (वि.)।

पारंपर्य, पारम्पर्य (पुं. तस.) परम्परा, क्रम सिलसिला, Tradition, heredity, succession, पारम्पर्यम् (नपुं.), परम्परा (स्त्री.)।

पार (पुं. तस.) परला तट, उल्टी तरफ, सीमा, अन्त, Opposite side, across, limit, end, पारः (पुं.), पारम् (नपुं.)।

पारखी (पुं. तभ.) परीक्षक, परख करने वाला, Examiner, an observer, परीक्षकः (पुं.)।

पारग (वि. तस.) पारगामी, अन्त तक पहुँचने वाला, बहुत विद्वान्, One who crosses over, one who knows well, conversant, पारङ्गत (वि.)।

पारण (पुं. तस.) पार जाना, पूर्ण करना, व्रत के बाद किया गया भोजन, Crossing, completing, the food taken after a fast, पारणम् (नपुं.)।

पारतंत्र्य, पारतन्त्र्य (पुं. तस.) दे.'पर-तन्त्रता' — पारतन्त्र्यम् (नपुं.)।

पारद (पुं. तस.) पारा, Mercury, पारदः (पुं.)।

पारदर्शक (वि. तस.) जिसके पार देखा जा सकता है, Transparent, पारदर्शक (वि.)।

पारदर्शी (वि. तस.) दे. 'पारदर्शक' — पारदर्शी-शिन् (वि.)।

पारमार्थिक (वि. तस.) परमार्थ से सम्बन्धित, आध्यात्मिक जीवन से सम्बन्धित, Related to the spiritual life, पारमार्थिक (वि.)।

पारम्परीण (वि. तस.) परम्परा से आया हुआ, Traditional, successive, पारम्परीण (वि.)।

पारयिष्णु (वि. तस.) पार लगाने वाला, कल्याणकारी, One who helps to cross over, benevolent, पारयिष्णु (वि.)।

पारलौकिक (वि. तस.) परलोक से सम्बन्धित, Pertaining to the next life, पारलौकिक (वि.)।

पारस (पुं. तभ.) स्पर्शमणि, वह कल्पित मणि जिसके छूने से लोहा सोना बन जाता है। An imagined touch-stone which turns iron into gold, स्पर्शमणिः (पुं.)।

पारस (पुं. तभ.) फारस का सांस्कृतिक नाम, Persia, पारसः (पुं.)।

पारसी (पुं. तभ.) फारस से आई हुई अग्नि-पूजक एक जाति, A caste who came from Persia and worships fire, पारसीकः (पुं.)।

पारसीक (पुं. तस.) दे. 'पारसी'।

पारस्कर (पुं. तस.) एक ऋषि का नाम जिसने पारस्करगृह्यसूत्रम् लिखा, A sage who wrote Pāraskara Gṛhyasūtram, पारस्करः (पुं.)।

पारस्परिक (वि. तस.) आपस का, Mutual, पारस्परिक (वि.)।

पारा (पुं. तभ.) दे. 'पारद'।

पारायण (वि. तस.) समाप्ति पर्यन्त, Upto the end, पारायण (वि.)।

पारावत (पुं. तस.) कबूतर, कपोत, A pigeon, पारावतः, कपोतः (पुं.)।

पारावार (पुं. तस.) सीमा, हद, मर्यादा, आरम्भ और अन्त, Limit, beginning and end, पारावारः (पुं.)।

पाराशर (पुं. तस.) पराशर का पुत्र, महर्षि वेदव्यास, The sage Veda Vyāsa, पाराशरः (पुं.)।

पारिजात (पुं. तस.) कल्पवृक्ष, A heavenly tree, पारिजातः (पुं.)।

पारितोषिक (पुं. तस.) इनाम, Prize, award, पारितोषिकम् (नपुं.)।

पारिपार्श्विक (पुं. तस.) नाटकों में सूत्रधार के पास रहने वाला साथी, पास रहने वाला, नौकर, A helper of the main actor in a drama, a servant, पारिपार्श्विकः (पुं.)।

पारिवारिक (वि. तस.) परिवार से सम्बन्धित, Pertaining to the family, पारिवारिक (वि.)

पारिभाषिक (वि. तस.) लाक्षणिक, परिभाषा या लक्षण से सम्बन्धित, विशेष शब्द, Pertaining to one's definition, a special word, पारिभाषिक (वि.)।

पारिश्रमिक (पुं. तस.) मजदूरी, वेतन, Remuneration of the work, wages, पारिश्रमिकम् (नपुं.)।

पारिषद्य (पुं. तस.) सभा में बैठा हुआ, Sitting in an assembly, पारिषद्यः (पुं.)।

पारी (स्त्री. तस.) बारी, A turn, पारी (स्त्री.), वारः, क्रमः (पुं.)।

पारुष्य (पुं. तस.) कठोरता, परुषता, क्रूरता, Mercilessness, cruelty, hard heartedness कठोरता, परुषता, क्रूरता (नपुं), पारुष्यम्, क्रौर्यम् (नपुं.)

पार्थ (पुं. तस.) कौन्तेय, कुन्ती का पुत्र - युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन में से कोई भी, पृथा का पुत्र, Any son of Pṛthā or Kuntī, पार्थः, कौन्तेयः।

पार्थक्य (पुं. तस.) पृथक्त्व, अलगाव, Separation, difference, पार्थक्यम् पृथक्त्वम् (नपुं.)।

पार्थसारथि (पुं. तस.) श्रीकृष्ण का एक उपनाम, An epithet of Sh. Krishna, पार्थसारथिः (पुं.)।

पार्थिव (वि. तस.) पृथ्वी से या मिट्टी से बना हुआ, Made of clay or earth, पार्थिव (वि.)।

पार्थिव (पुं. तस.) राजा, भूपति, पृथिवीपति, A king, पार्थिवः, नृपः (पुं.)।

पार्वती (स्त्री. तस.) हिमालय की पुत्री, गौरी, The daughter of Himalaya, पार्वती, गौरी (स्त्री.)।

पार्श्व (पुं. तस.) तरफ, पासा, पास, A side, near, पार्श्वम् (नपुं.)।

पार्श्वंग (वि. तस.) नौकर, सेवक, An attendant, पार्श्वंगः, भृत्यः, सेवकः (पुं.)।

पालित्य (पुं. तस.) बालों का सफेद हो जाना, बुढ़ापा, Whitening of hair, old age, पालित्यम्, वार्धक्यम् (नपुं.)।

पार्लियामेंट (स्त्री. इं.) संसद्, लोकसभा और राज्यसभा का मिश्रित रूप, Parliament, संसद् (स्त्री.)।

पार्सल (पुं. इं.) बन्धा हुआ डाक का बण्डल, पोट, Parcel, प्रेष्यपोटः (पुं.), पार्सलः (पुं.)।

पालक (पुं. तस.) पालने वाला, One who brings up, पालक (वि.)।

पालक (पुं. तभ.) पत्तों वाली एक सब्जी, A kind of spinach, पालङ्कः (पुं.), पालङ्की (स्त्री.)।

पालकी (स्त्री. तभ.) शिविका, पल्यङ्की, A palanquin, शिविका, पल्यङ्की (स्त्री.)।

पालतू (वि. तभ.) पाला हुआ, पालित, Nourished, fostered, पालित (वि.)।

पालथी (स्त्री. देशी) दे. 'पलथी'।

पालन (पुं. तस.) पालने का कार्य, Nourishing, पालनम् (नपुं.)।

पालना (सकर्म. तभ.) तगड़ा करना, पुष्ट करना, To nourish, पालय् - पालयति (पुं.)।

पाला (पुं. देशी) कुहरा, धुंध, हिम, Frost, snow, ice, प्रालेयम् (नपुं.), तुषारः, नीहारः (पुं.)।

पाला (पुं. देशी) व्यवहार, केन्द्रीय स्थान, Business, behaviour, central place व्यवहारः, सम्बन्धः (पुं.), केन्द्रीयस्थानम् (नपुं.)।

पालागन (पुं. तभ.) चरणों पर प्रणाम करना, To salute on the feet, पादप्रणतिः (स्त्री.), पादप्रणामः (पुं.)।

पालि (स्त्री. तस.) पंक्ति, कतार, A line, a range, पालिः (स्त्री.)।

पालिका (स्त्री. तस.) पालने वाली, A woman who protects and nourishes, पालिका (स्त्री.)।

पालित (वि. तस.) पाला हुआ, Nourished, fostered, पालित (वि.)।

पालिनी (स्त्री. तस.) दे. 'पालिका'।

पालिश (स्त्री. इं.) चमकाने वाली वस्तु, Polish, प्रमार्जनी, क्रान्तिकरी (स्त्री.)।

पाली (स्त्री. तभ.) संस्कृत से उत्पन्न हुई एक प्राकृत भाषा का नाम, The name of a language developed from Sanskrit, पाली (स्त्री.)।

पाव (पुं. तभ.) चौथाई हिस्सा, One fourth part, पादभागः (पुं.)।

पावक (पुं. तस.) आग, वह्नि, अनल, Fire, पावकः, अग्निः, वह्निः, अनलः (पुं.)।

पावका (वि. तस.) पवित्र करने वाली, यह विशेषण सरस्वती देवी के लिए प्रयुक्त होता है, Purifier, this adjective has been used for goddess Saraswati, पावका (वि.)।

पावदान (पुं. देशी) दे. 'पायदान'।

पावन (वि. तस.) पवित्र, शुद्ध, Pure, sacred, पावन, पवित्र (वि.)।

पावनता (स्त्री. तस.) पवित्रता, शुद्धता, Purity, cleanliness, पावनता, पवित्रता (स्त्री.)।

पावना (सकर्म. तभ.) दे. 'पाना'।

पावमानी (स्त्री. तस. वि.) पवित्र करने वाली, Purifier, पावमानी (स्त्री. वेदवाणी)।

पावस (स्त्री. तभ.) वर्षा ऋतु, प्रावृष्, Rainy season, प्रावृट्-ष् (स्त्री. प्रावृट्, प्रावृषौ, प्रावृषः) वर्षर्तुः (पुं.)।

पावा (सकर्म. तभ.) 'पाया' Obtained, प्राप्त, (भूतकालिक रूप)।

पावा (पुं. तभ.) पाद, The leg of bedstead or some other thing, पादः (पुं.)।

पाश (पुं. तस.) जाल, A net, पाशः, जालः (पुं.)।

पाशपाणि (पुं. तस.) वरुण देवता का उपनाम, An epithet of Varuṇa, पाशपाणिः (पुं.)।

पाशिक (पुं. तस.) जाल में बाँधने वाला, व्याध, A fowler, व्याधः, पाशिकः (पुं.)।

पाशुपतास्त्र (पुं. तस.) शिवजी का अस्त्र, Shiva's weapon, पाशुपतास्त्रम् (नपुं.)।

पाषंड (पुं. तस.) पाखण्ड, दिखावा, छल, Hypocrisy, show, vainity, wickedness, पाषण्डः (पुं.)।

पाषाण (पुं. तस.) पत्थर, प्रस्तर, उपल, Stone, पाणाणः, प्रस्तरः, उपलः, अश्मा-मन् (नपुं.)।

पाषाणी (स्त्री. तभ.) पत्थर काटने की छेनी, प्रस्तर-छेदनी, A stone cutter chisel, pick-axe, पाषाणी, प्रस्तर - छेदनी (स्त्री.)।

पासंग (पुं. फा.) तुला को ठीक करने के लिए डाली गई वस्तु, Make weight, प्रतितोलकम् (नपुं.)।

पास (पुं. तभ.) पार्श्व, दिशा, अधिकार, स्वामित्व, Side, nearness, possession, पार्श्वम्, (नपुं.), सामीप्यम् (नपुं.), स्वामित्वम् (नपुं.)।

पास (अ. तभ.) निकट, समीप, Near, समीपे, पार्श्वे, निकटे (अ.)।

पासा (पुं. तभ.) तरफ, जुए का पासा, Side, a dice, पार्श्वम् (नपुं.), पार्श्वः (पुं.)।

पाँह (अ. तभ.) दे. 'पास' (अ.)'।

पाहन (पुं. तभ.) दे. 'पाषाण' —पाषाणः (पुं.)।

पाहुरु (पुं. तभ.) पहरेदार, प्रहरी, A watchman, प्रहरी-रिन् (पुं.)।

पाहिं (अ. तभ.) दे. 'पास (अ.)'

पाहि (सकर्म. तस.) रक्षा करो, बचाओ, Save me, protect me, पाहि, रक्ष (विध्यर्थक)।

पाहुना (पुं. तभ.) अतिथि, प्राघुणिक, अभ्यागत, A guest, प्राघुणिकः, अतिथिः, अभ्यागतः (पुं.)।

पाहुनी (स्त्री. तस.) नारी अतिथि, अतिथि-सेवा, A female guest, hospitality, प्राघुणिकी, अतिथि-सेवा (स्त्री.), नारी अभ्यागता (स्त्री.)।

पिंगल, पिङ्गल (पुं. तस.) पिंगलछन्दः-सूत्र के रचयिता का नाम, पिंगलाचार्य, छन्द, The author of the metre - book Pingala Chandaḥ Sutra, a metre, पिङ्गलाचार्यः (पुं.), छन्दः-दस् (नपुं.), वृत्तम् (नपुं.)।

पिंगला, पिङ्गला (स्त्री. तस.) बाईं नासिका में स्थित एक नाड़ी का नाम, A blood vessel situated in left nostril, पिङ्गला (स्त्री.)।

पिंजरा, पिंजड़ा (पुं. तभ.) पञ्जर, A cage, पञ्जरः-रम् (पुं., नपुं.), पञ्जरकः-कम् (पुं., नपुं.)।

पिंजरापोल (पुं. तभ.) गोशाला, A cow house, गोशाला (स्त्री.)।

पिंजिका (स्त्री. तभ.) रूई की पूनी, A roll of cotton from which threads are spun, पिञ्जिका, तूलपिण्डिका (स्त्री.)।

पिंड, पिण्ड (पुं. तस.) कोई भी गोल वस्तु, शरीर, रोटी, गाँव, ढेर, संहति, A round mass, a body, a bread, a village, a heap, गोल वस्तु, शरीर, भोजनम् (नपुं.), ग्रामः, चयः (पुं.), पिण्डः-डम् (पुं., नपुं.), सहतिः (स्त्री.)।

पिंडखजूर (पुं. तभ.) एक प्रकार की खजूर और उसका फल, A kind of date tree and its fruit, पिण्डखर्जूरम् (नपुं.)।

पिंडज, पिण्डज (पुं. तस.) जेर से उत्पन्न होने वाला प्राणी, A creature which comes out from a membrane, पिण्डजः, जरायुजः (पुं.)।

पिंडारी (पुं. तस.) दक्षिण भारत की एक जन-जाति, An old tribe of South India, पिण्डारी-रिन् (पुं.)।

पिंडिका, पिण्डिका (स्त्री. तस.) टाँग की पिण्डली, छोटा गोला, The calf of the leg, a small ball, पिण्डिका (स्त्री.)।

पिंडी, पिण्डी (स्त्री. तस.) गोलाकार मूर्ति, A small lump, a small idol, पिण्डी (स्त्री.)।

पिंडीशूर, पिण्डीशूर (पुं. तस.) खाने में बहादुर, पेटू, A glutton, पिण्डीशूरः (पुं.)।

पिअ, पिऊ (वि. तभ.) दे. 'प्रिय'।

पिक (पुं. तस.) कोयल, कोकिल, A cuckoo bird, कोकिलः, पिकः, परपुष्टः (पुं.)।

पिकी (स्त्री. तस.) कोकिला, A female cuckoo, कोकिला, पिकी, परपुष्टा (स्त्री.)।

पिघलना (अकर्म. तभ.) द्रव बन जाना, To be melted, घृ (चुरा. पर.), घारयति, द्रु (भ्वा. पर.), द्रवति, क्षरति।

पिघलाना (सकर्म. तभ.) द्रवित करना, To melt, घृ-घारय् (प्रे.) —घारयति, द्रु-द्रावय् (प्रे.) — द्रावयति, क्षारयति।

पिघलाव (पुं. तभ.) पिघलाने का कार्य, द्रावण, Melting, घारणम्, द्रावणम्, क्षारणम् (नपुं.)।

पिचकना (अकर्म. देशी) संकुचित हो जाना, To be contracted, सम्-कुञ्च् (भ्वा. पर.) — संकुञ्चति।

पिचकाना (सकर्म. देशी) संकुचित करना, To cause to contract, संकोचय् (प्रे.) — संकोचयति।

पिचकारी (स्त्री. अनु.) पम्प, सिरिञ्ज, A pump, a syringe, पिचकरी (स्त्री.), रेचनिका (स्त्री.)।

पिचपिचा (वि. देशी) गीला, क्लिन्न, Wet, flabby, watery, क्लिन्न, आर्द्र (स्त्री.)।

पिचपिचाहट (स्त्री. देशी) गीलापन, क्लिन्नता, Wetness, क्लिन्नता, आर्द्रता (स्त्री.)।

पिच्छ (स्त्री. तभ.) पक्षी की पूँछ, मोरपंख, चिकनी वस्तु, A bird's tail, peacock's tail, a slippery thing, पिच्छम् (नपुं.), चिक्कणम् (नपुं.)।

पिच्छल (वि. तभ.) दे. 'पिच्छिल'।

पिच्छिल (वि. तस.) चिकना, फिसलन वाला, Slippery, पिच्छिल (वि.)।

पिछड़ना (अकर्म. तभ.) पीछे रह जाना, To lag behind, पश्चात् + स्था —पश्चात् तिष्ठति।

पिछलगा (वि. तभ.) पीछे लगने वाला, अनुयायी, A follower, अनुयायी—यिन् (वि.), अनुलागी-गिन् (वि.)।

पिछलग्गू (वि. तभ.) दे. 'पिछलगा'।

पिछलना (अकर्म. तभ.) दे. 'पिछड़ना'।

पिछला (वि. तभ.) पीछे का, Hind, previous, पश्चात्तन (वि.), पूर्वतन (वि.)।

पिछवाड़ा (पुं. तभ.) घर का पिछला भाग, The back portion of a house, पृष्ठभागः (पुं.)।

पिछाड़ी (स्त्री. तभ.) पीछे का भाग, The back portion, पृष्ठभागः (पुं.)।

पिछौहैं (क्रि. वि. तभ.) पीछे की ओर, To the back side, पश्चात्तनं प्रति (क्रि. वि.)।

पिटना (अकर्म. तभ.) मार खाना, पीड़ित होना, To be beaten, तड् (चुरा.) — ताड्यते (कर्मवा.)।

पिटवाना (प्रे. तभ.) किसी से मार दिलाना, To cause to beat, ताडयति, पीडयति (प्रे.)।

पिटाई (स्त्री. तभ.) पीटने का कार्य, The work of beating, ताडनम्, पीडनम् (नपुं.)।

पिटारा (पुं. तभ.) ढक्कन वाला टोकरा, A big basket having a cover, सावारः पेटः, सावारः करण्डः (पुं.)।

पिटारी (स्त्री. तभ.) ढक्कन वाली टोकरी, A covered basket, सावारा पेटिका, सावारा करण्डिका (स्त्री.)।

पिट्ठू (पुं. तभ.) पृष्ठपोषक, सहायक, A supporter, पृष्ठपोषकः, सहायकः (पुं.)।

पितपापड़ा (पुं. तभ.) पापड़ा, एक कड़वी बूटी, A bitter herb, पित्तपर्पटः (पुं.)।

पितर (पुं. तस. बहु.) बुजुर्ग लोग, अनुभवी और ज्ञानी लोग, Old relatives, experienced and well-versed people, पितरः (पुं. बहु.)।

पिता (पुं. तस.) बाप, जनक, Father, पिता-तृ, जनकः (पुं.)।

पितामह (पुं. तस.) दादा, The grandfather, पितामहः (पुं.)।

पितामही (स्त्री. तस.) दादी, The grandmother, पितामही (स्त्री.)।

पितृ (पुं. तस.) यह 'पिता' शब्द का मूल रूप है, This is the basic word of 'पिता'; पितृ (पुं.)।

पितृव्य (पुं. तस.) चाचा, The paternal uncle, पितृव्यः (पुं.)।

पित्तपापड़ा (पुं. तभ.) दे. 'पितपापड़ा'।

पित्तल (पुं. तस.) पीतल, Brass, पित्तलम्, आरकूटम् (नपुं.)।

पित्ता (पुं. तभ.) पित्ताशय, Gall bladder, पित्ताशयः (पुं.)।

पित्ताशय (पुं. तस.) दे. 'पित्ता'।

पित्ती (स्त्री. तभ.) गर्मी के कारण शरीर पर निकलने वाले दाने, Nettlerash, पित्त-विकारजः रोगभेदः (पुं.)।

पित्र्य (वि. तस.) पिता से सम्बन्धित, Pertaining to the father, पित्र्य (वि.)।

पिद्दी (स्त्री. अनु.) छोटी सी एक चिड़िया, छोटी सी वस्तु, A kind of small bird, a very small thing, लघुचटका (स्त्री.), तुच्छ पदार्थः (पुं.)।

पिधातव्य (वि. तस.) बन्द करने योग्य, Fit to be shut or closed, पिधातव्य (वि.)।

पिधान (नपुं. तस.) ढक्कन, A cover, पिधानम्, अपिधानम्, आवरणम् (नपुं.)।

पिनाक (पुं. तस.) शिवजी का धनुष, Shiva's bow, पिनाकः-कम् (पुं., नपुं.)।

पिनाकी (पुं. तस.) शिवजी का एक उपनाम, An epithet of Lord Shivaji, पिनाकी-किन् (पुं.)।

पिन्नी (स्त्री. तभ.) एक गोलाकार मिठाई, पिंडली, A kind of rounded sweet, the calf of the leg, पिण्डी-मिष्टान्नम् (नपुं.), पिण्डिका (स्त्री.)।

पिन्हाना (सकर्म. तभ.) पहनाना, पहिराना, To cause to wear, परिधापयति।

पिपरमिंट (पुं. इं.) पुदीने की जाति का पौधा, Peppermint, पुदीनजातिः क्षुपः, पिपरमिंटः (पुं.)।

पिपरामूल (पुं. तभ.) पिप्पली के पौधे की जड़, The root of long pepper, पिप्पलीमूलम् (नपुं.)।

पिपासा (पुं. तस.) प्यास, Thirst, पिपासा (स्त्री.)।

पिपासु (पुं. तस.) प्यासा, Thirsty, पिपासुः (पुं.)।

पिपीलक (पुं. तस.) बड़ा चींटा, A big ant, पिपीलकः (पुं.)।

पिपीलिका (स्त्री. तस.) चींटी, An ant, पिपीलिका (स्त्री.)।

पिप्पल (पुं. तस.) पीपल, अश्वत्थ, The holy fig-tree, पिप्पलः, अश्वत्थः, चलदलः (पुं.)।

पिप्पलामूल (पुं. तभ.) दे. 'पिप्परामूल'।

पिय (वि. तभ.) प्रिय, Loving, प्रिय (वि.)। (पुं. तभ.) पति, Husband, प्रियः (पुं.)।

पियक्कड़ (वि. तभ.) बहुत शराब पीने वाला, A drunkard, अतिमद्यपायी-यिन् (पुं.)।

पियराई (स्त्री. देशी.) पीलापन, पीतिमा, Yellowishness, पीतित्वम् (नपुं.), पीतिमा-मन् (पुं.)।

पियराना (अकर्म. देशी) पीला पड़ जाना, To become yellow, पीताय् (नामधा.), — पीतायते।

पिया (वि. तभ.) प्रिय पति, Husband, प्रियः पतिः (पुं.)।

पियानो (पुं. इं.) एक प्रकार का बाजा, Piano, पियानोवाद्यम् (नपुं.)।

पियूख (पुं. तभ.) दे. 'पीयूष'।

पिरोना (सकर्म. देशी) सूई में धागा डालना, To thread a needle, सूचिकाम् + सूत्र् (चुरा.) — सूत्रयति।

पिलना (अकर्म. तभ.) सहसा आक्रमण करना, To attack suddenly, पील् (भ्वा. पर.) — पीलति, सहसा आक्रमते।

पिलपिला (वि. अनु.) अति कोमल, बहुत पका हुआ, ढीला-ढाला, Flabby, over ripen, clumsy, अतिमृदु, अतिपक्व, शिथिल (वि.)।

पिलपिलाना (अकर्म. अनु.) बहुत नरम हो जाना, To be very flabby, शिथिली+भू —शिथिलीभवति, मृदूभवति।

पिलपिलाहट (स्त्री. अनु.) बहुत नरमी, मृदुता, Flabbiness, softness, मार्दवम्, शैथिल्यम् (नपुं.)।

पिलाना (सकर्म. देशी) पीने का कार्य कराना, To cause to drink, पायय् (प्रे.)— पाययति।

पिल्ला (पुं. देशी) कुत्ते का बच्चा, A puppy, कुक्कुरशावकः (पुं.)।

पिशंग, पिशङ्ग (वि. तस.) पीले भूरे रंग का, Of grey colour, कपिल, पिंगल (वि.)।

पिशाच (पुं. तस.) कच्चा मांस खाने वाला राक्षस, A demon who eats unbaked flesh, पिशाचः, राक्षसः, असुरः, दानवः।

पिशाची (स्त्री. तस.) राक्षसी, A female demon, पिशाची, राक्षसी, दानवी (स्त्री.)।

पिशुन (पुं. तस.) चुगलखोर, Backbiter, पिशुनः (पुं.)।

पिशुनता (स्त्री. तस.) चुगलखोरी, Backbiting, पिशुनता (स्त्री.), पैशुन्यम् (नपुं.)।

पिष्ट (वि. तस.) पिसा हुआ, Grinded, powdered, पिष्ट (वि.)।
(पुं. तस.) आटा, चूर्ण, Flour, powder, पिष्टम् (नपुं.)।

पिष्टपेषण (पुं. तस.) कही बात को बार-बार दोहराना, To repeat the same words again and again, पिष्टपेषणम् (नपुं.)।

पिसना (अकर्म. तभ.) चूर्ण होना, To be powdered, पिष् —पिष्यते (कर्मवा.)।

पिसवाना (प्रे. तभ.) किसी को पीसने के लिए कहना, To cause to grind, पेषय् (प्रे.) — पेषयति।

पिसाई (स्त्री. तभ.) पीसने का कार्य और उसकी मजदूरी, The work of grinding and its wages, पेषणम् तद्वृत्तिश्च।

पिसाच (पुं. तभ.) दे. 'पिशाच'।

पिसान (पुं. तभ.) आटा, चूर्ण, Flour, powder, पिष्टान्नम्, चूर्णम् (नपुं.)।

पिसुन (पुं. तभ.) दे 'पिशुन'।

पिस्ता (पुं. फा.) एक गिरीदार फल, Pistachio nut, मुकूलकम् (नपुं.)।

पिस्तौल (स्त्री. इं.) पास से चलाने योग्य अग्न्यस्त्र, Pistol, लघ्वग्न्यस्त्रम् (नपुं.)।

पिस्सू (पुं. फा.) काटने वाला एक कीड़ा, Gnat, flea, कुटकी (स्त्री.), देहिका (स्त्री.), पेसकः (पुं.), कुटः (पुं.)।

पिहित (वि. तस.) ढका हुआ, Covered, पिहित, पिनद्ध (वि.)।

पींजना (सकर्म. तभ.) रूई को स्वच्छ करना, To card cotton, पिञ्ज् (चुरा.), पिञ्जयति।

पी (वि. तभ.) प्रिय, Beloved, प्रिय (वि.)।

पीक (स्त्री. अनु.) पान की थूक, Spittle of betel, ताम्बूलनिष्ठीवनम् (नपुं.)।

पीछा (पुं. तभ.) पिछला भाग, Back part, पाश्चात्तनः भागः।

पीछा करना (सकर्म. तभ.) पकड़ने के लिए पीछे जाना, To proceed back to catch, अनु + धाव् —अनुधावति।

पीछे (क्रि. वि. तभ.) पश्चात्, After, पश्चात् (अ.)।

पीटना (सकर्म. तभ.) ठोकना, To beat, तड् (चुरा. पर.) —ताडयति, पीड् (चुरा.) — पीडयति।

पीठ (स्त्री. तभ.) पृष्ठ, पीछे का भाग, A back, पृष्ठम् (नपुं.)।

पीठ (स्त्री. तस.) बैठने की चौकी या आसन, सिंहासन, वेदिका, A seat, a throne, an alter, पीठम् (नपुं.), पीठिका (स्त्री.)।

पीठी (स्त्री. तभ.) भिगोकर पीसी हुई दाल, Crushed wet pulse, सूपपिष्टिः (स्त्री.)।

पीड़क (वि. तस.) पीड़ा देने वाला, Torturer, tormenter, पीडक (वि.)।

पीड़न (पुं. तस.) पीड़ा, कष्ट, Torturing, tormenting, पीडनम् (नपुं.)।

पीड़ा (स्त्री. तस.) दे. 'पीडन' —पीडा (स्त्री.)।

पीड़ित (वि. तस.) कष्ट दिया गया, Tortured, tormented, पीडित (वि.)।

पीढ़ा (पुं. तस.) चौकी, बैठने की वस्तु, A seat, a stool, पीठम् (नपुं.)।

पीढ़ी (स्त्री. तभ.) छोटा पीढ़ा, Small seat, पीठिका (स्त्री.)।

पीत (वि. तस.) पिया हुआ, पीले रंग का, Drunk, yellow, पीत (वि.), पानकृत (वि.), पीतवर्ण (वि.)।

पीतता (स्त्री. तस.) पीली रंग-रूपता, Yellowness, पीतता (स्त्री.), पीतिमा-मन् (पुं.)।

पीतम (पुं. तभ.) प्रियतम, पतिदेव, Beloved, the husband, प्रियतम (पुं.)।
(वि. तभ.) सबसे प्यारा, Most beloved, प्रियतम (वि.)।

पीतल (पुं. तभ.) एक मिश्र धातु, Brass, पित्तलम्, आरकूटम् (नपुं.), पित्तलः (पुं.)।

पीताम्बर (पुं. तस.) पीले कपड़ों वाला श्रीकृष्ण, An epithet of Shri Krishna, पीताम्बरः (पुं.)।

पीतांबर, पीताम्बर (पुं. तस.) पीला कपड़ा, A Yellow cloth, पीताम्बरम् (नपुं.)।

पीतिका (स्त्री. तस.) केसर, Saffron, केसरम्, काश्मीरजम् (नपुं.), पीतिका (स्त्री.)।

पीतिमा (स्त्री. तस.) पीलापन, Yellowness, पीतिमा-मन् (पुं.)।

पीन (वि. तस.) मोटा, स्थूल, Fat, thick, fatty, पीन (वि.)।

पीनता (स्त्री. तस.) मुटापा, Fatness, thickness, पीनता (स्त्री.)।

पीनस (पुं. तस.) नाक का एक रोग, A disease of the nose, पीनसः, घ्राणशक्तिराहित्यम् (नपुं.)।

पीना (सकर्म. तस.) पान करना, To drink, पा (भ्वा. पर.) — पिबति।

पीप (स्त्री. देशी) फोड़े आदि से निकलने वाला मल, Pus, पूयनम्, पूयम् (नपुं.), पूयः (पुं.)।

पीपर (पुं. तस.) पीपल, पिप्पल, The holy fig tree, पिप्पलः, अश्वत्थः, चलदलः (पुं.)।

पीपा (पुं. देशी) द्रव वस्तु भरने का बर्तन, A barrel, पटहपात्रम् (नपुं.)।

पीव (स्त्री. देशी) दे. 'पीप'।

पीयूष (पुं. तस.) अमृत, Nectar, पीयूषः-षम् (पुं., नपुं.), अमृतम् (नपुं.) सुधा (स्त्री.)।

पीर (स्त्री. तभ.) पीडा, दर्द, Pain, पीडा (स्त्री.), कष्टम् (नपुं.)।

पीर (पुं. फा.) मुसलमानों का धर्मगुरु या सिद्धपुरुष, A Mohammadan saint, धर्मगुरुः (पुं.)।

पीरजादा (पुं. फा.) पीर का पुत्र, परिजात, The son of a Mohammadan saint, पीरजातः, पीरपुत्रः (पुं.)।

पीरा (स्त्री. तभ.) पीड़ा, दर्द, Pain, पीडा (स्त्री.)।

पील (पुं. फा.) हाथी, गज, द्विप, An elephant, हाथी, गजः, द्विपः, कुञ्जरः (पुं.)।

पीलपाँव (पुं. देशी) पैरों के मोटा हो जाने का रोग, Elephantiasis, श्लीपदम् (नपुं.)।

पीलवान (पुं. देशी) महावत, The driver of an elephant, हस्तिपकः, महामात्रः (पुं.)।

पीला (वि. तभ.) पीतवर्ण का, Yellow, पीतवर्ण (वि.)।

पीलिया (पुं. तभ.) शरीर के पीला होने का रोग, Jaundice, पाण्डुरोगः (पुं.)।

पीलू (पुं. तस.) एक काँटेदार पेड़, A thorny tree, पीलुः, गुडफलः (पुं.)।

पीवर (वि. तस.) मोटा, पीन, स्थूल, Fat, thick पीवर, पीन (वि.)।

पीवरी (वि. स्त्री. तस.) मोटी, स्थूल, A fat female, पीवरी (स्त्री.)।

पीसना (सकर्म. तभ.) चूर्ण करना, To grind, to powder, पिष् (रुधा. उभ.) — पिनष्टि, पिंष्टे।

पीहर (पुं. तभ.) पितृगृह, विवाहिता के पिता का घर, Father's house of a married woman, पितृगृहम् (नपुं.)।

पुंख, पुङ्ख (पुं. तस.) बाण के पीछे लगे हुए पंख, The feathers set at the end of the backside of an arrow, पक्षः (पुं.)।

पुंगव, पुङ्गव (पुं. तस.) साँड, बैल, A bull, वृषभः (पुं.)।
(वि. तस.) श्रेष्ठ, कुशल, बढ़िया, Good, excellent, nice, पुङ्गव (वि.)।

पुंज, पुञ्ज (पुं. तस.) समूह, राशि, समुदाय, A collection, cluster, accumulation, पुञ्जः, समूहः, राशिः, चयः, समुदायः (पुं.)।

पुंड्र, पुण्ड्र (पुं. तस.) तिलक, A special mark on the forehead, तिलकः (पुं.)।

पुंडरीक, पुण्डरीक (पुं. तस) श्वेतकमल, A white lotus, पुण्डरीकम्, श्वेतकमलम् (नपुं.)।

पुंलिङ्ग, पुंलिंग (पुं. तस.) पुरुष जाति को बताने वाला चिह्न, Masculine gender, पुल्लिङ्गम् (नपुं.)।

पुंवत् (अ. तस.) पुंल्लिङ्ग के समान ही जानें, It may be known like that of Masculine gender, पुंवत् (अ.)।

पुंश्चल (पुं. तस.) व्यभिचारी मनुष्य, An adulterer, व्यभिचारी-रिन् मनुष्यः (पुं.)।

पुंश्चली (स्त्री. तस.) व्यभिचारिणी स्त्री, An adultress, व्यभिचारिणी स्त्री (स्त्री.)।

पुंस (पुं. तस.) पुरुष, नर, A male, पुमान्-पुंस् (पुं.)।

पुंसवन (पुं. तस.) गर्भाधान के तीसरे महीने में किया जाने वाला एक संस्कार, A ceremony which is performed during the third month of conception, संस्कारः (पुं.)।

पुआ (पुं. तस.) पूड़ा, एक तली हुई मीठी रोटी, A sweet cake, अपूपः (पुं.)।

पुआल (पुं. तभ.) दे. 'पयाल'।

पुकार (पुं. देशी) ऊँचे से बुलाना, Calling loudly, आह्वानम्, आकारणम् (नपुं.)।

पुकारना (सकर्म. देशी) ऊँचे से बुलावा, To call loudly, आ + ह्वे (भ्वा. उ.) — आह्वयति, आकारयति।

पुचकार (स्त्री. अनु.) बोलकर प्यार दिखाना या उत्साह बढ़ाना, Showing of love or encouraging by words, पुचकारः (पुं.) प्रोत्साहनम् (नपुं.)।

पुचकारना (सकर्म. अनु.) पुच शब्द द्वारा प्यार दिखाना, उत्साह बढ़ाना, To show love, to encourage पुच् + कृ - पुच्करोति, उत्साहयति।

पुच्छ (तस. पुं.) पूँछ, A tail, पुच्छम् (नपुं.)।

पुच्छल (वि. तभ.) पूँछ वाला, Having a tail, सपुच्छ, पुच्छी-छिन्, लाङ्गूली-लिन् (वि.)।

पुछार, पुछैया (पुं. तस.) पूछने वाला, An interrogator, an enquiror, प्रश्नकर्ता-तृ (पुं.)।

पुजना (अकर्म. तभ.) पूजा जाना, To be worshipped, पूज् (चुरा.) — पूज्यते (कर्मवा.)।

पुजवाना (प्रे. तभ.) पूजा करवाया जाना, To cause to be worshipped, पूजय्-पूजयति।

पुजापा (पुं. तभ.) पूजा का सामान, Articles for worshipping, पूजा-सामग्री (स्त्री.)।

पुजारी (पुं. तभ.) पूजा करवाने वाला, One who helps in worshipping, worshipper, पूजाकारी-रिन्, प्रतिपूजकः (पुं.)।

पुजैया (पुं. तभ.) दे. 'पुजारी'

पुट (पुं. तस.) पात्र, द्रोण, A pot, a cap, पुटः-पुटम् (पुं., नपुं)।

पुटक (पुं. तस.) पोटली, A bundle, पुटकम् (नपुं.), पुटकी (स्त्री.)।

पुटकी (स्त्री. तस.) दे. 'पुटक'

पुटपाक (पुं. तस.) दो बर्तनों में बन्द करके पकाने का कार्य, Cook by closing into two pots, पुटपाकः (पुं.)।

पुटरिया (स्त्री. तभ.) दे. 'पोटली' या 'पुटक'

पुटी (स्त्री. तस.) दोना, कागज की पुड़िया, A small cup made of leaves, folded paper, पुटी (स्त्री.)।

पुटोदक (पुं. तस.) नारियल, A coconut, नारिकेलम् (नपुं.)।

पुट्ठा (वि. तभ.) पुष्ट, तगड़ा, Strong, पुष्ट (वि.)।

पुट्ठा (पुं. तभ.) पिछली तरफ, चूतड़, Back side, the buttock, पृष्ठभागः (पुं.)।

पुड़ा (पुं. तभ.) दे. 'पुटक'।

पुड़िया (स्त्री. तभ.) दे. 'पुटकी'।

पुड़ी (स्त्री. तभ.) पुड़िया, पत्रपुटकी, A folded paper having something, पत्रपुटकी (स्त्री.)।

पुण्य (पुं. तस.) शुभ कार्य, धर्म का कार्य, A good work, a noble work, पुण्यम् (नपुं.)।

पुण्यवान् (वि. तस.) शुभ कर्म करने वाला, पवित्रात्मा, A man of good actions, a religious person, पुण्यवान्-वत् (वि.)।

पुण्यश्लोक (वि. तस.) शुभ कीर्ति वाला, Notable, excellent, पुण्यश्लोक (वि.)।

पुण्यात्मा (वि. तस.) पवित्र आत्मा वाला, Full of good thoughts, having pure soul, पुण्यात्मा-मन् (वि.)।

पुतला (पुं. तभ.) बनाई हुई नर-आकृति, A male puppet, पुत्तलः, पुत्तलकः (पुं.)।

पुतली (स्त्री. तभ.) बनाई हुई मादा-आकृति, A female puppet, पुत्तली, पुत्तलिका (स्त्री.)।

पुताई (स्त्री. तभ.) पोतना, लिपाई, Plastering and its wages, लेपनम् (नपुं.) — अस्य भृतिश्च।

पुत्र (पुं. तभ.) पुत्र, सुत, A son, पुत्रः, सुतः, सूनुः (पुं.)।

पुत्तलिका (स्त्री. तस.) दे. 'पुतली'।

पुत्र (पुं. तस.) बेटा, आत्मज, सुत, A son, पुत्रः, सुतः, आत्मजः, सूनुः (पुं.)।

पुत्रकामेष्टि (स्त्री. तस.) पुत्र को प्राप्त करने की इच्छा से किया जाने वाला यज्ञ, A sacrifice which is performed to get a son, पुत्रकामेष्टिः यज्ञः (पुं.)।

पुत्रकृतक (पुं. तस.) पुत्र के रूप में स्वीकार किया हुआ, Adopted as a foster son, पुत्रकृतकः (पुं.)।

पुत्रपौत्र (पुं. तस.) बेटे और पोते, वंश-परम्परा, Sons and grandsons, a generation, पुत्रपौत्राः (पुं. बहु.), वंशावलिः (स्त्री.)।

पुत्रवती (स्त्री. तस.) पुत्र वाली, Having a son, पुत्रवती (स्त्री. वि.)।

पुत्रवधू (स्त्री. तस.) पुत्र की पत्नी, The wife of the son, पुत्रवधू (स्त्री.)।

पुत्रादिनी (स्त्री. तस.) पुत्रों या पुत्र को खाने वाली, साँपिन, The female who eats her sons or a son, a female snake, पुत्रादिनी भुजगी, सर्पिणी (स्त्री.)।

पुत्रिका (स्त्री. तस.) बिटिया, बेचारी या प्यारी बेटी, A poor or lovely daughter, पुत्रिका (स्त्री.)।

पुत्री (स्त्री. तस.) बेटी, सुता, आत्मजा, A daughter, पुत्री, सुता, आत्मजा (स्त्री.)।

पुत्रेष्टि (स्त्री. तस.) दे. 'पुत्रकामेष्टि'।

पुदीना (पुं. फा.) एक सुगन्धमय पौधा, Garden mint, thyme, पुदीनः, सुगन्धि-पत्रः (पुं.)।

पुनः (अ. तस.) फिर, दूसरी बार, Again, पुनः (अ.)।

पुनरपि (अ. तस.) फिर भी, दूसरी बार भी, Also again, पुनरपि (अ.)।

पुनरावर्ती (वि. तस.) फिर होने वाला, To be repeated again, पुनरावर्ती-तिन् (वि.)।

पुनरावृत्त (वि. तस.) फिर दोहराया हुआ, Repeated again, पुनरावृत्त (वि.)।

पुनरावृत्ति (स्त्री. तस.) फिर दोहराई, Repetition again, पुरावृत्तिः (स्त्री.)।

पुनरुक्त (वि. तस.) दुबारा कहा हुआ, Said again, पुनरुक्त (वि.)।

पुनरुक्ति (वि. तस.) दुबारा कथन, Saying again, पुनरुक्तिः (स्त्री.)।

पुनरुत्थान (पुं. तस.) पुनः उठना, नवजागरण, Renaissance, पुनरुत्थानम् (नपुं.)।

पुनर्जन्म (पुं. तस.) फिर पैदाइश, Rebirth, पुनर्जन्म-मन् (नपुं.)।

पुनर्नवा (स्त्री. तस.) एक विशिष्ट ओषधि, A herb, पुनर्नवा (स्त्री.)।

पुनर्भाव (पुं. तस.) फिर होना, Existing again, पुनर्भावः (पुं.)।

पुनर्निर्माण (पुं. तस.) मरम्मत का कार्य, Repair, पुनर्निर्माणम् (नुपं.)।

पुनर्विवाह (पुं. तस.) दूसरी शादी, Remarriage, पुनर्विवाहः (पुं.)।

पुनि (अ. तभ.) पुनः, फिर, Again, पुनः (अ.)।

पुनी (वि. तभ.) पुण्यकारी, पवित्र कर्म करने वाला, Doing good, doing pure actions, पुण्यात्मा, पुण्यकारी-रिन् (वि.)।

पुनीत (वि. तस.) पवित्र, Pure, पुनीत, पवित्र (वि.)।

पुन्नाग (पुं. तस.) केसर, Saffron, पुन्नागः (पुं.) केसरः (पुं.) केसरम् (नपुं.)।

पुमान् (पुं. तस.) पुरुष, नर, A male, पुंस-पुमान् (पुं. – पुमान्, पुमांसौ, पुमांसः)

पुरंदर, पुरन्दर (पुं. तस.) इन्द्र देवता, God Indra, पुरन्दरः (पुं.)।

पुरः (अ. तस.) सामने, सम्मुख, In front of, पुरः, पुरस्तात् (अ.)।

पुरःसर, पुरस्सर (पुं. तस.) नेता, आगे रहने वाला, A leader, a pioneer, पुरःसरः (पुं.)।

पुर (पुं. तस.) नगर, पत्तन, A city or town, पुरम् (नपुं.) नगरम् (नपुं)।

पुरवा (स्त्री. तस.) पूर्व दिशा से आने वाली हवा, छोटा गाँव, Eastern wind, small village, प्राचीपवनः (पुं.), ग्रामटिका (स्त्री.)।

पुरवाई, पुरवैया (स्त्री. तस.) पूर्व दिशा से आने वाली वायु, Eastern wind, प्राचीपवनः (पुं.)।

पुरश्चरण (पुं. तस.) किसी उद्देश्य से देवता की आराधना करना, To perform a sacrifice for a deity to get success in an aim, पूर्वानुष्ठानम्, पुरश्चरणम् (नपुं.)।

पुरषा (पुं. तस.) पूर्व पुरुष, बुजुर्ग, Ancestors, forefathers, पूर्वजाः, पितरः, पूर्वपुरुषाः (पुं.)।

पुरस्कार (पुं. तस.) इनाम, पारितोषिक, A prize, an award, पुरस्कारः (पुं.)।

पुरस्कृत (वि. तस.) पुरस्कार प्राप्त करने वाला, Rewarded, पुरस्कृत (वि.)।

पुरा (अ. तस.) पूर्व काल में, Long long ago, in old days, पुरा (अ.)।

पुरा (पुं. तस.) दे. 'पुर'।

पुराण (वि. तस.) पुराना, old, पुराण, प्राचीन, पूर्वतन (वि.)।

(पुं. तस.) पुरानी कथाओं और आख्यानों की पुस्तक, A book of old stories or incidents, पुराणम् (नपुं.)।

पुराण पुरुष (पुं. तस.) ब्रह्मा तथा विष्णु का उपनाम, परमात्मा, An epithet of Brahma and Vishnu, God, पुराणपुरुषः।

पुरातत्त्व (पुं. तस.) पुरानी वस्तुओं से सम्बन्धित तथ्य, The fact related with old things, पुरातत्त्वम् (नपुं.)।

पुरातन (वि. तस.) पुराना, प्राचीन, Old, ancient, पुरातन, प्राचीन (वि.)।

पुराना (वि. तस.) दे. 'पुरातन'।

पुरावृत्त (पुं. तस.) पुराना समाचार, पुरानी घटना, An old account or event, पुरावृत्तम् (नपुं.)।

पुरी (स्त्री. तस.) नगरी, बड़ा नगर, A big town, पुरी, नगरी (स्त्री.)।

पुरीष (पुं. तस.) मल, विष्ठा, पानी, Excrement, faeces, ordure, water, पुरीषम् जलम्, मलम् (नपुं.)

पुरु (वि. तस) बहुत, Much, पुरु, बहु (वि.)।

(पुं. तस.) महाराज ययाति का शर्मिष्ठा से उत्पन्न छोटा पुत्र, The youngest son of the king Yayāti born from Śarmiṣṭhā, पुरुः (पुं.)।

पुरुख (पुं. तभ.) दे. 'पुरुष'।

पुरुखा (पुं. तभ.) दे. 'पुरखा'।

पुरुष (पुं. तस.) आदमी, जीवात्मा, परमात्मा, A man, a soul, God, मानवः, आत्मा-मन्, जीवात्मा-मन् (पुं.)।

पुरुषता (स्त्री. तस.) वीरता, पौरुष, मनुष्यता, Bravery, courage, humanity, वीरता, मनुष्यता (स्त्री.), पौरुषम् (नपुं.)।

पुरुषत्व (पुं. तस.) दे. 'पुरुषता', पुरुषत्वम् (नपुं.)।

पुरुषर्षभ (पुं. तस.) पुरुषों में श्रेष्ठ पुरुष, Best among men, पुरुषर्षभः, पुरुषपुङ्गवः (पुं.)।

पुरुषसिंह (पुं. तस.) सिंह के समान वीर मनुष्य, A brave man like a lion, पुरुषसिंहः (पुं.)।

पुरुषसूक्त (पुं. तस.) यजुर्वेद का 31 वाँ अध्याय, The 31st chapter of Yajurveda, पुरुषसूक्तम् (नपुं.)।

पुरुषाद (वि. तस.) पुरुषों को खाने वाला, Men - eater, पुरुषाद (वि.)।

पुरुषाधम (पुं. तस.) पुरुषों में नीच, A mean person, पुरुषाधमः (पुं.)।

पुरुषार्थ (पुं. तस.) परिश्रम, मेहनत, पुरुष का लक्ष्य, Labour, exertion, hardwork, aim of a man, पुरुषार्थः (पुं.), पुरुषलक्ष्यम् (नपुं.)।

पुरुषार्थी (पुं. तस.) मेहनती, परिश्रमी, Hardworker, energetic, industrious, पुरुषार्थी-थिन् (वि.)।

पुरुषाशी (वि. तस.) दे. 'पुरुषाद', पुरुषाशिन् (वि.)।

पुरुषोत्तम (वि. तस.) पुरुषों में श्रेष्ठ, परमपुरुष, परमेश्वर, Best among men, supreme soul, God, परमपुरुषः, परमेश्वरः (पुं.)।

पुरुहूत (वि. तस.) बहुतों से बुलाया जाने वाला, Called by many, पुरुहूत (वि.)।

(पुं. तस.) इन्द्र का उपनाम, An epithet of Indra, पुरुहूत (वि.)।

पुरुरवा (पुं. तस) घनघोर गर्जन करने वाला मेघ, सूर्यवंशी एक राजा, The cloud with thundering sound, a king of Surya dynasty, पुरुरवाः-वस् (पुं.)।

पुरोगत (वि. तस.) पहले गया हुआ, पहले बीता हुआ, Gone before, proceeding, पुरोगत (वि.)।

पुरोगामी (पु. तस.) अग्रगामी, आगे जाने वाला, One who goes forward, पुरोगामी-मिन् (पुं.)।

पुरोडाश (पुं. तस.) देवताओं को दी गई भेंट, An oblation offered to the gods, पुरोडाशः (पुं.)।

पुरोधा (पुं. तस.) दे. 'पुरोहित' — पुरोधाः-धस् (पुं.)।

पुरोहित (पुं. तस.) यज्ञादि कार्य करवाने वाला व्यक्ति, A priest, पुरोहितः, पुरोधाः (पुं.)।

पुरोहिताई (स्त्री. तभ.) पुरोहित का कार्य और उसकी दक्षिणा, The work of a priest and his remuneration, पौरोहित्यम् (नपुं.)।

पुल (पुं. फा.) सेतु, नदी के पाट आदि के दो सिरों को मिलाने वाला बाँध, A bridge, सेतुः, वारणः, संवरः (पुं.)।

पुलक (पुं. तस.) रोम, रोयाँ, Hair of body, पुलकः (पुं.), रोमः, लोमः (पुं.)।

पुलकावलि (स्त्री. तस.) रोमपङ्क्ति, A range of hairs of body, रोमावलिः (स्त्री.)।

पुलकित (वि. तस.) रोमांचित, Having the hairs standing on end, पुलकित, रोमाञ्चित (वि.)।

पुलट (वि. अनु.) विपरीत, Contrary, विपरीत (वि.)।

पुलटिस (स्त्री. इं.) लुपरी, Poultice, लेपः (पुं.)।

पुलपुला (वि. अनु.) दे. 'पिलपिला'।

पुलस्ति (पुं. तस.) एक ऋषि का नाम, Name of a sage, पुलस्तिः (पुं.)

पुलाकः (पुं. तस.) भात, पके हुए चावल, चावलों की एक हीन प्रजाति, Cooked rice, a kind of low paddy, पुलाकः (पुं.)।

पुलाव (पुं. तभ.) भात, Cooked rice, भक्तम् (नपुं.)।

पुलिंद (पुं. तस.) चाण्डाल जाति का भेद, A lowest caste, पुलिन्दः (पुं.)।

पुलिंदा (पुं. देशी.) बण्डल, अनाज का पूला, A sheaf of corn भारः, पूलः (पुं.)।

पुलिन (पुं. तस.) नदी का रेतीला तट, A Sandy shore of a river, पुलिनम् (नपुं.)।

पुलिस (स्त्री. इं.) आरक्षिदल, Police, आरक्षिदलम् (नपुं.), रक्षिगणः (पुं. बहु.)।

पुवा (पुं. तभ.) दे. 'पुआ' - अपूपः (पुं.)।

पुश्त (स्त्री. फा.) पीढ़ी, Generation, सन्ततिक्रमः (पुं.)।

पुश्तनामा (पुं. फा.) वंशावली, Geneology, वंशावली (स्त्री.)।

पुश्ता (वि. फा.) सहायता, पिछला हिस्सा, Support, back side, पृष्ठभागः (पुं.), सहायता (स्त्री.)।

पुश्तैनी (वि. फा.) वंशक्रम से आया हुआ, Ancestral, traditional, वंश-क्रमागत (वि.)।

पुष्कर (पुं. तस.) कमल, जल, तालाब, सूंड का अग्रभाग, A lotus, water, a tank, the fore part of the elephant's trunk, पुष्करम् (नुपं.)।

पुष्करिणी (स्त्री. तस.) बावड़ी, वापी, तालाब, A large pond, a lake, पुष्करिणी (स्त्री.)।

पुष्कल (वि. तस.) बहुत मात्रा में, Abundant, excessive, much, पुष्कल (वि.)।

पुष्ट (वि. तस.) पला - पुसा, Nourished, stout, sturdy, healthy, पुष्ट (वि.)।

पुष्टई (स्त्री. तभ.) पुष्टता, मजबूती, दृढ़ता, स्वास्थ्य, Nourishment, stoutness, health, पुष्टता, पुष्टिः (स्त्री.)।

पुष्टता (स्त्री. तस.) दे. 'पुष्टई'- पुष्टता (स्त्री.)।

पुष्टि (स्त्री. तस.) दे. 'पुष्टई' - पुष्टिः (स्त्री.)।

पुष्टिकर (वि. तस.) बल देने वाला, पुष्ट करने वाला, Nourishing, health-giving, पुष्टिकर (वि.)।

पुष्प (पुं. तस.) फूल, A flower, पुष्पम् कुसुमम्, प्रसूनम् (नपुं.)।

पुष्पकीट (पुं. तस.) भौंरा, भ्रमर, The black bee, भ्रमरः, द्विरेफः, अलिः (पुं.)।

पुष्पकेतन, पुष्पचाप (पुं. तस.) कामदेव का उपनाम, An epithet of cupid, पुष्पकेतनः, पुष्पचापः (पुं.)।

पुष्पकविमान (पुं. तस.) कुबेर से रावण द्वारा छीना गया हवाई जहाज, The air-craft of Kubera seized by Rāvaṇa, पुष्पकविमानम् (नपुं.)।

पुष्पधन्वा (पुं. तस.) दे 'पुष्पकेतन' — पुष्पधन्वा - वन् (पुं.)।

पुष्पमास (पुं. तस.) चैत और वैसाख के वसन्त के दो महीने, Two months of Spring season – Chaita and Vaisākha, चैत्र-, वैशाखौ (पुं. द्वि.)।

पुष्परेणु (पुं. तस.) फूल की धूलि, पराग, Pollen of a flower, पुष्परेणुः, पुष्पपरागः (पुं.)।

पुष्पांजलि, पुष्पाञ्जलि (स्त्री. तस.) अञ्जलिभर फूलों की भेंट, An offering of a handful of flowers, पुष्पाञ्जलिः (पुं.)।

पुष्पाकर (पुं. तस.) वसन्त ऋतु, Spring season, पुष्पाकरः, वसन्तर्तुः, ऋतुराजः (पुं.)।

पुष्पायुध, पुष्पास्त्र (पुं. तस.) दे. 'पुष्पकेतन'।

पुष्पित (वि. तस.) खिला हुआ, Bloomed, पुष्पित, विकसित (वि.)।

पुष्य (पुं. तस.) पौषमास से सम्बन्धित नक्षत्र, The name of a star, पुष्यः (पुं.)।

पुस्तक (स्त्री. तस.) किताब, A book, पुस्तकम् (नपुं.), ग्रन्थः (पुं.)।

पुस्तकागार, पुस्तकालय (पुं. तस.) जहाँ पुस्तकें स्थायी रूप से पढ़ने के लिए रखी जाती हैं, A library, पुस्तकागारम् (नपुं.) पुस्तकालयः (पुं.)।

पुस्तिका (स्त्री. तस.) छोटी पुस्तक, A small book, पुस्तिका (स्त्री.)।

पुहकर (पुं. तभ.) दे. 'पुष्कर'।

पुहुप (पुं. तभ.) पुष्प, फूल, A flower, पुष्पम्, कुसुमम्, प्रसूनम् (नपुं.)।

पुहुमि (स्त्री. तभ.) भूमि, जमीन, The earth, भूमिः, पृथिवी, पृथ्वी, धरा (स्त्री.)।

पूँछ (स्त्री. तभ.) पुच्छ, लांगूल, A tail, पुच्छम्, लाङ्गूलम् (नपुं.)।

पूँजी (स्त्री. तस.) धनराशि, Capital of money, पुञ्जिका (स्त्री.), धनराशिः (पुं.)।

पूआ (पुं. तभ.) दे. 'पुआ' — अपूपः (पुं.)।

पूग, पूगफल, पूगीफल (नपुं.) सुपारी, Betel-nut, पूगीफलम् (नपुं.)।

पूछ (स्त्री. तभ.) पूछने का कार्य, मान, Investigation, inquiry, respect, पृच्छा (स्त्री.), सम्मानः (पुं.)।

पूछताछ (स्त्री. देशी) दे. 'पूछ'।

पूछना (स्त्री. तभ.) प्रश्न करना, To ask, पृच्छ् (तुदा. पर.), —पृच्छति।

पूजक (पुं. तस.) पूजा करने वाला, A worshipper, पूजकः, उपासकः (पुं.)।

पूजन (पुं. तस.) पूजने का कार्य, Worshipping, पूजनम् (पुं.), पूजा (स्त्री.)।

पूजना (सकर्म. तभ.) मान प्रकट करना, To worship, पूज् (चुरा.) — पूजयति।

पूजा (स्त्री. तस.) दे. 'पूजन' — पूजा (स्त्री.)।

पूजित (वि. तस.) पूजा हुआ, Worshipped, पूजित (वि.)।

पूजनीय, पूज्य (वि. तस.) पूजा के योग्य, सम्मान के योग्य, Fit for worshipping or respecting, respectable, पूजनीय, पूज्य (वि.)।

पूठा (वि. तभ.) दे. 'पुष्ट'।

पूठी (स्त्री. तभ) दे. 'पीठ'।

पूड़ा (पुं. तभ.) दे. 'पुआ'।

पूड़ी (स्त्री. तभ.) पूरी, तली हुई चपाती, A fried chapati, पूरिका, पूपिका (स्त्री.)।

पूत (वि. तस.) पवित्र, शुद्ध, Pure, clarified, पूत, पवित्र (वि.)।
(पुं. तभ.) पुत्र, The son, पुत्रः, आत्मजः, सूनुः (पुं.)।

पूतक्रतु (पुं. तस.) इन्द्र, An epithet of God Indra, पूतक्रतुः (पुं.)।

पूतना (स्त्री. तस.) एक राक्षसी जिसे बाल कृष्ण ने मार दिया था, The name of a female demon who was killed by baby Krishna, पूतना (स्त्री.)।

पूतफल (पुं. तस.) कटहल, पनस, The jack fruit, पूतफलम्, पनसम् (नपुं.)।

पूतात्मा (वि. तस.) पवित्रात्मा, महात्मा, A saint, the ascetic who has purified his conscious, पूतात्मा-मन्, पवित्रात्मा-मन् (पुं.)।

पूति (स्त्री. तस.) पवित्रता, Purity, पवित्रता।
(वि. तस.) उग्र, बुरी, असहनीय, Bad, intolerable, पूति (वि.)।

पूतिका (स्त्री. तस.) दीमक, White ant, पूतिका (स्त्री.)।

पूतिगंध (पुं. तस.) दुर्गन्ध, Foul odour, पूतिगन्धः (पुं.)।

पूनी (स्त्री. देशी) सूत कातने के लिए बनाई गई रूई की बत्ती, A roll of cotton prepared for spinning, पिञ्जिका, तूलवर्तिका (स्त्री.)।

पूय (स्त्री. तस.) पीप, फोड़े आदि का मल, Pus, purulent matter, पूयः-यम् (पुं., नपुं)।

पूर (पुं. तस.) बाढ़, जलविप्लव, भरी जाने वाली वस्तु, एक भाग, Flood, thing to be filled in, an instalment, पूरः (पुं.)।

पूरक (वि. तस.) पूर्ण करने वाला, वाक्य में क्रिया के भाव को पूर्ण करने वाला शब्द, Filling, complement, पूरकः, पूरयिता-तृ (पुं.)।

पूरण, पूरन (वि. तस.) दे. 'पूर्ण'।

पूरना (सकर्म. तभ.) पूर्ण करना, To complete, पूर् (चुरा. उभ.) — पूरयति, पूरयते।

पूरब (वि. तभ.) दे. 'पूर्व'।

पूरा (वि. तभ.) पूर्ण, भरा हुआ, Complete, full, पूर्ण (वि.)।

पूरित (वि. तभ.) भरा गया, पूर्ण किया गया, Completed, filled, पूरित (वि.)।

पूरी (स्त्री. तभ.) दे 'पूड़ी'।

पूर्ण (वि. तस.) पूरा, भरा हुआ, Complete, full, पूर्ण (वि.)।

पूर्णकाम (वि. तस.) जिसकी इच्छा पूर्ण हो गई है, Having the desire fulfilled, contented, पूर्णकाम, सन्तुष्ट (वि.)।

पूर्णतः (अ. तस.) पूरे तौर से, Fully, completely, पूर्णतः (अ.)।

पूर्णमासी (स्त्री. तस.) पूर्णिमा, Full moon day, पूर्णमासी, पूर्णिमा (स्त्री.)।

पूर्णाहुति (स्त्री. तस.) यज्ञ में सबके अन्त की आहुति, सर्वस्वदान, A final oblation, full sacrifice, पूर्णाहुतिः (स्त्री.)।

पूर्णिमा (स्त्री. तस.) दे. 'पूर्णमासी'।

पूर्ति (स्त्री. तस.) पूरा करने का भाव, पूर्णता, Completion, पूर्तिः, पूर्णता (स्त्री.)।

पूर्व (वि. तस.) पहला, सामने वाला, (स्त्री.) पूर्व दिशा, First, staying in front, the east, पूर्व (सर्व. वि.)।

पूर्वक (क्रि. वि. तस.) सहित, द्वारा, With, by, पूर्वकम् (क्रि. वि.)।

पूर्वकालीन (वि. तस.) पुराने जमाने का, Of old time, पूर्वकालीन (वि.)।

पूर्वज (पुं. तस.) पितर लोग, बाप-दादा आदि, Ancestor, predecessor, पूर्वजः (पुं.)।

पूर्वजन्म (पुं. तस.) पहली जिन्दगी, पहला जन्म, A previous birth, पूर्वजन्म-मन् (नपुं.)।

पूर्व-दिशा (स्त्री. तस.) सूर्य निकलने वाली दिशा, The east direction, पूर्व-दिशा (स्त्री.)।

पूर्वपक्ष (पुं. तस.) पहले प्रश्न करने वाली तरफ का, The first side in discussion, पूर्वपक्ष (पुं.)।

पूर्वपक्षी (पुं. तस.) पहले प्रश्न करने वाला, The first party, पूर्वपक्षी-क्षिन् (पुं.)।

पूर्वपुरुष (पुं. तस.) दे. 'पूर्वज'।

पूर्वमीमांसा (स्त्री. तस.) महर्षि जैमिनि द्वारा लिखा गया दर्शनशास्त्र, The philosophical book written by sage Jaimini, पूर्वमीमांसा (स्त्री.)।

पूर्वरूप (पुं. तस.) पहला रूप, व्याकरण में बाद के वर्ण का पहले वर्ण में लुप्त हो जाना, Prognosis, ending of the second word in first one, पूर्वरूपम् (नपुं.)।

पूर्ववत् (अ. तस.) पहले जैसा ही, As before, पूर्ववत् (अ.)।

पूर्ववर्ती (वि. तस.) पहले होने वाला, Previous, पूर्ववर्ती-तिन् (वि.)।

पूर्वस्थिति (स्त्री. तस.) पहली दशा या हालत, Previous condition or situation, पूर्वस्थितिः (स्त्री.)।

पूर्ववृत्त (पुं. तस.) बीती हुई घटना, A previous or old incident, पूर्ववृत्तम् (नपुं.)।

पूर्वार्ध (वि. तस.) पहला आधा भाग, A first half, पूर्वार्धम् (नपुं.)।

पूर्वाह्ण (पुं. तस.) दिन का पहला भाग, The first part of the day, पूर्वाह्णम् (नपुं.)।

पूर्वी (वि. तभ.) पूर्व की ओर का, Eastern, पूर्वीय (वि.)।

पूर्वेतर (वि. तस.) पूर्व से अन्य, Other from the first, पूर्वेतर (वि.)।

पूर्वेद्युः (पुं. तस.) बीता हुआ दिन, Yesterday, ह्यः (अ.)।

पूर्वोक्त (वि. तस.) पहले कहा गया, Said before, पूर्वोक्त (वि.)।

पूर्वोत्तर (पुं. तस.) पूर्व और उत्तर के मध्य की दिशा, ईशानकोण, The north-east quarter, ईशानकोणः (पुं.)।

पूला (पुं. तभ.) घास या फसल का बण्डल, A bundle of grass or crops, पूलः, पूलकः (पुं.)।

पूषण (पुं. तस.) सूर्य, परमात्मा, The sun, God, पूषणः (पुं.)।

पूषा (पुं. तस.) सूर्य, पृथ्वी, The sun, the earth, पूषा-षन् (पुं. सूर्य), पूषा (स्त्री. पृथ्वी)।

पूस (पुं. तभ.) पौष का महीना, The tenth month of Indian calender, पौषः (पुं.)।

पृच्छक (पुं. तस.) पूछने वाला, An inquirer, प्रष्टा-ष्टृ, पृच्छकः (पुं.)।

पृच्छा (स्त्री. तस.) पूछ, Inquiry, पृच्छा (स्त्री.)।

पृतना (स्त्री. तस.) सेना, An army, पृतना, सेना (स्त्री.)।

पृथक् (अ. तस.) अलग, Separate, पृथक् (अ.)।

पृथा (स्त्री. तस.) कुन्ती का नाम, Name of Kunti, पृथा (स्त्री.)।

पृथिवी (स्त्री. तस.) भूमि, पृथ्वी, धरणी, The earth, पृथिवी, पृथ्वी, धरा, धरिणी, भूमि, धरित्री (स्त्री.)।

पृथिवीपति (पुं. तस.) राजा, A king, पृथिवीपतिः, भूपालः (पुं.)।

पृथु (वि. तस.) विशाल, चपटा, Broad, विस्तीर्ण, विस्तृत, विशाल, पृथु (वि.)।

पृथुता (स्त्री. तस.) विशालता, चपटापन, Expansion, width, विस्तार, विशालता, पृथुता (स्त्री.)।

पृथुल (वि. तस.) स्थूल, मोटा, विस्तृत, Huge, fat, heavy, plump, पृथुल (वि.)।

पृथ्वी (स्त्री. तस.) दे. 'पृथिवी' —पृथ्वी (स्त्री.)।

पृष्ट (वि. तस.) पूछा हुआ, Asked, पृष्ट (वि.)।

पृष्ठ (पुं. तस.) पीठ, पिछला भाग, पेज, Back, back portion, a page, पृष्ठम् (नपुं.)।

पृष्ठपोषक (पुं. तस.) सहायक, मददगार, A supporter, helper, पृष्ठपोषकः (पुं.)।

पृष्ठास्थि (स्त्री. तस.) पीठ की हड्डी, Back bone, पृष्ठास्थि (नपुं.)।

पेंग (स्त्री. देशी) झूले का झटका, Oscillation of a swing, दोला-दोलनम् (नपुं.)।

पेंच (पुं. फा.) घूमने वाली कील, A screw, व्यावर्तन कीलकः, वलयकीलकः (पुं.)।

पेंदा (पुं. तभ.) तला, आधार, Bottom, base, तलः-लम् (पुं., नपुं.) आधारः (पुं.), पिण्डः-डम् (पुं., नपुं)।

पेंदी (स्त्री. तभ.) दे. 'पेंदा।'

पेंशन (स्त्री. इं.) निवृत्तिवेतन, Pension, निवृत्तिवेतनम् (नपुं.)।

पेंसिल (स्त्री. इं.) अङ्कनी, Pencil, अङ्कनी, वर्णिका (स्त्री.)।

पेखक (पुं. तभ.) प्रेक्षक, देखने वाला, Observer, प्रेक्षकः (पुं.)।

पेखना (सकर्म. तभ.) देखना, To look, to observe, प्र + ईक्ष् (भ्वा. आ.), प्रेक्षते।

पेच (पुं. फा.) दे. 'पेंच'।

पेचदार (वि. फा.) घूमने वाला, चक्करदार, Screwed, complex, व्यावर्तक (वि.), जटिल (वि.), दुर्बोध (वि.)।

पेचिश (वि. फा.) अतिसार, प्रवाहिका, Dysentery, अतिसारः (पुं.), प्रवाहिका (स्त्री.)।

पेचीदगी (स्त्री. फा.) टेढ़ापन, वक्रता, कुटिलता, Complexity, complication, वक्रता, कुटिलता (स्त्री.)।

पेचीदा, पेचीला (वि. फा.) टेढ़ा, वक्र, कुटिल, Complex, complicated, वक्र, कुटिल (वि.)।

पेज (पुं. इं.) पुस्तक का पृष्ठ, नौकर, A page, an attendant, पुस्तक-पृष्ठम् (नपुं.), सेवकः (पुं.)।

पेट (पुं. तस.) उदर, जठर, पेटक, Abdomen, belly, उदरम्, जठरम् (नपुं.)।

पेटक (पुं. तस.) सन्दूक, पिटारा, A box, a covered basket, पेटकः (पुं.), मञ्जूषा (स्त्री.)।

पेटिका (स्त्री. तस.) छोटा सन्दूक, पेटी, कमरबन्ध, A small box, पेटिका, पेटी, लघु-मञ्जूषा, पृष्ठबन्धनी (स्त्री.)।

पेटी (स्त्री. तस.) दे. 'पेटिका'।

पेटू (पुं. तभ.) बहुत खाने वाला, A glutton, a gourmand, उदरम्भरिः, औदरिकः, अद्मरः, घस्मरः (पुं.)।

पेठा (पुं. देशी) कुम्हड़ा, Pumpkin, कूष्माण्डम् (नपुं.)।

पेड़ (पुं. देशी) वृक्ष, विटप, पादप, तरु, द्रुम, Tree, वृक्षः, तरुः, पादपः, विटपः, द्रुमः (पुं.)।

पेड़ा (पुं. तभ.) पिंडक, खोये से बनी एक मिठाई, A sweetmeat, product of densed milk, पिण्डकम् (नपुं.)

पेडुकी (स्त्री. तस.) घुग्घी, A dove, पेडुकी (स्त्री.)।

पेडू (पुं. तभ.) पक्वाशय, Belly, पक्वाशयः (पुं.)।

पेम (पुं. तभ.) दे. 'प्रेम' — प्रेम-मन् (नपुं.), (प्रेम, प्रेमणी, प्रेमाणि)।

पेय (पुं. तस.) पीने योग्य वस्तु, A drinkable thing, पेयम् (नपुं.)।

पेय (वि. तस.) पीने योग्य, पातव्य, Fit to drink, पेय, पातव्य, पानीय (वि.)।

पेरना, पेलना (सकर्म. तभ.) यन्त्र द्वारा किसी वस्तु को दबाना, To press something in a machine, पील् (भ्वा. पर.) — पीलति, पीड् (चुरा. पर.) — पीडयति।

पेवंद (स्त्री. देशी) एक पेड़ का अंकुर दूसरे पेड़ पर लगाने का कार्य, A botch, a patch, अङ्कुरारोपणम्, अङ्कुर-योजनम् (नपुं.)।

पेवंद लगाना (सकर्म. देशी) अंकुर का आरोपण, To patch, to botch, आरोपय्-आरोपयति (प्रे.), योजय्-योजयति।

पेश करना (सकर्म. फा.) उपस्थित करना, प्रस्तुत करना, To cause to present, to propose, उपस्थापय्-उपस्थापयति।

पेशकार (पुं. फा.) प्रस्तोता, प्रतिनिधि, A court official, an agent, प्रतिनिधिः (पुं.)।

पेशकारी (स्त्री. फा.) प्रतिनिधित्व, Agency, प्रतिनिधित्वम् (नपुं.)।

पेशगी (स्त्री. फा.) अग्रिम धन, An advance money, अग्रिमधनम् (नपुं.)।

पेशल (वि. तस.) सुन्दर, सुकुमार, मृदुल, Beautiful, delicate, soft, सुन्दर, सुकुमार, मृदुल (वि.)।

पेशवा (पुं. फा.) नेता, अग्रणी, मरहट्टों के प्रधानमन्त्री की उपाधि, A leader, the title of Marahaṭṭa Prime Minister, नेता-तृ (पुं.) महाराष्ट्र-राज्य-प्रधान-मन्त्री-त्रिन् (पुं.)।

पेशवाई (स्त्री. फा.) पेशवा का कार्य, Work of Peshva, पेशवा-कार्यम् (नपुं.)।

पेशा (पुं. फा.) व्यवसाय, रोजगार, Occupation, trade, व्यवसायः (पुं.), उपजीविका, वृत्तिः (स्त्री.)।

पेशानी (स्त्री. फा.) माथा, मस्तक, भाग्य, Forehead, fate, मस्तकम्, भाग्यम् (नपुं.)।

पेशाब (पुं. फा.) मूत्र, Urine, मूत्रम् (नपुं.)।

पेशी (स्त्री. फा.) अभियोग में उपस्थिति, हाजरी, Presence to hear a law suit, अभियोगे उपस्थितिः (स्त्री.)।

पेश्तर (क्रि. वि. फा.) पहले, प्रथमतः, Before, formerly, पूर्वम्, प्रथमम् (क्रि. वि.)।

पेषण (पुं. तस.) पिसाई, Grinding, crushing, पेषणम् (नपुं.)।

पेषणी (स्त्री. तभ.) चक्की, चक्रिका, A mill machine, a grindstone , पेषणशिला, यन्त्रपेशणी, पाषाणचक्रिका (स्त्री.)।

पैंचना (सकर्म. देशी) छाज से साफ करना, To winnow, स्फुर् (तुदा.), स्फोरय् (प्रे.) — स्फोरयति, स्खल् (भ्वा.), स्खालय् (प्रे.), स्खालयति, शूर्प् (चुरा.) — शूर्पयति।

पैंजनी (स्त्री. देशी) दे. 'नूपुर'।

पैंठ (स्त्री. देशी) मण्डी, बाजार, A market, a shop, विपणिः, पण्यवीथिः (स्त्री.)।

पैंड (पुं. तभ.) मार्ग, पथ, A way, मार्गः, पन्थाः (पुं.)।

पैंडा (पुं. तभ.) दे. 'पैंड'।

पैंतालीस (वि. तभ.) चालीस और पाँच, Forty five, पञ्चचत्वारिंशत् (वि.)।

पैंती (स्त्री. तभ.) कुशा की अंगूठी, A ring of Kusha-grass, कुशाङ्गुलीयकम् (नपुं.)।

पैंतीस (वि. तभ.) तीस और पाँच, Thirty five, पञ्चत्रिंशत् (वि.)।

पैंसठ (वि. तभ.) साठ और पाँच, Seventy five, पञ्चषष्टिः (वि.)।

पै (अ. तभ.) ऊपरि, पर, भी, On, upon, also, उपरि, परम्, अपि (अ.)।

पैक करना (सकर्म. इं.) बण्डल बनाना, To pack, पुट् (तुदा. पर.) — पुटति।

पैकट (पुं. इं.) बन्धा बण्डल, A packet, बद्धः पत्रकोशः, पोटकः।

पैखाना (पुं. फा.) मल, विष्ठा, Latrine, मलम् (नपुं.), विष्ठा (स्त्री.)।

पैगंबर (पुं. फा.) ईश्वर का प्रतिनिधि, धर्मप्रवर्तक, A prophet, a messenger of God, ईशदूतः, धर्मप्रवर्त्तकः (पुं.)।

पैगाम (पुं. फा.) संदेश, वार्ता, A message, संदेशः (पुं.), वार्ता (स्त्री.)।

पैठ (स्त्री. देशी) पहुँच, प्राप्ति, Access, approach, गमनम् (नपुं.), प्राप्तिः (स्त्री.)।

पैठना (अकर्म. देशी) पहुँचाना, To reach, (भ्वा. पर.), अधिगच्छति, प्राप्नोति।

पैठाना (सकर्म. देशी) पहुँचाना, To cause to reach, अधिगमयति (प्रे.), प्रापयति।

पैठाव (पुं. देशी) दे. 'पैठ'।

पैड़ी (स्त्री. देशी) सीढ़ी, पौढ़ी, A stair case, a ladder, निःश्रेणी (स्त्री.)।

पैतरा (पुं. तभ.) पैर बदलना, युद्ध में पाँव रखने का ढंग, Preparatory movement in fighting, युद्धे पादन्यासप्रकारः (पुं.)।

पैतला (वि. तभ.) उथला, कम गहरा, Shallow, not deep, अल्पगभीर, गाध्य (वि.)।

पैताना (वि. तभ.) पैर की तरफ का स्थान, The side of feet, पादस्थानम् (नपुं.)।

पैतृक (वि. तस.) पिता से सम्बन्धित, Pertaining to the father, पैतृक (वि.)।

पैत्तिक (वि. तस.) पित्त से सम्बन्धित, Pertaining to gall, पैत्तिक (वि.)।

पैदल (वि. तस.) पदयात्री, पदाति, A pedestrian, पदयात्री-त्रिन्, पदाति (वि.)।

पैदा (वि. फा.) उत्पन्न, Born, उत्पन्न, जात (वि.)।

पैदाइश, पैदायश (स्त्री. फा.) उत्पत्ति, जन्म, Birth, production, उत्पत्तिः (स्त्री.), जन्म-मन् (नपुं.)।

पैदाइशी, पैदायशी (वि. फा.) जन्मजात, जन्म से ही, In born, natural, from birth, जन्मज, जन्मजात (वि.)।

पैदावार (स्त्री. फा.) उपज, पैदायश, Produce, production, उत्पादः (पुं.), उत्पादनम् (नपुं.)।

पैना (वि. देशी) तेज, तीक्ष्ण, Sharp, तीक्ष्ण, उग्र, निशित (वि.)।

पैमाइश (स्त्री. फा.) माप, Measurement, मानम्, परिमाणम् (नपुं.)।

पैमाना (पुं. फा.) मापने का साधन, Means of measurement, मापन-साधनम् (वि.)।

पैर (पुं. देशी) पाँव, चरण, पाद, A foot, पादः, चरणः।

पैरना (अकर्म. देशी) तैरना, To swim, to float, तॄ- तरति।

पैरवी (स्त्री. फा.) व्यवहार में लाना, आज्ञापालन करना, पक्ष में कहना, Pursuit, obedience, siding, व्यवहरणम्, आज्ञापालनम्, पक्षसमर्थनम् (नपुं.)।

पैरा (पुं. इं.) अनुच्छेद, Paragraph, अनुच्छेदः (पुं.)

पैराक (पुं. तभ.) तैराक, A swimmer, तारकः, तर्त्ता-तृ (पुं.)।

पैरोकार (पुं. फा.) पैरवी करने वाला, पक्ष-समर्थक, आज्ञापालक, A supporter, an obedient, a follower, पक्षसमर्थकः, आज्ञापालकः (पुं.)।

पैबंद (पुं. फा.) किसी वस्त्र का खण्ड, एक वृक्ष का दूसरे वृक्ष पर कलम, A patch, वस्त्रखंडः, ग्रथितशकलः, वृक्षान्तरस्य वृक्षेंऽकुरनिवेशः, आरोपणम् (पुं.)।

पैबंदी (वि. फा.) कलमी, Engrafted, वृक्षान्तर-निवेशित (वि.)

पैशाच (वि. फा.) पिशाच से सम्बन्धित, क्रूर, Related to demon, cruel, पैशाच, क्रूर (वि.)।

पैशाचिक (वि. तस.) दे. 'पैशाच'।

पैशाची (स्त्री. तस.) प्राकृत भाषा का एक भेद, A kind of Prakrita language, पैशाची (स्त्री.)।

पैशुन्य (पुं. तस.) चुगलखोरी, पिशुनता, Backbiting, पैशुन्यम् (नपुं.), पिशुनता (स्त्री.)।

पैसा (पुं. तस.) रुपये का सौवाँ भाग, धनदौलत, Hundredth part of a rupee, wealth, पणांशः, रुप्यकशतांशः, धनम्, सम्पत्तिः।

पोंगा (पुं. देशी) बुद्धू, अज्ञानी, जड़, Foolish, dolt, अज्ञः, जडः, मूर्खः (पुं.)।

पोंछ (स्त्री. तभ.) कपड़े आदि से धूलमिट्टी हटाने का काम, Removing of dust by something, प्रोञ्छनम् (नपुं.)।

पोंछना (सकर्म. तभ.) कपड़े आदि से मिट्टी-धूलि हटाना, To remove dust by something, प्र + उञ्छ् (भ्वा. पर.) — प्रोञ्छति।

पोखर, पोखरा (पुं. तभ.) जोहड़, तालाब, A pool, a tank, a pond, पुष्करः (पुं.), तडागः (पुं.)।

पोच (वि. देशी) नीच, कमीना, Mean, worthless, नीच, पतित, व्यर्थ (वि.)।

पोची (स्त्री. देशी) नीचता, कमीनापन, Meanness, uselessness, नीचता, अधमता, व्यर्थता (स्त्री.)।

पोट, पोटला (पुं. तभ.) बड़ी पोटली, A big bundle, पोटकः, पोट्टलः (पुं.)।

पोटली (स्त्री. तभ.) बण्डल, बन्धी हुई गठड़ी, A bundle, पोट्टलिका (स्त्री.)।

पोटा (पुं. तभ.) अंगुली की पौरी, अंगुली का अग्रभाग, The fore-part of a finger, a part of a finger, अङ्गुल्यग्रम्, अंगुलीपर्व-वन् (नपुं.)।

पोटा (स्त्री.) दाढ़ी-मूँछों वाली नारी, A masculine woman, पोटा (स्त्री.)।

पोटास (स्त्री. इं.) पोटाशियम, पोटाश, Potash, पोटाशम्, दहातु (नपुं.)।

पोटीन (स्त्री. इं.) शीशे आदि को जमाने की पट्टी, Putty, पट्टी (स्त्री.)।

पोढ़ा (स्त्री. तभं.) मजबूत, कठोर, दृढ़, Strong, hard, firm, प्रौढ, कठोर, दृढ, बलवान्-वत् (वि.)।

पोत (पुं. तस.) बच्चा, जहाज, वस्त्र, A young one, a ship, a cloth, पोतः, शावकः (पुं.), जलयानम्, वस्त्रम् (नपुं.)।

पोतड़ा (पुं तभ.) दे. 'पोतरा'।

पोतना (सकर्म. तभ.) लेप करना, जमाना, To plaster, to daub, पुन्थ् (भ्वा. पर.), पुन्थति, लिप् (तुदा.), लिम्पति।

पोतरा (पुं. तभ.) शिशु के मलमूत्र का वस्त्र, A baby cloth, शिशुमलप्रोञ्छनः (पुं.), प्रोञ्छनः (पुं.)।

पोता (पुं. तभ.) पुत्र का पुत्र, A grandson, पौत्रः (पुं.)।

पोती (स्त्री. तभ.) पुत्र की पुत्री, A grand-daughter, पौत्री (स्त्री.)।

पोथा (पुं. तभ.) बड़ी पुस्तक, A large book, बृहत्पुस्तकम् (नपुं.), ग्रन्थः (पुं.)।

पोथी (स्त्री. तभ.) पुस्तक, A book, पुस्तकम् (नपुं.), पुस्तिका (स्त्री.)।

पोदीना (पुं. फा.) एक सुगन्धित पत्तों वाली बूटी, A kind of mint, पुदीनः, सुगन्धिपत्रः (पुं.)।

पोप (पुं. इं.) ईसाई धर्म का अध्यक्ष, Pope, क्राइस्टधर्माध्यक्षः (पुं.)।

पोपला (वि. देशी) दाँतों से रहित (मुख), Having no teeth, दन्तविहीन (वि.)।

पोर, पोरी (स्त्री. तभ.) गाँठ तक का एक भाग, A portion upto the knot, पर्व-वन् (नपुं. – पर्व, पर्वणी, पर्वाणि)।

पोल (पुं. देशी) खाली स्थान, रिक्तस्थान, अवकाश, An empty space, रिक्तस्थानम् (नपुं.), अवकाशः, अन्तरिक्षम् (नपुं. पुं.)।

पोल (पुं. इं.) खम्भा, A pole, स्तम्भः, स्कम्भः (पुं.)।

पोला (वि. देशी) खोखला, नरम, Hollow, soft, रिक्त, निस्सार (वि.)।

पोशाक (स्त्री. फा.) पहनावा, A garment, a dress, परिधानम् (नपुं.)।

पोशीदा (वि. फा.) छिपा हुआ, गुप्त, Hidden, concealed, गुप्त, प्रच्छन्न (वि.)।

पोषक (पुं. तस.) पालने वाला, पोसने वाला, A nourisher, a patron, पोषकः (पुं.)।

पोषण (पुं. तस.) पुष्टि, पालन, Nourishing, rearing, पोषणम् (नपुं.)।

पोषित (वि. तस.) पोसा हुआ, तगड़ा किया हुआ, Nourished, reared, पोषित (वि.)।

पोष्य (वि. तस.) पोसने योग्य, पुष्ट करने योग्य, Fit to be nourished, पोष्य (वि.)।

पोसना (सकर्म. तभ.) पालना, पुष्ट करना, To nourish, to rear, पोषय् (प्रे.) – पोषयति।

पोस्त (पुं. फा.) खसखस का पौधा, Poppy plant, खस्खसक्षुपः (पुं.)।

पोस्ताँ (पुं. फा.) दे, 'पोस्त'।

पोस्ती (वि. फा.) आलसी, सुस्त, Lazy, idle, अलस, निद्रालु (वि.)।

पौंचा (वि. तभ.) पाँच और आधा, Five and a half, सार्धपञ्च (वि.)।

पौंड्रा (पुं. तभ.) पौंडा, एक प्रकार का उत्तम गन्ना, A kind of best sugarcane, पौण्ड्रः, उत्तम इक्षुदण्डः (पुं.)।

पौ (स्त्री. तभ.) सूर्य की पहली किरण, The first ray of the sun, प्रथमकिरणः।

पौ फूटना (सकर्म. तभ.) सूर्य की प्रथम किरण के दर्शन, The view of the first ray of the sun, प्रथमकिरणदर्शनम् (नपुं.), प्रभातवेला (स्त्री.)।

पौआ (पुं. तभ.) चतुर्थभाग, चतुर्थांश, Fourth part, पादभागः, चतुर्थांशः (पुं.)।

पौडर (स्त्री. इं.) चूर्ण, चूर्णित वस्तु, Powder, चूर्णम् (नपुं.)।

पौढ़ना (सकर्म. देशी) लेटना, सोना, To sleep, to repose on bed, लेटनम्, शयनम् (नपुं.)।

पौढ़ाना (सकर्म. देशी) लेटाना, सुलाना, To cause to repose or sleep on bed, शायनम्, स्वापनम् (प्रे.)।

पौत्र (पुं. तस.) पुत्र का पुत्र, Grandson, पौत्रः (पुं.)।

पौत्री (स्त्री. तस.) पुत्र की पुत्री, Grand-daughter, पौत्री (स्त्री.)।

पौद, पौध (स्त्री. तभ.) छोटे वृक्षों का समूह, A cluster of growing trees, बाल-वृक्ष-समूहः (पुं.)।

पौधा (पुं. तभ.) छोटा पेड़, A plant, क्षुपः (पुं.)।

पौन (वि. तभ.) चतुर्थांश, Quarter to one, पादोन (वि.)।

पौना (वि. तस.) दे. 'पौन'।

पौनी (स्त्री. तभ.) घी आदि के मल को निकालने वाली जालीदार कलछी, A ladle having holes to purify ghee or oil etc, पवनी (स्त्री.)।

पौर (वि. तस.) पुरनिवासी, नागरिक, Citizen, pertaining to a city, पौर (वि.)।

पौरव (पुं. तस.) पुरु के वंश में उत्पन्न लोग, The descendants of Puru dynasty, पौरवाः (पुं. बहु.)।

पौराणिक (वि. तस.) पुराणों से सम्बन्धित, पुराणों को मानने वाला, Related to Puraṇas, one who has faith in puranas, पौराणिकः (वि.)।

पौरी (स्त्री. तभ.) नगर-द्वार, ड्योढ़ी, The city gate, a portice नगरद्वारम् (नपुं.), प्रतोली (स्त्री.)।

पौरी, पौढ़ी (स्त्री. देशी) सीढ़ी, A ladder, a staircase, निःश्रेणी (स्त्री.)।

पौरुष (पुं. तस.) पुरुषार्थ, उत्साह, बहादुरी, Effort, courage, bravery, पौरुषम् (नपुं.), पुरुषार्थः, उत्साहः (पुं.), वीरता (स्त्री.)।

पौरुषेय (वि. तस.) पुरुष से सम्बन्धित, Pertaining to a man, पौरुषेय (वि.)।

पौरोहित्य (स्त्री. तस.) दे. 'पुरोहिताई'।

पौर्णमासी (स्त्री. तस.) दे. 'पूर्णमासी'।

पौर्वापर्य (पुं. तस.) पहले से बाद का क्रम, Series, an order from first to the next, पौर्वापर्यम् (नपुं.), क्रमशः (अ.)।

पौलस्त्य (वि. तस.) पुलस्ति ऋषि से सम्बन्धित, Pertaining to sage Pulasti, पौलस्त्य (वि.)।

पौलिया, पौरिया (पुं. तभ.) द्वारपाल, A door-keeper, a watchman, द्वारपालः, प्रहरि-रिन् (पुं.)।

पौली (स्त्री.) दे. 'पौरी'।

पौवा (पुं. तभ.) दे. 'पौआ'।

पौष (पुं. तस.) देशी वर्ष का दसवाँ महीना, The tenth month of Indian year, पौषः (पुं.)।

पौष्टिक (वि. तस.) पुष्ट करने वाला, पोषक, Nourishing, पौष्टिक (वि.)।

पौसरा, पौसला (पुं. देशी) प्याऊ, Water-hut for the travellers, पयःशाला, पयःकुटी (स्त्री.), प्रपा-स्थानम् (नपुं.)।

प्याऊ (स्त्री. तभ.) प्रपा, पौसरा, सबील, Water-hut, पयःशाला, प्रपास्थानम्।

प्याज (पुं. फा.) पलाण्डु, Onion, पलाण्डुः (पुं.)।

प्याजी (वि. फा.) प्याज के रंग का, Having light rosy colour, पलाण्डु-वर्णक (वि.)।

प्यादा (पुं. फा.) पैदल चलने वाला, सरकारी दूत, Foot soldier, a messenger, पदातिः, सन्देशद्वारकः, दूतः।

प्यार (पुं. देशी) प्रेम, स्नेह, प्रीति, Love, affection, प्रेम-मन् (नपुं.), प्रीतिः (स्त्री.), स्नेहः (पुं.)।

प्यारा (वि. देशी) प्रिय, वल्लभ, दयित, Beloved, lovely, प्रिय, वल्लभ, दयित (वि.)।

प्याला (पुं. फा.) पीने का एक बर्तन, A cup, चषकः, शरावः (पुं.)।

प्याली (स्त्री. तभ.) पीने का छोटा पात्र, A small cup, लघुचषकः, शरावकः (पुं.)।

प्यास (स्त्री. तभ.) तृषा, पिपासा, Thirst, पिपासा, तृषा (स्त्री.)।

प्यासा (वि. तभ.) तृषित, पिपासित, पिपासु, Thirsty, पिपासु, पिपासित, तृषित (वि.)।

प्योसर (पुं. देशी) पेवस, Milk of the cow which has just given a birth, पीयूषम् (नपुं.)।

पौसार (पुं. देशी) विवाहिता के पिता का घर, The father's house of a married woman, पितृगृहम् (नपुं.)।

प्रकंप, प्रकम्प (पुं. तस.) कम्पन, Trembling, प्रकम्पः, वेपथुः (पुं.), कम्पनम् (नपुं.)।

प्रकट (वि. तस.) स्पष्ट, दीखता हुआ, Clear, evident, apparent, व्यक्त, स्फुट, प्रकट (वि.)।

प्रकटित (वि. तस.) स्पष्ट हुआ हुआ, दीखा हुआ, Seen, displayed, प्रकटित, दृष्ट (वि.)।

प्रकटीकृत (वि. तस.) प्रकट किया गया, स्पष्ट किया गया, Clarified, discovered, प्रकटीकृत (वि.)।

प्रकथन (पुं. तस.) स्पष्ट कहना, Clear account or saying, प्रकथनम् (नपुं.)।

प्रकर (पुं. तस.) समूह, निकर, A heap, a multitude, प्रकरः, निकरः, समूहः, चयः, निचयः (पुं.)।

प्रकरण (पुं. तस.) प्रसंग, पूर्वापर सम्बन्ध, एक प्रकार का नाटक, Context, a kind of play, प्रकरणम् (नपुं.)।

प्रकर्ष (पुं. तस.) उत्कर्ष, अधिकता, Superiority, excellence, प्रकर्षः, उत्कर्षः (पुं.), आधिक्यम् (नपुं.)।

प्रकल्पना (स्त्री. तस.) निर्णय, Settlement, प्रकल्पना (स्त्री.), निर्णयः (पुं.)।

प्रकल्पित (वि. तस.) निर्णीत, समन्वित, Settled, adjusted, प्रकल्पित, निर्णीत, समन्वित (वि.)।

प्रकांड, प्रकाण्ड (वि. तस.) उत्कृष्ट, बढ़िया, महान्, Excellent, good, great, प्रकाण्ड, उत्कृष्ट, महान्-हत्, उत्तम (वि.)।

प्रकाण्ड (पुं. तस.) कन्धा, शाखा, Shoulder, branch, स्कन्धः (पुं.), शाखा (स्त्री.)।

प्रकाम (पुं. तस.) इच्छा, कामना, चाह, Desire, wish, प्रकामः. (पुं.), अभिलाषः (पुं.), कामना (स्त्री.)।

प्रकाम (वि. तस.) बढ़ी हुई कामना वाला, Highly desirous, प्रकाम (वि.)।

प्रकार (पुं. तस.) तरह, भेद, विधि, Kind, method, species, type, प्रकारः, विधिः, भेदः (पुं.)।

प्रकारान्तर (पुं. तस.) दूसरा ढंग, दूसरी विधि, Another method, प्रकारान्तरम् (नपुं.)।

प्रकाश (पुं. तस.) रोशनी, ज्योति, A light, प्रकाशः, आलोकः (पुं.), ज्योतिः-तिष् (नपुं.)।

प्रकाशक (पुं. तस.) प्रकाश में लाने वाला, पुस्तक को छपवाने वाला, An illuminator, a publisher, प्रकाशकः (पुं.)।

प्रकाशन (पुं. तस.) प्रकट करने का कार्य, पुस्तक सामने लाने का कार्य, Illumination, publishing, प्रकाशनम् (नपुं.)।

प्रकाशित (वि. तस.) सामने लाया गया, Illuminated, published, प्रकाशित (वि.)।

प्रकीर्ण (वि. तस.) विखरा हुआ, Scattered, प्रकीर्ण, विकीर्ण (वि.)।

प्रकुपित (वि. तस.) क्रुद्ध, नाराज, गुस्साया हुआ, Enraged, agitated, प्रकुपित, क्रुद्ध (वि.)।

प्रकृत (वि. तस.) वास्तविक, तात्त्विक, प्रकरण से सम्बन्धित, Real, just, related to the context, प्रकृत, वास्तविक, तात्त्विक, प्रकरणसम्बद्ध (वि.)।

प्रकृति (स्त्री. तस.) कुदरत, स्वभाव, The nature, habit, temperament, प्रकृतिः (स्त्री.), स्वभावः (पुं.), रुचिः (स्त्री.)।

प्रकृतिभाव (पुं. तस.) मूलरूप में रहना, व्याकरण में - सन्धि न होना, Natural existence, in grammar-absence of joining, प्रकृतिभावः (पुं.)।

प्रकोप (पुं. तस.) क्रोध, गुस्सा, Rage, anger, प्रकोपः, प्ररोषः (पुं.)।

प्रकोष्ठ (पुं. तस.) कलाई, मुख्यद्वार के पास का कमरा, ब्रैकट, A wrist, a room near main gate, brackets, प्रकोष्ठः, मणिबन्धः (पुं.) कोष्ठकम् (नपुं.)।

प्रक्रम (पुं. तस.) आरम्भ, सिलसिला, Beginning, an order, प्रक्रमः, आरम्भः, क्रमः (पुं.)।

प्रक्रिया (स्त्री. तस.) अनेक छोटी क्रियाओं का समूह, A process, a procedure, प्रक्रिया (स्त्री.)।

प्रक्षालक (पुं. तस.) धोने वाला, धोबी, One who washes, a washerman, प्रक्षालकः (पुं.)।

प्रक्षालित (वि. तस.) धोया हुआ, स्वच्छ किया हुआ, Washed, cleaned, प्रक्षालित (वि.)।

प्रक्षिप्त (वि. तस.) जोर से फेंका हुआ, मिलाया हुआ, Thrown away, mixed in, प्रक्षिप्त (वि.)।

प्रक्षेप (पुं. तस) फेंकाव, मिलावट, Throwing away, mixing into, प्रक्षेपः (पुं.)।

प्रखर (वि. तस.) उग्र, तेज, Sharp, fast, उग्र, तीव्र, तीक्ष्ण (वि.)।

प्रख्यात (वि. तस.) खूब मशहूर, प्रसिद्ध, विख्यात, Famous, notable, well-known, प्रख्यात, विख्यात, प्रसिद्ध (वि.)।

प्रख्याति (स्त्री. तस.) प्रसिद्धि, मशहूरी, Fame, प्रसिद्धिः, प्रख्यातिः (स्त्री.)।

प्रगट (वि. तभ.) दे. 'प्रकट'।

प्रगमन (पुं. तस.) आगे बढ़ना, Progress, advance, प्रगमनम् (नपुं.), प्रगतिः (स्त्री.), उन्नतिः (स्त्री.), उत्कर्षः (पुं.)।

प्रगल्भ (वि. तस.) चतुर, निपुण, दक्ष, प्रवीण, Clever, dexter, active, चतुर, प्रगल्भ, निपुण, दक्ष, प्रवीण (वि.)।

प्रगाढ़ (वि. तस.) बहुत गाढ़ा, Very thick, प्रगाढ, सघन (वि.)।

प्रचंड, प्रचण्ड (वि. तस.) उग्र, तेज, तीक्ष्ण, घोर, प्रखर, Furious, sharp, terrible, boisterous, प्रखर, उग्र, तीक्ष्ण, घोर, प्रचण्ड (वि.)।

प्रचरित (वि. तस.) प्रचलित, चला हुआ, गतिमय, Prevailing in a vogue, circulated, प्रचलित, प्रगत, प्रसिद्ध (वि.)।

प्रचलन (पुं. तस.) लोक में चलना, रिवाज, फैशन, A fashion, vogue, custom, publicity, प्रचलनम् (नपुं.), प्रचारः (पुं.), प्रथा (स्त्री.)।

प्रचलित (पुं. तस.) दे. 'प्रचरित'।

प्रचार (पुं. तस.) फैलाव, प्रसिद्धि, सामान्य प्रयोग, Expansion, fame, common use, propaganda, प्रचारः, प्रसारः (पुं.), प्रसिद्धिः (स्त्री.)।

प्रचारक (पुं. तस.) प्रचार करने वाला, प्रसिद्ध करने वाला, चलाने वाला, A propagater, a publisher, प्रचारकः, प्रचालकः (पुं.)।

प्रचारित (वि. तस.) प्रसिद्ध किया हुआ, चलाया हुआ, Propagated, published, प्रचारित, प्रचालित (वि.)।

प्रचुर (वि. तस.) बहुत अधिक, In big quantity, abundant, प्रचुर, अत्यधिक (वि.)।

प्रचुरता (स्त्री. तस.) बहुत अधिकता, Abundance, प्रचुरता, अत्यधिकता (स्त्री.), अत्याधिक्यम्, प्राचुर्यम् (नपुं.)।

प्रचेता (वि. तस.) बहुत समझदार, Very intelligent, प्रचेताः-तस्, प्राज्ञः (वि.)।
(पुं. तस.) ब्रह्मा का उपनाम, An epithet of Brahmā, प्रचेताः (वि.)।

प्रच्छन्न (पुं. तस.) ढका हुआ, छिपा हुआ, Covered, concealed, प्रच्छन्न (वि.)।

प्रच्छादन (पुं. तस.) आच्छादन, ढकने का कार्य या आवरण, Covering, a cover, a wrapper, प्रच्छादनम्, आच्छादनम्, आवरणम् (नपुं.)।

प्रच्छादित (पुं. तस.) ढका हुआ, छिपाया हुआ, Caused to be covered or concealed, प्रच्छादित, आच्छादित, आवारित (वि.)।

प्रजनन (पुं. तस.) उत्पत्ति, जन्म, Production, birth, प्रजननम्, जन्म-मन् (नपुं.)।

प्रजा (स्त्री. तस.) सन्तान, जनता, Descendant, public, प्रजा, सन्ततिः (स्त्री.), जनता (स्त्री.)।

प्रजागर (पुं. तस.) बहुत जागना, अधिक जागरण, Wide awake, प्रजागरः (पुं.), प्रजागरणम् (नपुं.)।

प्रजातन्तु (पुं. तस.) सन्तान के होने का क्रम, A system of descendancy, प्रजातन्तुः (पुं.)।

प्रजावती (स्त्री. तस.) सन्तान वाली, The female having her issues, प्रजावती, सन्तानवती (स्त्री.)।

प्रज्ञ (वि. तस.) बुद्धिमान्, सुबुद्धि, Intelligent, wise, प्रज्ञ (वि.), बुद्धिमत् (वि.)।

प्रज्ञा (स्त्री. तस.) बुद्धि, मति, मनीषा, Intelligence, wisdom, प्रज्ञाः, बुद्धिः, मतिः, मनीषा (स्त्री.)।

प्रज्वलन (पुं. तस.) जलना, Burning, प्रज्वलनम् (नपुं.)।
(पुं. तस.) अग्नि, Fire, प्रज्वलनः (पुं.)।

प्रज्वलित (वि. तस.) खूब जला हुआ, उद्दीप्त, Well burnt, प्रज्वलित (वि.)।

प्रण (पुं. तभ.) पण, प्रतिज्ञा, A promise, पणः (पुं.), प्रतिज्ञा (स्त्री.)।

प्रणत (वि. तस.) झुका हुआ, विनीत, Knelt, bowed, polite, नत, प्रणत, नम्र, विनीत (वि.)।

प्रणति (स्त्री. तस.) प्रणाम, नम्रता, झुकाव, Salutation, politeness, kneeling, प्रणतिः, नम्रता (स्त्री.), प्रणामः (पुं.), प्रणमनम् (नपुं.)।

प्रणमन (पुं. तस.) दे. 'प्रणति' — प्रणमनम् (नपुं.)।

प्रणम्य (वि. तस.) झुकने योग्य, Fit to kneel, प्रणम्य (वि.)।
(अ. तस.) प्रणाम करके, After lowing or saluting, प्रणम्य (अ.)।

प्रणय (पुं. तस.) प्रेम, स्नेह, Love, affection, प्रणयः (पुं.), प्रीतिः (स्त्री.), स्नेहः (पुं.)।

प्रणयन (पुं. तस.) निर्माण, रचना, A composition, construction, निर्माणम् (नपुं), रचना (स्त्री.)।

प्रणयिनी (स्त्री. तस.) प्रेमिका, प्यारी पत्नी, A beloved, a dear wife, प्रणयिनी (स्त्री.)।

प्रणयी (पुं. तस.) प्रेमी, पति, A lover, a husband, प्रणयी-यिन् (पुं.)।

प्रणव (पुं. तस.) तीन मात्रा वाला ओ३म्, ओंकार, The Om word with longest sound, प्रणवः (पुं.), ओ३म् (अ.)।

प्रणाम (पुं. तस.) दे. 'प्रणति' — प्रणामः (पुं.), नमस्कारः (पुं.)।

प्रणाली (स्त्री. तस.) नाली, पद्धति, A water course, a drain, system, manner, प्रणालिका, पद्धति, परम्परा (स्त्री.)।

प्रणाश (पुं. तस.) सर्वनाश, Destruction, death, प्रणाशः, विनाशः (पुं.)।

प्रणिधान (पुं. तस.) प्रभु को समर्पित करना, Dedication to God, प्रणिधानम् (नपुं.)।

प्रणिधि (पुं. तस.) गुप्तचर, A spy, प्रणिधिः, गुप्तचरः (पुं.)।

प्रणिपात (पुं. तस.) नम्रता, वन्दना, Politeness, salutation, नम्रता, वन्दना (स्त्री.), प्रणामः (पुं.), नमनम्, वन्दनम् (नपुं.)।

प्रणीत (वि. तस.) बनाया हुआ, रचा हुआ, Constructed, composed, प्रणीत, रचित (वि.)।

प्रणेता (पुं. तस.) बनाने वाला, रचयिता, Constructor, creator, author, प्रणेता-तृ, रचयिता-तृ, निर्माता-तृ (पुं.)।

प्रतत (वि. तस.) फैला हुआ, विस्तृत, Extended, expanded, विस्तृत (वि.)।

प्रतति (स्त्री. तस.) फैलाव, विस्तार, Extention, expansion, विस्तृतिः (स्त्री.), प्रतानः, वितानः, विस्तारः (पुं.)।

प्रतनु (वि. तस.) बहुत थोड़ा, Very little, प्रतनु, अल्प, न्यून (वि.)।

प्रतप्त (वि. तस.) खूब तपा हुआ, Well heated, प्रतप्त (वि.)।

प्रतल (पुं. तस.) पुराणों में वर्णित एक लोक का नाम, The name of a world pointed in Purāṇās, प्रतलः (पुं.)।

प्रताप (पुं. तस.) तेज, प्रभाव, Lustre, influence, प्रतापः, प्रभावः (पुं.), तेजः-जस् (नपुं.)।

प्रतापी (वि. तस.) तेजस्वी, प्रभावशाली, Glorious, powerful, dignified, प्रतापी-पिन्, तेजस्वी-विन्, प्रतापशाली-लिन् (वि.)।

प्रतारक (पुं. तस.) धोखेबाज, ठग, कपटी, छली, A deceiver, a cheat, प्रतारक, वञ्चकः, कपटी-टिन्, छली-लिन् (पुं.)।

प्रतारण (पुं. तस.) धोखेबाजी, छल, कपट, ठगी, Deception, प्रतारणम्, छलम्, कपटम् वञ्चनम् (नपुं.)।

प्रतारित (वि. तस.) ठगा हुआ, छला हुआ, Deceived, प्रतारित, वञ्चित (वि.)।

प्रति (उप. तस.) 'प्रत्येक, विरुद्ध' आदि अर्थों में इसका प्रयोग, 'Every and opposite' are its main meaning, प्रति (उप.)।

प्रति (अ. तस.) तरफ, ओर, Towards, प्रति (अ.)।

प्रतिकार (पुं. तस.) बदला, Revenge, प्रतिकारः, प्रतिशोधः (पुं.)।

प्रतिकूल (वि. तस.) विरुद्ध, विपरीत, Opposite, opponent, प्रतिकूल, विरुद्ध, विपरीत (वि.)।

प्रतिकृति (स्त्री. तस.) मूर्ति, फोटो, चित्र, An image, a picture, a photograph, प्रतिकृतिः, मूर्तिः (स्त्री.), चित्रम् (नपुं.), छायाचित्रम् (नपुं.)।

प्रतिक्रिया (स्त्री. तस.) क्रिया के बदले में क्रिया, Reaction, प्रतिक्रिया (स्त्री.), प्रतिकारः (पुं.)।

प्रतिग्रह (पुं. तस.) स्वीकार, स्वीकृति, दान, भेंट, Acceptance, donation, a gift, स्वीकारः (पुं.), स्वीकृतिः (स्त्री.), दानम् उपायनम् (नपुं.)।

प्रतिघात (पुं. तस.) जवाबी हमला, A counter blow or an attack, प्रतिघातः (पुं.), प्रतिहतिः (स्त्री.)।

प्रतिघाती (पुं. तस.) जवाबी हमला करने वाला, One who attacks after being attacked, प्रतिघाती-तिन् (पुं.)।

प्रतिच्छाया (स्त्री. तस.) दे. 'प्रतिकृति' — प्रतिच्छाया (स्त्री.)।

प्रतिज्ञा (स्त्री. तस.) वायदा, प्रण, A promise, प्रतिज्ञा (स्त्री.), प्रतिश्रवः (पुं.)।

प्रतिदान (पुं. तस.) बदले में देना, विनिमय, Exchange, विनिमयः (पुं.)।

प्रतिदिन (अ. तस.) हर रोज, रोजाना, Daily, everyday, प्रतिदिनम् (अ.)।

प्रतिद्वन्द्वी (पुं. तस.) मुकाबला करने वाला, प्रतियोगी, प्रत्याशी, A competitor, a rival, प्रतिद्वन्द्वी-विन्, प्रतियोगी-गिन् (पुं.)।

प्रतिध्वनि (स्त्री. तस.) गूँज, Echo of a sound, प्रतिध्वनिः (पुं.)।

प्रतिनायक (पुं. तस.) नाटक में नायक का विरोधी, An opponent of the hero in a drama, प्रतिनायकः (पुं.)।

प्रतिनिधि (पुं. तस.) बदले में काम करने वाला, A representative, प्रतिनिधिः (पुं.)।

प्रतिनिधित्व (पुं. तस.) बदले में काम करना, Representation, प्रतिनिधित्वम् (नपुं.)।

प्रतिनिवृत्त (वि. तस.) लौटा हुआ, Returned, प्रतिनिवृत्त, प्रत्यागत (वि.)।

प्रतिपक्षी (पुं. तस.) विरुद्ध पक्ष का, A rival, an opponent, प्रतिपक्षी-क्षित्, प्रतिद्वन्द्वी-विन् (पुं.)।

प्रतिपत्ति (स्त्री. तस.) प्रतिपादन, निरूपण, कथन, Proposing, presenting, saying, प्रतिपत्तिः (स्त्री.), प्रतिपादनम्, निरूपणम्, कथनम् (नपुं.)।

प्रतिपदा (स्त्री. तस.) प्रत्येक चान्द्रपक्ष की पहली तिथि, प्रथमा, The first day of every lunar month, प्रतिपदा, प्रथमा (स्त्री.)।

प्रतिपन्न (वि. तस.) स्वीकृत, मंजूर, सिद्ध, Accepted, approved, स्वीकृत, अङ्गीकृत, सिद्ध (वि.)।

प्रतिपादक (पुं. तस.) प्रमाणों से सिद्ध करने वाला, One who approves any fact by proofs, प्रतिपादकः (पुं.)।

प्रतिपादन (पुं. तस.) दे. 'प्रतिपत्ति'। — प्रतिपादनम् (नपुं.)।

प्रतिपादित (वि. तस.) वर्णित, कही गई, Established, said, stated, प्रतिपादित, वर्णित (वि.)।

प्रतिपाल (पुं. तस.) पालन-पोषण, Nourishment, patronizing, प्रतिपालः (पुं.), प्रतिपालनम् (नपुं.)।

प्रतिपालक (पुं. तस.) पालन-पोषण करने वाला, A benefactor, a patron, a nourisher, प्रतिपालकः, अभिभावकः (पुं.)।

प्रतिबंध, प्रतिबन्ध (पुं. तस.) रुकावट, निषेध, Obstruction, restriction, ban, प्रतिरोधः, निषेधः, विघ्नः (पुं.), बाधा (स्त्री.), बन्धनम् (नपुं.)।

प्रतिबल (पुं. तस.) शत्रु की सेना, An enemy-force, प्रतिबलम् (नपुं.)।

प्रतिबिम्ब (पुं. तस.) प्रतिच्छाया, प्रतिकृति, चित्र, A shadow, an image, a picture, प्रतिबिम्बम्, चित्रम् (नपुं.), प्रतिच्छाया, प्रतिकृतिः (स्त्री.)।

प्रतिबुद्ध (वि. तस.) जागा हुआ, सावधान, Awaken, alert, conscious, जागरूक (वि.)।

प्रतिबोध (पुं. तस.) जागृति, सावधानता, ज्ञान, जागरूकता, Consciousness, knowledge, alertness, जागृतिः, जागरूकता, सावधानता (स्त्री.), प्रतिबोधः (पुं.), ज्ञानम् (नपुं.)।

प्रतिभा (स्त्री. तस.) सूझबूझ वाली बुद्धि, Sharp intellect, प्रतिभा (स्त्री.)।

प्रतिभू (पुं. तस.) जामिन, जमानत देने वाला, A guarantor, a surety-giver, प्रतिभूः (पुं.)।

प्रतिमा (स्त्री. तस.) मूर्ति, तुलना, An idol, a simile, प्रतिमा, मूर्ति, उपमा (स्त्री.)।

प्रतिमान (पुं. तस.) दे. 'प्रतिमा' — प्रतिमानम् (नपुं.)।

प्रतियोगिता (स्त्री. तस.) मुकाबला, प्रतिद्वन्द्विता, प्रतिस्पर्धा, Competition, rivalry, प्रति योगिता, प्रतिद्वन्द्विता, प्रतिस्पर्धा (स्त्री.)।

प्रतियोगी (पुं. तस.) प्रतिद्वन्द्वी, प्रतिस्पर्धी, Competitor, rival, प्रतिद्वन्द्वी-विन्, प्रतिस्पर्धा-धिन् (पुं.)।

प्रतिरूप (पुं. तस.) दे. 'प्रतिमा' — प्रतिरूपम् (नपुं.)।

प्रतिरोध (पुं. तस.) रोक, टकराव, Resistance, hindrance, प्रतिरोधः (पुं.)।

प्रतिलिपि (स्त्री. तस.) नकल, A copy, प्रतिलिपिः (स्त्री.)।

प्रतिलोम (वि. तस.) प्रतिकूल, विपरीत, विरुद्ध, नीच, Opponent, inverted, reverse, low, प्रतिकूल, विपरीत, विरुद्ध, विलोम, नीच (वि.)।

प्रतिवाद (पुं. तस.) प्रत्याख्यान, निराकरण, खण्डन, A refutation, defending, प्रत्याख्यानम्, निराकरणम्, खण्डनम् (नपुं.)।

प्रतिवादी (पुं. तस.) प्रतिवाद करने वाला, उत्तरदाता, A respondent, a defendent, प्रतिवादी-दिन्, उत्तरदाता-तृ (पुं.), प्रतिपक्षी-क्षिन् (पुं.)।

प्रतिवेश (पुं. तस.) पड़ोस, Neighbourhood, प्रतिवेशः (पुं.)।

प्रतिवेशिनी (स्त्री. तस.) पड़ोसिन, A lady neighbourer, प्रतिवेशिनी (स्त्री.)।

प्रतिवेशी (पुं. तस.) पड़ोसी, A neighbourer, प्रतिवेशी-शिन् (पुं.)।

प्रतिशोध (पुं. तस.) बदला, A revenge, प्रतिशोधः (पुं.)।

प्रतिश्याय (पुं. तस.) जुकाम, A cold, catarrh, प्रतिश्यायः (पुं.)।

प्रतिषिद्ध (वि. तस.) निषिद्ध, Prohibited, प्रतिषिद्ध, निषिद्ध (वि.)।

प्रतिषेध (पुं. तस.) निषेध, इन्कार, Refusal, prohibition, प्रतिषेधः, निषेधः (पुं.)।

प्रतिष्ठा (स्त्री. तस.) मान, इज्जत, Respect, honour, प्रतिष्ठा (स्त्री.), मानः, सम्मानः (पुं.)।

प्रतिष्ठान (पुं. तस.) संगठित संस्था, A firm, an institution, प्रतिष्ठानम् (नपुं.)। स्थापन, रखाव, Installation, प्रतिष्ठानम् (नपुं.)।

प्रतिष्ठित (वि. तस.) सम्मानित, संस्थापित, Honoured, installed, प्रतिष्ठित (वि.)।

प्रतिस्पर्धा (स्त्री. तस.) मुकाबला, प्रतियोगिता, Competition, प्रतिस्पर्धा, प्रतियोगिता (स्त्री.)।

प्रतिस्पर्धी (पुं. तस.) दे.'प्रतियोगी' — प्रतिस्पर्धी – र्धिन् (पुं.)।

प्रतिहत (वि. तस.) टकराया हुआ, पराजित, Struck, removed, defeated, प्रतिहत, पराजित, अपहत (वि.)।

प्रतिहार, प्रतिहारी (पुं. तस.) द्वारपाल, दौवारिक, A door-keeper, प्रतिहारः, द्वारपालः, दौवारिकः, प्रतिहारी-रिन् (पुं.)।

प्रतिहिंसा (स्त्री. तस.) बदला, बदले में मारना, Revenge, retaliation, प्रतिहिंसा (स्त्री.)।

प्रतीक (पुं. तस.) चिह्न, किसी के स्थान में उसकी प्रतिकृति, मूर्ति, A mark, a symbol, an image, प्रतीकम्, चिह्नम् (नपुं.)।

प्रतीकोपासना (स्त्री. तस.) मूर्ति की पूजा, Worship of an idol, प्रतीकोपासना, मूर्तिपूजा (स्त्री.)।

प्रतीक्षक (पुं. तस.) इन्तजार करने वाला, An expectant, प्रतीक्षकः (पुं.)।

प्रतीक्षा (स्त्री. तस.) इन्तजार, Waiting, expecting, प्रतीक्षा (स्त्री.)।

प्रतीत (वि. तस.) ज्ञात, अनुभूत, Known, felt, प्रतीत, ज्ञात, अनुभूतः (वि.)।

प्रतीति (स्त्री. तस.) ज्ञान, अनुभूति, Knowledge, feeling, प्रतीतिः, अनुभूतिः (स्त्री.)।

प्रतीप (वि. तस.) उल्टा, विपरीत, विरुद्ध, प्रतिकूल, Contrary, opposite, विपरीत, विरुद्ध, प्रतिकूल (वि.)।

प्रतीपग (पुं. तस.) विरुद्ध जाने वाला, विरोधी, An opponent, प्रतीपगः (पुं.)।

प्रतोद (पुं. तस.) चाबुक, कशा, A whip, प्रतोदः (पुं.), कशा (स्त्री.)।

प्रतोदन (पुं. तस.) हाँकना, Driving, प्रतोदनम् (नपुं.)।

प्रतोली (स्त्री. तस.) चौड़ी सड़क, किले का द्वार, A wide road, a door of a fort, प्रतोली (स्त्री.)।

प्रत्यंचा, प्रत्यञ्चा (स्त्री. तस.) धनुष की डोरी, The string of a bow, प्रत्यञ्चा (स्त्री.)।

प्रत्यक्ष (वि. तस.) सामने दिखाई देने वाला, स्पष्ट, Perceivable through the senses, clear, प्रत्यक्षम् (वि.)।

प्रत्यग्र (वि. तस.) ताजा-ताजा, Fresh, प्रत्यग्र (वि.)।

प्रत्यनीक (वि. तस.) शत्रु, विरोधी, (नपुं.) एक अर्थालङ्कार, An enemy, an opponent, a figure of speech, प्रत्यनीक (वि.), प्रत्यनीकम् (नपुं.)।

प्रत्यभिज्ञा (स्त्री. तस.) पहचान का साधन, ज्ञान की प्राप्ति, A means of recognition, acquiring of knowledge, प्रत्यभिज्ञा (स्त्री.), प्रत्यभिज्ञानम् (नपुं.)।

प्रत्यभियोग (पुं. तस.) प्रतिवादी द्वारा किया गया मुकदमा, A suit which is brought against the plantiff, a counter suit, प्रत्यभियोगः (पुं.)।

प्रत्यय (पुं. तस.) शब्दों या धातु के बाद जुड़ने वाला शब्दांश, विश्वास, A suffix, trust, belief, प्रत्ययः (पुं.)।

प्रत्यर्थी (पुं. तस.) मुकदमे में प्रतिपक्षी, An opponent in a suit, प्रत्यर्थी-र्थिन् (पुं.)।

प्रत्यर्पित (वि. तस.) फिर लौटाया गया, Returned again, प्रत्यर्पित (पुं.)।

प्रत्यवाय (पुं. तस.) विघ्न, प्रत्यूह, An obstacle, प्रत्यवायः, प्रत्यूहः, विघ्नः (पुं.)।

प्रत्यवायी (पुं. तस.) विघ्नकारी, Obstructive, प्रत्यवायी-यिन् (पुं.)।

प्रत्यवेक्षण (पुं. तस.) खोज, पूछताछ, An investigation, प्रत्यवेक्षणम् (नपुं.)।

प्रत्यहम् (अ. तस.) प्रतिदिन, Daily, प्रत्यहम्, प्रतिदिनम् (अ.)।

प्रत्याख्यात (वि. तस.) खण्डित, अस्वीकृत, Contradicted, disapproved, प्रत्याख्यात (वि.)।

प्रत्याख्यान (पुं. तस.) खण्डन, अस्वीकार, Disapproval, प्रत्याख्यानम् (नपुं.)।

प्रत्यागमन (पुं. तस.) लौटना, वापिस आना, Returning, coming back, प्रत्यागमनम् (नपुं.)।

प्रत्यावर्त्तन (पुं. तस.) दे. 'प्रत्यागमन' — प्रत्यावर्त्तनम् (नपुं.)।

प्रत्याशा (स्त्री. तस.) उम्मीद, आशा, Candidature, expectation, प्रत्याशा (स्त्री.)।

प्रत्याशी (पुं. तस.) प्रतियोगी, उम्मीदवार, A candidate, प्रत्याशी-शिन् (पुं.)।

प्रत्यासत्ति (स्त्री. तस.) समीपता, निकटता, Nearness, प्रत्यासत्तिः (स्त्री.)।

प्रत्याहार (पुं. तस.)इन्द्रियों को विषयों से लौटाकर मन को ध्यान में लगाना, Retracting of the senses, प्रत्याहारः (पुं.)।

प्रत्युत (अ. तस.) इसके विरुद्ध, Contrary to this, प्रत्युत (अ.)।

प्रत्युक्त (वि. तस.) उत्तर में कहा गया, Answered, प्रत्युक्त (वि.)।

प्रत्युक्ति (स्त्री. तस.) प्रतिवाद, कही हुई बात को काटना, Contradiction of one's statement, प्रत्युक्तिः (स्त्री.)।

प्रत्युत्तर (पुं. तस.) जवाब, प्रश्न का उत्तर, An answer, प्रत्युत्तरम् (नपुं.)।

प्रत्युत्थान (पुं. तस.) बड़ों के स्वागत के लिए खड़ा होना, वृद्धि, अधिकता, Standing up in respect of a coming person, increase, growth, प्रत्युत्थानम् (नपुं.)।

प्रत्युत्पन्न (वि. तस.) सूझबूझ वाला, Very intelligent, प्रत्युत्पन्न (वि.)।

प्रत्युपकार (पुं. तस.) उपकार के बदले किया गया कार्य, Work done for a favour, प्रत्युपकारः (पुं.)।

प्रत्यूष (पुं. तस.) सवेरा, Dawn, morning, प्रत्यूषः, प्रातःकालः (पुं.), ब्राह्ममुहूर्त्तम् (नपुं.)।

प्रत्यूह (पुं. तस.) विघ्न, Obstacle, विघ्नः, प्रत्यूहः (पुं.)।

प्रत्येक (अ. तस.) हर एक, Everybody, प्रत्येकम् (अ.)।

प्रथम (वि. तस.) पहला, The first, प्रथमः (पुं. वि.)।

प्रथमतः (अ. तस.) पहले से ही, Previously, प्रथमतः (अ.)

प्रथमा (वि. तस.) पहली, The first, प्रथमा (स्त्री. वि.)।

प्रथित (वि. तस.) श्रेष्ठ, प्रसिद्ध, Renowned, celebrated, श्रेष्ठ, प्रसिद्ध (वि.)

प्रथा (स्त्री. तस.) रिवाज, रीति, Custom, rite, प्रथा (स्त्री.)।

प्रदक्षिणा (स्त्री. तस.) परिक्रमा, Taking a round of a thing, revolution, प्रदक्षिणा, परिक्रमा (स्त्री.)।

प्रदत्त (वि. तस.) दिया हुआ, Given, प्रदत्त (वि.)।

प्रदर (पुं. तस.) ऋतु सम्बन्धी स्त्रियों का रोग, A disease of menses in women, प्रदरः (पुं.)।

प्रदर्शक (पुं. तस.) दिखाने वाला, प्रदर्शन करने वाला, A guide, an exhibitor, प्रदर्शकः (पुं.)।

प्रदर्शन (पुं. तस.) दिखाना, प्रदर्शन करना, Guidance, exhibition, प्रदर्शनम् (नपुं.)।

प्रदर्शनी (स्त्री. तस.) नुमायश, An exhibition, प्रदर्शनी (स्त्री.)।

प्रदर्शित (वि. तस.) दिखाया गया, Shown, exhibited, प्रदर्शित (वि.)।

प्रदाता (पुं. तस.) देने वाला, A giver, a donor, a bestower, प्रदाता-तृ (पुं.)।

प्रदान (पुं. तस.) देने का कार्य, Giving, donating, a gift, donation, प्रदानम् (नपुं.)।

प्रदाह (पुं. तस.) जलन, ताप, A burning in body, heat, प्रदाहः (पुं.)।

प्रदीप (पुं. तस.) दीपक, A lantern, a light, प्रदीपः (पुं.)।

प्रदीपक (पुं. तस.) दे. 'प्रदीप', प्रदीप्त करने वाला, One who brings something into light, प्रदीपकः (पुं.)।

प्रदीपन (पुं. तस.) प्रदीप्त करना, Lighting, प्रदीपनम् (नपुं.)।

प्रदीप्त (वि. तस.) खूब प्रकाशित किया हुआ, Lighted, प्रदीप्त (वि.)।

प्रदेश (पुं. तस.) इलाका, A region, प्रदेशः (पुं.)।

प्रदोष (पुं. तस.) सायंकाल, साँझवेला, Evening, sunset, प्रदोषः (पुं.)।

प्रद्युम्न (पुं. तस.) सूर्य, श्रीकृष्ण के पुत्र का नाम, The sun, name of Lord Krishna's son, प्रद्युम्नः (पुं.)।

प्रद्योत (पुं. तस.) प्रकाश, आलोक, Light, प्रद्योतः, प्रकाशः, आलोकः (पुं.)।

प्रधर्ष (पुं. तस.) आक्रमण, हमला, दबाव, अपमान, An attack, trodding, insult, प्रधर्षः (पुं.)।

प्रधर्षण (पुं. तस.) दे. 'प्रधर्ष' — प्रधर्षणम् (नपुं.)।

प्रधान (पुं. तस.) मुखिया, मुख्य व्यक्ति, A president, a main person, प्रधानः (पुं.)।

प्रधानता (स्त्री. तस.) मुख्यता, बड़प्पन, Superiority, supremacy, प्रधानता, मुख्यता (स्त्री.)।

प्रध्वंस (पुं. तस.) विनाश, तबाही, Destruction, ruin, प्रध्वंसः, विनाशः (पुं.)।

प्रपंच, प्रपञ्च (पुं. तस.) संसार की रचना, जालसाजी, कपट, Creation of the world, trick, deception, प्रपञ्चः (पुं.)।

प्रपंची, प्रपञ्ची (पुं. तस.) धोखे-बाज, चालाक, कपटी, Deceitful, fraudulent, cunning, प्रपञ्ची-चिन् (पुं.)।

प्रपलायन (पुं. तस.) भाग जाना, A flight, running away, प्रपलायनम् (नपुं.)।

प्रपा (स्त्री. तस.) प्याऊ, A water drinking place, water-hut, प्रपा (स्त्री.)।

प्रपाठक (पुं. तस.) पुस्तक का अध्याय, खूब पढ़ने वाला, A chapter of a book, a good reader, प्रपाठकः (पुं.)।

प्रपात (पुं. तस.) गिरावट, पतन, जलप्रपात, A fall, a water-fall, प्रपातः, जलप्रपातः (पुं.)।

प्रपान (पुं. तस.) दे. 'प्रपा' — प्रपानम् (नपुं.)।

प्रपानक (पुं. तस.) अनेक द्रव्यों से तैयार किया गया पेय, सरदाई, A drink prepared with many things, प्रपानकम् (नपुं.)।

प्रपितामह (पुं. तस.) परदादा, The father of the grandfather, प्रपितामहः (पुं.)।

प्रपितामही (स्त्री. तस.) परदादी, The mother of the grandfather, प्रपितामही (स्त्री.)।

प्रपीडन (पुं. तस.) अत्याचार, जुल्म, Torment, harassment, aggression, प्रपीडनम् (नपुं.), अत्याचारः (पुं.)।

प्रपूरक (पुं. तस.) पूर्ण करने वाला, A complement, प्रपूरकः, पूरकः (पुं.)।

प्रपूरित (वि. तस.) खूब भरा हुआ, Completely full, प्रपूरित (वि.)।

प्रपौत्र (पुं. तस.) पोते का पुत्र, The son of the grandson, प्रपौत्रः (पुं.)।

प्रपौत्री (स्त्री. तस.) पोते की पुत्री, The daughter of the grandson, प्रपौत्री (स्त्री.)।

प्रफुल्ल, प्रफुल्लित (वि. तस.) खूब खिला हुआ, बहुत प्रसन्न, Well bloomed, very happy, प्रफुल्ल, प्रफुल्लित (वि.)।

प्रबंध, प्रबन्ध (पुं. तस.) इन्तजाम, Management, प्रबन्धः (वि.)।

प्रबल (वि. तस.) खूब बलवान्, Very powerful, प्रबल (वि.)।

प्रबुद्ध (वि. तस.) सावधान, जागा हुआ, समझदार, Alert, awaken, intelligent, प्रबुद्ध (वि.)।

प्रबोध (पुं. तस.) ज्ञान, समझदारी, Knowledge, understanding, प्रबोधः (पुं.)।

प्रबोधन (वि. तस.) जगाना, ज्ञान देना, Making understand, producing knowledge, प्रबोधनम् (नपुं.)।

प्रबोधित (वि. तस.) जगाया हुआ, ज्ञान दिया गया, Made alert, awakened, trained, प्रबोधित (वि.)।

प्रबोधिनी (स्त्री. तस.) ज्ञान देने वाली, A female who gives knowledge, प्रबोधिनी (स्त्री.)।

प्रभंजन, प्रभञ्जन (पुं. तस.) तूफान, A storm, a hurricane, प्रभञ्जनः, झञ्झावातः (पुं.)।

प्रभव (पुं. तस.) उत्पत्ति, जन्म, उत्पत्ति-स्थान, Production, birth, origin, प्रभवः (पुं.), जन्महेतुः, उद्गमः (पुं.)।

प्रभा (स्त्री. तस.) प्रकाश, रोशनी, Light, प्रभा (स्त्री.), प्रकाशः, आलोकः (पुं.)।

प्रभाकर (पुं. तस.) सूर्य, भास्कर, भानु, The sun, प्रभाकरः, भास्करः, सूर्यः, भानुः (पुं.)।

प्रभात (पुं. तस.) सवेरा, प्रातःकाल, अरुणोदय, Morning, dawn, प्रभातम् (नपुं.), प्रातःकालः (पुं.), ब्राह्ममुहूर्तम् (नपुं.)।

प्रभाव (पुं. तस.) असर, शक्ति, बल, महत्त्व, Effect, influence, power, importance, प्रभावः (पुं.), शक्तिः (स्त्री.), बलम्, महत्त्वम् (नपुं.)।

प्रभास (पुं. तस.) दे. 'प्रभा' — प्रभासः (पुं.)।

प्रभासतीर्थ (पुं.) द्वारका के पास स्थित एक तीर्थ, A pilgrimage near Dwarka, प्रभास-तीर्थम् (नपुं.)

प्रभु (पुं. तस.) स्वामी, ईश्वर, राजा, The master, God, a king, प्रभुः (पुं.)। (वि. तस.) समर्थ, शक्तिशाली, Able, powerful, प्रभु (वि.)।

प्रभुता (स्त्री. तस.) अधिकार, हकूमत, सामर्थ्य, Right, government, power, प्रभुता (स्त्री), सामर्थ्यम् (नपुं.)।

प्रभुत्व (पुं. तस.) दे. 'प्रभुता' — प्रभुत्वम् (नपुं.)।

प्रभूत (वि. तस.) बहुत, अधिक, प्रचुर, Abundance, much, प्रभूत, प्रचुर, अधिक (वि.)।

प्रभ्रष्ट (वि. तस.) विच्युत, स्थान से हटा हुआ, Deviated, separated, प्रभ्रष्ट, विच्युत, स्खलित (वि.)।

प्रमत्त (वि. तस.) पागल, उन्मत्त, Mad, intoxicated, उन्मत्त, मदोन्मत्त, वातुल (वि.)।

प्रमथन (पुं. तस.) मथना, कष्ट देना, मारना, Stirring, tormenting, killing, विलोडनम्, क्लेशनम्, दमनम् (नपुं.)।

प्रमद (पुं. तस.) आनन्द, हर्ष, पागलपन, Happiness, joy, madness, आनन्दः, हर्षः, उन्मादः (पुं.)।
(वि. तस.) उन्मत्त, पागल, Intoxicated, mad, उन्मत्त, क्षीब (वि.)।

प्रमदा (स्त्री. तस.) सुन्दर स्त्री, नारी, A beautiful woman, a woman, सुन्दरी, नारी (स्त्री.)।

प्रमा (स्त्री. तस.) तत्त्वज्ञान, सत्यज्ञान, यथार्थ ज्ञान, Real knowledge, प्रमा (स्त्री.), यथार्थज्ञानम् (नपुं.)।

प्रमाण (पुं. तस.) प्रमा का करण, तत्त्वज्ञान का साधन, A proof, प्रमाणम् (नपुं.)।
माधो (पुं. तभ.) दे. 'माधव'।

माध्यम (पुं. तस.) दो को मिलाने का साधन, सिखाने वाली भाषा, A medium, माध्यमम् (नपुं.)।

माध्यम, माध्यमिक (वि. तस.) बीच का, Secondary, internal, उच्चतर, माध्यमिक, आभ्यन्तरिक (वि.) माध्यम (वि.)।

मान (पुं. तस.) इज़्ज़त, आदर, Respect, मानः (पुं.)।

मान (पुं. तस.) परिमाण, मात्रा, माप, Quantity, measurment, मानम्, परिमाणम् (नपुं.), मात्रा (स्त्री.)।

मानकहिन्दी (स्त्री. तस.) सामान्य जनता में बोली जाने वाली और सरकार द्वारा स्वीकृत हिन्दी, The Hindi language which is spoken in common people and approved by the Government, मानकहिन्दी (स्त्री.)।

मानद (वि. तस.) मान देने वाला, Honorary, मानद (वि.)।

मानदंड, मानदण्ड (पुं. तस.) मापने का साधन, An instrument for measuring, मानदण्डः (पुं.)।

मानना (सकर्म. तभ.) स्वीकार करना, रज़ामन्द होना, To accept, to agree, मन् (दिवा. आ.) — मन्यते।

माननीय (वि. तस.) आदरणीय, Respectable, honourable, माननीय (वि.)।

मानव (पुं. तस.) मनुष्य, आदमी, A man, मानवः, मनुष्यः, मर्त्यः (पुं.)।

मानवी (स्त्री. तस.) नारी, स्त्री, महिला, A woman, मानवी (स्त्री.)।

मानवीय (वि. तस.) मानव से सम्बन्धित, मानुषिक, Human, मानवीय (वि.)

मानस (वि. तस.) मन से सम्बन्धित, Mental, मानस (वि.) मानसिक (वि.)।

मानस (पुं. तभ.) मानुष, मनुष्य, A man, मनुष्यः (पुं.)।

मानसरोवर (पुं. तस.) कैलाश पर स्थित एक बड़ी झील, A large lake situated on Kailash mountain, मानसरोवरः (पुं.)।

मानहानि (स्त्री. तस.) अपमान, Insult, degradation, मानहानिः (स्त्री.), अपमानः (पुं.)।

मानसिक (वि. तस.) दे. 'मानस' (वि.)।

मानहु (अ. तभ.) मानो कि, As if, मन्ये, शङ्के, ध्रुवम्, नूनम् (अ.)।

मानिंद (अ. फा.) समान, तरह, सदृश, Like, इव, सदृशम् (अ.)।

मानिनी (स्त्री. तस.) मान करने वाली स्त्री, An angry woman towards her lover, मानिनी (स्त्री.)।

मानी (वि. तस.) अभिमानी, स्वाभिमानी, Having prestige, proud, मानी-निन्, स्वाभिमानी-निन् (वि.)।

मानुष (पुं. तस.) दे. 'मनुष्य'।

माने (अ. अर.) अर्थात्, अर्थतः, It means, अर्थात्, भावार्थतः (अ.)।

मानो (अ. तभ.) दे. 'मानहू'।

मान्य (वि. तस.) दे. 'माननीय'।

मान्या (वि. स्त्री. तस.) माननीया, A respectable lady, माननीया (स्त्री. वि.)।

माप (पुं. तस.) नाप, Measurement, मापः (पुं.) मानम् (नपुं.) मापनम् (नपुं.)।

माफ (वि. अर.) क्षमित, त्यक्त, Excused, pardoned, क्षमित, मर्षित (वि.)।

माफ़िक (वि. अ.) अनुकूल, Suitable, agreeable, अनुकूल, हितकर, लाभप्रद (वि.)।

माफ़ी (स्त्री. अर.) क्षमा, क्षान्ति, Pardon, क्षमा, क्षान्तिः (स्त्री.), मर्षणम् (नपुं.)।

मामला (पुं. अर.) कार्य, विषय, प्रसङ्ग, Business, affair, कार्यम् (नपुं.), विषयः (पुं.) प्रसङ्गः (पुं.)।

मामा (पुं. तभ.) दे. 'मातुल'।

मामी (स्त्री. तभ.) दे. 'मातुलानी'।

मामू (पुं. तभ.) दे. 'मातुल'।

मामूली (वि. अर.) साधारण, तुच्छ, Common, ordinary, साधारण, तुच्छ (वि.)।

मायका (पुं. तभ.) माँ का घर, The mother's house for a married woman, मातृगृहम् (नपुं.)।

माया (स्त्री. तस.) बुद्धि, छल, प्रपञ्च, भ्रम, Intellect, wickedness, illusion, बुद्धिः (स्त्री.), छलम् (नपुं.), प्रपञ्चः (पुं.), भ्रमः (पुं.)।

मायावाद (पुं. तस.) वह सिद्धान्त जिसमें ब्रह्म के अतिरिक्त सब कुछ भ्रम माना जाता है, The doctrine which tells that everything is illusion except Brahma, मायावादः (पुं.)।

मायाविनी (स्त्री. तस.) ठगिनी, धोखेबाज, Deceptive and deceitful lady, वञ्चिका, मायाविनी (स्त्री.)।

मायावी (पुं. तस.) ठग, धोखेबाज, Deceptive and deceitful man, वञ्चकः, मायावी-विन् (पुं.)।

मायिक (वि. तस.) माया से सम्बन्धित, धोखेबाजी वाला, Pertaining to illusion, depriving, मायिक (वि.)।

मार (वि. तस.) कामदेव, Cupid, मारः, कामः, अनङ्गः (पुं.)।

मार (स्त्री. तभ.) दण्ड, सजा, पिटाई, Beating, punishment, दण्डः (पुं.), पीडनम् (नपुं.)।

मारकंडेय, मारकण्डेय (पुं. तस.) एक ऋषि का नाम जिसने पाण्डवों को सृष्टि की रचना की कहानी सुनाई थी, A sage who told the story of creation of the world to Pāṇḍavas, मारकण्डेयः।

मारक (पुं. तस.) मार देने वाला, Killer, destroyer, मारकः, वधिकः, नाशकः।

मार-काट (स्त्री. तस.) लड़ाई-झगड़ा, युद्ध, खूनी लड़ाई, A fight, a bloody encounter, युद्धम् (नपुं.), रुधिरपातः (पुं.)।

मारकीन (स्त्री. इं.) एक प्रकार का वस्त्र, A kind of cloth, मारकीनम् (नपुं.)।

मारण (पुं. तस.) हत्या, वध, Slaughter, killing, वधः (पुं.), हत्या (स्त्री.)।

मारना (सकर्म. तभ.) वध करना, हत्या करना, पीटना, To kill, to slay, to beat, हन् (अदा. पर.) हन्ति, मारय् (प्रे.) — मारयति, ताडयति।

मारपीट (स्त्री. तभ.) लड़ाई-झगड़ा, हाथापाई, An assault, beating, a fight, कलहः (पुं.), युद्धम् (नपुं.) अभिमर्दः, अभिसम्पातः (पुं.)।

मारफत (अ. अर.) द्वारा, Through, by, द्वारेण (क्रि. वि.)।

मारवाड़ (पुं. तभ.) राजपूताने के रेगिस्तान का एक प्रदेश, Marvāḍa, मारवाडः, मरुवाटः (पुं.)।

मारात्मक (पुं. तस.) मारने वाला, मारक, घातक, A killer, मारात्मकः, वधिकः घातकः (पुं.)।

मारामार (क्रि. वि.) बिना रुके, लगातार, Without any break, continuously, निरन्तरम्, सततम्, अश्रान्तम् (क्रि. वि.)।

मारीच (पुं. तस.) सोने के मृग का रूप धारण करने वाला रावण का नौकर, A servant of Ravana who disguised himself in a golden deer, मारीचः (पुं.)।

मारुत (पुं. तस.) वायु, मरुत्, पवन, Air, wind, मारुतः, वायुः, मरुत्, पवनः (पुं.)।

मारुताशन (पुं. तस.) साँप, पवनाशन, A snake, सर्पः, मारुताशनः, पवनाशनः (पुं.)।

मारुति (पुं. तस.) मरुत् का पुत्र, हनुमान्, An epithet of Hanuman, मारुतिः (पुं.)।

मारू (वि. पुं. तभ.) मारक, हृदयविदारक, नगाड़ा, Killer, a martial large kettle drum, मारात्मक (वि.), दुन्दुभिः, भेरी (स्त्री.)।

मारे (क्रि. वि. तभ.) कारण से, Due to, on account of, कारणात् (क्रि. वि.)।

मार्का (पुं. इं.) चिह्न निशान, अंक, A sign, a mark, अङ्कनम्, चिह्नम् (नपुं.)।

मार्ग (पुं. तस.) रास्ता, पथ, Way, a path, मार्गः, पन्थाः, अध्वा-वन् (पुं.)।

मार्गण (पुं. तस.) खोज, ढूँढ, A search, an investigation, मार्गणम् (नपुं.)।

मार्गशीर्ष (पुं. तस.) भारतीय वर्ष का दसवाँ महीना, The tenth month of Indian year, मार्गशीर्षः (पुं.)।

मार्जक (पुं. तस.) सफाईकर्ता, A Sweeper, मार्जकः (पुं.)।

मार्जन (पुं. तस.) सफाई, झाड़ू देना, Sweeping, cleaning, मार्जनम्, शोधनम् (नपुं.)।

मार्जनी (स्त्री. तस.) झाड़ू, A broom, मार्जनी (स्त्री.)।

मार्जार (पुं. तस.) विलाव, A cat, मार्जारः, बिडालः (पुं.)।

मार्जित (वि. तस.) स्वच्छ किया गया, झाड़ा गया, Cleansed, purified, मार्जित, शोधित (वि.)।

मार्तण्ड (पुं. तस.) सूर्य, भानु, भास्कर, रवि, The sun, मार्तण्डः, भानुः, भास्करः, रविः (पुं.)।

मार्दव (पुं. तस.) मृदुता, कोमलता, Mildness, softness, simplicity, sympathy, मार्दवम् (नपुं.), मृदुता, कोमलता, सहानुभूतिः (स्त्री.)।

मार्मिक (वि. तस.) भावुक, प्रभावशाली, हृदयग्राही, Impressive, hearty, emotional, मार्मिक (वि.)।

मार्मिकता (स्त्री. तस.) भावुकता, नजाकत, Emotion, impression, delicacy, मार्मिकता, भावुकता, प्रभावशालिता (स्त्री.)।

माल (पुं. अर.) सम्पत्ति, सामग्री, धन-दौलत, Wealth, load, सम्पत्तिः (स्त्री.) सामग्री (स्त्री.) भारः (पुं.)।

मालगाड़ी (स्त्री. देशी) भार ढोने वाली गाड़ी, A carriage for load, भारवाहनम् (नपुं.)।

मालगुजारी (स्त्री. फा.) ज़मीन या खेत का टैक्स, The tax of land, भूकरः, क्षेत्रकरः (पुं.)।

मालती (स्त्री. तस.) रात की रानी नामक फूलों की बेल, A creeper which gives fragrant flowers at night, मालती (स्त्री.)।

मालदार (पुं. फा.) धनिक, धनाढ्य, A wealthy person, धनिकः, धनाढ्यः (पुं.)।

मालद्वीप (पुं. तस.) भारत के दक्षिण में स्थित एक द्वीप, An island in the south of India, मालद्वीपः-पम् (पुं., नपुं.)।

मालपुआ (पुं. देशी) मालपूड़ा, A fried sweet bread, अपूपः, पिष्टकः (पुं.)।

मालवा (पुं. तभ.) मालव नाम का एक प्रदेश, अवन्तिप्रदेश, The name of a place, मालवः, अवन्तिप्रदेशः (पुं.)।

मालवीय (वि. तस.) मालव से सम्बन्धित, मालव-निवासी, Pertaining to Malava, inhabitant of Malava, मालवीय (वि.)।

माला (स्त्री. तस.) हार, श्रेणी, पङ्क्ति, Garland, series, range, माला, श्रेणी, पङ्क्तिः (स्त्री.)।

मालाकार (पुं. तस.) माली, A gardener, मालाकारः, माली-लिन् (पुं.)।

मालामाल (वि. अर.) समृद्ध, सम्पन्न, धनवान्, Prosperous, wealthy, समृद्ध, सम्पन्न (वि.)।

मालिक (पुं. अर.) स्वामी, परमात्मा, A master, God, परमात्मा-मन्, स्वामी-मिन् (पुं.)।

मालिका (स्त्री. तस.) पंक्ति, श्रेणी, माला, A range, a series, a line, पङ्क्तिः, श्रेणी, माला, परम्परा (स्त्री.)।

मालकिन (स्त्री. अर.) स्वामिनी, Madam, land-lady, स्वामिनी (स्त्री.)।

मालिकाना (वि. अर.) स्वामित्व-सम्बन्धी, Pertaining to ownership, स्वामित्व-सम्बन्धिन् (वि.)।

मालिन (स्त्री. तभ.) माली की पत्नी या माली का काम करने वाली, The wife of a gardener or a lady-gardener, मालाकारिका, मालाकारपत्नी (स्त्री.)।

मालिन्य (पुं. तस.) मलिनता, गंदगी, Filth, impurity, मालिन्यम् (नपुं.) मलिनता (स्त्री.)।

मालिश (स्त्री. देशी) मलना, मसलना, मर्दन करना, Work of rubbing, मर्दनम् (नपुं.)।

माल्य (पुं. तस.) दे. 'माला'।

माल्यवान् (पुं. तस.) दक्षिण के एक पर्वत का नाम, The name of a southern mountain, माल्यवान्-वत् (पुं.)।

मावली (स्त्री. देशी) दक्षिण भारत में रहने वाली एक पहाड़ी जनजाति, A tribe resident of Hilly South India, मावली (स्त्री.)।

माष (पुं. तस.) उड़द की दाल, A kind of pulse, एकः सूपः, माषः, वृषाकरः, धान्यवीरः (पुं.)।

मास (पुं. तस.) महीना, A month, मासः (पुं.)।

मासिक (वि. तस.) माहवारी, महीने से सम्बन्धित, Monthly, मासिक (वि.)।

मासी (स्त्री. तभ.) माँ की बहिन, Mother's sister, मातृष्वसा-सृ (स्त्री.)।

माह (पुं. तभ.) दे. 'मास'।

माहवार (वि. तभ.) प्रतिमास, मासिक, Monthly, मासिक (वि.)।

माहवारी (स्त्री. तभ.) मासिक धर्म, Mensus, मासिकधर्मः।

माहाँ (अ. तभ.) मध्य में, In, between, मध्ये, अन्तः (अ.)।

माहात्म्य (पुं. तस.) महात्मा का धर्म, पुण्य, महत्त्व, Spirituality, importance, पुण्यम्, माहात्म्यम् (नपुं.)।

माहिँ (अ. तभ.) दे. 'माहाँ'।

माहिर (वि. अर.) चतुर, निपुण, दक्ष, Clever, expert, चतुर, निपुण, दक्ष (वि.)।

माहुर (पुं. देशी) विष, ज़हर, Poison.

मिकनातीस (पुं. अर.) चुम्बक, A magnet, चुम्बकाश्मा-मन्, अयस्कान्तः (पुं.)।

मिज़ाज (पुं. अर.) स्वभाव, दशा, हालत, Nature, condition, स्वभावः (पुं.), दशा (स्त्री.)।

मिटना (अकर्म. तभ.) नष्ट होना, तबाह होना, हट जाना, To be destroyed, to be removed, to be rubbed, मृद् (क्र्या. पर.) — मृद्यते (कर्मवा.), नश् (दिवा. पर.) नश्यति।

मिटाना (सकर्म. तभ.) नष्ट करना, मिटा देना, To destroy, to rub, नश्-नाशय् (प्रे.) नाशयति, मृद्-मर्दय् (प्रे.) — मर्दयति।

मिट्टी (स्त्री. तभ.) मृत्तिका, मृद्, Earth, clay. मृत्तिका, मृद्, मृत्स्ना (स्त्री.)।

मिठबोल (वि. देशी) मीठा बोलने वाला, Sweet-speaking, मिष्टभाषी-षिन्, मधुरवाक्-च् (वि.)।

मिठाई (स्त्री. तभ.) मिष्टान्न, Sweetmeat, मिष्टान्नम् (नपुं.)।

मिठास (स्त्री. तभ.) मधुरता, माधुर्य, मधुरिमा, माधुरी, Sweetness, मधुरता (स्त्री.), माधुर्यम् (नपुं.) मधुरिमा-मन् (पुं.)।

मित (वि. तस.) सीमित, थोड़ा, Limited, मित, परिमित (वि.)।

मितभाषी (पुं. तस.) सीमित बोलने वाला, थोड़ा बोलने वाला, One who speaks limited, मितभाषी-षिन्, मितवक्ता-तृ (पुं.)।

मितव्यय (पुं. तस.) सीमित खर्च, Spend-thriftness, मितव्ययः (पुं.)।

मितव्ययी (पुं. तस.) सीमित खर्च करने वाला, Spendthrift, frugal, मितव्ययी-यिन् (पुं.)।

मिताई (स्त्री. तभ.) मित्रता, मैत्री, Friendship, मित्रता, मैत्री (स्त्री.), सौहार्दम् (नपुं.)।

मिताशन, मिताहार (पुं. तस.) सीमित भोजन, Limited eating, मिताशनम् (नपुं.), मिताहारः (पुं.)।

मिति (स्त्री. तस.) तिथि, दिनांक, A date, मितिः, तिथिः (स्त्री.), दिनाङ्कः (पुं.)।

माप, Measurement, मितिः (स्त्री.) मापनम् (नपुं.)।

मित्र (पुं. तस.) दोस्त, सुहृद, A friend, मित्रम् (नपुं.), सुहृद् (पुं.)।

मित्र (पुं. तस.) सूर्य, The sun, सूर्यः, मित्रः (पुं.)।

मित्रभेद (पुं. तस.) पञ्चतन्त्र नामक पुस्तक का पहला खण्ड, The first part of the book Panchatantra, मित्रभेदः (पुं.)।

मित्रसम्प्राप्ति (स्त्री. तस.) पञ्चतन्त्र का दूसरा खण्ड, The second part of Panchatantra, मित्रसम्प्राप्तिः (स्त्री.)।

मिथिला (स्त्री. तस.) जनकपुरी, एक प्राचीन नगरी का नाम, An old city, मिथिला (स्त्री.)।

मिथिलेश (पुं. तस.) जनकराज, मिथिलाधिपति, The king of Mithilā, Janakarāja, मिथिलेशः (पुं.)।

मिथुन (पुं. तस.) जोड़ा, A couple, मिथुनम्, युगलम् (नपुं.)।

मिथुन (पुं. देशी) पूर्वोत्तर भारत का गाय सदृश एक पशु, An animal found in east-northern place of India, मिथुनः (पुं.)।

मिथ्या (अ. तस.) झूठ, प्रतिकूल, False, harmful, मिथ्या (अ.)।

मिथ्याहार (पुं. तस.) हानिकर भोजन, A harmful food, मिथ्याहारः (पुं.)।

मिनकना (अकर्म. अनु.) नाक से बोलना, To speak by nose, नासिकया उच्चारय् — उच्चारयति।

मिन्नत (स्त्री. अर.) प्रार्थना, अनुनय, Request, entreaty, प्रार्थना (स्त्री.) अनुनयः, विनयः (पुं.)।

मिमियाना (अकर्म. अनु.) बकरी की तरह बोलना, To speak like a goat, मिमियाय् (नामधा.) — मिमियायते।

मियाँ (पुं. फा.) स्वामी, मालिक, पति, Master, a husband, स्वामी-मिन्, पतिः (पुं.)।

मियाँ-मिट्ठू (पुं. देशी) मीठा बोलने वाला व्यक्ति या तोता, Sweet speaking man, a parrot, मधुरभाषी-षिन् (पुं.)।

मिरगी (स्त्री. तभ.) मस्तिष्क का एक रोग, Epilepsy, apoplexy, अपस्मारः (पुं.)।

मिरचा (स्त्री. तभ.) लाल मिर्च, Red pepper, chilly, रक्तमरिचम् (नपुं.)।

मिरजई (स्त्री. अर.) एक प्रकार की जैकट, A kind of jacket, मिरजई वस्त्रम् (नपुं.)।

मिर्च (स्त्री.) दे. 'मरिच'।

मिलन (पुं. तस.) मिलाप, मेल, Meeting, interview, joining, मिलनम् (नपुं.) मेलः (पुं.)।

मिलनसार (पुं. तस.) मिलजुल के रहने के स्वभाव वाला, Having a familiar nature, मिलनसारः, मिलनस्वभावः।

मिलनसारी (स्त्री. तस.) मिलजुल के रहना, मित्रता, Familiarity, friendship, unity, एकता, मित्रता (स्त्री.), ऐक्यम् (नपुं.)।

मिलना (अकर्म. तभ.) मेल करना, To meet, मिल् (तुदा. पर.) — मिलति।

मिलनी (स्त्री. तस.) शादी आदि के समय दो परिवार-जनों का मिलाप, Meeting of the members of two families in time of a marriage, मिलनी (स्त्री.) मिलनम् (नपुं.), मेलः (पुं.)।

मिलान (पुं. देशी) शुद्धता को देखने का काम, Checking, शुद्धिवीक्षणम् (नपुं.)।

मिलाना (सकर्म. तभ.) मेल कराना, To cause to meet, मेलय् (प्रे.) — मेलयति।

मिलाप (पुं. तभ.) मिलना, Meeting, मेलः (पुं.), मिलनम् (नपुं.)।

मिलापी (पुं. तभ.) दे. 'मिलनसार'।

मिलित (वि. तस.) मिला हुआ, Met, मिलित (वि.)।

मिश्र (पुं. तस.) ब्राह्मणों की एक उपजाति, A subcaste of Brahmans, मिश्रः (पुं.)।

मिश्रण (नपुं. तस.) मिलावट, Mixing, mixture, मिश्रणम् (नपुं.)।

मिश्रधातु (पुं. तस.) अनेक धातुओं से बनी धातु, An alloy, मिश्रधातुः (पुं.)।

मिश्रित (वि. तस.) मिला हुआ, Mixed, मिश्रित (वि.)।

मिश्रीकरण (पुं. तस.) मिलाने का कार्य, Mixing, मिश्रीकरणम् (नपुं.)।

मिष (पुं. तस.) बहाना, व्याज, छल, कपट, An excuse, deception, trick, fraud, मिषम्, छलम्, कपटम् (नपुं.), व्याजः (पुं.)।

मिष्ट (वि. तस.) मीठा, मधुर, Sweet, मिष्ट, मधुर (वि.)।

मिष्टान्न (पुं. तस.) मिठाई, Sweetmeat, मिष्टान्नम् (नपुं.)।

मिस (पुं. तभ.) दे. 'मिष'।

मिसरी (स्त्री. अर.) चीनी का बना हुआ ठोस रूप, मिश्रनिवासी, Sugar candy, an Egyptian, शर्करा-पिण्डम् (नपुं.), सितोपलः (पुं.), मिश्रदेशवासी-सिन् (पुं.)।

मिसाल (स्त्री. अर.) उदाहरण, दृष्टान्त, An example, उदाहरणम् (नपुं.), दृष्टान्तः (पुं.)।

मिसिल (स्त्री. अर.) फाईल, पंजिका, A file, पञ्जिका, सञ्चिका (स्त्री.)।

मिस्तरी (पुं. अर.) शिल्पी, कारीगर, An artisan,, a craftsman, शिल्पी-पिन् (पुं.)।

मिश्र (पुं. अर.) नगर, मिश्रदेश, A city, Egypt, नगरम् (नपुं.), मिश्रदेशः (पुं.)।

मिहिर (पुं. तस.) सूर्य, The sun, मिहिरः, सूर्यः, रविः, भानुः, भास्करः (पुं.)।

मींगी (स्त्री. देशी) गिरी, Kernel of a fruit, अष्टिः (स्त्री.)।

मीचना (सकर्म. तभ.) बन्द करना, To close, नि+मिष् (तुदा. पर.)– निमेषय् (प्रे.)– निमेषयति।

मीठा (वि. तभ.) दे. 'मिष्ट'।

मीन (पुं. तस.) मछली, A fish, मीनः, मत्स्यः (पुं.)।

मीनकेतन (पुं. तस.) कामदेव का एक उपनाम, An epithet of Cupid, मीनकेतनः, कामः (पुं.)।

मीनार (स्त्री. अर.) लाट, नोकदार खम्भा, A tower, सूच्यग्रस्तम्भः (पुं), मीनारः (पुं.)।

मीमांसक (पुं. तस.) मीमांसा दर्शन का विद्वान, A scholar of Mimaṁsa philosophy, मीमांसकः (पुं.)।
(वि. तस.) आलोचक, विवेचक, A critic, मीमांसक (वि.)।

मीमांसा (स्त्री. तस.) छह आस्तिक दर्शनों में से एक दर्शन, One of the six Vedic philosophical schools, मीमांसा (स्त्री.), मीमांसादर्शनम् (नपुं.)।

मीर (पुं. फा.) नायक, प्रधान, A leader, a chief, नायकः, प्रधानः (पुं.)।

मीलित (वि. तस.) बन्द, Closed, मीलित, निमीलित (वि.)।

मुंगरी (स्त्री. तभ.) मुद्‌गरी, क्षुद्र मुद्‌गर, A wooden mallet, मुद्‌गरी (स्त्री.), क्षुद्रमुद्‌गरः।

मुंड, मुण्ड (पुं. तस.) सिर, पेड़ का शाखा-रहित तना Head, the trunk of a tree without branches, मुण्डः-डम् (पुं. नपुं), शिरः - स् (नपुं.)।

मुंडन, मुण्डन (पुं. तस.) सिर के बालों का काटना, Shaving of the head, मुण्डनम्, केशवपनम् (नपुं.)।

मुंडासा (पुं. तभ.) सिर का वस्त्र, पगड़ी, The cloth of a head, a turban, मुण्डवासः - स् (नपुं.), उष्णीषः, उष्णीषम् (पुं., नपुं.)।

मुंडेर, मुंडेरा (स्त्री. पुं. तभ.) भवन के ऊपर की चारदीवारी, A parapet, प्राकार-शीर्षम् (नपुं.), भवनोपरि परिभित्तिः (स्त्री.)।

मुंतज़िम (पुं. अर.) प्रबन्धक, A manager, प्रबन्धकः, अध्यक्षः (पुं.)।

मुंतज़िर (पुं. अर.) इन्तजार करने वाला, प्रतीक्षक, One who waits for another, प्रतीक्षकः (पुं.)।

मुंदना (अकर्म. तभ.) मुद्रित होना, बन्द होना, To be closed, मील् (भ्वा. पर.) — मील्यते (कर्मवा.)।

मुंदरी (स्त्री. तभ.) मुद्रा, अंगूठी, A ring, मुद्रा (स्त्री.), अङ्गुलीयकम् (नपुं.)।

मुंशी (पुं. अर.) क्लर्क, लिपिक, A clerk, लिपिकः, लिपिकारः (पुं.)।

मुंसिफ (पुं. अर.) छोटा न्यायाधीश, A junior civil judge, अवरन्यायाधीशः (पुं.)।

मुँह (पुं. तभ.) मुख, A face, a mouth, मुखम्, वदनम्, वक्त्रम् (नपुं.)।

मुँहजोर (वि. देशी) मुँहफट, वश में न होने वाला, Obstinate, insulting, धृष्ट, उद्दण्ड, दुर्दान्त (वि.)।

मुँहफट (वि. देशी) बकवास करने वाला, बुरा-भला बोलने वाला, Foul mouthed, abusive, वावदूकः, अपशब्दभाषकः (पुं. वि.)।

मुँहमाँगा (वि. देशी) कहे अनुसार, चाहा हुआ, Demanded, requested, यथाकथितम्, यथेच्छम्, यथेष्टम् (वि.)।

मुँहासा (पुं. देशी) मुँह पर निकलने वाला कील, Face pimple, मुखकीलकम् (नपुं.), यौवनकण्टकः (पुं.), पिटिका (स्त्री.)।

मुअत्तल (वि. अर.) कार्य से निलम्बित, Suspended from work or job, निलम्बित (वि.)।

मुआयना (पुं. अर.) निरीक्षण, Inspection, निरीक्षणम् (पुं.)।

मुआविजा (पुं. अर.) क्षति-पूरक, हानिपूरक, Compensation, क्षतिपूरकः, हानिपूरकः (पुं.)।

मुकदमा (पुं. अर.) अभियोग, A law suit, a case, अभियोगः (पुं.)।

मुकद्दर (पुं. अर.) भाग्य, किस्मत, Luck, fortune, भाग्यम्, दैवम् (नपुं.)।

मुकद्दस (वि. अर.) पवित्र, पूज्य, पावन, Pure, sacred, pious, पवित्र, पूज्य, पावन (वि.)।

मुकम्मल (वि. अर.) सम्पूर्ण, Complete, सम्पूर्ण, समाप्त (वि.)।

मुकरना (अकर्म. अर.) कही बात से टल जाना, To deny, to unsay, निर+आ+कृ (स्वा. उ.) — निराकरोति, नकारयते (नामधातु)।

मुकरी (स्त्री. अर.) निषेधापह्नुति, द्व्यर्थक रचना में से एक को निषिद्ध कर दूसरी बताना, A denying figure of speech, निषेधापह्नुतिः (स्त्री.)।

मुकर्रर (वि. अर.) नियत, निश्चित, नियुक्त, Appointed, certain, नियत, निश्चित, नियुक्त (वि.)।

मुकाबिल (पुं. अर.) प्रतियोगी, प्रतिस्पर्धी, An opponent, a competitive, प्रतियोगी-गिन्, प्रतिस्पर्धी-र्धिन् (पुं.)।

मुकाबिला (पुं. अर.) प्रतियोगिता, प्रतिस्पर्धा, Competition, प्रतियोगिता, प्रतिस्पर्धा (स्त्री.)।

मुकाम (पुं. अर.) ठिकाना, विश्रामस्थल, विरामस्थल, An halting place, a house, विरामस्थलम्, विश्रामस्थलम्, गृहम् (पुं.)।

मुकुंद, मुकुन्द (पुं. तस.) श्रीकृष्ण का उपनाम, An epithet of Lord Krishna, मुकुन्दः (पुं.)।

मुकुट (पुं. तस.) किरीट, ताज, A crown, मुकुटम् (नपुं.), किरीटः - टम् (पुं., नपुं)।

मुकुल (पुं. तस.) कली, A bud, मुकुलः - लम् (पुं., नपुं.), कुड्मलः - लम् (पुं., नपुं.), कलिका (स्त्री.)।

मुकुलित (वि. तस.) बन्द, Closed, मुकुलित, निमिषित, निमीलित (वि.)।

मुक्का (पुं. तभ.) मुष्टि, मुष्टिका, A fist-blow, मुष्टिः मुष्टिका (स्त्री.)।

मुक्केबाजी (स्त्री. देशी) मुक्कों से मुकाबिला, A competition by fist-blows, मुष्टि-युद्धम् (नपुं.)।

मुक्त (वि. तस.) स्वतन्त्र, आजाद, मुक्ति को प्राप्त, Free, independent, having got salvation, मुक्त, स्वतन्त्र (वि.)।

मुक्ता (स्त्री. तस.) मोती, A pearl, मुक्ता, (स्त्री.)।

मुक्ताफल (पुं. तस.) दे.'मुक्ता' — मुक्ताफलम् (नपुं.)।

मुक्तावली (स्त्री. तस.) मोतियों की माला, न्याय-वैशेषिक पर लिखी एक पुस्तक, Garland of pearls, a book written on the philosophy of Nyaya and Vaisheshika, मुक्तावली (स्त्री.)।

मुक्ति (स्त्री. तस.) मोक्ष, छुटकारा, Salvation, freedom, मुक्तिः (स्त्री.), मोक्षः (पुं.)।

मुख (पुं. तस.) मुँह, Face, mouth, मुखम्, वदनम्, वक्त्रम् (नपुं.)।

मुखड़ा (पुं. तभ.) दे. 'मुख'।

मुख्तार (पुं. अर.) प्रतिनिधि, बदले में कार्य-वाहक, An agent, a representative, प्रतिनिधिः, अधिकृतकार्यकर्ता - तृ (पुं.)।

मुख्तारी (स्त्री. अर.) प्रतिनिधित्व, बदले में कार्यवहन, Representation, an agency, प्रतिनिधित्वम्, अधिकृत-कार्य-कर्तृत्वम् (नपुं.)।

मुखर (वि. तस.) शब्दायमान, ध्वनित, आवाज करता हुआ, Noisy, sounding, मुखर (वि.)।

मुखरित (वि. तस.) ध्वनित, निनादित, Resonant, ध्वनित, निनादित (वि.)।

मुखातिब (क्रि. वि. अर.) तरफ मुँह किया हुआ, की ओर, Facing to, towards, मुखं कृत्वा तं प्रति (अ.)।

मुखालिफ (वि. अर.) विरुद्ध, विपरीत, Opponent, opposite, विरुद्ध, विपरीत (वि.)।

मुखिया (पुं. तभ.) मुख्य व्यक्ति, प्रधान, The chief, a president, a head, मुख्यो - मनुष्यः, प्रधानः (पुं.)।

मुखौटा (पुं. तभ.) नकली मुँह, Countenance, mask, मुखाकृतिः (स्त्री.), कृत्रिमं मुखम् (नपुं.)।

मुख़्तलिफ (वि. अर.) विभिन्न, अनेक प्रकार के, Different, various, विभिन्नाः, विविधाः (वि. वहु.)।

मुख़्तसर (वि. अर.) संक्षिप्त, साररूप, Abbreviated, in brief, संक्षिप्त, साररूप (वि.)।

मुख्य (वि. तस.) मुखिया, The head, a chief, main, मुख्य (वि.)।

मुख्यतः (क्रि. वि. तस.) खासतौर से, Mainly, मुख्यतः, विशेषतः (अ.)।

मुख्यता (स्त्री. तस.) प्रधानता, उत्तमता, Mainliness, excellence, मुख्यता (स्त्री.)।

मुग्ध (वि. तस.) मोहित, आकर्षित, भोलाभाला, अज्ञानी, Innocent, ignorant, attracted, आकृष्ट, मोहित, निरपराध, अज्ञानी, मूढ (वि.)।

मुग्धता (स्त्री. तस.) भोलापन, मूढ़ता, सौन्दर्य, अनुराग, Simplicity, attraction, foolishness, ignorance, beauty, सारल्यम्, आकर्षणम् (नपुं.), मूढता, अज्ञानता, सुन्दरता (स्त्री.)।

मुग्धा (स्त्री. तस.) भोली-भाली युवती, A pretty young maiden, मुग्धा (स्त्री.)।

मुछंदर (वि. देशी) बड़ी-बड़ी मूँछों वाला, Having long moustaches, महाश्मश्रु, श्मश्रुल (वि.)।

मुज़क्कर (वि. अर.) पुँल्लिङ्ग, Masculine gender, पुँल्लिङ्ग (वि.)।

मुजरिम (वि. अर.) अपराधी, Criminal, अपराधी-धिन् (वि.)।

मुझ (सर्व. तभ.) 'मैं' का रूप, A form of, 'मैं', अस्मद्रूपम् (सर्व.)।

मुंज, मुञ्ज (पुं. तस.) एक प्रकार की घास, भोजराज के चाचा का नाम, A kind of grass, the name of Bhojaraja's uncle, मुञ्जः (पुं.)।

मुटाई (स्त्री. देशी) मोटापा, मुटापा, Fatness, पीनता (स्त्री.), पीनत्वम् (नपुं.)।

मुट्ठी (स्त्री. तभ.) मुष्टि, हाथ में आने योग्य वस्तु, पकड़ने का साधन, A fist, the thing taken in a fist, a handle, मुष्टिः (स्त्री.)

मुठभेड़ (स्त्री. देशी) टकराव, Quarrel, clash, संघट्टः, समाघातः, संग्रामः (पुं.)।

मुड़ना (अकर्म. तभ.) लौटना, टेढ़ा होना, To turn back, to be bent, प्रति+नि+वृत् (भ्वा. आ.) — प्रतिनिवर्तते, नम्रीभवति, वक्रीभवति।

मुतअल्लिक (अ. अर.) सम्बन्ध में, Concerning, belonging to, सम्बन्धे, विषये (क्रि. वि.)।

मुतबन्ना (पुं. अर.) दत्तक पुत्र, गोद लिया पुत्र, An adopted son, दत्तकः पुत्रः (पुं.)।

मुताबिक (अ. अर.) अनुसार, According to, अनुसारम् (अ.)।

मुतालबा (पुं. अर.) ग्राह्य शेष धन, The amount of money due, ग्राह्यं शेषधनम् (नपुं.)।

मुद् (स्त्री. तस.) प्रसन्नता, Happiness, pleasure, मुद् (स्त्री. - मुद्, मुदौ, मुदः)।

मुदगर (पुं. तभ.) दे. 'मुद्गर'।

मुदा (स्त्री. तस.) दे. 'मुद्'।

मुदित (वि. तस.) प्रसन्न, खुश, Happy, pleased, मुदित, प्रसन्न (वि.)।

मुद्ग (पुं. तस.) मूँग की दाल, A Kind of pulse, मुद्गः (पुं.)।

मुद्गर (पुं. तस.) मुंगरी, दगर, A mallet, a wooden instrument for physical exercise or practice, व्यायामोपयोगि काष्ठसाधनम् (नपुं.)।

मुद्दई (पुं. अर.) अभियोगी, मुकदमा करने वाला, A plaintiff, अभियोगी-गिन्, अभियोक्ता-तृ (पुं.)।

मुद्दत (स्त्री. अर.) काल की अवधि, लम्बा समय, An interval of time, a span of time, कालावधिः (पुं.), समयसीमा (स्त्री.)।

मुद्रक (पुं. तस.) छापने वाला, A printer, मुद्रकः (पुं.)।

मुद्रण (पुं. तस.) छापने का कार्य, Printing, मुद्रणम् (नपुं.)।

मुद्रणालय (पुं. तस.) छापाखाना, Printing press, मुद्रणालयः (पुं.)।

मुद्रा (स्त्री. तस.) रुपया-पैसा, मोहर, अंगूठी, Money, stamp, ring, मुद्रा (स्त्री.), धनम् (नपुं.), नामाङ्कनी, प्रत्ययकारिणी (स्त्री.), अङ्गुलीयकम् (नपुं.)।

मुद्रिका (स्त्री.) अंगूठी, गोलाकार वस्तु, A ring, any circulating thing, मुद्रिका (स्त्री.), अङ्गुलीयकम् (नपुं.)।

मुद्रित (वि. तस.) छपा हुआ, Printed, मुद्रित (वि.)।

मुधा (अ. तस.) व्यर्थ में, यों ही, Invain, uselessly, मुधा, वृथा (अ.)।

मुनक्का (पुं. अर.) विशेष प्रकार का अंगूर, A kind of grapes, काकलीद्राक्षा, दुग्धिका (स्त्री.)।

मुनादी (स्त्री. अर.) ढिंढोरा, घोषणा, An announcement, घोषणा (स्त्री.), उद्-घोषणा (स्त्री.)।

मुनाफा (पुं. अर.) लाभ, Profit, gain, लाभः (पुं.), उपलब्धिः (स्त्री.)।

मुनासिब (वि. अर.) उचित, उपयुक्त, Apt, appropriate, उचित, उपयुक्त (वि.)।

मुनि (पुं. तस.) आत्मा का चिन्तक, प्रभु-भक्त, Spiritual thinker, a saint, मुनिः (पुं.)।

मुनीम (पुं. अर.) हिसाब-किताब रखने वाला, An accountant, गणकः, लिपिकः (पुं.)।

मुन्ना (पुं. देशी) बालक, लड़का, A boy, a lad, बालः, बालकः, अर्भकः (पुं.)।

मुफ्लिसी (स्त्री. अर.) गरीबी, दरिद्रता, दीनता, Poverty, indigence, दरिद्रता, दीनता (स्त्री.)।

मुफस्सल (वि. अ.) विवरणयुक्त, व्याख्यापूर्ण, Detailed, विवरणयुक्त, सविस्तर (वि.)।

मुफीद (वि. अर.) लाभदायक, Beneficial, लाभदायक, लाभप्रद, उपयोगी-गिन् (वि.)।

मुफ्त (क्रि. वि. अर.) बिना मूल्य, Without price, free, मूल्यं बिना (क्रि. वि.)।

मुबारक (स्त्री. अर.) बधाई, शुभ, मंगल, Congratulation, auspicious, वर्धनम्, शुभम्, मंगलम्, (नपुं.), वृद्धिः (स्त्री.) (वर्धताम् भवान्-प्रयोगः.)।

मुमकिन (वि. अर.) सम्भव, हो सकने वाला, Possible, सम्भव (वि.)।

मुमुक्षा (स्त्री. तस.) छूटने की इच्छा, मोक्ष की कामना, Desire for freedom or salvation, मुमुक्षा (स्त्री.)।

मुमुक्षु (पुं. तस.) मुक्ति की इच्छा करने वाला, Desirous of freedom or salvation, मुमुक्षुः (पुं.)।

मुमूर्षा (स्त्री. तस.) मरने की इच्छा, बेहोशी, Desire of death, want of sense, मर्तुम् इच्छा, अचैतन्यम्, मुमूर्षा (स्त्री.)।

मुमूर्षु (पुं. तस.) मरने की इच्छा वाला, बेहोश, Desirous of death, senseless, मुमूर्षुः (पुं.)।

मुरज (पुं. तस.) एक प्रकार का ढोल, पटह, A kettledrum, मुरजः, पटहः (पुं.)।

मुरझाना (अकर्म. देशी) म्लान होना, रंग फीका पड़ना, To wither, म्लै (भ्वा. पर.), म्लायति।

मुरब्बा (पुं. अर.) मीठे में स्थायी रखी गई वस्तु, Jam, preserved in sugar, मिष्ट-पाकः, फलोपस्करः (पुं.)।

मुरमुरा (वि. अनु.) मुरमुर शब्द करने वाला, Well parched, सम्यग्भूर्जित (वि.)।

मुरली (स्त्री. तस.) वंसी, A flute, वंशी, मुरली (स्त्री.)।

मुरलीधर, मुरलीमनोहर (पुं. तस.) कृष्ण के उपनाम, Epithets of Lord Krishna, मुरलीधरः, मुरलीमनोहरः (पुं.)।

मुरव्वत (स्त्री. अर.) शील, सज्जनता, Politeness, gentleness, शीलम्, सौजन्यम् (नपुं.), सज्जनता, नम्रता (स्त्री.)।

मुरा (स्त्री. तस.) चन्द्रगुप्त मौर्य की माता का नाम, The name of Chandra Gupta Maurya's mother, मुरा (स्त्री.)।

मुराद (स्त्री. अर.) कामना, अभिलाषा, Desire, wish, कामना, इच्छा (स्त्री.), अभिलाषः (पुं.)।

मुरारि (पुं. तस.) श्रीकृष्ण का उपनाम, An epithet of Lord Krishna, मुरारिः (पुं.)।

मुरारी (पुं. तभ.) दे. 'मुरारि'।

मुरीद (पुं. अर.) शिष्य, A pupil, शिष्यः (पुं.)।

मुरेठा (पुं. देशी) सिर का कपड़ा, पगड़ी, The cloth of head, a turban, शिरोवस्त्रम् (नपुं.), उष्णीषम् (नपुं.), उष्णीषिका (स्त्री.)।

मुरौवत (स्त्री. अर.) दे. 'मुरव्वत'।

मुर्गा (पुं. फा.) कुक्कुट, A cock, कुक्कुटः, ताम्रचूडः, चरणायुधः (पुं.)।

मुर्गी (स्त्री. फा.) कुक्कुटी, Hen, कुक्कुटी (स्त्री.)।

मुर्चा (पुं. फा.) जंग, Rust, लोहमलम्, मण्डूरम् (नपुं.)।

मुर्दा (पुं. फा.) मृत, मृतक, Dead, मृतः, मृतकः (पुं.)।

मुलम्मा (पुं. अर.) सोने या चाँदी का लेप, Covering with gold or silver, external show, सुवर्णलेपः, रजतलेपः वा (पुं.)।

मुलहठी (स्त्री. तभ.) मुलेठी, मधुयष्टि, Liquorice, मधुयष्टिः (स्त्री.)।

मुलाकात (स्त्री. अर.) भेंट, मेल, Interview, meeting, मेलः, साक्षात्कारः (पुं.)।

मुलाजिम (पुं. अर.) नौकर, भृत्य, A servant, an attendant, भृत्यः, किंकरः, सेवकः (पुं.)।

मुलायम (वि. अर.) कोमल, सुकुमार, मृदु, चिक्कन Soft, tender, oily, कोमल, सुकुमार, मृदु, चिक्कण (वि.)।

मुलाहजा (पुं. अर.) निरीक्षण, लिहाज, कृपा, Inspection, favour, निरीक्षणम् (नपुं.), अनुग्रहः (पुं.), पक्षपातः (पुं.)।

मुल्क (पुं. अर.) देश, Country, देशः (पुं.)।

मुल्ला (पुं. अर.) अध्यापक, यवनपुरोहित, A teacher, a priest of Mohammadans, अध्यापकः, यवनपुरोहितः (पुं.)।

मुवक्किल (पुं. अर.) वकील करने वाला, A pleaders client, विधिज्ञस्य ग्राहकः (पुं.)।

मुवाफिक (वि. अर.) दे. 'माफिक'।

मुश्क (पुं. फा.) गन्ध, बू, Smell, गन्धः, सुरभिः (पुं.)।

मुश्किल (वि. अर.) कठिन, दुःसाध्य, Difficult, tough, कठिन, दुःसाध्य (वि.)।

मुषित (वि. तस.) चुराया गया, लूटा गया, Stolen, robbed, चोरित, वञ्चित, लुण्ठित (वि.)।

मुष्टि (स्त्री. तस.) मुट्ठी, मुक्का, Fist, blow of fist, मुष्टिः (स्त्री.)।

मुष्टिक (पुं. तस.) मुक्का, A blow with the fist, मुष्टिकम् (नपुं.), मुष्टिका (स्त्री.)।

मुसकनि (स्त्री. देशी) मुस्कराहट, स्मित, Smiling, smile, स्मितम् (नपुं.)।

मुसकराना (अकर्म. अर.) हल्का हँसना, To smile, ष्मि (भ्वा. आ.) — स्मयते।

मुसलमान (पुं. अर.) मुहम्मदानुयायी, A Mohammadan, मोहम्मदीयः (पुं.)।

मुसल्ला (पुं. अर.) उपासना का आसन, A seat for prayer, उपासनासनम् (नपुं.)।

मुसाफिर (पुं. अर.) पथिक, यात्री, A traveller, a passenger, पथिकः, पान्थः, यात्री-त्रिन् (पुं.)।

मुसीबत (स्त्री. अर.) संकट, Adversity, संकटम्, कष्टम् (नपुं.)।

मुस्कान (स्त्री. अर.) दे. 'मुसकनि'।

मुस्तैदी (स्त्री. अर.) सावधानी, शीघ्रता, तैयारी, Promptness, readiness, soon, सावधानता, सन्नद्धता, क्षिप्रता (स्त्री.)।

मुहताज (वि. अर.) गुलाम, पराधीन, पराश्रित, Slave, dependent, poor, परतन्त्र, पराश्रित, दीन-हीन (वि.)।

मुहब्बत (स्त्री. अर.) स्नेह, प्रेम, प्रीति, Love, affection, स्नेहः (पुं.), प्रीतिः (स्त्री.), प्रेम-मन् (नपुं.) — प्रेम, प्रेमणी, प्रेमाणि।

मुहर (स्त्री. अर.) दे. 'मोहर'।

मुहर्रम (पुं. अर.) शिया मुसलमानों का दुःख-दिवस, A grief-day of Shiya Mohammadans, मुहर्रमः (पुं.)।

मुहल्ला (पुं. अर.) नगर की एक बस्ती, A vicinity in a city, पुरभागः, नगरविभागः (पुं.)।

मुहाना (पुं. देशी) नदी का अगला सिरा जो समुद्र में गिरता है, The mouth of a river, नदीमुखम् (नपुं.)।

मुहावरा (पुं. अर.) वाग्धारा, प्रसिद्ध पदबन्ध, An idiom, वाग्धारा (स्त्री.), प्रसिद्धः पदबन्धः (पुं.)।

मुहिम (स्त्री. अर.) आन्दोलन, कठिन कार्य, A movement, a difficult task, आन्दोलनम्, कठिन-कार्यम् (पुं.)।

मुहुर्मुहुः (अ. तस.) बारम्बार, Again and again, मुहुर्मुहुः, पुनः पुनः (अ.)।

मुहूर्त (पुं. तस.) मांगलिक समय, दिन-रात का तीसवाँ भाग, An auspicious occasion, thirtieth part of a day-night, मुहूर्तम्, मुहूर्तः (नपुं., पुं.)।

मूँग (स्त्री. तभ.) दे. 'मुद्ग'।

मूँगफली (स्त्री. देशी) भूमि मे पैदा होने वाला एक खाद्य-फल, A ground nut, भूमिफली, मण्डपी (स्त्री.)।

मूँगा (पुं. देशी) लाल रंग का एक रत्न, प्रवाल, Coral, प्रवालः-लम् (पुं., नपुं.)।

मूँगिया (वि. देशी) मूँग के रंग का, हरा, Having the colour of मूँग, green, मुद्गवर्ण, हरित (वि.)।

मूँछ (स्त्री. देशी) श्मश्रु, Moustaches, ओष्ठकेशाः (पुं. बहु.), श्मश्रु (नपुं.)।

मूँज (पुं. तभ.) दे. 'मुञ्ज'।

मूँडना (सकर्म. तभ.) बाल काटना, To shave, मुण्ड्-मुण्डय् (प्रे.) — मुण्डयति।

मूँदना (सकर्म. तभ.) वन्द करना, To close, नि+मील् (भ्वा. पर.) — निमीलति।

मूक (पुं. तस.) गूंगा, A dumb, मूकः (पुं.)।

मूठ (स्त्री. तभ.) मुष्टि, हैंडल, A handle, मुष्टिकम् (नपुं.), त्सरुः (पुं.), मुष्टिका (स्त्री.)।

मूढ़ (वि. तस.) नासमझ, मन्द, Dull, मूढ, मन्द (वि.)।

मूढ़ता (स्त्री. तस.) नासमझी, मन्द-बुद्धिता, Dullness, मूढ़ता, मन्दता (स्त्री.), मौढ्यम् मान्द्यम् (नपुं.)।

मूढ़धी (वि. तस.) मूढ़ बुद्धिवाला, Dull in understanding, मूढधीः (पुं. वि.)।

मूत (पुं. तभ.) दे. 'मूत्र'।

मूतना (सकर्म. तभ.) मूत्र करना, To urinate, मूत्र् (चुरा. उभ.) — मूत्रयति।

मूत्र (पुं. तस.) पेशाब, Urine, मूत्रम् (नपुं.)।

मूत्राशय (पुं. तस.) मूत्र रहने का स्थान, Bladder, मूत्राशयः (पुं.)।

मूर्ख (पुं. तस.) अनपढ़, नासमझ, Illiterate, dull, foolish, मूर्खः, मूढः (पुं.)।

मूर्खता (स्त्री. तस.) अज्ञानता, नासमझी, Ignorance, dullness, मूर्खता, मूढता (स्त्री.)।

मूर्खत्व (पुं. तस.) दे. 'मूर्खता'।

मूर्छा (स्त्री. तस.) बेहोशी, अचेतनता, Senselessness, fainting, मूर्छा (स्त्री.)।

मूर्छित (वि. तस.) बेहोश, अचेतन, Senseless, faint, मूर्छित (वि.)।

मूर्त (वि. तस.) साकार, रूप वाला, Shaped, मूर्त (वि.)।

मूर्ति (स्त्री. तस.) प्रतिकृति, शक्ल, Shape, design, idol, मूर्तिः, प्रतिकृतिः, प्रतिमा, प्रतीकम्, प्रतिमानम् (नपुं.)।

मूर्तिमान् (वि. तस.) दे. 'मूर्त'।

मूर्ध (पुं. तभ.) सिर, ऊँचा स्थान, Head, high place, मूर्धा-धन् (पुं.), शिरः-रस् (नपुं.), शीर्षम् (नपुं.)।

मूर्धन्य (वि. तस.) शीर्षस्थ, उच्च, Main, great, high, मूर्धन्य (वि.)।

मूर्धा (पुं. तस.) दे. 'मूर्ध'।

मूल (पुं. तस.) जड़, कारण, आधार, Root, cause, base, मूलम् (नपुं.)।

मूलक (पुं. तस.) मूली, A radish, मूलकम् (नपुं.), मूलिका (स्त्री.)।

मूली (स्त्री. तभ.) दे. 'मूलक'।

मूलोत्पाटन (पुं. तस.) जड़ से उखाड़ने का कार्य, Uprooting, मूलोत्पाटनम् (नपुं.)।

मूल्य (पुं. तस.) कीमत, Price, value, मूल्यम् (नपुं.), अर्घः (पुं.)।

मूल्यवान् (वि. तस.) कीमती, Precious, valuable, मूल्यवत् (वि.)।

मूष, मूषक, मूषिक (पुं. तस.) चूहा, A mouse, a rat, मूषः, मूषिकः मूषकः (पुं.)।

मूषिका (स्त्री. तस.) चुहिया, छोटा चूहा, A female mouse, a small mouse, मूषिका (स्त्री.)।

मूसदानी (स्त्री. तभ.) चूहेदानी, A rat-trap, मूषाधानी (स्त्री.), मूषपञ्जरम् (नपुं.)।

मूसल (पुं. तस.) धान कूटने का दण्ड, A pestle, a pounder, मूसलः-लम् (पुं., नपुं.)।

मूसलाधार वर्षा (स्त्री. तस.) सीधी और तेज वर्षा, Raining cats and dogs, धारासारा वृष्टिः (स्त्री.)।

मूसा (पुं. तभ.) दे. 'मूषक'।

मृग (पुं. तस.) हरिण, जंगली जानवर, A deer, any wild animal, मृगः, हरिणः, वन्यजीवः (पुं.)।

मृगनाभ, मृगमद (पुं. तस.) कस्तूरी, Musk, मृगनाभः, मृगमदः (पुं.), कस्तूरिका (स्त्री.)।

मृगमरीचिका (स्त्री. तस.) दे. 'मरीचिका' मृगमरीचिका, मरुमरीचिका (स्त्री.)।

मृगया (स्त्री. तस.) शिकार, आखेट, Hunting, मृगया (स्त्री.), आखेटः (पुं.)।

मृगांक (पुं. तस.) चाँद, चन्द्रमा, The moon, मृगाङ्कः, शशाङ्कः, चन्द्रः, शशी-शिन् (पुं.)।

मृगी (स्त्री. तस.) हरिणी, A female deer, मृगी, हरिणी (स्त्री.)।

मृगेन्द्र (पुं. तस.) सिंह, मृगराज, मृगाधिप, A lion, मृगेन्द्रः, सिंहः, केसरी-रिन्, मृगराजः (पुं.)।

मृणाल (पुं. तस.) कमलनाल, कमलदण्ड, The stalk of a lotus plant, मृणालः-लम् (पुं., नपुं.)।

मृणालिका (स्त्री. तस.) दे. 'मृणाल'।

मृणालिनी (स्त्री. तस.) कमलिनी, कमल, A lotus, मृणालिनी (स्त्री.), कमलम् (नपुं.)।

मृत (वि. तस.) मरा हुआ, Dead, मृत (वि.)।

मृतककर्म (पुं. तस.) अन्त्येष्टि-संस्कार, Funeral rites, मृतककर्म-मन् (नपुं.), अंत्येष्टिः (स्त्री.)।

मृत्कार (पुं. तस.) कुम्हार, कुम्भकार, A potter, कुम्भकारः, मृत्कारः, कुलालः (पुं.)।

मृत्तिका (स्त्री. तस.) मिट्टी, Clay, earth, मृत्, मृत्तिका (स्त्री.)।

मृत्युंजय, मृत्युञ्जय (पुं. तस.) देवता, A God, देवः (पुं.), देवता (स्त्री.), मृत्युञ्जयः (पुं.)।

(वि. तस.) मृत्यु को जीतने वाला, A winner of death, मृत्युञ्जय (वि.)।

मृत्यु (स्त्री. तस.) मौत, Death, मृत्युः (पुं.), शरीरत्यागः (पुं.)।

मृदंग, मृदङ्ग (पुं. तस.) मुरज, पटह, A drum, मुरजः, पटहः (पुं.)।

मृदित (वि. तस.) मसला हुआ, Crushed, powdered, मृदित, चूर्णित (वि.)।

मृदु (वि. तस.) कोमल, Soft, mild, मृदु, कोमल, मसृण, श्लक्ष्ण (वि.)।

मृदुता (स्त्री. तस.) कोमलता, दयालुता Softness, mildness, kindness, मृदुता, कोमलता, दयालुता (स्त्री.)।

मृदुल (वि. तस.) दे. 'मृदु'।

मृण्मय (वि. तस.) मिट्टी से बना हुआ, पार्थिव, Made of earth, मृण्मय (वि.)।

मृषा (अ.) झूठ, असत्य, Falsely, मृषा (अ. तस.), असत्यम् (क्रि. वि.)।

मृष्ट (वि. तस.) शुद्ध, पवित्र, उत्तम, Pure, purified, best, मृष्ट (वि.)।

मेंगन, मेंगनी (स्त्री. तस.) बकरी या भेड़ की विष्ठा-गोली, The orbicular dung of a sheep or a goat, पुरीषगुलिका, मलगुलिका (स्त्री.)।

मेखला (स्त्री. तस.) करधनी, कांची, रशना, A girdle, a waist band, a belt, मेखला, रशना, कटिबन्धनी, काञ्चिः, काञ्ची (स्त्री.)।

मेघ (पुं. तस.) बादल, A cloud, मेघः, वारिदः, वारिवाहः, वारिधरः, जलदः (पुं.)।

मेघाच्छन्न (वि. तस.) बादलों से ढका हुआ, Covered by cloud, मेघाच्छन्न (वि.)।

मेचक (वि. तस.) घना काला या नीला, Dark black or blue, मेचक (वि.)।

मेज (पुं. फा.) टेबल, A table, पादफलकम् (नपुं.)।

मेटना (सकर्म. देशी) मिटाना, To rub, to erase, म्रद् (भ्वा. आ.) — म्रदते।

मेड़ (पुं. देशी) दो खेतों के मध्य छोटी-सी दीवार, Mound between two fields, मृद्भेदिनी, लघुभित्तिः (स्त्री.)।

मेढ़क (पुं. तभ.) मण्डूक, A frog, मण्डूकः, भेकः, दर्दुरः (पुं.)।

मेढ़ा (पुं. तभ.) मेंढा, मेढ़, A ram, मेढः, मेढ्रः, मेडकः, एडकः (पुं.)।

मेथी (स्त्री. तस.) पत्तों वाला एक साग, Fenugreek, मेथी, मेथिः (स्त्री.)।

मेद (स्त्री. तस.) चर्बी, Fat, मेदस् (नपुं. मेदः, मेदसी, मेदांसि), वपा (स्त्री.), वसा (स्त्री.)।

मेदा (पुं. अर.) पक्वाशय, Stomach, पक्वाशयः (पुं.)।

मेदिनी (स्त्री. तस.) भूमि, पृथ्वी, The earth, मेदिनी, भूमिः, धरा, धरित्री, रसा (स्त्री.)।

मेधा (स्त्री. तस.) विवेकशील बुद्धि, Intellect, मेधा (स्त्री.)।

मेधावी (वि. तस.) विवेकशील, Intellectual, मेधावी-विन् (वि.)।

मेनका (स्त्री. तस.) एक अप्सरा, शकुन्तला की माँ, A fairy, the mother of Shakuntala, मेनका (स्त्री.)।

मेमना (पुं. अनु.) बकरी या भेड़ का बच्चा, A lamb, अजापोतः, मेषशिशुः (पुं.)।

मेरु (पुं. तस.) पुराणों के अनुसार सुवर्ण-पर्वत, हेमगिरि, A golden mountain according to Puranas, मेरुः, हेमगिरिः (पुं.)।

मेरुदण्ड (पुं. तस.) पीठ की हड्डियों की कतार, A backbone, पृष्ठवंशः (पुं.), पृष्ठास्थि (नपुं.)।

मेल (पुं. तस.) मिलन, स्नेह, Unity, meeting, love, मिलनम् (नपुं.), मेलः, स्नेहः (पुं.)।

मेला (पुं. तभ.) लोगों का किसी उत्सव पर इकट्ठा होना, A fare, मेलः, मेलकः, (पुं.), मेलकम् (नपुं.)।

मेवा (पुं. फा.) फल, Fruit, dry fruit, फलम् (नपुं.), शुष्कफलम् (नपुं.)।

मेवाड़ (पुं. देशी) राजस्थान में स्थित एक प्राचीन राज्य, An old state of Rajasthana, मेवाडराज्यम् (नपुं.)।

मेवात (पुं. देशी) राजस्थान के ही एक प्रसिद्ध क्षेत्र का नाम, A famous region of Rajasthana, मेवात-प्रदेशः (पुं.)।

मेष (पुं. तस.) मेंढा, A ram, मेषः, मेढ्रः, मेढः, एडकः, मेडकः (पुं.)।

मेहंदी (स्त्री. तभ.) रंगने वाली एक बूटी, A colouring herb, मेन्धी, मेन्धिका, रञ्जनी (स्त्री.)।

मेह (पुं. तस.) वर्षा, Rain, मेहः (पुं.), वृष्टिः (स्त्री.), वर्षाः (स्त्री. बहु.)।

मेहतर (पुं. फा.) सफाईकर्ता, A sweeper, मार्जकः (पुं.)।

मेहतरानी (स्त्री. फा.) सफाई करने वाली, A female sweeper, मार्जिका (स्त्री.)।

मेहनत (स्त्री. अर.) परिश्रम, उद्यम, Effort, hardwork, परिश्रमः, उद्यमः (पुं.)।

मेहनताना (पुं. अर.) पारिश्रमिक, कार्य का वेतन, Wages, पारिश्रमिकम् (नपुं.), वेतनम् (नपुं.), वृत्तिः (स्त्री.)।

मेहनती (वि. अर.) परिश्रमी, उद्यमी, पुरुषार्थी, Hardworker, industrious, परिश्रमी-मिन्, उद्यमी-मिन्, पुरुषार्थी-थिन् (वि.)।

मेहमान (पुं. फा.) अतिथिः, अभ्यागत, A guest, अतिथिः, अभ्यागतः (पुं.)।

मेहर (स्त्री. फा.) दया, कृपा, अनुग्रह, Mercy, kindness, दया, कृपा (स्त्री.), अनुग्रहः (पुं.)।

मेहरबान (वि. फा.) दयालु, कृपालु, अनुग्रही, Merciful, kindness, दयालु, कृपालु, अनुग्रही-हिन् (वि.)।

मेहरबानी (स्त्री. फा.) दे. 'मेहर'।

मेहराब (स्त्री. अर.) गोलाई की दीवार, डाट, An arc, a vault, तोरणम्, वृत्तखण्डम् (नपुं.)।

मेहरारू, मेहरी (स्त्री. देशी) पत्नी, A wife, पत्नी, जाया, भार्या (स्त्री.)।

मैका (पुं. देशी) दे. 'मायका'।

मैत्री (स्त्री. तस.) मित्रता, दोस्ती, Friendship, मैत्री, मित्रता (स्त्री.), सौहार्दम् (नपुं.)।

मैथिली (स्त्री. तस.) सीता का उपनाम, An epithet of Sita, मैथिली, सीता, जानकी (स्त्री.)।

मैथुन (पुं. तस.) स्त्री-पुरुष का सम्भोग, Intercourse of the couple, मैथुनम् (नपुं.), सम्भोगः (पुं.)।

मैदा (पुं. फा.) गेहूँ के आटे का सार, Fine part of the wheat flour, गोधूमचूर्णसारः (पुं.), अट्टसारः।

मैदान (पुं. फा.) क्षेत्र, स्थान, समान भूमि, Field, plain, क्षेत्रम्, समस्थलम् (नपुं.)।

मैना (स्त्री. तभ.) सारिका, मदना, Black bird, मदना, सारिका (स्त्री.)।

मैनाक (पुं. तस.) एक पर्वत का नाम, Name of a mountain, मैनाकपर्वतः (पुं.)।

मैया (स्त्री. तभ.) माता, Mother, माता, जननी, अम्बा, प्रसू (स्त्री.)।

मैला (वि. तभ.) गन्दा, मलिन, Filthy, dirty, impure, मलिन (वि.)।

मैलाकुचैला (वि. तभ.) गन्दा और गन्दे कपड़ों वाला, Dirty and wearing dirty clothes, मलिनः मलिनवस्त्रश्च (वि.)।

मैलापन (पुं. तभ.) गन्दगी, मलिनता, Dirt, filth, मलिनता, मालिन्यम्।

मोंको (सर्व. तभ.) मुझे, मुझको, To me, माम् (सर्व.)।

मोक्ष (पुं. तस.) मुक्ति, छुटकारा, Freedom, salvation, मोक्षः (पुं.), मुक्तिः (स्त्री.)।

मोगरा (पुं. तभ.) मुद्गर, एक प्रकार की सब्जी, एक प्रकार का नमकीन, एक प्रकार का फूल, A mullet, a kind of jasmine with big flowers, a saltish dish, a kind of vegetable, मुद्गरः (पुं.)।

मोगरी (स्त्री. तभ.) मुँगरी, A small mullet, मुद्गरी।

मोघ (वि. तस.) व्यर्थ, असफल, Invain, failed, मोघ (वि.), निष्फल (वि.)।

मोच (पुं. तस.) नसनाड़ी का ऊपर नीचे हो जाना, Sprain, मोचः, स्नायुवितानः (पुं.)।

मोचक (पुं. तस.) छुड़ाने वाला, Releaser, protector, मोचकः, रक्षकः।

मोची (पुं. तभ.) चर्मकार, चमार, A cobbler, a shoemaker, चर्मकारः (पुं.)।

मोजा (पुं. फा.) जुराब, पादवस्त्र, चरणावरण, Stocking, sock, पादवस्त्रम्, चरणावरणम् (नपुं.)।

मोट (पुं. देशी) गठरी, A bundle, पोटलिका (स्त्री.), पोटलः, पोटलकः (पुं.), पोटलकम् (नपुं.)।

मोटा (वि. देशी) स्थूल, पीन, Fat, fatty, स्थूल, पीन (वि.)।

मोटाई (स्त्री. देशी) मुटापा, Fatness, स्थूलता, पीनता (स्त्री.), स्थौल्यम् (नपुं.)।

मोटापन (पुं. देशी) दे. 'मोटाई'।

मोटापा (पुं. देशी) दे. 'मोटाई'।

मोठ (पुं. तभ.) एक प्रकार का अन्न, A kind of beans, मकुष्ठः (पुं.)।

मोड़ (पुं. देशी) घुमाव, आवृत्ति, A turning point, प्रत्यावर्तनम् (नपुं.)।

मोड़ना (सकर्म. देशी) टेढ़ा करना, To twist, to bend, वक्री+कृ—वक्रीकरोति, प्रत्यावर्तयति।

मोतिया (पुं. तस.) मल्लिका, A kind of jasmine, मल्लिका (स्त्री.)।

मोतियाबिंद (पुं. तभ.) आँख में फोला, Cataract, an eye- disease, मौक्तिकबिन्दुः नेत्ररोगः (पुं.)।

मोती (पुं. तभ.) मुक्ता, मुक्ताफल, A pearl, मुक्ता (स्त्री.), मुक्ताफलम्, मौक्तिकम् (नपुं.)।

मोतीचूर (पुं. तभ.) मोती से दानों से बना लड्डू, A kind of sweetmeat, मुक्तामोदकः-कम् (पुं., नपुं.)।

मोथा (पुं. तभ.) एक घास की सुगन्धित जड़, मुस्तक, The root of a fragrant grass, मुस्तकः-कम् (पुं., नपुं.)।

मोद (पुं. तस.) प्रसन्नता, खुशी, Happiness, joy, मोदः, हर्षः, उल्लासः (पुं.), प्रसन्नता (स्त्री.)।

मोदक (पुं. तस.) लड्डू, A kind of sweetmeat, मोदकः-कम् (पुं., नपुं.)।

मोदी (पुं. तभ.) अन्न-विक्रेता, अनाज बेचने वाला, A seller of corns, अन्नविक्रेता-तृ (पुं.)।

मोदीखाना (पुं. तभ.) अन्न का भण्डार, Granary, अन्नागारम् (नपुं.)।

मोम (पुं. फा.) सिक्थ, मधूच्छिष्ट, Wax, सिक्थम्, मधूच्छिष्टम् (नपुं.)।

मोमजामा (पुं. फा.) मोम से लिपा वस्त्र, An oil-cloth, सिक्थलिप्तं वस्त्रम् (नपुं.)।

मोमबत्ती (स्त्री. देशी) सिक्थवर्त्तिका, A candle, सिक्थवर्त्तिका (स्त्री.)।

मोर (पुं. तस.) मयूर, A peacock, मयूरः, शिखी-खिन्, शिखण्डी-डिन्, भुजङ्गभुक्-ज्, अहिभुक् -ज् (पुं.)।

मोरचा (पुं. फा.) जंग, दर्पण की धूल, रक्षा के लिए बनाया गया स्थान, A rust, dirt gathered on a mirror, a place made for a protection, लोहमलम्, दर्पणधूलिः, प्राकारः, रक्षास्थलम्।

मोरनी (स्त्री. तभ.) मयूरी, Pea-hen, मयूरी (स्त्री.)।

मोरपंखा (पुं. तभ.) मोर के पंखों से बनाया गया पंखा, A fan made of the feathers of the peacock, मयूरपक्ष-व्यजनम् (नपुं.)।

मोरमुकुट (पुं. तभ.) मोर के पंखों से बनाया गया मुकुट, A crown made of the peacock's feathers, मयूरमुकुटम् (नपुं.)।

मोरा (सर्व. तभ.) मेरा, Mine, मदीयः, मम (सर्व.)।

मोरी (सर्व. तभ.) 'मोरा' का स्त्रीलिंग, Feminine of 'मोरा'-मम (सर्व.)।

(स्त्री. देशी) नाली, Drain, नाली, जलवाहिका (स्त्री.)।

मोल (पुं. तभ.) दे 'मूल्य'।

मोषण (पुं. तस.) चोरी, Theft, मोषणम्, चौर्यम् (नपुं.)।

मोह (पुं. तस.) अति अनुराग, अति प्रेम, Attachment, मोहः (पुं.)।

मोहक (पुं. तस.) आकर्षक, सुन्दर, प्रिय, Attractive, beautiful, lovely, मोहकः (पुं. वि.) आकर्षकः (पुं. वि.)।

मोहन (पुं. तस.) श्री कृष्ण का उपनाम, An epithet of Lord Krishna, मोहनः (श्री कृष्णः)।

मोहित करने का काम, Attraction, मोहनम् (नपुं.)।

मोहनभोग (पुं. तस.) हलवा, A kind of sweet dish, मोहनभोगः, संयावकः (पुं.)।

मोहना (सक. तभ.) मोहित करना, प्रेम में डुबोना, To charm, to enchant, मुह् (दिवा. पर.) — मोहय् (प्रे.) — मोहयति।

मोहनी (स्त्री. तस.) मोहित करने वाली सुन्दर स्त्री, A very beautiful women, मोहिनी (स्त्री.)।

मोहर (स्त्री. फा.) मुद्रा, ठप्पा, रुपया-पैसा, A stamp, a coin, a seal, मुद्रा (स्त्री.)।

मोहलत (स्त्री. अर.) अवकाश, अवधि, Leisure, period, अवकाशः, अवधिः (पुं.)।

मोहिं (सर्व. तभ.) मुझे, मुझको, To me, माम् (सर्व.)।

मोहित (वि. तभ.) वशीभूत, मुग्ध Enchanted, fell in love, मोहित (वि.)।

मोहिनी (स्त्री. तस.) दे. 'मोहनी'।

मौका (पुं. अर.) अवसर, शुभकाल, A chance, opportunity, अवसरः, शुभकालः (पुं.)।

मौक्तिक (पुं. तस.) दे. 'मुक्ता'।

मौखिक (वि. तस.) ज़बानी, कथनीय, Oral, मौखिक, वाचिक (वि.)।

मौज (स्त्री. अर.) तरंग, लहर, उमंग, आनन्द, प्रसन्नता, A wave, an emotion, pleasure, joy, वीचिः (स्त्री.), तरंगः (पुं.), आनन्दः, हर्षः (पुं.)।

मौजूद (वि. अर.) वर्तमान, उपस्थित, Present, existed, वर्तमान, उपस्थित (वि.)।

मौजूदगी (स्त्री. अर.) उपस्थिति, सत्ता, Presence, existence, उपस्थितिः, सत्ता (स्त्री.)।

मौत (स्त्री. तभ.) मृत्यु, देहत्याग, Death, मृत्युः, देहत्यागः (पुं.)।

मौन (पुं. तस.) मुनि का धर्म, चुप्पी, Duty of a saint, silence, मौनम् (नपुं.), तूष्णींभ्भावः (पुं.)।

मौनी (वि. तस.) चुप्पी साधने वाला, चुप, Silent, मौनी, मौनव्रती (वि.)।

मौर्य (पुं. तस.) क्षत्रियों की एक उपजाति, A clan of Kshatriyas, मौर्यः (पुं.)।

मौलवी (पुं. अर.) शिक्षित व्यक्ति, अरबी और फारसी का विद्वान्, A scholar of Arabic and Persian languages, मौलविः (पुं.)।

मौलि (पुं. तस.) सिर, शीर्ष, उत्तमांग, Head, main organ, मौलिः (पुं. स्त्री.), शिरः-स् (नपुं.)।

मौलिक (वि. तस.) स्वाभाविक, प्राकृतिक, आधारभूत, Original, basic, मौलिक, आधारभूत (वि.)।

मौली (स्त्री. देशी) मंगल कार्यों में बाँधा जाने वाला रंगीन सूत, Untwisted red coloured thread used in auspicious occasions, मौलीसूत्रम् (नपुं.)।

मौसा (पुं. तस.) मासड़, मौसी का पति, The husband of the mother's sister, मातृष्वस्रीयः पतिः।

मौसेरा (वि. तस.) मौसी का पुत्र, The son of the mother's sister, मातृष्वस्रीयः पुत्रः (पुं.)।

म्याऊँ, म्याँव (स्त्री. अनु.) बिल्ली की आवाज, The mewing of a cat, म्याऊँ-ध्वनिः (पुं.)।

म्यान (पुं. फा.) मियान, A sword-case, असिकोशः (पुं.)।

म्रियमाण (वि. तस.) मरता हुआ, Dying, म्रियमाण (वि.)।

म्लान (वि. तस.) मुरझाया हुआ, Withered, faded, म्लान, मलिन, शोभाहीन (वि.)।

म्लेच्छ (पुं. तस.) अशुद्ध उच्चारण करने वाला, निम्न कोटि का मनुष्य, One who speaks incorrect words, a mean and barbarian person, म्लेच्छः (पुं.)।

म्हारा (सर्व. तभ.) हमारा, Our, अस्माकम्, अस्मदीय (सार्व. वि.)।

य *Ya*

य (पुं. तस.) पहला अन्तःस्थ वर्ण, The first semi-vowel letter, यः, यकारः (पुं.)।

यंत्र, यन्त्र (पुं. तस.) कार्य को तीव्रता से करने का साधन, A machine, यन्त्रम् (नपुं.)।

यंत्रणा, यन्त्रणा (स्त्री. तस.) बन्धन, पीड़ा, कष्ट, Control, pain, torture, यन्त्रणा (स्त्री.)।

यंत्रित, यन्त्रित (वि. तस.) नियन्त्रित, बद्ध, Locked, controlled, यन्त्रित (वि.)।

यकसाँ (वि. फा.) एक जैसा, Alike, similar, equal, सम, सदृश (वि.)।

यकीन (पुं. अर.) विश्वास, Faith, trust, belief, विश्वासः (पुं.)।

यकृत् (पुं. तस.) जिगर, Liver, यकृत् (नपुं. -यकृत्, यकृती, यकृन्ति)।

यक्ष (पुं. तस.) देवों की एक जाति, A sect of gods, यक्षः (पुं.)।
(वि. तस.) पूजनीय, Respectable, यक्ष (वि.)।

यक्ष्मा (स्त्री. तस.) रोग, तपेदिक, A disease, tuberculosis, यक्ष्मन् (पुं.-यक्ष्मा, यक्ष्माणौ यक्ष्माणः)।

यखनी (स्त्री. फा.) मांसरस, शाकरस, Soup of meat or vegetables, मांसरसः, शाकरसः (पुं.)।

यजन (पुं. तस.) यज्ञ करने की क्रिया, Performance of a sacrifice, यजनम् (नपुं.), यज्ञः (पुं.)।

यजमान (पुं. तस.) यज्ञ करने वाला व्यक्ति, One who performs a sacrifice, यजमानः (पुं.)।

यजुर्वेद (पुं. तस.) चारों में से दूसरा वेद, कर्मकाण्ड का वेद, The second Veda of the four ones, the Veda of performances, यजुर्वेदः (पुं.)।

यज्ञ (पुं. तस.) जिसके द्वारा देव-पूजा, मेल-जोल और दान किया जाता है, A sacrifice which helps in worship of gods, unity and generosity, यज्ञः (पुं.)।

यज्ञशाला (पुं. तस.) यज्ञ करने का स्थान, The place where sacrifices are performed, यज्ञशाला (स्त्री.)।

यज्ञसूत्र (पुं. तस.) यज्ञोपवीत, जनेऊ, A sacred thread which is worn on the neck and which gives right to perform a sacrifice, यज्ञसूत्रम् (नपुं.)।

यज्ञोपवीत (पुं. तस.) दे. 'यज्ञसूत्र' — यज्ञोपवीतम् (नपुं.)।

यति (पुं. तस.) मुनि, संयमी व्यक्ति, A saint, one who has control on his senses, यतिः (पुं.)।

(स्त्री. तस.) बोलते समय रुकना, विराम, A stop while speaking, यतिः (स्त्री.)।

यतिभंग, यतिभङ्ग (पुं. तस.) रचना का वह दोष जहाँ अपूर्ण शब्द के मध्य ही रुकना पड़ता है, A wrong composition of a poem when one has to stop before ending a word, यतिभङ्गः (पुं.)।

यत्किंचित् (सर्व. तसं.) जो कुछ भी, Any existing thing, यत्किञ्चित् (सर्व.)।

यत्न (पुं. तस.) परिश्रम, मेहनत, Effort, यत्नः, उद्यमः, परिश्रमः (पुं.)।

यत्नवान् (पुं. तस.) परिश्रमी, मेहनती, Industrious, यत्नवान्-वत् (पुं.), परिश्रमी-मिन्, उद्यमी-मिन्।

यत्र (अ. तस.) जहाँ, The place, where, यत्र (अ.)।

यथा (अ. तस.) जैसे, जिस प्रकार, As, यथा (अ.)।

यथार्थ (अ. तस.) अर्थ के अनुसार, ठीक-ठीक, Really, truly, यथार्थम् (अ.)।

यथेच्छ (अ. तस.) इच्छा के अनुसार, According to one's desire, यथेच्छम् (अ.)।

यथेष्ट (अ. तस.) दे 'यथेच्छ' — यथेष्टम् (अ.)।

यथोक्त (अ. तस.) कहे के अनुसार, According to one's statement, यथोक्तम् (अ.)।

यथोचित (अ. तस.) जैसा ठीक हो, According to the justification, यथोचितम् (अ.)।

यदपि (अ. तस.) यद्यपि, चाहे, Though, यदपि (अ.)।

यद्भविष्य (वि. तस.) जो भविष्य पर बात को टाल देता है, जो 'देखा जाएगा' ऐसा कहता है, One who depends on future, यद्भविष्य (वि.)।

यदा (अ. तस.) जब, The time when, यदा (अ.)।

यदि (अ. तस.) अगर, चेत्, If, in case of, यदि, चेत् (अ.)।

यदु (पुं. तस.) यादवों का आदिपुरुष, The first man of Yadavas, यदुः (पुं.)।

यदुनन्दन, यदुपति (पुं. तस.) श्रीकृष्ण के उपनाम, Epithets of Lord Krishna, यदुनन्दनः, यदुपतिः (पुं.)।

यद्यपि (अ. तस.) चाहे, यद्यपि, Though, यद्यपि, यदपि (अ.)।

यदृच्छा (स्त्री. तस.) आकस्मिक घटना, A sudden event, यदृच्छा (स्त्री.)।

यम (पुं. तस.) यमराज, मृत्यु का देवता, The god of death, यमः, यमराजः (पुं.)।

(पुं. तस.) अहिंसा, सत्य, चोरी न करना, ब्रह्मचर्य और जमाखोरी न करना ये पाँच गुण, The five duties or merits in Yoga — non-violence, truth, devoid of theft, brahmacharya and keeping off hoarding, अहिंसा-सत्यास्तेय-ब्रह्मचर्यापरिग्रहाः यमाः (पुं. बहु.)।

यमज (पुं. तस.) जुड़वाँ बच्चे, Twin children, यमजौ (पुं. द्वि.)।

यमराज (पुं. तस.) दे. 'यम' का पहला अर्थ — यमराजः (पुं.)।

यमलोक, यमालय (पुं. तस.) मृत्युलोक, A place of death, यमलोकः (पुं.), यमालयः (पुं.)।

यमुना (स्त्री. तस.) एक नदी, सूर्यसुता, A river, यमुना (स्त्री.)।

ययाति (पुं. तस.) सूर्यवंशी एक राजा जिसने शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी से विवाह किया था, A king of Surya-dynasty, ययातिः (पुं.)।

यव (पुं. तस.) जौ, Barley, यवः (पुं.)।

यवद्वीप (पुं. तस.) जावा देश, The country of Java, यवद्वीपः-पम् (पुं., नपुं.)।

यवन (पुं. तस.) यूनानवासी, मुसलमान, An inhabitant of Egypt, a Mohammadan, यवनः (पुं.)।

यवनानी (स्त्री. तस.) यूनान की लिपि, A script of Egypt, यवनानी (स्त्री.)।

यवनिका (स्त्री. तस.) दे. 'जवनिका'।

यश (पुं. तस.) कीर्ति, नेकनामी, Fame, यशः-स् (नपुं. यशः, यशसी, यशांसि), कीर्तिः (स्त्री.)।

यशस्कर (वि. तस.) यश फैलाने वाला, Helper in spreading fame, यशस्करः (वि.)।

यशस्वी (वि. पुं. तस.) कीर्तिमान्, सुप्रसिद्ध, Famous, यशस्वी-विन् (वि. पुं.), सुप्रसिद्ध (वि.)।

यशोदा (स्त्री. तस.) श्रीकृष्ण को पालने वाली माता, The mother who nourished and protected Lord Krishna, यशोदा।

यशोधरा (स्त्री. तस.) सिद्धार्थ (बुद्ध) की पत्नी का नाम, The wife of Siddhartha, the Lord Buddha, यशोधरा (स्त्री.)।

यष्टि, यष्टिका (स्त्री. तस.) सोटी, A stick, यष्टिः, यष्टिका (स्त्री.)।

यहाँ (अ. तभ.) इस स्थान पर, Here, इह, अत्र (अ.)।

यहीं (अ. तभ.) इस ही स्थान पर, Only here, इहैव, अत्रैव (अ.)।

यहि (सर्व. तभ.) इस, यह, This, इदम् (सर्व.)।

या (सर्व. तभ.) इस, यह, This, इदम् (सर्व.)।

याग (पुं. तस.) दे. 'यज्ञ'।

याचक (पुं. तस.) भिक्षुक, भिखारी, A beggar, याचकः, भिक्षुकः, भिक्षुः (पुं.)।

याचना (स्त्री. तस.) माँगना, भिक्षा, प्रार्थना, Demand, begging, request, याचना, भिक्षा, प्रार्थना, याच्ञा (स्त्री.)।

याचिका (स्त्री. तस.) प्रार्थना, निवेदन, माँगने वाली, A request, an appeal, a lady beggar याचिका (स्त्री.), निवेदनम् (नपुं.)।

याचित (वि. तस.) माँगा गया, चाहा गया, Begged, demanded, याचित (वि.)।

याजक (पुं. तस.) दे. 'यजमान' — याजकः (पुं.)।

याजन (पुं. तस.) यज्ञ कराना, To cause to perform a sacrifice, याजनम् (नपुं.)।

याज्ञवल्क्य (पुं. तस.) शतपथब्राह्मण के रचयिता एक प्रसिद्ध ऋषि, The famous sage who wrote the book of Shatapatha Brahmana, याज्ञवल्क्यः (पुं.)।

याज्ञिक (वि. तस.) यज्ञ से सम्बन्धित, Sacrificial, याज्ञिक (वि.)।

यातना (स्त्री. तस.) पीड़ा, कष्ट, Pain, trouble, यातना (स्त्री.)।

यातायात (पुं. तस.) जाने और आने का साधन, Transport, यातायातम् (नपुं.)।

यातुधान (पुं. तस.) रास्ते का लुटेरा, राक्षस, A robber, a demon, यातुधानः, दस्युः, राक्षसः (पुं.)।

यात्रा (स्त्री. तस.) सफर, A journey, यात्रा (स्त्री.)।

यात्री (पुं. तस.) मुसाफिर, पथिक, A traveller, a passenger, यात्री-त्रिन् (पुं.)।

याद (स्त्री.) स्मृति, स्मरण, Memory, स्मृतिः (स्त्री.) स्मरणम् (नपुं.)।

यादगार (स्त्री.) स्मारक, A memorial, स्मारकः (पुं.)।

याददाश्त (स्त्री. फा.) स्मृतिसामर्थ्य, धारणा-शक्ति, Rememberance, स्मृतिसामर्थ्यम् (नपुं.) धारणाशक्तिः (स्त्री.)।

यान (पुं. तस.) चढाई, सवारी, Attack, vehicle, आक्रमणम्, वह्यम्, वाहनम् (नपुं.)।

यापन (पुं. तस.) बिताना, Spending, यापनम्, कालनयनम् (नपुं.)।

याम (पुं. तस.) पहर, प्रहर, Eighth part of the day and night, यामः, प्रहरः (पुं.)।

यामा, यामिनी (स्त्री. तस.) रात, यामा, रजनी, A night, यामा, यामिनी, निशा, रजनी, रात्रिः (स्त्री.)।

यार (पुं. फा.) दोस्त, मित्र, A friend, मित्रम् (नपुं.), सुहृद् (पुं.)।

याराना (पुं. फा.) दोस्ती, मित्रता, सख्य, Friendship, मित्रता, मैत्री (स्त्री.), सख्यम्, सौहार्दम् (नपुं.)।

यारी (स्त्री. फा.) दोस्ती, अनुचित मित्रता, Unjust friendship, अनुचिता मैत्री (स्त्री.)।

यास्क (पुं. तस.) निरुक्त के लेखक महर्षि का नाम, The name of the author of Nirukta, यास्काचार्यः, यास्कः।

यावज्जीवन (अ. तस.) जीवन-पर्यन्त, Upto one's life, यावज्जीवनम् (अ.)।

यावत् (अ. तस.) जब तक, As long as, यावत् (अ.)।

यावत् (वि. तस.) जितना, जितनी, As much as, as many as, यावत् (वि.) — यावान् (पुं.), यावती (स्त्री.), यावत् (नपुं.)।

याहि (सर्व. तम.) यही, Only this, एतदेव, इदमेव (सर्व.)।

युंजान, युञ्जान (पुं. तस.) जिसे योग करने पर सब ज्ञान हो जाता है, One who gets knowledge of everything when he engages himself in Yoga, युञ्जानः (पुं.)।

युक्त (वि. तस.) लगा हुआ, Engaged, युक्त (वि.)।

युक्ति (स्त्री. तस.) उपाय, ढंग, तरीका, दलील, Means, argument, युक्तिः (स्त्री.)।

युक्तियुक्त (वि. तस.) ठीक, न्यायपूर्ण, Just, reasonable, युक्तियुक्त (वि.)।

युग (पुं. तस.) जोड़ी, बैलों को जोड़ने का जुआ, एक लम्बा समय, A pair, a couple, a yoke, a long time, युगलम् (नपुं.), दम्पती (पुं.), योक्त्रम् (नपुं.), दीर्घः कालः (पुं.)।

युगपत् (अ. तस.) एक साथ, At once, युगपत् (अ.)।

युगपुरुष (पुं. तस.) किसी विशेष समय का महत्त्वपूर्ण पुरुष, An important person in a special period, युगपुरुषः (पुं.)।

युगल (पुं. तस.) जोड़ी, Couple, दम्पती (पुं. द्विव.)।

युगांत, युगान्त (पुं. तस.) विशेष समय की समाप्ति, End of a special period, युगान्तः (पुं.)।

युग्म संख्या (स्त्री. तस.) दो से विभक्त होने वाली संख्या, Even number, युग्मसंख्या (स्त्री.)।

युत (वि. तस.) युक्त, संलग्न, Engaged, indulged युत, युक्त (वि.)।

युद्ध (पुं. तस.) लड़ाई, संग्राम, War, battle, fight, युद्धम् (नपुं.), संग्रामः (पुं.)।

युधिष्ठिर (पुं. तस.) सबसे बड़ा पाण्डुपुत्र, Eldest son of Pāṇḍu, युधिष्ठिरः (पुं.)।

युयुत्सा (स्त्री. तस.) युद्ध करने की इच्छा, Desire of fighting, युयुत्सा (स्त्री.)।

युयुत्सु (पुं. तस.) युद्ध करने की इच्छा वाला, Desirous of fighting, युयुत्सुः (पुं.)।

युवक (पुं. तस.) जवान पुरुष, A young man, युवकः, युवा-वन् (पुं.)।

युवति, युवती (स्त्री. तस.) जवान स्त्री, A young lady, युवतिः, युवती (स्त्री.)।

युवराज (पुं. तस.) राज्य का उत्तराधिकारी राजकुमार, The successor prince of the kingdom, युवराजः (पुं.)।

युवा (पुं. तस.) दे. 'युवक' — युवा-वन् (पुं. - युवा, युवानौ, युवानः)।

यूका (स्त्री. तस.) जूँ, A louse, यूका (स्त्री.)।

यूथ (पुं. तस.) झुण्ड, समूह, A multitude, यूथम् (नपुं.), समूहः (पुं.)।

यूथप, यूथपति (पुं. तस.) झुण्ड का मुखिया, The leader of the group, यूथपः, यूथपतिः (पुं.)।

यूनान (पुं. ग्रीक) एक देश का नाम, Greek, यूनानः, यवनदेशः (पुं.)।

यूप (पुं. तस.) खम्भा, यज्ञस्तम्भ, विजयस्तम्भ, कीर्तिस्तम्भ, A pillar for sacrifice, victory or fame, pillar, यूपः (पुं.)।

ये, येई, येऊ, येहू (सर्व. तभ.) 'यह' के विभिन्न रूप, The forms of 'this', 'इदम् शब्दस्य रूपाणि'।

यों (अ. तभ.) इस प्रकार, In this way, एवम्, इत्थम् (अ.)।

योग (पुं. तस.) जोड़, कमाई, ध्यान, Addition, earning, meditation, joining, योगः (पुं.)।

योगक्षेम (पुं. तस.) प्राप्ति और रक्षा, नई वस्तु को प्राप्त करना और प्राप्त किये का सदुपयोग, मंगल, कल्याण, Obtaining and protection, योगक्षेमम् (नपुं.)।

योगदर्शन (पुं. तस.) योग पर लिखी दर्शन की पुस्तक, The philosophical book on Yoga, योगदर्शनम् (नपुं.)।

योगमाया (स्त्री. तभ.) यशोदा की पुत्री, जिसे कंस ने मार दिया था, The daughter of Yashoda who was killed by Kansa, योगमाया (स्त्री.)।

योगरूढि (पुं. तस.) वह शब्द जो अनेक शब्दों से बनकर भी विशेष अर्थ में ही प्रयुक्त होता है, जैसे 'हिमालय', A compound word which is used for a special thing only as Himalaya, योगरूढिः (पुं. वि.)।

योगाभ्यास (पुं. तस.) ध्यान लगाने का अभ्यास, Practice of meditation, योगाभ्यासः (पुं.)।

योगासन (पुं. तस.) शरीर और मन को स्वस्थ रखने वाले योग के आसन, The postures of Yoga which keep the body and mind sound for meditation, योगासनानि (नपुं. बहु.)।

योगिनी (स्त्री. तस.) योग करने वाली नारी, The woman who practises Yoga, योगिनी (स्त्री.)।

योगी (पुं. तस.) योग करने वाला पुरुष, The man who practises Yoga, योगी-गिन् (पुं.)।

योगीश, योगीश्वर (पुं. तस.) योगियों में मुखिया, The head of Yogis, योगीशः, योगीश्वरः (पुं.)।

योग्य (वि. तस.) लायक, उचित, Able, fit, proper, योग्य (वि.)।

योग्यता (स्त्री. तस.) लियाकत, सामर्थ्य, Ability, fitness, power, योग्यता (स्त्री.)।

योजक (पुं. तस.) जोड़ने वाला, Joining, combiner, योजकः (पुं.)।

योजन (पुं. तस.) जोड़ना, मार्ग की लम्बाई का एक माप जो कि लगभग 10 किलोमीटर होता है, Joining, a measurement of a way, योजनम् (नपुं.)।

योजना (स्त्री. तस.) युक्ति, आयोजन, व्यवस्था, A plan, an arrangement, reasoning, योजना (स्त्री.)।

योद्धा (पुं. तस.) लड़ाकू, युद्ध करने वाला, A warrior, योद्धा-धृ (पुं.)।

योनि (स्त्री. तस.) जाति, जन्मस्थान, स्त्री की जननेन्द्रिय, Species, birth place, source, the female organ of generation, योनिः (स्त्री.)।

योषित् (स्त्री. तस.) स्त्री, नारी, A woman, योषित् (स्त्री.)।

यौं (अ. तभ.) दे. 'यों'

यौगिक (वि. तस.) योग से सम्बन्धित, समस्त पद, Pertaining to Yoga, a compounded word, यौगिक (वि.)।

यौतुक (पुं. तस.) दहेज, Dowry, यौतुकम्, यौतकम् (नपुं.)।

यौधेय (पुं. तस.) योद्धा, एक प्राचीन राज्य, A warrior, an old kingdom, यौधेयः (पुं.)।

यौवन (पुं. तस.) जवानी, Youth, यौवनम् (नपुं.)।

यौवराज्य (पुं. तस.) युवराज का पद, The status of a successor of a kingdom, यौवराज्यम् (नपुं.)।

र *Ra*

र (पुं. तस.) दूसरा अन्तःस्थ वर्ण, The second semivowel letter, रः, रेफः (पुं.)।

रंक, रङ्क (पुं. तस.) गरीब, दीन, Poor, रङ्कः (पुं.)।

रंग, रङ्ग (पुं. तस.) वर्ण, राग, नाच, गाना-बजाना, मनोरंजन का स्थान, युद्धभूमि, Colour, dance, singing, place of amusement, battle field, रङ्गः, (पुं.)।

रंगत (स्त्री. तभ.) रंग, शक्लसूरत, Colour, complexion, रङ्गः (पुं.), रूपरचना (स्त्री.)।

रंगना (सकर्म. तभ.) रंग करना, To colour, to paint, रञ्ज् (भ्वा. उभ.) — रञ्जति, रञ्जते।

रंगबिरंगा (वि. तभ.) चितकबरा, कर्बुर, Pebbled, कर्बुर, चित्रविचित्र, चित्रित (वि.)।

रंगभवन, रङ्गभवन (पुं. तस.) दे. 'रङ्गशाला' — रङ्गभवनम् (नपुं.)।

रंगभंग, रङ्गभङ्ग (पुं. तस.) खुशी में विघ्न, A hindrance in amusement, रङ्गभङ्गः (पुं.), हर्षे विघ्नः (पुं.)।

रंगरूट (वि. इं. रिक्रूट) नया सैनिक, नया शिष्य, Newly recruited soldier or a pupil, नवप्रविष्ट (वि.)।

रंगरेज, रंगसाज (पुं. देशी) कपड़ों को रंगने वाला, A dyer of clothes, वस्त्ररञ्जकः (पुं.)।

रंगशाला, रङ्गशाला (स्त्री. तस.) नाट्यक्षेत्र, नाट्यशाला, रंगभवन, A theatre, a stage, a dancing place, रङ्गशाला (स्त्री.), रङ्गभवनम्, नाट्यक्षेत्रम् (नपुं.)।

रंगीन (वि. फा.) रंगा हुआ, विलासी, विनोदी, Coloured, jovial, passionate, रञ्जित (वि.), विलासी-सिन्, विनोदी-दिन् (पुं. वि.)।

रंगीला (वि. फा.) दे. 'रंगीन'।

रंच, रंचक, रञ्चक (वि. तभ.) थोड़ा, जरा-सा, A little, a small quantity, अल्प, न्यञ्च्- न्यक्, न्यून, स्तोक (वि.)।

रंज (पुं. फा.) शोक, गम, खेद, Grief, sorrow, शोकः, खेदः (पुं.)।

रंजक, रञ्जक (पुं. तस.) दे. 'रंगसाज'।

रंजन, रञ्जन (पुं. तस.) रंगने का कार्य, प्रसन्न करने का कार्य, Dying, pleasing, रञ्जनम् (नपुं.)।

रंजिश (स्त्री. फा.) नाराजगी, वैमनस्य, Displeasure, वैमनस्यम् (नपुं.), रोषः (पुं.)।

रंडा, रण्डा (स्त्री. तस.) विधवा, A widow, रण्डा, विधवा (स्त्री.)।

रंडापा (पुं. देशी) वैधव्य, विधवापन, Widowhood, वैधव्यम् (नपुं.)।

रंडी (स्त्री. देशी) विधवा, व्यभिचारिणी स्त्री, वेश्या, A widow, a prostitute, विधवा, वेश्या (स्त्री.)।

रंडुआ (पुं. देशी) विधुर, मृतपत्नीक, A widower, विधुरः, मृतपत्नीकः (पुं.)।

रंदना (अकर्म. तभ.) रंदा चलाना, लकड़ी को कुरेदना, To smoothen with a plane, रद् (भ्वा. पर.) — रदति, तक्षति, त्वक्षति।

रंदा (पुं. तभ.) लकड़ी को कोमल करने का साधन, A plane, रदः (पुं.), तक्षणी, त्वक्षणी (स्त्री.)।

रंधन, रन्धन (पुं. तस.) पकाने का कार्य, Cooking, रधनम्, राधनम् (नपुं.), पचनम् (नपुं.)।

रंध्र, रन्ध्र (पुं. तस.) छेद, सुराख, A hole, रन्ध्रम्, छिद्रम् (नपुं.)।

रंभा, रम्भा (स्त्री. तस.) केला, The plantain tree, रम्भा, कदली (स्त्री.), एक अप्सरा का नाम, The name of a fairy, रम्भा (स्त्री.)।

रँभाना (अकर्म. अनु.) गाय का बोलना, Bellowing of a cow or a bull, रेभ्, रम्भ् (भ्वा. आ.) — रेभते, रम्भते।

रई (स्त्री. देशी) बिलौने की मथानी, A churning stick, मथनी (स्त्री.)।

रईस (पुं. अर.) धनी, व्यक्ति, A rich or wealthy, person, धनिकः, धनाढ्यः (पुं.)।

रकम (स्त्री. अर.) संख्या, परिमाण, सम्पत्ति, Amount, sum, wealth, राशिः (पुं.), परिमाणम् (नपुं.), सम्पत्तिः (स्त्री.)।

रकाब (स्त्री. फा.) घोड़े पर चढ़ने के लिए पैर का आधार, A stirrup, पादाधारः (पुं.), पादाधानम् (नपुं.)।

रकाबी (स्त्री. फा.) तश्तरी, A plate, a shallow dish, शराविका (स्त्री.), स्थालकम् (नपुं.)।

रक्त (पुं. तस.) खून, रुधिर, Blood, रक्तम्, रुधिरम्, शोणम् (नपुं.), (वि. तस.) लाल, Red, रक्त (वि.)।

रक्तता (स्त्री. तस.) लाली, लालिमा, Redness, रक्तता (स्त्री.)।

रक्तपात (पुं. तस.) खून-खराबी, मार-काट, हत्या, Bloodshed, a bloody fight, रक्तपातः (पुं.)।

रक्तपित्त (पुं. तस.) रक्त में पित्त बढ़ना, एक रोग, A kind of disease, रक्तपित्त-रोगः (पुं.)।

रक्तातिसार (पुं. तस.) पेचिश, दस्तों में खून आना, Diarrhoea with blood in stools, रक्तातिसारः (पुं.)।

रक्तार्श (पुं. तस.) खूनी बवासीरः, Bleeding piles, रक्तार्शः - स् (नपुं.)।

रक्तिका (स्त्री. तस.) रत्ती, A small fruit of red colour having black face, रक्तिका, गुञ्जा (स्त्री.)।

रक्षक (पुं. तस.) रक्षा करने वाला, Protector, saviour, रक्षकः (पुं.)।

रक्षण (पुं. तस.) रक्षा, बचाव, Protection, defending, defence, रक्षणम् (नपुं.), रक्षा (स्त्री.)।

रक्षणीय (वि. तस.) रक्षा करने के योग्य, Fit to be protected or saved, रक्षणीय (वि.)।

रक्षा (स्त्री. तस.) दे. 'रक्षण' – रक्षा (स्त्री.)।

रक्षाबन्धन (पुं. तस.) राखी का त्योहार, A festival when sisters tie a special thread on the wrists of their brothers, रक्षाबन्धनम् (नपुं.)।

रक्षित (वि. तस.) बचाया हुआ, Saved, protected, रक्षित (वि.)।

रक्षी (पुं. तस.) दे. 'रक्षक' – रक्षी-क्षिन् (पुं.)।

रखना (सकर्म. तभ.) बचाना, धर देना, To save, to put, रक्ष् (भ्वा. पर.) – रक्षति, धृ (भ्वा. पर.) – धरति, स्थापयति।

रखवाना (प्रे. तभ.) बचवाना, धरवाना, टिकवाना, To cause to save or to put, रक्षय् (प्रे.) – रक्षयति, धारय् (प्रे.)– धारयति, स्थापयति।

रखवाला (पुं. तभ.) दे. 'रक्षक'।

रखवाली (स्त्री. तभ.) रक्षा, बचाव, पहरा, Saving, protection, a watch, रक्षणम् (नपुं.), रक्षा (स्त्री.)।

रखेली (स्त्री. देशी) अविवाहिता रखी हुई स्त्री, An unmarried wife, उपभार्या (स्त्री.)।

रखैया (पुं. तभ.) दे. 'रक्षक'।

रग (स्त्री. फा.) नाड़ी, धमनी, शिरा, A vein, an artery, नाड़ी, धमनी, शिरा (स्त्री.)।

रगड़ (स्त्री. देशी) घिसाव, घर्षण, Rubbing, friction, घर्षणम् (नपुं.), संघर्षः (पुं.), मर्दनम् (नपुं.)।

रगड़ना (सकर्म. देशी) मसलना, घिसना, To rub, to grate, मृद् (क्र्या. पर.) – मृद्नाति, घृष् (भ्वा. पर.) – घर्षति।

रगड़ा (पुं. देशी) दे. 'रगड़'।

रघु (वि. तस.) लघु, हल्का, Small, light, रघु, लघु (वि.)।

(पुं. तस.) श्रीराम के परदादा का नाम, The name of the father of grandfather of Ram, रघुः (पुं.)।

रचना (स्त्री. तस.) निर्माण, सृजन, Coustruction, making, creation, सृष्टिः, रचना (स्त्री.), निर्माणम्, सृजनम् (नपुं.)।

रचयिता (पुं. तस.) बनाने वाला, स्रष्टा, रचने वाला, Creator, composer, रचयिता-तृ स्रष्टा-ट्रष्ट्, निर्माता-तृ (पुं.)।

रचित (वि. तस.) बनाया हुआ, रचा हुआ, Constructed, made, created, composed, रचित, सृष्ट, निर्मित (वि.)।

रज (पुं. तभ.) धूल, लोक, रजोगुण, मासिक धर्म, Dust, world, rajoguna, menstrual excretion, रजः (रजस्-नपुं.), रजोगुणः, लोकः, मासिकधर्मः (पुं.)।

रजक (पुं. तस.) धोबी, A washerman, रजकः, वस्त्रधावकः (पुं.)।

रजत (स्त्री. तस.) चाँदी, रूप्यक, Silver, रजतम्, रूप्यकम् (नपुं.)।

रजनी (स्त्री. तस.) रात, निशा, A night, रजनी, निशा, रात्रिः (स्त्री.)।

रजनीकर, रजनीपति, रजनीश (पुं. तस.) चाँद, The moon, रजनीकरः, रजनीपतिः, रजनीशः, चन्द्रः (पुं.)।

रजपूती (वि. तभ.) राजपूत से सम्बन्धित, Pertaining to a Rajput, राजपुत्रीय (वि.)।

रजवाड़ा (पुं. तभ.) छोटा राजा, A small king, छोटा राज्य, a small kingdom, उपराजः (पुं.), उपराज्यम् (नपुं.)।

रजस्वला (स्त्री. तस.) मासिक धर्म वाली स्त्री, A woman having monthly course, रजस्वला (स्त्री. वि.)।

रजा (स्त्री. अर.) स्वीकृति, आज्ञा, Consent, order, स्वीकृतिः, आज्ञा (स्त्री.)।

रजाई (स्त्री. अर.) आज्ञा, हुक्म, Order, command, आज्ञा (स्त्री.), आदेशः (पुं.)।

रजाई (स्त्री. तभ.) रूई से पूर्ण ओढ़ने का वस्त्र, तूलाच्छादन, A quilt, तूलाच्छादनम् (नपुं.), पिचुलप्रच्छदः (पुं.)।

रजाना (सकर्म. तभ.) प्रसन्न करना, To please, रञ्ज् (भ्वा.) — रञ्जय् (प्रे.), रञ्जयति।

रजामंद (वि. फा.) सहमत, एकमत, Consenting, सहमत, एकमत (वि.)।

रजोगुण (पुं. तस.) सृष्टि की रचना का एक तत्त्व, An element of creation, रजोगुणः (पुं.)।

रज्जु (स्त्री. तस.) रस्सी, A string, रज्जुः (स्त्री.)।

रटना (सकर्म. तभ.) एक बात को बार-बार दोहराना, To repeat one word again and again, रट् (भ्वा. पर.), रटति।

रण (पुं. तस.) युद्ध, लड़ाई, A war, a battle, रणः, रणम् (पुं., नपुं.), संग्रामः (पुं.)।

रणांगन, रणाङ्गन (पुं. तस.) युद्धभूमि, The battle-field, रणाङ्गनम्, रणक्षेत्रम् (नपुं.), युद्धभूमिः (स्त्री.)।

रत (वि. तस.) लगा हुआ, निरत, व्यस्त, Engaged, busy, रत (वि.), व्यस्त, निरत (वि.)।

(पुं. तभ.) खून, रक्त, Blood, रक्तम्, रुधिरम् (नपुं.)।

रतजगा (वि. तभ.) रातभर जागने वाला, Keeping awake during whole of night, रात्रिजागृत (वि.)।

रतन (पुं. तस.) दे. 'रत्न'।

रतनजोत (स्त्री. तभ.) एक प्रकार का रत्न, एक ओषधि, A kind of gem, a kind of herb, रत्नज्योतिः (नपुं.)।

रतनार, रतनारा (वि. तभ.) कुछ लाल-सा, Reddish, ईषद्रक्त (वि.)।

रति (स्त्री. तस.) प्रेम, दम्पती-प्रेम, कामदेव की पत्नी, Love, love of couple, wife of Cupid, रतिः (स्त्री.)।

रतिरमण, रतिराज (पुं. तस.) कामदेव, An epithet of Cupid, रतिरमणः, रतिराजः, कामदेवः (पुं.)।

रतौंधी (स्त्री. तभ.) रात को न दिखाई देने का रोग, Night blindness, निशान्धत्वम् (नपुं.)।

रक्त (वि. तभ.) लाल, अनुरक्त, प्रेमी, Red, loving, रक्त, अनुरक्त (वि.)।

(पुं. तस) खून, रुधिर, Blood, रक्तम्, रुधिरम् (नपुं.)।

रत्ती (स्त्री. तभ.) दे. 'रक्तिका'।

रत्न (पुं. तस.) रमणीय वस्तु, A gem, रत्नम् (नपुं.)।

रत्नगर्भा (स्त्री. तस.) पृथ्वी, भूमि, वसुंधरा, The earth, रत्नगर्भा, वसुन्धरा, वसुधा, भूमि (स्त्री.)।

रत्ननिधि, रत्नाकर (पुं. तस.) सागर, A sea, an ocean, रत्ननिधिः, रत्नाकरः, सागरः (पुं.)।

रथ (पुं. तस.) सवारी गाड़ी, A chariot, a car, रथः (पुं.), स्यन्दनम्, चक्रयानम् (नपुं.)।

रथी (पुं. तस.) रथ-चालक, A driver of the chariot, रथी-थिन् (पुं.), सारथिः (पुं.)।

रथ्या (स्त्री. तस.) सड़क, मार्ग, A road, a path, रथ्या (स्त्री.)।

रद (पुं. तस.) दाँत, A tooth, रदः, दन्तः (पुं.)।

रदच्छद (पुं. तस.) होंठ, ओष्ठ, A lip, रदच्छदः, ओष्ठः (पुं.)।

रदन (पुं. तस.) दे. 'रद' — रदनः (पुं.)।

रद्द (वि. अर.) व्यर्थ, निकम्मा, Useless, rejected, व्यर्थ, अनुपयोगी-गिन्, मोघ (वि.)।

रद्दा (पुं. देशी) ईंटों की एक पंक्ति, A pile of bricks constructing a wall, इष्टकापंक्तिः (स्त्री.)।

रद्दी (स्त्री. अर.) व्यर्थ का वस्तु-समूह, अनुपयोगी वस्तुएँ, The heap of useless things, अनुपयोगिवस्तुचयः (पुं.)।

रनवास, रनिवास (पुं. तभ.) अन्तःपुर, A harem, अन्तःपुरम् (नपुं.), शुद्धान्तः, अवरोधः (पुं.)।

रपट (स्त्री. इं.) रिपोर्ट, प्रतिवेदन, Report, प्रतिवेदनम् (नपुं.)।

रपट (स्त्री. देशी) फिसलन, Slipperiness, स्खलनम्, चिक्कणत्वम् (नपुं.)।

रपटना (अकर्म. देशी) फिसलना, To slip, प्र+स्खल् (भ्वा. पर.) — प्रस्खलति।

रफूचक्कर होना (अकर्म. देशी) झट से भाग जाना, To run away at once, प्र+नश् (दिवा. पर.) — प्रणश्यति, प्रधावति।

रफ्ता-रफ्ता (अ. फा.) क्रमशः, धीरे-धीरे, Step by step, slowly, क्रमशः, शनैः शनैः (अ.)।

रब (पुं. अर.) परमात्मा, ईश्वर, God, परमेश्वरः (पुं.), परमात्मा-मन् (पुं.)।

रबड़, रबर (पुं. इं.) घिसने वाला, मिटाने वाला, A rubber, घर्षकः, मर्दकः (पुं.)।

रबड़ी (स्त्री. देशी) दूध को काढ़ कर बनाई गई एक मिठाई, A sweet prepared by continuous boiling of milk, दुग्ध-पिण्डिका (स्त्री.)।

रबी फसल (स्त्री. अर.) वसन्त में तैयार होने वाली फसल, The crop which is ready in Spring season, वासन्तिकं शस्यम् (नपुं.)।

रब्ब (पुं. अर.) दे. 'रब'।

रमजान (पुं. अर.) दिनभर उपवास रखने का वह महीना जिसमें मुसलमान केवल रात में ही खाते है और दिन में उपवास रखते है, The month when Mohammadans remain on fast during the day time, यवनोपवास-समाप्तिमासः (पुं.)।

रमण (पुं. तस.) आनन्द, विहार, Enjoyment, रमणम् (नपुं.)।

रमणी (स्त्री. तस.) सुन्दर स्त्री, A beautiful woman, रमणी, सुन्दरी (स्त्री.)।

रमणीक, रमणीय (वि. तस.) सुन्दर, प्रिय, आकर्षक, Beautiful, lovely, attractive, सुन्दर, प्रिय, आकर्षक (वि.)।

रमना (अकर्म. तभ.) आनन्दमय होना, रम जाना, To enjoy, to be attached, रम् (भ्वा. आ.) — रमते।

रमा (स्त्री. तस.) लक्ष्मी, The goddess Laxmi, रमा (स्त्री.)।

रमाकांत-कान्त (पुं. तस.) लक्ष्मीपति, विष्णु, An epithet of Lord Vishnu, रमाकान्तः (पुं.)।

रमैया (पुं. तभ.) सर्वत्र रमने वाला परमेश्वर, Omnipresent God, सर्वव्यापकः परमेश्वरः (पुं.)।

रम्य (वि. तस.) दे. 'रमणीय'।

रय (पुं. तस.) वेग, तेजी, Swiftness, velocity, रयः, वेगः (पुं.), तीव्रता (स्त्री.)।

रय्यत (स्त्री. अर.) प्रजा, जनता, The public, the subject of a king, प्रजा, जनता (स्त्री.)।

रलना (अकर्म. देशी) मिल जाना, To be mixed up, to be united together, सम्+मिल (तुदा. पर.) — सम्मिलति, मिश्रीभवति।

रलाना (सकर्म. देशी) मिलाना, To mix up, to unite, मेलय् (प्रे.), मेलयति, मिश्रीकरोति, एकीकरोति।

रव (पुं. तस.) आवाज, ध्वनि, Sound, noise, रवः, ध्वनिः (पुं.)।

रवा (पुं. तभ.) बहुत छोटा कण, A small particle, लवः, अंशः, कणः, लेशः (पुं.)।

रवानगी (स्त्री. फा.) प्रस्थान, चल पड़ना, A departure, प्रस्थानम्, प्रयाणम् (नपुं.)।

रवाना होना (अकर्म. फा.) चल पड़ना, To depart, प्र+स्था (भ्वा. पर.) — प्रतिष्ठति, प्रयाति।

रवि (पुं. तस.) सूर्य, The sun, रविः, सूर्यः, भास्करः, भानुः (पुं.)।

रवितनय (पुं. तस.) यमराज, The God of death, रवितनयः, रविसुतः, यमराजः (पुं.)।

रवितनया (स्त्री. तस.) यमुना, The river Yamuna, रवितनया, रविसुता, यमुना (स्त्री.)।

रविवार (पुं. तस.) ऐतवार, Sunday, रविवारः, आदित्यवारः, रविवासरः (पुं.)।

रश्क (पुं. फा.) ईर्ष्या, डाह, Jealousy, ईर्ष्या (स्त्री.), मात्सर्यम् (नपुं.)।

रश्मि (स्त्री. तस.) किरण, A ray, रश्मिः, किरणः, मरीचिः, अंशुः (पुं.)।

रस (पुं. तस.) आनन्द, सार, द्रव, धातु की भस्म, पारा, काव्य के रस, Interest, substance, liquid, ash of a metal, mercury, pleasure taken from a poetry and literature, रसः (पुं.)।

रसकपूर (पुं. तभ.) पारे का एक उपजात, A produce of mercury, रसकर्पूरम् (नपुं.), कर्पूररसः (पुं.)।

रसगुल्ला (पुं. तभ.) पनीर से बनी एक मिठाई, A sweetmeat prepared of cheese, रसगोलः (पुं.)।

रसज्ञ (पुं. तस.) स्वाद या काव्य के मर्म को जानने वाला, The person who knows the taste or the interest of literature or a poetic book, रसज्ञः (पुं.)।

रसद (स्त्री. फा.) अन्न-सामग्री, Uncooked food, अन्नसामग्री, खाद्यसामग्री (स्त्री.)।

रसना (स्त्री. तस.) जीभ, A tongue, रसना (स्त्री.)।

रसनेन्द्रिय (स्त्री. तस.) दे. 'रसना' — रसनेन्द्रियम् (नपुं.)।

रसभरी (स्त्री. तस.) एक रसपूर्ण फल, Raspberry, रसभरी (स्त्री.)।

रसम (स्त्री. अर.) रिवाज, प्रथा, Custom, rite, practice, प्रथा, परिपाटी, रीतिः (स्त्री.)।

रसराज (पुं. तस.) पारा, Mercury, रसराजः पारदः (पुं.)।

रसरी (स्त्री. देशी) रस्सी, रज्जु, A cord, a string, रज्जुः (स्त्री.)।

रसा (स्त्री. तस.) पृथ्वी, धरती, The earth, रसा, भूमिः, पृथिवी, पृथ्वी (स्त्री.)।

रसातल (पुं. तस.) पाताललोक, नीचे का लोक, Lower world, रसातलम् (नपुं.)।

रसायन (पुं. तस.) शरीर को स्वस्थ रखकर चिरायु बनाने वाली दवाई, वस्तुओं को परिवर्तित करने वाला रसशास्त्र, The medicine which keeps the body healthy and long-living, chemistry, रसायनम्, रसायनशास्त्रम् (नपुं.)।

रसाल (पुं. तस.) आम का पेड़, Mango tree, रसालः, आम्रः (पुं.)।

रसिक (पुं. तस.) रस लेने वाला, सहृदय व्यक्ति, One who takes interest, a man of taste, रसिकः, सहृदयः (पुं.)।

रसिकता (स्त्री. तस.) गुणग्राहकता, रस की अनुभूति, Feeling of taste, appreciation, रसिकता (स्त्री.)।

रसीद (स्त्री. फा.) प्राप्तिपत्र, प्राप्ति, Receipt, प्राप्तिपत्रम् (नपुं.), प्राप्तिः (स्त्री.)।

रसीला (वि. तभ.) रस से पूर्ण, रसमय, आनन्दमय, Interesting, juicy, tasteful, रसमय (वि.)।

रसूल (पुं. अर.) देवदूत, ईश्वर का दूत, A messenger of God, देवदूतः (पुं.)।

रसोइया (पुं. तभ.) पाचक, सूद, A cook, पाचकः, सूदः (पुं.)।

रसोई (स्त्री. तभ.) रसवती, पाकशाला, A kitchen, रसवती, पाकशाला (स्त्री.)।

रसौत (स्त्री. तभ.) एक पौधे के रस से बनी औषध, रसोद्भूत, An extract of the root of a medicinal plant, रसोद्भूतम्, रसाञ्जनम् (नपुं.)।

रसौली (स्त्री. तभ.) शरीर में गाँठ पड़ने का रोग, A disease of glands, ग्रन्थिरोगः।

रस्म (स्त्री. अर.) दे. 'रसम'।

रस्सा (पुं. देशी) मोटी रस्सी, A rope, स्थूलरज्जुः (स्त्री.)।

रस्सी (स्त्री. देशी) रस्सी, A thin rope, a string, रज्जुः (स्त्री.)।

रहट (पुं. तभ.) कुएँ से पानी निकालने का एक साधन, अरघट्ट, A water-wheel, अरघट्टः (पुं.)।

रहजन (पुं. देशी.) डाकू, राहलुटेरा, A robber, a highway man, यातुधानः, दस्युः (पुं.)।

रहजनी (स्त्री. देशी.) डाका, लूटपाट, Plundering, robbery, दस्युता (स्त्री.), लुण्ठनम् (नपुं.)।

रहन-सहन (पुं. अनु.) रहने आदि का ढंग, The manner of living and eating etc., आचार-व्यवहारौ (पुं. द्वि.)।

रहना (अकर्म. देशी) निवास करना, टिकना, To live, to stay, वस् (भ्वा. पर.) — वसति, स्था (भ्वा. पर.) — तिष्ठति।

रहम, रहमत (स्त्री. अर.) दया, कृपा, Mercy, kindness, दया, कृपा (स्त्री.), अनुग्रहः (पुं.)।

रहस्य (पुं. तस.) मन्त्र, गूढ़ बात, गुप्त बात, Secret, रहस्यम् (नपुं.), मन्त्रः, भेदः (पुं.)।

रहित (वि. तस.) बगैर, पृथक्, Without, separate, रहित (वि.)।

रहीम (पुं. अर.) दया करने वाला, दयालु, Kind, merciful, दयालुः, कृपालुः (पुं.)।

राँगा (पुं. तभ.) राँग, Tin, रङ्गः (पुं.), रङ्गम् (नपुं.), वङ्गम् (नपुं.), त्रपुः - ष् (नपुं.)।

राँड (स्त्री. तभ.) दे. रण्डा।

राँधना (सकर्म. तभ.) पकाना, To cook, रध (दिवा.पर.) — राधय्(प्रे.)— राधयति, राध् (स्वा. पर.)— राध्नोति।

राइ (पुं. तभ.) दे. 'राजा'।

राई (स्त्री. तभ.) राजी, लाल सरसों, Red mustard, राजी (स्त्री.), रक्तसर्षपः (पुं.)।

राउ (पुं. तभ.) देखिए 'राजा'।

राउर (वि. देशी) आपका, Yours, भवदीय (वि.)।

राका (स्त्री. तस.) पूर्णिमा की रात, Full–moon night, राका, पूर्णिमा (स्त्री.)।

राकेश (पुं. तस.) चाँद, चन्द्रमा, The moon, राकेशः, चन्द्रः (पुं.)।

राक्षस (पुं. तस.) दूसरों को नष्ट करने वाला व्यक्ति, यातुधान, A demon, राक्षसः, यातुधानः (पुं.)।

राक्षसी (स्त्री. तस.) घातक स्त्री, A female demon, राक्षसी (स्त्री.)।

राक्षसी (वि. तस.) राक्षस जैसी, राक्षसों से सम्बन्धित, Pertaining to demons, राक्षसी (वि.)।

राख (स्त्री. देशी) भस्म, जलने से शेष बचा तत्त्व, Ash, भस्म-मन् (नपुं.)।

राखा (पुं. तभ.) रक्षक, बचाने वाला, Saviour, protector, रक्षकः (पुं.)।

राखी (स्त्री. तभ.) दे. 'रक्षाबंधन'।

राग (पुं. तस.) प्रेम, रंग, गीतों का भेद, Love, attachment, colour, a kind of music, रागः (पुं.)।

राघव (पुं. तस.) रघुवंश में उत्पन्न, श्री राम का एक उपनाम, An epithet of Sh. Rāma, राघवः, रामः (पुं.)।

राज (पुं. तभ.) दे. 'राज्य'।

राज़ (पुं. फा.) रहस्य, गुप्त बात, A secret, रहस्यम् (नपुं.), मन्त्रः (पुं.)।

राजकीय (वि. तस.) राजा से सम्बन्धित, Royal, pertaining to a king, राजकीय (वि.)।

राजगीर (पुं. अर.) मकान बनाने वाला कारीगर, A mason, स्थापत्य-शिल्पी, वास्तुस्थापकः (पुं.)।

राजतरंगिणी, राजतरङ्गिणी (स्त्री. तस.) कल्हण द्वारा लिखी काश्मीर के इतिहास की पुस्तक, The history book of Kashmir written by Kalhana, राजतरङ्गिणी (स्त्री.)।

राजदंत, राजदन्त (पुं. तस.) आगे के ऊपर-नीचे वाले दो-दो दांत, Upper and lower two teeth in each jaw, राजदन्तः (पुं.)।

राजधानी (स्त्री. तस.) राज्य का मुख्य नगर, A capital, राजधानी (स्त्री.)।

राजनीति (स्त्री. तस.) शासन करने का ढंग, Politics, राजनीतिः (स्त्री.)।

राजनीतिक, राजनैतिक (वि. तस.) राजनीति से सम्बन्धित, Pertaining to politics, राजनीतिक, राजनैतिक (वि.)।

राजन्य (पुं. तस.) क्षत्रिय, योद्धा, A kshatriya, a warrior, राजन्यः (पुं.)।

राजपथ (पुं. तस.) राजमार्ग, मुख्य रास्ता, A royal road, a high way, राजपथः, राजमार्गः (पुं.)।

राजपाट (पुं. तस.) राजसिंहासन, शासनाधिकार, Throne, royal right, राजपाटः (पुं.)।

राजपुत्र (पुं. तस.) राजा का पुत्र, राजकुमार, A prince, राजपुत्रः, राजकुमारः (पुं.)।

राजपूत (पुं. तभ.) क्षत्रियों की एक उपजाति, A subcaste of kshatriyas, राजपूतः, राजपुत्रः (पुं.)।

राजयक्ष्मा (पुं. तस.) तपेदिक का रोग, Tuberculosis, राजयक्ष्मा-मन् (पुं.), क्षयरोगः (पुं.)।

राजराजेश्वर (पुं. तस.) सम्राट्, An emperor, राजराजेश्वरः, सम्राट्-ज् (पुं.)।

राजर्षि (पुं. तस.) क्षत्रिय ऋषि, A sage who belongs to kshatriya caste, राजर्षिः (पुं.)।

राजविप्लव (पुं. तस.) राज्य में उथल-पुथल, Anarchy, revolt, राजविप्लवः, राजविद्रोहः (पुं.)।

राजस, राजसिक (वि. तस.) रजोगुण से सम्बन्धित, Pertaining to Rajoguna, राजस, राजसिक (वि.)।

राजसूय (पुं. तस.) अपनी मुख्यता बताने के लिए राजा द्वारा किया गया यज्ञ, A sacrifice performed to show supremacy of the king, राजसूयः (पुं.)।

राजस्थान (पुं. तस.) भारत के पश्चिम में स्थित एक राज्य, A state situated in the west of India, राजस्थानराज्यम् (नपुं.)।

राजस्व (पुं. तस.) राज्य का धन, राजकर, A royal tax or duty, राज्यकरः (पुं.)।

राजहंस (पुं. तस.) उत्तम जाति का हंस, A male swan, a gander, राजहंसः (पुं.)।

राजा (पुं. तस.) नृप, नृपति, भूभृत्, A king, राजा-जन्, नृपः, नृपतिः, नरेशः (पुं.)।

राजाधिराज (पुं. तस.) दे. 'राजराजेश्वर'।

राजि (स्त्री. तस.) श्रेणी, पंक्ति, लेखा, A line, a row, a range, राजिः (स्त्री.)।

राजिका (स्त्री. तस.) दे. 'राजि', लाल सरसों, राई, Red mustard, राजिः, राजिका (स्त्री.)।

राजी (स्त्री. तभ.) दे. 'राजि' और 'राजिका'।

राजी (वि. अर.) सन्तुष्ट, प्रसन्न, सहमत, Satisfied, pleased, agreed, सन्तुष्ट, प्रसन्न, सहमत (वि.)।

राजीव (पुं. तस.) नीलकमल, पद्म, सरोज, Blue lotus, lotus, राजीवम् (नपुं.)।

राज्ञी (स्त्री. तस.) रानी, A queen, राज्ञी (स्त्री.)।

राज्य (पुं. तस.) हकूमत, शासन, Kingdom, rule, राज्यम् (नपुं.)।

रात (स्त्री. तभ.) रात्रि, रजनी, निशा, A night, रात्रिः, रजनी, निशा, यामा (स्त्री.)।

राता (वि. तभ.) दे. 'रक्त' (वि.)।

रात्रि (स्त्री. तस.) दे. 'रात'।

राधना (सकर्म. तभ.) पकाना, तैयार करना, To cook, राध् (स्वा. पर.) — राध्नोति, पचति।

राधा, राधिका (स्त्री. तस.) कर्ण को पालने वाली माता का नाम, श्री कृष्ण की सखी-रूप में चित्रित एक नारी A foster mother of Karna, a lady-friend of Lord Krishna mentioned, राधा-राधिका।

रानी (स्त्री. तभ.) दे. 'राज्ञी'।

राब (स्त्री. देशी) आधा पका गन्ने का रस, Mollasses, treacle, फाणितम् (नपुं.), अर्द्धावर्तितेक्षुरसः (पुं.)।

राबड़ी (स्त्री. देशी) दे. 'रबड़ी'।

राम (पुं. तस.) रामचन्द्र, परशुराम, बलराम, योगी जिसमें रमण करते है वह परमात्मा, लोग जिसमें रमण करते है वह रात का अंधेरा, तीन को बताने वाली संख्या, Ramachandra, Parashuram, Balram, God, darkness, a symbol of three, रामः (पुं.), त्रित्व-बोधक संख्या (स्त्री.)।

रामचन्द्र (पुं. तस.) दशरथ पुत्र श्रीराम, Rama the son of Dasharatha, रामचन्द्रः (पुं.)।

रामदूत (पुं. तस.) हनुमान् का उपनाम, An epithet of Hanumān, रामदूतः, हनुमान्-मत् (पुं.)।

रामनवमी (स्त्री. तस.) चैत्रमास की शुक्ल पक्ष की नौंवी तिथि, जब श्रीराम ने जन्म लिया था, The ninth day of moonlit fortnight of the month of Chaitra when Rama was born, रामनवमी (स्त्री.)।

रामराज्य (पुं. तस.) एक आदर्श राज्य, जिस में सभी धार्मिक और सुखी थे, An ideal kingdom when everyone was dutiful and happy, रामराज्यम्, आदर्श-राज्यम्।

रामलीला (स्त्री. तस.) राम के कार्यों के प्रदर्शन के लिए तैयार किया गया रूपक, A dramatic composition to show Ram's ideal works, रामलीला (स्त्री.)।

रामबाण (पुं. तस.) अचूक औषध या कार्य, Very effective medicine or successful planning of a work, रामबाणः (पुं.)।

रामसेतु (पुं. तस.) रामेश्वर के पास चट्टानों का ढेर जो राम के पुल की याद दिलाता है, The multitude of rocks in the sea near Rameshwaram, रामसेतुः (पुं.)।

रामा (स्त्री. तस.) रमणी, सुन्दर स्त्री, A beautiful lady, रामा, रमणी (स्त्री.)।

रामानन्द (पुं. तस.) विशिष्टाद्वैत के प्रचारक एक संत, A saint who propagated विशिष्टाद्वैत sect, रामानन्दः (पुं.)।

रामानुज (पुं. तस.) विशिष्टाद्वैत सम्प्रदाय के संस्थापक, The founder of विशिष्टाद्वैत sect. रामानुजः (पुं.)।

रामायण (पुं. तस.) राम के जीवन की कहानी वाल्मीकि द्वारा लिखित, The life story of Rama written by the sage Valmiki, रामायणम् (नपुं.)।

रामायणी (वि. तस.) रामायण से सम्बन्धित, Pertaining to Ramayna, रामायणी (वि.)।

रामेश्वरम् (पुं. तस.) एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थान, A famous pilgrimage, रामेश्वरम् (नपुं.)।

राय (स्त्री. फा.) सम्मति, सलाह, Advice, opinion, सम्मतिः (स्त्री.), परामर्शः (पुं.)।

राय (पुं. तभ.) दे. 'राजा'।

रायता (पुं. देशी) दही में सब्जी आदि डाल कर बनाया गया व्यंजन, A dish prepared with curd adding vegetables etc, दाधेयम्, दाधिकम् (नपुं.)।

रार (स्त्री. देशी) झगड़ा, कलह, A quarrel, a dispute, कलहः (पुं.), युद्धम् (नपुं.)।

राल (स्त्री. देशी) शालवृक्ष का निर्यास, Resin, शालवृक्षनिर्यासः (पुं.)।

राव (पुं. तभ.) दे. 'राजा'।

रावण (पुं. तस.) दशकन्धर, लंकेश, The king of Lanka, रावणः, दशकन्धरः, लङ्केशः (पुं.)।

रावरा (वि. देशी) आपका, भवदीय, Yours, भवदीय (वि.)।

रावल (पुं. देशी) क्षत्रियों की एक पदवी, राजा, A title of some Rajputs, रावलः (पुं.)।

राशिः (स्त्री. तस.) ढेर, समूह, A multitude, a heap, राशिः (पुं.)।

राष्ट्र (पुं. तस.) देश, विशाल राज्य, A nation, राष्ट्रम् (नपुं.)।

राष्ट्रपति (पुं. तस.) सारे राष्ट्र का मुखिया, President of the nation, राष्ट्रपतिः (पुं.)।

राष्ट्रीय (वि. तभ.) राष्ट्र से सम्बन्धित, National, राष्ट्रिय (वि.)।

रास (स्त्री. तस.) सरस नृत्य आदि जो कृष्ण और गोपियों द्वारा किया गया था और उसकी नकल, An interesting dance performed by Krishna and cow–herds, रासः (पुं.)।

रासक (पुं. तस.) एक प्रकार का रूपक, A kind of dramatic composition, रासकम्।

रासभ (पुं. तस.) गधा, A donkey, रासभः, गर्दभः (पुं.)।

रासलीला (स्त्री. तस.) दे. 'रास' उसका प्रदर्शन, Performance of Rāsa, रासलीला (स्त्री.)।

रासायनिक (वि. तस.) रसायन से सम्बन्धित, Chemical, रासायनिक (वि.)।

रासो (पुं. देशी) वे काव्य जिन में राजाओं की बहादुरी बताई जाती थी, जैसे पृथ्वीराजरासो, Those poetic compositions in which the works of bravery were explained as Pṛthvīrāja Rāso, रासोकाव्यम् (नपुं.)।

रास्ता (पुं. फा.) मार्ग, राह, Way, path, मार्गः, पन्थाः (पुं.)।

रास्ती (स्त्री. फा.) सचाई, Truth, सत्यम् (नपुं.)।

राह (स्त्री. फा.) रास्ता, मार्ग, Way, path, मार्गः, पन्थाः (पुं.)।

राहत (स्त्री. अर.) सुविधा, आराम, Convenience, help, सुविधा, सहायता (स्त्री.)।

राही (पुं. फा.) मुसाफिर, यात्री, A traveller, a passenger, पथिकः, पान्थः, यात्री (पुं.)।

राहु (पुं. तस.) चाँद को ग्रसने वाली छाया या राक्षस, The shadow or the demon which covers the moon, राहुः, विधुन्तुदः (पुं.)।

राहुल (पुं. तस.) सिद्धार्थ और यशोधरा के पुत्र का नाम, The name of Sidhartha's and Yashodhara's son, राहुलः (पुं.)।

रिंगना (अकर्म. तभ.) घिसटकर चलना, To crawl, रिगि (भ्वा. पर.) — रिङ्गति।

रिक्त (वि. तस.) खाली, Empty, vacant, रिक्त (वि.)।

रिझाना (सकर्म. तभ.) प्रसन्न करना, To please, प्रसादय् (प्रे.) — प्रसादयति, रञ्जयति।

रिझाव (पुं. तभ.) प्रसन्न करने का भाव, Pleasing, प्रसादनम् (नपुं.), रञ्जनम् (नपुं)।

रिद्धि (स्त्री. तभ.) दे. 'ऋद्धि'।

रिपु (पुं. तस.) शत्रु, वैरी, अरि, An enemy, रिपुः, शत्रुः, अरिः, वैरी-रिन् (पुं.)।

रिमझिम (स्त्री. अनु.) धीमी-धीमी वर्षा, Drizzling, मन्दवृष्टिः (स्त्री.)।

रियासत (स्त्री. अर.) राज्य, A state, राज्यम् (नपुं.)।

रिवाज (पुं. अर.) प्रथा, रीति, परम्परा, Custom, system, प्रथा, रीतिः (स्त्री.)।

रिश्ता (पुं. फा.) सम्बन्ध, Relation, सम्बन्धः (पुं.)।

रिश्तेदार (पुं. फा.) सम्बन्धी, Relative, सम्बन्धी-धिन् (पुं.)।

रिश्वत (स्त्री. अर.) घूस, Bribe, उत्कोचः (पुं.)।

रिस (पुं. तभ.) गुस्सा, रोष, Anger, रोषः, कोपः, क्रोधः।

रिसना (सकर्म. तभ.) धीरे-धीरे निकलना, To leak slowly, स्यन्द् (भ्वा. आ.)—स्यन्दते।

रिसाला (पुं. अर.) पत्रिका, A magazine, पत्रिका (स्त्री.)।

रिसाला (पुं. फा.) घुड़सवार सेना, तुरगवल, A troop of horses, तुरगबलम् (नपुं.)।

रिसिआना (अकर्म. तभ.) नाराज होना, रूठना, To be angry, रुष् (दिवा.पर) — रुष्यति, रिष् (दिवा. पर.)—रिष्यति।

रिहा (वि. फा.) स्वतन्त्र, मुक्त, Free, स्वतन्त्र, मुक्त (वि.)।

रिहाई (स्त्री. फा.) स्वतन्त्रता, मुक्ति, छूट, Freedom, स्वतन्त्रता, मुक्तिः (स्त्री.)।

री (अ. देशी) अरी, अये, O, अरी, अये (सम्बोधनवाची अ.)।

रीछ (पुं. तभ.) भालू, A bear, ऋक्षः, भल्लूकः(पुं.)।

रीझ (स्त्री. तभ.) सन्तोष, प्रसन्नता, Satisfaction, pleasure, प्रसन्नता (स्त्री.) सन्तोषः (पुं.), रञ्जनम् (नपुं.)।

रीझना (अकर्म. तभ.) सन्तुष्ट होना, प्रसन्न होना, To be satisfied, to be happy, सम्+तुष् (दिवा. पर.)— सन्तुष्यति, रज्यते (कर्मवा.), प्र+सीद् (भ्वा.पर.)—प्रसीदति।

रीठा (पुं. तभ.) एक पेड़ जिसके फल से कपड़े धोये जाते हैं, Soapnut and its tree, रिष्टः, अरिष्टः, फेनफलः (पुं.)।

रीढ़ (स्त्री.) पीठ की हड्डी, Back bone, पृष्ठास्थिवंशः (पुं.) पृष्ठास्थि (नपुं.)।

रीत (स्त्री. तभ.) दे. 'रीति'।

रीता (वि. तभ.) दे. 'रिक्त'।

रीति (स्त्री. तस.) ढंग, रिवाज, Manner, custom, उपायः, विधिः (पुं.) प्रथा (स्त्री.)।

रुंड, रुण्ड (पुं. तस.) वृक्ष का शाखा-रहित तना, धड़, The branchless trunk of a tree, रुण्डः, कबन्धः, स्थाणुः (पुं.)।

रुंधना (अकर्म. तभ.) रुक जाना, To be obstructed, रुध् (रुधा. उ.) — रुध्यते (कर्मवा.)।

रुकना (अकर्म. तभ.) ठहरना, To stop, to stay, रुध् (रुधा.) — रुध्यते (कर्मवा.), अवरुध्यते।

रुकवाना (प्रे. तभ.) ठहरवाना, To cause to stop, रोधय् (प्रे.) — रोधयति, अवरोधयति।

रुकावट (स्त्री. तभ.) विघ्न, अवरोध, Hindrance, obstacle, अवरोधः (पुं.)।

रुक्का (पुं. अर.) लिखित दस्ती चिट्ठी, Written manual paper, हस्तप्रेषितपत्रम् (नपुं.)।

रुक्ख (पुं. तभ.) दे. 'वृक्ष'।

रुक्म (पुं. तस.) रुक्मिणी के भाई का नाम, The name of Rukmini's brother, रुक्म-मन्, रुक्मा (पुं.)।

रुक्मिणी (स्त्री. तस.) श्रीकृष्ण की पत्नी का नाम, The name of Lord Krishna's wife, रुक्मिणी (स्त्री.)।

रुक्मी (पुं. तस.) दे. 'रुक्म'।

रुख (पुं. तभ.) दे. 'वृक्ष'।

रुख (पुं. फा.) दिशा, मनःस्थिति, Towards, mood, प्रति (अ.), दिशा (स्त्री.), मनःस्थितिः (स्त्री.)।

रुखसत (स्त्री. अर.) छुट्टी, Leisure from work, अवकाशः (पुं.)।

रुखाई (स्त्री. तभ.) रूखापन, शुष्कता, स्नेहहीनता, Draught, want of love, शुष्कता, नीरसता (स्त्री.) स्नेहाभावः (पुं.)।

रुग्ण (वि. तस.) बीमार, Diseased, patient, रुग्ण (वि.)।

रुचना (सकर्म. तभ.) अच्छा लगना, To be liked, रुच् (भ्वा. आ.) — रोचते।

रुचि (स्त्री. तस.) चाव, Interest, रुचिः (स्त्री.)।

रुचिकर, रुचिर (वि. तस.) प्रिय, सुन्दर, रुचिकर, Lovely, beautiful, interesting, रुचिकर, रुचिर (वि.)।

रुचिराई (स्त्री. तभ.) दे. 'रुचि'।

रुज (स्त्री. तस.) रोग, बीमारी, A disease, रुज् (रुक्, रुजौ, रुजः) (स्त्री.)।

रुझान (पुं. देशी) ध्यान, रुचि, Inclination, attention, प्रवृत्तिः, रुचिः (स्त्री.)।

रुत (पुं. तस.) ध्वनि, आवाज, Sound, रुतम् (नपुं.), रवः (पुं.), ध्वनिः (पुं.)।
(स्त्री. तभ.) दे. 'ऋतु'।

रुतबा (पुं. अर.) पदवी, Position, पदम् (नपुं.)।

रुदन (पुं. तस.) रोना, Weeping, रुदनम् (नपुं.)।

रुद्ध (वि. तस.) रुका हुआ, Stopped, रुद्ध (वि.)।

रुद्र (पुं. तस.) शिवजी, God Shiva, रुद्रः (पुं.)।

रुद्राक्ष (पुं. तस.) तृणमेरु नाम का वृक्ष और उसके फल, जो माला में पिरोए जाते हैं, The seeds of a tree which are used in rosaries, रुद्राक्षः (वृक्ष), रुद्राक्षम् (फल)।

रुधिर (पुं. तस.) खून, रक्त, Blood, रक्तम्, रुधिरम् (नपुं.)।

रुनझुन (स्त्री. अनु.) रुनझुन की आवाज़, Tinkling, क्वणनम् (नपुं.)।

रुपया (पुं. तभ.) सौ पैसों का सिक्का, धन, A rupee, wealth, रूप्यकम्, धनम् (नपुं.)।

रुपहला (वि. तभ.) सुन्दर रूप वाला, Beautiful, सुरूप, सुन्दर (वि.)।

रुलना (अकर्म. तभ.) बिखरना, बुरा हाल होना, To be scattered, to be in bad condition, लुठ् (भ्वा. पर.) लोठते।

रुलाई (स्त्री. तभ.) रोना, Weeping, रोदनम्, क्रन्दनम् (नपुं.)।

रुलाना (सकर्म. तभ.) रोने को प्रवृत्त करना, To cause to weep, रुद् (अदा.) — रोदय् (प्रे.) — रोदयति।

रुष्ट (वि. तस.) नाराज़, Annoyed, displeased, रुष्ट, अप्रसन्न (वि.)।

रुष्टता (स्त्री. तस.) नाराज़गी, Displeasure, annoyance, रुष्टता, अप्रसन्नता (स्त्री.)।

रुस्तम (पुं. फा.) फारस का सुप्रसिद्ध पहलवान, The famous wrestler of Persia, रुस्तमः (पुं.)।

रू (पुं. फा.) मुख, वदन, Mouth, face, मुखम्, वदनम्, वक्त्रम् (नपुं.)।

रूई (स्त्री. देशी) बिना बीज वाली कपास, Cotton, बीजरहित-कर्पासः-सी-सम् (त्रिलिंग)।

रूक्ष (वि. तस.) रूखा, शुष्क, नीरस, Dry, disinteresting, रूक्ष, शुष्क, नीरस (वि.)।

रूख (पुं. तभ.) वृक्ष, पेड़, A tree, वृक्षः, पादपः, तरुः, द्रुमः (पुं.)।

रूखा (वि. तभ.) दे. 'रूक्ष'

रूखापन (स्त्री. तभ.) सूखापन, शुष्कता, नीरसता, Drought, disinterest, dryness, शुष्कता, नीरसता (स्त्री.)।

रूठ, रूठन (स्त्री. तभ.) दे. 'रुष्टता'।

रूठना (अकर्म. तभ.) नाराज़ होना, To be annoyed, रुष् (दिवा. पर.) — रुष्यति।

रूढ़ (वि. तस.) चढ़ा हुआ, प्रसिद्ध, Climbed, famous, reknown, रूढ, प्रसिद्ध (वि.)।

रूढ़ि (स्त्री. तस.) चढ़ाई, उन्नति, प्रसिद्धि, Height, progress, fame, रूढिः, उन्नतिः प्रसिद्धिः (स्त्री.), आरोहणम् (नपुं.)।

रूप (पुं. तस.) आकृति, शक्ल, Shape, formation, रूपम् (नपुं.) आकृतिः (स्त्री.) आकारः (पुं.)।

रूपक (पुं. तस.) अभिनेय वस्तु, Dramatic composition, रूपकम् (नपुं.)।

रूपवंत (वि. तभ.) दे. 'रूपवान्'।

रूपवती (स्त्री. तस.) सुन्दरी, Beautiful (woman) रूपवती, सुन्दरी (वि. स्त्री.)।

रूपवान् (वि. तस.) सुन्दर, मनोहर, Beautiful, attractive, रूपवान्-वत्, मनोहर, सुन्दर (वि.)।

रूपा (स्त्री. तभ.) चाँदी, Silver, रूप्यम्, रजतम् (नपुं.)।

रूप्यक (पुं. तस.) रुपया, A rupee, रूप्यकम् (नपुं.)।

रूबरू (क्रि. वि. फा.) सामने, अभिमुख, In front of, अभिमुखम्, पुरः, पुरतः (क्रि. वि.)।

रूमाल (पुं. फा.) हाथ पोंछने का कपड़ा, Handkerchief, करप्रोञ्छनम् (नपुं.)।

रूसना (अकर्म. तभ.) दे. 'रूठना'।

रूह (पुं. अर.) आत्मा, जीव, A soul, आत्मा-मन् (पुं.)।

रेंकना (अकर्म. तभ.) गधे का शब्द करना, To bray, रेक् (भ्वा. आ.) — रेकते।

रेंगना (अकर्म. तभ.) सरक कर चलना, To crawl, रिगि (भ्वा. पर.) — रिङ्गति।

रेंट, रेंटा (पुं. देशी) नाक का मल, Mucus of the nose, नासिकामलम्, शिङ्घाणम् (नपुं.)।

रेंड (पुं. तभ.) दे. 'एरण्ड'।

रेंडी (स्त्री. तभ.) एरण्ड का फल, Castor seed, एरण्डम्, एरण्डफलम् (नपुं.)।

रे (अ. तस.) अरे, हे, O, रे (अ. सम्बोधक)।

रेखा (स्त्री. तस.) लकीर, लेखा, अवली, पङ्क्ति, Line, row, रेखा, लेखा, पङ्क्तिः, राजिः (स्त्री.)।

रेखागणित (पुं. तस.) ज्यामिति, Geometry, ज्यामितिः (स्त्री.) रेखागणितम् (नपुं.)।

रेगिस्तान (पुं. फा.) मरुभूमि, रेतीला प्रदेश, A sandy desert, मरुभूमिः (स्त्री.), मरुप्रदेशः (पुं.)।

रेचक (वि. तस.) दस्तावर, Purgative, रेचक (वि.)।

रेचन (पुं. तस.) रिक्त करना, दस्त, विरेचन, Evacuation of the bowls, रेचनम्, विरेचनम् (नपुं.)।

रेणु (स्त्री. तस.) धूलि, Dust, रेणुः (पुं.), धूली-लिः (स्त्री.)।

रेणुका (स्त्री. तस.) परशुराम की माता का नाम, The name of Parashurama's mother, रेणुका (स्त्री.)।

रेतः (पुं. तस.) वीर्य, जल, पारा, Semen, water, mercury, रेतः-स् (रेतः, रेतसी, रेतांसि-नपुं.)।

रेत (स्त्री. देशी) मरु, बालुका, सिकता, Sand, मरुः, बालुका, सिकता (स्त्री.)।

रेतना (सकर्म. देशी) घिसना, रगड़ना, To rasp, to file, घृष् (भ्वा. पर.) घर्षति, रेच् (चुरा.) — रेचयति।

रेता (स्त्री. देशी) दे. 'रेत'।

रेती (स्त्री. देशी) घिसने का साधन, A file, a rasp, घर्षकः (पुं.), रेचकः (पुं.)।

रेतीला (वि. देशी) रेत से युक्त, Sandy, मरुमय, बालुमय, सिकतिल (वि.)।

रेफ (पुं. तस.) दे. 'र'।

रेल (स्त्री. इं.) पटरी, रेलगाड़ी, Railway, train, लोहपट्टिका (स्त्री.) रेलमार्गः (पुं.) रेलगन्त्री (स्त्री.)।

रेलना (सकर्म. देशी) धकेलना, To push, प्र+गमय् (प्रे.), प्रगमयति, प्रचालयति।

रेलपेल (स्त्री. देशी) भीड़भड़क्का, Heavy crowd, जनसम्मर्दः (पुं.)।

रेवड़ (पुं. देशी) भेड़ों का समूह, A flock of goats and sheep, अजमेषसमूहः (पुं.)।

रेवड़ी (स्त्री. देशी) तिल और गुड़ या चीनी से बनी मिठाई, A sweetmeat prepared of molasses or sugar and sesamum, मिष्ट तिल-गुलिका (स्त्री.)।

रेवती (स्त्री. तस.) बलराम की पत्नी, Wife of Balarāma, रेवती (स्त्री.)।

रेवती-रमण (पुं. तस.) बलराम, Balarāma, रेवतीरमणः (पुं.)।

रेवा (स्त्री. तस.) नर्मदा नदी, Narmadā river, रेवा, नर्मदा (स्त्री.)।

रेशम (पुं. फा.) कौशेय, Silk, कौशेयम् (नपुं.)।

रेशमी (वि. फा.) रेशम से बना हुआ, Silky, कौशेयनिर्मित (वि.)।

रेशा (पुं.) तन्तु, Tissu, तन्तुः (पुं.)।

रैदास (पुं. तभ.) रविदास, मध्यकाल के एक सन्त का नाम, The name of a saint of middle age, रविदासः।

रैन, रैनि (स्त्री. तभ.) रजनी, रात, Night, रजनी, रात्रिः, निशा (स्त्री.)।

रैयत (स्त्री. अर.) प्रजा, जनता, Public, प्रजा, जनता (स्त्री.)।

रैवतक (पुं. तस.) एक पर्वत का नाम, The name of a mountain, रैवतकः (पुं.)।

रोंगटा (पुं. देशी) रोम, शरीर के बाल, Hair of body, रोमः, लोमः (पुं.)।

रोंवाँ (पुं. देशी) कोमल बाल, रोम।

रोक (स्त्री. तभ.) अवरोध, रुकावट, Hindrance, obstacle, अवरोधः, आवरकः (पुं.)।

रोकटोक (स्त्री. अनु.) बाधा, रुकावट, Hindrance, बाधा (स्त्री.), अवरोधः (पुं.)।

रोकड़ (स्त्री. देशी) मूलद्रव्य, Capital amount, मूल-द्रव्यम्, मूलधनम् (नपुं.)।

रोकना (सकर्म. तभ.) गति में बाधा डालना, To stop, अव+रुध् (रुधा.), अवरोधय् (प्रे.) — अवरोधयति।

रोग़न (पुं. फा.) तेल, चिकनाहट, रंग, Oil, grease, colour, तैलम् (नपुं.), रागः, वर्णः (पुं.)।

रोग (पुं. तस.) बीमारी, Disease, रोगः (पुं.)।

रोगी (वि. तस.) बीमार, Sick, ill, diseased, रोगी-गिन् (वि. पुं.)।

रोगिणी (वि. स्त्री. तस.) बीमार स्त्री, Sick women, रोगिणी (वि. स्त्री.)।

रोचक (वि. तस.) रुचिकर, अच्छा लगने वाला, Interesting, रोचक (वि.)।

रोचन (पुं. तस.) रुचि, Interest, रोचनम् (नपुं.), रुचिः (स्त्री.)।

रोचना (स्त्री. तस.) गाय के पित्त से तैयार होने वाली एक दवाई, A medicine prepared from the bile of cow, रोचना (स्त्री.)।

रोचि (स्त्री. तस.) प्रकाश, रोशनी, Light, रोचिस् (रोचिः, रोचिषी, रोचींषि - नपुं.)।

रोज़ (पुं. फा.) दिन, दिवस, A day, दिनम् (नपुं.), दिवसः (पुं.)।

रोज़गार (पुं. फा.) व्यवसाय, आजीविका, Occupation, employment, व्यवसायः (पुं.), आजीविका (स्त्री.)।

रोज़नामचा (पुं. फा.) डायरी, दैनन्दिनी, Diary, दैनन्दिनी (स्त्री.)।

रोज़मर्रा (अ. फा.) प्रतिदिन, Daily, प्रतिदिनम् (अ.)।

रोज़ा (पुं. फा.) उपवास, A fast, उपवासः।

रोज़ाना (अ. फा.) प्रतिदिन, Daily, प्रतिदिनम् (अ.)।

रोज़ी (स्त्री. फा.) आजीविका, वृत्ति, Livelihood, आजीविका (स्त्री.)।

रोट (पुं. तस.) बड़ी रोटी, Big bread, रोटः (पुं.)।

रोटी (स्त्री. तस.) फुलका, चपाती, Small bread, रोटी, रोटिका (स्त्री.)।

रोड़ा (पुं. तभ.) कंकड़, पत्थर का टुकड़ा, विघ्न, A pebble, a small stone, कर्कटः, पाषाणखण्डः (पुं.)।

रोदन (पुं. तस.) रोना, Weeping, रोदनम्, क्रन्दनम् (नपुं.)।

रोदसी (पुं. तस.) द्युलोक और पृथ्वीलोक, The sky and the earth, रोदसी (स्त्री.)।

रोध (पुं. तस.) रोक, रुकावट, Obstruction, रोधः, अवरोधः (पुं.), विघ्न (नपुं)।

रोना (पुं. तभ.) दे. 'रोदन'।

रोनी (वि. तभ.) रोने वाली, Pertaining to weeping, रोदन (वि.)।

रोपण (पुं. तस.) लगाना, चढ़ाना, रूप देना, To plant, to plaster, to give the shape of, रोपणम् (नपुं.), आरोपः (पुं.)।

रोपण (सकर्म. तभ.) लगाना, To plant, रोपय् (प्रे.) — रोपयति।

रोब (पुं. अर.) प्रभाव, भय, Influence, terror, प्रभावशाली-लिन्, भयकारी-रिन् (वि.)।

रोम (पुं. तस.) रोयाँ, शरीर के बाल, Hair of body, रोमन् (रोम, रोमणी, रोमाणि) (नपुं.)।

रोमकूप (पुं. तस.) रोमों के छिद्र, The pores on the skin, रोमकूपः (पुं.)।

रोमराजी (स्त्री. तस.) रोमों की कतार, A line of hair of body, रोमराजिः (स्त्री.)।

रोमहर्षण (पुं. तस.) रोम खड़े होना, रोमांचित होना, Standing of hair on end, रोमहर्षणम् (नपुं.)।

रोमाञ्च (पुं. तस.) दे., 'रोमहर्षण' — रोमाञ्चः (पुं.)।

रोमञ्चित (वि. तस.) खड़े रोमों वाला, भयभीत या हर्षित, Horripilant, रोमाञ्चित (वि.)।

रोयाँ (पुं. तभ.) दे. 'रोम'।

रोला (पुं. देशी) कोलाहल, शोर, Clamour, outcry, कोलाहलः, कलकलः (पुं.)।

रोली (स्त्री. तभ.) हल्दी से बनाया हुआ तिलक-चूर्ण, A powder of turmeric for pointing forehead, रोचनी (स्त्री.)।

रोवना (पुं. तभ.) दे. 'रोदनम्'।

रोशना (वि. फा.) प्रकाशित, Illuminated, lighted प्रकाशित, रुशित (पुं.)।

रोशनाई (स्त्री. फा.) स्याही, रंग Ink, मसी (स्त्री.)।

रोशनी (स्त्री. फा.) प्रकाश, आलोक, Light, प्रकाशः, आलोकः, रोशनः (पुं.), रोशनी (स्त्री.)।

रोष (पुं. तस.) क्रोध, नाराजगी, Rage, annoyance, रोषः, क्रोधः (पुं.)।

रोहण (पुं. तस.) चढ़ना, सवारी करना, Climbing, riding, रोहणम् (नपुं.)।

रोहना (अकर्म. तस.) उगना, बढ़ना, चढ़ना, To grow, to rise, to ride, to climb, रुह् (भ्वा. पर.), — रोहति।

रोहिणी (स्त्री. तस.) एक नक्षत्र, बलराम की जननी, A star, Balarama's mother, रोहिणी (स्त्री.)।

रोहित (वि. तस.) चढ़ा हुआ, लाल, उगा हुआ, Ridden, climbed, grown, red, रोहित (वि.)।

रोहिताश्व (पुं.) महाराजा हरिश्चन्द्र के पुत्र का नाम, The name of the son of king Harishchandra, रोहिताश्वः (पुं.)।

रौद्र (वि. तस.) भयंकर, Dreadful, भयंकर (वि.)।

रौनक (स्त्री. अर.) शोभा, कान्ति, लोगों की उपस्थिति, Beauty, lustre, appearance of people, शोभाः, क्रान्तिः, जनसमूहोपस्थितिः (स्त्री.)।

रौप्य (पुं. तस.) चाँदी, रजत, Silver, रजतम्, रौप्यम् (नपुं.)।

रौरव (पुं. तस.) एक घोर और भयंकर नरक का नाम, The name of a dreadful hell, रौरवनरकम् (नपुं.)।

ल *La*

ल (पुं. तस.) तीसरा अन्तःस्थ, The third semivowel, लः, लकारः (पुं.)।

लंक, लङ्क (वि. देशी) कमर, जाँघ, लंका, The waist, the loin, Lanka, कटिः जङ्घा, लङ्का (स्त्री.)।

लंका, लङ्का (स्त्री. तस.) रावण राक्षस की राजधानी, The capital of Rāvaṇa, लङ्का (स्त्री.)।

लंकेश, लङ्केश, लङ्केश्वर (पुं. तस.) रावण के उपनाम, Epithets of Rāvaṇa, लङ्केशः, लङ्केश्वरः (पुं.)।

लंग, लङ्ग (पुं. तस.) दे. 'लंगड़ापन'।

लंगड़, लंगड़ापन (स्त्री. तभ.) पङ्गुता, खञ्जता, Lameness, पङ्गुता, खञ्जता (स्त्री.)।

लंगड़ा (वि. तभ.) पङ्गु, खञ्ज, Lame, लङ्गः, खञ्जः (पुं. वि.), लङ्गा, पङ्गू, खञ्जा (स्त्री. वि.)।

लंगर (पुं. फा.) रसोई, भोजनशाला, भोजन, जहाज़ ठहराने का भार, A public kitchen, food, an anchor for a ship, जन-भोजनशाला (स्त्री.), भोजनम् (नपुं.), पोतस्तम्भनम् (नपुं.)।

लंगूर (पुं. तभ.) लम्बी पूँछ वाला बंदर, An ape, लाङ्गुली-लिन् (पुं.)।

लंगोट, लंगोटा (पुं. तभ.) कौपीन, लिंगावरण, Loin cloth, कौपीनम्, लिङ्गावरणम् (नपुं.)।

लंगोटी (स्त्री. तभ.) गुह्य प्रदेश को ढकने के लिए कपड़े का टुकड़ा, A piece of cloth to cover the sexual organ, कौपीनिका (स्त्री.)।

लंघन, लङ्घन (पुं. तस.) लाँघना, उपवास, Crossing, a fast, लङ्घनम् (नपुं.), उपवासः (पुं.), अतिक्रमणम् (नपुं.)।

लंठ, लण्ठ (वि. देशी) जड़, मूर्ख, धृष्ट, Dull, illiterate, impudent, जड़, मन्द, मूर्ख, धृष्ट (वि.)।

लंड (पुं. तभ.) पुरुष की मूत्रेन्द्रिय, Penis, लिङ्गम् (नपुं.), लण्डः (पुं.)।

लंडूरा (वि. देशी) पूँछकटा, Having the entire tail cut off, छिन्नपुच्छ (वि.)।

लंपट, लम्पट (वि. तस.) कामी, विषयासक्त, Sensual, lustful, लम्पट, कामुक, विषयासक्त, व्यभिचारिन् (वि.)।

लंब, लम्ब (वि. तस.) लम्बा, Long, लम्ब (पुं. तस.), लम्बक, long, perpendicular, लम्बः लम्बकः (पुं.)।

लंबा, लम्बा (वि. तभ.) दीर्घ, Long, दीर्घ, लम्ब, लम्बित (वि.)।

लंबाई, लम्बाई (स्त्री. तभ.) दीर्घता, लम्बता, Length, दीर्घता, लम्बता (स्त्री.)।

लंबित, लम्बित (वि. तभ.) लटका हुआ, Hung, लम्बित, निलम्बित (वि.)।

लंबोतरा (वि. तभ.) लम्बे कद वाला, Having long structure, लम्बकाय (वि.)।

लंबोदर, लम्बोदर (वि. तस.) लम्बे पेट वाला, गणेश का उपनाम, Pot bellied, an epithet of Gaṇeśa, लम्बोदर (वि.), लम्बोदरः गणेशः (पुं.)।

लकड़बग्घा (पुं. तभ.) एक मांसाहारी पशु, ईहा-वृकः, Hyena, ईहावृकः, लगुडव्याघ्रः (पुं.)।

लकड़फोड़वा (पुं. देशी) कठफोड़वा, एक पक्षी, Wood-pecker, काष्ठकूटः (पुं.)।

लकड़हारा (पुं. देशी) लकड़ी ढोने तथा बेचने वाला, A woodcutter, काष्ठहारकः (पुं.)।

लकड़ी (स्त्री. देशी) काठ, ईंधन, Wood, काष्ठम्, इन्धनम्, दारु (नपुं.)।

लकवा (पुं. अर.) अधरंग, Palsy, paralysis, अङ्गघातः, पक्षाघातः, संस्तम्भः (पुं.)।

लकीर (स्त्री. तभ.) लेखा, रेखा, पंक्ति, श्रेणी, Line, streak, लेखा, रेखा, पङ्क्तिः, श्रेणी (स्त्री.)।

लकुच (पुं. तस.) कटहल, पनस, A kind of bread fruit, a kind of jackfruit, लकुचः, पनसः (वृक्षः), लकुचम्, पनसम् (फलम्)।

लकुटी (स्त्री. तभ.) सोटी, A stick, लगुडिका, यष्टिः (स्त्री.)।

लक्कड़ (पुं. तभ.) बड़ी लकड़ी, A log of wood, a beam, बृहत्काष्ठम्, बृहद्दारु (नपुं.)।

लक्ष (वि. तस.) लाख, Hundred thousands, a lac, लक्ष (वि.)।

लक्षण (पुं. तस.) चिह्न, निशान, परिभाषा, A symbol, a mark, a definition, लक्षणम्, चिह्नम् (नपुं.), अङ्कः (पुं.), परिभाषा (स्त्री.)।

लक्षणा (स्त्री. तस.) शब्द की वह शक्ति जो मुख्य अर्थ के न घटने पर उसका भावार्थ बताये, The power of the word which shows its real sense, लक्षणा (स्त्री.)।

लक्षित (वि. तस.) चिह्नित, जिसका लक्षण बताया गया है, Marked, defined, लक्षित (वि.)।

लक्ष्मण (पुं. तस.) राम के भाई तथा सुमित्रा के पुत्र का नाम, एक विशेष प्रकार का हंस, Rama's brother and Sumitra's son, a kind of swan, लक्ष्मणः (पुं.)।

लक्ष्मी (स्त्री. तस.) धनदौलत, धन की देवी, Wealth, the goddess of prosperity and wealth, लक्ष्मीः (स्त्री.)।

लक्ष्मीपति (पुं. तस.) विष्णु, श्रीपति, God Vishnu, लक्ष्मीपतिः, श्रीपतिः, विष्णुः (पुं.)।

लक्ष्य (पुं. तस.) उद्देश्य, निशाना लगाने का स्थान, Aim, the point of shooting, लक्ष्यम् (नपुं.)।

लक्ष्यार्थ (पुं. तस.) मुख्य अर्थ से शब्द का भिन्न अर्थ, The separate meaning of a word other than main one, लक्ष्यार्थः (पुं.)।

लखन (पुं. तभ.) दे. 'लक्ष्मण'।

लखना (सकर्म. तभ.) देखना, To see, लक्ष् (चुरा. पर.) लक्षयति, पश्यति, अवलोकयति।

लखपति (पुं. तस.) लक्षपति, लाखों का स्वामी, Very richman, लक्षपतिः, धनाढ्यः (पुं.)।

लखाना (सकर्म. तभ.) दिखाना, To cause to see, लक्षय्-लक्षयति, दर्शय्-दर्शयति, अवलोकय्-अवलोकयति।

लग (अ. तभ.) तक, पर्यन्त, Till, पर्यन्तम् (अ.)।

लगन (पुं. तस.) चाव, मुहूर्त, Interest, due time, लगनम् (नपुं.), रुचिः (स्त्री.), मुहूर्तम् (नपुं.)।

लगना (अकर्म. तभ.) साथ होना, सम्बन्ध जोड़ना, To be attached, to be joined, लग् (भ्वा. पर.) लगति, युनक्ति, युङ्क्ते।

लगभग (अ. देशी) प्रायः, often, about, प्रायः, प्रायशः, प्रायेण (अ.)।

लगातार (अ. देशी) निरन्तर, सतत, Continuously, निरन्तरम्, सततम् (अ.)।

लगान (पुं. तभ.) टैक्स, कर, सम्बन्ध, Tax, joining, करः (पुं.), राजस्वम् (नपुं.), सम्बन्धः (पुं.)।

लगाना (सकर्म. तभ.) जोड़ना, संयुक्त करना, To join, to attach, लागय् (प्रे.) — लागयति, योजयते।

लगाम (स्त्री. फा.) घोड़े के मुँह की रज्जु, रश्मि, कविका, A bridle, a rein, रश्मिः (पुं.) कविका, वल्गा (स्त्री.)।

लगाव (पुं. तभ.) सम्बन्ध, मोह, Attachment, relation, सम्बन्धः, मोहः (पुं.)।

लगि (अ. तभ.) दे. 'लग'।

लगुड़ (पुं. तस.) डण्डा, सोटा, A club, a big stick, लगुडः, दण्डः (पुं.)।

लग्गा, लग्घा (पुं. तभ.) लम्बा बाँस का डण्डा, नौका का लम्बा डण्डा, A long bamboo, a long pole used in a boat, लम्बवेणु-वंशः, नौदण्डः (पुं.)।

लग्न (वि. तस.) लगा हुआ, जुड़ा हुआ, सम्बद्ध, Joined, attached, लग्न (वि.)।

लघिमा (स्त्री. तस.) छुटपन, लघुता, Smallness, लघिमा-मन् (पुं.), लघुता (स्त्री.)।

लघु (वि. तस.) छोटा, Small, लघु (वि.)।

लघुता (स्त्री. तस.) दे. 'लघिमा' — लघुता (स्त्री.)।

लघुशंका (स्त्री.) पेशाब, Urine, मूत्रम्, मूत्रणम् (नपुं.)।

लचक (स्त्री. देशी) कुञ्चन, नम्यता, Elasticity, आकुञ्चनम्, नमनम् (नपुं.), नम्यता (स्त्री.)।

लचकना (अकर्म. देशी) झुक जाना, कुञ्चित हो जाना, नम् (भ्वा. पर.) — नमति, आ+कुञ्च् (भ्वा. पर.) — आकुञ्चति।

लचर (वि. देशी) दुर्बल, ढीलाढाला, Weak, loose, दुर्बल, शिथिल (वि.)।

लचाना (सकर्म. देशी) लचकाना, झुकाना, नम्-नमय् (प्रे.) — नमयति, आकुञ्चयति।

लचीला (वि. देशी) नमनीय, नम्य, Flexible, elastic, नमनीय, नम्य, आकुञ्चनीय, आकुञ्च्य (वि.)।

लच्छन (पुं. तभ.) दे. 'लक्षण'।

लच्छमी (स्त्री. तभ.) दे. 'लक्ष्मी'।

लच्छा (पुं. तभ.) लम्बगुच्छ, धागे आदि का गुच्छा, A skein of thread, सूत्रगुच्छः (पुं.)।

लच्छेदार (वि. देशी) कर्णप्रिय, सुनने में मधुर, Interesting in hearing, श्रुतिमधुर, कर्णप्रिय, श्रव्य (वि.)।

लछन, लछमन (पुं. तभ.) दे. 'लक्ष्मण'।

लछमनझूला (पुं. तस.) ऋषिकेश के पास बना हुआ लटकने वाला पुल, A hanging bridge situated near Rishikesh, लक्ष्मणदोलः (पुं.)।

लजना (अकर्म. तभ.) शरमाना, To be ashamed, लस्ज् (तुदा. आ.) — लज्जते।

लजाना (अकर्म. तभ.) दे. 'लजना'।

लजारू, लजालू (वि. तभ.) दे. 'लज्जालु'।

लजीला (वि. तभ.) दे. 'लज्जालु'।

लज्ज़त (स्त्री. अर.) स्वाद, मज़ा, Taste, deliciousness, आस्वादः, रसः (पुं.)।

लज्जा (स्त्री. तस.) शर्म, त्रपा, Shame, लज्जा, त्रपा (स्त्री.)।

लज्जावती (स्त्री. वि. तस.) शर्मवाली, Shameful or bashful (woman), लज्जावती (स्त्री.)।

लज्जावान् (पुं. वि. तस.) लज्जालु, Shameful (man), लज्जालु, लज्जावान् (पुं. वि.)।

लज्जित (वि. तस.) शर्मिन्दा, Ashamed, लज्जित (वि.)।

लट (स्त्री. देशी) लपट, अग्निशिखा, बालों का गुच्छा, A flame, a lock of hair, अग्निशिखा (स्त्री.), केशगुच्छः (पुं.)।

लटकना (अकर्म. देशी) नीचे आना, लम्बित होना, To swing, लम्ब् (भ्वा. आ.) — लम्बते।

लटका (पुं. देशी) हावभाव, चाल-ढाल, Motion, method, coquetry, हावभावौ (पुं. द्वि.), गतिः (स्त्री.)।

लटकाना (सकर्म. देशी) भविष्य पर छोड़ देना, निलम्बित करना, To suspend, नि+लम्ब् (भ्वा. आ.) — निलम्बते, विलम्बते।

लटुआ (पुं. देशी) दे. 'लट्टू'।

लट्ठ (पुं. देशी) लाठी, डण्डा, A club, a long stick, दण्डः (पुं.) बृहद्यष्टिः (स्त्री.)।

लट्ठा (पुं. देशी) लकड़ी का बड़ा खण्ड, कपड़े का एक भेद, A large wooden piece, a kind of cloth, बृहत्काष्ठम् (नपुं.) वस्त्रभेदः (पुं.)

लठैत (पुं. देशी) लाठी से लड़ने वाला, One who fights with a stick, दण्डयोधः, दण्डधरः (पुं.)।

लड़ंत (पुं. देशी) झगड़ालु, Fighting, quarrelsome, युद्धप्रिय (वि.)।

लड़काई (स्त्री. देशी) दे. 'लड़कपन'।

लड़कपन (पुं. देशी) बचपन, बाल्यकाल, अज्ञानता, Childhood, ignorance, बाल्यम्, अज्ञानम् (नपुं.)।

लड़का (पुं. देशी) बालक, A boy, बालः, बालकः, अर्भकः, पाकः (पुं.)।

लड़की (स्त्री. देशी) बालिका, कन्या, A girl, बाला, कन्या, बालिका (स्त्री.)।

लड़खड़ाना (अकर्म. देशी) खड़ा रहने में असमर्थ होना, To stagger, to falter.

लड़ना (अकर्म. देशी) झगड़ना, युद्ध करना, To fight, to quarrel, युध् (दिवा. पर.)— युध्यति, कलह् — कलहायते (नामधा.)।

लड़ाई (स्त्री. देशी) झगड़ा, युद्ध, A fight, a quarrel, कलहः (पुं.), युद्धम् (नपुं.)।

लड़ाका (पुं. देशी) लड़ाकू, युद्धप्रिय, Quarrelsome, युद्धप्रियः, युयुत्सुः (पुं.)।

लड़ाना (सकर्म. देशी) लड़ाई करवाना, भिड़वाना, To cause to fight, योधय् (प्रे.) — योधयति।

लड़ी (स्त्री. देशी) पंक्ति, कतार, माला, श्रेणी, राजि, A chain, a range, a row, पङ्क्तिः, माला, श्रेणी, राजिः (स्त्री.)।

लड्डुआ, लड्डू (पुं. देशी) गोलाकार मिठाई, मोदक, A roundshaped sweetmeat, लड्डुकः (पुं.), मोदकः-कम् (पुं., नपुं.)।

लत (स्त्री. देशी) लात, आदत, दुर्व्यसन, A leg, a bad habit, जङ्घा (स्त्री.), दुर्व्यसनम् (नपुं.)।

लता (स्त्री. तस.) बेल, A creeper, लता, वल्लरी, व्रततिः (स्त्री.)।

लताकुंज, लताकुञ्ज (पुं. तस.) लतागृह, An arbour, लताकुञ्जम्, लतामण्डपम् (नपुं.)।

लताड़ (स्त्री. देशी) झाड़, धमकी, भर्त्सना, Reproach, threatening, reprimand, भर्त्सनम् (नपुं.), भर्त्सना, कटूक्तिः (स्त्री.)।

लताड़ना (सकर्म. देशी) लात मारना, अपमान करना, To trample under feet, to insult, अपमानय् (प्रे.)—अपमानयति, पादाभ्यां दल्-दलति।

लताभवन, लतामण्डप (पुं. तस.) दे. 'लताकुञ्ज' — लताभवनम्, लतामण्डपम् (नपुं.)।

लतिका (स्त्री. तस.) छोटी बेल, A small creeper, लतिका, वल्लरी (स्त्री.)।

लतियाना (सकर्म. देशी) दे. 'लताड़ना'।

लतीफ़ (वि. अर.) रुचिकर, प्रिय, स्वादिष्ठ, Agreeable, delicious, fine, रुचिकर, प्रिय, स्वादिष्ठ (वि.)।

लतीफ़ा (पुं. अर.) चुटकुला, A joke, हास्यवार्ता (स्त्री.)।

लत्ता (पुं. देशी) कपड़े का टुकड़ा, A scrap of cloth, वस्त्रखण्डम् (नपुं.)।

लथपथ (वि. अनु.) लिबड़ा हुआ, Drenched, besmeared, विलिप्त (वि.)।

लथेड़ना (सकर्म. अनु.) लिबेड़ना, To drench, to besmear, वि+लेपय् (प्रे.) — विलेपयति।

लदना (अकर्म. देशी) भार से युक्त होना, To be loaded, भारः स्थाप्यते (कर्म.), आधीयते।

लदाऊ, लदाव (पुं. देशी) भार, लादने का सामान, A load, a cargo, भारः (पुं.)।

लदवा, लद्दू (पुं. देशी) भारवाहक, भार ढोने वाला, Beast of burden, भारवाहकः, भारवाही-हिन् (पुं)।

लद्धड़ (वि. देशी) आलसी, सुस्त, Lazy, slow, अलस, मन्द (वि.)।

लपकना (अकर्म. देशी) आगे की ओर झुकना, या तेजी से बढ़ना, To advance swiftly, सत्वरं गम्-गच्छति।

लपकाना (सकर्म. देशी) तेजी से बढ़ाना, To cause to go fast, सत्वरं गमय् (प्रे.) — गमयति।

लपट (स्त्री. देशी) ज्वाला, Flame, ज्वाला (स्त्री.)।

लपलपाना (सकर्म. देशी) तेजी से घुमाना, To cause to move fast, शीघ्रं परि-भ्रामय् (प्रे.) — परिभ्रामयति।

लपलपाना (अकर्म. देशी) ज्वाला का तेजी से बढ़ना, To flame swiftly, शीघ्रतया उत्+ज्वल् (भ्वा. पर.) — उज्ज्वलति, लपलपायते (नामधा.)।

लपसी (स्त्री. तभ.) तरल खाद्यपदार्थ, A liquid edible, लप्सिका (स्त्री.), द्रवप्रायः संयावः (पुं.)।

लपेट (स्त्री. देशी) चक्कर, घुमाव, A fold, a twist, व्यावर्तः (पुं), व्यावृत्तिः (स्त्री.) बन्धनचक्रम् (नपुं.)।

लपेटना (सकर्म. देशी) घुमाकर चढ़ाना, To roll up, सम्+वेष्टय् (प्रे.)—संवेष्टयति।

लप्पड़ (पुं. देशी) दे. 'थप्पड़'।

लफंगा (पुं. फा.) अवारागर्द, Loitering, a loafer, लम्पटः, कुपथगः, व्यभिचारी-रिन् (पुं.)।

लब (पुं. फा.) ओष्ठ, होंठ, A lip, ओष्ठः, दन्तच्छदः (पुं.)।

लबड़धोंधों (स्त्री. अनु.) शोरगुल, कलकल, Noise, a clamour, कलकलः, कोलाहलः (पुं.)।

लबादा (पुं. फा.) बड़ा कुर्ता, A gown, a robe, बृहत्कञ्चुकः, कञ्चुकः (पुं)।

लबार (वि. देशी) नीच, झूठ, व्यर्थ बोलने वाला, A liar, a tattler, मिथ्यावादी-दिन्, प्रलापी-पिन् (वि.)।

लबारी (स्त्री. देशी) झूठ, बकवास, A lie, a useless talk, असत्यम् (नपुं.), प्रलापः (पुं.)।

लबालब (क्रि. वि.) ऊपर तक, पूर्णतः, Upto brim, completely, पूर्णतः, उपरिपर्यन्तम् (अ.)।

लब्ध (वि. तस.) प्राप्त, Gained, obtained, लब्ध, प्राप्त, अधिगत (वि.)।

लब्धप्रतिष्ठ (वि.) मानप्राप्त, लोगों में सम्मानित, Respectful, लब्धप्रतिष्ठ (वि.)।

लब्धि (स्त्री. तस.) प्राप्ति, उपलब्धि, Gain, profit, लब्धिः, प्राप्तिः (स्त्री.), लाभः (पुं.)।

लभ्य (वि. तस.) प्राप्त करने योग्य, Available, लभ्य (वि.)।

लमकाना (सकर्म. देशी) दे. 'लटकाना'।

लमतड़ंग (वि. देशी) दे. 'लम्बोतरा'।

लमहा (पुं. अर.) क्षण, थोड़ा सा समय (पुं.) क्षणः, निमिषः (पुं.)।

लय (पुं. तस.) मिलन, घुल जाना, Solution, mixture, लयः (पुं.)।

(स्त्री. देशी) स्वरलहरी, तान, Tune, स्वर-तानः (पुं.)।

लर (स्त्री. देशी) दे. 'लड़'।

लरकई (स्त्री. देशी) दे. 'लड़कपन'।

लराई (स्त्री. देशी) दे. 'लड़ाई'।

लरिकाई (स्त्री. देशी) दे. 'लड़कपन'।

लरी (स्त्री. देशी) दे. 'लड़ी'।

ललक (स्त्री. देशी) चाव, चाह, Desire, इच्छा, उत्सुकता (स्त्री.)।

ललकना (अकर्म. देशी) चाहना, To desire, to wish, इष् (भ्वा. पर.)—इच्छति, कामयते।

ललकार (स्त्री. देशी) टकराव के लिए पुकार, सिंहनाद, Challenge, आह्वानम् (नपुं.)।

ललकारना (सकर्म. देशी) युद्ध के लिए पुकारना, To challenge, आ+ह्वे (भ्वा. आ.) — आह्वयते।

ललचाना (अकर्म. देशी) चाहना, इच्छा करना, To desire, to wish, अभि+लष् (भ्वा. पर.)—अभिलषति, लुभ् (दिवा. पर.) — लुभ्यति।

ललना (स्त्री. तस.) नारी, स्त्री, A woman, ललना, नारी, महिला (स्त्री.)।

लला (पुं. देशी) छोटा बच्चा, A young child, बालः, शिशुः (पुं.)।

ललाई (स्त्री. देशी) लाल रंग, Redness, रक्तिमा-मन् (पुं.), रक्तवर्णता (स्त्री.)।

ललाट (पुं. तस.) मस्तक, माथा, Forehead, ललाटम् (नपुं.), मस्तकम् (नपुं.)।

ललाटिका (स्त्री. तस.) माथे का आभूषण, An ornament for forehead, ललाटिका (स्त्री.)।

ललाम (वि. तस.) सुन्दर, प्रिय, Beautiful, lovely, ललाम, सुन्दर (वि.)।

ललित (वि. तस.) सुन्दर चेष्टाओं वाला, प्रियदर्शन, कमनीय, Beautiful, attractive, ललित (वि.)।

ललिता (स्त्री. तस.) सुन्दरी, रमणी, A beautiful lady, रमणी, ललिता (स्त्री.)।

लली (स्त्री. देशी) छोटी बच्ची, A young girl, बाला, शिशुकन्या (स्त्री.)।

लवंग, लवङ्ग (पुं. तस.) लौंग, The clove, लवङ्गम् (नपुं.)।

लव (पुं. तस.) कण, अंश, A particle, a portion, लवः, कणः, अंशः (पुं.)।

लव (पुं. तस.) श्री राम और सीता का छोटा पुत्र, The younger son of Rama and Sita, लवः (पुं.)।

लवण (पुं. तस.) नमक, काटने का कार्य, Salt, reaping, लवणम् (नपुं.)।

लवणासुर (पुं. तस.) एक राक्षस जिसे शत्रुघ्न ने मारा था, A demon who was killed by Shatrughna, लवणासुरः (पुं.)।

लवना (सकर्म. तभ.) फसल काटना, To reap crops, लु (क्र्या. उभ.) — लुनाति, लुनीते।

लवनाई (स्त्री. तभ.) फसल की कटाई, Reaping, लवणम्, कर्तनम् (नपुं.)।

लवनि, लवनी (स्त्री. तभ.) दे. 'लवनाई'। (पुं. तभ.) दे. 'नवनीत' — नवनीतम् (नपुं.)।

लवर (स्त्री. देशी) लपट, ज्वाला, A flame of fire, ज्वाला (स्त्री.)।

लवली (स्त्री. तस.) एक प्रकार का खट्टा फल, काकयदरी, A kind of gooseberry, काकबदरी (स्त्री.)।

लवलेश (पुं. तस.) ज़रा सा अंश, थोड़ा सा भाग, Very little thing, लवलेश (पुं.)।

लवा (पुं. वि. तभ.) एक प्रकार की बटेर, A kind of quail, लवः (पुं.)।

लवाई (स्त्री. तभ.) दे. 'लवनाई'।

लशकर, लश्कर (पुं. फा.) सेना, सैन्यशिविर, छावनी, An artillery, an encampment, सेना (स्त्री.), सैन्यशिविरम् (नपुं.)।

लशुन (पुं. तस.) लहसुन, Garlic, लशुनम् (नपुं.)।

लसना (अकर्म. तभ.) आनन्द मनाना, To enjoy, लस् (भ्वा. पर.) लसति।

लसलसा (वि. तभ.) चिपचिपा, Adhesive, श्लेषमय (वि.)।

लसलसाहट (स्त्री. तभ.) चिपचिपाहट, Adhesiveness, श्लेषमयता (स्त्री.)।

लसीला (वि. तभ.) दे. 'लसलसा'।

लसुन (पुं. तभ.) दे. 'लशुन'।

लसूड़ा, लसोड़ा (पुं. देशी) लेसदार फल और उसका वृक्ष, A tree which bears glutinous fruits, श्लेष्मान्तकः (पुं.)।

लस्सी (स्त्री. देशी) तक्र, Whey, curd milk, तक्रम् (नपुं.)।

लहँगा (पुं. देशी) घाघरा, Peticoat, a skirt, बृहच्चण्डातकम् (नपुं.)।

लहँड़ा (पुं. देशी) समूह, झुंड, रेवड़, Flock, multitude, यूथः, समूहः (पुं.)।

लहकना (अकर्म. देशी) इधर-उधर मटक कर चलना, To walk tossingly, इतस्ततः प्रचल्-प्रचलति (भ्वा. पर.)।

लहज़ा (पुं. अर.) बोलने का ढंग, विधि या तरीका, Manner or style of speaking, कथनविधिः (पुं.)।

लहमा (पुं. अ.) निमेष, पल, A moment, निमेषः, पलम्।

लहर (स्त्री. तभ.) तरंग, वीचि, Current, wave, तरंगः, वीचिः (पुं.)।

लहरना, लहराना (अकर्म. देशी) फहरना, फहराना, To waver, प्र+स्फर् (तुदा. पर.) प्रस्फरति, धू-धूयते (कर्मवा.)।

लहरिया (पुं. तभ.) लहरों जैसी रेखाओं वाला वस्त्र, A cloth having zigzag lines, लहरीमयम् वस्त्रम् (नपुं.)।

लहरी (स्त्री. तस.) दे. 'लहर'।

लहलहा (वि. देशी) हराभरा, Green, prospering, हरित, समृद्ध (वि.)।

लहसुन (पुं. तभ.) दे. 'लशुन'।

लहसुनिया (पुं. देशी) एक कीमती पत्थर, A precious stone.

लहि, लहु (क्रि. वि. देशी) दे. 'लौ'।

लहू (पुं. तभ.) खून, रुधिर, रक्त, Blood, रुधिरम्, रक्तम् (नपुं.)।

लांगल (पुं. तस.) हल, A plough, लाङ्गलम्, हलम् (नपुं.)।

लांगली (पुं. तस.) हलधर, बलराम, An epithet of Balarama, लाङ्गली-लिन्।

लांघना (सकर्म. तभ.) पार करना, अतिक्रमण करना, To cross, लङ्घ (भ्वा. आ.)—लङ्घते।

लांछन, लाञ्छन (पुं. तस.) चिह्न, कलङ्क, A sign, a spot, a stain, a blame, लाञ्छनम् (नपुं.)।

लांछित, लाञ्छित (वि. तस.) चिह्नित, कलङ्कित, Marked, blamed, लाञ्छित (वि.)।

लाइन (स्त्री. इं.) पंक्ति, कतार, A line, पंक्तिः, अवली (स्त्री.)।

लाक्षणिक (वि. तस.) लक्षणा नामक शब्द-शक्ति से जाना हुआ, भावगम्य, गौण, Symbolic, लाक्षणिक (वि.)।

लाक्षा (स्त्री. तस.) लाख, Lac, लाक्षा (स्त्री.)।

लाख (स्त्री. तभ.) दे. लाक्षा। (वि. तभ.) सौ हजार, लक्ष, One lac, लक्षम् (नपुं.)।

लाग (स्त्री. तस.) सम्बन्ध, सम्पर्क, संसर्ग, Relation, connection, contact, लागः, सम्बन्धः, संसर्गः (पुं.)।

लागत (स्त्री. देशी) मूल्य, A price, मूल्यम्।

लागि (अ. तभ.) तक, पर्यन्त, Upto, पर्यन्तम् (क्रि. वि.)।

लागू (वि. देशी) सम्बन्धित, Related, fit, सम्बन्धित, युक्त (वि.)।

लागे (अ. देशी) समीप, के लिए, Near, for the sake of, समीपे, कृते (अ.)।

लाघव (पुं. तस.) संक्षेप, चातुर्य, brief, dexterity, लाघवम् (नपुं.)।

लाचार (वि. फा.) विवश, संकटग्रस्त, Helpless, destitute, विवश, संकटग्रस्त (वि.)।

लाचारी (स्त्री. फा.) मजबूरी, विवशता, Helplessness, विवशता (स्त्री.)।

लाज (स्त्री. तभ.) दे. 'लज्जा'।

लाजना (अकर्म. तभ.) दे. 'लजाना'।

लाजवंती (स्त्री. तभ.) एक नाजुक औषधि, A sensitive plant, स्पर्शलज्जा, महाभीता, (वि. तभ.) शर्मीली, Shy, लज्जावती (वि.)।

लाजवाब (वि. अर.) निरुत्तर, पराजित, अनुपम, Answerless, defeated, matchless, निरुत्तर, पराजित, अनुपम (वि.)।

लाज़िम (वि. अर.) आवश्यक, Necessary, important, just, आवश्यक, युक्त (वि.)।

लाट, लाठ (स्त्री. देशी) खम्भा, यूप, A pillar, स्तम्भः, स्कम्भः, यूपः (पुं.)।

लाठी (स्त्री. देशी) सोटी, सोटा, डण्डा, A stick, a club, यष्टिः, यष्टिका (स्त्री.) दण्डः, लगुडः (पुं.)।

लाड़ (पुं. तभ.) प्यार, वात्सल्य, Fondling, affection, लाडः (पुं.), लाडनम्, उपलालनम् (नपुं.)।

लाड़ला (वि. तभ.) प्यारा, वत्सल, Dear, affectionate, darling, लालित, अभिमत, प्रिय (वि.)।

लादना (सकर्म. देशी) भार डालना, To load, भारम् स्थापय् (प्रे.) — भारं स्थापयति, भारारोपणं करोति।

लादी (स्त्री. देशी) लादने योग्य सामान, The load, भारः (पुं.)।

लानत (स्त्री. अर.) धिक्कार, Reproach, shame, धिक्कारः, न्यक्कारः (पुं.), गर्हा (स्त्री.), धिक् (अ.)

लाना (सकर्म. देशी) लेकर पहुँचना, To bring, आ+नी (भ्वा. उ.) — आनयति, आनयते।

लापता (वि. अर.) अज्ञात, गुम, लुप्त, Unknown, disappeared, vanished, अज्ञात, लुप्त, अदृश्य (वि.)।

लापरवाह (वि. अर.) उपेक्षा करने वाला, बेफिक्र, Careless, उपेक्षक, प्रमादी-दिन् (वि.)।

लापरवाही (स्त्री. अर.) उपेक्षा, प्रमाद, Carelessness, उपेक्षा (स्त्री.), प्रमादः (पुं.)।

लाभ (पुं. तस.) प्राप्ति, नफा, उपलब्धि, Profit, benefit, gain, लाभः (पुं.), उपलब्धिः, प्राप्तिः (स्त्री.)।

लाम (पुं. फा.) सेना, युद्ध, Army, war, सेना (स्त्री.), सैन्यम्, युद्धम् (नपुं.)।

लायक (वि. अर.) योग्य, अनुकूल, Able, fit, योग्य, उपयुक्त (वि.)।

लार (स्त्री. तभ.) मुँह की थूक, Saliva, sputum, लाला (नपुं.), लालारसः (पुं.), ष्ठीवनम् (नपुं.)।

लाल (पुं. फा.) रत्न, पद्मराग, माणिक्य, A ruby, पद्मरागः (पुं.), माणिक्यम् (नपुं.)।

लाल (पुं. तस.) प्यारा बच्चा, Dear child, लालः, प्रियः बालः (पुं.)।

लाल (वि. फा.) रक्त, लोहित, Red, रक्त, लोहित, शोण (वि.)।

लालच (पुं. तभ.) लालसा, प्राप्त करने की इच्छा, ईप्सा, लिप्सा, Greed, covetousness, desire to obtain, लालसा, ईप्सा, लिप्सा (स्त्री.)।

लालची (पुं. तभ.) लोलुप, ईप्सु, लिप्सु, प्राप्त करने की इच्छा वाला, Greedy, covetous, desirous, लोलुपः, ईप्सुः, लिप्सुः (पुं.)।

लालन (पुं. तस.) लाड, प्यार, Fondling, लालनम् (नपुं.)।

लालना (अकर्म. तभ.) लाड़ करना, प्यार करना, To fondle, to show love, लल् (चुरा. आ.) — लालयते।

लालबुझक्कड़ (पुं. देशी) अज्ञानी परन्तु ज्ञान की डींगें हाँकने वाला मूर्ख, A fool who boasts for his knowledge, लालबुझक्कडः (पुं.)।

लालसा (स्त्री. तस.) कामना, चाह, Desire, wish, कामना, ईप्सा, लिप्सा (स्त्री.)।

लाला (स्त्री. तस.) दे. 'लार'।

लाला (पुं. देशी) माननीय (सेठ या व्यापारी या कोई भी बड़ा), Sir, महोदयः, महानुभावः, श्रीमान् (पुं.), श्रीमन् (सम्बो.)।

लालायित (वि. तस.) उत्सुक, Desirous, coveted, लालायित, अभिलाषुक, इच्छुक (वि.)।

लालित (वि. तस.) स्नेहित, पोसा हुआ, पोषित, Loved, nourished, लाडित, पोषित, संवर्द्धित (वि.)।

लालित्य (पुं. तस.) सौन्दर्य, प्रियता, स्निग्धता, माधुर्य, Beauty, lovliness, sweetness, सौन्दर्यम्, प्रियत्वम्, माधुर्यम् (नपुं.), स्निग्धता (स्त्री.)।

लालिमा (स्त्री. देशी) रक्तिमा, लौहित्य, लाली, Redness, रक्तिमा-मन् (पुं.) लौहित्यम् (नपुं.)।

लाली (स्त्री. देशी) दे. 'लालिमा'।

लावण्य (पुं. तस.) सौन्दर्य, कांति, Beauty, grace, lovliness, लावण्यम् (नपुं.)।

लावाँ (स्त्री. देशी) विवाह के समय अग्नि की परिक्रमा की विधि, The process of going round the fire in a marriage ceremony, विवाहसंस्कारेऽग्निं परितः क्रमणम् (नपुं.)।

लावा (पुं. इं.) ज्वालामुखी से निकलने वाला द्रव, The liquid that flows from a volcano, ज्वालामुखिद्रवः (पुं.)।

लावारिस (वि. अर.) स्वामीविहीन, सन्तानरहित, Without a master, issueless, स्वामिविहीन, निःसन्तान (वि.)।

लाश (स्त्री. फा.) शव, मृतक का शरीर, A dead body, शवः (पुं.), मृतकशरीरम् (नपुं.)।

लासक (पुं. तस.) अभिनेता, नर्तक, An actor, a dancer, अभिनेता-तृ, नर्तकः (पुं.)।

लासानी (वि. अर.) अनुपम, अद्वितीय, अनोखा, Matchless, extraordinary, अनुपम, अद्वितीय (वि.)।

लास्य (पुं. तस.) भाव और ताल से युक्त नृत्य, Impressive dance with actions, लास्यम् (नपुं.)।

लाह, लाहु (पुं. तभ.) दे. 'लाभ'।

लिंग, लिङ्ग (पुं. तस.) चिह्न, निशान, पुरुष की मूत्रेन्द्रिय, A sign, a mark, gender, sign of sex, sexual organ of a man, लिङ्गम् (नपुं.)।

लिंगदेह (पुं. तस.) इन्द्रियों और मन से युक्त अपार्थिव शरीर, The subtle form of corporal body, लिङ्गदेहः (पुं.), लिङ्गशरीरम् (नपुं.)।

लिंगायत (पुं. तस.) शैव सम्प्रदाय का एक उपसम्प्रदाय, A sect of Shaivas, लिंगायतसम्प्रदायः (पुं.)।

लिक्षा (स्त्री. तस.) लीख, जूँ का अण्डा, An egg of a louse, लिक्षा (स्त्री.)।

लिखत (वि. तभ.) दे. 'लिखित'।

लिखना (सकर्म. तभ.) चिह्नित करना, To write, लिख् (तुदा. पर.) — लिखति।

लिखाई (स्त्री. तभ.) लिखावट और लिखने का पारिश्रमिक, Writing and its wages लेखनम्, तस्य च पारिश्रमिकम् (नपुं.)।

लिखाना (प्रे. तभ.) लिखने को कहना, To cause to write, लेखय् (प्रे.)—लेखयति।

लिखापढ़ी (स्त्री. तभ.) किसी बात को लिखित रूप देना, Presenting something in writing, लिखितरूपम् (नपुं.)।

लिखावट (स्त्री. तभ.) दे. 'लिखाई'।

लिखित (वि. तस.) लिखा हुआ, Written, लिखित (वि.)।

लिच्छवि (पुं. तस.) एक वंश का नाम जिसमें बुद्ध ने जन्म लिया था, The name of a dynasty in which Lord Buddha was born, लिच्छविवंशः (पुं)।

लिटाना (सकर्म. तभ.) लेटने को प्रवृत्त करना, To cause to lie, लेट् (कण्ड्वा.) लेटय् (प्रे.) — लेटयति।

लिपटना (अकर्म. तभ.) चिपट जाना, साथ लग जाना, To cling, to adhere to, लिप् (तुदा. पर.) — लिम्पति।

लिपटाना (सकर्म. तभ.) चिपटाना, साथ चिपकाना, To cause to cling, लेपय् (प्रे.) — लेपयति।

लिपना (अकर्म. तभ.) लेपा जाना, To be plastered, लिप्-लिप्यते (कर्मवा.)।

लिपाई (स्त्री. तभ.) लेपन और उसका पारिश्रमिक, Plastering and its wages, लेपनम्, तत्पारिश्रमिकं च (नपुं.)।

लिपाना (प्रे. तभ.) लेपन करवाना, To cause to plaster, लेपय् (प्रे.) — लेपयति।

लिपि (स्त्री. तस.) भाषा को लिखने का ढंग, A script, लिपिः (स्त्री.)।

लिपिक (पुं. तस.) क्लर्क, A clerk, लिपिकः (पुं.)।

लिप्त (वि. तस.) लिपा हुआ, डूबा हुआ, Plastered, emerged, लिप्त, मग्न (वि.)।

लिप्सा (स्त्री. तस.) प्राप्त करने की इच्छा, लोभ, An earnest desire to get a thing, लिप्सा (स्त्री.)।

लिफ़ाफ़ा (पुं. अर.) कागज का आवरण, An envelop, पत्रावरणम् (नपुं.), पत्रपुटः (पुं.)।

लिबास (पुं. अर.) पहनावा, परिधान, Dress, garment, परिधानम् (नपुं.)।

लियाकत (स्त्री. अर.) योग्यता, क्षमता, सामर्थ्य, Ability, skill, योग्यता, क्षमता (स्त्री.) सामर्थ्यम् (नपुं.)।

लिसोड़ा (पुं. देशी) दे. 'लसूड़ा'।

लिहाज (पुं. अर.) कृपादृष्टि, पक्षपात, Kindness, partiality, कृपादृष्टिः (स्त्री.) पक्षपातः (पुं.)।

लिहाफ़ (पुं. अर.) रजाई, A quilted wrapper to cover the body at night, तूलाच्छादनम् (नपुं.)।

लीक (स्त्री. तभ.) लेखा, लकीर, रेखा; A line, a mark, लेखा, रेखा, पंङ्क्तिः (स्त्री.)।

लीख (स्त्री. तभ.) दे. 'लिक्षा'।

लीचड़ (वि. देशी) आलसी, सुस्त, निकम्मा, Lazy, slow, useless, अलस, मन्द, मन्थर (वि.)।

लीची (स्त्री. देशी) एक मीठा रसीला फल, A sweet and juicy fruit, अलीचिका (स्त्री.) फलभेदः।

लीद (स्त्री. देशी) घोड़े, खच्चर, गधे या हाथी की विष्ठा, The dung of a horse, mule, donkey or elephant, गजाश्वादीनां पुरीषम् (नपुं.)।

लीन (वि. तस.) मग्न, घुला हुआ, डूबा हुआ, व्यस्त, Absorbed, immersed, engaged, लीन (वि.)।

लीपना (सकर्म. तभ.) लेप करना, To plaster, लिप् (तुदा. पर.) — लिम्पति।

लीलना (सकर्म. तभ.) हड़प कर जाना, To swallow, ग्लस् (भ्वा. आ.)— संग्लसते, निग्लसते।

लीला (स्त्री. तस.) खेल, विनोद, मनोरंजन, A sport, an amusement, a strange work, लीला, क्रीडा, खेला (स्त्री.) मनोरञ्जनम् (नपुं.)।

लीलावती (स्त्री. तस.) भास्कराचार्य की पुत्री, जिसके नाम पर लीलावती नामक गणित का ग्रंथ लिखा गया, The daughter of Bhāskarācārya on whose name Lilavati; a mathematical book was written, लीलावती (स्त्री.)।

लुंगी (स्त्री. देशी) कमर के चारों ओर लपेटने का वस्त्र, A wrapping cloth round the waist, शाटी, धौतिका (स्त्री.)।

लुंचन, लुञ्चन (पुं. तस.) पकड़ कर उखाड़ने की क्रिया, Plucking up, लुञ्चनम् (नपुं.)।

लुंज, लुञ्ज (वि. तस.) हाथ-पाँव से रहित, Crippled, लुञ्ज (वि.)।

लुंठन, लुण्ठन (पुं. तस.) लूट, Plundering, लुण्ठनम् (नपुं.)।

लुंडा (वि. देशी) पूंछ से रहित, कटी पूंछ वाला, Tail-less, छिन्नपुच्छ (वि.)।

लुंबिनी, लुम्बिनी (स्त्री. तस.) एक जंगल का नाम, जहाँ महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था, Name of a forest where Lord Buddha took birth, लुम्बिनीवनम् (नपुं.)।

लुकना (अकर्म. तभ.) छिपना, To be concealed, to be hidden, नि+गुह् (भ्वा. उभ.)—निगोहति, निगोहते, गोपायते।

लुकमा (पुं. अर.) ग्रास, कवल, A morsel, ग्रासः (पुं.), कवलः (पुं.)।

लुकाना (सकर्म. तभ.) छिपाना, To conceal, to hide, निगोहयति (प्रे.), संवृणोति।

लुगदी (स्त्री. देशी) गुदगुदी वस्तु का पिण्ड, A lump of pulpy object, आर्द्रगोलकः -कम् (पुं., नपुं.)।

लुगाई (स्त्री. तभ.) स्त्री, नारी, A woman, स्त्री, नारी (स्त्री.)।

लुच्चा (पुं. तभ.) लुञ्चक, ठग, लुण्ठक, Wicked, a cheat, लुञ्चकः, लुण्ठकः धूर्तः (पुं.)।

लुटना (अकर्म. तभ.) लूटा जाना, To be deceived, to be robbed, लुण्ट् (भ्वा.) —लुण्ट्यते (कर्मवा.), वञ्च्यते (कर्मवा.)।

लुटवाना (प्रे. तभ.) लूटने के लिए प्रेरित करना, To cause to rob, लुण्ठय् (प्रे.) — लुण्ठयति, वञ्चयति।

लुटाना (सकर्म. तभ.) दे. 'लुटवाना'।

लुटिया (स्त्री. देशी) छोटा लोटा, A small water pot, लोटिका (स्त्री.) लघु जल-पात्रम्, लघुकडुकम् (नपुं.)।

लुटेरा (पुं. तभ.) लुण्ठक, दस्यु, A robber, a cheat, लुण्ठकः, वञ्चकः, दस्युः (पुं.)।

लुढ़कना (अकर्म. तभ.) ढुलक जाना, To slip, to tumble, स्खल् (भ्वादि. पर.)— स्खलति, लुठ् (तुदा. पर.) — लुठति।

लुढ़काना (सकर्म. तभ.) ढुलकाना, To cause to slip, to cause to tumble, लोठय् (प्रे.)— लोठयति, स्खलयति (प्रे.)।

लुतरा (पुं. देशी) चुगलखोर, पिशुन, A backbiter, पिशुनः, कर्णेजपः (पुं.)।

लुनाई (स्त्री. तस.) फसल की कटाई, लावण्य, सौन्दर्य, Reaping, beauty, सस्यवपनम्, लावण्यम्, सौन्दर्यम् (नपुं.)।

लुप्त (वि. तस.) गायब, तिरोभूत, अदृष्ट, Disappeared, missing, hidden, लुप्त, तिरोभूत, गुप्त (वि.)।

लुब्ध (वि. तस.) लोभी, लालची, Greedy, covetous, लुब्ध, लोभी-भिन्, गृध्नु (वि.)।

लुब्धक (पुं. तस.) बहेलिया, व्याध, शिकारी, A fowler, a hunter, लुब्धकः, व्याधः, आखेटकः (पुं.)।

लुब्बलुबाव (पुं. अर.) तत्त्व, सारांश, Essence, the sum and substance, तत्त्वम् (नपुं.), सारः, सारांशः (पुं.)।

लुभाना (सकर्म. तभ.) मोहित करना, अच्छा लगना, रुच् (भ्वा. आ.)—रोचते।

लुहार (पुं. तभ.) दे. 'लोहार अथवा लोहकार'।

लू (स्त्री. देशी) गर्म हवा, Hot wind, मातरिश्वा-वन्, घर्मवातः, उष्णवायुः (पुं.)।

लूका (स्त्री. तभ.) दे. 'उल्का'।

लूट (स्त्री. तभ.) ठगी, लुण्ठन, plundering, robbery, लुण्ठनम्, वञ्चनम्, अपहरणम् (नपुं.)।

लूटना (सकर्म. तभ.) डाका डालना, अपहरण करना, To rob, to plunder, अप+हृ-अपहरति, लुण्ठति, वञ्चयते।

लूता (स्त्री. तस.) मकड़ी, A spider, लूता, मर्कटिका (स्त्री.), मर्कटकः, उर्णनाभः (पुं.)।

लूला (पुं. देशी) पंगु, लंगड़ा, Lame, crippled, पङ्गुः (पुं.), लूनाङ्गः (पुं.)।

लेंड़ी (स्त्री. देशी) मल का शुष्क अंश, A small hard portion of excrement, मलस्य शुष्कांशः (पुं.)।

लेंहड़, लेंहड़ा (पुं. देशी) दे. 'लहँड़ा'।

ले (अ. देशी) तक, पर्यन्त, Upto, till, पर्यन्तम् (अ.)।

लेई (स्त्री. तभ.) चिपकाने का साधन, Paste, श्लेषकम् (नपुं.), लेपकम् (नपुं.)।

लेकिन (अ. अर.) परन्तु, किन्तु, But, परम्, परन्तु, किन्तु (अ.)।

लेख (पुं. तस.) लिखा हुआ पदार्थ, Writing, लेखः (पुं.)।

लेखक (पुं. तस.) लिखने वाला, Writer, लेखकः।

लेखन (पुं. तस.) लिखने का कार्य, Writing, लेखनम् (नपुं.)।

लेखनी (स्त्री. तस.) कलम, A pen, लेखनी (स्त्री.)।

लेखा (पुं. तस.) खाता, हिसाब-किताब, Account, लेखा (स्त्री.)।

लेखिका (स्त्री. तस.) लिखने वाली, A lady writer, लेखिका (स्त्री.)।

लेख्य (वि. तस.) लिखने योग्य, नोट करने योग्य, Fit to write, to be noted, लेख्य, लेखनीय (वि.)।

लेजुर, लेजुरी (स्त्री. तभ.) दे. 'रज्जु'।

लेटना (अकर्म. तभ.) लम्बा पड़ जाना, To lie, लेट् (कण्ड्वा. आ.) लेट्यते।

लेन (स्त्री. देशी) ग्रहण, लेने का कार्य, Receiving, taking, ग्रहणम् (नपुं.)।

लेनदार (पुं. देशी) ऋणदाता, A money-lender, उत्तमर्णः, ऋणदाता-तृ (पुं.)।

लेनहार (पुं. देशी) कर्जदार, A debtor, अधमर्णः (पुं.) ऋणग्रहीता-तृ (पुं.)।

लेना (सकर्म. देशी) ग्रहण करना, To take, to receive, ग्रह् (क्र्या. उ.)—गृह्णाति, गृह्णीते।

लेप (पुं. तस.) पलस्तर, Plaster, लेपः (पुं.), लेपनम् (नपुं.)।

लेश (पुं. तस.) अंश, A small quantity, लेशः (पुं.)।

लेहना (सकर्म. तभ.) चाटना, चूसना, To lick, to suck, लिह् (दिवा. पर.)—लिह्यति।

लेह्य (वि. तस.) चाटने या चूसने योग्य, Fit to lick or suck, लेह्य (वि.)।

लै, लौं (अ. देशी) तक, पर्यन्त, Upto, पर्यन्तम् (अ.)।

लोंग (पुं. तभ.) दे. 'लौंग'।

लोई (स्त्री. देशी) आटे का पेड़ा, पतला कम्बल-सा, लोग, प्रकाश, A ball of flour, thin blanket, people, light, चूर्णपिण्डम्, कम्बलसदृशवस्त्रम्, जनाः, प्रकाशः।

लोक (पुं. तस.) संसार, दुनिया, World, लोकः (पुं.)।

लोकतंत्र-तन्त्र (वि. तस.) प्रजातन्त्र, जनतन्त्र, Democratic, लोकतन्त्र (वि.)।

लोकांतर, लोकान्तर (पुं. तस.) दूसरा संसार, मरने के बाद की दुनिया, Next world, लोकान्तरम् (नपुं.)।

लोकाचार (पुं. तस.) दुनियावी व्यवहार, Formality, लोकाचारः, लोकव्यवहारः।

लोकाट (पुं.) एक फल, A kind of fruit, लवकटम्, चैनम् (नपुं.)।

लोकापवाद (पुं. तस.) दुनिया में बदनामी, Bad name, ill-fame, लोकापवादः (पुं.)।

लोकोक्ति (स्त्री. तस.) लोक-प्रसिद्ध सूक्ति, A proverb, लोकोक्तिः (स्त्री.) आभाणकम् (नपुं.)।

लोकोत्तर (वि. तस.) अलौकिक, अनुपम, Extraordinary, matchless, लोकोत्तर, अलौकिक, अद्वितीय, अनुपम (वि.)।

लोग (पुं. तभ.) जनता, People, public, लोकाः, जनाः (पुं. बहु.)।

लोच (स्त्री. देशी) लचक, स्थितिस्थापकत्व, Flexibility, कोमलता, मृदुता (स्त्री.)।

लोचन (पुं. तस.) आँख, देखना, टिप्पणी, An eye, seeing, commentary, लोचनम् (नपुं.)।

लोटना (अकर्म. तभ.) लुढ़कना, To roll, लुट् (भ्वा. आ.)—लोटते।

लोटपोट (वि. देशी) अव्यवस्थित, Scattered, अव्यवस्थित (वि.)।

लोटा (पुं. तभ.) एक जलधारक पात्र, A pot for keeping water, लोटकम्, कडुकम् (नपुं.)।

लोढ़ा (पुं. तभ.) पीसने वाला पत्थर, A stone-pestle, पेषणपाषाणः (पुं.), लोष्टः-टम् (पुं., नपुं.)।

लोथ (स्त्री. देशी) मुर्दा शरीर, A corpse, a carcass, मृतकशरीरम् (नपुं.)।

लोथड़ा (पुं. देशी) माँस-पिण्ड, A meat-piece, मांसपिण्डम् (नपुं.)।

लोध, लोध्र (पुं. तस.) एक पेड़, जिसकी छाल से दवाई बनती है, The tree having the bark of medicinal use, लोध्रः (पुं.), तिन्दुकः (पुं.)।

लोन (पुं. तभ.) नमक, Salt, लवणम् (नपुं.)।

लोना (वि. तभ.) नमकीन, Saltish, लवणमय (वि.), लवणयुक्त (वि.)।

लोनाई (स्त्री. तभ.) फसल की कटाई, सुन्दरता, Reaping, beauty, सस्यवपनम्, सौन्दर्यम्, लावण्यम् (नपुं.)।

लोप, लोपन (पुं. तस.) अदृश्यता, अदर्शन, दिखाई न देना, Disappearing, लोपः (पुं.), लोपनम् (नपुं.), अदर्शनम् (नपुं.)।

लोपना (सकर्म. तभ.) लुप्त करना, गुमा देना, अदृश्य कर देना, To miss, to make disappear, to cause to vanish, लोपयति (प्रे.), गोपायते।

लोपामुद्रा (स्त्री. तस.) अगस्त्य ऋषि की पत्नी, Wife of the sage-Agastya, अगस्त्यर्षेः पत्नी।

लोबिया (पुं. देशी) एक प्रकार की दाल, A kind of pulse, चबलः, चर्मरः (पुं.)।

लोभ (पुं. तस.) लालसा, लालच, Greediness, लोभः (पुं.)।

लोभी (पुं. तस.) लोभ करने वाला, लालची, Greedy, लोभी-भिन् (पुं.)।

लोम (पुं. तस.) दे. 'रोम'।

लोमड़ी (स्त्री. तभ.) गीदड़ की जाति का एक प्राणी, A fox, लोमशः (पुं.), लोमशा (स्त्री.)।

लोरी (स्त्री. देशी) सुलाने का गीत, Lulling song, स्वापनगीतम् (नपुं.)।

लोल (वि. तस.) चंचल, अस्थिर, Nimble, unsteady, wavering, लोल, चञ्चल (वि.)।

लोलक (पुं. तस.) कर्णाभूषण, An ear-ornament, कर्णाभूषणम् (नपुं.)।

लोलना (अकर्म.) हिलना-डुलना, To move, to flicker, लोड़ (भ्वा. पर.)—लोडति।

लोलुप (वि. तस.) लोभी, अधिक चाहने वाला, Greedy, लोलुपः (पुं.)।

लोष्ठ (पुं. तस.) ढेला, A lump of earth, लोष्ठः-ठम् (पुं., नपुं.)।

लोह (पुं. तस.) लोहा, Iron, लोहम्, अयः, अयस् (नपुं.)।

लोहड़ी (स्त्री. देशी) मकर-संक्रान्ति से पहले दिन का त्यौहार, A festival which falls before Makara-Sankranti, लोहड़ी (स्त्री.) पर्वविशेषम् (नपुं.)।

लोहसार (पुं. तस.) पक्का लोहा, Steel, कृष्णायसम् (नपुं.), लोहसारः (पुं.)।

लोहा (पुं. तभ.) दे. 'लोह'।

लोहार (पुं. तभ.) लुहार, A blacksmith, ironsmith, लोहकारः, अयस्कारः (पुं.)।

लोहारिन (स्त्री. तभ.) लुहारिन, Wife of a blacksmith, लोहकारी, अयस्कारी (स्त्री.)।

लोहारी (स्त्री. तभ.) लोहार का काम, The occupation of a blacksmith, लोहकारव्यवसायः (पुं.)।

लोहित (वि. तस.) लाल, Red, रक्त (वि.)। (पुं. तस.) खून, रुधिर, Blood, लोहितम्, रक्तम्, रुधिरम् (नपुं.)।

लोहू (पुं. तभ.) खून, रक्त, रुधिर, Blood, रक्तम्, लोहितम्, रुधिरम् (नपुं.)।

लौं (अ. देशी) तक, पर्यन्त, upto, पर्यन्तम् (अ.)।

लौंग (पुं. तस.) लवंग, Clove, लवङ्गम् (नपुं.)।

लौंडा (पुं. देशी) लड़का, बालनौकर, A boy, a boy servant, बालकः, बालभृत्यः (पुं.)।

लौंडी (स्त्री. देशी) दासी, सेविका, A female servant, सेविका, भृत्या।

लौंदवर्ष (पुं. देशी) बारह महीनों से अतिरिक्त महीना जो 4 वर्षों के बाद आता है, अधिमास, An extra month which comes after 4 years, अधिमासः (नपुं.)।

लौ (स्त्री. देशी) प्रकाश light, प्रकाशः (पुं.)।

लौकिक (वि. तस.) सांसारिक, Worldly लौकिक (वि.)।

लौकी (स्त्री. देशी) घिया, लम्बी घिया, Pumpkin, अलाबुः, अलाबू (स्त्री.)।

लौटना (अकर्म. देशी) वापिस आना, To come back, to return, to retreat, प्रति+आ+गम्-प्रत्यागच्छति।

लौटाना (सकर्म. देशी) वापिस करना, To give back, प्रति+दा (जुहो. उभ.)—प्रतिददाति, प्रतिदत्ते।

लौन (पुं. तभ.) दे. 'लवण'।

लौना (वि. तभ.) नमकीन, सुन्दर, आकर्षक, Beautiful, attractive, लावण्यमय, लवणमय (वि.)।

लौनी (स्त्री. तभ.) फसल की कटाई, लवनी, Reaping of harvest, वपनम्, लवणम् (नपुं.)।

लौह (वि. तस.) लोहे से बना हुआ, Made of iron, लौह (वि.)।

व Va

व (पुं. तस.) देवनागरी के अन्तःस्थ वर्णों में से चौथा वर्ण, The fourth semivowel-letter, वः, वकारः (पुं.)।

वंक-वङ्क (वि. तभ.) वक्र, टेढ़ा, कुटिल, Curved, bent, वक्र, कुटिल (वि.)।

वंग, वङ्ग (पुं. तस.) बंगाल, राँगा, Bengal, tin, वंगप्रान्तः (पुं.) त्रपु, रंगम् (नपुं.)।

वंचक, वञ्चक (पुं. तस.) ठग, A cheat, वञ्चकः, लुण्ठकः (पुं.)।

वंचन, वञ्चन (पुं. तस.) लूटने का कार्य, Cheating, वञ्चनम्, छलनम् (नपुं.)।

वंचित, वञ्चित (वि. तस.) ठगा हुआ, Cheated, deprived, वञ्चित (वि.)।

वंदन, वन्दन (पुं. तस.) अभिवादन, स्तुति, Salutation, bowing, वन्दनम् (नपुं.) वन्दना (स्त्री.)।

वंदना, वन्दना (स्त्री. तस.) दे. 'वन्दनम्'।

वंदनीय, वन्दनीय (वि. तस.) प्रणाम करने योग्य, प्रशंसनीय, स्तुत्य, Fit to be saluted, admirable, praise-worthy, वन्दनीय, वन्द्य (वि.)।

वंदारु (वि. तस.) स्तुतिशील, वन्दना करने वाला, Praising, very polite, वन्दारु (पुं. वि.)।

वंदी, वन्दी (पुं. तस.) स्तुतिपाठक, मागध, चारण, A bard, a minstrel, वन्दी-दिन्, स्तुतिपाठकः, मागधः, चारणः (पुं.)।

वंद्य, वन्द्य (वि. तस.) दे. 'वन्दनीय'।

वंश (पुं. तस.) कुल, बाँस, A race, off-spring, a bamboo, वंशः, अन्वयः (पुं.) कुलम्, गोत्रम् (नपुं.), वंशः, वेणुः (पुं.)।

वंशज (पुं. तस.) सन्तान, पुत्रपौत्र, Descendant, वंशजः, सन्तानः (पुं.) सन्ततिः (स्त्री.)।

वंशधर (पुं. तस.) दे. 'वंशज'।

वंशलोचन (पुं. तस.) तवाशीर, Bamboo mamma, वंशलोचनः (पुं.) वंशशर्करा, वांशी, शुभा (स्त्री.)।

वंशावली (स्त्री. तस.) वंश-परम्परा, Genealogy, वंशावली, वंशपरम्परा (स्त्री.)।

वंशी (स्त्री. तस.) बाँसुरी, A flute, वंशी, वंशिका, मुरली (स्त्री.)।

वंशीधर (पुं. तस.) श्रीकृष्ण का एक उपनाम, An epithet of Lord Krishna, वंशीधरः (पुं.)।

वंशीवट (पुं. तस.) वह बड़ का पेड़ जिसके नीचे श्रीकृष्ण बंसी बजाया करते थे, The banyan tree under which Lord Krishna used to play on the flute, वंशीवटः (पुं.)।

व (अ. फा.) और, And, च, तथा (अ.)।

वक (पुं. तस.) बगुला, A herone, वकः (पुं.) दे. 'वकासुर'।

वकालत (स्त्री. इं.) अधिवक्तृत्व, वकील का कार्य, Advocacy, अधिवक्तृत्वम् (नपुं.) अधिवक्तृता (स्त्री.)।

वकासुर (पुं. तस.) एक राक्षस, जिसे श्रीकृष्ण ने मारा था, A demon who was killed by Lord Krishna, वकासुरः (पुं.)।

वकील (पुं. इं.) अधिवक्ता, An advocate, अधिवक्ता-तृ (पुं.)।

वक्त (पुं. अर.) समय, काल, अवसर, Time, समयः, कालः, अवसरः (पुं.)।

वक्तव्य (पुं. तस.) कथन, Statement, वक्तव्यम् (नपुं.) भाषणम् (नपुं.)।
(वि. तस.) कहने योग्य, कथनीय, Proper to be spoken, वक्तव्य, कथनीय (वि.)।

वक्ता (पुं. तस.) कहने वाला, भाषणकर्ता, A speaker, a lecturer, वक्ता-तृ (पुं.)।

वक्तृता (स्त्री. तस.) भाषण, कथन, A speech, a lecture, भाषणम्, कथनम् (नपुं.)।

वक्त्र (पुं. तस.) मुख, वदन, Mouth, face, वक्त्रम्, मुखम्, वदनम् (नपुं.)।

वक्फ़ (पुं. अर.) धर्मार्थ संपद् और उसका न्यास, Charitable wealth and its trust, परोपकाराय दानम् (नपुं.), धर्मार्थ-न्यासः (पुं.)।

वक्र (वि. तस.) टेढ़ा, कुटिल, Curved, crooked, वक्र, कुटिल, कपटी-टिन् (वि.)।

वक्रता (स्त्री. तस.) टेढ़ापन, कुटिलता, कपट, Crookedness, curvature, fraudulence, वक्रता, कुटिलता (स्त्री.), कपटम्, छलम् (नपुं.)।

वक्रोक्ति (स्त्री. तस.) शब्दालंकार का एक भेद, A kind of figure of speech, वक्रोक्तिः (स्त्री.)।

वक्षःस्थल (पुं. तस.) छाती, The breast, the bosom, वक्षःस्थलम्, उरःस्थलम् (नपुं.)।

वगैरह (अ. अर.) इत्यादि, Etcetra, इत्यादि, आदि, प्रभृति (अ.)।

वच (पुं. तभ.) वचन, Saying, वचः-स् (नपुं. वचः, वचसी, वचांसि)।

वचन (पुं. तस.) कथन, शब्द, Saying, word, वचनम् (नपुं), वचः (नपुं.)।

वच, वचा (स्त्री. तस.) वच, उग्रगन्धा, लोमशा, एक ओषधि, Sweet flag, वचा, उग्रगन्धा, लोमशा (स्त्री.)।

वच्छ (पुं. तभ.) दे. 'वत्स'।

वच्छ (वि. तभ.) दे. 'वत्स'।

वज़न (पुं. अर.) भार, Load, weight, भारः (पुं.)।

वजह (स्त्री. अर.) कारण, हेतु, Cause, reason, कारणम्, निमित्तम्, प्रयोजनम् (नपुं.), हेतुः (पुं.)।

वज़ीफा (पुं. अर.) छात्रवृत्ति, Scholarship, छात्रवृत्तिः (स्त्री.)।

वजीर (पुं. अर.) मन्त्री, सचिव, अमात्य, A minister, secretary, मन्त्री-त्रिन्, सचिवः, अमात्यः (पुं.)।

वज्र (पुं. तस.) इन्द्र का हथियार, कठोर वस्तु, A thunderbolt of Indra, any hard thing वज्रः, वज्रम् (पुं., नपुं.) पविः (पुं.), कुलिशम् (नपुं.)।

वज्रासन (पुं. तस.) एक प्रकार का योगासन, A kind of Yoga posture, वज्रासनम् (नपुं.)।

वज्री (पुं. तस.) इन्द्र का उपनाम, An epithet of Indra, वज्री-इन् (पुं.), इन्द्रः (पुं.)।

वट (पुं. तस.) बड़ का पेड़, न्यग्रोध, A banyan tree, वटः, न्यग्रोधः जटालः (पुं.)।

वटिका, वटी (स्त्री. तस.) दवाई की गोली, A globule, वटिका, वटी (स्त्री.)।

वटु, वटुक (पुं. तस.) छात्र, बालक, माणवक, A lad, a student, a boy, वटुः, वटुकः छात्रः, ब्रह्मचारी-रिन् (पुं.)।

वणिक् (पुं. तस.) बनिया, व्यापारी, वैश्य, A trader, a merchant, a shopkeeper, a Vaishya, वणिक्-ज् (पुं.) व्यापारी-रिन्, वैश्यः, आपणिकः (पुं.)।

वतन (पुं. अर.) जन्मभूमि, अपना देश, Birthland, native country, जन्मभूमिः, मातृभूमिः (स्त्री.)।

वतनी (वि. अर.) अपने देश का, स्वदेशीय, Relating to own country, स्वदेशीय (वि.)।

वत् (प्र. तस.) समान, सदृश, Similar, like, वत् (प्र.)।

वत्स (पुं. तस.) बच्चा, A child, वत्सः (पुं.)।

(वि. तस.) प्यारा, Lovely, वत्स, प्रिय (वि.)।

वत्सतर (पुं. तस.) बछड़ा, A calf, गोवत्सः (पुं.), वत्सतरः (पुं.)।

(वि. तस.) अधिक प्रिय, More lovely, वत्सतर (वि.)।

वत्सतरी (स्त्री. तस.) बछिया, A heifer, गोवत्सी (स्त्री.) वत्सतरी (स्त्री.)।

वत्सर (पुं. तस.) वर्ष, साल, A year, वत्सरः, हायनः, अब्दः (पुं.), वर्षम् (नपुं.)।

वत्सल (वि. तस.) संतान से प्यार करने वाला, स्नेही, Child loving, affectionate, वत्सल (वि.), स्नेहिन् (वि.)।

वदन (पुं. तस.) मुख, A mouth, a face, वदनम्, मुखम्, वक्त्रम् (नपुं.)।

वदान्य (पुं. तस.) उदार, मधुरभाषी, Generous, sweetspeaking, eloquent, उदार, मधुरभाषी, सुवक्ता-तृ (पुं.)।

वध (पुं. तस.) हत्या, मारण, Slaughter, murder, वधः (पुं.), हत्या (स्त्री.), मारणम् (नपुं.)।

वधिक (पुं. तस.) हत्यारा, मारने वाला, A murderer, an assassin, an executioner, वधिकः, घातकः (पुं.)।

वधू, वधूटी (स्त्री. तस.) बहू, A bride, a wife, वधू, वधूटी (स्त्री.)।

वध्य (वि. तस.) मारने योग्य, Fit to be killed, वध्य (वि.)।

वन (पुं. तस.) जंगल, अरण्य, A forest, वनम्, अरण्यम्, (नपुं.)।

वनस्पति (पुं. तस.) बड़ की जाति का बड़ा वृक्ष, हरियाली, A large tree like banyan, vegitation, वनस्पतिः (पुं.)।

वनिता (स्त्री. तस.) स्त्री, पत्नी, A woman, a wife, वनिता (स्त्री.)।

वनैला (वि. तभ.) वन्य प्राणी, जंगली, Wild, savage, वन्य (वि.)।

वन्य (वि. तस.) दे. 'वनैला'।

वपन (पुं. तस.) बोना, बाल काटना, Sowing, shaving, वपनम् (नपुं.)।

वपा (स्त्री. तस.) चर्बी, वसा, Fat, marrow, वपा, वसा (स्त्री.)।

वपु (पुं. तस.) शरीर, काया, देह, A body, वपुस् (नपुं.) — (वपुः, वपुषी, वपूंषि), शरीरम् (नपुं.)।

वफा (स्त्री. अर.) ईमानदारी, स्वामिभक्ति, Sincerity, faithfulness, सत्यता, स्वामिभक्तिः (स्त्री.)।

वफादार (वि. अर.) कर्त्तव्यपरायण, स्वामिभक्त, Faithful, loyal, कर्त्तव्यपरायण, स्वामिभक्ति (वि.)।

वफाई (स्त्री. अर.) दे. 'वफा'।

वबाल (पुं. अर.) भार, कठिनाई, संकट, Burden, difficulty, भारः (पुं.), काठिन्यम् (नपुं.)।

वमन (पुं. तस.) उल्टी, कै, Vomiting, वमनम् (नपुं.), वमी (स्त्री.)।

वमी (स्त्री. तस.) दे. 'वमन'।

वयः, वय (पुं. तस.) आयु, उमर, पक्षी, Age, a bird, वयस् (नपुं.) (वयः, वयसी, वयांसि।)

वयस्क (पुं. तस.) बालिग, Mature, grown up, वयस्कः (पुं.)।

वयस्य (पुं. तस.) हमजौली, साथी, मित्र, A companion, a friend, वयस्यः (पुं.), मित्रम् (नपुं.)।

वयोवृद्ध (वि. तस.) आयु में बड़ा, Aged, old, senior, वयोवृद्ध (वि.)।

वरंच (अ. तस.) परन्तु, किन्तु, But, वरञ्च, परन्तु (अ.)।

वर (वि. तस.) श्रेष्ठ, उत्तम, Good, praiseworthy, वर (वि.)।

वर (पुं. तस.) दूल्हा, A bridegroom, वरः, विवाहार्हः (पुं.)।

वर (पुं. तस.) शुभ आशीर्वाद, A boon, वरम् (नपुं.)।

वरक (पुं. अर.) पन्ना, पुस्तक का पन्ना, A leaf, a leaf of a book, पर्णम्, पत्रम् पुस्तकपत्रम् (नपुं.)।

वरजिश (स्त्री. फा.) व्यायाम, कसरत, An exercise, व्यायामः (पुं.)।

वरण (पुं. तस.) चुनाव, अपनाना, Selection, वरणम् (नपुं.)।

वरद (वि. तस.) वर देने वाला, One who gives a boon, वरद (वि.)।

वरना (अ. अर.) नहीं तो, अन्यथा, Lest, otherwise, नो चेत्, अन्यथा (अ.)।

वरांडा (पुं. इं.) मकान के आगे खुला छता हुआ स्थान, Varandah, प्रघाणः, अलिन्दः (पुं.)।

वराटिका (स्त्री. तस.) कौड़ी, कपर्दिका, Corie, वराटिका, कपर्दिका (स्त्री.)।

वराह (पुं. तस.) सूअर, A pig, शूकरः, घोणिः (पुं.)।

वरिष्ठ (वि. तस.) सब से उत्तम, Best, senior most, वरिष्ठ (वि.)।

वरुण (पुं. तस.) जल का देवता, परमेश्वर, God of water, God, वरुणः (पुं.)।

वरुणानी (स्त्री. तस.) वरुण की पत्नी, Wife of Varuṇa, वरुणानी (स्त्री.)।

वरुणालय (पुं. तस.) सागर, समुद्र, A sea, an ocean, वरुणालयः, सागरः (पुं.)।

वरूथिनी (स्त्री. तस.) सेना, An army, सेना (स्त्री.), सैन्यम् (नपुं.), वरूथिनी (स्त्री.)।

वरेण्य (वि. तस.) वरने योग्य, श्रेष्ठ, उत्तम, Fit to be selected, best, वरेण्य (वि.)।

वर्कशाप (पुं. इं.) कारखाना, A factory, शिल्पशाला (स्त्री.)।

वर्ग (पुं. तस.) लम्बाई चौड़ाई में बराबर आकृति, अपने से ही गुणित संख्या, समूह, A square, वर्गाकारः, समद्विघातः, समूहः (पुं.)।

वर्गमूल (पुं. तस.) जिस संख्या से वर्ग बना है वह संख्या, Square-root, वर्गमूलम् (नपुं.)।

वर्चस् (पुं. तस.) तेज, कांति, Lustre, beauty, वर्चस् (नपुं.), वर्चः, वर्चसी, वर्चांसि।

वर्चस्वी (वि. तस.) तेजस्वी, प्रभावशाली, Vigorous, energetic, brilliant, वर्चस्विन्, तेजस्विन् (वि.)।

वर्जन (पुं. तस.) त्याग, मोचन, Sacrifice, prohibition, वर्जनम् (नपुं.)।

वर्जनीय (वि. तस.) त्याज्य, त्यक्तव्य, छोड़ने योग्य, Fit to be left or prohibited, वर्जनीय, वर्ज्य (वि.)।

वर्जित (वि. तस.) त्यक्त, निषिद्ध, Left, prohibited, वर्जित, त्यक्त, निषिद्ध (वि.)।

वर्ण (पुं. तस.) रंग, अक्षर, ब्राह्मणादि वर्ण, Colour, letter, caste, वर्णः (पुं.)।

वर्णन (पुं. तस.) बयान, व्याख्या, Description, वर्णनम् (नपुं.)।

वर्णमाला (स्त्री. तस.) वर्णों का क्रमिक समूह, An alphabet, वर्णमाला (स्त्री.)।

वर्णनीय (वि. तस.) वर्णन करने योग्य, Describable, वर्णनीय, वर्ण्य (वि.)।

वर्णित (वि. तस.) जिसका वर्णन किया गया हो, Described, वर्णित, कथित (वि.)।

वर्णी (पुं. तस.) ब्रह्मचारी, A religious student, वर्णी-णिन्, ब्रह्मचारी-रिन् (पुं.)।

वर्ण्य (वि. तस.) दे. 'वर्णनीय'।

वर्तन (पुं. तस.) वेतन, व्यवहार, Wages, behaviour, वर्तनम्, वेतनम् (नपुं.)।

वर्तनी (स्त्री. तस.) शब्द में वर्णों की व्यवस्था, वर्ण-विन्यास, Spelling, वर्तनी (स्त्री.), वर्ण-विन्यासः (पुं.)।

वर्तमान (वि. तस.) मौजूद, विद्यमान, Present, existing, वर्तमान, विद्यमान (वि.)।

वर्ती (स्त्री. तस.) बत्ती, A wick, वर्ती, वर्त्तिका, दशा (स्त्री.)।

वर्तुल (वि. तस.) गोल, Round, वर्तुल, गोलाकार (वि.)।

वर्दी (स्त्री. अर.) वरदी, निश्चित पहनावा, A specified dress, निश्चितं परिधानम् (नपुं.)।

वर्धन, वर्द्धन (पुं. तस.) बढ़ना, वृद्धि, Increase, increment, progress, वर्धनम् (नपुं.), वृद्धिः (स्त्री.), उन्नतिः (स्त्री.)।

वर्मन् (पुं. तस.) कवच, An armour, कवचम् (पुं.), वर्मन् (नपुं.) (वर्म, वर्मणी वर्माणि) (वि. तस.) क्षत्रियों का विशेषण, वर्मा, A title of kshatriyas, वर्मा (पुं.) वर्मा, वर्माणौ, वर्माणः)

वर्ष (पुं. तस.) साल, Year, वर्षम् (नपुं.), संवत्सरः, अब्दः (पुं.)।

वर्षा (स्त्री. तस.) वृष्टि, वर्षण, Rain, वर्षाः (स्त्री. बहु.), वृष्टिः (स्त्री.), वर्षणम् (नपुं.)।

वलय (पुं. तस.) चूड़ी, कंगना, घेरा, A bangle, surrounding, वलयः, वलयम् (पुं., नपुं.), कङ्कणम्, (नपुं.), मण्डलम् (नपुं.)।

वलित (वि. तस.) घिरा हुआ, झुर्रियों वाला, Wrinkled, वलीयुक्त, वलयित, आच्छादित (वि.)।

वलिः (स्त्री.) झुर्री, Wrinkle, shrink, वलिः, वली (स्त्री.)।

वली (स्त्री. तस.) दे. 'वलिः'।
(पुं. अर.) स्वामी, प्रभु, शासक, Master, ruler, स्वामी, प्रभुः, शासकः (पुं.)।

वल्कल (पुं. तस.) वृक्ष की छाल, The bark of a tree, वल्कलः-लम् (पुं., नपुं.)।

वल्गा (स्त्री. तस.) लगाम, A rein, वल्गा, कविका (स्त्री.)।

वल्द (पुं. अर.) पिता, Father, पिता, जनकः (पुं.)।

वल्दीयत (स्त्री. अर.) पितृत्व, पिता का नाम, Father's name, पितृ-नाम (नपुं.)।

वल्मीक (पुं. तस.) बाम्बी, दीमक के द्वारा बनाया गया टीला, A mole, an ant-hill, वल्मीकः (पुं.)।

वल्लभ (वि. तस.) प्रिय, Loving, प्रिय (वि.)।
(पुं. तस.) पति, A husband, वल्लभः, पतिः (पुं.)।

वल्लभा (स्त्री. तस.) पत्नी, प्रेयसी, A wife, पत्नी, प्रेयसी (स्त्री.)।

वल्लरी (स्त्री. तस.) बेल, लता, A creeper, वल्लरी, लता, वल्ली (स्त्री.)।

वशंवद (वि. तस.) आज्ञाकारी, सेवक, Obedient, a servant, वशंवद (वि.), वशंवदः, भृत्यः (पुं.)।

वश (पुं. तस.) नियन्त्रण, Control, वशम्, वशः (पुं., नपुं.)।

वशवर्ती (वि. तस.) दे. 'वशंवद' — वशवर्तिन् (वि.)।

वशी (पुं. तस.) वश में रखने वाला, नियामक, संयमी, जितात्मा, Controlling of passions, a sage, नियामकः, जितेन्द्रियः, संयमी-मिन् (पुं.)।

वशीकरण (वि. तस.) वश में करने वाला, Controlling, subduing, वशीकरण (वि.)।

वशीकरण (पुं. तस.) वश में करना, Controlling, वशीकरणम् (नपुं.)।

वश्य (वि. तस.) वश में करने योग्य, Governable, वश्य (वि.)।

वसंत, वसन्त (पुं. तस.) ऋतुराज, Spring season, वसन्तः, ऋतुराजः, सुरभिः (पुं.)।

वसंतपञ्चमी (पुं. तस.) वसन्त ऋतु का माघ शुक्ल पंचमी का पर्व, A festival relating to welcome Spring season, वसन्तपञ्चमी (स्त्री.)।

वसती (स्त्री. तभ.) बस्ती, A colony, वस्तिः, वस्ती (स्त्री.)।

वसन (पुं. तस.) वस्त्र, कपड़ा, A cloth, a dress, वसनम्, वस्त्रम्, परिधानम् (नपुं.)।

वसीका (पुं. अर.) प्रतिज्ञापत्र, सन्धिपत्र, An agreement paper, प्रतिज्ञापत्रम्, समयपत्रम् (नपुं.)।

वसीयत (स्त्री. अर.) उत्तराधिकारपत्र, Heredity letter, उत्तराधिकारपत्रम् (नपुं.)।

वसीला (पुं. अर.) साधन, A means, साधनम् (नपुं.)।

वसुंधरा, वसुन्धरा (स्त्री. तस.) भूमि, वसुधा, The earth, वसुन्धरा, वसुधा, पृथिवी, भूमिः (स्त्री.)।

वसु (पुं. तस.) आठ वसु देवता, Eight vasu gods, धरा ध्रुवश्च सोमश्च, विष्णुश्चैवानिलोऽनलः। प्रत्यूषश्च प्रभातश्च वसवोऽष्टौ क्रमात् स्मृताः।। एक वेद पढ़ने वाला, One who reads one Veda, वसुः (पुं.)।

वसुदेव (पुं. तस.) श्रीकृष्ण के जन्मदाता का नाम, Father of Lord Krishna, वसुदेवः (पुं.)।

वसुधा (स्त्री. तस.) दे. 'वसुन्धरा'।

वसूल करना (सकर्म. अर.) प्राप्त करना, To receive, प्र+आप् (स्वा. उ.), प्राप्नोति, प्राप्नुते।

वसूली (स्त्री. अर.) प्राप्ति, Receiving, gaining, प्राप्तिः (स्त्री.), अधिगमः (पुं.)।

वस्ति (स्त्री. तस.) पेट का पक्वाशय का भाग, निवास Belly, a colony, वस्तिः (स्त्री.)।

वस्तु (स्त्री. तस.) चीज, पदार्थ, A thing, वस्तु (नपुं.)।

वस्तुतः (अ. तस.) दरअसल, असल में, As a matter of fact, वस्तुतः (अ.)।

वस्त्र (पुं. तस.) कपड़ा, परिधान, A cloth, a dress, वस्त्रम्, वसनम्, परिधानम् (नपुं.)।

वह (सर्व. तभ.) दूर की वस्तु का संकेतक सर्वनाम, He, that, she, सः, सा, तत् (सर्व.)।

वहन (पुं. तस.) ढोना, उठाना, बहना, Carrying, bearing, flowing वहनम् (नपुं.)।

वहम (पुं. अर.) भ्रम, भ्रान्ति, Illusion, भ्रमः (पुं.), भ्रान्तिः (स्त्री.)।

वहशी (वि. अर.) जंगली, असभ्य, क्रूर, Wild, uncivilized, cruel असभ्य, क्रूर (वि.)।

वहाँ (अ. तभ.) उस जगह, There, तत्र (अ.)।

वहीं (अ. तभ.) उसी जगह, Only there, तत्रैव (अ.)।

वही (स्त्री. तभ.) वह ही, Only that, स एव, सा एव, तदेव (सर्व.)।

वह्नि (पुं. तस.) आग, Fire, वह्निः, अग्निः, अनलः, ज्वलनः (पुं.)।

वांछनीय, वाञ्छनीय (वि. तस.) चाहने योग्य, Worth to be desired, वाञ्छनीय (वि.)।

वांछा, वाञ्छा (स्त्री. तस.) चाह, इच्छा, Wish, desire, वाञ्छा, इच्छा, कामना (स्त्री.)।

वांछित, वाञ्छित (वि. तस.) चाहा हुआ, Desired, वाञ्छित, इच्छित (वि.)।

वा (अ. तस.) अथवा, या, Or, अथवा, वा (अ.)।

वाक् (स्त्री. तस.) वाणी, A tongue, a talk, a language, वाक्-ग्, वाचा, वाणी (स्त्री.)।

वाकई (अ. अर.) वस्तुतः, दरअसल, Really, वस्तुतः, सत्यतः (अ.)।

वाकिफ (वि. अर.) परिचित, जाना-पहचाना, Known, familiar, परिचित (वि.)।

वाकफियत (स्त्री. अर.) परिचय, पहचान, Recognition, identity, परिचयः (पुं.)।

वाक्य (पुं. तस.) शब्दों का भावपूर्ण समूह, A sentence, वाक्यम् (नपुं.)।

वागा (स्त्री. तस.) दे. 'वल्गा'।

वागीश (पुं. तभ.) वाणी का स्वामी, वृहस्पति, A master of tongue, the epithet of Brihaspati, वागीशः (पुं.)।

वागुरा (स्त्री. तस.) जाल, बन्धनी, A net, वागुरा (स्त्री.), जालः-लम् (पुं. नपुं.)।

वागुरिक (पुं. तस.) व्याध, बहेलिया, A fowler, वागुरिकः, व्याधः (पुं.)।

वाग्जाल (पुं. तस.) शब्दों का जाल, साररहित बात, An empty talk, शब्दाडम्बरः, वाक्प्रपञ्चः (पुं.)।

वाग्दान (पुं. तस.) सगाई, कन्या और वर के विवाह की प्रतिज्ञा, A vow for betrothal, वाग्दानम् (नपुं.)।

वाग्देवी (स्त्री. तस.) वाणी रूपी देवी, सरस्वती का उपनाम, An epithet of Saraswati, वाग्देवी, सरस्वती (स्त्री.)।

वाग्भट्ट (पुं. तस.) आयुर्वेद के प्रसिद्ध विद्वान्, जिन्होंने 'अष्टांगहृदय' नामक आयुर्वेद का ग्रन्थ लिखा था, A well-known scholar of Ayurveda who wrote Ashṭānga-hridaya, वाग्भट्टः (पुं.)।

वाग्मी (वि. तस.) बोलने में चतुर, Well versed in talking or speech, वाग्मिन् (वि.)।

वाङ्मय (पुं. तस.) साहित्य, Literature, वाङ्मयः (पुं.)।

वाचक (पुं. तस.) बाँचने वाला, बताने वाला, One who reads, synonym word, वाचकः (पुं.)।

वाचन (पुं. तस.) बाँचना, Reading out, वाचनम् (नपुं.)।

वाचनालय (पुं. तस.) पत्र-पुस्तक आदि बाँचने का कमरा, A reading room, वाचनालयः (पुं.)।

वाचनिक (वि. तस.) मौखिक, मुख से बताए जाने वाला, Oral, मौखिक (वि.)।

वाचस्पति (पुं. तस.) वाणी का स्वामी, ईश्वर, आचार्य वृहस्पति का एक उपनाम, Master of tongue, God, an epithet of Acharya Brihaspati, वाचस्पतिः (पुं.)।

वाचा (स्त्री. तस.) वाणी, वाणी द्वारा, A tongue, with a tongue, वाचा, वाणी, वाण्या (स्त्री.)।

वाचाल (पुं. तस.) बकवादी, Talkative, वाचालः, वावदूकः (पुं.)।

वाचिक (वि. तस.) दे. 'वाचनिक'।

वाच्य (वि. तस.) कहने योग्य, Fit to say, वाच्य (वि.)।

वाच्यार्थ (पुं. तस.) शब्द का मुख्य अर्थ, The main meaning of a word, वाच्यार्थः, अभिधेयार्थः (पुं.)।

वाजिब (वि. अर.) उचित, ठीक, उपयुक्त, Suitable, correct, just, उचित, उपयुक्त (वि.)।

वाजी (पुं. तस.) घोड़ा, अश्व, A horse, वाजी-जिन्, अश्वः, हयः, तुरगः (पुं.)।

वाजीकरण (पुं. तस.) दवाइयों द्वारा काम-पूर्ति के लिए शक्ति देना, Exciting sexual strength with the help of medicines, वाजीकरणम् (नपुं.)।

वाटिका (स्त्री. तस.) छोटा बगीचा, फुलवाड़ी, A small garden, वाटिका (स्त्री.)।

वाडवानल (पुं. तस.) समुद्र के जल को सुखाने वाली आग, Submarine fire, वाडवानलः, वाडवाग्निः (पुं.)।

वाडवाग्नि (स्त्री. तस.) दे. 'वाडवानल' वाडवाग्निः (पुं.)।

वाणिज्य (पुं. तस.) व्यापार, Business, trade, वाणिज्यम् (नपुं.), व्यापारः (पुं.)।

वाणी (स्त्री. तस.) वाक्, वाचा, सरस्वती, A tongue, a language, वाणी, वाक् (स्त्री.)।

वात (पुं. तस.) वायु, पवन, हवा, Air, wind, वातः, पवनः, अनिलः (पुं.)।

वातज (वि. तस.) वायु से उत्पन्न होने वाला (रोग), वातज (वि.), (पुं. तस.) हनुमान का उपनाम, पवनपुत्र, An epithet of Hanuman, वातजः, पवनपुत्रः (पुं.)।

वातायन (पुं. तस.) खिड़की, A window, वातायनम् (नपुं.)।

वातोन्माद (पुं. तस.) हिस्टीरिया, Hysteria, वातोन्मादः (पुं.)।

वात्सल्य (पुं. तस.) बच्चों से प्यार, Love for children, fondness, वात्सल्यम् (नपुं.)।

वाद (पुं. तस.) मत, विचार, बहस, शास्त्रार्थ, A discourse, discussion, वादः (पुं.)।

वादक (पुं. तस.) बजाने वाला, One who plays on a musical instrument, वादकः (पुं.)।

वादन (पुं. तस.) बजाना, To play on a instrument, वादनम् (नपुं.)।

वाद-विवाद (पुं. तस.) बहस-मुबाहसा, Discussion, वाद-विवादः (पुं.)।

वादा (पुं. अर.) दे. 'वायदा'।

वादी (पुं. तस.) प्रश्नकर्ता, पहला पक्ष, An accuser, a complainant, the first party, वादी-दिन् (पुं.)।

वाद्य (पुं. तस.) बाजा, A musical instrument, वाद्यम् (नपुं.)।

वानप्रस्थ (पुं. तस.) द्विजों के जीवन की तीसरी अवस्था, Third phase of the life of Brāhmaṇa, Kṣatriya, and vaiśya, वानप्रस्थः (पुं.)।

वानप्रस्थी (पुं. तस.) वानप्रस्थ को ग्रहण करके घर त्याग करने वाला, One who goes from home to perform vānaprastha, वानप्रस्थी-थिन् (पुं.)।

वानर (पुं. तस.) बन्दर, कपि, मर्कट, A monkey, वानरः, कपिः, मर्कटः, शाखामृगः (पुं.)।

वापस (वि. फा.) लौटा हुआ, लौटाया हुआ, Returned, given back, प्रत्यागत, प्रतिदत्त (वि.)।

वापसी (स्त्री॰ फा॰) लौटाने का कार्य, लौटना, लौटाना Returning, retreating, going back, प्रत्यागमनम् (नपुं॰)।

वापिका, वापी (स्त्री॰ तस॰) बावड़ी, A tank of water with staircase, वापी, वापिका (स्त्री॰)।

वापिस, वापिसी दे॰ 'वापस, वापसी'।

वाम (वि॰ तस॰) उल्टा, विपरीत, बायाँ, सुन्दर, Reverse, opponent, left hand, beautiful, वाम (वि॰)।

वामन (पुं॰ तस॰) बौना, A dwarf, वामनः (पुं॰), विष्णु का एक अवतार A carnation of Vishnu, वामनावतारः (पुं॰)।

वाममार्ग (पुं॰ तस॰) तान्त्रिकों का एक उपसम्प्रदाय, जिसमें मांस, शराब और व्यभिचार आदि सब चलता है, The Tantric sect in which meat, wine etc. are allowed, वाममार्गः (पुं॰)।

वामा (स्त्री॰ तस॰) सुन्दर स्त्री, A beautiful woman, वामा, सुन्दरी (स्त्री॰)।

वायव्य (वि॰ तस॰) वायु से सम्बन्धित, उत्तर-पश्चिमी दिशा, Pertaining to wind, the north west quarter, वायव्य (वि॰)।

वायस (पुं॰ तस॰) कौआ, A crow, वायसः, काकः, ध्वाङ्क्षः (पुं॰)।

वायु (स्त्री॰ तस॰) हवा, Air, wind, वायुः, पवनः, अनिलः, वातः, मरुत् (पुं॰)।

वारंवार (अ॰ तस॰) बार-बार, Again and again, वारम्वारम्, पुनः पुनः (अ॰)।

वार (पुं॰ तस॰) दिन, आक्रमण, बारी, Day, attack, turn, दिनम्, आक्रमणम् (नपुं॰), पर्यायः, वारः (पुं॰)।

वारक (पुं॰ तस॰) रोकने वाला, निवारक, Obstructor, defender, वारकः, निवारकः (पुं॰)।

वारण (पुं॰ तस॰) रोकना, Obstructing, defending, वारणम्, निवारणम् (नपुं॰)। (पुं॰ तस॰) हाथी, गज, द्विप, An elephant, हस्ती, गजः, द्विपः, वारणः (पुं॰)।

वारणावत (पुं॰ तस॰) गङ्गा के तट पर एक प्रदेश, A place situated on the bank of Ganga, वारणावतः (पुं॰)।

वारदात (स्त्री॰ अर॰) दुर्घटना, An accident, दुर्घटना (स्त्री॰)।

वारना (सकर्म॰ तभ॰) भेंट चढ़ाना, मंगल के लिए कोई वस्तु वार देना, To dedicate, to encircle to sacrifice, अनिष्ट-वारणाय उत्+सृज् (तुदा॰ पर॰)—उत्सृजति।

वारपार (पुं॰ तभ॰) नदी के दोनों तट, Both the shores of a river, अवारपारौ, उभयतटौ (पुं॰ द्वि॰)।

वारांगना, वाराङ्गना (स्त्री॰ तस॰) वेश्या, A prostitute, वाराङ्गना, वेश्या (स्त्री॰)।

वारांनिधिः (पुं॰ तस॰) सागर, वारिधि, जलनिधि, A sea, an ocean, वारांनिधिः वारिधिः जलनिधिः (पुं॰)।

वाराणसी (स्त्री॰ तस॰) बनारस का पुराना नाम, An old name of Banaras, वाराणसी (स्त्री॰)।

वाराही (स्त्री॰ वि॰ तस॰) वराह अवतार वाली, सूअर से सम्बन्धित, वाराही (तनुः), (स्त्री॰)।

वारि (पुं॰ तस॰) पानी, जल, Water, वारि, पानीयम्, जलम् (नपुं॰)।

वारिज, वारिजात (पुं॰ तस॰) कमल, A lotus, वारिजम्, वारिजातम्, कमलम्, नीरजम् (नपुं॰)।

वारिद, वारिधर (पुं॰ तस॰) बादल, A cloud, वारिदः, वारिधरः, जलदः, मेघः (पुं॰)।

वारिधि, वारिनिधि (पुं॰ तस॰) दे॰ 'वारांनिधिः — वारिधिः, वारिनिधिः (पुं॰)।

वारिस (पुं. अर.) उत्तराधिकारी, A successor, heir, उत्तराधिकारी-रिन् (पुं.)।

वारुणी (स्त्री. तस.) एक प्रकार की शराब, A kind of spirituous liquor, वारुणी, मदिरा (स्त्री.)।

वार्ता (स्त्री. तस.) बात, खबर, Matter, a news, वार्ता (स्त्री.), वार्तम् (नपुं.)।

वार्तालाप (पुं. तस.) बातचीत, A conversation, वार्तालापः, वार्त्तालापः (पुं.)।

वार्तिक (स्त्री. तस.) पूरक वाक्य, A complement sentence, वार्तिकम् (नपुं.)।

वार्धक्य (पुं. तस.) बुढ़ापा, वृद्धत्व, Old age, वार्धक्यम्, वार्द्धक्यम् (नपुं.)।

वार्षिक (वि. तस.) वर्षा या वर्ष से सम्बन्धित, Pertaining to rain or year, annual, वार्षिक (वि.)।

वार्ष्णेय (पुं. तस.) श्रीकृष्ण का एक उपनाम, An epithet of Lord Krishna, वार्ष्णेयः, कृष्णः (पुं.)।

वालिद (पुं. अर.) पिता, A father, पिता, जनकः (पुं.)।

वालिदा (स्त्री. अर.) माता, जननी, A mother, माता, जननी, अम्बा (स्त्री.)।

वाल्मीकि (पुं. तस.) रामायण के रचयिता ऋषि का नाम, A sage who wrote Ramayana, वाल्मीकिः।

वास (पुं. तस.) गन्ध, निवास, वस्त्र, Smell, residence, cloth, गन्धः, निवासः वासः (वासः, वाससी, वासांसि) (नपुं.)।

वासना (स्त्री. तस.) कामना, इच्छा, Desire, कामना (स्त्री.), अभिलाषः (पुं.)।

वासर (पुं. तस.) दिन, दिवस, A day, वासरः, दिवसः (पुं.), दिनम् (नपुं.)।

वासव (पुं. तस.) इन्द्र, God Indra, वासवः (पुं.)।

वासित (वि. तस.) सुगन्धित, Perfumed, वासित, सुगन्धित (वि.)।

वासी (वि. तस.) रहने वाला, निवासी, Habitant, वासी-सिन् (वि.)।

वासुदेव (पुं. तस.) श्रीकृष्ण का उपनाम, An epithet of Lord Krishna, वासुदेवः (पुं.)।

वास्तव (वि. तस.) असली, Real, वास्तव (वि.)।

वास्तविक (वि. तस.) दे. 'वास्तव' — वास्तविक (वि.)।

वास्तव्य (वि. तस.) रहने वाला, निवासी, Habitant, वास्तव्य, निवासिन् (वि.)।

वास्ता (पुं. अर.) सम्बन्ध, Relation, connection, सम्बन्धः (पुं.)।

वास्तु (पुं. तस.) निवासभूमि, मकान, Site of a building, a house, गृहभूमिः (स्त्री.), वास्तु (पुं.-नपुं.), गृहम् (नपुं.)।

वास्ते (अ. अर.) के लिए, For, कृते (अ.)।

वाह (अ. फा.) बढ़िया, खूब, Well done, bravo, शोभनम्, सुष्ठु (अ.)।

वाह, वाहन (पुं. तस.) ढोने का साधन, A conveyance, वाहः, वाहनः (पुं.), वाहनम् (नपुं.)।

वाहवाही (स्त्री. फा.) प्रशंसा, ख्याति, प्रसिद्धि, Praise, fame, प्रशंसा, ख्यातिः, प्रसिद्धिः (स्त्री.)।

वाहियात (वि. फा.) व्यर्थ का, निरर्थक, Useless, worthless, व्यर्थ, निरर्थक (वि.)।

विंध्य, विन्ध्य (पुं. तस.) दे. 'विन्ध्याचल'।

विंध्यवासिनी (स्त्री. तस.) दुर्गा का एक उपनाम, An epithet of Durgā, विन्ध्यवासिनी (स्त्री.)।

विंध्याचल (पुं. तस.) विंध्य नाम का पहाड़, The name of a mountain, विन्ध्याचलः (पुं.)।

वि (उप. तस.) विशेष, अधिक, बीता हुआ आदि अर्थों को बताने वाला उपसर्ग, This prefix is used in the senses of special, more, gone etc, वि (उप.)।

विकट (वि. तस.) विषम, भयंकर, कठिन, Uneven, dreadful, difficult, विकट, विषम, भयङ्कर, कठिन (वि.)।

विकराल (वि. तस.) बहुत बड़ा, बहुत डरावना, Very huge,very dreadful, विकराल (वि.)।

विकर्षण (पुं. तस.) आकर्षण, Attraction, विकर्षणम्, आकर्षणम् (नपुं.)।

विकल (वि. तस.) बेचैन, व्याकुल, अंगहीन, Perplexed, devoid of an organ, विकल, व्याकुल, अङ्गहीन (वि.)।

विकलांग (वि. तस.) विकृत अंग वाला, Crippled, विकलाङ्ग (वि.)।

विकल्प (पुं. तस.) बदले में, स्थानापन्न, Option, wavering, विकल्पः (पुं.)।

विकसना (पुं. तभ.) खिलना, Blooming, flourishing, वि+कस्-विकसति।

विकसित (वि. तस.) खिला हुआ, Bloomed, prosperous, विकसित (वि.)।

विकार (पुं. तस.) परिवर्तन, त्रुटि, दोष, Change, alteration, defect, विकारः (पुं.)।

विकारी (वि. तस.) परिवर्तनशील, त्रुटिपूर्ण, Changeable, defective, विकारिन् (वि.)।

विकास (पुं. तस.) खिलना, उन्नति, वृद्धि, Evolution, blooming, prospering, विकासः (पुं.)।

विकीर्ण (वि. तस.) बिखरा हुआ, Scattered, विकीर्ण (वि.)।

विकृत (वि. तस.) बिगड़ा हुआ, Defective, विकृत (वि.)।

विकृति (स्त्री. तस.) दे. 'विकार'।

विक्रम (पुं. तस.) बहादुरी, पराक्रम, Heroism, valour, विक्रमः (पुं.)।

विक्रमादित्य (पुं. तस.) उज्जयिनी का प्रसिद्ध शासक, The celebrated king of Ujjain, विक्रमादित्यः- (पुं.)।

विक्रमाब्द (पुं. तस.) विक्रमादित्य के हूण विजय से चला हुआ संवत्सर, The century which began from the victory on Hunas by Vikramaditya, विक्रमाब्दः, विक्रम- संवत्सरः (पुं.)।

विक्रमी (वि. तस.) विक्रम से सम्बन्धित, Related to Vikrama, विक्रमी (संवत्सरः)।

विक्रय, विक्रयण (पुं. तस.) फरोख्त, बिक्री, Selling, विक्रयः (पुं.), विक्रयणम् (नपुं.)।

विक्रयी (पुं. तस.) बेचने वाला, विक्रेता, Seller, विक्रयी-यिन्, विक्रेता-तृ (पुं.)।

विक्रांत, विक्रान्त (वि. तस.) विजेता, शक्तिशाली, बहादुर, Victorious, mighty, brave, विक्रान्त, विजेतृ, शक्तिशालिन् (वि.)।

विक्रीत (वि. तस.) बेचा हुआ, Sold, विक्रीत (वि.)।

विक्रेता (पुं. तस.) दे. 'विक्रयी'।

विक्षिप्त (वि. तस.) बिखरा हुआ, अस्थिर, उन्मादी, Scattered, unstable, mad, विक्षिप्त, विकीर्ण, अस्थिर, उन्मादिन् (वि.)।

विक्षुब्ध (वि. तस.) अशान्त, व्याकुल, Perplexed, agitated, confused, विक्षुब्ध, अशान्त, व्याकुल (वि.)।

विक्षेप (पुं. तस.) अस्थिरता, चञ्चलता, Perplexity, confusion, wavering agitation, विक्षेपः (पुं.), चाञ्चल्यम् (नपुं.)।

विक्षोभ (पुं. तस.) दे. 'विक्षेप' — विक्षोभः (पुं.)।

विख्यात (वि. तस.) मशहूर, प्रसिद्ध, Famous, विख्यात, प्रसिद्ध (वि.)।

विगत (वि. तस.) बीता हुआ, गया हुआ, Gone away, passed, विगत, व्यतीत (वि.)।

विगर्हणा (स्त्री. तस.) निन्दा, बदनामी, Rebuke, ill-fame, reproach, विगर्हणा, निन्दा, गर्हा (स्त्री.)।

विगर्हित (वि. तस.) निन्दित, बदनाम, Rebuked, ill-famed, notorious, विगर्हित, निन्दित, अवद्य (वि.)।

विगलित (वि. तस.) गला हुआ, पिघला हुआ, नष्ट, Melted away, slackened, dead, विगलित, द्रुत, नष्ट (वि.)।

विगुण (वि. तस.) हानिकारक, गुणहीन, Harmful, destitute of merits, विगुण (वि.)।

विगृहीत (वि. तस.) झगड़ा हुआ, शरीरधारण किया हुआ, पदों में बाँटा हुआ, Fought, embodied, discompounded, विगृहीत (वि.)।

विग्रह (पुं. तस.) लड़ाई, शरीर, पदविभाजन, Battle, body, discompounding, विग्रहः (पुं.)।

विघटन (पुं. तस.) छिन्न - भिन्न होना, टूटना, Disunion, breaking up, विघटनम् (नपुं.)।

विघ्न (पुं. तस.) रुकावट, Obstacle, विघ्नम् (नपुं.)।

विचक्षण (वि. तस.) चतुर, निपुण, कुशल, Expert, clever, skilful, चतुर, निपुण, कुशल, पटु (वि.)।

विचरण (पुं. तस.) घूमना, सैर करना, Walking, loitering, विचरणम् (नपुं.)।

विचरना (अकर्म. तभ.) घूमना-फिरना, To stroll about, वि+चर् (भ्वा. पर.) — विचरति।

विचलना (अकर्म. तभ.) स्थान से हटना, To slip, वि+चल् — विचलति, स्खलति।

विचलित (वि. तस.) स्थान या धर्म आदि से हटा हुआ, स्खलित, Slipped from his place or promise etc. विचलित, स्खलित (वि.)।

विचार (पुं. तस.) ख्याल, मत, चिन्तन, Thought, idea, opinion, विचारः (पुं.)।

विचारक (पुं. तस.) विचारशील, विचार करने वाला, An investigator, a thinker, विचारकः (पुं.)।

विचारणा (स्त्री. तस.) विचार करने की क्रिया, Thinking, investigating, विचारणा (स्त्री.), विचारणम् (नपुं.)।

विचारणीय (वि. तस.) विचार करने योग्य, Fit to be thought or investigated, विचारणीय, विचार्य (वि.)।

विचारना (सकर्म. तभ.) सोचना, to think, वि+चारय् (प्रे.) — विचारयति।

विचारित (वि. तस.) सोचा हुआ, Thought, विचारित (वि.)।

विचार्य (वि. तस.) दे. 'विचारणीय'।

विचिकित्सा (स्त्री. तस.) सन्देह, जानने की इच्छा, Doubt, suspense, विचिकित्सा (स्त्री.), सन्देहः, संशयः (पुं.)।

विचित्र (वि. तस.) अद्‌भुत, Peculiar, विचित्र (वि.)।

विचित्रता (स्त्री. तस.) अनोखापन, Peculiarity, strangeness, विचित्रता (स्त्री.)।

विचित्रवीर्य (पुं. तस.) शान्तनु और सत्यवती का एक पुत्र, A son of Shantanu and Satyavati, विचित्रवीर्यः (पुं.)।

विच्छिन्न (वि. तस.) कटा-फटा, टुकड़े-टुकड़े हुआ, Cut off, divided, विच्छिन्न (वि.)।

विच्छेद (पुं. तस.) अलगाव, पुस्तक का अध्याय, Separation, a chapter of a book, वियोगः, विच्छेदः (पुं.)।

विछोह (पुं. देशी) वियोग, Separation, वियोगः (पुं.)।

विजन (वि. तस.) निर्जन, मनुष्यों से रहित, एकान्त, Lonely, without men, निर्जन (वि.)।
(पुं. तभ.) व्यजन, पंखा, A fan, व्यजनम् (नपुं.)।

विजय (स्त्री. तस.) जीत, Victory, विजयः (पुं.)।

विजया (स्त्री. तस.) भाँग, दुर्गा, An intoxicating plant, Durga, भङ्गा, हर्षिणी, दुर्गा (स्त्री.)।

विजयी (वि. तस.) जीतने वाला, Victorious, विजयिन् (वि.)।

विजयादशमी (स्त्री. तस.) दशहरे का पर्व, आश्विन मास की शुक्ला दशमी का पर्व, The festival of Dashahara which falls on white tenth of Ashvina month, विजयादशमी (स्त्री.)।

विजातीय (वि. तस.) अन्यप्रकार का, अनमेल, Foreign, different, विजातीय (वि.)।

विजित (वि. तस.) जीता हुआ, Defeated, विजित (वि.)।

विजितेन्द्रिय (वि. तस.) जिसने इन्द्रियों को जीत लिया है, Who has won his senses or controlled them, विजितेन्द्रिय (वि.)।

विजेता (वि. तस.) जीतने वाला, Victorious, विजेतृ (वि.)।

विज्जु (स्त्री. तभ.) विद्युत्, बिजली, Electricity, lightning, विद्युत् (स्त्री.)।

विज्ञ (वि. तस.) विशेषरूप से जानने वाला, Having well knowledge, विज्ञ (वि.)।

विज्ञप्ति (स्त्री. तस.) सूचना, Information, report, विज्ञप्तिः (स्त्री.)।

विज्ञात (वि. तस.) जाना हुआ, Known, विज्ञात, अवगत (वि.)।

विज्ञान (पुं. तस.) प्रयोगों द्वारा सिद्ध ज्ञान, आत्मा का ज्ञान, Science, spiritual knowledge, विज्ञानम् (नपुं.)।

विज्ञापन (पुं. तस.) इश्तहार, सर्वसामान्य के लिए सूचना, Advertisement, विज्ञापनम् (नपुं.)।

विट (पुं. तस.) धूर्त, कामी, नाटक के नायक का साथी, A wicked person, a cunning person, a companion of the hero in a drama, धूर्तः, कामुकः, नायकसहचरः (पुं.)।

विटप (पुं. तस.) वृक्ष, पेड़, A tree, विटपः, पादपः, वृक्षः, तरुः (पुं.)।

विडंबना, विडम्बना (स्त्री. तस.) तिरस्कार, उपेक्षा, Reproach, insult, carelessness, विडम्बना, उपेक्षा (स्त्री.)।

विडारना (अकर्म. देशी) बिखेर देना, To scatter, वि+कृ (तुदा. पर.) – विकिरति।

वितंडा, वितण्डा (स्त्री. तस.) अपने पक्ष को स्थापित किए बिना ही बहस, A discussion without announcing own view point, वितण्डा (स्त्री.)।

वितत (वि. तस.) फैला हुआ, Spread, वितत, प्रसृत (वि.)।

वितथ (पुं. तस.) झूठ, असत्य, A lie, वितथम्, असत्यम्, अनृतम् (वि.)।

वितरक (पुं. तस.) बाँटने वाला, देने वाला, Distributor, supplier, वितरकः (पुं.)।

वितरण (पुं. तस.) बाँटना, देना, Distribution, supply, वितरणम् (नपुं.)।

वितरित (वि. तस.) बाँटा हुआ, दिया हुआ, Distributed, supplied, वितरित (वि.)।

वितर्क (पुं. तस.) युक्ति की प्रतियुक्ति, Reasoning against reasoning, वितर्कः (पुं.)।

वितल (पुं. तस.) पौराणिक आधार पर माना गया एक लोक, A world mentioned in Puranas, वितलः (पुं.)।

वितस्ता (स्त्री. तस.) झेलम नदी, The name of the river Jhelam, वितस्तानदी (स्त्री.)।

वितान (पुं. तस.) तम्बू, पटवेश्म, A tent, वितानः (पुं.) पटवेश्म-मन् (नपुं.)।

वितानना (सकर्म. तभ.) तानना, फैलाना, To stretch, वि+तानय् (प्रेर.) — वितानयति।

वितुंड, वितुण्ड (पुं. तस.) हाथी, गज, An elephant, वितुण्डः, गजः, द्विपः, हस्ती (पुं.)।

वितृष्ण (वि. तस.) सन्तुष्ट, निष्काम, Contented, having no desire, वितृष्ण (वि.)।

वित्त (पुं. तस.) ऐश्वर्य, Money, wealth, वित्तम्, धनम्, ऐश्वर्यम् (नपुं.)।

विथकना (अकर्म. तभ.) बहुत थकना, To be weary, to be tired, श्रान्ती+भू-श्रान्तीभवति।

विथराना (सकर्म. तभ.) बिखेरना, To scatter, वि+कृ (तुदा. पर.)—विकिरति।

विथा (स्त्री. तभ.) दे. 'व्यथा'।

विदग्ध (वि. तस.) कुशल, चतुर, निपुण, Expert, skilful, clever, कुशल, विदग्ध, चतुर, निपुण (वि.)।

विदर्भ (पुं. तस.) बरार का पुराना नाम, The old name of Barār, विदर्भः (पुं.)।

विदलना (सकर्म. तभ.) कुचलना, नष्ट करना, To trod, to crush, to destroy, वि+दल् (भ्वा. पर.) विदलति, नाशयति।

विदा (स्त्री. अर.) पृथक् होना, चला जाना, Departure, प्रयाणम् (नपुं.)।

विदाई (स्त्री. देशी) जुदाई, चला जाना, Departure, पृथग्भावः (पुं.) प्रयाणम् (नपुं.)।

विदारक (पुं. तस.) फाड़ने वाला, Tearer, विदारकः (पुं.)।

विदारण (पुं. तस.) फाड़ना, चीर डालना, Tearing, विदारणम् (नपुं.)।

विदारना (सकर्म. तभ.) फाड़ना, चीरना, To tear, वि+दारय् (प्रे.) — विदारयति।

विदित (वि. तस.) ज्ञात, जाना हुआ, Known, ज्ञात, विदित, अवगत (वि.)।

विदीर्ण (वि. तस.) चिरा हुआ, Torn, विदीर्ण (वि.)।

विदुर (पुं. तस.) पाण्डु के भाई का नाम, The name of Pandu's brother, विदुरः (पुं.)।

विदुर (वि. तस.) ज्ञानी, Learned, विदुर (वि.)।

विदुषी (स्त्री. तस.) पढ़ी-लिखी स्त्री, A learned woman, विदुषी (स्त्री.)।

विदूषक (पुं. तस.) हँसाने का कार्य करने वाला, A jester, a buffoon, विदूषकः (पुं.)।

विदेश (पुं. तस.) दूसरा देश, Foreign country, विदेशः (पुं.)।

विदेशी (पुं. तस.) दूसरे देश वाला, A foreigner, विदेशी-शिन् (पुं.)।

विदेह (पुं. तस.) जनक का उपनाम, जनक के राज्य का नाम, An epithet of Janaka, the kingdom of Janaka, विदेहः (जनक), विदेहाः (बहु. राज्य)।

विद्ध (वि. तस.) बींधा हुआ, Pierced, penetrated, विद्ध (वि.)।

विद्यमान (वि. तस.) उपस्थित, वर्तमान, Present, existing, विद्यमान (वि.)।

विद्यमानता (स्त्री. तस.) उपस्थिति, Presence, विद्यमानता, सत्ता (स्त्री.)।

विद्या (स्त्री. तस.) ज्ञान, शिक्षा, Knowledge, learning, विद्या (स्त्री.)।

विद्यार्थी (पुं. तस.) छात्र, A student, विद्यार्थी-थिन्, छात्रः (पुं.)।

विद्यालय (पुं. तस.) शिक्षणालय, स्कूल, A school, विद्यालयः (पुं.)।

विद्युत् (स्त्री. तस.) बिजली, Electricity, lightning, विद्युत्, सौदामिनी, चपला, तडित् (स्त्री.)।

विद्युन्माला (स्त्री. तस.) एक छन्द का नाम, Name of a metre, बिजली की चमक की पंक्ति, A series of flashes of lightning, विद्युन्माला (स्त्री.)।

विद्युल्लेखा (स्त्री. तस.) बिजली की लकीर, A line of lightning, विद्युल्लेखा (स्त्री.)।

विद्रधि (पुं. तस.) पेट में रसौली, A kind of glandular swelling in the stomach, विद्रधिः (पुं.)।

विद्रावणा (पुं. तस.) भगाना, खदेड़ने का कार्य, Causing to run away, विद्रावणम् (नपुं.)।

विद्रुम (पुं. तस.) मूंगा, Coral, विद्रुमः (पुं.)।

विद्रोह (पुं. तस.) बगावत, Rebellion, mutiny, विद्रोहः (पुं.)।

विद्रोही (पुं. तस.) बाग़ी, विद्रोह करने वाला, A rebel, revolutionary, विद्रोही-हिन् (पुं.)।

विद्वत्ता (स्त्री. तस.) विद्या से सम्पन्नता, Knowledge, learning, विद्वत्ता (स्त्री.)।

विद्वान् (पुं. तस.) पढ़ा-लिखा व्यक्ति, विद्यावान्, A scholar, विद्वान्-वस् (पुं.), (विद्वान, विद्वांसौ, विद्वांसः)

विद्वेष (पुं. तस.) शत्रुता, दुश्मनी, Enmity, contempt, विद्वेषः (पुं.) शत्रुता (स्त्री.)।

विध (स्त्री. तभं.) दे. 'विधि'।

विधना (पुं. तभ.) दे. 'विधाता'।

विधर्म (पुं. तस.) अन्य धर्म या गुण, Different religion or quality, विधर्मः (पुं.)।

विधवा (स्त्री. तस.) मृतपति वाली नारी, राँड, A widow, विधवा, रण्डा (स्त्री.)।

विधाता (पुं. तस.) संसार का स्रष्टा, The Creator, God, विधाता-तृ (पुं.)।

विधान (पुं. तस.) नियम, A rule, a principle, विधानम् (नपुं.)।

विधायक (पुं. तस.) नियम बनाने वाला, विधानमंडल का सदस्य, A legislator, a member of legislature, विधायकः (पुं.)।

विधि (पुं. तस.) तरीका, उपाय, कानून, Manner, a means, regulation, विधिः (पुं.)।

विधि (पुं.) ब्रह्मा, भाग्य, God, destiny विधिः, ब्रह्मा-मन् (पुं.), भाग्यम् (नपुं.)

विधु (पुं. तस.) चन्द्रमा, चाँद, The moon, विधुः, चन्द्रः, रजनीशः (पुं.)।

विधुन्तुद (पुं. तस.) राहु, An epithet of Rāhu, विधुन्तुदः, राहुः (पुं.)।

विधुर (वि. तस.) विपरीत, विरुद्ध, प्रतिकूल, Contrary, opposite, विधुर (वि.)। (पुं. तस.) मृत पत्नी वाला पुरुष, Widower, विधुरः (पुं.)।

विधेय (वि. तस.) करने योग्य, Fit to be done, विधेय (वि.)।

(पुं. तस.) नौकर, अनुचर, Servant, follower, विधेयः (पुं.)।

विधेयक (पुं. तस.) प्रस्तावित वस्तु, बिल, A bill, विधेयकम् (नपुं.)।

विध्वंस (पुं. तस.) नाश, Destruction, ruin, विध्वंसः, नाशः (पुं.)।

विध्वस्त (पुं. तस.) तबाह, नष्ट, Destructed, ruined, विध्वस्त, नष्ट (वि.)।

विनत (वि. तस.) झुका हुआ, विनम्र, Bent, bowed, polite, विनत, नम्र (वि.)।

विनता (स्त्री. तस.) कश्यप की एक पत्नी और पक्षियों की माँ, A wife of Kashyapa and mother of birds, विनता (स्त्री.)।

विनति, विनती (स्त्री. तस.) विनय, नम्रता, प्रार्थना, Politeness, request, prayer, विनतिः (स्त्री.), विनयः (पुं.)।

विनम्र (वि. तस.) झुका हुआ, विनीत, Bent, humble, polite, विनम्र (वि.)।

विनय (पुं. तस.) शिक्षा, नम्रता, प्रार्थना, Education, politeness, humility, request, prayer, विनयः (पुं.)।

विनश्वर (वि. तस.) नाशवान्, विनाशी, Destructible, temporary, विनश्वर, विनाशिन् (वि.)।

विनष्ट (वि. तस.) तबाह, समाप्त, Destructed, dead, destroyed, विनष्ट, समाप्त (वि.)।

विनसाना (सकर्म. तभ.) नष्ट करना, तबाह करना, To destruct, to distroy, to kill, विनाशय् (प्रे.) – विनाशयति।

विनायक (पुं. तस.) गणेश, An epithet of Ganesha, विनायकः, गणेशः (पुं.)।

विनाश (पुं. तस.) तबाही, बरबादी, Destruction, ruin, murder, विनाशः (पुं.)।

विनाशक (वि. तस.) नष्ट करने वाला, Destructer, destroyer, विनाशकः (पुं.)।

विनाशी (वि.तस.) दे. 'विनश्वर' – विनाशिन् (वि.)।

विनिमय (पुं. तस.) अदला-बदली, लेनदेन, Exchange, विनिमयः (पुं.)।

विनियोग (पुं. तस.) इस्तेमाल, प्रयोग, Employing, using, विनियोगः (पुं.)।

विनीत (वि. तस.) दे. विनम्र।

विनु (अ. तभ.) बिना, बगैर, Without, विना, ऋते, अन्तरेण (अ.)।

विनोद (पुं. तस.) मनोरञ्जन, Entertainment, विनोदः (पुं.), मनोरञ्जनम् (नपुं.)।

विन्यास (पुं. तस.) स्थापन, रखना, ठीक स्थान पर लगाना, laying, adjusting, विन्यासः (पुं.) सुस्थापनम् (नपुं.)।

विपक्ष (पुं. तस.) दूसरा पक्ष, विरोधी पक्ष, Opposite party, विपक्षः (पुं.)।

विपक्षी (पुं. तस.) विरोधी पक्ष का व्यक्ति, The person related to opposition, विपक्षी-क्षिन् (पुं.)।

विपत्, विपद्, विपदा (स्त्री. तस.) मुसीबत, संकट, Adversity, woe, misfortune, विपत्-द्, विपदा (स्त्री.) संकटम् (नपुं.)।

विपत्ति (स्त्री. तस.) दे. 'विपत्-विपद्'।

विपन्न (वि. तस.) संकटग्रस्त, पीड़ित, Distressed, afflicted, विपन्न (वि.)।

विपरीत (वि. तस.) उल्टा, विरुद्ध, Opposite, reverse, opponent, विपरीत (वि.)।

विपर्यय (पुं. तस.) बदलाव, भ्रांति, अव्यवस्था, A change, substitution, illusion, disorder, विपर्ययः, भ्रमः (पुं.), अव्यवस्था (स्त्री.)।

विपर्यस्त (वि. तस.) बदला हुआ, नष्टभ्रष्ट, Changed, destructed, विपर्यस्त (वि.)।

विपर्यास (पुं. तस.) दे. 'विपर्यय' – विपर्यासः (पुं.)।

विपल (वि. तस.) एक पल का साठवाँ भाग, One sixtieth part of a Pala, विपलम् (नपुं.)।

विपाक (पुं. तस.) फल, परिणाम, Fruit, result, विपाकः, परिणामः (पुं.) फलम् (नपुं.)।

विपादिका (स्त्री. तस.) बिवाई, A cut in a foot, विपादिका (स्त्री.)।

विपाशा (स्त्री. तस.) व्यास नदी, Vyāsa river, विपाशा (स्त्री.)।

विपिन (पुं. तस.) जंगल, वन, A forest, विपिनम्, वनम्, अरण्यम् (नपुं.)।

विपुल (वि. तस.) बहुत, Abundant, extensive, विपुल, बहु, अत्यधिक (वि.)।

विपुलता (स्त्री. तस.) बहुतायत, अधिकता, Abundance, plentitude, विपुलता, अत्यधिकता (स्त्री.)।

विप्र (पुं. तस.) ज्ञानवान्, ब्राह्मण, A scholar, a Brahman, विप्रः, बुद्धिमान् (पुं.) ब्राह्मणः (पुं.)।

विप्रतिपत्ति (स्त्री. तस.) विरोध, विपरीतता, Contradiction, विप्रतिपत्तिः (स्त्री.) विरोधः (पुं.)।

विप्रतिपन्न (वि. तस.) विरुद्ध, विपरीत, Contradictory, विप्रतिपन्न, विरुद्ध (वि.)।

विप्रलंभ, विप्रलम्भ (पुं. तस.) वियोग शृंगार, Separation of lovers, विप्रलम्भः, वियोगशृङ्गारः (पुं.)।

विप्लव (पुं. तस.) विनाश, तबाही, लड़ाई-झगड़ा, Calamity, destruction, disorder, a riot, विप्लवः (पुं.) क्रान्तिः (स्त्री.)।

विबुध (वि. तस.) ज्ञानी मनुष्य, देवता, A learned man, a deity, पठितमनुष्यः, ज्ञानवान्-वत्, देवः (पुं.)।

विबोध (पुं. तस.) जागरण, सावधानता, Awakening, alertness, जागरणम् (नपुं.) सावधानता (स्त्री.)।

विभञ्जन (पुं. तस.) तोड़-फोड़, तोड़ने वाला, Act of breaking, one who breaks, विभञ्जनम् (नपुं. तोड़ना), विभञ्जनः (पुं. तोड़ने वाला)।

विभक्त (वि. तस.) बटा हुआ, Distributed, divided, partitioned, विभक्त (वि.)।

विभक्ति (स्त्री. तभ.) बाँटने का कार्य, कारक-चिह्न, Work of dividing, the symbol of a case, विभक्तिः (स्त्री.)।

विभव (पुं. तस.) धन, वैभव, ऐश्वर्य, Wealth, riches, विभवः (पुं.) वैभवम्, ऐश्वर्यम् (नपुं.)।

विभाग (पुं. तस.) हिस्सा, A part, विभागः (पुं.)।

विभाजक (पुं. तस.) बाँटने वाला, हिस्सा करने वाला, Divider, distributor, विभाजकः (पुं.)।

विभाज्य (वि. तस.) बाँटने योग्य, बाँटे जाने वाली वस्तु, Divisible, fit to be divided, विभाज्य (वि.)।

विभावरी (स्त्री. तस.) रात, तारों से भरी रात, A night, a night having glittering stars, विभावरी (स्त्री.)।

विभावसु (पुं. तस.) सूर्य, अग्नि, चाँद, The sun, fire, the moon, विभावसुः (पुं.)।

विभिन्न (वि. तस.) कई प्रकार का, Of different kinds, विभिन्न (वि.)।

विभीषण (वि. तस.) भयंकर, डरावना, Dreadful, विभीषण (वि.)।

(पुं. तस.) रावण का छोटा भाई, The youngest brother of Rāvaṇa, विभीषणः (पुं.)।

विभु (वि. तस.) व्यापक, Omnipresent, विभु (वि.)।

(पुं. तस.) सर्वव्यापक परमात्मा, God who is omnipresent, विभुः (पुं.)।

विभूति (स्त्री. तस.) ऐश्वर्य, भस्म, अलौकिक-शक्ति, Wealth, ashes, extra-ordinary power, विभूतिः (स्त्री.), ऐश्वर्यम्, भस्मन् (नपुं.)।

विभूषित (वि. तस.) सजा हुआ, Decorated, विभूषित, अलङ्कृत (वि.)।

विमण्डन (पुं. तस.) सजावट, Decoration, विमण्डनम्, विभूषणम् (नपुं.)।

विमत (पुं. तस.) विरुद्ध मत, Contrary opinion, विमतम् (नपुं.)।

विमन (वि. तभ.) उदास, खिन्न, Sad, sorrowful, विमनस्क, उदास, खिन्न (वि.)।

विमर्श (पुं. तस.) सलाह, सम्मति, Advice, consideration, opinion, विमर्शः (पुं.)।

विमल (वि. तस.) स्वच्छ, निर्मल, Pure, stainless, clear, विमल (वि.)।

विमाता (स्त्री. तस.) सौतेली माता, A stepmother, विमाता-तृ (स्त्री.)।

विमान (पुं. तस.) हवाई जहाज, An aeroplane, विमानम् (नपुं.)।

विमुख (वि. तस.) प्रतिकूल, Contrary, opposing, विमुख, विरुद्ध, प्रतिकूल (वि.)।

विमुखता (स्त्री. तस.) प्रतिकूलता, Contradiction, opposition, विमुखता (स्त्री.) प्रतिकूलता (स्त्री.)।

वियत् (पुं. तस.) आकाश, The sky, वियत् (नपुं.) आकाशः-शम् (पुं., नपुं.)।

वियुक्त (वि. तस.) अलग, पृथक् हुआ हुआ, Separated, disconnected, वियुक्त (वि.) विरहित (वि.)।

वियोग (पुं. तस.) अलगाव, पृथक्त्व, Separation, disconnection, वियोगः, विरहः (पुं.)।

वियोगिनी (स्त्री. तस.) विरहिणी, पति से जुदा हुई, A woman separated from her husband, वियोगिनी, विरहिणी (स्त्री.)।

वियोगी (पुं. तस.) विरहित, पत्नी से अलग हुआ हुआ, A man separated from his wife, वियोगी-गिन्, विरही-हिन् (पुं.)।

विरचि, विरञ्चि (पुं. तस.) ब्रह्मा, सृष्टि का रचयिता, Brahma, Creator of the universe, विरञ्चिः, ब्रह्मा-मन् (पुं.)।

विरक्त (वि. तस.) मोहमाया से रहित, Detached from worldly affairs, विरक्त (वि.)।

विरक्ति (स्त्री. तस.) वैराग्य, Detachment, विरक्तिः (स्त्री.) वैराग्यम् (नपुं.)।

विरचित (वि. तस.) बनाया हुआ, निर्मापित, Constucted, composed, created, विरचित, निर्मापित, सृष्ट (वि.)।

विरत (वि. तस.) दे. 'विरक्त', हटा हुआ, Stopped, detached, विरत, विरक्त, पृथग्भूत (वि.)।

विरति (स्त्री. तस.) पृथक्त्व, असम्बद्ध, Disconnection, difference, विरतिः (स्त्री.)।

विरथ (वि. तस.) रथ से विहीन, बिना रथ के, Having no chariot, विरथ (वि.)।

विरमना (अकर्म. तस.) रुकना, छोड़ देना, To halt, to be stopped, वि+रम् (भ्वा. पर.)—विरमति।

विरल (वि. तस.) दूरी पर स्थित, कोई-कोई, Rare, thin, विरल (वि.)।

विरस (वि. तस.) नीरस, स्वादहीन, Tasteless, विरस, नीरस, रसहीन (वि.)।

विरह (पुं. तस.) दे. 'वियोग'।

विराग (पुं. तस.) अनिच्छा, कामना का अभाव, Absence of desire or passion, विरागः (पुं.) निष्कामता (स्त्री.)।

विराजमान (वि. तस.) शोभायमान, उपस्थित, Beautifying, shining, present, शोभायमान, उपस्थित (वि.)।

विराट् (पुं. तस.) सृष्टि रचना का व्यापक स्वरूप, The omnipresent state of the creation, विराट्-ज् (पुं. विराट्, विराजौ, विराजः)।

विराट (पुं. तस.) राजा विराट जिसके यहाँ अज्ञातवास के समय पाण्डव रहे थे, The king Virāṭa where Pāṇḍavas remained to conceal themselves, विराट-राजा (पुं.)।

विराम (पुं. तस.) रुकना, यति, Stoppage, punctuation, विरामः (पुं.) यतिः (स्त्री.)।

विराव (पुं. तस.) शोर, ऊँची आवाज, Noise, loud sound, विरावः (पुं.)।

विरुद (पुं. तस.) स्तुति, प्रशंसावचन, Praise, praising words, विरुदः-दम् (पुं. नपुं.)।

विरुदावली (स्त्री. तस.) स्तुतिगान, प्रशंसागीतिका, Praising songs, विरुदावली, प्रशंसागीतिका (स्त्री.)।

विरुद्ध (वि. तस.) विपरीत, विरोधी, Contrary, hostile, विरुद्ध, विपरीत (वि.)।

विरूप (पुं. तस.) भद्दी शकल, Bad shape, विरूपम् (नपुं.)।

(वि. तस.) भद्दी शकलवाला, Ill-shaped, ugly, विरूप (वि.)।

विरूपाक्ष (पुं. तस.) शिवजी का एक उपनाम, An epithet of Shiva, विरूपाक्षः (पुं.)।

विरेचक (वि. तस.) दस्तावर, Purgative, विरेचक (वि.)।

विरेचन (पुं. तस.) दस्त, जुलाब, Purging, loose-motion, विरेचनम् (नपुं.)।

विरोध (पुं. तस.) विरुद्ध होना, असहयोग, Contradiction, hostility, विरोधः (पुं.)।

विरोधाभास (पुं. तस.) विरोध दिखाई दे परन्तु विरोध का न होना, एक अलंकार, Seeming contradiction inspite of absence of it, a figure of speech, विरोधाभासः (पुं.)।

विरोधी (वि. तस.) विरोध करने वाला, प्रतियोगी, Opponent, contrary, hostile, विरोधिन् (वि.)।

विलंब, विलम्ब (पुं. तस.) देरी, Delay, चिरम्, चिरेण, चिरात् (अ.) विलम्बम् (क्रि. वि.)।

विलंबना, विलम्बना (सकर्म. तभ.) देरी करना, काम लटकाना, To hang, to delay, विलम्बनम् (प्रे.) — विलम्बयति।

विलंबित, विलम्बित (वि. तस.) लटकाया हुआ, देर किया हुआ, Hanging, delayed, विलम्बित (वि.)।

विलक्षण (वि. तस.) अद्भुत, अनोखा, विचित्र, Peculiar, uncommon, exceptional, अद्भुत, विचित्र, असामान्य (वि.)।

विलग (वि. तस.) अलग, असम्बद्ध, Separated, detached, विलग, पृथक् (वि.)।

विलगाना (सकर्म. तभ.) अलग करना, To separate, to detach, वि+लग् (भ्वा. पर.) — विलागय् (प्रे.) — विलागयति।

विलपना (अकर्म. तभ.) विलाप करना, रोना-धोना, To lament, वि+लप् (भ्वा. पर.) विलपति।

विलसना (अकर्म. तभ.) प्रसन्न होना, सन्तुष्ट होना, शोभा देना, To be pleased, to be satisfied, to beautify, वि+लस्-विलसति।

विलाप (पुं. तस.) दुःख में रोने की क्रिया, Lamentation, विलापः (पुं.)।

विलायत (पुं. अर.) विदेश, A foreign country, विदेशः, परदेशः (वि.)।

विलास (पुं. तस.) मौज-बहार, Merriment, enjoyment, luxury, विलासः (पुं.), मनोरञ्जनम् (नपुं.), भोगविलासः (पुं.)।

विलीन (वि. तस.) घुला हुआ, अन्तर्धान, डूबा हुआ, मग्न, Melted, vanished, sunk, busy, द्रुत, अन्तर्हित, मग्न, व्यस्त (वि.)।

विलोकन (पुं. तस.) देखने की क्रिया, The act of seeing, विलोकनम्, वीक्षणम्, दर्शनम् (नपुं.)।

विलोकना (सकर्म. तभ.) देखना, To look, विलोक् (भ्वा. आ.)— विलोकते, (चुरा. पर.) — विलोकयति।

विलोडन (पुं. तसः) मन्थन, उथलपुथल, Churning, stirring, मन्थनम्, विलोडनम् (नपुं.)।

विलोडना (सकर्म. तभ.) मन्थन करना, उथलपुथल करना, To churn, to stir, वि+ लोड् या लुड् (भ्वा. पर.) — विलोडति, मन्थ् (भ्वा. पर.) — मन्थति मन्थ् (क्र्या.) — मथ्नाति।

विलोम (वि. तस.) विपरीत, विरुद्ध, Opposite, विलोम, विरुद्ध (वि.)।

विलोल (वि. तस.) चञ्चल, गतिशील, Unsteady, moving, विलोल (वि.)।

विवक्षा (स्त्री. तस.) कहने की इच्छा, Desire to say, विवक्षा, वक्तुमिच्छा (स्त्री.)।

विवक्षित (वि. तस.) इच्छित, मनचाहा, Desired, wanted, विवक्षित (वि.)।

विवर (पुं. तस.) बिल, सुराख, छिद्र, A hole, विवरम्, छिद्रम् (नपुं.)।

विवरण (पुं. तस.) घटना का विस्तार से कथन, Narration, विवरणम् (नपुं.)।

विवर्ण (वि. तस.) मुरझाया हुआ, कुम्हलाया हुआ, Faded, withered, म्लान, शोभाहीन (वि.)।

विवश (वि. तस.) मजबूर, Helpless, विवश (वि.)।

विवशता (स्त्री. तस.) मजबूरी, Helplessness, विवशता (स्त्री.)।

विवसन (वि. तस.) निर्वस्त्र, नंगा, Naked, unclothed, विवसन (वि.)।

विवस्वान् (पुं. तस.) सूर्य, भानु, भास्कर, The sun, विवस्वान्-वत् (पुं.)।

विवाद (पुं. तस.) झगड़ा, Dispute, कलहः, विवादः (पुं.)।

विवादास्पद (पुं. तस.) झगड़े का कारण, Cause of a dispute, विवादास्पदः (पुं.) कलहकारणम् (नपुं.)।

विवाह (पुं. तस.) शादी, ब्याह, A marriage, विवाहः (पुं.) पाणिग्रहणम् (नपुं.)।

विवाहना (सकर्म. तभ.) शादी करना, To marry, वि+वह् (भ्वा. उभ.) — विवहते, विवहति।

विवाहित (वि. तस.) ब्याहा हुआ, शादीशुदा, Married, विवाहित (वि.)।

विवि (वि. देशी) दो, दूसरा, Two, second, द्वि, द्वितीय (वि.)।

विविध (वि. तस.) कई प्रकार का, Of different kinds, विविध (वि.)।

विवृत (वि. तस.) खुला हुआ, Opened, विवृत (वि.)।

विवेक (पुं. तस.) अन्तर-ज्ञान, भेद समझना, Discrimination, विवेकः (पुं.)।

विवेकी (पुं. तस.) विवेक करने वाला, अन्तर समझने वाला, Discriminant, विवेकी-किन् (पुं.)।

विवेचन (पुं. तस.) आलोचना, गुण अवगुण का ज्ञान करना, Discrimination, criticism, विवेचनम् (नपुं.)।

विवेचना (स्त्री. तस.) दे. 'विवेचन' — विवेचना, आलोचना (स्त्री.)।

विशद (वि. तस.) स्वच्छ, स्पष्ट, साफ, Clear, pure, evident, विशद (वि.)।

विशाखा (स्त्री. तस.) एक नक्षत्र का नाम, Name of a star, विशाखा (स्त्री.)।

विशारद (वि. तस.) चतुर, कुशल, निपुण, Clever, expert, विशारद, कुशल, निपुण (वि.)।

विशाल (वि. तस.) बड़ा, विस्तृत, महान्, Large, extensive, विशाल, विस्तृत (वि.)।

विशिख (पुं. तस.) तीर, बाण, An arrow, विशिखः, बाणः, पत्री-त्रिन् (पुं.)।

विशिष्ट (वि. तस.) खास, विशेष, असाधारण, Special, विशिष्ट (वि.)।

विशिष्टाद्वैत (पुं. तस.) आत्मा और प्रकृति की एकरूपता का सिद्धान्त, A doctrine, according to which soul and matter are united, विशिष्टाद्वैतवादः (पुं.)।

विशुद्ध (वि. तस.) बिलकुल शुद्ध, Completely pure, विशुद्ध (वि.)।

विशुद्धि (स्त्री. तस.) पूर्ण पवित्रता या शुद्धि, Complete purity, विशुद्धिः (स्त्री.)।

विशृंखल (वि. तस.) अव्यवस्थित, अस्त-व्यस्त, Disorderly, विशृङ्खल, अव्यवस्थित (वि.)।

विशेष (पुं. तस.) भेद, अन्तर, Difference, विशेषः (पुं.)।
(वि. तस.) दे. 'विशिष्ट' — विशेष (वि.)।

विशेषण (पुं. तस.) विशेषता बताने वाला शब्द, An adjective, विशेषणम् (नपुं.)।

विशेषता (स्त्री. तस.) खासियत, गुणवत्ता, Quality, peculiarity, विशेषता (स्त्री.)।

विशेष्य (पुं. तस.) जिस संज्ञा की विशेषता बताई जाती है, Qualified noun, विशेष्यम् (नपुं.)।

विश्रंभ, विश्रम्भ (पुं. तस.) विश्वास, भरोसा, Trust, confidence, विश्रम्भः, विश्वासः (पुं.)।

विश्रब्ध (वि. तस.) विश्वस्त, निश्चिन्त, Confident, fearless, free from anxiety, विश्रब्ध (वि.)।

विश्रांत, विश्रान्त (वि. तस.) थकावट से रहित, Reposed, at ease, विश्रान्त (वि.)।

विश्रांति, विश्रान्ति (स्त्री. तस.) विश्राम, Rest, विश्रान्तिः (स्त्री.), विश्रामः (पुं.)।

विश्राम (पुं. तस.) आराम, Recreation, repose, विश्रामः (पुं.), विश्रान्तिः (स्त्री.)।

विश्रुत (वि. तस.) प्रसिद्ध, Famous, विश्रुत (वि.)।

विश्लेष, विश्लेषण (पुं. तस.) अलग-अलग करना, Analysis, disintigration, विश्लेषः (पुं.), विश्लेषणम् (नपुं.)।

विश्वंभर, विश्वम्भर (पुं. तस.) संसार को पालने वाला परमात्मा, God who nourishes all, विश्वंभरः, ईश्वरः (पुं.)।

विश्वंभरा, विश्वम्भरा (स्त्री. तस.) भूमि, वसुन्धरा, The earth, विश्वम्भरा, धरा (स्त्री.)।

विश्व (सर्व. तस.) सम्पूर्ण, सारा, Whole, विश्व (सर्व.) विश्व (पुं. तस.) संसार, जगत्, The world, विश्वम् (नपुं.)।

विश्वकर्मा (पुं. तस.) संसार का रचयिता, कारीगरों का आदिपुरुष, The Creator, God, the first ancestor of the artisans and artists, who knew every art, विश्वकर्मा-मन् (पुं.)।

विश्वकोश (पुं. तस.) सब वस्तुओं का ज्ञान देने वाला कोश, An encyclopedia, विश्वकोशः (पुं.)।

विश्वविद्यालय (पुं. तस.) यूनिवर्सिटी, An university, विश्वविद्यालयः (पुं.)।

विश्वसनीय (वि. तस.) विश्वासपात्र, Trustworthy, reliable, विश्वसनीय (वि.)।

विश्वस्त (वि. तस.) जिस पर विश्वास किया जा चुका है, Truthful, relied, confidential, विश्वस्त, विश्रब्ध (वि.)।

विश्वामित्र (पुं. तस.) एक ऋषि जो क्षत्रियत्व से ब्राह्मणत्व को प्राप्त हुए, A sage who became a Brāhmaṇa though he was Kṣatriya in beginning, विश्वामित्रः (पुं.)।

विश्वास (पुं. तस.) यकीन, Trust, faith, विश्वासः (पुं.)।

विश्वासघात (पुं. तस.) विश्वास को नष्ट करना, धोखेबाजी, A violation of trust, deception, विश्वासघातः (पुं.)।

विश्वासपात्र (वि. तस.) दे. 'विश्वसनीय' — विश्वासपात्रम् (नपुं.)।

विश्वेश्वर (पुं. तस.) संसार का स्वामी, परमात्मा, The master of the whole universe, God, विश्वेश्वरः (पुं.)।

विष (पुं. तस.) जहर, Poison, विषम्, गरलम् (नपुं.)।

विषकन्या (स्त्री. तस.) विषैले तत्त्वों से सम्पन्न नारी, A woman full of poisonous substances, विषकन्या (स्त्री.)।

विषण्ण (वि. तस.) उदास, दुखी, Sad, sorrowful, unhappy, विषण्ण, खिन्न (वि.)।

विषधर (पुं. तस.) साँप, A snake, विषधरः, सर्पः, अहिः, भुजगः (पुं.)।

विषम (वि. तस.) असमान, ऊँचानीचा, कठोर, भयंकर, Uneven, difficult, rough, dreadful विषम (वि.)।

विषमता (स्त्री. तस.) असमानता, अन्तर, कठोरता, भयंकरता, Roughness, difference, difficulty, dreadfulness, विषमता (स्त्री.)।

विषय (पुं. तस.) इन्द्रियों के ग्राह्य गुण, प्रकरण, लेख्य, देश Quality to be gained by a sense, context, subject of an article, country, विषयः, देशः (पुं.)।

विषयक (वि. तस.) विषय से सम्बन्धित, Related to a thing, विषयक (वि.)।

विषवैद्य (पुं. तस.) जहर का इलाज करने वाला, A man who removes the effect of poison, विषवैद्यः (पुं.)।

विषांगना, विषाङ्गना (स्त्री. तस.) दे. 'विषकन्या'।

विषाक्त (वि. तस.) दे. 'विषैला' — विषाक्त (वि.)।

विषाण (पुं. तस.) सींग, हाथी या सूअर का अगला दाँत, A horn, the tusk of an elephent or a boar, विषाणः-णम् (पुं., नपुं.)।

विषाद (पुं. तस.) खेद, दुःख, उदासी, Grief, sadness, विषादः, खेदः (पुं.)।

विषुवद्रेखा (स्त्री. तस.) भूमध्यरेखा, The equinoctial line, विषुवद्रेखा, भूमध्यरेखा (स्त्री.)।

विषूचिका (स्त्री. तस.) हैजा, Cholera, विषूचिका (स्त्री.)।

विषैला (वि. तभ.) विष से भरा हुआ, Poisonous, विषाक्त, विषमय (वि.)।

विष्कंभ, विष्कम्भ (पुं. तस.) रुकावट, विघ्न, ताला, Obstruction, hindrance, a lock विष्कम्भः (पुं.), विघ्नम् (नपुं.), बाधा (स्त्री.)।

विष्कंभक, विष्कम्भक (पुं. तस.) नाटक में मध्यपात्रों द्वारा सूचना देने के लिए प्रस्तावना, An interlude in a drama, an interact, विष्कम्भकः (पुं.)।

विष्टंभ, विष्टम्भ (पुं. तस.) दे. 'विष्कम्भ' — विष्कम्भः (पुं.)।

विष्टंभन, विष्टम्भन (पुं. तस.) रोकने की क्रिया, An act of obstruction, विष्टम्भनम् (नपुं.)।

विष्ठा (स्त्री. तस.) पेट से निकलने वाला मल, बीठ, Faeces, ordure, विष्ठा (स्त्री.), मलम् (नपुं.)।

विष्णु (पुं. तस.) सर्वव्यापक ईश्वर, विष्णु-देवता, सूर्य, The omnipresent God, God Vishnu, the sun, विष्णुः (पुं.)।

विसदृश (वि. तस.) असमान, जो एक जैसे न हों, Different, unequal, विसदृश, असम (वि.)।

विसर्ग (पुं. तस.) त्याग, एक अयोगवाह जिसकी ध्वनि हल्के ह् से मिलती है जैसे अः में, Abduction, a letter which sounds after a vowel as ḥ, विसर्गः (पुं.), विसर्जनीयः (पुं.)।

विसर्जन (पुं. तस.) छोड़ना, त्याग, Dedication, rejection, विसर्जनम् (नपुं.)।

विसर्जनीय (पुं. तस.) दे. 'विसर्ग' — विसर्जनीयः (पुं.)।

विसर्जनीय (वि.) त्यागने योग्य, त्याज्य, Worth to be rejected or left, विसर्जनीय, त्याज्य, त्यक्तव्य (वि.)।

विसर्प (पुं. तस.) खसरे वाला बुखार, A kind of fever accompanied with pimples on body, विसर्पः (पुं.)।

विस्तार (पुं. तस.) फैलाव, प्रसार, Extention, spreading, expansion, विस्तारः (पुं.)।

विस्तीर्ण (वि. तस.) फैला हुआ, विस्तृत, Extended, spread, expanded, large, विस्तीर्ण (वि.)।

विस्तृत (वि. तस.) दे. 'विस्तीर्ण' — विस्तृत (वि.)।

विस्फोट (पुं. तस.) फोड़ा, बम आदि का फटना, A boil, eruption, an outburst, विस्फोटः (पुं.)।

विस्फोटक (पुं. तस.) फटने वाली वस्तु, An explosive substance, विस्फोटकः-कम् (पुं., नपुं.)।

विस्मय (पुं. तस.) हैरानी, आश्चर्य, Wonder, astonishment, विस्मयः (पुं.), आश्चर्यम् (नपुं.)।

विस्मयादिबोधक (पुं. तस.) वह शब्द जिस से हैरानी आदि का भाव प्रकट हो, An interjection, विस्मयादिबोधकः अव्ययः (पुं.)।

विस्मरण (पुं. तस.) भूलने की क्रिया, Forgetting, विस्मरणम् (नपुं.), विस्मृतिः (स्त्री.)।

विस्मृत (वि. तस.) भूला हुआ, Forgotten, विस्मृत (वि.)।

विस्मृति (स्त्री. तस.) दे. 'विस्मरण' — विस्मृतिः (स्त्री.)।

विहंग, विहङ्गम, विहंगम (पुं. तस.) पक्षी, A bird, विहगः, विहङ्गः, विहङ्गमः, खगः, पक्षी-क्षिन् (पुं.)।

विहँगिका, विहङ्गिका (स्त्री. तस.) बहँगी, A sling for carrying burden on a Shoulder, विहँगिका (स्त्री.)।

विहग (पुं. तस.) दे. 'विहंग' — विहगः (पुं.)।

विहरण (पुं. तस.) घूमना-फिरना, Walking for pleasure, विहरणम् (नपुं.), विहारः (पुं.)।

विहसित (पुं. तस.) स्मित, मुस्कराहट, Smiling, laughing without making a noise, विहसितम् (नपुं.)।

विहार (पुं. तस.) दे. 'विहरण', बौद्ध-आश्रम, A hermitage of Bauddhas, विहारः (पुं.)।

विहीन (वि. तस.) रहित, Without, abandoned, विहीन (वि.), रहित (वि.), विना (अ.)।

विह्वल (वि. तस.) व्याकुल, घबराया हुआ, Perplexed, agitated, confused, विह्वल (वि.)।

वीक्षण (पुं. तस.) देखने का कार्य, दर्शन, अवलोकन, Seeing, looking, investigation, वीक्षणम् (नपुं.), अवलोकनम् (नपुं.)।

वीचि (स्त्री. तस.) लहर, तरंग, A wave, वीचिः (स्त्री.), तरङ्गः (पुं.), भङ्गः, ऊर्मिः (पुं.)।

वीणा (स्त्री. तस.) एक प्रकार का बाजा, A lute, a lyre, वीणा (स्त्री.)।

वीणापाणि (स्त्री. तस.) सरस्वती देवी, The goddess Saraswati, वीणापाणिः, वीणावादिनी (स्त्री.)।

वीथिका, वीथी (स्त्री.) मार्ग, सड़क, A path, a passage, वीथिका, वीथी (स्त्री), मार्गः (पुं.)।

वीर (वि. तस.) बहादुर, Brave, bold, वीर (वि.)।

वीरता (स्त्री. तस.) बहादुरी, Bravery, boldness, वीरता (स्त्री.)।

वीरान (वि. फा.) उजाड़, निर्जन, Deserted, devastated, निर्जन, शून्य (वि.)।

वीर्य (पुं. तस.) शक्ति, पराक्रम, शरीर का एक तत्त्व, Power, bravery, sperm, वीर्यम् (नपुं.)।

वृंत, वृन्त (पुं. तस.) डण्ठल, फल के आगे की टहनी, A small portion with which a fruit grows, a small shoot of a plant, वृन्तम् (नपुं.)।

वृंद, वृन्द (पुं. तस.) समूह, मण्डल, समुदाय, A multitude, a group, वृन्दम् (नपुं.), समूहः, समुदायः (पुं.)।

वृंदा, वृन्दा (स्त्री. तस.) तुलसी का पौधा, The basil plant, वृन्दा, तुलसी (स्त्री.)।

वृंदावन, वृन्दावन (पुं. तस.) मथुरा के पास स्थित एक तीर्थ-स्थान, A pilgrimage near Mathura, वृन्दावनम् (नपुं.)।

वृक (पुं. तस.) भेड़िया, A wolf, वृकः (पुं.)।

वृकोदर (पुं. तस.) भीम का एक उपनाम, An epithet of Bhima, वृकोदरः, भीमः (पुं.)।

वृक्ष (पुं. तस.) पेड़, द्रुम, तरु, शाखी, पादप, A tree, वृक्षः, तरुः, द्रुमः, पादपः (पुं.)।

वृजिन (पुं. तस.) पाप, बुराई, A sin, a bad action, वृजिनम्, पापम् (नपुं.)।

वृत्त (पुं. तस.) खबर, घटी हुई घटना, A news, an event, वृत्तम् (नपुं.), समाचारः (पुं.)।

वृत्तान्त (पुं. तस.) बीती बात का वर्णन, Description, वृत्तान्तः (पुं.)।

वृत्ति (स्त्री. तस.) रोज़गार, व्यवसाय, वेतन, An occupation, salary, wages, वृत्तिः (स्त्री.)।

वृत्र (पुं. तस.) मेघ, बुराई, एक राक्षस का नाम, A cloud, sin or bad thinking, a demon, वृत्रः, मेघः, राक्षस-विशेषः, दुर्भावः (पुं.), पापम् (नपुं.)।

वृत्रारि (पुं. तस.) इन्द्र का एक उपनाम, An epithet of Indra, वृत्रारिः (पुं.)।

वृथा (अ. तस.) फिजूल, व्यर्थ, Useless, in vain, वृथा, व्यर्थम् (अ.)।

वृद्ध (वि. तस.) बढ़ा हुआ, बूढ़ा, Increased, old, वृद्ध (वि.)।

(पुं. तस.) बूढ़ा मनुष्य, An old man, वृद्धः (पुं.)।

वृद्धता (स्त्री. तस.) वृद्धि, बुढ़ापा, Increment, old age, वृद्धिः, वृद्धता (स्त्री.), वार्धक्यम् (नपुं.)।

वृद्धा (स्त्री. तस.) बुढ़िया, An old lady, वृद्धा (स्त्री.)।

वृद्धि (स्त्री. तस.) बढ़ोत्तरी, व्याकरण के अनुसार आ, ऐ और औ में वर्णों के परिवर्तन का नाम, Progress, increase, according to the Sanskrit grammar changes into आ, ऐ and औ — वृद्धिः (स्त्री.)।

वृश्चिक (पुं. तस.) बिच्छू, A scorpion, वृश्चिकः (पुं.)।

वृष (पुं. तस.) बैल, धर्म, Bull, religion or Dharma, वृषः (पुं.)।

वृषण (पुं. तस.) अण्डकोश, Testicles, वृषणः, अण्डकोशः (पुं.)।

वृषभ (पुं. तस.) बैल, A bull, वृषभः, बलीवर्दः (पुं.)।

वृषभानु (पुं. तस.) राधा के पिता का नाम, The name of Radha's father, वृषभानुः (पुं.)।

वृषल (पुं. तस.) शूद्र, धर्म को नष्ट करने वाला, The man of the fourth caste, वृषलः, शूद्रः (पुं.)।

वृष्टि (स्त्री. तस.) बारिश, वर्षा, Rain, वृष्टिः (स्त्री.), वर्षाः (स्त्री. बहुव.)।

वृष्णि (पुं. तस.) यदुकुल, The Yadava dynasty, वृष्णिः (पुं.)।

वृष्य (वि. तस.) शक्ति देने वाली दवाई, A medicine which empowers a man, वृष्य (वि.)।

वे (सर्वनाम.) 'वह' का बहुवचन, They, ते (पुं.), ताः (स्त्री.), तानि (नपुं.)।

वेग (पुं. तस.) तेजी, Velocity, speed, rapidity, वेगः (पुं.), तीव्रता (स्त्री.)।

वेगवान् (वि. तस.) तेज गति वाला, Fast, swift, quick, वेगवत् (वि.)।

वेणी (स्त्री. तस.) चुटिया, नदी, Braided long hair, a river, वेणी (स्त्री.)।

वेणु (पुं. तस.) बाँस, बाँसुरी, A bamboo, a flute, वेणुः (पुं.)।

वेतन (पुं. तस.) तनख्वाह, Salary, वेतनम्, वर्तनम् (नपुं.), वृत्तिः (स्त्री.)।

वेताल (पुं. तस.) भूत-प्रेत, A goblin, a ghost, वेतालः (पुं.)।

वेत्ता (वि. तस.) ज्ञानवान्, ज्ञानी, One who has knowledge, वेत्ता-तृ (वि.)।

वेत्र (पुं. तस.) बेंत, A cave, वेत्रम्, वेतसम् (नपुं.)।

वेद (पुं. तस.) ज्ञान की चार पुस्तकें, Four books of knowledge, वेदः (पुं.), ऋग्, यजुः, साम, अथर्वा चत्वारो वेदाः (नपुं.)।

वेदना (स्त्री. तस.) पीडा, दर्द, Pain, वेदना, पीडा (स्त्री.)।

वेदव्यास (पुं. तस.) पराशर के पुत्र, 'जिन्होंने महाभारत लिखा' - ऐसा कहा जाता है, The name of a sage, who is supposed the writer of Mahabharata, वेद-व्यासः (पुं.)।

वेदांग, वेदाङ्ग (पुं. तस.) शिक्षा, कल्प, व्याकरण, छन्द, ज्योतिष, निरुक्त ये वेदों के छह अंग, the six organs of Vedas, वेदाङ्गानि (नपुं. बहु.)।

वेदांत, वेदान्त (पुं. तस.) आध्यात्मिक ज्ञान को बताने वाली विद्या, The science which explains the spiritual know-ledge, वेदान्तः (पुं.)।

वेदिका, वेदी (स्त्री. तस.) यज्ञादि करने का स्थान, The platform where any sacrifice is performed, वेदिका, वेदी (स्त्री.)।

वेधा (पुं. तस.) ब्रह्मा, the Creator of the world, वेधाः - वेधस् (पुं.)।

वेधन (पुं. तस.) बींधना, To shoot, to pierce, वेधनम् (नपुं.)।

वेधशाला (स्त्री.) नक्षत्र आदि का ज्ञान प्राप्त करने का स्थान, An observatory, वेधशाला (स्त्री.)।

वेपथु (पुं. तस.) कम्पन, Trembling, वेपथुः (पुं.), कम्पनम् (नपुं.), कम्पः (पुं.)।

वेला (स्त्री. तस.) समय, लहर, Time, tide, वेला (स्त्री.)।

वेश (पुं. तस.) पहनावा, परिधान, Dress, costume, वेशः (पुं.), परिधानम् (नपुं.)।

वेश्म (पुं. तस.) घर, A house, वेश्म – मन् (नपुं.) — वेश्म, वेश्मनी, वेश्मानि।

वेश्या (स्त्री. तस.) व्यभिचारिणी स्त्री, शरीर का व्यापार करने वाली, A prostitute, वेश्या, वेशाङ्गना (स्त्री.)।

वेष (पुं. तस.) दे. 'वेश'।

वेष्टन (पुं. तस.) लपेटने की क्रिया, Rolling, वेष्टनम् (नपुं.)।

वैकल्पिक (वि. तस.) अनेक में से एक चुना हुआ, Optional, वैकल्पिक (वि.)।

वैकुंठ, वैकुण्ठ (पुं. तस.) स्वर्ग, Heaven, वैकुण्ठम् (नपुं.), स्वर्गः (पुं.)।

वैखरी (स्त्री. तस.) स्पष्ट सुनाई देने वाली वाणी, The clear language which can be heard, वैखरी (स्त्री.)।

वैखानस (पुं. तस.) संन्यासी, A hermit, a sannyasi, वैखानसः (पुं.)।

वैचित्र्य (पुं. तस.) विचित्रता, अनोखापन, Peculiarity, strangeness, वैचित्र्यम् (नपुं.)।

वैजयंती, वैजयन्ती (स्त्री. तस.) ध्वजा, पताका, झण्डी, A banner, a small flag, वैजयन्ती, ध्वजा, पताका (स्त्री.)।

वैज्ञानिक (वि. तस.) विज्ञान से सम्बन्धित, Pertaining to science, scientific, वैज्ञानिक (वि.)।

वैतनिक (वि. तस.) तनख्वाह से सम्बन्धित, Pertaining to salary, वैतनिक (वि.)।

वैतरणी (स्त्री. तस.) पुराणों के अनुसार एक ऐसी नदी जिसे पार करके ही मृत प्राणी का कल्याण होता है, A river which one has to cross for his welfare after death, वैतरणी (स्त्री.)।

वैतालिक (पुं. तस.) स्तुति–गान करने वाला, A mistrel, a bard, वैतालिकः (पुं.)।

वैदर्भी (स्त्री. तस.) ललित वर्णों वाली साहित्य की एक रीति, दमयन्ती, A style of literature in which soft words are used, Damyanti, वैदर्भी (स्त्री.)।

वैदिक (वि. तस.) वेदों से सम्बन्धित, Related to Vedas, वैदिक (वि.)।

वैदूर्य (पुं. तस.) नीलम, एक प्रकार की मणि A baryl, a kind of jewel, वैदूर्यम् (नपुं.), नीलमणिः (पुं.)।

वैदेही (स्त्री. तस.) सीता का एक उपनाम, An epithet of Sita, वैदेही, जानकी सीता (स्त्री.)।

वैद्य (पुं. तस.) चिकित्सक, A physician, वैद्यः (पुं.), भिषक्–ज् (पुं.)।

वैद्यक (पुं. तस.) आयुर्वेद, Medical science, वैद्यकम् (नपुं.)।

वैद्युत (वि. तस.) बिजली से सम्बन्धित, Electric, वैद्युत (वि.)।

वैधर्म्य (पुं. तस.) विपरीत गुण, Contrary quality, वैधर्म्यम् (नपुं.)।

वैधव्य (पुं. तस.) विधवापन, Widowhood, वैधव्यम् (नपुं.)।

वैनतेय (पुं. तस.) गरुड़, Garuda; the king of birds, वैनतेयः, गरुडः (पुं.)।

वैभव (पुं. तस.) ऐश्वर्य, धनसम्पत्ति, Wealth, riches, वैभवम् (नपुं.)।

वैमनस्य (पुं. तस.) रुष्टता, रोष, नाराजगी, Displeasure, annoyance, वैमनस्यम् (नपुं.), रुष्टता (स्त्री.), रोषः (पुं.)।

वैयाकरण (वि. तस.) व्याकरण का विद्वान, A grammarian, वैयाकरणः (वि.)।

वैर (पुं. तस.) शत्रुता, दुश्मनी, Enemity, वैरम् (नपुं.), शत्रुता (स्त्री.)।

वैरागी (पुं. तस.) विरक्त, संसार से अलग-अलग, Detached from the worldly affairs, वैरागी-गिन् (पुं.)।

वैराग्य (पुं. तस.) सांसारिक मोहमाया से छूटने का भाव, Detachment from worldly affairs, वैराग्यम् (नपुं.), निर्वेदः (पुं.)।

वैरी (पुं. तस.) शत्रु, दुश्मन, An enemy, वैरी - रिन्, शत्रुः, अरिः, रिपुः (पुं.)।

वैवस्वत (वि. तस.) सूर्यवंश से सम्बन्धित, Related to the generation of the sun, वैवस्वत (वि.)।

वैवाहिक (वि. तस.) विवाह से सम्बन्धित, Pertaining to the marriage, वैवाहिक (वि.)।

वैशम्पायन (पुं. तस.) महर्षि वेदव्यास के एक शिष्य का नाम, A pupil of the sage Ved Vyasa, वैशम्पायनः (पुं.)।

वैशाख (पुं. तस.) भारतीय वर्ष का दूसरा महीना, The second month of the Indian year, वैशाखः (पुं.)।

वैशाखी (स्त्री. तस.) वैशाख की पहली तिथि और इस दिन का त्यौहार, The first day of Vaishakha, and the festival on this day, वैशाखी (स्त्री.)।

वैशाली (स्त्री. तस.) एक पुराने नगर का नाम, An old city, वैशाली (स्त्री.)।

वैशेषिक (पुं. तस.) कणाद ऋषि का लिखा हुआ दर्शन-शास्त्र, A philosophy book written by the sage Kaṇāda, वैशेषिक-दर्शनम् (नपुं.)।

वैश्य (पुं. तस.) एक व्यापारी जाति, A caste of the businessmen, वैश्यः (पुं.)।

वैश्वानर (पुं. तस.) परमात्मा, आग, Almighty God, fire, वैश्वानरः (पुं.)।

वैषम्य (पुं. तस.) असमानता, विषमता, Unevenness, difference, वैषम्यम् (नपुं.), विषमता (स्त्री.)।

वैष्णव (पुं. तस.) विष्णु के उपासक, विष्णु से सम्बन्धित, Devotees of Vishnu, pertaining to Vishnu, वैष्णवाः (पुं. बहु.), वैष्णव (वि.)।

वैसा (वि. देशी) उस प्रकार का, Like that, तादृश (वि.)।

व्यंग, व्यङ्ग (पुं. तस.) उपहास, मखौल, A joke, an irony, व्यङ्गः (पुं.)।

व्यंजक, व्यञ्जक (वि. तस.) सूक्ष्म भाव को बताने वाला शब्द, The word which shows hidden sense, व्यञ्जक (वि.)।

व्यंजन, व्यञ्जन (पुं. तस.) वर्णों का एक भेद, स्वादिष्ठ खाद्य वस्तु, Consonant, a delicious edible, व्यञ्जनम् (नपुं.)।

व्यंजना, व्यञ्जना (स्त्री. तस.) वह शब्द-शक्ति जो शब्द द्वारा गूढ़ अर्थ को बताती है, The power of words which exhibits hidden sense, व्यञ्जनाशक्तिः (स्त्री.)।

व्यक्त (वि. तस.) स्पष्ट, प्रकट, Clear, manifest, व्यक्त, प्रकटित (वि.)।

व्यक्ति (पुं. तस.) मनुष्य, A person, व्यक्तिः (स्त्री.)।

व्यक्तित्व (पुं. तस.) स्वरूप, Personality, व्यक्तित्वम् (नपुं.)।

व्यग्र (वि. तस.) व्याकुल, उत्तेजित Perplexed, impatient, excited, व्यग्र (वि.)।

व्यतिक्रम (पुं. तस.) उल्लंघन, Contrariety, surpassing, व्यतिक्रमः (पुं.)।

व्यतिरेक (पुं. तस.) निषेधपूर्वक कोई सत्य सिद्ध करना, जैसे-जहाँ धुआँ नहीं वहाँ आग नहीं, एक अलंकार, A figure of speech, Interception, व्यतिरेकः (पुं.)।

व्यतीत (वि. तस.) बीता हुआ, Gone, past, व्यतीत, गत (वि.)।

व्यत्यय (पुं. तस.) अदलाबदली, अपवाद, Changing of a rule, exception, व्यत्ययः (पुं.)।

व्यथा (स्त्री. तस.) पीड़ा, दुःख, कष्ट, Pain, anguish, suffering, व्यथा, पीडा, वेदना (स्त्री.)।

व्यभिचार (पुं. तस.) नियम का उल्लंघन, अपराध, चरित्रहीनता, A sinful act, a crime, unchastity, व्यभिचारः (पुं.)।

व्यय (पुं. तस.) खर्चा, Expense, व्ययः (पुं.)।

व्यर्थ (वि. तस.) फिजूल, उपयोग-रहित, निकम्मा, Useless, of no purpose, व्यर्थ (वि.), वृथा (अ.)।

व्यवकलन (पुं. तस.) घटाना, कम करना, Subtraction, व्यवकलनम्, न्यूनीकरणम् (नपुं.)।

व्यवच्छेद (पुं. तस.) विभाजन, पृथक्करण, रोक, Division, separation, stoppage, व्यवच्छेदः (पुं.)।

व्यवधान (पुं. तस.) विघ्न, अन्तर, रिक्तता, Obstruction, space, intervention, व्यवधानम् (नपुं.)।

व्यवसाय (पुं. तस.) रोजगार, उद्योग, An occupation, a work, employment, व्यवसायः (पुं.)।

व्यवस्था (स्त्री. तस.) ठीक प्रकार का प्रबन्ध, Arrangement, management, an order, व्यवस्था (स्त्री.), प्रबन्धः (पुं.)।

व्यवस्थापक (पुं. तस.) व्यवस्था करने वाला, An organizer, a manager, a founder व्यवस्थापकः (पुं.)।

व्यवस्थित (वि. तस.) ठीक प्रकार से किया हुआ, सुप्रबन्धित, Arranged, managed, in order, व्यवस्थित (वि.)।

व्यवहार (पुं. तस.) वर्ताव, व्यापार, Behaviour, business, व्यवहारः (पुं.)।

व्यवहृत (वि. तस.) प्रयुक्त, काम में लाया गया, Used, practised.

व्यष्टि (स्त्री. तस.) अकेलापन, Individuality, व्यष्टिः (स्त्री.)।

व्यसन (पुं. तस.) रुचि, बुरी आदत, संकट, Interest, addiction, misfortune, व्यसनम् (नपुं.)।

व्यसनी (वि. तस.) आदत वाला, बुरी आदत वाल, अभ्यस्त, Habitual, addicted, vicious, व्यसनिन् (वि.)।

व्यस्त (वि. तस.) लगा हुआ, व्यापृत, Busy, engaged, व्यस्त (वि.)।

व्याकरण (पुं. तस.) शब्द-शास्त्र, Grammar, व्याकरणम् (नपुं.)।

व्याकुल (वि. तस.) घबराया हुआ, Perplexed, confused, व्याकुल (वि.)।

व्याकुलता (स्त्री. तस.) घबराहट, Confusion, disturbance, व्याकुलता (स्त्री.)।

व्याख्या (स्त्री. तस.) बात की स्पष्टता, Explanation, व्याख्या (स्त्री.)।

व्याख्याता (पुं. तस.) व्याख्या करने या व्याख्यान देने वाला, A commentator, a lecturer, a speaker, व्याख्याता-तृ (पुं.)।

व्याख्यान (पुं. तस.) भाषण, A lecture, a speech, व्याख्यानम्, भाषणम् (नपुं.)।

व्याघात (पुं. तस.) विघ्न, रुकावट; An obstacle, an interruption, व्याघातः (पुं.)।

व्याघ्र (पुं. तस.) बाघ, A tiger, व्याघ्रः (पुं.)।

व्याज (पुं. तस.) बहाना, सूद, Fraud, pretence, an excuse, an interest, व्याजः, कुसीदलाभः (पुं.)।

व्याजोक्ति (स्त्री. तस.) तानेभरी बात, एक साहित्यिक अलंकार, An irony, a figure of speech, व्याजोक्तिः (स्त्री.)।

व्याध (पुं. तस.) बहेलिया, शिकारी, A fowler, a hunter, व्याधः, लुब्धकः (पुं.)।

व्याधि (स्त्री. तस.) रोग, A disease, व्याधिः (पुं.), रोगः (पुं.)।

व्याधित (वि. तस.) रोगी, रोग से ग्रस्त, Diseased, a patient, व्याधित, रोगिन् (वि.)।

व्याधूत (वि. तस.) उड़ाया हुआ, Blown up, व्याधूत (वि.)।

व्यान (पुं. तस.) प्राण का एक भेद जो सारे शरीर में व्याप्त है, A kind of Prāṇa, which exists in whole of the body, व्यानः (पुं.)।

व्यापक (वि. तस.) फैला हुआ, प्रत्येक अंश में रहने वाला, Present in every particle, व्यापक (वि.)।

व्यापन (पुं. तस.) फैलाव, Existing every where, व्यापनम् (नपुं.), व्याप्तिः (स्त्री.)।

व्यापादन (पुं. तस.) मारना, हत्या करना, Killing, murdering, व्यापादनम् (नपुं.)।

व्यापादित (वि. तस.) मारा हुआ, Killed, murdered, व्यापादित (वि.)।

व्यापार (पुं. तस.) कार्य, व्यवसाय, वाणिज्य, Action, occupation, trade, business, व्यापारः (पुं.)।

व्यापारी (पुं. तस.) व्यापार करने वाला, A business man, a trader, व्यापारी-रिन् (पुं.)।

व्यापृत (वि. तस.) लगा हुआ, Engaged, busy, व्यापृत, व्यस्त (वि.)।

व्याप्त (वि. तस.) दे. 'व्यापक' — व्याप्त (वि.)।

व्याप्ति (स्त्री. तस.) दे. 'व्यापन', न्याय के अनुसार दो वस्तुओं का साहचर्य, The existing of two things with each other according to Nyaya, व्याप्तिः (स्त्री.)।

व्याप्य (वि. तस.) जिसमें कोई वस्तु व्यापक हो, जैसे लकड़ी में अग्नि व्यापक और लकड़ी व्याप्य है, In which some thing is diffused, व्याप्य (वि.)।

व्यामोह (पुं. तस.) अज्ञानता, बुद्धिविभ्रम, Illusion, wrong conception, व्यामोहः (पुं.)।

व्यायाम (पुं. तस.) कसरत, Physical exercise, व्यायामः (पुं.)।

व्याल (पुं. तस.) साँप, हाथी, जंगली जानवर, A snake, an elephant, a wild animal, व्यालः (पुं.)।

व्यावर्तक (वि. तस.) दूसरों से भिन्न करने वाला, विशिष्टता प्रदान करने वाला, Separator, specifier, व्यावर्तक (वि.)।

व्यावहारिक (वि. तस.) काम में आने वाला, Practical, व्यावहारिक (वि.)।

व्यास (पुं. तस.) व्यास नदी, महर्षि व्यास, The name of a river, Veda Vyasa, व्यासः (पुं.)।

व्याहरण (पुं. तस.) कथन, वर्णन, विवरण, Narration, description, व्याहरणम् (नपुं.)।

व्याहृत (वि. तस.) कथित, उक्त, वर्णित, Said, told, explained, व्याहृत (वि.)।

व्याहृति (स्त्री. तस.) मंत्रों से पूर्व जोड़े जाने वाले शब्द-विशेष, जैसे 'भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यम्', Words added before some hymns, व्याहृतिः (स्त्री.)।

व्युत्पत्ति (स्त्री. तस.) शब्द का रचना-विश्लेषण, Derivation, व्युत्पत्तिः (स्त्री.)।

व्युत्पन्न (वि. तस.) बना हुआ (शब्द), समझदार और अनुभवी, Derived (word), wise and experienced (person), व्युत्पन्न (वि.)।

व्यूह (पुं. तस.) सेना खड़ा करने का ढंग, A millitary array, व्यूहः (पुं.)।

व्योम (पुं. तस.) आकाश, आसमान, The sky, व्योम-मन् (नपुं.), आकाशः-शम् (पुं., नपुं.)।

व्रज (पुं. तस.) समूह, घेरा, मथुरा के पास का एक प्रदेश, A group, an enclosure, a region near Mathura, व्रज (पुं.), व्रजभूमिः (स्त्री.)।

व्रजन (पुं. तस.) जाना, Going, departure, व्रजनम् (नपुं.)।

व्रजभाषा (स्त्री. तस.) व्रज की भाषा जिस में सूरदास ने 'सूरसागर' लिखा था, The language of Vraja in which Suradasa wrote 'Surasagar', व्रजभाषा (स्त्री.)।

व्रजराज (पुं. तस.) श्रीकृष्ण का एक उपनाम, An epithet of Lord Krishna, व्रजराजः (पुं.)।

व्रण (पुं. तस.) घाव, जख्म, Wound, व्रणः-णम् (पुं., नपुं.), आघातः (पुं.)।

व्रत (पुं. तस.) शुभ कर्म की शपथ, संकल्प, A vow of a good performance, determination, व्रतम् (नपुं.), सङ्कल्पः (पुं.)।

व्रती (पुं. तस.) व्रत धारण करने वाला व्यक्ति, One who performs a vow, व्रती-तिन् (पुं.)।

व्रात्य (पुं. तस.) यज्ञोपवीत आदि धारण न करने के कारण पतित, अतिथि, One who has not taken sacred thread in time, a guest, व्रात्यः (पुं.)।

व्रीडा (स्त्री. तस.) लज्जा, शरम, Shame, व्रीडा, लज्जा, ह्रीः (स्त्री.)।

व्रीहि (पुं. तस.) एक अन्न का नाम, Paddy of rice, व्रीहिः (पुं.)।

श *Sa*

श (पुं. तस.) सबसे पहला तालव्य ऊष्म वर्ण, The first palatal sibilant letter, शः, शकारः (पुं.)।

शंकर, शङ्कर (वि. तस.) कल्याण करने वाला, Auspicious, beneficial, शङ्कर (वि.)। (पुं. तस.) परमात्मा, शिव, God, Shiva, शङ्करः, परमेश्वरः (पुं.)।

शंकराचार्य, शङ्कराचार्य (पुं. तस.) अद्वैत मत का संस्थापक आचार्य, A celebrated scholar who founded advaita vada in philosophy, शङ्कराचार्यः (पुं.)।

शंका, शङ्का (स्त्री. तस.) सन्देह, शक, Doubt, suspicion, danger, शङ्का (स्त्री.)।

शंकु, शङ्कु (पुं. तस.) कीला, किल्ली, खूँट, तीखी नोक वाली कोई भी वस्तु, A stake, a peg, a spear, anything with sharp end, शङ्कुः (पुं.)।

शंख, शङ्ख (पुं. तस.), कम्बु, A conch, शङ्खः, कम्बुः (पुं.)।

शंखपाणि, शङ्खपाणि (पुं. तस.) विष्णु का एक उपनाम, An epithet of god Vishnu, शङ्खपाणिः (पुं.)।

शंखासुर, शङ्खासुर (पुं. तस.) एक राक्षस जिसके विषय में कहा जाता कि वह वेदों को पाताल में ले गया और विष्णु द्वारा मारा गया, Name of a demon who was killed by Vishnu, शङ्खासुरः (पुं.)।

शंतनु, शन्तनु (पुं. तस.) पांडवों का परदादा, The great grandfather of Pandavas, शन्तनुः (पुं.)।

शंतनुसुत, शन्तनुसुत (पुं. तस.) भीष्म पितामह, An epithet of Bhishma Pitamaha, शन्तनुसुतः, भीष्मः, देवव्रतः (पुं.)।

शंबर, शम्बर (पुं. तस.) मेघ, पानी, वृत्रनाम का एक राक्षस, A cloud, water, the demon Vritra, शम्बरः (पुं.), शम्बरम् (नपुं. जल)।

शंबरारि, शम्बरारि (पुं. तस.) इन्द्र, God Indra, शम्बरारिः, वृत्रारिः, इन्द्रः (पुं.)।

शंबुक, शम्बुक (पुं. तस.) उत्तर रामायण के अनुसार एक शूद्रमुनि, जिसे राम ने मार दिया था, A Śūdramuni who was killed by Rama according to Uttara Ramāyaṇa, शम्बुकः (पुं.)।

शंभु, शम्भु (पुं. तस.) दे. 'शङ्कर'।

शऊर (पुं. अर.) ढंग, तरीका, Manner, विधिः (पुं.), विवेकः (पुं.)।

शक (पुं. देशी) एक जाति का नाम, Name of a race, शकः (पुं.)।

शक (पुं. अर.) संदेह, संशय, Doubt, suspicion, संदेहः, संशयः (पुं.)।

शकट (पुं. तस.) छकड़ा, गाड़ी, A vehicle, a carriage, शकटः (पुं.)।

शकटिका (स्त्री. तस.) छोटी गाड़ी, A small vehicle, शकटिका (स्त्री.)।

शकल (पुं. तस.) टुकड़ा, खण्ड, A piece, शकलः-लम्, खण्डः-डम् (पुं., नपुं.)।

शकल (स्त्री. अर.) आकार, आकृति, A shape, आकारः (पुं.), आकृतिः (स्त्री.)।

शकुंत, शकुन्त (पुं. तस.) पक्षी, विहग, खग, A bird, शकुन्तः, खगः, विहगः (स्त्री.)।

शकुंतला, शकुन्तला (स्त्री. तस.) कण्व द्वारा पोषित पुत्री, दुष्यन्त की पत्नी और भरत की माता, The adopted girl of the sage Kanva, wife of Dushyanta and mother of Bharata, शकुन्तला (स्त्री.)।

शकुन (पुं. तस.) भविष्य की बात को बताने वाला चिह्न, A omen, शकुनः-नम् (पुं., नपुं.)।

शकुनि (पुं. तस.) पक्षी, विहग, खग, शकुन्त, A bird, विहगः, खगः, शकुनिः (पुं.)।

शक्कर (स्त्री. तभ.) शर्करा, खाँड, Sugar, शर्करा (स्त्री.)।

शक्त (वि. तस.) समर्थ, योग्य, Able, powerful, शक्त, समर्थ, योग्य (वि.)।

शक्ति (स्त्री. तस.) ताकत, बल, Ability, power, force, शक्तिः (स्त्री.), बलम् (नपुं.)।

शक्र (पुं. तस.) इन्द्र, God Indra, शक्रः, इन्द्रः, वृत्रारिः (पुं.)।

शख्स (पुं. अर.) व्यक्ति, A person, व्यक्तिः (स्त्री.)।

शख्सियत (स्त्री. अर.) व्यक्तित्व, Personality, व्यक्तित्वम् (नपुं.)।

शगुन (पुं. तभ.) दे. 'शकुन।

शची (स्त्री. तस.) इन्द्र की पत्नी, इन्द्राणी, कर्म, बुद्धि, Wife of Indra, work, intelligence, शची (स्त्री.)।

शठ (पुं. तस.) दुष्ट मनुष्य, A rogue, a wicked fellow, शठः, खलः (पुं.)।

शठता (स्त्री. तस.) दुष्टता, Wickedness, शठता (स्त्री.), शाठ्यम् (नपुं.)।

शण (पुं. तस.) सन, तन्तुओं वाला पौधा, A kind of flax, hemp, शणः (पुं.)।

शत (वि. तस.) सौ, Hundred, शतम् (नपुं.)।

शतक्रतु (पुं. तस.) इन्द्र, शक्र, शचीपति, God Indra, शतक्रतुः, इन्द्रः, शक्रः, शचीपतिः (पुं.)।

शतघ्नी (स्त्री. तस.) एक प्रकार की तोप, A kind of cannon, शतघ्नी (स्त्री.)।

शतदल (पुं. तस.) कमल, पङ्कज, A lotus, शतदलम्, कमलम्, पङ्कजम् (नपुं.)।

शतपथ (पुं. तस.) यजुर्वेद का एक ब्राह्मण ग्रन्थ, A Brāhmaṇa book on Yajurveda, शतपथ-ब्राह्मणम् (नपुं.)।

शतक (पुं. तस.) सौ का समूह, A century, शतकम् (नपुं.), शती (स्त्री.)।

शतधा (अ. तस.) सौ प्रकार से, In hundred ways, शतधा (अ.)।

शतद्रु (पुं. तस.) सतलुज नदी, Satluja river, शतद्रुः (पुं.)।

शतरंज, शतरञ्ज (पुं. फा.) चतुरङ्ग का खेल, Chess, चतुरङ्ग-क्रीडा, शत-रञ्जन-क्रीडा (स्त्री.)।

शतशः (अ. तस.) सैकड़ों, Hundreds, शतशः (अ.)।

शताब्दी (स्त्री. तस.) सौ वर्षों का समूह, A century of years, शताब्दी (स्त्री.)।

शत्रुंजय, शत्रुञ्जय (वि. तस.) शत्रुओं को जीतने वाला, Defeater of enemies, शत्रुञ्जयः, अरिन्दमः (पुं.)।

शत्रु (पुं. तस.) दुश्मन, अरि, वैरी, An enemy, शत्रुः, अरिः, वैरी-रिन् (पुं.)।

शत्रुघ्न (वि. तस.) शत्रुओं को मारने वाला, Killer of enemies, शत्रुघ्न (वि.)। (पुं. तस.) लक्ष्मण का छोटा भाई, सुमित्रा का पुत्र, Younger brother of Lakshaman and Sumitra's son, शत्रुघ्नः (पुं.)।

शनाखत (स्त्री. फा.) दे. 'पहचान' — परिज्ञानम् (नपुं.)।

शनि (पुं. तस.) एक नक्षत्र का नाम, सप्ताह का अन्तिम दिन, Saturn, the last day of a week, शनिः, शनिवासरः (पुं.)।

शनैः (अ. तस.) धीरे से, Slowly, शनैः (अ.)।

शनैश्चर (पुं. तस.) दे. 'शनि' — शनैश्चरः (पुं.)।

शपथ (स्त्री. तस.) कसम, Vow, शपथः (पुं.)।

शफ (पुं. तस.) खुर, Hoof, शफम् (नपुं.), खुरः (पुं.)।

शफा (स्त्री. अर.) स्वास्थ्य, आरोग्य, Health, स्वास्थ्यम्, आरोग्यम् (नपुं.)।

शब (स्त्री. अर.) रात, रात्रि, A night, रात्रिः, रजनी (स्त्री.)।

शबनम (स्त्री. अर.) ओस, Dew drops, अवश्यायः (पुं.)।

शबल (वि. तस.) कर्बुर, रंगबिरंगा, कई रंग का, Having different colours, pebbled, शबल, कर्बुर (वि.)।

शब्द (पुं. तस.) आवाज, ध्वनि, वर्णों का सार्थक समूह, Sound, a word, ध्वनिः (पुं.), शब्दः (पुं.)।

शब्दभेदी, शब्दवेधी (वि. तस.) ध्वनि को बींधने वाला, Shooting on a sounding place, शब्दभेदी-दिन्, शब्दवेधी-धिन् (वि.)।

शब्दशास्त्र (पुं. तस.) व्याकरण, Grammar, शब्दशास्त्रम्, व्याकरणम् (नपुं.)।

शब्दाडंबर, शब्दाडम्बर (पुं. तस.) शब्द-जाल, शब्दों की अधिकता परन्तु भावों की न्यूनता, Using of bombastic words but having less sense, शब्दाडम्बरः (पुं.), शब्दजालः (पुं.)।

शम (पुं. तस.) शान्ति, चैन, Tranquility, quietness, शमः (पुं.), शान्तिः (स्त्री.)।

शमन (पुं. तस.) शान्त करने की क्रिया, Action for quietness, शमनम् (नपुं.)।

शमला (पुं. अर.) पगड़ी के ऊपर का तुर्रा, The flying top of turban, उष्णीष-शिखरम् (नपुं.)।

शमशेर (स्त्री. फा.) तलवार, A sword, असिः, कृपाणः (पुं.)।

शमा (स्त्री. अर.) बत्ती, वर्तिका, ज्वाला, A candle, वर्तिका, ज्वाला, दीपिका (स्त्री.)।

शमी (पुं. तस.) एक वृक्ष का नाम, A kind of thorny tree, शमी (स्त्री.)।

शयन (पुं. तस.) सोना, नींद, Sleep, शयनम् (नपुं.), निद्रा (स्त्री.)।

शयालु (वि. तस.) बहुत सोने वाला, निद्रालु, One who sleeps much, शयालुः निद्रालुः (पुं.)।

शय्या (स्त्री. तस.) खाट, बिछौना, A bed, a bedstead, a cot, शय्या, खट्वा (स्त्री.)।

शर (पुं. तस.) बाण, तीर, An arrow, शरः बाणः (पुं.)।

शरण (पुं. तस.) आश्रय, घर, Refuge, house, शरणम् (नपुं.)।

शरणागत (वि. तस.) शरणार्थी, आश्रय में आया हुआ, A refugee, शरणागत (वि.)।

शरणार्थी (वि. तस.) दे. 'शरणागत' — शरणार्थिन् (वि.)।

शरण्य (वि. तस.) जिसकी शरण लेनी चाहिए, Fit for a refuge, शरण्य (वि.)।

शरद् (स्त्री. तस.) सर्दी के आरम्भ की ऋतु, Autumn break, शरद् (स्त्री.)।

शरबत (पुं. तस.) मधुरोदक, सितोदक, Sweet water, syrup, मधुरोदकम् (नपुं.)।

शराफत (स्त्री. अर.) ईमानदारी, भलमनसाहत, Gentleness, सत्यप्रियता, सज्जनता (स्त्री.)।

शराब (स्त्री. अर.) मदिरा, मद्य, Wine, spirituous liquor, मदिरा (स्त्री.), मद्यम् (नपुं.)।

शराबी (वि. अर.) शराब पीने वाला, A drunkard, मद्यप (वि.)।

शराबोर (वि. फा.) लथपथ, Drenched, saturated with water, स्विन्न, आर्द्र (वि.)।

शरारत (स्त्री. अर.) शैतानी, Wickedness, धूर्तता, चपलता (स्त्री.), कुकर्म-मन् (नपुं.)।

शरारती (वि. अर.) शैतान, Wicked, धूर्त, चपल, कुकर्मी-मिन् (वि.)।

शराव (पुं. तस.) सकोरा, प्याला, A shallow dish, a small tray, शरावः-वम् (पुं., नपुं.)।

शरासन (पुं. तस.) धनुष, A bow, धनुः-ष् (धनुः, धनुषी, धनूंषि), शरासनम् (नपुं.)।

शरीअत (स्त्री. अर.) धार्मिक आदेश, Religious order, धर्मादेशः (पुं.)।

शरीक (वि. अर.) सम्मिलित, शामिल, Included, united, सम्मिलित, संयुक्त (वि.)।

शरीफ (पुं. अर.) ईमानदार, भलेमानस, Honest and gentleman, सज्जनः, सत्यप्रियः (पुं.)।

शरीफा (पुं. तभ.) श्रीफल, The custard apple, श्रीफलम् (नपुं.)।

शरीर (पुं. तस.) देह, वपु, काया, A body, शरीरम्, वपुः-ष् (नपुं.), देहः, कायः (पुं.)।

शरीर (वि. अर.) शरारती, A wicked fellow, धूर्तः मनुष्यः, खलः (पुं.)।

शरीरी (पुं. तस.) शरीरधारी जीवात्मा, देही, The soul, शरीरी-रिन्, देही-हिन्, आत्मा-मन् (पुं.)।

शर्करा (स्त्री. तस.) शक्कर, खाँड, Sugar, शर्करा (स्त्री.)।

शर्त (स्त्री. अर.) पण, A bet, पणः (पुं.)।

शर्तिया (वि. अर.) निश्चित, पक्का, An Assured, certain, reliable, निश्चित, असंदिग्ध (वि.)।

शर्म (स्त्री. फा.) दे. 'शरम'।

शर्म (पुं. तस.) सुख, घर, Happiness, home, शर्म-मन् (नपुं.-शर्म, शर्मणी, शर्माणि)।

शर्मा (पुं. तस.) ब्राह्मण का उपनाम, An epithet of a Brahmana, शर्मा-मन् (पुं.-शर्मा, शर्माणौ, शर्माणः)।

शर्मिंदगी (स्त्री. फा.) लज्जा, अपमान, Shame, disgrace, लज्जा (स्त्री.), अपमानः (पुं.)।

शर्मिंदा (वि. फा.) लज्जित, Shameful, ashamed, लज्जित, ह्रीण (वि.)।

शर्वरी (स्त्री. तस.) रात, रजनी, निशा, The night, शर्वरी, रात्रिः, रजनी, निशा (स्त्री.)।

शलगम, शलजम (पुं. फा.) एक गोलाकार सब्जी, Turnip, शिखामूलम् (नपुं.)।

शलभ (पुं. तस.) पतंगा, A moth, पतङ्गः, पत्रांगः, पत्राङ्गः (पुं.)।

शलाका (स्त्री. तस.) सलाई, सलाख, A long needle or a stick, शलाका (स्त्री.)।

शल्य (पुं. तस.) चुभने वाली वस्तु, A piercing thing as on an arrow, शल्यम् (नपुं.)।

शल्य (पुं. तस.) पाण्डवों का मामा, Maternal uncle of Pandavas, शल्यः (पुं.)।

शल्यकी (स्त्री. तस.) सेही; काँटों वाले शरीर वाला प्राणी, A porcupine, शल्यकी (स्त्री.)।

शल्यक्रिया (स्त्री. तस.) चीर-फाड़ की चिकित्सा, Surgery, शल्यक्रिया (स्त्री.)।

शव (पुं. तस.) मुर्दा शरीर, A dead body, a corpse, शवः-वम् (पुं. नपुं.)।

शश, शशक (पुं. तस.) खरगोश, A hare, शशः, शशकः (पुं.)।

शशधर (पुं. तस.) चन्द्रमा, An epithet of the moon, शशधरः, शशी-शिन्, चन्द्रः, चन्द्रमाः (पुं.)।

शशशृङ्ग (पुं. तस.) असम्भव बात, Impossible thing, शशशृङ्गम्, शशविषाणम् (नपुं.), असम्भवम् (नपुं.)।

शशाङ्क (पुं. तस.) दे. 'शशधर' — शशाङ्कः (पुं.)।

शशी (पुं. तस.) दे. 'शशधर'।

शस्त्र (पुं. तस.) काटने वाला हथियार, A weapon to cut a thing, शस्त्रम् (नपुं.)।

शस्य (पुं. तस.) फसल, अनाज, A crop, harvest, grain, शस्यम्, परिपक्वम् क्षेत्र-फलम् (नपुं.)।

शहंशाह (पुं. फा.) राजाधिराज, An emperor, राजाधिराजः, सम्राट्-ज् (पुं.)।

शह (स्त्री. फा.) गुप्त उत्तेजना, प्रेरणा, दूसरे की ताकत, Concealed excitement, support of another, परप्रेरणा, निभृतोत्तेजना, परशक्तिः (स्त्री.)।

शहजादा (पुं. फा.) राजकुमार, A prince, राजकुमारः (पुं.)।

शहतीर (पुं. फा.) लम्बा और स्थूल काष्ठ-खण्ड, स्थूणा, A beam, a girder, स्थूणा (स्त्री.) छद्याधारः (पुं.)।

शहतूत (पुं. फा.) तूत, तूद, Mulberry, तूतः (वृक्षः), तूतम् (फलम्)।

शहद (पुं. अर.) मधु, Honey, मधु, माक्षिकम्, क्षौद्रम् (नपुं.)।

शहनाई (स्त्री. फा.) मुख से बजने वाला एक बाजा, A clarionet, सानेयी, सानेयिका, सानिका (स्त्री.)।

शहर (पुं. फा.) नगर, पुर, A city, a town, नगरम्, पुरम् (नपुं.)।

शहरी (पुं. फा.) नागरिक, नगरनिवासी, Habitant of a town, नागरिकः, नगर-निवासिन् (पुं.)।

शहादत (स्त्री. अर.) गवाही, बलिदान, Witness, sacrifice, साक्ष्यम्, बलिदानम् (नपुं.)।

शहीद (वि. अर.) बलिदानी, A martyr, बलिदानी-निन् (वि.)।

शांत, शान्त (वि. तस.) चञ्चलता से शून्य, अडिग, Calm, appeased, quiet, शान्त (वि.)।

शांतनु, शान्तनु (पुं. तस.) दे. 'शन्तनु'।

शांता, शान्ता (स्त्री. तस.) महाराजा दशरथ की पुत्री जिसे उनके भाई रोमपाद ने गोद लिया था Dasharatha's daughter adopted by his brother Romapada, शान्ता (स्त्री.)।

शांति, शान्ति (स्त्री. तस.) शमन, आराम, Peace, quietness, शान्तिः (स्त्री.)।

शाइस्तगी (स्त्री. फा.) शिष्टता, सभ्यता, Politeness, nobility, सज्जनता, शिष्टता, सभ्यता (स्त्री.)।

शाइस्ता (वि. फा.) शिष्ट, सभ्य, सज्जन, Polite, noble, शिष्ट, सभ्य, नम्र (वि.)।

शाक (पुं. तस.) साग, भाजी, Vegetable, शाकः, शाकम् (पुं., नपुं.)।

शाकाहार (पुं. तस.) निरामिष भोजन, Vegetarian food, शाकाहारः (पुं.), निरामिष-भोजनम् (नपुं.)।

शाकाहारी (वि. तस.) निरामिष-भोजी, Vegetarian, शाकाहारिन्, निरामिषभोजिन् (वि.)।

शाक्यमुनि (पुं. तस.) महात्माबुद्ध का उपनाम, An epithet of Lord Buddha, शाक्यमुनिः (पुं.)।

शाखा (स्त्री. तस.) टहनी, A branch, शाखा (स्त्री.)।

शाखी (पुं. तस.) पेड़, वृक्ष, A tree, शाखी-खिन्, वृक्षः, तरुः, पादपः (पुं.)।

शागिर्द (पुं. फा.) शिष्य, A pupil, शिष्यः, छात्रः (पुं.)।

शाटक (पुं. तस.) वस्त्र, पट, A cloth, शाटकः-कम् (पुं. नपुं.), वस्त्रम् (नपुं.)।

शाटिका, शाटी (स्त्री. तस.) साड़ी, धोती, A long cloth to cover lower part of a body, शाटिका, शाटी (स्त्री.)।

शाठ्य (पुं. तस.) धृष्टता, शठता, Wickedness, sinfulness, दुष्टता, शठता (स्त्री.), शाठ्यम् (नपुं.)।

शाण (पुं. तस.) तेज करने वाला पत्थर, A sharping stone, शाणः (पुं.)।

शाद (पुं. तस.) हरी घास, Green grass, शादः (पुं.), हरितघासः (पुं.), शष्पम् (नपुं.)।

शाद (वि. फा.) प्रसन्न, खुश, Happy, glad, प्रसन्न, मुदित (वि.)।

शादी (स्त्री. फा.) विवाह, A marriage, विवाहः (पुं.), पाणिग्रहणम् (नपुं.)।

शाद्वल (वि. तस.) हराभरा प्रदेश, घास से भरा स्थान, A place full of green grass, शाद्वलः (पुं.)।

शान (स्त्री. अर.) शोभा, सौन्दर्य, Beauty, decoration, शोभा (स्त्री.), सौन्दर्यम् (नपुं.)।

शानदार (वि. अर.) शोभामय, सुन्दर, Beautiful, decorated, शोभामय, सुन्दर (वि.)।

शाप (पुं. तस.) दुःखद वचन, श्राप, A curse, शापः (पुं.)।

शाबाश (अ. फा.) साधु, खूब किया, Bravo, well done, साधु, शोभनम्, भद्रम् (नपुं.)।

शाबाशी (स्त्री. पर.) साधुवाद, प्रशंसा-वचन, Praising words, साधुवादः (पुं.), प्रशंसा-वचनम् (नपुं.)।

शाब्द, शाब्दिक (वि. तस.) शब्द या ध्वनि से सम्बन्धित, Pertaining to words or sound, शाब्द, शाब्दिक (वि.)।

शाम (स्त्री. फा.) सायंकाल, Evening, सायंकालः (पुं.), सन्ध्यावेला (स्त्री.)।

शामत (स्त्री. अर.) मुसीबत, संकट, Adversity, bad luck, संकटम्, दुर्भाग्यम् (नपुं.)।

शामियाना (पुं. फा.) बड़ा तम्बू, A large tent, महावितानः (पुं.)।

शामिल (वि. फा.) सम्मिलित, Included, joined, सम्मिलित (वि.)।

शायद (अ. फा.) सम्भवतः, हो सकता है, Perhaps, सम्भवतः (अ.)।

शायर (पुं. अर.) कवि, A poet, कविः (पुं.)।

शायरी (स्त्री. अर.) काव्य-रचना, Composition of poems or poetry, काव्य-रचना (स्त्री.)।

शारदा (स्त्री. तस.) सरस्वती देवी, The goddess of knowledge, शारदा, सरस्वती, वीणावादिनी (स्त्री.)।

शारदीय (वि. तस.) शरद ऋतु से या शारदा से सम्वन्धित, Pertaining to autumn break or Sharada, शारदीय (वि.)।

शरीरिक (वि. तस.) शरीर का, Physical, शारीरिक (वि.)।

शार्ङ्ग (पुं. तस.) विष्णु के धनुष का नाम, The name of Vishnu's bow, शार्ङ्गम् (नपुं.)।

शार्ङ्गधर (पुं. तस.) विष्णु का एक उपनाम, An epithet of Vishnu, शार्ङ्गधरः।

शार्ङ्गधर-संहिता (स्त्री. तस.) आयुर्वेद की एक पुस्तक, A book of Ayurveda, शार्ङ्गधर-संहिता (स्त्री.)।

शार्दूल (पुं. तस.) बाघ, A tiger, व्याघ्रः, शार्दूलः (पुं.)।

शाल (स्त्री. फा.) ओढ़ने का एक ऊनी वस्त्र, A wrapping woollen sheet, और्णप्रावारः (पुं.)।

शाल (पुं. तस.) साल का पेड़, The sal tree, शालः, सालः, सर्जः (पुं.)।

शाला (स्त्री. तस.) आलय, घर, केन्द्र, A house, residence, centre, शाला (स्त्री.), आलयः (पुं.)।

शालि (पुं. तस.) श्रेष्ठधान्य, A superior paddy, शालिः, श्रेष्ठव्रीहिः (पुं.)।

शालीन (वि. तस.) सभ्य, शिष्ट, Civilized, noble, सभ्य, शिष्ट (वि.)।

शाल्मलि (पुं. तस.) सेमल का पेड़, The silk-cotton tree, शाल्मलिः (पुं.)।

शाव, शावक (पुं. तस.) पशु या पक्षी का बच्चा, A young one of an animal or a bird, शावः, शावकः, पोतः (पुं.)।

शाश्वत (वि. तस.) सदा रहने वाला, नित्य, Ever lasting, eternal, शाश्वत, शाश्वतिक (वि.)।

शासक (पुं. तस.) हुक्मरान, A ruler, an administrator, शासकः, प्रशासकः (पुं.)।

शासन (पुं. तस.) हकूमत, A rule, an administration, शासनम्, प्रशासनम् (नपुं.)।

शासित (वि. तस.) जिस पर शासन किया गया है, Ruled, administered, शासित (वि.)।

शास्ता (पुं. तस.) दे. 'शासक' शास्ता - तृ, शासकः (पुं.)।

शास्ति (स्त्री. तस.) दे. 'शासन' शास्तिः (स्त्री.), शासनम् (नपुं.)।

शास्त्र (पुं. तस.) कर्त्तव्य का उपदेश देने वाला ग्रन्थ, A book of law and duty, शास्त्रम् (नपुं.)।

शास्त्रज्ञ (पुं. वि.) शास्त्र को जानने वाला, A scholar of law and duty-book, शास्त्रज्ञ (वि.)।

शास्त्रार्थ (पुं. तस.) बहस, A debate, a discussion, शास्त्रार्थः (पुं.)।

शास्त्री (पुं. तस.) दे. 'शास्त्रज्ञ', एक संस्कृत की उपाधि, A title or degree of Sanskrit, शास्त्री-त्रिन् (पुं.)।

शास्त्रीय (वि. तस.) शास्त्रों से सम्बन्धित, Pertaining to Shastras, शास्त्रीय (वि.)।

शाहंशाह (पुं. फा.) दे. 'शहंशाह'।

शाह (पुं. फा.) महाराज, फकीरों की एक उपाधि, A king, a title given to the Mohammadan Faquiras, महाराजः (पुं.)।

शिंगरिफ (पुं. फा.) लाल पारा, a chemical, रक्तपारदः - दम् (पुं., नपुं.)।

शिंबी, शिम्बी (स्त्री. तस.) फली, A pod of beans, शिम्बी (स्त्री.)।

शिंशपा (स्त्री. तस.) शीशम का पेड़, A tree of Indian rosewood, शिंशपा (स्त्री.)।

शिकंजा, शिकञ्जा (पुं. फा.) दबाने का यंत्र, A pressing appliance, निपीडनयन्त्रम् (नपुं.)।

शिकन (स्त्री. फा.) झुर्री, A crease, a wrinkle, वलिः-ली (स्त्री.), पुटः, भङ्गः (पुं.)।

शिकस्त (स्त्री. फा.) हार, पराजय, A defeat, पराजयः (पुं.)।

शिकायत (स्त्री. अर.) कष्ट-निवेदन, दोष-कथन, Complaint, दुःखनिवेदनम्, दोष-कथनम् (नपुं.)।

शिकार (पुं. फा.) आखेट, मृगया, A chase, a hunting, आखेटः (पुं.), मृगया (स्त्री.)।

शिकारी (पुं. फा.) आखेटक, व्याध, लुब्धक, A hunter, a fowler, आखेटकः, व्याधः, लुब्धकः, मृगयुः (पुं.)।

शिक्षक (पुं. तस.) अध्यापक, A teacher, शिक्षकः, अध्यापकः (पुं.)।

शिक्षण (पुं. तस.) अध्यापन, Teaching, अध्यापनम् (नपुं.)।

शिक्षा (स्त्री. तस.) दे. 'शिक्षण' — शिक्षा (स्त्री.)।

शिक्षार्थी (पुं. तस.) विद्यार्थी, छात्र, A student, विद्यार्थी-थिन्, शिक्षार्थी-थिन्, छात्रः (पुं.)।

शिक्षाविभाग (पुं. तस.) शिक्षा का प्रबन्ध करने वाला विभाग, Directorate of education, शिक्षाविभागः (पुं.)।

शिक्षित (वि. तस.) पढ़ा-लिखा, Educated, literate, trained, शिक्षित (वि.)।

शिखण्ड (स्त्री. तस.) चोटी, शिखर, चूडा, शिखा, A top, a crest, शिखण्डः (पुं.), शिखरम् (नपुं.), चूडा, शिखा (स्त्री.)।

शिखण्डिनी (स्त्री. तस.) मोरनी, A hen peacock, मयूरी, शिखण्डिनी (स्त्री.)।

शिखण्डी (पुं. तस.) मोर, A peacock, मयूरः, शिखण्डी, शिखी (पुं.), द्रुपद के एक पुत्र का नाम, One of the Drupad's, son, शिखण्डी-डिन् (पुं.)।

शिखर (पुं. तस.) चोटी, A peak, a top, शिखरम् (नपुं.)।

शिखरन (स्त्री. तभ.) दही की मीठी लस्सी, A drink made of curd with sugar, दधि-सितोदकम् (नपुं.)।

शिखरिणी (स्त्री. तस.) संस्कृत के एक छन्द का नाम, A metre of Sanskrit, शिखरिणी (स्त्री.)।

शिखरी (पुं. तस.) पर्वत, पहाड़, A mountain, शिखरी-रिन् (पुं.), पर्वतः, भूभृत् (पुं.)।

शिखा (स्त्री. तस.) चोटी, A top, a crest, a bunch of head-hair, शिखा (स्त्री.)।

शिखी (पुं. तस.) मोर, अग्नि, बाण, पर्वत, A peacock, fire, an arrow, a mountain, शिखी-खिन् (पुं.)।

शित (वि. तस.) तीक्ष्ण, Sharp, शित, तीक्ष्ण (वि.)।

शिथिल (वि. तस.) ढीलाढाला, Loose, weary, slow, शिथिल (वि.)।

शिथिलता (स्त्री. तस.) ढीलापन, Looseness, weariness, slackness, शिथिलता (स्त्री.), शैथिल्यम् (नपुं.)।

शिथिलाई (स्त्री. तभ.) दे. 'शिथिलता'।

शिथिलाना (अकर्म. तभ.) ढीलाढला होना, To be slow or weary, शिथिलीभू -शिथिलीभवति।

शिनाख्त (स्त्री. अर.) पहचान, Recognition, identification, परिज्ञानम् (पुं.), परिचयः (पुं.)।

शिविर (पुं. तस.) कैम्प, A camp, शिविरम् (नपुं.)।

शिया (पुं. अर.) मुसलमानों का एक सम्प्रदाय, A community of Mohammadans, शिया-सम्प्रदायः (पुं.)।

शिर (पुं. तस.) सिर, Head, शिरः-स् (नपुं.), शीर्षम्, उत्तमाङ्गम् (नपुं.)।

शिरस्त्राण (पुं. तस.) सिर को बचाने का टोप, A helmet, शिरस्त्राणम् (नपुं.)।

शिरा (स्त्री. तस.) हृदय की ओर रक्त ले जाने वाली नाड़ी, A vein, शिरा (स्त्री.)।

शिरीष (पुं. तस.) एक पेड़ और उसके फूल, Acacia tree and its flower, शिरीषः (वृक्षः), शिरीषम् (पुष्पम्)।

शिरोधार्य (वि. तस.) मानने योग्य, Acceptable, शिरोधार्य, स्वीकार्य (वि.)।

शिरोमणि (पुं. तस.) मुखिया, The head, main, शिरोमणिः (पुं.)।

शिला (स्त्री. तस.) चट्टान, सिल, A rock, शिला (स्त्री.)।

शिलाजीत (पुं. तभ.) चट्टान से निकलने वाली एक दवाई, Mineral pitch, bitumen, शिलाजतुः (पुं.)।

शिलालेख (पुं. तस.) चट्टान पर लिखे गए लेख, Inscription, petrograph, शिलालेखः (पुं.)।

शिलीमुख (पुं. तस.) भौंरा, A black bee, शिलीमुखः, भ्रमरः, द्विरेफः, अलिः (पुं.)।

शिल्प (पुं. तस.) कारीगरी, कला, An art, a craft, शिल्पम् (नपुं.), कला (स्त्री.)।

शिल्पकार, शिल्पी (पुं. तस.) कारीगर, An artisan, a craftsman, शिल्पकारः, शिल्पी-पिन् (पुं.)।

शिव (वि. तस.) कल्याणमय, मंगलमय, Auspicious, शिव (वि.)।
(पुं. तस.) ईश्वर, महादेव, God, Mahadeva, शिवः (पुं.)।

शिवा (स्त्री. तस.) सियारिन, A female jackal, पार्वती, Parvati, शिवा, सृगाली, शिवानी, पार्वती (स्त्री.)।

शिवि (पुं. तस.) एक राजा जिसने बाज को अपने शरीर का मांस दे दिया था, A king who gave his flesh to a hawk, शिविः, औशीनरः (पुं.)।

शिविका (स्त्री. तस.) पालकी, A palanquin, शिविका (स्त्री.)।

शिविर (पुं. तस.) कैम्प, Camp, शिविरम् (नपुं.)।

शिशिर (पुं. तस.) पतझड़ की ऋतु, सर्दी की अंतिम ऋतु, The last season of cold, शिशिरः (पुं.)।

शिशु (पुं. तस.) बच्चा, अर्भक, A baby, शिशुः, अर्भकः (पुं.)।

शिशुपाल (पुं. तस.) श्रीकृष्ण के द्वारा मारा गया दुष्ट चेदिराज, The king of Chedis who was killed by Lord Krishna, शिशुपालः (पुं.)।

शिश्न (पुं. तस.) मूत्रेन्द्रिय, उपस्थ, The penis, शिश्नम् (नपुं.)।

शिष्ट (वि. तस.) सभ्य, Civilised, noble, शिष्ट, सभ्य (वि.)।

शिष्टता (स्त्री. तस.) सभ्यता, सज्जनता, Nobility, good behaviour, शिष्टता, सभ्यता (स्त्री.)।

शिष्टाचार (पुं. तस.) दे. 'शिष्टता' — शिष्टाचारः (पुं.)।

शिष्य (पुं. तस.) चेला, शागिर्द, A pupil, शिष्यः, छात्रः (पुं.)।

शिष्या (स्त्री. तस.) चेली, A female pupil, शिष्या, छात्रा (स्त्री.)।

शीकर (पुं. तस.) जल का बिन्दु, A drop of water, शीकरः, जलकणः, जलबिन्दुः (पुं.)।

शीघ्र (क्रि. वि. तस.) जल्दी, Soon, fast, शीघ्रम्, सत्वरम् (क्रि. वि.)।

शीघ्रता (स्त्री. तस.) जल्दबाजी, Rapidity, swiftness, शीघ्रता, त्वरा (स्त्री.)।

शीत (नपुं. तस.) ठण्डक, Coldness, शीतम् (नपुं.)।
(वि. तस.) ठण्डा, Cold, chilled, शीत, शिशिर (वि.)।

शीतल (वि. तस.) शान्त, ठंडा, Cool, शीतल (वि.)।

शीतलता (स्त्री. तस.) शान्त स्वभाव, हल्की, ठण्डक, Coolness, calmness, शीतलता (स्त्री.)।

शीतला (स्त्री. तस.) चेचक, Small pox, शीतला (स्त्री.)।

शीतांशु (पुं. तस.) चाँद, The moon, शीतांशुः, हिमांशुः, चन्द्रः, शशाङ्कः (पुं.)।

शीर (पुं. फा.) क्षीर, दूध, पय, Milk, क्षीरम्, दुग्धम्, पयः-स् (नपुं.)।

शीर्ण (वि. तस.) जीर्ण, फटा पुराना, Torn up, withered, broken, शीर्ण, जीर्ण (वि.)।

शीर्ष (पुं. तस.) सिर, A head, शीर्षम्, शिरः -स्, उत्तमाङ्गम् (नपुं.)।

शीर्षक (पुं. तस.) लेखनीय विषय का नाम, A heading, शीर्षकम् (नपुं.)।

शील (पुं. तस.) स्वभाव, प्रकृति, आचरण, Habit, temper, character, शीलम्, आचरणम् (नपुं.) स्वभावः (पुं.) प्रकृतिः (स्त्री.)।

शीश (पुं. तभ.) दे. 'शीर्ष'।

शीशम (पुं. तभ.) दे. 'शिंशपा'।

शीशा (पुं. फा.) काँच, दर्पण, Glass, a mirror, काचः, दर्पणः, मुकुरः, आदर्शः (पुं.)।

शीशी (स्त्री. फा.) छोटी बोतल, कांच कूपी, A small bottle, a phial, काचकूपी (स्त्री.)।

शुंठी, शुण्ठी (स्त्री. तस.) सूखा अदरक, Dry ginger, शुण्ठी (स्त्री.) शुष्कमार्द्रकम् (नपुं.), शुण्ठी (स्त्री.)।

शुंड, शुण्ड (पुं. तस.) सूँड, हाथी का कर, A trunk of an elephant, शुण्डः, करः (पुं.)।

शुंडी, शुण्डी (पुं. तस.) हाथी, हस्ती, An elephant, शुण्डी-डिन्, करी-रिन्, गजः, द्विपः (पुं.)।

शुक (पुं. तस.) तोता, A parrot, शुकः, कीरः (पुं.)।

शुकदेव (पुं. तस.) महर्षि व्यास का पुत्र, Son of the sage Vyasa, शुकदेवः (पुं.)।

शुक्ति (स्त्री. तस.) सीप, A pearl oyster, शुक्तिः (स्त्री.)।

शुक्र (पुं. तस.) एक नक्षत्र, वीर्य, शुक्रवार, A star, semen, Friday, शुक्रः (पुं.)। (वि. तस.) शुद्ध, Pure, शुक्र, शुद्ध (वि.)।

शुक्र (पुं. अर.) धन्यवाद, Thanks, धन्यवादः, अनुग्रहः (पुं.)।

शुक्रगुज़ार (पुं. अर.) कृतज्ञ, अनुगृहीत, Thankful, grateful, कृतज्ञ, अनुगृहीत (वि.)।

शुक्रवार (पुं. तस.) सप्ताह का छठा दिन, Friday, शुक्रवारः (पुं.)।

शुक्राचार्य (पुं. तस.) असुरों के गुरु, एक राजनीति के विद्वान् आचार्य, The preceptor of demons, who was a great scholar of politics, शुक्राचार्यः (पुं.)।

शुक्रिया (पुं. अर.) धन्यवाद, Thanks, धन्यवादः, अनुग्रहः (पुं.)।

शुक्ल (वि. तस.) सफेद, White, शुक्ल, श्वेत, सित (वि.)।

शुचि (वि. तस.) शुद्ध, साफ, Pure, clean, शुद्ध, स्वच्छ, पवित्र (वि.)।

शुतुरमुर्ग (पुं. फा.) ऊँट के आकार का एक पक्षी, उष्ट्रकुक्कुट, An ostrich, उष्ट्रकुक्कुटः (पुं.)।

शुद्ध (वि. तस.) निर्मल, स्वच्छ, दोषरहित, Clear, clean, flawless, निर्मल, स्वच्छ, शुद्ध, निर्दोष (वि.)।

शुद्धता, शुद्धि (स्त्री. तस.) सफाई, पवित्रता, निर्मलता, निर्दोषता, Cleanliness, purity, flawlessness, शुद्धता, शुद्धिः, पवित्रता, स्वच्छता (स्त्री.)।

शुद्धोदन (पुं. तस.) महात्मा बुद्ध के पिता का नाम, The name of Buddha's father, शुद्धोदनः (पुं.)।

शुनासीर (पुं. तस.) इन्द्र का एक उपनाम, An epithet of Indra, शुनासीरः, इन्द्रः (पुं.)।

शुनी (स्त्री. तस.) कुतिया, A bitch, a female dog, शुनी, कुक्कुरी (स्त्री.)।

शुबहा (पुं. अर.) संदेह, शक, Doubt, suspicion, संदेहः, संशयः (पुं.)।

शुभ (वि. तस.) मंगलमय, कल्याणकारी, Auspicious, good, शुभ, मङ्गलमय (वि.)।

शुभ्र (वि. तस.) सफेद, स्वच्छ, white, clean, pure, शुभ्र, श्वेत, स्वच्छ (वि.)।

शुमार (पुं. फा.) गणना, संख्या, Counting, number, गणना, संख्या (स्त्री.)। (वि. फा.) सम्मिलित, Included, सम्मिलित (वि.)।

शुरू (पुं. अर.) आरम्भ, Beginning, आरम्भः, प्रारम्भः (पुं.)।

शुल्क (पुं. तस.) देय राशि, Fees, शुल्कम्, मूल्यम् देयम् (नपुं.)।

शुश्रूषा (स्त्री. तस.) सेवा, परिचर्या, Service, attending, शुश्रूषा, सेवा, परिचर्या (स्त्री.)।

शुश्रूषु (पुं. तस.) सेवक, परिचारक, A servant, an attendant, शुश्रूषुः, सेवकः (पुं.)।

शुष्क (वि. तस.) सूखा, Dry, शुष्क, नीरस (वि.)।

शूकर (पुं. तस.) सूअर, A pig, a boar, a hog, शूकरः, घोणी-णिन्, वराहः (पुं.)।

शूद्र (पुं. तस.) आर्यों में चौथे वर्ण का व्यक्ति, A person of the fourth Aryan class, शूद्रः (पुं.), अन्त्यजः (पुं.)।

शूद्रक (पुं. तस.) मृच्छकटिक नामक प्रसिद्ध प्रकरण (एक रूपक) के लेखक का नाम, The name of the author of the famous dramatic book Mriccha-katika, शूद्रकः (पुं.)।

शून्य (पुं. तस.) जीरो, सुनसान स्थान, A zero, a lonely place, शून्य (नपुं.)। (वि. तस.) रिक्त, खाली, अकेला, Empty, alone, शून्य (वि.)।

शूर (वि. तस.) बहादुर, Brave, शूर (वि.)।

शूरता (स्त्री. तस.) बहादुरी, वीरता, Bravery, courage, heroism, शूरता, वीरता (स्त्री.), साहसम् (नपुं.)।

शूरवीर (पुं. तस.) पराक्रमी, बहुत बहादुर, A hero, a knight, very brave fellow, शूरवीरः (पुं.)।

शूर्प (पुं. तस.) सूप, छाज, A winnowing basket, शूर्पः-पम् (पुं., नपुं.)।

शूर्पणखा (स्त्री. तस.) एक राक्षसी जिसके नाक-कान लक्ष्मण ने काटे थे, A female demon whose nose and ears were cut by Lakshamana, शूर्पणखा (स्त्री.)।

शूल (पुं. तस.) तेज पीड़ा, काँटा, भाला, A sharp pain, a thorn, a spear, तीक्ष्णवेदना, तीव्रपीडा (स्त्री.), कण्टकम् (नपुं.), कुन्तः (पुं.), शूलः-लम् (पुं. नपुं.)।

शूली (पुं. तस.) शूलधारी शिवजी, An epithet of Shiva ji, शूली, शिवः (पुं.)। (स्त्री. तस.) सूली, A gibbet, a cruce शूली (स्त्री.)।

शृंखला, शृङ्खला (स्त्री. तस.) जंजीर, परम्परा, A chain, a series, a range, शृङ्खला (स्त्री.)।

शृंग, शृङ्ग (पुं. तस.) सींग, हाथी या सूअर का दाँत, पर्वत की चोटी, A horn, a top, a tusk, a peak of a mountain, शृङ्गम्, शिखरम्, विषाणम् (नपुं.)।

शृंगार, शृङ्गार (पुं. तस.) रति का भाव, सजावट, The sentiment of love, decoration, ornament, शृङ्गारः (पुं.)।

शृंगी, शृङ्गी (वि. तस.) सींग वाला, Having a horn or top, शृङ्गी-गिन् (वि.)। (पुं. तस.) सींगधारी गाय भैंस आदि पशु, पर्वत, हाथी, पेड़, Any animal having horns, a mountain, an elephant, a tree, शृङ्गी पशुः, पर्वतः, हस्ती, वृक्षः (पुं.)।

शेख (पुं. अर.) यवनों की विशेष उपाधि, A title of a sect of Mohammadans, शेखः (पुं.)।

शेखचिल्ली (पुं. अर.) काल्पनिक दुनिया में रहने वाला, One who builds castles in air, दिवास्वप्निलः (पुं.)।

शेखर (पुं. तस.) मुकुट, A crown, an ornament of the head, शेखरः-रम्, किरीटः-टम्, (पुं., नपुं.), मुकुटम् (नपुं.)।

शेखी (स्त्री. अर.) डींग, आत्मश्लाघा, Boasting, vain-self glory, आत्मश्लाघा (स्त्री.) विकत्थनम् (नपुं.)।

शेखी बघारना (सकर्म. देशी) डींगें हाँकना, To boast, आत्मानं श्लाघ् (भ्वा. आ.) — श्लाघते, वि+कत्थ् (भ्वा. आ.) —विकत्थते।

शेर (पुं. अर.) सिंह, केसरी, मृगेन्द्र, A lion, सिंहः, मृगेन्द्रः, हरिः, केसरी-रिन् (पुं.)।

शेरनी (स्त्री. अर.) सिंही, A lioness, a female lion, सिंही (स्त्री.)।

शेरवानी (स्त्री. देशी) एक प्रकार का लम्बा कोट, A kind of long coat, आजानुलम्बी कञ्चुकभेदः (पुं.)।

शेष (पुं. तस.) बचा हुआ पदार्थ, Residue, remainder, शेषम् (नपुं.)।

शेषनाग (पुं. तस.) एक विशेष साँप, The Shesha serpent, शेषः, शेषनागः (पुं.)।

शेषशायी (पुं. तस.) विष्णु का उपनाम, An epithet of Vishnu, शेषशायी-यिन्, विष्णुः (पुं.)।

शैतान (पुं. अर.) शरारती, दुष्ट, A mischievious fellow, a miscreant, खलः, दुष्टः, शठः (पुं.)।

शैतानी (स्त्री. अर.) शरारत, दुष्टता, शठता, Mischief, wickedness, दुष्टता, शठता (स्त्री.)।

शैत्य (पुं. तस.) ठण्ढक, शीत, Cold, शैत्यम्, शीतम् (नपुं.)।

शैथिल्य (पुं. तस.) शिथिलता, ढिलाई, Slackness, looseness, शिथिलता (स्त्री.), प्रमादः (पुं.)।

शैल (पुं. तस.) पहाड़, पर्वत, A mountain, looseness, शिथिलता (स्त्री.) प्रमादः (पुं.)।

शैली (स्त्री. तस.) ढंग, पद्धति, A style, शैली, पद्धतिः, रीतिः (स्त्री.), विधिः (पुं.)।

शैलूष (पुं. तस.) अभिनेता, नर्तक, बाजे वालों का नेता, An actor, a dancer, the leader of the band, अभिनेता-तृ, नर्तकः, वादकानां नेता-तृ (पुं.)।

शैलेन्द्र (पुं. तस.) हिमालय, नगेन्द्र, The Himalaya mountain, शैलेन्द्रः, नगेन्द्रः हिमालयः (पुं.)।

शैव (वि. तस.) शिव से सम्बन्धित, Pertaining to Shiva, शैव (वि.)। (पुं. तस.) शिव का अनुयायी, उपासक, A devotee of Shiva, शैवः (पुं.)।

शैवल (पुं. तस.) काई, सिवार, Moss, शैवलः।

शैवलिनी (स्त्री. तस.) नदी, A river, शैवलिनी, नदी, तटी, तरंगिणी (स्त्री.)।

शैव्या (स्त्री. तस.) सत्यवादी हरिश्चन्द्र की पत्नी, The wife of King Harishchandra who used to tell truth, शैव्या (स्त्री.)।

शैशव (पुं. तस.) शिशु-अवस्था, बाल्यावस्था, Childhood, शैशवम् (नपुं.) बाल्यावस्था (स्त्री.)।

शोक (पुं. तस.) अफसोस, Sorrow, grief, शोकः, खेदः (पुं.) दुःखम् (नपुं.)।

शोकार्त (वि. तस.) शोक से पीड़ित, Sorrowful, mournful, full of grief, शोकार्त, शोकाकुल (वि.)।

शोख (वि. फा.) गहरे रंग वाला, शरारती, Having deep shining colour, mischievious, अतिगाढरागमय, भासुर, दुष्ट, धूर्त (वि.)।

शोचनीय, शोच्य (वि. तस.) शोक करने के योग्य, Lamentable, deplorable, शोचनीय, शोच्य (वि.)।

शोण (पुं. तस.) खून, एक नदी जो गंगा में मिलती है, Blood, a river which falls into Gangā, शोणः नदः (पुं.)। रुधिर, खून, Blood, शोणितम्, रुधिरम्, रक्तम् (नपुं.)।

शोथ (पुं. तस.) सोजिश, Swelling, शोथः, शोफः, श्वयथुः (पुं.)।

शोध (पुं. तस.) सफाई, ऋण चुकाना, खोज, अनुसंधान, Purification, payment of debt, investigation, research, शोधः, ऋणशोधः (पुं.)।

शोधक (पुं. तस.) शुद्धि करने वाला, A corrector, a reformer, a purgatory, शोधकः (पुं.)।

शोधन (पुं. तस.) दे. 'शोध' — शोधनम् (नपुं.), शुद्धिः (स्त्री.)।

शोभन (पुं. तस.) सुन्दर, अच्छा, बढ़िया, Beautiful, good, excellent, शोभनम्, सुन्दरम्, उत्तमम् (नपुं.)।

शोभा (स्त्री. तस.) सौन्दर्य, सजावट, Beauty, decoration, भूषा, शोभा (स्त्री.), सौन्दर्यम् (नपुं.)।

शोभायमान (वि. तस.) सजा हुआ, शानदार, Splendid, shining, beautifying, शोभायमान (वि.)।

शोर (पुं. फा.) कोलाहल, कलकल, A noise, hue and cry, कोलाहलः, कलकलः (पुं.)।

शोरबा (पुं. फा.) रसा, यखनी, Soup, मांसरसः, शाकादीनां रसः (पुं.) यूषः।

शोरा (पुं. फा.) यवक्षार, जौ का खार, निपीती, Nitre, saltpetre, यवक्षारः, विपाकी-किन्, निपीती-तिन्, पाक्यः (पुं.)।

शोला (पुं. अर.) ज्वाला, लपट, A flame, ज्वाला (स्त्री.) अर्चिः-ष् (नपुं.)।

शोषक (पुं. तस.) सुखाने वाला, अधिकार छीनने वाला, Absorbent, blotting paper, exploiter, चूषकः, शोषकः, मसीचूषकः, अधिकारहर्ता-तृ (पुं.)।

शोषण (पुं. तस.) सुखाना, चूसना, अधिकार छीनना, Drying, absorbing, exploiting, शोषणम्, चूषणम्, अधिकारहरणम् (नपुं.)।

शोहरत (स्त्री. अर.) ख्याति, प्रसिद्धि, Fame, ख्यातिः, प्रसिद्धिः, कीर्तिः (स्त्री.)।

शौंडिक, शौण्डिक (पुं. तस.) शराब बनाने वाला, A distiller of spirituous liquor, मद्यनिर्माता-तृ (पुं.)।

शौक (पुं. अर.) चाव, अभिरुचि, Fondness, interest, अभिरुचिः, प्रवृत्तिः (स्त्री.)।

शौकिया (वि. अर.) अभिरोचक, चाव से सम्बन्धित, Fondly, अभिरुचिमय, प्रवृत्ति-मय (वि.)।

शौकीन (वि. अर.) इच्छुक, अभिलाषुक, प्रसाधन-प्रिय, Desirous, wilful for decoration, इच्छुक, अभिलाषुक, प्रसाधन-प्रिय (वि.)।

शौच (पुं. तस.) शुद्धि, पवित्रता, मलत्याग, Purity, cleanliness, evacuation of bowels, शौचम् (नपुं.) मलत्यागः (पुं.) शुद्धिः (स्त्री.)।

शौरसेनी (स्त्री. तस.) एक अपभ्रंश भाषा, जिससे हिन्दी आदि भाषाओं का विकास हुआ, A old language from which Hindi and some other languages were evolved, शौरसेनी (स्त्री.)।

शौर्य (पुं. तस.) बहादुरी, शूरता, वीरता, Bravery, heroism, शौर्यम् (नपुं.), शूरता (स्त्री.)।

शौहर (पुं. अर.) पति, A husband, पतिः, भर्ता-तृ (पुं.)।

श्मशान (पुं. तस.) मृतकों को जलाने का स्थान, A cemetery, श्मशानम्, शवसानम् (नपुं.)।

श्मश्रु (पुं. तस.) मूँछ, Moustaches, श्मश्रु (नपुं. श्मश्रु, श्मश्रुणी, श्मश्रूणि)।

श्याम (वि. तस.) साँवला, काला, Black, श्याम, श्यामल, कृष्ण (वि.)।

(पुं. तस.) श्रीकृष्ण का उपनाम, An epithet of Lord Krishna, श्यामः (पुं.)।

श्यामसुन्दर (पुं. तस.) दे. 'श्याम-पुं.' — श्यामसुन्दरः, कृष्णः (पुं.)।

श्यामा (स्त्री. तस.) नवयुवती, राधा, काली गाय, रात, A quite young lady, Radha, black cow, night, श्यामा, नवयुवती, राधा, कृष्णा गौः, रजनी (स्त्री.)।

श्याल, श्यालक (पुं. तस.) साला, Wife's brother, श्यालः, श्यालकः (पुं.)।

श्येन (पुं. तस.) बाज, एक शिकारी पक्षी, A hawk, the bird of prey, श्येनः (पुं.)।

श्रद्धा (स्त्री. तस.) विश्वास, आस्था, निष्ठा, Devotion, faith, श्रद्धा, आस्था, निष्ठा (स्त्री.) विश्वासः (पुं.)।

श्रद्धालु, श्रद्धावान् (वि. तस.) निष्ठवान्, Devotee, faithful, श्रद्धालु, श्रद्धावान्-वत्, निष्ठवान्-वत् (वि.)।

श्रद्धास्पद, श्रद्धेय (वि. तस.) माननीय, श्रद्धापात्र, Venerable, respectful, श्रद्धास्पद, श्रद्धेय, माननीय (वि.)।

श्रम (पुं. तस.) मेहनत, उद्यम, Labour, industry, श्रमः, उद्यमः (पुं.)।

श्रमजीवी (पुं. तस.) मज़दूर, श्रमिक, Labourer, श्रमजीवी-विन्, श्रमिकः (पुं.)।

श्रमण (पुं. तस.) बौद्धभिक्षु, A Buddhistic sage, श्रमणः (पुं.)।

श्रमवारि (पुं. तस.) पसीना, Sweat, श्रमवारि (नपुं.) प्रस्वेदः (पुं.)।

श्रमिक (पुं. तस.) दे. 'श्रमजीवी' — श्रमिकः (पुं.)।

श्रवण (पुं. तस.) सुनना, श्रवण नामक पितृभक्त और एक तारा, Hearing, श्रवणम् (नपुं.), the name of a star and a devotee of parents, श्रवणः (पुं. पितृभक्त तथा तारक)।

श्रव्य (वि. तस.) सुनने योग्य, Fit to be heard, श्रव्य (वि.)।

श्रान्ति (स्त्री. तस.) दे. 'श्रम' — श्रमः (पुं.), श्रान्तिः (स्त्री.)।

श्राद्ध (पुं. तस.) श्रद्धा से किए जाने वाला कर्म, A work done with devotion, श्राद्धम् (नपुं.)।

श्राप (पुं. देशी) दे. 'शाप' — शापः (पुं.)।

श्रावक (पुं. तस.) सुनाने वाला, बौद्ध भिक्षु, जैनी, One who tells something, a Bauddha medicant, a follower of Jainism, श्रावकः (पुं.)।

श्रावण (पुं. तस.) भारतीय वर्ष का पाँचवाँ महीना, The fifth month of an Indian year, श्रावणः (पुं.), सुनाना, Telling to others, श्रावणम् (नपुं.)।

श्रावणी (पुं. तस.) रक्षाबन्धन का पर्व, वेदाध्ययन आरम्भ करने का पर्व, A festival of Raksha Bandhana and for beginning study of Vedas, रक्षाबन्धनपर्व, श्रावण्युपाकर्म पर्व (नपुं.)।

श्रावस्ती (स्त्री. तस.) कौशल के उत्तर में स्थित एक प्राचीन नगरी का नाम, The name of an old city situated in the north of Kaushala, श्रावस्ती।

श्राव्य (वि. तस.) सुनाने योग्य, Worth of saying loudly, श्राव्यम् (नपुं.)।

श्री (स्त्री. तस.) लक्ष्मी, शोभा, Wealth, beauty, श्रीः, लक्ष्मीः, सुन्दरता (स्त्री.)।

श्रीकांत, श्रीकान्त (पुं. तस.) विष्णु का एक उपनाम, An epithet of Vishnu, श्रीकान्तः, विष्णुः (पुं.)।

श्रीपति (पुं. तस.) दे. 'श्रीकान्त' — श्रीपतिः (पुं.)।

श्रीपाद (वि. तस.) माननीय, मान्यवर, Respected, honourable, श्रीपाद (वि.)।

श्रीफल (पुं. तस.) शरीफा, The wood apple tree and its fruit, श्रीफलः (वृक्षः.), श्रीफलम् (फलम्)।

श्रीमती (वि. स्त्री. तस.) माननीया, श्रद्धास्पदा, A respected female, श्रीमती (वि. स्त्री.)।

श्रीमान् (वि. पुं. तस.) दे. 'श्रीपाद' — श्रीमान्-मत् (वि. पुं.)।

श्रुत (वि. तस.) सुना हुआ, Heard, श्रुत (वि.)।

(पुं. तस.) ज्ञान, Knowledge, श्रुतम् (नपुं.)।

श्रुति (स्त्री. तस.) कान, वेद, सुनने की क्रिया, Ear, the Veda, hearing, श्रुतिः, (स्त्री.)।

श्रेणि, श्रेणी (स्त्री. तस.) कक्षा, पंक्ति, Class, a row, श्रेणिः, श्रेणी, कक्षा, पङ्क्तिः (स्त्री.)।

श्रेय (पुं. तस.) मंगल, कल्याण, Good thing, auspicious occasion, श्रेयः-स् (नपुं.) (श्रेयः, श्रेयसी, श्रेयांसि)।

श्रेष्ठ (वि. तस.) उत्तम, Best, श्रेष्ठ, उत्तम, अद्वितीय, अनुपम (वि.)।

श्रेष्ठी (पुं. तस.) सेठ, धनी मनुष्य, A wealthy person, श्रेष्ठी-ठिन् (पुं.)।

श्रोणिः, श्रोणी (स्त्री. तस.) कूल्हा, चूतड़, Loin, buttock, hip, श्रोणिः, श्रोणी (स्त्री.)।

श्रोता (पुं. तस.) सुनने वाला, A hearer, a listener, श्रोता-तृ (पुं.)।

श्रोत्र (पुं. तस.) कान, An ear, श्रोत्रम् (नपुं.) कर्णः (पुं.)।

श्रोत्रिय (पुं. तस.) विद्वान्, वेदों का ज्ञाता, A scholar, a scholar of Vedas, श्रोत्रियः (पुं.)।

श्लथ (पुं. तस.) ढीलापन, शिथिलता, Looseness, श्लथः (पुं.), शैथिल्यम् (नपुं.)।

श्लाघनीय (वि. तस.) प्रशंसनीय, स्तुत्य, Praiseworthy, प्रशंसनीय, प्रशस्य, स्तुत्य (वि.)।

श्लाघा (स्त्री. तस.) प्रशंसा, स्तुति, Praise, प्रशंसा, स्तुतिः (स्त्री)।

श्लिष्ट (वि. तस.) मिला हुआ, अनेकार्थक (शब्द), Mixed, joined, having many meanings, श्लिष्ट (वि.)।

श्लीपद (पुं. तस.) हस्तिपद का रोग, Elephantiasis, श्लीपदः रोगः (पुं.)।

श्लेष (पुं. तस.) मेल, जोड़, एक साहित्यिक अलंकार Union, joining, a figure of speech, मेलः, योगः, श्लेषः, श्लेषालङ्कारः (पुं.)।

श्लेष्मा (पुं. तस.) कफ, बलगम, Phlegm, श्लेष्मा-मन् (पुं.)।

श्लोक (पुं. तस.) प्रशंसा-वचन, पद्य-रचना, Praising word, poetic composition श्लोकः (पुं.)।

श्वपच (पुं. तस.) चांडाल, A lowest caste, श्वपचः, चाण्डालः (पुं.)।

श्वशुर (पुं. तस.) ससुर, Father-in-law, श्वशुरः (पुं.)।

श्वश्रू (स्त्री. तस.) सास, Mother-in-law, श्वश्रू (स्त्री.)।

श्वान (पुं. तस.) कुत्ता, A dog, श्वा-वन् (पुं. - श्वा, श्वानौ, श्वानः)।

श्वापद (पुं. तस.) हिंसक पशु, A wild animal, श्वापदः, हिंस्रः पशुः (पुं.)।

श्वास (पुं. तस.) साँस, A breath, श्वासः (पुं.), श्वसनम् (नपुं.)।

श्वासोच्छ्वास (पुं. तस.) साँस भरना और छोड़ना, Inhaling and exhaling, श्वासोच्छ्वासौ (पुं. द्वि.)।

श्वित्र (पुं. तस.) सफेद कुष्ठ, White leprosy, श्वित्रम् (नपुं.), श्वेतकुष्ठम्।

श्वेत (वि. तस.) सफेद, White, श्वेत, सित (वि.)।

श्वेताश्वतर (स्त्री. तस.) एक उपनिषद् का नाम, The name of a spiritual book, श्वेताश्वतरोपनिषद् (स्त्री.)।

ष *Ṣa*

ष (पुं. तस.) दूसरा भूर्धन्य ऊष्म वर्ण, Second sibilant pronounced through soft palatal, षः, षकारः (पुं.)।

षंड, षण्ड (पुं. तस.) नपुंसक, हिजड़ा, A eunuch, an impotent person षण्डः, नपुंसकः (पुं.)।

षट् (वि. तस.) छः, Six, षट् (वि.)।

षट्पद (पुं. तस.) भौंरा, A black bee, षट्पदः (पुं.)।

षट्शास्त्र (पुं. तस.) न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, मीमांसा, वेदान्त ये षड्दर्शन, Nyaya, Vaisheshika, Sankhya, Yoga, Mimansa and Vedanta are six philosophical books, षट्शास्त्राणि (नपुं.)।

षडंग, षडङ्ग (पुं. तस.) – शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष, Shiksha, Kalpa, Vyakarana, Nirukta, Chand and Jyotisha, षडङ्गानि (नपुं. बहु.)।

षडानन (पुं. तस.) कार्तिकेय देवता का उपनाम, An epithet of Kartikeya, षडाननः, कार्तिकेयः (पुं.)।

षड्ज (पुं. तस.) संगीत का एक स्वर, A tone of music, षड्जः (पुं.)।

षड्दर्शन (पुं. तस.) दे. 'षट्शास्त्र' – षड्दर्शनानि (नपुं. बहु.)।

षड्यन्त्र (पुं. तस.) राजनैतिक योजना, A conspiracy, षड्यन्त्रम् (नपुं.)।

षट्रस (पुं. तस.) मधुर, तिक्त, लवण, कटु, कषाय और अम्ल ये छह स्वाद, Six tastes as mentioned in Hindi, षट्रसाः (पुं. बहु.)।

षष्ठ (वि. तस.) छठा, Sixth, षष्ठ (वि.)।

षष्ठी (स्त्री. तस.) छठी, Sixth, षष्ठी (स्त्री. वि.)।

षाण्मातुर (पुं. तस.) कार्तिकेय का एक उपनाम, An epithet of Kartikeya, षाण्मातुरः (पुं.)।

षाण्मासिक (वि. तस.) छह महीनों में होने वाला, Which takes place after six months, षाण्मासिक (वि.)।

षोडश (वि. तस.) सोलह, Sixteen, षोडश (वि.)।

ष्ठीवन (पुं. तस.) थूक, Spitting, ष्ठीवनम् (नपुं.)।

ष्ठ्यूत (वि. तस.) थूका हुआ, Any thing spit, ष्ठ्यूत (वि.)।

स *Sa*

स (पुं. तस.) ऊष्मों में से दन्त्य और तीसरा वर्ण, The third dental sibilant, सः, सकारः (पुं.)।

स (अ. तस.) किसी शब्द से पूर्व 'सह' के अर्थ में प्रयुक्त, Used in the sense of with before a word, सह-स (अ. यथा-सपरिवार, सस्नेह)।

स (अ. तभ.) किसी शब्द से पूर्व 'सु' के अर्थ में प्रयुक्त जैसे-सपूत, Used in the sense of, 'सु' before some word, सु (अ., यथा सुपूतः, सपूत हिन्द्याम्)।

संक, संका (स्त्री. तभ) दे. 'शंका'।

संकट, सङ्कट (नपुं. तस.) मुसीबत, Adversity, सङ्कटम्, कष्टम् (नपुं.)।

संकर, सङ्कर (पुं. तस.) मिश्रण, मिलावट, Mixture, सङ्करः (पुं.)।

संकरा (वि. देशी) तंग, सिकुड़ा हुआ, Narrow, संकुचित (वि.)।

संकलन (पुं. तस.) चुनाव, चुनना, इकट्ठा करना, Selection, a collection, सङ्कलनम्, चयनम्, एकत्रीकरणम् (नपुं.)।

संकल्प (पुं. तस.) पक्का इरादा, दृढ़ निश्चय, A determination, सङ्कल्पः (पुं.)।

संका (स्त्री. तभ.) दे. 'शंका'।

संकाश (पुं. तस.) समीपता, निकटता, Nearness, सामीप्यम् (नपुं.)।
(क्रि. वि.) पास, निकट, Near, समीपे, संकाशे (क्रि. वि.)।

संकीर्ण (वि. तस.) तंग, संकुचित, Narrow, mean, सङ्कीर्ण, सङ्कुचित, अनुदार (वि.)।

संकुचित (वि. तस.) दे. 'संकीर्ण'।

संकुल (वि. तस.) भीड़भाड़ वाला, Crowded, जनसम्मर्दमय (वि.), सङ्कुल (वि.)।

संकेत (पुं. तस.) इशारा, निर्देश, Point, sign, token, hint, सङ्केतः, निर्देशः (पुं.), इङ्गितम् (नपुं.)।

संकोच (पुं. तस.) लज्जा, घबराहट, सिकुड़न, Shyness, hesitation, hitch, shrinking, सङ्कोचः (पुं.)।

संकोचन (पुं. तस.) सिकुड़न, Shrinking, contraction, संकोचनम् (नपुं.)।

संकोची (वि. तभ.) लज्जालु, घबराने वाला, Shy, hesitator, सङ्कोची-चिन् (वि.)।

संक्रमण (पुं. तस.) दे. 'संक्रान्ति' — सङ्क्रमणम् (नपुं.)।

संक्रान्ति (स्त्री. तस.) एक से दूसरे के पास जाना, एक राशि से सूर्य या चाँद का दूसरी राशि में प्रवेश, नये महीने का आरम्भ, Contagion, passing of the sun or moon from one zodiac to the other one, beginning of a new month, सङ्क्रान्तिः (स्त्री.)।

संक्रामक (वि. तस.) एक से दूसरे के पास जाने वाली (बीमारी), Infectious, contagious, सङ्क्रामक (वि.)।

संक्षिप्त (वि. तस.) विस्तार से रहित, थोड़े में, Brief, संक्षिप्त (वि.)।

संक्षुब्ध (वि. तस.) व्याकुल, अशान्त, Perplexed, disturbed, संक्षुब्ध (वि.), अशान्त (वि.)।

संक्षेप (पुं. तस.) सार, निचोड़, Brevity, summary, संक्षेपः, सारः (पुं.), तत्त्वम् (नपुं.)।

संक्षेपतः (क्रि. वि.) थोडे में, साररूप में, In brief, briefly, संक्षेपतः (क्रि. वि.), सारांशतः (क्रि. वि.)।

संखिया (पुं. देशी) एक विषैली दवाई, Arsenic, शृङ्गिकम् (नपुं.), फेनाश्मा-मन् (पुं.)।

संख्या (स्त्री. तस.) गिनती, गणना, A number, संख्या, गणना (स्त्री.)।

संग, सङ्ग (पुं. तस.) साथ, Company, सङ्गः (पुं.), सङ्गतिः (स्त्री.)।

संगठन (पुं. तस.) संघ, मेल, एकता, Unity, union, संगठनम् (नपुं.), एकता (स्त्री.)।

संगठित (वि. तस.) मिला हुआ, United, संगठित (वि.), एकीभूत (वि.)।

संगति (स्त्री. तस.) दे. 'संग' — संगतिः (स्त्री.)।

संगम (पुं. तस.) संयोग, मिलन, Junction, union, meeting, संगमः, सङ्गमः (पुं.)।

संगीत (पुं. तस.) गान, गानविद्या, Music, a song, संगीतम्, सङ्गीतम् (नपुं.)।

संगीन (वि. फा.) गम्भीर, घोर, विकट, संकीर्ण, Serious, dreadful, narrow, गम्भीर, घोर, विकट, संकीर्ण (वि.)।

संगृहीत (वि. तस.) सञ्चित, इकट्ठा किया हुआ, Collected, compiled, संगृहीत, सञ्चित (वि.)।

संग्रह (पुं. तस.) समुदाय, जमाव, Collection, compilation, संग्रहः, सञ्चयः (पुं.)।

संग्रहणी (स्त्री. तस.) दस्तों का एक रोग, A chronic disease of bowels, sprue, संग्रहणी (स्त्री.)।

संग्राम (पुं. तस.) युद्ध, लड़ाई, Battle, war, संग्रामः (पुं.), युद्धम् (नपुं.)।

संघ (पुं. तस.) समूह, संगठन, Association, union, संघः (पुं.)।

संघटन (पुं. तस.) संगठित करने का कार्य, Organisation, unifying, संघटनम् (नपुं.)।

संघट्टः (पुं. तस.) टकराव, सम्मर्दन, Striking, struggle, संघट्टः (पुं.)।

संघट्टन (पुं. तस.) दे. 'संघर्ष' — संघट्टनम् (नपुं.)।

संघर्ष (पुं. तस.) रगड़, टकराव, Strife, struggle, संघर्षः (पुं.)।

संघर्षण (पुं. तस.) दे. 'संघर्ष' — संघर्षणम् (नपुं.)।

संघात (पुं. तस.) समूह, एकता, Collection, unity, संघातः (पुं.)।

संचय (पुं. तस.) एकत्रीकरण, संग्रह, Hoarding, collecting, सञ्चयः (पुं.) संग्रहः (पुं.)।

संचरण (पुं. तस.) गति, आगे चलना, Movement, सञ्चरणम् (नपुं.), सञ्चारः (पुं.)।

संचार (पुं. तस.) दे. 'संचरण' — सञ्चारः (पुं.)।

संचारी (वि. तस.) संचरण करने वाला, गति करने वाला, Moving, mobile, सञ्चारिन् (वि.)।

संचालक (पुं. तस.) चलाने वाला, प्रबन्धक, निर्देशक, A leader, a director, सञ्चालकः (पुं.)।

संचालन (पुं. तस.) प्रबन्ध करना, नेतृत्व करना, निर्देशन, Management, leading, direction, सञ्चालनम् (नपुं.)।

संचित (वि. तस.) एकत्रित, जमा किया हुआ, Earned, collected, hoarded, सञ्चित (वि.)।

संजय (पुं. तस.) धृतराष्ट्र को महाभारत युद्ध का वर्णन करने वाला व्यक्ति, विजेता, One who narrated the events of Mahabharata to Dhritarashtra, victorious, सञ्जयः (पुं.)।

संजीदा (वि. फा.) शांत, गंभीर, बुद्धिमान्, Calm, serious, wise, शान्त, गंभीर, बुद्धिमान् (वि.)।

संजीवनी (स्त्री. तस.) जीवन देने वाली औषध, A medicine or herb which brings to life even a dying person, सञ्जीवनी (स्त्री.)।

संज्ञा (स्त्री. तस.) चेतना, नाम, Consciousness, name, संज्ञा (स्त्री.)।

संझा (स्त्री. तभ.) दे. 'सन्ध्या'।

संडास (स्त्री. देशी) शौचालय, A latrine, शौचालयः, शौचकूपः (पुं.) मलत्यागपात्रम् (नपुं.)।

संडासी (स्त्री. देशी) चिमटी, चिमटा, संदंशिका, Forceps, tongs, संदंशिका (स्त्री.)।

संत, सन्त (पुं. तभ.) श्रेष्ठ पुरुष, महात्मा, A pious person, a devotee, महात्मा-मन् (पुं.)।

संतत (क्रि. वि.) लगातार, सतत, Continuously, सन्ततम्, सततम्, निरन्तरम् (क्रि. वि.)।

संतति (स्त्री. तस.) सन्तान, लड़ी, पंक्ति, Offspring, descendant, a line, a series, सन्ततिः (स्त्री.) सन्तान (पुं.)।

संतप्त (वि. तस.) खूब तपा हुआ, Well heated, सन्तप्त (वि.)।

संतरा (पुं. पुर्त.) संगतरा, नारंगी, An orange, नारङ्गम् (नपुं. फल), नारङ्गः (पुं. वृक्ष)।

संतराश, संगतराश (पुं. फा.) पत्थर का कारीगर, A stone cutter, पाषाणशिल्पी-पिन् (पुं.)।

संतरी (पुं. देशी.) पहरेदार, A watchman, प्रहरी- रिन् (पुं.)।

संतान (पुं. तस.) दे. 'संतति' — सन्तानः (पुं.)।

संताप (पुं. तस.) दुःख, वेदना, खेद, Irritation, pain, sorrow, सन्तापः, खेदः (पुं.) दुःखम् (नपुं.), वेदना, पीडा (स्त्री.)।

संतुष्ट (वि. तस.) प्रसन्न, निष्काम, Satisfied, contented, सन्तुष्ट, निष्काम, प्रसन्न (वि.)।

संतोष (पुं. तस.) सबर, प्रसन्नता, Satisfaction, contentment, सन्तोषः (पुं.) निष्कामता (स्त्री.)।

संतोषी (वि. तस.) संतोष करने वाला, निष्काम, Contented, satisfied, सन्तोषिन् (वि.)।

संदर्भ (पुं. तस.) प्रकरण, चलता हुआ विषय, A context, सन्दर्भः (पुं.) प्रकरणम् (नपुं.)।

संदिग्ध (वि. तस.) संशययुक्त, संदेहपूर्ण, Doubtful, uncertain, सन्दिग्ध, सांशयिक (वि.)।

संदीपन (पुं. तस.) दीप्त करना, उत्तेजना, Inflammation, exciting, सन्दीपनम्, उत्तेजनम् (नपुं.)।

संदूक (पुं. अर.) मञ्जूषा, बॉक्स, A box, मञ्जूषा, पेटिका (स्त्री.)।

संदेश (पुं. तस.) सूचना, Information, message, सन्देशः (पुं.) सूचना, विज्ञप्तिः (स्त्री.)।

संदेसा (पुं. तभ.) दे. 'संदेश'।

संदेह (पुं. तस.) शक, संशय, A doubt, a suspicion, सन्देहः, संशयः (पुं.)।

संदोह (पुं. तस.) समूह, समुदाय, A multitude, a group, सन्दोहः, समूहः, समुदायः (पुं.)।

संधानना (अकर्म. तभ.), जोड़ना, निशाना बिठाना या निशाना लगाना, To join, to aim at a mark, to discharge an arrow etc., संधानय् (नामधा.) — संधानयति, लक्ष्यं विध्यति।

संधि, सन्धि (स्त्री. तस.) जोड़, मेल, एकीकरण, Joining, treaty, agreement, सन्धिः (पुं.) संहिता (स्त्री.)।

संध्या (स्त्री. तस.) सूर्योदय और सूर्यास्त की संधि-वेला, साँझ, उपासना, Twilight, evening, worshipping, prayer, सन्ध्या (स्त्री.)।

संनिपात (पुं. तस.) एक साथ अनेक वस्तुओं का आ जाना, ऐसा रोग जिसमें वात-पित्त-कफ तीनों विकृत हों, Collision of many things, the disease when every organ upsets, संनिपातः (पुं.)।

संन्यास (पुं. तस.) सांसारिक मोहादि का त्याग, पृथक्त्व, Abandonment of the worldly desires, separation संन्यासः (पुं.)।

संन्यासी (पुं. तस.) जिसने संन्यास ग्रहण कर लिया है, One who has adopted saṁnyasa, संन्यासी-सिन् (पुं.)।

संपत्ति, सम्पत्ति (स्त्री. तस.) ऐश्वर्य, धनदौलत, Wealth, सम्पत्तिः (स्त्री.)।

संपद्, संपदा (स्त्री. तस.) दे. 'सम्पत्तिः' — सम्पद् (स्त्री.) (सम्पद्, सम्पदौ, सम्पदः) सम्पदा (स्त्री.)।

संपन्न, सम्पन्न (वि. तस.) धनी, युक्त, Wealthy, rich, possessed of, सम्पन्न (वि.)।

संपर्क, सम्पर्क (पुं. तस.) सम्बन्ध, Contact, relation, सम्पर्कः (पुं.)।

संपात, सम्पात (पुं. तस.) एक साथ नीचे आना, Falling together, सम्पातः (पुं.)।

संपाति, सम्पातिः (पुं. तस.) जटायु के बड़े भाई का नाम, The name of the elder brother of Jatayu, सम्पातिः (पुं.)।

संपादक, सम्पादक (पुं. तस.) पत्र या पुस्तक को सम्पादित करने वाला, An editor, सम्पादकः (पुं.)।

संपादकीय, सम्पादकीय (वि. तस.) सम्पादक से सम्बन्धित, Editorial, सम्पादकीय (वि.)।

संपादन,, सम्पादन (पुं. तस.) लेखादि व्यवस्थित करना, व्यवस्थापन, Editing, सम्पादनम् (नपुं.)।

संपुट, सम्पुट (पुं. तस.) टोकरा, दौना, सन्दूक, अञ्जलि, A basket, pot, a box, cavity made by joining palms of hands, सम्पुटः (पुं.)।

संपूर्ण, सम्पूर्ण (वि. तस.) पूरा, Full, complete, सम्पूर्ण (वि.)।

संपूर्णतः, सम्पूर्णतः (क्रि. वि. तस.) पूरे तौर से, Completely, fully, सम्पूर्णतः (क्रि. वि.)।

संप्रति, सम्प्रति (अ. तस.) इस समय, Now, सम्प्रति, साम्प्रतम्, अधुना, इदानीम् (अ.)।

संप्रदान, सम्प्रदान (पुं. तस.) अच्छी प्रकार देने का कार्य, सम्प्रदान कारक, Giving off, dative case, सम्प्रदानम् (नपुं.)।

संप्रदाय, सम्प्रदाय (पुं तस.) मज़हब, A community, a sect, सम्प्रदायः (पुं.)।

संबंध, सम्बन्ध (पुं. तस.) रिश्ता, सम्पर्क, जोड़, सम्वन्ध कारक, Relation, contact, possessive case, सम्बन्धः (पुं.)।

संबंधी, सम्बन्धी (वि. तस.) सम्वन्ध रखने वाला, सम्वन्धित (पुं. तस.) रिश्तेदार, A relative, सम्बन्धिन् (वि.) सम्बन्धी-धिन् (पुं.)।

संबद्ध, सम्बद्ध (वि. तस.) जुड़ा हुआ, Connected, सम्बद्ध (वि.)।

संबल, सम्बल (पुं. तस.) सहारा, A support, सम्बलः-लम् (पुं., नपुं.)।

संबोधन, सम्बोधन (पुं. तस.) पुकारना, वुलाने की विभक्ति, Calling, the vocative case, सम्बोधनम् (नपुं.)।

संभलना (अकर्म. देशी) सावधान होना, To be alert, to be cautious, सावधानी+भू-सावधानीभवति।

संभव, सम्भव (पुं. तस.) उत्पत्ति, हो सकना, Birth, possibility, सम्भवः (पुं.) सम्भूतिः (स्त्री.)।

संभवतः, सम्भवतः (क्रि. वि.) शायद, हो सकता है, Perhaps, सम्भवतः (क्रि. वि.)।

संभाल (स्त्री. देशी) रख-रखाव, व्यवस्था, पालन-पोषण, Arrangement, nourishment, watch, setting in order, रक्षणम्, व्यवस्थापनम्, पालनम्, पोषणम् (नपुं.)।

संभावना, सम्भावना (स्त्री. तस.) आशंका, कल्पना, Possibility, presumption, सम्भावना, आशंका, कल्पना (स्त्री.)।

संभावित, सम्भावित (वि. तस.) आशंकित, उत्प्रेक्षित, Possible, presumed, सम्भावित (वि.)।

संभाव्य, सम्भाव्य (वि. तस.) दे. 'सम्भावित' — सम्भाव्य (वि.)।

संभाषण, सम्भाषण (पुं. तस.) वार्तालाप, संवाद, Conversation, talk, सम्भाषणम् (नपुं.)।

संभूति, सम्भूति (स्त्री. तस.) दे.'सम्भव' — सम्भूतिः (स्त्री.)।

संभोग, सम्भोग (पुं. तस.) मजा, प्रसन्नता, रतिक्रीड़ा, Enjoyment, pleasure, sexual enjoyment, सम्भोगः (पुं.)।

संभ्रम, सम्भ्रम (पुं. तस.) व्याकुलता, मान, Confusion, respect, सम्भ्रमः (पुं.)।

संभ्रांत, सम्भ्रान्त (वि. तस.) माननीय, Respectful, honourable, सम्भ्रान्त (वि.)।

संमत, सम्मत (वि. तस.) स्वीकृत, माना हुआ, Agreed, accepted, सम्मत (वि.)।

संमति, सम्मति (स्त्री. तस.) परामर्श, सलाह, Opinion, consideration, सम्मतिः (स्त्री.) परामर्शः (पुं.)।

संयत (वि. तस.) नियन्त्रित, Controlled, संयत (वि.)।

संयम (पुं. तस.) नियन्त्रण, वशीकरण, Control, संयमः (पुं.) नियमनम् (नपुं.)।

संयमी (वि. तस.) इन्द्रियों को वश में रखने वाला, Controller of senses and mind, संयमिन् (वि.), जितेन्द्रिय (वि.)।

संयुक्त (वि. तस.) जुड़ा हुआ, Connected, संयुक्त (वि.)।

संयुग (पुं. तस.) युद्ध, संग्राम, Battle, war, युद्धम्, संयुगम् (नपुं.), संग्रामः (पुं.)।

संयोग (पुं. तस.) मेल, सम्बन्ध, सम्पर्क, भाग्य, Connection, contact, luck, संयोगः, सम्बन्धः, सम्पर्कः (पुं.)।

संयोजक (पुं. तस.) जोड़ने वाला, मेल कराने वाला, समुच्चय-बोधक, Connector, Connecting, a conjunction, संयोजकः (पुं.)।

संयोजन (पुं. तस.) मेल करना, जोड़ने का काम, Connection the act of joining or uniting, संयोजनम् (नपुं.)।

संरक्षक (पुं. तस.) अभिभावक, A guardian, a patron, संरक्षकः (पुं.)।

संरक्षण (पुं. तस.) पालनपोषण, देखभाल, Protection, nourishment, संरक्षणम् (नपुं.)।

संरक्षित (वि. तस.) पालित-पोषित, सुरक्षित, Nourished, protected, supported, संरक्षित (वि.)।

संलग्न (वि. तस.) दे. 'संयुक्त' — संलग्न (वि.)।

संलाप (पुं तस.) संवाद, वार्तालाप, बातचीत, Conversation, talk, संलापः (पुं.)।

संवत् (अ. तस.) वर्ष, Year, वर्षः-षम् (पुं., नपुं.) अब्दः (पुं.), संवत् (अ.)।

संवत्सर (पुं. तस.) दे. 'संवत्' — संवत्सरः (पुं.)।

संवरण (पुं. तस.) चुनने की क्रिया, ढकने की क्रिया, छिपाने की क्रिया, Selection, covering, concealing, संवरणम् (नपुं.)।

संवरना (अकर्म. तभ.), सजना, सुधरना, शोभित होना, To be decorated, to be improved, सम्+वृ (तुदा. उभ.), संवृणोति, संवृणुते।

संवर्धन (पुं. तस.) बढ़ाना, पालनपोषण करना, Increasing, nourishing, protecting, संवर्धनम् (नपुं.)।

संवाद (पुं. तस.) दे. 'संलाप' — संवादः (पुं.)।

संवारना (सकर्म. तभ.) सजाना, भूषित करना, To decorate, to improve, सं+वारय् (प्रे.) — संवारयति।

संवेदना (स्त्री. तस.) सुख-दुःख की अनुभूति, Sympathy, सुख-दुःखानुभूतिः (स्त्री.) संवेदना (स्त्री.)।

संशय (पुं. तस.) शक, सन्देह, Doubt, suspicion, संशयः, सन्देहः (पुं.)।

संशयात्मक (वि. तस.) संशय से युक्त, Doubtful, संशयात्मक (वि.)।

संशयात्मा (वि. तस.) निश्चय न करने वाला, संशय में पड़ा हुआ, One who is in lurch, having no decision, संशयात्मा-मन् (पुं.)।

संशोधक (पुं. तस.) शुद्ध करने वाला, One who corrects, संशोधकः (पुं.)।

संशोधन (पुं. तस.) शुद्ध करने का कार्य, Correction, संशोधनम् (नपुं.)।

संश्लिष्ट (वि. तस.) खूब मिला हुआ, Well joined or mixed, संश्लिष्ट (वि.)।

संश्लेषण (पुं. तस.) मिलान, जोड़, Joining, mixing, संश्लेषणम् (नपुं.)।

संसरण (पुं. तस.) गति, चाल, बहाव, Gait, movement, flow, संसरणम् (नपुं.)।

संसर्ग (पुं. तस.) सम्बन्ध, सम्पर्क, Connection, contact, संसर्गः, सम्बन्धः, सम्पर्कः (पुं.)।

संसार (पुं. तस.) दुनिया, The world, संसारः (पुं.), संसृतिः (स्त्री.)।

संसृति (स्त्री. तस.) दे. 'संसार' — संसृतिः (स्त्री.)।

संसृष्ट (पुं. तस.) मिला हुआ, Mixed, संसृष्ट (वि.)।

संस्करण (पुं. तस.) शोधन, सम्पादन, नवरूप, Beautification, an edition of a book, शोधनम्, सम्पादनम् (नपुं.)।

संस्कर्ता (पुं तस.) संस्कार करने वाला, शोभा प्रदान करने वाला, The person who adds some qualities, संस्कर्ता-तृ (पुं.)।

संस्कार (पुं. तस.) शोधन, गुणोत्पादन, Correction, addition of new qualities, संस्कारः (पुं.)।

संस्कृत (वि. तस.) शोधित, नये गुणों से सम्पादित, Purified, added with new qualities, संस्कृत (वि.)।
(पुं. तस.) देववाणी, जिसे ऋषियों ने व्यवहार-योग्य बनाया, संस्कृतम् (नपुं.) संस्कृतभाषा (स्त्री.)।

संस्कृति (स्त्री. तस.) परम्परा से प्राप्त गुणों का संग्रह, A culture, संस्कृतिः (स्त्री.)।

संस्था (स्त्री. तस.) कार्य करने का संघ, An institution, संस्था (स्त्री.)।

संस्थान (पुं. तस.) बड़ी संस्था, A big institution, संस्थानम् (नपुं.)।

संस्थापक (पुं. तस.) आरम्भ करने वाला, स्थापना करने वाला, A founder, a pioneer, संस्थापकः (पुं.)।

संस्थापना (स्त्री. तस.) आरम्भ करना, स्थापित करना, Foundation, संस्थापना (स्त्री.) संस्थापनम् (नपुं.)।

संस्मरण (पुं. तस.) घटी हुई घटनाओं की स्मृति, Recollection, remembrance, संस्मरणम् (नपुं.)।

संहत (वि. तस.) एकत्रित, मिले हुए, United, joined, संहत, संगठित (वि.)।

संहति (स्त्री. तस.) संघ, समूह, समुदाय, Association, multitude, संहतिः (स्त्री.) संघः (पुं.)।

संहार (पुं. तस.) नाश, एकत्रीकरण Devastation, destruction, collection, संहारः, वधः, नाशः (पुं.), एकत्रीकरणम् (नपुं.)।

संहारक (पुं. तस.) मारने वाला, Destroyer, murderer, संहारकः, नाशकः (पुं.)।

संहिता (स्त्री. तस.) मिले हुए शब्दों की रचना, Collection of hymns, a composition of rules and regulations, संहिता (स्त्री.)।

सइयाँ (पुं. तभ.) स्वामी, पति, A lover, a husband, स्वामी-मिन् (पुं.)।

सइयो (स्त्री. तभ.) सखियाँ, Female friends, सख्यः (स्त्री., बहु.)।

सऊ (सर्व. तभ.) सो, वह, He, that, she, सः, सा, तत् (सर्व.)।

सनाह (पुं. तस.) कवच, शिरस्त्राण, Armour, helmet, सनाहः (पुं.) कवचम्, तनुत्राणम्, शिरस्त्राणम् (नपुं.)।

सकना (अकर्म. तभ.) संभव होना, May be, शक् (स्वा. उभ.) — शक्यते (भाववा.)।

सकपकाना (अकर्म. देशी) निश्चय न कर पाना, संशय में रहना, To remain in suspense, निश्चयाभावः किंकर्त्तव्य-विमूढी-भू — विभूढीभवति।

सकरा (वि. तभ.) संकीर्ण, संकुचित, Narrow, संकीर्ण, संकुचित (वि.)।

सकर्मकक्रिया (स्त्री. तस.) कर्म की अपेक्षा रखने वाली क्रिया, A transitive verb, सकर्मकक्रिया (स्त्री.)।

सकल (वि. तस.) सम्पूर्ण, सारा, Whole, all, सकल (वि.)।

सकाम (वि. तस.) इच्छा से पूर्ण, Having desire, सकाम (वि.)।

सकारना (सकर्म. तभ.) स्वीकार करना, To accept, स्वी+कृ-स्वीकरोति।

सकारे (क्रि. वि. तभ.) सबेरे, In the morning, सुकाले, प्रातःकाले (क्रि. वि.)।

सकुच (पुं. तभ.) संकोच, Hesitation, संकोचः (पुं.)।

सकुचाई (क्रि. वि.) संकोचपूर्वक, With hesitation, संकुच्य, संकोचपूर्वकम् (क्रि. वि.)।

सकुन (पुं. तभ.) दे. 'शकुन'।

सकृत् (अ. तस.) एक बार, Once, सकृत्, एकधा (अ.)।

सकेलना (सकर्म. देशी) समेटना, इकट्ठा करना, To gather up, to collect, सम्+ग्रह (क्र्यादि. उ.) संगृह्णाति, संगृह्णीते।

सकोरा (पुं. देशी) मिट्टी का जलपात्र, कुल्हड़, An earthen glass, मृच्छरावः (पुं.)।

सक्तु (पुं. तस.) सत्तू, Parched grain flour, सक्तुः (पुं.)।

सखरी (स्त्री. देशी) केवल जल से तैयार किया गया भोजन, A food prepared only with water, निःस्नेहं पक्वभोजनम् (नपुं.)।

सखा (पुं. तस.) मित्र, सुहृद्, A friend, (सखा, सखायौ, सखायः), सुहृद् (पुं.), मित्रम् (नपुं.)।

सखावत (स्त्री. अर.) उदारता, औदार्य, Generosity, frankness, उदारता (स्त्री.) औदार्यम् (नपुं.)।

सखी (वि. तस.) सहेली, A female friend, सखी, आलिः, सहचरी (स्त्री.)।

सखी (वि. अर.) उदार, वदान्य, Generous, frank, उदार, वदान्य (वि.)।

सख्त (वि. फा.) कठोर, कर्कश, Hard, rigid, कठोर, कठिन, कर्कश (वि.)।

सख्ती (स्त्री. फा.) कठोरता, कर्कशता, Hardness, rigidity, कठोरता, कर्कशता, कठिनता (स्त्री.), काठिन्यम्, कार्कश्यम् (नपुं.)।

सख्य (पुं. तस.) दोस्ती, मित्रता, Friendship, सख्यम्, सौहृद्यम्, सौहार्दम् (नपुं.) मित्रता (स्त्री.)।

सगबगाना (अकर्म. देशी) दे. 'सकपकाना'।

सगर (पुं. तस.) श्रीराम के एक पूर्वज का नाम, Name of an ancestor of Shri Rama, सगरः (पुं.)।

सगरा (वि. तभ.) सकल, सम्पूर्ण, Whole, all, सकल, सम्पूर्ण (वि.)।

सगा (वि. तस.) अपना, असली, Real, स्वकः, निजः (वि. पुं.)।

सगाई (स्त्री. तभ.) मंगनी, वाग्दान, Betrothal, वाग्दानम्, स्वीकरणम् (नपुं.)।

सगुण (वि. तस.) गुण से युक्त, साकार, Full of merits, having a shape, सगुण, साकार (वि.)।

सघन (वि. तस.) ठोस, गहरा, Thick, dense, सघन, निबिड (वि.)।

सच (पुं. तभ.) सत्य, Truth, सत्यम्, ऋतम् (नपुं.)।

सचमुच (क्रि. वि.) वस्तुतः, In fact, really, वस्तुतः, सत्यतः (क्रि. वि.)।

सचाई, सच्चाई (स्त्री. तभ.) सत्यता, वास्तविकता, Reality, fact, सत्यता, वास्तविकता (स्त्री.)।

सचान (पुं. देशी) बाज, A hawk, श्येनः, शशादनः (पुं.)।

सचित्र (वि. तस.) तस्वीरों से युक्त, Pictorial, सचित्र (वि.)।

सचिव (पुं. तस.) मंत्री, अमात्य, कार्यालय का मुखिया, A secretary, सचिवः (पुं.)।

सचेत (वि. तस.) सावधान, Alert, सचेतस् (वि.), सचेताः (वि. पुं.)।

सचेतन (वि. तस.) दे. 'सचेत' – सचेतन (वि.)।

सचेष्ट (वि. तस.) क्रियाशील, कर्मठ, Active, सचेष्ट (वि.)।

सच्चरित्र (वि. तस.) ऊँचे चालचलन वाला, Having good character, सच्चरित्र (वि.)।

सच्चा (वि. तभ.) सत्यवक्ता, सच बोलने वाला, True, sincere, सत्यवक्तृ (वि.)।

सच्चिदानन्द (पुं. तस.) वह परमात्मा जो सत्, चित् और आनन्दरूप है, God who has existence, knows everything and is form of tranquility, सच्चिदानन्दः (पुं.)।

सजग (वि. तस.) जागरूक, सावधान, Alert, जागरूक, सावधान (वि.)।

सजधज (स्त्री. देशी) सजावट, Decoration, अलंकरणम् (नपुं.), अलंक्रिया (स्त्री.)।

सजन (पुं. तभ.) सुजन, सज्जन, पति, A good man, a husband, सुजनः, सज्जनः, पतिः, भर्ता-तृ (पुं.)।

सजना (अकर्म. तभ.) सज जाना, To be decorated, सज्ज् (भ्वा. उभ.) सज्जते, आत्मानम्-भूष् (चुरा. पर.) – भूषयति।

सजनी (स्त्री. तभ.) प्रिया, पत्नी, भार्या, Wife, beloved, प्रिया, पत्नी, भार्या (स्त्री.)।

सजल (वि. तस.) जलमय, जल से पूर्ण, अश्रु पूर्ण, Full of water, full of tears, सजल (वि.)।

सज़ा (स्त्री. फा.) दण्ड, Punishment, दण्डः (पुं.)।

सजातीय (वि. तस.) समान जाति का, एक जैसा, Of the same caste, similar, सजातीय (वि.)।

सजान (वि. तस.) दे. 'सुजान'।

सजाना (सकर्म. तभ.) अलंकृत करना, To decorate, सज्जय् (प्रे.) – सज्जयति, अलङ्करोति, भूषयति।

सजावट (स्त्री. तभ.) शोभा, अलंक्रिया, Decoration, सज्जनम्, अलङ्करणम् (नपुं.) शोभा, भूषा, अलङ्क्रिया (स्त्री.)।

सजीला (वि. तभ.) सजा हुआ, Decorated, भूषित, सज्जित, अलङ्कृत (वि.)।

सजीव (वि. तस.) चेतन, प्राणयुक्त, Animate, living, सजीव (वि.)।

सज्ज (वि. तस.) तैयार, अलंकृत, तत्पर, Ready, prepared, decorated, सज्ज, अलङ्कृत, तत्पर (वि.)।

सज्जन (पुं. तस.) श्रेष्ठ पुरुष, A noble man, सज्जनः, सत्पुरुषः (पुं.)।

सज्जनता (स्त्री. तस.) सौजन्य, सुशीलता, सद्भाव, Huminity, gentility, सज्जनता (स्त्री.), सौजन्यम् (नपुं.)।

सज्जा (स्त्री. तस.) तैयारी, सजावट, Preparation, decoration, सज्जा (स्त्री.)।

सज्जित (वि. तस.) सजा हुआ, तैयार, Decorated, prepared, सज्जित (वि.)।

सज्जी, सज्जीखार (स्त्री. तभ.) सर्जि, सर्ज्जी, Potash, सर्जिः, सर्जी, सर्जिका (स्त्री.)।

सटकना (अकर्म. तभ.) धीरे से सरक जाना, खिसक जाना, To slip away, शनैः अप+सृप् (भ्वा. पर.) – अपसर्पति।

सटना (अकर्म. देशी) साथ लगना, To stick, to adhere, सम्+लग् (भ्वा. पर.) – संलगति, सम्+स्पृश् (तुदा. पर.) – संस्पृशति।

सटपटाना (अकर्म. देशी) दुखी होना, व्याकुल होना, To be restless, व्याकुलीभवति, सटपटायते (नामधा.)।

सटाना (सकर्म. देशी) साथ लगाना, To paste, to join, सम्+श्लिष्-श्लेषय् (प्रे.) — संश्लेषयति।

सटीक (वि. तस.) टीका के साथ, With a commentry, सटीक (वि.)।

सट्टक (पुं. तस.) रूपक का एक भेद, एक नाटकीय रचना, A kind of dramatic composition, सट्टकम् (नपुं.)।

सट्टा (पुं. देशी) लिखित इकरार-नामा, A written agreement or contract, समयलेखः (पुं.)।

सठ, सठता — दे. 'शठ, शठता'।

सठियाना (अकर्म. तभ.) साठ वर्ष का होने पर विचार-शक्ति का दुर्बल हो जाना, To be of sixty and loss of some thinking power, वार्धक्येन बुद्धेः क्षयः।

सड़क (स्त्री. अर.) मार्ग, राजपथ, A road, मार्गः, राजपथः (पुं.)।

सड़ना (अकर्म. देशी) गलना, जलना, क्षीण होना, To rot, to be burnt, to feel jealousy, ज्वल्-ज्वलति, क्षर्-क्षरति, ईर्ष्यति।

सड़ाना (सकर्म. देशी) जलाना, क्षीण करना, To cause to decay, to burn, to tease, दहति, क्षारयति, तापयति, ईर्ष्ययति।

सड़ायंध (स्त्री. देशी) सड़ाँद, Rottedness, क्षरणगन्धः (पुं.) पूयनम् (नपुं.)।

सड़ियल (वि. देशी) ईर्ष्यालु, Jealous, ईर्ष्यालु (वि.)।

सत (वि. तभ.) दे. 'शत'

सत् (वि. तस.) अस्तित्व वाला, होता हुआ, अच्छा, Existing, being, good, सत् (वि.)।

(पुं.) सत्त्व, Essence, सत्त्वम् (नपुं.)।

सतगुरु (पुं. तभ.) श्रेष्ठ गुरु, सबसे बड़ा गुरु ईश्वर, A good teacher, God, सद्गुरुः (पुं.)।

सतत (क्रि. वि.) लगातार, निरन्तर, Continuously, सततम्, निरन्तरम् (क्रि. वि.)।

सतयुग (पुं. तभ.) दे. 'सत्ययुग'।

सतर्क (वि. तस.) सावधान, Alert, सतर्क, सावधान (वि.)।

सतर्कता (स्त्री. तस.) सावधानता, Alertness, सतर्कता, सावधानता (स्त्री.)।

सतसई (स्त्री. तभ.) सप्तशती, सौ दोहों का समूह, A collection of seven thousand Dohas, सप्तशती (स्त्री.)।

सतह (स्त्री. अर.) तल, उपरिभाग, Surface, तलम् (नपुं.) उपरिभागः (पुं.)।

सतहत्तर (वि. तभ.) सात और सत्तर, Seventy seven, सप्तसप्ततिः (स्त्री.)।

सताना (सकर्म. देशी) तंग करना, To tease, सम्+तापय् (प्रे.) — सन्तापयति, तुद् (तुदा. पर.) — तुदति।

सतासी (वि. तभ.) अस्सी और सात, Eighty seven, सप्ताशीतिः (वि.)।

सती (स्त्री. तस.) पतिव्रता नारी, A faithful women, सती (स्त्री.)।

सतीत्व (पुं. तस.) पातिव्रत्य, पति के लिए स्नेह, Faithfulness of a wife, सतीत्वम् (नपुं.)।

सतुआ (पुं. तभ.) दे. 'सत्तू या सक्तु'।

सतोगुण (पुं. तभ.) दे. 'सत्त्वगुण'।

सत्कर्म (पुं. तस.) श्रेष्ठ कार्य, Good work, सत्कर्म-मन् (नपुं.)।

सत्कार (पुं. तस.) आदर, सम्मान, Respect, honour, सत्कारः, आदरः, सम्मानः (पुं.)।

सत्त (पुं. तभ.) दे. 'सत्त्व'।

सत्तर (वि. तभ.) साठ और दस, Seventy, सप्ततिः (स्त्री.)।

सत्ता (स्त्री. तस.) अस्तित्व, शक्ति, अधिकार, Existence, power, right, अस्तित्वम् (नपुं.) प्रभुता, सत्ता (स्त्री.)।

सत्ताधारी (वि. तस.) शक्ति-सम्पन्न, राज्य-शक्ति से युक्त, प्रशासक, Administrator, powerful, शक्तिसम्पन्न, प्रशासक (वि.)।

सत्तानवे (वि. तभ.) नब्बे और सात, Ninty seven, सप्तनवतिः (वि.)।

सत्तासी (वि. तभ.) अस्सी और सात, Eighty seven, सप्ताशीतिः (वि.)।

सत्तू (पुं. तस.) भुने जौ आदि का आटा, Flour of parched grain, सक्तुः (पुं.)।

सत्पथ (पुं. तस.) अच्छा रास्ता, सन्मार्ग, A good way, virtuous action, सत्पथः, सन्मार्गः (पुं.)।

सत्य (पुं. तस.) सच, Truth, सत्यम् (नपुं.)। (वि. तस.) सच्चा, True, सत्य (वि.)।

सत्यता (स्त्री. तस.) सचाई, Truthfulness, honesty, सत्यता (स्त्री.)।

सत्यनारायण (पुं. तस.) विष्णु, परमेश्वर, Vishnu, God, सत्यनारायणः (पुं.)।

सत्यवती (स्त्री. तस.) महर्षि व्यास की माता, The mother of the sage Vyasa, सत्यवती (स्त्री.)।

सत्यसन्ध (वि. तस.) सच्ची प्रतिज्ञा करने वाला, सत्य-प्रतिज्ञ, One who fulfils his promise, सत्यसन्ध, सत्यप्रतिज्ञ (वि.)।

सत्याग्रह (पुं. तस.) सचाई के लिए दृढ़ता, Civil disobedience, passive resistance, सत्याग्रहः (पुं.)।

सत्यानाश (पुं. तभ.) पूर्णतः नाश, सत्तानाश, अस्तित्व को मिटा देना, Destruction, uprooting, सत्तानाशः (पुं.) मूलोच्छेदः (पुं.)।

सत्र (पुं. तस.) समय की निश्चित अवधि, यज्ञ, Session, sacrifice, सत्रम् (नपुं.), क्रतुः, यज्ञः (पुं.)।

सत्रह (वि. तभ.) दस और सात, Seventeen, सप्तदश (वि.)।

सत्व, सत्त्व (पुं. तस.) बल, सार, बुद्धि, आत्मा, Power, essence, extract, mind, soul, सत्त्वम् (नपुं.)।

सत्वर (क्रि. वि.) शीघ्रतापूर्वक, Immediately, सत्वरम्, शीघ्रम् (क्रि. वि.)।

सत्संग, सत्सङ्ग (पुं. तस.) श्रेष्ठ लोगों की संगति, Company of good people, सत्सङ्गः (पुं.), सत्सङ्गतिः (स्त्री.)।

सदका (पुं. अर.) दान, बलि, भेंट, Alms, offerings, gift, दानम् (नपुं.), बलिः (स्त्री.), उपायनम् (नपुं.)।

सदमा (पुं. अर.) क्लेश, आघात, चोट, Sorrow, a blow, a strike, क्लेशः, आघातः (पुं.), मनोव्यथा (स्त्री.)।

सदय (वि. तस.) दयालु, Kind, सदय, दयालु (वि.)।

सदर (वि. अर.) मुख्य, प्रधान, Chief, principal, मुख्य, प्रधान (वि.)।

सदसद्विवेक (पुं. तस.) अच्छे-बुरे की पहचान, Discrimination between good and bad, सदसद्विवेकः (पुं.)।

सदस्य (पुं. तस.) मेम्बर, A member, सदस्यः (पुं.)।

सदा (अ. तस.) हमेशा, Always, सदा, सर्वदा (अ.)।

सदा (स्त्री. अर.) ध्वनि, प्रतिध्वनि, पुकार, Voice, echo, call, ध्वनिः, प्रतिध्वनिः (पुं.) आह्वानम् (नपुं.)।

सदाचार (पुं. तस.) अच्छा चालचलन, Good conduct, सदाचारः (पुं.)।

सदाबहार (वि. देशी) सदा हरा रहने वाला, सदा प्रसन्नचित्त, Ever green, always happy, सदाहरित, सदाप्रसन्नचित्त (वि.)।

सदाशय (वि. तस.) सद् विचारों वाला, Of high thoughts or ideas, सदाशयः (वि.)।

सदाशिव (पुं. तस.) सर्वदा मंगलमय प्रभु, Always auspicious God, सदाशिवः (पुं.)।

सदी (स्त्री. तभ.) शती, सौ वर्षों का समय, सौ का समूह, Century, शती (स्त्री.) शतकम् (नपुं.)।

सदृश (वि. तस.) समान, बराबर, तुल्य, Similar, equal, सदृश (वि.), सदृशी (स्त्री. वि.)।

सदेह (वि. तस.) शरीर-सहित, With the body, corporal, सदेह (वि.), सशरीर (वि.)।

सदैव (अ. तस.) हमेशा ही, Even always, सदैव, सर्वदैव (अ.)।

सदोष (वि. तस.) दोषपूर्ण, Defective, सदोष (वि.)।

सद्गति (स्त्री. तस.) उत्तम गति, उत्तम परिणाम, मुक्ति, Salvation, good result, सद्गतिः, मुक्तिः (स्त्री.), मोक्षः (पुं.)।

सद्गुरु (पुं. तस.) दे. 'सतगुरु' — सद्गुरुः (पुं.)।

सद्म (पुं. तस.) घर, निवास, A house, an abode, सद्म-मन् (नपुं.), निवासः (पुं.), गृहम् (नपुं.)।

सद्यः (अ. तस.) जल्दी, ताजा-ताजा, Quickly, freshly, just now, सद्यः (अ.)।

सधर्मी (वि. तस.) एक जैसे गुणों वाला, समान धर्म वाला, Having the similar qualities, of the same faith, सधर्मिन् (वि.)।

सधवा (स्त्री. तस.) सुहागिन स्त्री, जीवित पति वाली नारी, A woman whose husband is alive, सधवा, जीवित-पतिका (स्त्री.)।

सन, सनई (स्त्री. तभ.) दे. 'शण'।

सनक (स्त्री. देशी) उत्कट अभिलाषा, वहम, Whim, craze, दृढाग्रहः, चित्तभ्रमः, उन्मादः (पुं.)।

सनद (स्त्री. अर.) प्रमाण-पत्र, प्रमाण, A certificate, a proof, प्रमाणपत्रम्, प्रमाणम् (नपुं.)।

सनना (अकर्म. देशी) गुंधना, To be kneaded, मृद् (क्र्यादि. पर.) — मृद्यते (कर्मवा.)।

सनम (पुं. अर.) प्रियतम, पति, भर्ता, Dear, beloved, one's husband, प्रियतमः, पतिः, भर्ता-तृ (पुं.)।

सनातन (वि. तस.) पुरातन, शाश्वत, Old, eternal, सनातन (वि.)।

सनातनी (वि. तस.) सनातन बातों का पक्षपाती, One who is follower of Sanatana Dharma, सनातनिन् (वि.)।

सनाथ (वि. तस.) जिसका कोई पालक और रक्षक है, Having a supporter and guardian, सनाथ (वि.)।

सनाय (स्त्री. इं.) एक विरेचक ओषधि, A strong purgative medicine, senna, स्वर्णपत्रिका, रेचनी (स्त्री.)।

सन्ध्या (स्त्री. तस.) साँझ, सूर्योदय का समय, प्रभु की उपासना, Evening, worshipping of God, twilight, सन्ध्या (स्त्री.)।

सन्न (वि. तस.) शून्य, अचेतन, किंकर्तव्य विमूढ, Senseless, stupified, amazed, अतिविस्मित, स्तब्ध, किंकर्त्तव्यविमूढ (वि.)।

सन्नद्ध (वि. तस.) तैयार, तत्पर, Prepared, ready, सन्नद्ध, तत्पर, सज्ज (वि.)।

सन्नाटा (पुं. तभ.) शून्यता, स्तब्धता, अतिविस्मय, Lonliness, desolation, terror, शून्यता, स्तब्धता (स्त्री.) अतिविस्मयः (पुं.)।

सन्निकर्ष (पुं. तस.) सम्बन्ध, समीपता, Relation, connection, सन्निकर्षः, सम्बन्धः (पुं.)।

सन्निधान (पुं. तस.) समीपता, Nearness, सन्निधानम् (नपुं.)।

सन्निधि (पुं. तस.) समीपता, Nearness, सन्निधिः (पुं.)।

सन्निहित (वि. तस.) समीपस्थ, निकटस्थ, Near, सन्निहित (वि.) समीपस्थ (वि.)।

सपक्ष (वि. तस.) समान पक्ष वाला, Belonging to the same party, सपक्ष (वि.)।

(पुं. तस.) समान दिशा या स्थान, Equal place, सपक्षः (पुं.)।

सपत्न (पुं. तस.) शत्रु, An enemy, सपत्नः, शत्रुः (पुं.)।

सपत्नी (स्त्री. तस.) सौतन, A co-wife, Another wife of one's husband, सपत्नी (स्त्री.)।

सपदि (अ. तस.) शीघ्र, फौरन, At once, immediately, सपदि, शीघ्रम् (अ.)।

सपना (पुं. तभ.) दे. 'सुपना या स्वप्न'।

सपाट (वि. तस.) समतल, Even, smooth, सपाट (वि.)।

सपाटा (पुं. देशी) तेजी से भागना या चलना, Running or walking speedly, शीघ्रगमनम् (नपुं.) तीव्रगतिः (स्त्री.)।

सपिंड (वि. तस.) एक ही माता से उत्पन्न, उसी गोत्र का, Born from the same mother or of the same Gotra, सपिण्ड (वि.), समगोत्र (वि.)।

सपूत (पुं. तभ.) अच्छा बेटा, A good son, सुपुत्रः (पुं.)।

सप्त (वि. तस.) सात, Seven, सप्त (सप्तन्) (वि.)।

सप्तपदी (स्त्री. तस.) विवाह-संस्कार में एक प्रक्रिया, A performance to be done in the marriage-ceremony, सप्तपदी (स्त्री.)।

सप्तम (वि. तस.) सातवाँ, Seventh, सप्तमी (स्त्री. वि.)।

सप्तमी (स्त्री. वि. तस.) सातवीं, Seventh, सप्तमी (स्त्री. वि.)।

सप्तर्षि (पुं. तस.) ध्रुवतारे की परिक्रमा करने वाले सात तारों का समूह, सात ऋषि, The great bear-stars, seven sages, सप्तर्षयः (पुं. बहु.)।

सप्तशती (स्त्री. तस.) सतसई, सात सौ दोहों का समूह, A multitude of seven hundred Dohas, सप्तशती (स्त्री.)।

सप्ताह (पुं. तस.) सात दिनों का समूह, हफ्ता, A week, सप्ताहः (पुं.)।

सफर (पुं. अर.) यात्रा, Journey, यात्रा (स्त्री.), पर्यटनम् (नपुं.)।

सफल (वि. तस.) कामयाब, Successful, सफल, उत्तीर्ण (वि.)।

सफलता (स्त्री. तस.) कामयाबी, Success, सफलता, फलप्राप्तिः (स्त्री.)।

सफ़ह्ा (पुं. अर.) पुस्तक का पृष्ठ, A page, पुस्तकपृष्ठम् (नपुं.)।

सफाई (स्त्री. अर.) स्वच्छता, शुद्धि, Cleanliness, purity, स्वच्छता, शुद्धिः (स्त्री.)।

सफेद (वि. फा.) श्वेत, सित, धवल, White, श्वेत, सित, धवल (वि.)।

सफेदा (पुं. फा.) सीसे का एक उत्पाद, आम की एक जाति, एक लम्बा पेड़, White lead, zinc oxide, a species of mango, a long tree, सीसकोत्पादः, आम्रभेदः, वृक्षभेदः।

सफेदी (स्त्री. फा.) श्वैत्य, श्वेतिमा, धवलता, Whiteness, श्वैत्यम् (नपुं.), श्वेतिमा-मन् (पुं.) धवलता (स्त्री.) धवलिमा-मन् (पुं.)।

सब (सर्व. तभ.) सर्व, सारा, All, whole, सर्व (सर्व.)।

सबक़ (पुं. फा.) पाठ, A lesson, पाठः (पुं.)।

सबल (वि. तस.) बलवान्, शक्तिशाली, Strong, powerful, सबल, बलवात्, बलिन् (वि.)।

सबूत (पुं. अर.) प्रमाण, A proof, प्रमाणम् (नपुं.) युक्तिः (स्त्री.)।

सबेरा (पुं. तभ.) दे. 'सवेरा'।

सब्ज (वि. फा.) हरा, Green, हरित (वि.)।

सब्जी (स्त्री. फा.) शाक, भाजी, Vegetables, शाकः-कम् (पुं., नपुं.), भाजा (स्त्री.) -कच्ची सब्जी, भाजी (स्त्री.)—पकी हुई सब्जी।

सब्बल (पुं. देशी) लोहदण्ड, A crowbar, लोहदण्डः (पुं.)।

सब्र (पुं. अर.) सन्तोष, तृप्ति, Satisfaction, patience, सन्तोषः (पुं.) तृप्तिः (स्त्री.)।

सभा (स्त्री. तस.) बैठक, एकत्रित जनसमूह, An assembly, a meeting, सभा (स्त्री.)।

सभापति (पुं. तस.) सभा का अध्यक्ष, A chairman, सभापतिः, सभाध्यक्षः (पुं.)।

सभासद (पुं. तस.) सभा में बैठने वाला व्यक्ति, The member of an assembly, सभासद् (पुं.)।

सभी (सर्व. तभ.) सब लोग, All persons, सर्वेजनाः, सर्व एव (सर्व.)।

सभ्य (वि. तस.) सुशील, सुशिक्षित, तहजीब वाला, Civilized, सभ्य (वि.)।

सभ्यता (स्त्री. तस.) सुशीलता, तहजीब, Civilization, nobility, सभ्यता (स्त्री.)।

समंजस (वि. तस.) ठीक-ठीक, उचित, समन्वित, Fit, proper, right, युक्त, उचित, योग्य, समन्वित (वि.)।

सम (वि. तस.) बराबर, समान, समतल, Equal, even, smooth, सम (वि.)।

समक्ष (क्रि. वि.) सम्मुख, सामने, In front of, before, समक्षम् (क्रि. वि.)।

समग्र (वि. तस.) सम्पूर्ण, सारा का सारा, Whole, entire, समग्र, समस्त (वि.)।

समझ (स्त्री. देशी) भावग्रहण, Understanding, अवबोधः (पुं.), अवगमनम् (नपुं.)।

समझना (सकर्म. देशी) भाव ग्रहण करना, To understand, अव+बुध् (भ्वा. पर.) — अवबोधति, अवगच्छति।

समझौता (पुं. देशी) सन्धि, समान बातों का मेल, An agreement, a compromise, सन्धिः, समयः (पुं.) ऐकमत्यम् (नपुं.)।

समतल (वि. तस.) बराबर की सतह वाला, Smooth, plane, समतल (वि.)।

समता (स्त्री. तस.) बराबरी, तुलना, Equality, comparison, समता (स्त्री.) साम्यम् (नपुं.)।

समदर्शी (वि. तस.) सबको समान दृष्टि से देखने वाला, पक्षपातहीन, Impartial, समदर्शिन्, पक्षपातहीन (वि.)।

समधी (पुं. तस.) वर और वधू के माता-पिता एक दूसरे के समधी होते हैं, Parents of the bride and bride-groom are समधी to each other, समधीः (पुं.)।

समन्वय (पुं. तस.) सम्बन्ध स्थापना, परस्पर मेल, Consequence, connection of things, समन्वयः (पुं.) सामञ्जस्यम् (नपुं.)।

समन्वित (वि. तस.) परस्पर सम्बन्धित, Adjusted, connected, समन्वित, सम्बद्ध (वि.)।

समय (पुं. तस.) काल, वेला, समझौता, Time, agreement, समयः, सन्धिः, कालः (पुं.)।

समर (पुं. तस.) युद्ध, संग्राम, लड़ाई, Fight, battle, war, समरः सङ्ग्रामः (पुं.), युद्धम् (नपुं.)।

समर्थ (वि. तस.) शक्तिशाली, योग्य, Able, powerful, समर्थ, शक्त, योग्य (वि.)।

समर्थक (पुं. तस.) प्रस्ताव का पोषक, Supporter, समर्थकः, पोषकः (पुं.)।

समर्थता (स्त्री. तस.) योग्यता, शक्ति, Ability, power, समर्थता (स्त्री.), सामर्थ्यम् (नपुं.)।

समर्थन (पुं. तस.) पोषण, पुष्टि, Supporting, समर्थनम् (नपुं.), पोषणम् (नपुं.), पुष्टिः (स्त्री.)।

समर्पक (पुं. तस.) समर्पण करने वाला, भेंटकर्ता, Dedicator, One who hands over, समर्पकः, प्रदाता-तृ (पुं.)।

समर्पण (पुं. तस.) भेंट, प्रदान, Dedication, sacrifice, समर्पणम्, बलिदानम् (नपुं.)।

समर्पित (वि. तस.) बलि दिया हुआ, भेंट किया हुआ, Dedicated, sacrificed, समर्पित, प्रदत्त (वि.)।

समवर्ती (वि. तस.) मिलता हुआ, पड़ोस का, Adjacent, neighbouring, समवर्तिन् (वि.)।

समवाय (पुं. तस.) समूह, संगठन, नित्य सम्बन्ध, A group, a union, permanent relation, समवायः (पुं.)।

समशीतोष्ण कटिबंध (नपुं. तस.) पृथ्वी का वह भाग जहाँ सर्दी और गर्मी सदा एक सी रहती है, The place of tropics, समशीतोष्णकटिबन्धः (पुं.)।

समष्टि (स्त्री. तस.) समूह मात्र, समाज, विराट् रूप, An aggregate of things, समष्टिः (स्त्री.)।

समस्त (वि. तस.) सम्पूर्ण, संक्षिप्त, इकट्ठा हुआ हुआ, समास से युक्त, All, whole, brief, aggregated, compounded, समस्त, समग्र, सम्पूर्ण, एकत्रित (वि.)।

समस्या (स्त्री. तस.) उलझन, Problem, समस्या (स्त्री.)।

समस्या-पूर्ति (स्त्री. तस.) कविता के दिए हुए खण्ड को उचित रचना द्वारा पूर्ण करने का काम, To complete a given part of poem with due composition, समस्यापूर्तिः (स्त्री.)।

समाँ (पुं. देशी) समय, वातावरण, ऋतु, Time, environment, season, परिवेशः, समयः, ऋतुः (पुं.)।

समाख्यात (वि. तस.) प्रसिद्ध, माना हुआ, Famous, celebrated, समाख्यात (वि.)।

समागत (वि. तस.) आया हुआ, Approached, come, समागत, प्राप्त (वि.)।

समागम (पुं. तस.) मेला, एकत्र होना, मैथुन, A fare, an association, sexual intercourse, समागमः (पुं.)।

समाचार (पुं. तस.) आचरण, खबर, Conduct, character, news, आचरणम् (नपुं.), समाचारः (पुं.), चरित्रम् (नपुं.), वृत्तम् (नपुं.)।

समाज (पुं. तस.) पुरुषों का समूह, A multitude of people, association, समाजः (पुं.)।

समाधान (पुं. तस.) उत्तर, सुझाव, हल, Answer, solution, remedy, समाधानम् (नपुं.)।

समाधि (स्त्री. तस.) ध्यान-मग्नता, किसी की अस्थियों पर बनाया गया निर्माण, समाधान, Meditation, a construction made on dead's body or ashes, solution, समाधिः (पुं.)।

समान (वि. तस.) बराबर, Equal, similar, समान (वि.)।

(पुं. तस.) सारे शरीर में शक्ति देने वाला प्राण, A kind of Prāna, which exists in whole of the body, समानः (पुं.)।

समानता (स्त्री. तस.) बराबरी, समता, तुलना, Equality, comparison, समानता, समता, तुलना (स्त्री.)।

समानाधिकरण (वि. तस.) समान विभक्ति या आधार वाले (शब्द), Having the same case or place, समानाधिकरण (वि.)।

समानार्थक (वि. तस.) पर्यायवाची, एक जैसा अर्थ देने वाला, Synonym, समानार्थक, पर्याय (वि.)।

समाना (अकर्म. तभ.) मध्य में आ जाना, सम्मिलित या मिश्रित होना, To be included, to be mixed, to be dissolved, सम्+मिल् (तुदा. पर.), सम्मिलति अन्तर्भवति, मिश्रीभवति।

समापक (पुं. तस.) पूर्ण करने वाला, समाप्त करने वाला, Completory, समापकः, पूरकः (पुं.)।

समापन (पुं. तस.) पूर्णता, समाप्ति, Completion, end, समापनम् (नपुं.), पूर्णता, समाप्तिः (स्त्री.)।

समाप्त (वि. तस.) खत्म, पूर्ण, Completed, ended, समाप्त, पूर्ण (वि.)।

समाप्ति (स्त्री. तस.) दे. 'समापन' — समाप्तिः (स्त्री.)।

समारम्भ (पुं. तस.) सोच-समझ कर किसी कार्य को शुरू करना, Beginning of any work with good planning, समारम्भः (पुं.)।

समारोह (पुं. तस.) शान-शौकत, शोभा, सौन्दर्य, Pomp, grandeur, शोभा (स्त्री.) सौन्दर्यम् (नपुं.) प्रदर्शनम् (नपुं.)।

समालोचक (पुं. तस.) गुण-दोष बताने वाला, A critic, समालोचकः (पुं.)।

समालोचना (स्त्री. तस.) गुण-दोष बताने का कार्य, A criticism, समालोचना (स्त्री.)।

समावर्तन (पुं. तस.) शिक्षा की समाप्ति का एक संस्कार, A ceremony performed on the end of one's education, convocation, समावर्तनम् (नपुं.)।

समाविष्ट (वि. तस.) सम्मिलित, शामिल, Included, समाविष्ट, सम्मिलित (वि.)।

समास (पुं. तस.) संक्षेप, अनेक शब्दों को मिलाकर एक शब्द बनाने की प्रक्रिया, Brevity, a compound, समासः (पुं.)।

समाहरण (पुं. तस.) एकत्रीकरण, इकट्ठा करना, Accumulation, collection; समाहरणम् (नपुं.)।

समाहर्ता (पुं. तस.) एकत्र करने वाला, जुटाने वाला, An accumulator, a collector, समाहर्ता-तृ (पुं.)।

समाहार (पुं. तस.) दे. 'समाहरण' — समाहारः (पुं.) समुच्चयः (पुं.)।

समिति (स्त्री. तस.) किसी कार्य को करने के लिए बनाया गया संगठन, A commitee, समितिः (स्त्री.)।

समिध्, समिधा (स्त्री. तस.) यज्ञ का इन्धन, यज्ञ-काष्ठ, Sacrificial wood-piece, समिध् (स्त्री.—समित्, समिधौ, समिधः), समिधा (स्त्री.)।

समीकरण (पुं. तस.) बराबर बना देना, An act of equalization, समीकरणम् (नपुं.)।

समीक्षा (स्त्री. तस.) दे. 'समालोचना' — समीक्षा (स्त्री.)।

समीचीन (वि. तस.) अच्छा, ठीक, उपयुक्त, Good, appropriate, useful, समीचीन (वि.)।

समीप (क्रि. वि.) पास, निकट, Near, close, समीपम् (क्रि. वि.)।

समीर (पुं. तस.) वायु, हवा, पवन, Air, wind, समीरः, पवनः, अनिलः, वायुः (पुं.)।

समीरण (पुं. तस.) दे. 'समीर' — समीरणः (पुं.)।

(पुं. तस.) चलने का कार्य, गमन, चलन, Going, blowing, moving, समीरणम् (नपुं.)।

समुंदर (पुं. तभ.) दे. 'समुद्र'।

समुचित (वि. तस.) दे. 'समीचीन' — समुचित (वि.)।

समुच्चय (पुं. तस.) ढेर, समूह, A heap, a collection, a multitude, समुच्चयः, समूहः, निचयः (पुं.)।

समुत्थान (पुं. तस.) जागरण, उन्नति, Getting up, act of rising, progress, समुत्थानम्, अभ्युत्थानम् (नपुं.)।

समुदाय (पुं. तस.) समूह, समुच्चय, A multitude, a group, समुदायः, समूहः, समुच्चयः (पुं.)।

समुद्र (पुं. तस.) सागर, जलधि, A sea, an ocean, सागरः, समुद्रः, जलधिः, जलनिधिः (पुं.)।

समुद्री (वि. तभ.) सागर से सम्बन्धित, Marine, meritime, related to the sea or ocean, सागरीय, सामुद्रिक (वि.)।

समुन्नति (स्त्री. तस.) बढ़ोतरी, विकास, उन्नति, Advancement, development, progress, समुन्नतिः, उन्नतिः (स्त्री.), उत्कर्षः (पुं.)।

समुल्लास (पुं. तस.) बहुत प्रसन्नता, हर्ष, उत्साह, पुस्तक का अध्याय, Much happiness, pleasure, encouragement, a chapter of a book, समुल्लासः (पुं.)।

समूचा (वि. तभ.) समग्र, सम्पूर्ण, Complete, whole, all, समुच्चित, समग्र, सम्पूर्ण (वि.)।

समूर (पुं.) रोमावलि, बाल, चमड़ी के केश, Soft hair on the skin, त्वचाकेशः (पुं.)।

समूल (वि. तस.) जड़सहित, With roots, समूल (वि.)।

समूह (पुं. तस.) दे. 'समुदाय' — समूहः (पुं.)।

समृद्ध (वि. तस.) खूब धनी, बढ़ा-चढ़ा, धनाढ्य, Wealthy, prosperous, समृद्ध, धनाढ्य (वि.)।

समृद्धि (स्त्री. तस.) बढ़ोत्तरी, सम्पत्ति, Prosperity, wealth, समृद्धिः (स्त्री.)। वैभवम् (नपुं.)।

समेटना (सकर्म. देशी) इकट्ठा करना, सिकोड़ना, To collect, to contract, एकत्री-कृ-एकत्रीकरोति।

समेत (वि. तस.) सहित, साथ, संयुक्त, Together, with, joined, समेत (वि.)।

समोसा (पुं. देशी) एक नमकीन तला हुआ खाद्य पदार्थ, A kind of pie, समोषः (पुं.)।

सम्मत (वि. तस.) मन्ज़ूर, स्वीकृत, Agreed, accepted, सम्मत (वि.)।

सम्मति (स्त्री. तस.) सलाह, विचार, Opinion, सम्मतिः (स्त्री.)।

सम्मन (पुं. इं.) लिखित बुलावे का आदेश, Summons, written call-order, लिखित आह्वानादेशः (पुं.)।

सम्मान (पुं. तस.) इज्ज़त, आदर, Respect, honour, सम्मानः, मानः, आदरः (पुं.)।

सम्मानित (वि. तस.) जिसे मान दिया गया है, Respected, honoured, सम्मानित (वि.)।

सम्मिलित (वि. तस.) शामिल, मिला हुआ, Joined, mixed, सम्मिलित (वि.)।

सम्मिश्रण (पुं. तस.) मिलाने की क्रिया, Mixing, सम्मिश्रणम् (नपुं.)।

सम्मुख (क्रि. वि.) सामने, In front of, सम्मुखम् (क्रि. वि.)।

सम्मेलन (पुं. तस.) बड़ी सभा, A conference, सम्मेलनम् (नपुं.)।

सम्यक् (वि. तस.) दे. 'समीचीन' — सम्यक्-च् (वि.)।

सम्राट् (पुं. तस.) राजाधिराज, An emperor, सम्राट्-ज् (पुं.)।

सयाना (वि. तस.) समझदार, One who can understand, सज्ञान, बुद्धिमत् (वि.)।

सर (पुं. फा.) सिर, A head, शिरः-स् (नपुं.)।

(पुं. तभ.) सरोवर, जलाशय, तालाब, सरः-स् (नपुं.), सरः, सरसी, सरांसि।

सरकंडा (पुं. तभ.) कास का पौधा, A kind of reed, शरकाण्डः, काशः (पुं.)।

सरकना (अकर्म. तभ.) खिसकना, धीरे-धीरे फिसलना, To slip away, to glide, to crawl, शनैः शनैः+सृप-सर्पति, अपसर्पति, स्खलति, अपसरति।

सरकश (वि. फा.) उद्धत, उद्दण्ड, उच्छृंखल, Revolting, rebellious, impudent, उद्धत, उद्दण्ड, उच्छृङ्खल (वि.)।

सरकस (स्त्री. इं.) Circus, प्राणियों के अनोखे खेल दिखाने वाला संघ, प्राणि-क्रीडाप्रदर्शन-संघः (पुं.)।

सरकाना (प्रे. तभ.) खिसकाना, फिसलाना, अपसर्पयति (प्रे.), स्खालयति (प्रे.) अपसारयति (प्रे.)।

सरकार (स्त्री. फा.) राजसत्ता, Government, राजसत्ता (स्त्री.) प्रशासनम् (नपुं.)।

सरकारी (वि. फा.) राजकीय, Relating to government, राजकीय (वि.)।

सरगना (पुं. फा.) मुखिया, नायक, नेता, A leader, a chieftain, नायकः (पुं.) नेता-तृ (पुं.)।

सरगम (पुं. देशी) संगीत के शब्द, The words of music, सरगमाः (पुं.)।

सरघा (स्त्री. तस.) मधुमक्षिका, Bee, सरघा (स्त्री.)।

सरजा (पुं. फा.) दे. 'सरगना'।

सरणी (स्त्री. तस.) सड़क, मार्ग, परम्परा, पंक्ति, A road, a series, a line, सरणी, परम्परा, पङ्क्तिः (स्त्री.) मार्गः, पन्थाः (पुं.)।

सरदार (पुं. फा.) मुखिया, नेता, A chieftain, a headman, नायकः, नेता-तृ, मुख्यपुरुषः (पुं.)।

सरदी (स्त्री. तभ.) शीत ऋतु, ठण्ढक, Winter season, cold, शीतर्तुः (पुं.), शैत्यम् (नपुं.)।

सरन (पुं. तभ.) शरण, आश्रय, सहारा, A refuge, a support, an abode, शरणम् (नपुं.)।

सरपंच (पुं. तभ.) पंचों में मुखिया, मुख्य निर्णायक, The head of the Panchas or judges, मुख्यः निर्णायकः (पुं.)।

सरपट (क्रि. वि. फा.) तेजी से, Swiftly, quickly, शीघ्रतापूर्वकम्, त्वरितम् (क्रि. वि.)।

सरपत (पुं. तभ.) घासफूस, खरपत, Willow, तृणादिकम्, क्षरपत्रम् (नपुं.)।

सरपरस्त (पुं. फा.) अभिभावक, A guardian, अभिभावकः (पुं.)।

सरमा (स्त्री. तस.) देवों की कुतिया, एक दिव्य शक्ति, The divine bitch, a divine power, सरमा (स्त्री.)।

सरमाया (पुं. फा.) पूंजी, Capital amount, धनराशिः (पुं.)।

सरल (पुं. तस.) चीड़ का पेड़, A pine tree, सरलः (पुं.)।

(वि. तस.) सीधा, अकुटिल, निष्कपट, Straight, simple, frank, सरल (वि.)।

सरलता (स्त्री. तस.) सीधा, छलकपट का अभाव, Simplicity, plainness, सरलता (स्त्री.)।

सरल-निर्यास (पुं. तस.) चीड़ का गन्दा विरोजा, Oil of turpentine, सरलनिर्यासः (पुं.)।

सरवर (पुं. तभ.) दे. 'सरोवर'।

सरस (वि. तस.) रस से पूर्ण, आनन्ददायक, Full of juice, interesting, सरस (वि.)।

सरसना (अकर्म. तभ.) रस से पूर्ण होना, हरा-भरा होना, To be filled with juice, to be green, सुरस्यते (कर्मवा.)।

सरसराना (अकर्म. अनु.) सरसर ध्वनि करना, To sound like wind, सरसराय् (नामधा.) — सरसरायते।

सरसरी (वि. स्त्री. फा.) स्थूल, तेज, Thick, not minute, fast, quick, स्थूल, शीघ्र (वि.)।

सरसाई (स्त्री. तभ.) स्निग्धता, प्रेम, आनन्द, Elegance, love, tranquility, सरसता (स्त्री.)।

सरसाना (सकर्म. तभ.) रस से पूर्ण करना, आनन्द देना, To fill with sap, to give happiness, सु+रस् (चुरा.उभ.) सुरसयति, सुरसयते।

सरसाम (पुं. फा.) सन्निपात रोग, Delirium, सन्निपातः (पुं.)।

सरसिज (पुं. तस.) कमल, A lotus, सरसिजम्, कमलम्, सरोजम् (नपुं.)।

सरसी (स्त्री. तस.) बड़ा तालाव, A large tank or pond, सरसी (स्त्री.)।

सरसीरुह (पुं. तस.) दे. 'सरसिज' — सरसीरुह।

सरसों (पुं. तभ.) एक प्रकार के तिलहन के बीज या पौधा, Mustard, सर्षपः (पुं.)।

सरस्वती (स्त्री. तस.) विद्या की देवी, विद्या, एक नदी का नाम, The goddess of knowledge, education, the name of a river, सरस्वती (स्त्री.)।

सरहद (स्त्री. फा.) सीमा, अवधि, A boundry, limit, सीमन् (नपुं.), सीमा (स्त्री.), मर्यादा (स्त्री.), अवधिः (पुं.)।

सराप (पुं. तभ.) दे. 'शाप'।

सराय (स्त्री. फा.) यात्री-शाला, An inn, यात्रिशाला (स्त्री.), पथिकालयः (पुं.)।

सराबोर (वि. देशी) खूब तर, पूर्ण रूप से गीला, Fully wet, पूर्णतः आर्द्र (वि.)।

सरासर (क्रि. वि. फा.) सर्वथा, सब तरह से, Quite, fully, सर्वथा (अ.)।

सराहना (सकर्म. तभ.) प्रशंसा करना, To praise, श्लाघ् (भ्वा. आ.)— श्लाघते।

सराहनीय (वि. तभ.) प्रशंसनीय, Praise worthy, श्लाघनीय (वि.), प्रशंसनीय (वि.)।

सरि (स्त्री. तभ.) दे. 'सरित्'।

सरित्, सरिता (स्त्री. तस.) नदी, A river, सरित्, सरिता (स्त्री.)।

सरित्पति (पुं. तस.) सागर, समुद्र, A sea, an ocean, सरित्पतिः, नदीशः (पुं.)।

सरिस (वि. तभ.) सदृश, समान, Similar, सदृश, सदृश्, सदृक्ष, सम (वि.)।

सरीखा (वि. तभ.) सदृक्ष, सदृश, Similar, सदृश, सदृश्, सदृक्ष, सम (वि.)।

सरीसृप (पुं. तस.) साँप, A snake, सरीसृपः, सर्पः, अहिः, भुजगः (पुं.)।

सरुज् (पुं. तस.) रोगी, रोगयुक्त, Sick, diseased, सरुक्-ज् (पुं. सरुक्-ग्, सरुजौ सरुजः)।

सरुष (वि. तस.) क्रोध युक्त, Angry, सरुष् (सरुट्-ड्, सरुषौ, सरुषः), सरोष (वि.)।

सरूपता (स्त्री. तस.) समानरूपता, Similarity, सरूपता (स्त्री.), सारूप्यम् (नपुं.)।

सरूर (पुं. फा.) आनन्द, प्रसन्नता, कुछ मस्ती, Happiness, delight, slight intoxication, आनन्दः, उल्लासः (पुं.) ईषदुन्मादः (पुं.)।

सरेदस्त (क्रि. वि. फा.) हाथों हाथ, Just now, अधुनैव, साम्प्रतमेव (क्रि. वि.)।

सरेबाजार (क्रि. वि. फा.) बाजार के बीचों बीच, In the market, विपण्यामेव (क्रि. वि.)।

सरेस (पुं. फा.) चिपकाने वाली वस्तु, श्लेष, Glue, श्लेषः, श्लेषकः (पुं.)।

सरोकार (पुं. फा.) सम्बन्ध, Relation, सम्बन्धः (पुं.), प्रयोजनम् (नपुं.)।

सरोज (पुं. तस.) दे. 'सरसिज' — सरोजम्, कमलम् (नपुं.)।

सरोजिनी (स्त्री. तस.) दे. 'सरसिज' — सरोजिनी, कमलिनी (स्त्री.)।

सरोरुह् (पुं. तस.) दे. 'सरसिज्' — सरोरुह् (सरोरुद्, सरोरुहौ, सरोरुहः (पुं.)।

सरोवर (पुं. तस.) सरोवर, तालाब, झील, A tank, a lake, सरोवरः, तडागः (पुं.)।

सरौता (पुं. तभ.) सुपारी काटने का साधन, A nut-cracker, सारपत्रम्, पूगकर्तनकम् (नपुं.), पूगकर्तनी (स्त्री.)।

सर्ग (पुं. तस.) सृष्टि, रचना, पुस्तक का अध्याय, Creation, a chapter of a book, सर्गः (पुं.) सृष्टिः (स्त्री.)।

सर्जन (पुं. इं.) शल्य-चिकित्सक, A surgeon, शल्यचिकित्सकः (पुं.)।

सर्जन (पुं. तस.) सृष्टि, रचना, त्याग, छोड़ना, Creation, abandonment, सृष्टिः, रचना (स्त्री.), त्यागः (पुं.)।

सर्दी (स्त्री. तभ.) दे. 'सरदी'।

सर्प (पुं. तस.) साँप, A snake, सर्पः, भुजंगः, अहिः, भुजगः, अहिः, भुजङ्गमः, विषधरः (पुं.)।

सर्पिणी (स्त्री. तस.) साँपिनी, A female snake, भुजगी, भुजङ्गी (स्त्री.)।

सर्पिष् (पुं. तस.) घी, Clarified butter, ghee, सर्पिष्, (नपुं.) (सर्पिः, सर्पिषी, सर्पींषि), आज्यम्, घृतम् (नपुं.)।

सर्राफ (पुं. अर.) सोने तथा रत्नों का व्यापारी, A trader of jewels and gold etc., सुवर्णरत्नवणिक्-ग् (पुं.)।

सर्व (सर्व. तस.) सब, सारा, All, whole, सर्व (सर्व.)।

सर्वज्ञ (वि. तस.) सब कुछ जानने वाला, Omniscient, सर्वज्ञ (वि.) (ईश्वरः, परमेश्वरः)।

सर्वतः (अ. तस.) सब ओर से, From all sides, सर्वतः (अ.)।

सर्वतोमुख (वि. तस.) सब ओर मुँह वाला, Having faces on all sides, सर्वतोमुख (वि.), सर्वव्यापक परमात्मा।

सर्वत्र (अ. तस.) सब जगह, Every where, सर्वत्र (अ.)।

सर्वथा (अ. तस.) सब प्रकार से, पूर्णरूप से, Altogether, completely, सर्वथा (अ.)।

सर्वदा (अ. तस.) सदा, हमेशा, Always, सर्वदा, सदा (अ.)।

सर्वनाम (पुं. तस.) नाम के स्थान पर प्रयुक्त होने वाला शब्द, A pronoun, सर्वनामन् (नपुं.)—सर्वनाम, सर्वनाम्नी, सर्वनामानि।

सर्वनाश (पुं. तस.) पूर्ण तबाही, Total destruction, सर्वनाशः (पुं.)।

सर्वभक्षी (वि. तस.) सब कुछ खाने वाला, One who eats everything, सर्वभक्षिन् (वि.)।

सर्वस्व (पुं. तस.) सब कुछ, Everything, सर्वस्वम् (नपुं.)।

सर्षप (पुं. तस.) सरसों, Mustard, सर्षपः (पुं.)।

सलाई (स्त्री. तभ.) पतली-सी डण्डी, सलाख, शलाका, A long thin stick, शलाका (स्त्री.)।

सलाख (स्त्री. तभ.) दे. 'सलाई'।

सलाद (पुं. इं.) खाने योग्य कच्ची सब्जी, Salad, अपक्वम् खाद्य-शाकम् (नपुं.)।

सलाम (पुं. अर.) प्रणाम, Salutation, प्रणामः, नमस्कारः (पुं.)।

सलामत (वि. अर.) सुरक्षित, स्वस्थ, Safe and sound, सुरक्षित, स्वस्थ (वि.)।

सलामी (स्त्री. अर.) अभिवादन, नमस्क्रिया, Act of saluting, अभिवादनम् (नपुं.), नमस्क्रिया (स्त्री.)।

सलाह (स्त्री. अर.) सम्मति, परामर्श, Opinion, advice, सम्मतिः (स्त्री.), परामर्शः (पुं.)।

सलिल (पुं. तस.) पानी, जल, Water, सलिलम्, जलम्, वारि, पानीयम् (नपुं.)।

सलीका (पुं. अर.) शिष्टाचार, सभ्यव्यवहार Rules of etiquette, good behaviour, शिष्टाचारः, सभ्यव्यवहारः (पुं.)।

सलूक (पुं. अर.) व्यवहार, वर्ताव, Behaviour, व्यवहारः (पुं.), वर्तनम् (नपुं.)।

सलोना (वि. तभ.) सुन्दर, नमकयुक्त, Beautiful, salted, सलावण्य, सुन्दर, लवणयुक्त (वि.)।

सवर्ण (वि. तस.) समान रंग वाला, समान अक्षर, समान जाति का, उच्च जाति का, Having similar colour, letter or caste, of upper caste, सवर्ण (वि.)।

सवा (वि. तस.) एक और चौथाई, One and quarter, सपाद (वि.)।

सवार (वि. फा.) घोड़े पर चढ़ने वाला, अश्वारोही, A rider, a horseman, अश्वारोहिन्, सादिन् (वि.)।

सवारी (स्त्री. फा.) यान, रथ, गाड़ी, A vehicle, a carriage, वाहनम्, यानम् (नपुं.)।

(वि. अर.) आरोही, यात्री, A passenger, a rider, आरोहिन्, यात्रिन् (वि.)।

सवाल (पुं. अर.) प्रश्न, माँग, याचना, Question, begging, demand, प्रश्न (पुं.), याच्ञा (स्त्री.), निवेदनम् (नपुं.)।

सविकल्पक (वि. तस.) संदेहयुक्त, संशययुक्त, Doubtful, suspicious, सविकल्पक, सन्देहयुक्त (वि.)।

सविता (पुं. तस.) सूर्य, The sun, सविता-तृ, भानुः, सूर्यः, दिनेशः (पुं.)।

सवेरा (पुं. तभ.) प्रातःकाल, सुवेला, प्रभात, Morning, प्रातःकालः (पुं.), सुवेला (स्त्री.), प्रभातम् (नपुं.)।

सव्य (वि. तस.) बायाँ, Left, वाम, सव्य (वि.)।

सशंक, सशङ्क (वि. तस.) भयभीत, घबराया हुआ, Afraid, perplexed, सशङ्क, भीत (वि.)।

सस, ससि, सची – दे. 'शश, शशी, शची'।

ससुर (पुं. तभ.) पति या पत्नी का पिता, Father-in-law, श्वशुरः (पुं.)।

ससुराल (पुं. तभ.) ससुर का घर, The house of father-in-law, श्वशुरालयः (पुं.), श्वशुरगृहम् (नपुं.)।

सस्ता (पुं. देशी) कम मूल्य का, Cheap, अल्पमूल्य (वि.)।

सह (अ. तस.) साथ, संग, With, सह, सम्, साकम्, सार्धम् (अ.)।

सहकार (पुं. तस.) आम, सहयोग, Mango tree, cooperation, सहकारः, आम्रः, सहयोगः (पुं.)।

सहकारिता (स्त्री. तस.) सहयोगिता, सहायता, Cooperation, help, सहकारिता, संहयोगिता (स्त्री.)।

सहचरी (स्त्री. तस.) सखी, पत्नी, A lady friend or a wife, सहचरी (स्त्री.)।

सहज (वि. तस.) सरल, स्वाभाविक, जन्मजात, Easy, natural, inborn, सरल, प्राकृतिक, स्वाभाविक, जन्मजात।

सहदेव (पुं. तस.) पाण्डु और माद्री का छोटा पुत्र, A Pandava, the younger son of Madri, सहदेवः (पुं.)।

सहन (पुं. तस.) सहने का भाव, क्षमता, Tolerance, endurance, सहनम् (नपुं.)।

सहन (पुं. अर.) प्राङ्गण, आंगन courtyard, प्राङ्गणम्, अङ्गनम् (नपुं.)।

सहनशीलता (स्त्री. तस.) सहने का स्वभाव, Nature of tolerance, endurance, क्षमाशीलता, सहनशीलता (स्त्री.)।

सहना (सकर्म. तभ.) बर्दाश्त करना, To tolerate, to bear, to endure, सह् (भ्वा. आ.) — सहते।

सहनीय (वि. तस.) सहने योग्य, सहा जाने वाला, Tolerable, endurable, सहनीय, सह्य (वि.)।

सहपाठी (पुं. तस.) साथ पढ़ने वाला, सहाध्यायी, A class-fellow, सहपाठी-ठिन्, सहाध्यायी-यिन् (पुं.)।

सहभोज (पुं. तस.) मिलकर खाना, A feast, सहभोजः (पुं.), सहभक्षणम् (नपुं.)।

सहम (पुं. फा.) संकोच, डर, भय, Hesitation, fear, fright, संकोचः, त्रासः (पुं.), भयम् (नपुं.)।

सहमना (अकर्म. फा.) संकोच करना, लज्जा करना, To hesitate, to ashame, सम्+कुच (भ्वा. पर.) — संकोचति, लज्ज् (तुदा. आ.) — लज्जते।

सहमत (वि. तस.) मंजूर करने वाला, एकमत, Accepting, of one mind, सहमत, एकमत (वि.)।

सहयोग (पुं. तस.) दे. 'सहकार या सहकारिता।

सहयोगी (वि. तस.) दे. 'सहकारी'।

सहलाना (सकर्म. देशी) धीरे-धीरे रगड़ना या मसलना, To rub gently, मर्दय् (प्रे.)–मर्दयति, संवाहयति।

सहवास (पुं. तस.) साथ रहना, संगति, A company, living together, सहवासः (पुं.), सङ्गतिः (स्त्री.)।

सहस (वि. तभ.) दे. 'सहस्र'।

सहसा (अ. तस.) अचानक, Suddenly, सहसा, आपाततः (अ.)।

सहस्र (वि. तस.) हजार, Thousand, सहस्रम् (नपुं. वि.)।

सहस्राक्ष (वि. तस.) विराट् स्वरूप (परमात्मा) हजारों आँखों वाला, Having thousands of eyes, सहस्राक्ष (वि.)।

सहाई (वि. तभ.) सहायक, Helper, सहाय, सहायक (वि.)।

सहाध्यायी (पुं. तस.) दे. 'सहपाठी'।

सहानुभूति (स्त्री. तस.) हमदर्दी, Sympathy, सहानुभूतिः, समवेदना (स्त्री.)।

सहाय, सहायक (पुं. तस.) सहायता करने वाला, A helper, an assistant, सहायः, सहायकः (पुं.)।

सहारना (सकर्म. देशी) दे. 'सहना'।

सहारा (पुं. देशी) आश्रय, सहायक, Support, help, आश्रयः, अवलम्बः, अवष्टम्भः (पुं.)।

सहित (वि. तस.) समेत, Together, with, सहित, समेत (वि.)।

सहिष्णु (वि. तस.) सहनशील, Enduring, tolerant, patient, सहिष्णु (वि.)।

सही (वि. फा.) शुद्ध, ठीक, उचित, Correct, fit, due, शुद्ध, उचित, उपयुक्त (वि.)।

सहूलियत (स्त्री. फा.) सुविधा, आराम, Convenience, facility, सुविधा, सुकरता, सुगमता (स्त्री.)।

सहृदय (वि. तस.) सहानुभूतिमय, हमदर्द, Sympathetic, सहृदय, समवेदक (वि.)।

सहेजना (सकर्म. देशी) ध्यान-पूर्वक देखना -भालना, To examine carefully, to investigate, सु+परि+ईक्ष् (भ्वा. आ.), सुपरीक्षते।

सहेली (स्त्री. तभ.) सखी, सहेलिका, A female friend, सखी, सहेलिका (स्त्री.)।

सहोदर (पुं. तस.) सोदर, सगा भाई, A real brother, सहोदरः, सोदरः (पुं.)।

सह्य (वि. तस.) दे., 'सहनीय' — सह्य (वि.)।

सह्याद्रि (पुं. तस.) मुम्बई के इलाके का एक पर्वत, A mountain near Mumbai, सह्याद्रिः (पुं.)।

साँई (पुं. तभ.) स्वामी, Master, husband, स्वामी-मिन्, पतिः (पुं.)।

साँकर (स्त्री. तभ.) दे. 'साँकल'।

साँकरा (वि. तभ.) संकुचित, तंग, Narrow, संकुचित, संकीर्ण (वि.)।

सांकेतिक (वि. तस.) इशारा किया हुआ, Hinted, साङ्केतिक, लाक्षणिक (वि.)।

सांख्य (पुं. तस.) कपिल मुनि द्वारा रचित सांख्यदर्शन, The Sāṁkhya philosophy written by sage Kapila, सांख्यदर्शनम् (नपुं.)।

सांग, साङ्ग (वि. तस.) अङ्गों के साथ, With parts, साङ्ग (वि.)।

सांगोपांग, साङ्गोपाङ्ग (वि. तस.) अङ्गों और उपांगों से युक्त, With parts and subparts, साङ्गोपाङ्ग (वि.)।

साँझ (स्त्री. तभ.) सायं, संध्यावेला, Evening, सायम् (अ.), सन्ध्यावेला (स्त्री.)।

साँझा (वि. तभ.) दे. 'साझा'।

साँठ-गाँठ (स्त्री. देशी) चुपके से बनाई गई योजना, षड्यन्त्र, A secret planning, गुप्तयोजना (स्त्री.), षड्यन्त्रम् (नपुं.)।

साँड (पुं. तभ.) वृषभ, A bull, a steer, वृषभः, वृषः (पुं.)।

साँडनी (स्त्री. देशी) तेज भागने वाली ऊँटनी, A swift-going female camel, शीघ्रगामिनी उष्ट्री, क्रमेलिका (स्त्री.)।

सांत्वना, सान्त्वना (स्त्री. तस.) आश्वासन, ढाढ़स, Consolation, pacification, सान्त्वना (स्त्री.), आश्वासनम् (नपुं.)।

सांप्रदायिक, साम्प्रदायिक (वि. तस.) मजहबी, Communal, साम्प्रदायिक (वि.)।

सांभर (पुं. तभ.) सांवर, सांभर झील और उससे पैदा होने वाला नमक, Name of a lake of Rajasthan from where salt is obtained, सम्वरोद्भवम् लवणम्, (नपुं), जलाशयः (पुं.)।

साँवला (वि. तभ.) श्यामल, काले रंग का, Blakish, श्यामल (वि.)।

साँस (स्त्री. तभ.) श्वास, Breath, श्वासः (पुं.), श्वसनम् (नपुं.)।

सांसारिक (वि. तस.) दुनियावी, लौकिक, Worldly, सांसारिक (वि.)।

सा (वि. तभ.) सदृश, बराबर, Equal, alike, सदृश, सम, सदृक्ष, सदृश् (वि.)।

साई (स्त्री. फा.) पेशगी, अग्रधन, Advance money, अग्रधनम् (नपुं.)।

साईस (पुं. देशी) अश्वसेवक, The servant for a horse, अश्वसेवकः (पुं.)।

साकी (पुं. अर.) शराब बाँटने वाला, One who serves wine, मद्यपरिवेषकः (पुं.)।

साकेत (पुं. तस.) अयोध्या नगरी का पुराना नाम, The old name of Ayodhya, साकेतनगरी (स्त्री.)।

साक्षर (वि. तस.) पढ़ा-लिखा, Literate, साक्षर (वि.)।

साक्षात् (अ. तस.) प्रत्यक्ष, आगे, सामने, सचमुच, Clearly, in front of, really, साक्षात् (अ.)।

साक्षी (पुं. तस.) गवाह, A witness, साक्षी-क्षिन् (पुं.)।

साक्ष्य (पुं. तस.) गवाही, Evidence, testimony, साक्ष्यम् (नपुं.), प्रमाणम् (नपुं.)।

साख (स्त्री. देशी) प्रभाव, प्रतिष्ठा, विश्वसनीयता, Reputation, influence, trust, प्रभावः (पुं.), प्रतिष्ठा, विश्वसनीयता (स्त्री.)।

साखी (स्त्री. तभ.) शिक्षा से पूर्ण काव्य-रचना, A moral poem, शिक्षापूर्णा काव्यरचना (स्त्री.)।

साग (पुं. तभ.) सब्जी, Vegetable, शाकः कम् (पुं., नपुं.)।

सागर (पुं. तस.) समुद्र, A sea, an ocean, सागरः, उदधिः, समुद्रः (पुं.)।

सागूदाना (पुं. इं.) दे. 'साबुदाना'।

सागवान, सागौन (पुं. तभ.) एक दृढ़ काष्ठ वाला वृक्ष, Teak tree, शाकतरुः, शाकवृक्षः (पुं.)।

साज (पुं. फा.) सजावट या तैयारी का साधन, Preparation, implement, सज्जा (स्त्री.) सज्जोप- करणम् (नपुं.)।

साजन (पुं. तभ.) सज्जन, पति, A husband, पतिः, भर्ता-तृ (पुं.)।

साजबाज (पुं. फा.) तैयारी, Preparation, सामग्री-सज्जा, तत्परता (स्त्री.)।

साजिश (स्त्री. फा.) षड्यन्त्र, गुप्त योजना, Conspiracy, षड्यन्त्रम् (नपुं.)।

साझा (पुं. तभ.) समधिकृतित्व, समभागित्व, Partnership, समधिकृतित्वम् समभागित्वम् (नपुं.)।

साझेदार (पुं. तभ.) समाधिकारी, समभागी, Partner, समाधिकारी-रिन् (पुं.), सममागी -गिन् (पुं.)।

साड़ी (स्त्री. तभ.) शाटिका, धोती, A long cloth to cover waist and legs, शाटिका, शाटी (स्त्री.)।

साढू (पुं. तभ.) बहिनों के पति परस्पर साढू कहलाते हैं, The husbands of sisters are called Sadhu to each other, श्यालीपतिः (पुं.)।

सात (वि. तभ.) छह और एक, Seven, सप्त- (सप्तन्)।

सात्वती (स्त्री. तस.) शिशुपाल की माता, the mother of Shishupala, सात्वती (स्त्री.)।

सात्त्विक (वि. तस.) सादा, उत्तम चरित्र वाला, Simple, having ideal character, सात्त्विक (वि.)।

साथ (अ. तभ.) सहित, With, सार्धम्, सह (अ.)।

साथिन (स्त्री. तभ.) सहेली, साथ रहने वाली, A lady companion, सार्थिनी, सखी (स्त्री.)।

साथी (पुं. तभ.) मित्र, साथ रहने वाला, A companion, सार्थी-थिन्, सखा (पुं.), मित्रम् (नपुं.)।

सादगी (स्त्री. फा.) सादापन, सरलता, साधुता, सात्त्विकता, Simplicity, goodness, generosity, सरलता, साधुता, सात्त्विकता (स्त्री.), सारल्यम्, औदार्यम् (नपुं.)।

सादा (वि. फा.) सरल, सात्त्विक, Simple, good, generous, सरल, साध्वी, सात्त्विक (वि.)।

सादी (वि. स्त्री. फा.) सादा के ही स्त्रीलिंग विशेषण – सरला, साधी, सात्त्विकी (स्त्री. वि.)।

(वि. तस.) अश्वारोही, घुड़सवार, A rider, सादी-दिन्, अश्वारोही-हिन् (पुं.)।

सादृश्य (पुं. तस.) तुलना, मुकाबला, Equality, similarity, सादृश्यम्, औपम्यम् (नपुं.)।

साध (स्त्री. तभ.) कामना, अभिलाषा, Desire, wish, साध्यम् (नपुं.), कामना (स्त्री.), अभिलाषः (पुं.)।

साध (पुं. तभ.) दे. 'साधु'।

साधन (पुं. तस.) उपकरण, Means, resource, instrument, साधनम् (नपुं.)।

साधना (स्त्री. तस.) निरन्तर अभ्यास, Practice, अभ्यासः (पुं.), सततं कार्यकरणम् (नपुं.)।

साधर्म्य (पुं. तस.) मिलते हुए गुणों का होना, Existence of similar qualities, साधर्म्यम् (नपुं.), सधर्मता (स्त्री.)।

साधारण (वि. तस.) मामूली, Ordinary, साधारण (वि.)।

साधारणतः (अ. तस.) सामान्यरूप से, Generally, साधारणतः, सामान्यतः (अ.)।

साधु (वि. तस.) अच्छा, बढ़िया, उत्तम, Good, well, excellent, साधु (वि.)।

(पुं. तस.) महात्मा, श्रेष्ठ व्यक्ति, संन्यासी, A saint, a holy man, a sanyasi, श्रेष्ठो मनुष्यः, संन्यासी-सिन् (पुं.)।

साधुता (स्त्री. तस.) श्रेष्ठता, भलमानसियत, Goodness, honesty, साधुता, श्रेष्ठता (स्त्री.)।

साधुवाद (पुं. तस.) प्रशंसा, धन्यवाद कहना, Praising, thanking, साधुवादः (पुं.), प्रशंसनम् (नपुं.), धन्यवाद-कथनम् (नपुं.)।

साध्य (वि. तस.) सिद्ध करने योग्य, पूर्ण करने योग्य, To be proved, to be accomplished, साध्य, प्रामाण्य, पूरणीय (वि.)।

साध्वी (स्त्री. तस.) 'साधु' के स्त्रीलिंग रूप साध्वी, श्रेष्ठा नारी, संन्यासिनी (स्त्री.)।

सान (पुं. तभ.) दे. 'शाण'।

सानना (सकर्म. तभ.) आटा गूँथना, To Knead, to make into a paste, गुध् (दिवा. पर.) – गुध्यति।

सानी (स्त्री. तभ.) जल द्वारा मिलाया गया पशुओं का चारा, Food for cattle which is mixed with water, सानितम् (नपुं.), पशुभोजनम् (नपुं.)।

सानु (पुं. तस.) पर्वत-शिखर, A peak of a mountain, सानु, पर्वतशिखरम् (नपुं.)।

साफ (वि. अर.) स्वच्छ, निर्मल, Clean, pure, clear, स्वच्छ, निर्मल, स्पष्ट (वि.)।

साफल्य (पुं. तस.) सफलता, कामयाबी, Success, साफल्यम् (नपुं.), सफलता (स्त्री.)।

साफा (पुं. अर.) पगड़ी, A turban, उष्णीषः-षम् (पुं., नपुं.), शिरोवेष्टनम् (नपुं.)।

साफी (स्त्री. अर.) रूमाल, A handkerchief, हस्तप्रोञ्छनम् (नपुं.)।

(वि. अर.) साफ करने वाली (औषध), Cleaning (medicine), शोधिका (स्त्री.)।

साबित (वि. अर.) प्रमाणित, Proved, प्रमाणित, साधित (वि.)।

साबुत (वि. अर.) पूरा, पूर्ण, Full, entire, complete, पूर्ण, अखण्डित (वि.)।

साबुन (पुं. अर.) धोने का साधन, Soap, फेनिलम् (नपुं.)।

साबुदाना (पुं. देशी) सागुदाना, Sago, सागुदानः (पुं.)।

सामंजस्य, सामञ्जस्य (पुं. तस.) मेल बैठाने का कार्य, समन्वय, Adjustment, सामञ्जस्यम् (नपुं.), समन्वयः (पुं.)।

सामंत, सामन्त (पुं. तस.) वीर, योधा, नायक, भू-स्वामी, A warrior, a leader, a big land lord, सामन्तः (पुं.)।

साम (पुं. तस.) शान्तिः, गानभेद, Psalm, peace, साम-मन् (नपुं.)।
(पुं. तस.) सामवेद, आर्यों का एक धर्मग्रन्थ, An Aryan religious book, सामवेदः (पुं.)।

सामग्री (स्त्री. तस.) सामान, Material, baggage, सामग्री (स्त्री.)।

सामना (पुं. देशी) मुकाबला, Facing, confrontation, समागमः (पुं.), साम्मुख्यम् (नपुं.)।
(पुं. देशी) सामने का भाग, Front portion, अग्रभागः (पुं.), पूर्वभागः (पुं.)।

सामने (अ. देशी) आगे, प्रत्यक्ष, In front of, अग्रतः, अग्रे, प्रत्यक्षम् (क्रि. वि.)।

सामयिक (वि. तस.) वर्तमान काल से सम्बन्धित, Timely, related to the present, सामयिक (वि.)।

सामर्थ्य (पुं. तस.) शक्ति, योग्यता, क्षमता, Ability, power, शक्तिः, योग्यता, क्षमता (स्त्री.), सामर्थ्यम् (नपुं.), समर्थता (स्त्री.)।

सामाजिक (वि. तस.) समाज से सम्बन्धित, Social, सामाजिक (वि.)।

सामान (पुं. फा.) दे. 'सामग्री'।

सामान्य (वि. तस.) सबमें पाया जाने वाला, Common, general, सामान्य (वि.)।

सामान्यतः (क्रि. वि.) साधारणतः, आम तौर से, Generally, सामान्यतः, साधारणतः (क्रि. वि.)।

सामिष (वि. तस.) माँस से युक्त, Non-vegetarian, with meat, सामिष (वि.)।

छन्द की परिभाषा :- जिस रचना में वर्णों या मात्राओं की संख्या, क्रम, गति और यति आदि का ध्यान रखा जाता है, उसे छन्द कहते है।

छन्दों के ज्ञान के लिए निम्न शब्दों को समझ लेना चाहिए :-

(क) वर्ण को साधारणतः अक्षर कहा जाता है। छन्दःशास्त्र में प्रायः स्वर-सहित वर्ण ही वर्ण कहलाते हैं।

वर्ण दो प्रकार के होते हैं – लघु और गुरु।

एक मात्रा से बोले जाने वाले वर्ण लघु और दीर्घ मात्रा वाले वर्ण गुरु होते हैं। लघु वर्ण से परे यदि संयुक्त वर्ण हो, तो वह भी गुरु कहलाता है; जैसे – 'देवदत्त' में 'त्त' संयुक्तवर्ण है, तो इससे पूर्व 'द' का 'अ' 'गुरु' अर्थात् दो मात्राओं वाला वर्ण कहलाएगा।

पाद के अन्त में आवश्यकता पड़ने पर लघु को गुरु मान लिया जाता है। अनुस्वार और विसर्ग वाले वर्ण भी गुरु मान लिए जाते हैं। जैसे 'संयोग' में 'सं' और 'दुःख' में 'दुः' गुरु होंगे।

(ख) मात्रा – ऊपर 'वर्ण' को समझाते समय मात्रा शब्द का प्रयोग आया है। उच्चारण करते समय किसी वर्ण में जितना समय लगता है, उसे मात्रा कहा जाता है। अ, इ, उ, ऋ – वर्णों में उच्चारण करते समय थोड़ा समय लगता है; अतः इन की एक 'मात्रा' मानी जाती है। ऐसे वर्ण **'एकमात्रिक, लघु'** या **'ह्रस्व'** कहे जाते है।

जिन वर्णों में 'अ' के उच्चारण से दुगुना समय लगता है, वे द्विमात्रिक, दीर्घ या 'गुरु' कहलाते हैं। आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ- ये दीर्घ स्वर हैं। इन की दो मात्राएँ मानी जाती हैं। संयुक्त वर्ण से पूर्व या पाद के अन्त में ह्रस्व वर्ण भी गुरु मान लिया जाता है, यह ऊपर बताया जा चुका है।

(ग) पाद – अधिकतर छन्दों के चार चरण होते हैं। इन्हें ही पाद कहा जाता है। जैसे :–

रघुकुलरीति सदा चली आई।
प्राण जाय पर वचन न जाई।।

ये दो चरण या दो पाद हैं।

(घ) गण -- वर्णों या मात्राओं का क्रम कैसे रखा जाए, इस को बताने के लिए तीन-तीन वर्णों का समूह होता है। इन्हें ही 'गण' कहा जाता है। गणों की संख्या और स्वरूप को समझने के लिए निम्न सूत्र याद कर लीजिए :-

यमाताराजभानसलगा

इस सूत्र में आठ गणों का वर्णन है- यगण, मगण, तगण, रगण, जगण, भगण, नगण और सगण। 'ल' का अर्थ है 'लघु' और 'ग' का अर्थ है गुरु। लघु का चिह्न खड़ी सीधी रेखा (।) इस प्रकार की होती है। गुरु का चिह्न ऽ अंग्रेजी के ऽ जैसा होता है।

प्रत्येक गण के स्वरूप को जानने के लिए हम सूत्र में से उस वर्ण के साथ तीन वर्णों को ले कर उस का स्वरूप जान सकते हैं। जैसे- 'यगण' का स्वरूप जानने के लिए हम 'यमाता' इन तीन वर्णों को ले लेंगे। इस प्रकार '।ऽऽ' के क्रम से यगण का स्वरूप हुआ। मगण के स्वरूप को जानने के लिए हम 'मातारा' इन तीन वर्णों को लेंगे। इस से हमें मगण के स्वरूप का इस रूप में बोध हुआ – 'ऽ ऽ ऽ'। अर्थात् मगण में सभी गुरु होते है। इसी लिए इसे सर्वगुरु कह देते हैं। 'नगण' में सभी वर्ण लघु हैं। अतः इसे 'सर्वलघु' कहेंगे। जिस गण में जो वर्ण दूसरे दो वर्णों से अलग स्वरूप का होगा, उसी के आधार पर उस का स्वरूप कहा जाता है। हम यहाँ सभी गणों के स्वरूप को दिखा रहे है; दिए हुए सूत्र से उनका मिलान कर लें।

	गणों का स्वरूप		
गण का नाम	चिह्नों में स्वरूप	शब्दों में स्वरूप	उदाहरण
यगण	।ऽऽ	आदिलघु	मिठाई ।ऽऽ
मगण	ऽऽऽ	सर्वगुरु	विद्यार्थी ऽ ऽऽ
तगण	ऽऽ।	अन्तलघु	स्वातन्त्र्य ऽऽ।
रगण	ऽ।ऽ	मध्यलघु	श्रावणी ऽ।ऽ
जगण	।ऽ।	मध्यगुरु	सुभाष ।ऽ।
भगण	ऽ।।	आदिगुरु	पावन ऽ।।
नगण	।।।	सर्वलघु	कमल ।।।
सगण	।।ऽ	अन्तगुरु	पढ़ना ।।ऽ

(ङ) यति — छन्दों के प्रत्येक चरण के अन्त में हम प्रायः रुकते है। इसी रुकने या विराम को यति कहते है। कई छन्दों के चरणों के मध्य भी रुकना होता है; यह बात आप छन्दों के नियमों में पढ़ेंगे।

छन्दों के मुख्य भेद :— छन्दों के मुख्य रूप से दो भेद होते हैं:- **वर्णिक** और **मात्रिक**। वर्णिक छन्दों में ऊपर बताए गणों के हिसाब से लघु-गुरु का क्रम निश्चित होता है, परन्तु मात्रिक छन्दों में प्रायः मात्राओं की संख्या पूरी रखने पर ध्यान दिया जाता है। वहाँ लघु-गुरु का क्रम प्रायः नहीं होता। वर्णिक छन्द का एक उदाहरण देखिए।

न भ भ र

ııı Sı ıS ııS ı S

अहह! उष्ण हवा चलने लगी।

तपन से धरती जलने लगी।।

यहाँ 'द्रुतविलम्बित' छन्द है। इस छन्द के प्रत्येक चरण में वर्णों का क्रम नगण, भगण, भगण और रगण से होता है। हम ने पहले चरण पर चिह्न लगा दिए हैं। आप वैसे ही दूसरे चरण पर लगाइए। प्रत्येक गण का पहला अक्षर ऊपर लिख दिया गया है।

अब मात्रिक छन्द का एक उदाहरण देखिए:-

ııı Sı SS ıı S S

नृपन केरि आशा निशि नाशी।

ııı ııı ııS ı ı S S

वचन-नछत-अवली न प्रकाशी।

ये चौपाई के दो चरण हैं। प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ होनी चाहिएँ। लघु की एक और गुरु की दो मात्राएँ मानी जाती हैं। मात्राचिह्न दोनों चरणों पर लगा दिए गए हैं, परन्तु दोनों चरणों में 16-16 मात्राएँ होने पर भी उन का क्रम एक जैसा नहीं है। इसीलिए यह मात्रिक छन्द है। यहाँ 'प्र' संयुक्त होने पर भी 'न' पर जोर न पड़ने के कारण 'न' की एक ही मात्रा मानी गई है।

इस प्रकार आप ने वर्णिक और मात्रिक छन्दों के भेद समझ लिए होगें।

अब हम पहले वर्णिक छन्दों का और फिर मात्रिक छन्दों का परिचय देंगे। उन्हें ध्यान से समझिए छन्दों के लक्षण और उदाहरण अपने-अपने छन्द में हैं :—

1. विद्युन्माला

लक्षण :— मो मो गो गो विद्युन्माला

इसका अर्थ है कि विद्युन्माला छन्द के प्रत्येक चरण में दो मगण और फिर दो गुरु होते हैं। यह दस वर्णों का छन्द है। इस प्रकार वर्णक्रम से यह स्वरूप बनेगा :—

(ऽऽऽ, ऽऽऽ, ऽऽ)

उदाहरण देखिए :—

ऽऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ
मेरी माता तेरा द्वारा।
काटे फंदा मेरा सारा।।

होती तेरी सच्ची वाणी।
ब्रह्मा जी की है तू रानी।।

पहले चरण पर लघु-गुरु चिह्न देखिए और शेष पर स्वयं लगाइए।

2. शालिनी

यह ग्यारह वर्णों का छन्द है। इस का लक्षण और स्वरूप इस प्रकार से हैं :—

मा ता ता गा गा युता शालिनी है।

इसका अर्थ है कि एक मगण, दो तगण और दो गुरुओं के क्रम से इस का एक चरण बनता है। चरण के अंत में यति होती है। इस का वर्णक्रम-स्वरूप इस प्रकार से है :— (ऽऽऽ, ऽऽ।, ऽऽ।, ऽऽ)

अन्य अदाहरण देखिए :—

म त त ग ग
ऽ ऽ ऽऽऽ । ऽ ऽ । ऽऽ
क्या क्या होगा साथ मैं क्या बताऊँ
है ही क्या, हा, आज जो मैं जताऊँ।

तो भी तूली पुस्तिका और वीणा,
चौथी मैं हूँ, पाँचवीं तू प्रवीणा।। (साकेत)

3. भुजंगी

यह भी ग्यारह वर्णों का छन्द है। इसका लक्षण इस प्रकार से है :–

त्रि-या औ' ल-गा सौं भुजंगी रचौ।

इसका भाव यह है कि भुजंगी छन्द में तीन यगण, एक लघु और एक गुरु (ISS ISS ISS IS) के क्रम से ग्यारह वर्ण प्रति चरण में होते है। उदाहरण देखिए :—

IS S I S S I SS I S
इसी भाँति आलाप- संलाप में,
न ऐसे महाशाप में ताप में।
हमारा यहाँ काल था बीतता,
न संतोष का कोष था रीतता।। (साकेत)

4. इन्द्रवज्रा

यह भी ग्यारह वर्णों का छन्द है। इसका लक्षण इस प्रकार से है

हो इन्द्रवज्रा त-त-जा-ग-गा सों।

अर्थात् इन्द्रवज्रा में दो तगण एक जगण और दो गुरु होते हैं। इस प्रकार वर्णक्रम यों हुआ (SSI, SSI, ISI, SS)

उदाहरण देखिए :——

S S IS S I ISIS S
मैं जो नया ग्रन्थ विलोकता हूँ,
भाता मुझे तो नव मित्र-सा है।
देखूँ उसे मैं नित बार-बार,
मानो मिला मित्र मुझे पुराना।। (गिरधर शर्मा)

इस उदाहरण के तीसरे चरण के अन्त में 'र' लघु होते हुए भी अन्तिम वर्ण होने के कारण गुरु माना जाएगा।

5. उपेन्द्रवज्रा

इस का लक्षण इस प्रकार से है :–

उपेन्द्रवज्रा जतजा-ग-गा सों।

अर्थात् उपेन्द्रवज्रा छन्द में जगण, तगण, जगण और दो गुरु के क्रम से प्रत्येक चरण में ग्यारह वर्ण रखे जाते है। इस प्रकार इस का स्वरूप यह होगा (ISI, SSI, ISI, SS)

उदाहरण देखिए :——

ISI S S IIS IS S
यथार्थ था, सो सपना हुआ है।
अलीक था जो अपना हुआ है।।
रही यहाँ केवल है कहानी।
सुना वही एक नई पुरानी।। (साकेत)

6. उपजाति

यदि कोई चरण इन्द्रवज्रा का और कोई उपेन्द्रवज्रा का हो, तो वह उपजाति छन्द बन जाता है। पद्य में लक्षण इस प्रकार से है :–

उपेन्द्रवज्रा अरु इन्द्रवज्रा, दोनों जहाँ हों, उपजाति जानो।

उदाहरण देखिए :——

I SI SS II SI S S
परोपकारी बन वीर आओ, (उपेन्द्रवज्रा)
नीचे पड़े भारत को उठाओ।

S SI SS II SI SS
हे मित्र त्यागो मद - मोह - माया, (इन्द्रवज्रा)
नहीं रहेगी यह नित्य काया।। (रामनरेश त्रिपाठी)

यहाँ पहले तथा चौथे चरणों में 'उपेन्द्रवज्रा' तथा दूसरे तथा तीसरे चरणों में इन्द्रवज्रा छन्द होने से 'उपजातिछन्द है। तीसरे चरण में 'मित्र' के 'र' पर दबाव नहीं है, अतः 'त्यागो' में 'त्या' संयुक्त होने पर भी 'र' गुरु नहीं माना जाता।

7. भुजंगप्रयात

भुजंगप्रयात 12 वर्णों का छन्द है। इस छन्द के प्रत्येक चरण में चार 'यगण' होते है। इसका स्वरूप इस प्रकार है (SSI SSI ISI SS)। पद्य में लक्षण देखिए :-

भुजंगप्रयाता बने चार या सों।

उदाहरण देखिए :——

।ऽ ऽ। ऽ ऽ।ऽ ऽ ।ऽऽ
अरी व्यर्थ है व्यंजनों की बड़ाई।
हटा थाल, तू क्यों इसे आप लाई।।
वही पाक है, जो बिना भूख भावे।
बता किन्तु तू ही उसे कौन खावे।। (साकेत)

8. द्रुतविलम्बित

यह भी बारह वर्णों का छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में नगण, भगण, भगण और रगण के क्रम से वर्ण रखे जाते हैं। मात्रा स्वरूप इस प्रकार से होगा – (।।।, ऽ।।, ऽ।।, ऽ।ऽ)। पद्य में लक्षण इस प्रकार से हैं :–

द्रुतविलम्बित माँहि न-भा-भरा।

उदाहरण देखिए :——

।।। ऽ ।।ऽ। ।ऽ। ऽ
दिवस का अवसान समीप था,
गगन था कुछ लोहित हो चला।
तरुशिखा पर थी अब राजती,
कमलिनी-कुल-वल्लभ की प्रभा।। (प्रियप्रवास)

9. तोटक

तोटक छन्द में चार सगण होते है। इसका वर्णक्रम यों होगा :– (।।ऽ, ।।ऽ, ।।ऽ, ।।ऽ)। पद्य में लक्षण देखिए :–

बिलसे स-चतुष्टय तोटक में।

उदाहरण देखिए :–

।।ऽ। ।ऽ।। ऽ। ।ऽ
मतभेद भयानक पाप रहा,
बिन नेह न मेल-मिलाप रहा।

अभिमान अधोमुख ठेल रहा,
अधमाधम ढोंग ढकेल रहा।। (नाथूराम शंकर)

10. स्रग्विणी

चार रगणों के क्रम से स्रग्विणी छन्द का एक चरण बनता है। वर्णक्रम इस प्रकार से होगा :— (ऽ।ऽ, ऽ।ऽ, ऽ।ऽ, ऽ।ऽ)। पद्य में लक्षण देखिए :—

चार हों रेफ तो स्रग्विणी छन्द है।

उदाहरण देखिए :——

ऽ।ऽ ऽ। ऽ ऽ ।ऽऽ।ऽ
वे गृही धन्य हैं जो मनोहारिणी।
मिष्टभाषी सुशीला सदाचारिणी।
धर्मशीला सती धीरता-धारिणी।
सुन्दरी-युक्त हैं प्रेम-शृंगारिणी।। (छन्द-रत्नावली)

11. वसन्ततिलका

यह चौदह वर्णों का छन्द है। इस में तगण, भगण, जगण, जगण और दो गुरुओं का क्रम रहता है। वर्णक्रम का स्वरूप यह हैं :— (ऽऽ।, ऽ।।, ।ऽ।, ।ऽ।, ऽऽ)। पद्य में लक्षण देखिए :—

जानो वसन्ततिलका तभजा जगा गा।

उदाहरण देखिए :——

ऽऽ।ऽ। ।।ऽ।। ऽ।ऽऽ
देदीप्यमान मुखमंडल-तेजधारी,
आजन्म सत्यव्रत-पालक ब्रह्मचारी।
योगी त्रिकाल शुभकर्म विशेष ज्ञानी
हा! सभ्यता नहीं रही अब वह पुरानी।। (अज्ञात)

12. मालिनी

मालिनी छन्द में नगण, नगण, मगण, यगण और यगण के क्रम से 15 वर्ण रखे जाते हैं। वर्णक्रम का स्वरूप इस प्रकार से है :— (।।।, ।।।,

ऽऽऽ, ।ऽऽ, ।ऽऽ)। इसमें 8 वर्णों के बाद और पद के अन्त में यति होती है। पद्य में लक्षण देखिए :–

न-न-म-य-य-गणों से मालिनी छन्द होता।

उदाहरण देखिए :——

।। ।। ।।ऽ ऽ ऽ । ऽऽ । ऽ ऽ
टप-टप गिरते थे, अश्रु नीचे निशा में,
झर-झर पड़ते थे, मुक्त तारे दिशा में।
कर पटक रही थी, निम्नगा पीट छाती,
सन-सन करके थी, शून्य में साँस आती।। (साकेत)

13. शिखरिणी

शिखरिणी छन्द में प्रत्येक चरण में 17 वर्ण होते हैं। ये वर्ण यगण, मगण, नगण, सगण, भगण और लघु तथा गुरु के क्रम से आते हैं। वर्णक्रम का स्वरूप इस प्रकार से है :– (।ऽऽ, ऽऽऽ, ।।।, ।।ऽ, ।ऽऽ, ।ऽ)। इस में 6 और 11 वर्णों के बाद यति होती है; अर्थात् 6 वर्णों के बाद और पद के अंत में। पद्य में लक्षण देखिए :–

कवीन्द्रों को मोहे य-म-न-स-भ-ला-गा शिखरिणी।

उदाहरण देखिए :——

।ऽ ऽऽ ऽऽ ।।। ।। ऽ ऽ। ।। ऽ
छटा कैसी प्यारी, प्रकृति-तिय के चन्द्रमुख की।
नया नीला ओढ़े, वसन चटकीला गगन का।।
जरी-सल्मा-रूपी, जिस पर सितारे सब जड़े।
गले में स्वर्गङ्गा, अतिललित माला-सम पड़ी।। (छन्दःशिक्षा)

14. मन्दाक्रान्ता

मन्दाक्रान्ता छन्द के भी प्रत्येक चरण में 17 वर्ण होते हैं। ये वर्ण मगण, भगण, नगण, तगण, तगण ओर दो गुरूओं के क्रम से आते है। वर्णक्रम का स्वरूप इस प्रकार से है :– (ऽऽऽ, ऽ।।, ।।।, ऽऽ।, ऽऽ।, ऽऽ)। चौथे और दसवें वर्णों के बाद तथा पादान्त में यति होती है। पद्य में उदाहरण देखिए :–

मन्दाक्रान्ता म-भ-न-त-त-गा, गा कहें छन्दवेदी।

उदाहरण देखिए :—

ऽ ऽऽ ऽ ।।। ।। ऽ ऽ।ऽ ऽ।ऽऽ

दो वंशों में, प्रकट कर के, पावनी लोकलीला।
सौ पुत्रों से, अधिक जिन की, पुत्रियाँ पूतशीला।।

त्यागी भी हैं, शरण जिनके, जो अनासक्त गेही।
राजा-योगी, जय जनक वे, पुण्य-देही विदेही।। (साकेत)

15. शार्दूलविक्रीडित

शार्दूलविक्रीडित छन्द में प्रत्येक चरण में उन्नीस वर्ण होते है। गणों का क्रम इस प्रकार से है :— मगण, सगण, जगण, सगण, तगण, तगण और एक गुरु। वर्णस्वरूप इस प्रकार से है :— (ऽऽऽ, ।।ऽ, ।ऽ।, ।।ऽ, ऽऽ।, ऽऽ।, ऽ)। इसमें बारहवें वर्ण के बाद तथा पादान्त में यति होती। पद्य में लक्षण देखिए :—

जा में हों म-स-जा-स-ता-त-ग वही, शार्दूलविक्रीडिता।

उदाहरण देखिए :——

ऽ ऽ ऽ ।। ऽ।ऽ ।।। ऽ ऽऽ । ऽ ऽ।ऽ
सींचें ही बस मालिनें कलश ले, कोई न ले कर्त्तरी।
शाखी फूल फलें यथेच्छ बढ़ के, फैलें लताएँ हरी।।

क्रीडा-कानन-शैल यन्त्र-जल से, संसिक्त होता रहे।
मेरे जीवन का चलो सखी वही, सोता भिगोता रहे।। (साकेत)

यहाँ तक हमने 15 वर्णिक छन्दों का परिचय दे दिया है। अब मात्रिक छन्दों को समझिए।

मात्रिक छन्द

पहले बताया जा चुका है कि मात्रिक छन्दों में वर्णों का लघु-गुरु का क्रम आवश्यक नहीं है। इन छन्दों में केवल मात्राएँ गिनी जाती हैं। लघु वर्ण की एक मात्रा और गुरु की दो मात्राएँ होती है। दीर्घवर्ण, संयुक्त वर्ण से पूर्व ह्रस्व वर्ण, अनुस्वार और विसर्ग वाला वर्ण और पद के अन्त का वर्ण आवश्यकतानुसार गुरु मान लिया जाता है। अब हम सब से पूर्व सबसे अधिक प्रसिद्ध छन्द दोहे को लेते हैं।

16. दोहा

यह एक अर्धसम मात्रिक छन्द है। अर्थात् इस के विषम (1-3) चरणों की मात्राओं की संख्या मिलती है और सम (2-4) चरणों की संख्या

मिलती है। जिन छन्दों की विषम चरणों की और सम चरणों की संख्या मिलती हो, उन्हें ही अर्धसम-मात्रिक छन्द कहते हैं। मात्रिक छन्दों में तुक पर अधिक ध्यान दिया जाता है। **चरण के अन्त में स्वरपूर्वक व्यंजनों के मेल को ही तुक कहते हैं।** जैसे - 'आप, शाप, माप' में।

दोहे का लक्षण :— दोहे के विषम चरणों में 13-13 और सम चरणों में 11-11 मात्राएँ होती हैं। समचरणों की तुक मिलती है। विषम चरणों का आरम्भ जगण (।ऽ।) से नहीं होना चाहिए और अन्त में सगण (।।ऽ), रगण (ऽ।ऽ) या नगण (।।।) आना चाहिए। सम चरणों का अन्त गुरु और लघु (ऽ।) से होना चाहिए।

पद्य में लक्षण देखिए :—

जा न विषम राखैं स-र-न, अन्त सु सम हो जात।।

उदाहरण देखिए :—

ऽ। ।ऽऽ ऽ। ।। ।।। ।ऽऽ ऽ।
रात गँवाई सोय कर, दिवस गँवायो खाय।
हीरा जनम अमोल था, कोड़ी बदले जाय।। (कबीर)

ऊपर के दोनों चरणों में मात्रा-चिह्न लगा दिए हैं। नीचे स्वयं लगा लें। सम चरणों, अर्थात् दूसरे और चौथे चरण की तुक 'आय-आय' मिल रही है। अतः यह दोहा छन्द है।

17. सोरठा

सोरठा भी अर्ध सम-मात्रिक छन्द है। इस के विषम चरणों में 11-11 और समचरणों में 13-13 मात्राएँ होती हैं। तुक विषम चरणों की मिलनी आवश्यक है। समचरणों की मिलनी आवश्यक नहीं। यह छन्द चरणों की दृष्टि से दोहे से उल्टा है। यदि ऊपर बताए दोहे के चरण बदल दें तो यह सोरठा बन जाएगा, जैसे:-

दिवस गँवायो खाय, रात गँवाई सोय कर।
कोड़ी बदले जाय, हीरा जनम अमोल था।

इस का पद्य-गत लक्षण इस प्रकार से हैं :—

सम तेरह विषमेश, दोहा उलटे सोरठा।

एक अन्य उदाहरण देखिए :—

।। ।। ऽ ।। ऽ। ऽ। ।ऽ ऽ ।। ।ऽ
लिख कर लोहित लेख, डूब गया है दिन अहा।
व्योम-सिन्धु सखि देख, तारक-बुदबुद दे रहा।। (साकेत)

18. चौपाई

चौपाई छन्द के चारों चरणों में मात्रा संख्या बराबर होती है। अतः यह सममात्रिक छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती है। चरण के अन्त में जगण (।ऽ।) या तगण (ऽऽ।) नहीं आने चाहिए। तुक पहले और दूसरे की तथा तीसरे और चौथे चरण की मिलनी चाहिए। रामचरितमानस में अधिकतर इसी छन्द का प्रयोग है। इस का पद्यगत लक्षण इस प्रकार से है :—

कल सोलह ज-त अन्त न दीजै।
चार चरण चौपाई कीजै।।

उदाहरण :—

ऽ ।।ऽ। ।। ।।। ऽऽ
जे हरषहिं पर-सम्पति देखी,
दुखित होंहि पर विपति विसेखी।
तिन्हहिं राम तुम प्रान पियारे,
तिन्ह के मन शुभ सदन तुम्हारे।। (तुलसी)

इस उदाहरण में संयुक्त वर्णों से पूर्व के लघु वर्ण प्रायः गुरु नहीं माने गये और उनका उच्चारण लघु के समान ही है। जैसे 'तिन्हहि' 'तिनहिं' पढ़ा जाएगा।

पूर्ण शुद्ध उदाहरण यह है :—

ऽ। ऽ। ।। ऽ। । ऽऽ
काम कोह मद लोभ न मोहा,
लोभ न छोभ न राग न द्रोहा।
जिन के कपट दम्भ नही भाया,
तिन के हृदय बसहु रघुराया।। (तुलसी)

19. रोला

रोला छन्द सममात्रिक छन्द है। इस के प्रत्येक चरण में चौबीस मात्राएँ होती हैं। विषम और सम चरणों की तुक मिलती है। ग्यारह मात्राओं के बाद तथा पद के अन्त में यति होती हैं। पद्य में लक्षण देखिए :—

रोला की चौबीस, कला यति ग्यारह तेरह।

उदाहरण :—

ऽ।। ।।ऽ ऽ। ।।।ऽ ऽ ऽऽऽ
यद्यपि शठता-युक्त, सबलता है उत्पाती।
पर निर्बलता सदा, सैंकड़ों दुख है लाती।।

शत्रु किसी के लिए, नहीं है उतना घातक।
जितना उसका आप, घोर निर्बलता पातक।। (कामताप्रसाद गुरु)

20. कुंडलिया

कुंडलिया छन्द के प्रत्येक चरण में 24 मात्राएँ होती हैं, परन्तु इसके चरण छह होते है। पहले दो चरण दोहे के चार चरणों से बनते हैं और बाद के चार चरण रोला छन्द के समान होते है। इसके दोहे का अन्तिम चरण रोला का प्रथमार्ध चरण बन जाता है। इस छन्द के आरम्भ में जो शब्द आता है, वही अन्त में आना चाहिए। इस प्रकार साँप के समान इसकी कुंडली बन जाती है। इसीलिए यह छन्द कुंडलिया कहलाता है। गिरधर कविराय की कुण्डलियाँ बहुत प्रसिद्ध है। एक उदाहरण पहला उसी का देखिए :–

रहिए लटपट काट दिन, बरु घामें माँ सोय।
छाँह न वाको बैठिए, जो तरु पतरो होय।।
जो तरु पतरो होय, एक दिन धोखा दैहै।
जा दिन वहे बयार, टूटि तब जड़ से जैहै।।
कह 'गिरधर कविराय' छाँह मोटे की गहिये।
पत्ता सब झरि जाय, तऊ छाया में रहिए।। (गिरधर कविराय)

आपने देखा कि यहाँ दोहे का अन्तिम चरण 'रोला' का प्रथमार्ध बना है, जिसे मोटे अक्षरों में दिखाया गया है। इसी प्रकार प्रथम शब्द की अन्त में आवृत्ति हुई है। एक अन्य उदाहरण देखिए :–

बगला बैठा ध्यान में, प्रातः जल के तीर।
मानो तपसी तप करे, मलकर भस्म शरीर।।

मलकर भस्म शरीर, तीर जब देखी मछली।
कहे 'मीर' ग्रसि चोंच, समूची फौरन निगली।।

फिर भी आये शरण, वैर जो तज के अगला।
उनके भी तू प्राण, हरे रे छीः छीः बगला।। (मीर अली)

21. गीतिका

गीतिका छन्द रोला के समान सम-मात्रिक छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में छब्बीस मात्राएँ होती हैं। विषम और सम की तुक मिलती है। पादान्त में लघु और गुरु आने चाहिएँ। 14 मात्राओं के बाद और पादान्त में यति होती है। कभी-कभी 12 और पादान्त में भी यति हो जाती है। पद्य में लक्षण देखिए :–

रत्न रवि कल धारिकै लग, अन्त रचिए गीतिका।

रत्न 14 और रवि 12 माने जाते हैं। अन्त में लघु-गुरु रखने से गीतिका छन्द बन जाता है।

उदाहरण देखिए :—

S I   S S S   I S S   S I S   I I S   I S
साधु-भक्तों में सुयोगी, संयमी बढ़ने लगे।
सभ्यता की सीढ़ियों पै, सूरमा चढ़ने लगे।।

वेद-मन्त्रों को विवेकी, प्रेम से पढ़ने लगे।
वंचकों की छातियों में शूल-से गड़ने लगे।। (नाथूराम शंकर)

22. हरिगीतिका

यह भी सममात्रिक छन्द हैं। इसके प्रत्येक चरण में 28-28 मात्राएँ होती हैं। विषम-सम चरणों की तुक मिलती है। यति 16 मात्राओं तथा पादान्त में होती है। यदि 'हरिगीतिका' शब्द को चार बार बोलें तो छन्द का एक चरण बन जाता है। पद्य में लक्षण देखिए :-

श्रृंगार-भूषण अन्त लग जन, गाइए हरिगीतिका।

श्रृंगार 14 होते हैं और भूषण 12 तथा अंत में गुरु होने से हरिगीतिका छंद बन जाता है। अन्त में लघु-गुरु वर्ण होने चाहिए। श्री मैथिलीशरण गुप्त की 'भारत-भारती' और 'जयद्रथवध' इसी छन्द में हैं।

उदाहरण देखिए :—

S S I   S   S I I   I I I   S   S I   S S   I I   I S
भूलोक का गौरव प्रकृति का, पुण्य लीला-स्थल कहाँ?
फैला मनोहर गिरि-हिमालय और गङ्गाजल जहाँ?
सम्पूर्ण देशों से अधिक किस देश का उत्कर्ष है?
उसका कि जो ऋषिभूमि है, वह कौन? भारतवर्ष है।। (भारत-भारती)

23. विधाता

विधाता भी सममात्रिक छन्द है। इस के प्रत्येक चरण में 28-28 मात्राएँ होती हैं और 14-14 मात्राओं के बाद यति होती है। प्रथम, आठवीं और पन्द्रहवीं मात्राएँ लघु होती हैं। पद्यगत लक्षण देखिए :—

लहौ विद्या लहौ रत्नै, लखी रचना विधाता की।

विद्याएँ भी चौदह हैं और रत्न भी चौदह माने जाते हैं।

उदाहरण देखिए :—

I S   S   S I   S S S   I S S   S   I   S S S
बड़ों के मन्त्र मानेंगे, प्रसंगों को न भूलेंगे।

कहो क्या ऊँच ऊँचों की, ऊँचाई को न छू लेंगे।
सभी को शंकरानन्दी, अनिष्टों से उबारेंगे।
बुराई से बचाएँगे, सुधारों से सुधारेंगे।। (नाथूराम शंकर)

24. ताटङ्क

ताटङ्क भी सममात्रिक छन्द है। इस के प्रत्येक चरण में तीस मात्राएँ होती है। सोलह और चौदह (पादान्त) पर यति होती है। अन्त में मगण (SSS) आना चाहिए। पद्यगत लक्षण देखिए :–

सोलह रत्न कला प्रतिपादहि, है ताटंके मो अन्ते।

सोलह और रत्न अर्थात् चौदह के बाद यति करके ताटङ्क छन्द बनता है।

उदाहरण :—

SI ISS IS ISII IS SI S SS S
देव तुम्हारे कई उपासक, कई ढंग से आते हैं।
सेवा में बहुमूल्य भेंट वे, कई रंग की लाते हैं।।

धूमधाम से साज-बाज से, वे मन्दिर में आते हैं।
मुक्ता-मणि बहुमूल्य वस्तुएँ, लाकर तुम्हें चढ़ाते है।

(सुभद्रा कुमारी चौहान)

यहाँ 'तुम्हारे' और 'तुम्हें' में 'म्ह' का संयोग होने पर भी पहला ह्रस्व स्वर दबाव न होने के कारण गुरु नहीं माना गया।

25. वीर

वीर छन्द सममात्रिक छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में 31 मात्राएँ होती है। 16 तथा 15 मात्राओं के बाद यति होती है और चरण के अन्त में गुरु और लघु वर्ण आते हैं। पद्य में लक्षण देखिए :–

सोरह पन्द्रह की यति से गल, अन्त धरौ तब सोहत वीर।

उदाहरण देखिए :—

SI IS SSI ISII SI SI II IS ISI
काँप उठा आकाश अचानक, प्रान्त-प्रान्त कर उठा पुकार।
सुना सभी ने कहा सभी ने, "सिर दे डाला दिया न सार।"

उबल उठे उत्तप्त पंचनद, रहा क्षोभ का वार न पार।
हर-हर कर के वे हहराये, सिर दे डाला दिया न सार।।

(मैथिलीशरण गुप्त)

एक अन्य उदाहरण देखिए :—

। । । । । ऽ ऽ ऽ । । । । । । ऽ । । ऽ ऽ ऽ । । ऽ ।
हिम गिरि के उत्तुङ्ग शिखर पर, बैठ-शिला की शीतल छाँह,
एक पुरुष भीगे नयनों से, देख रहा था प्रलय-प्रवाह।
नीचे जल था ऊपर हिम था, एक तरल था एक सघन,
एक तत्त्व की थी प्रधानता, कहो उसे जड़ या चेतन।। (कामायनी)

26. सवैया

22 से लेकर छब्बीस वर्णों से बने चरणों वाले छन्द सवैया कहलाते हैं। सवैया छन्द के अनेक भेद हैं। हम केवल दो सवैयों का ही वर्णन करेंगे।

(क) मत्तगयन्द सवैया

यदि सात भगण और दो गुरु हों तो मत्तगयन्द सवैया बन जाता है। उसके वर्णों का स्वरूप यों बनेगा :— (ऽ।।, ऽ।।, ऽ।।, ऽ।।, ऽ।।, ऽ।।, ऽ।।, ऽऽ) पद्य में लक्षण देखिए:—

सात भकार गुरु युग हों जब, मत्तगयन्द कहैं तब ताको।

उदाहरण देखिए :—

ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ ऽ
या लकुटी अरु कामरिया पर, राज तिंहु पुर को तजि डारौं।
आठहुँ सिद्धि नवौं निधि को सुख, नन्द की गाय चराय बिसारौं।।
'खान' कहै इन नैनन ते ब्रज के बन-बाग-तडाग निहारौं।
कौटिन हूँ कलधौत के धाम, करीरक कुञ्जन ऊपर बारौं।। (रसखान)

(ख) दुर्मिल सवैया

यदि आठ सगण क्रम से आ जाएँ तो वह दुर्मिल सवैया बन जाता है। चौबीस वर्णों के चरणों वाले इस छन्द के वर्णों का स्वरूप यह होगा। (।।ऽ, ।।ऽ, ।।ऽ, ।।ऽ, ।।ऽ, ।।ऽ, ।।ऽ, ।।ऽ)। पद्य-गत लक्षण देखिए :—

सगणाष्टक को कहते कवि हैं, अति दुर्लभ दुर्मिल 'चन्द्रकला'।।

इस लक्षण से यह भी पता चल जाता है कि इस का दूसरा नाम 'चन्द्रकला सवैया' भी है। उदाहरण देखिए :—

। । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ
गुरु गौरवहीन कुचाल चलें, मतभेद-प्रसार प्रपञ्च रचें।
दिन-रात मनो मुख-मूढ़ लड़े, चहुँ ओर घने घमसान मचें।।
व्रतसाधन के मिस पाप करें, हठ छोड़ न हाय! लबार लचें।
कवि शंकर मोह-महासुर से, विरले जन पाय विवेक बचें।।
(नाथूराम शंकर)

यहाँ पहले चरण में 'प्र' संयुक्त होने पर भी पूर्व वर्ण गुरु नहीं हुआ।

27. घनाक्षरी अथवा कवित्त

इस छन्द के प्रत्येक चरण में इकतीस वर्ण होते हैं। सोलहवें तथा पन्द्रहवें वर्ण पर (पादान्त में) यति होती है। इस छन्द का अन्तिम वर्ण गुरु होना चाहिए। भूषण कवि ने इस छन्द में शिवराज और छत्रसाल की प्रशंसा की है। एक उदाहरण देखिए :–

लाई सखि, मालिनें थीं डाली उस वार जब
जम्बूफल जीजी ने लिये थे, तुझे याद है।
मैंने थे रसाल लिये, देवर खड़े थे वहीं,
हँसकर बोल उठे-'निज-निज स्वाद है।'
मैंने कहा-"रसिक, तुम्हारी रुचि काहे पर?"
बोले-"देवि, दोनों और मेरा रस-स्वाद है।
दोनों का प्रसाद-भागी हूँ मैं"-हाय! आली, आज
विधि के प्रमाद से विनोद भी विषाद है।"
(साकेत)

इस छन्द में अन्त को छोड़ कर गुरु लघु वर्णों का कोई प्रतिबन्ध नहीं है। इस छन्द का प्रत्येक चरण लम्बा होने के कारण दो-दो पंक्तियों में दिखाया गया है।

28. मुक्त या स्वच्छन्द छन्द

इस छन्द में न मात्राओं को गिना जाता है और न वर्णों को, केवल लय देखी जाती है। कोई पंक्ति छोटी और कोई बहुत लम्बी हो जाती है। इस छन्द का हिन्दी में सूत्रपात करने वाले महाकवि सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला थे। आजकल तो यह छन्द बहुत प्रचलित हो चुका है। एक उदाहरण देखिए :–

बारबार प्रिय करुणा की किरणों से
क्षुब्ध हृदय को पुलकित कर देते हो।
मेरे अन्तर में आते हो देव निरन्तर
कर जाते हो व्यथा-भार लघु
बार-बार कर-कञ्ज बढ़ा कर;
अन्धकार में मेरा रोदन
सिक्त धरा के अञ्चल को करता है क्षण-क्षण।
कुसुम-कपोलों पर वे लोल शिशिरकण,
तुम किरणों से अश्रु पोंछ लेते हो,
नव-प्रभात जीवन में भर देते हो। (निराला)

परिशिष्ट (Appendix) V

अलंकार – परिचय

'अलंकार' का अर्थ है – 'सजाने का साधन'। गहने इसीलिए अलंकार कहलाते हैं, क्योंकि उन्हें पहन कर नर–नारी सज जाते हैं। 'अलंकार' और आभूषण समानार्थक शब्द हैं। रचना या कविता को जो वस्तुएँ सजा देती हैं, वे काव्यालंकार कहलाती हैं। अतः अलंकार का लक्षण हुआ–

कविता अथवा रचना को सजाने वाले साधन अलंकार कहलाते हैं।

जैसे शरीर को सजाने के लिए वस्त्रों तथा बाहरी गहनों की आवश्यकता है, उसी प्रकार काव्य-रचना को भी सजाने के लिए शब्दों की ध्वनि का महत्त्व है। शब्दों के सौन्दर्य से खिंचे हुए व्यक्ति बिना किसी रचना का भाव जाने भी कुछ आनन्द प्राप्त कर लेते हैं। जैसे–'रसिकता सिकता सम है उसे' में 'स' तथा 'सिकता' की आवृत्ति से ध्वनि-सौन्दर्य पैदा हो गया है-

ध्वनि में सौंदर्य पैदा करने वाले अलंकारों को शब्दालंकार कहा जाता है।

जैसे आभूषणों से सजी हुई नारी में यदि स्नेह, उदारता, मधुरभाषण आदि गुण नहीं हैं, तो उसे कोई भी पसन्द नहीं करता। ऐसे ही रचना में ध्वनि–सौन्दर्य होने पर भी यदि उसमें मन को प्रसन्न करने वाले अन्य गुण नहीं हैं, तो वह रचना भी पसन्द नहीं की जा सकती। ऐसे अलंकार **अर्थालंकार** कहलाते हैं, अर्थात् –

जो अलंकार रचना के अर्थ में सौन्दर्य उत्पन्न करते हैं, वे अर्थालंकार होते हैं।

हम पहले कुछ शब्दालंकारों और फिर कुछ विशेष अर्थालंकारों का परिचय देंगे।

1. अनुप्रास

जहाँ स्वरों के भिन्न होने पर भी व्यंजनों की आवृत्ति होती है, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। जैसे :–

विगत हे जलजात निशा हुई।
द्युतिमयी वह पूर्व दिशा हुई।।

छिप उलूक गए भय-भीति से।
अब विकास करो तुम प्रीति से।। (रामचरित-उपाध्याय)

इस पद्य के पहले चरण में 'ज' की, तीसरे में 'भ' की और चौथे में 'स' की आवृत्ति होने से तीनों स्थानों पर अनुप्रास अलंकार है।

अनुप्रास के अनेक भेद होते हैं, परन्तु इस भेद को विशेष रूप से समझ लीजिए :–

2. अन्त्यानुप्रास

जब चरणों के अन्त में या मध्य में स्वरसहित व्यंजनों की आवृत्ति होती है, तो उसे अन्त्यानुप्रास कहते हैं। इसी को तुक का मेल भी कहा जाता है। ऊपर के पद्य में 'इशा हुई' और 'ईति से' की क्रमशः पूर्वार्ध और उत्तरार्ध पद्य में आवृत्ति हुई हैं। अतः यहाँ अन्त्यानुप्रास है। हिन्दी में कविताएँ प्रायः अन्त्यानुप्रासयुक्त होती हैं। निम्नलिखित दोहे में अनुप्रास और अन्त्यानुप्रास दोनों ही विद्यमान हैं :–

मेरी भव-बाधा हरो, राधा नागरी सोय।
जा तन की झाँई परै, स्याम हरित-दुति होय। (बिहारी)

इस पद्य में 'ओय' में अन्त्यानुप्रास है और 'र' की कई बार आवृत्ति होने से सामान्य अनुप्रास भी है। इस पद्य को भी देखिए :-

कूलन में, केलि में कछारन में कुंजन में,
क्यारिन में कलित कलीन किलकंत हैं।

इस पद्य में 'क' और 'ल' की कई बार आवृत्ति होने से अनुप्रास है और 'कछारन' तथा 'कुंजन' में 'अन' की आवृत्ति होने से अन्त्यानुप्रास भी है।

3. यमक

जब एक सार्थक शब्द और उसी प्रकार का एक निरर्थक, भिन्नार्थक अथवा किन्हीं शब्दों के वर्णों से बना शब्द होता है, तो वहाँ यमक अलंकार होता है। जैसे :–

माला फेरत जुग भया, मिटा न मन का फेर।
कर का मनका छाँडि दे, मनका मनका फेर।।

इस पद्य में अन्तिम 'मनका' सार्थक है और उससे पहला शब्द 'मन' और 'का' के जोड़ से बना है। इस प्रकार एक सार्थक और उसी प्रकार के एक भिन्नार्थक शब्द के होने के कारण यहाँ यमक अलंकार है। इसी प्रकार :–

बेनि कवि कहै, बेनि व्याल सौं चुराय लीनी। (बेणीमाधव)

इस पद्यांश में 'बेनि' शब्द की आवृत्ति हुई है। एक 'बेनि' तो कवि का नाम है और दूसरा 'बेनि' शब्द 'चुटिया' के अर्थ में आया हैं। इस प्रकार भिन्नार्थक शब्दों की आवृत्ति होने से यहाँ भी यमक अलंकार है। ऐसे ही :-

तू मोहन के उर बसी, है उरबसी समान

यहाँ 'उरबसी' शब्द की आवृत्ति हुई है। पहले का अर्थ है 'उर'

अर्थात् हृदय में बसी हुई और दूसरा 'उरबसी' 'उर्वशी' का वाचक है। अतः यहाँ भी यमक अलंकार है

4. श्लेष

जब किसी रचना में कोई शब्द अनेक अर्थ देता है, तो वहाँ श्लेष अलंकार होता है। जैसे :–

पानी कर में राखिए, बिन पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरै, मोती मानुस चून।। (रहीम)

इस दोहे में 'पानी' शब्द के तीन अर्थ है; 'मोती' के साथ 'आभा', मानुस के साथ 'इज्जत' और 'चून' अर्थात् आटे के साथ 'जल' अर्थ है। इस प्रकार 'पानी' शब्द के तीन अर्थ होने के कारण यहाँ श्लेष अलंकार है। इसी प्रकार

कर बिनु गज, नर, नृपन का नहीं होत है काम।

इस पद्यांश में 'कर' शब्द के 'गज' के साथ 'सूँड', 'नर' के साथ 'हाथ' और 'नृप' के साथ 'टैक्स' अर्थ होने के कारण यहाँ भी श्लेष अलंकार है, इसी प्रकार :–

जो 'रहीम' गति दीप की, कुल-कपूत गति सोय।
बारै उजियारो लगे, बढ़ै अंधेरो होय।। (रहीम)

यहाँ 'दीप' और 'कुल-कपूत' की तुलना की गई है। 'दीप' की ओर 'बारै' का अर्थ 'जलाने पर', 'उजियारो' का अर्थ 'प्रकाश' 'बढ़ै का अर्थ 'बुझने पर' और 'अंधेरो' का अर्थ 'अन्धकार' हो जाता है। यही शब्द 'कुलकपूत' के सम्बन्ध में क्रमशः 'बचपन में प्यारा', और 'बढ़ने पर दुःखदायी' हो जाता है। इस प्रकार इन चार शब्दों के दो-दो अर्थ होने के कारण यहाँ भी श्लेष अलंकार है।

5. वक्रोक्ति

वक्रोक्ति का अर्थ है 'टेढ़ा कथन'। इसके दो भेद हैं – (क) श्लेष वक्रोक्ति और (ख) काकुवक्रोक्ति।

(क) श्लेषवक्रोक्ति :— जहाँ अनेकार्थक शब्दों का वक्ता के अर्थों से भिन्न अर्थ लेकर श्रोता उत्तर देता है, वहाँ श्लेष-वक्रोक्ति अलंकार होता है। जैसे :–

टेरत को तौ कह्यौ हौं गोपाल कहौ,
बन जाऊ लै धेनु चरायौ।

कृष्ण ने राधा को आवाज लगाई तो राधा ने पूछा – "तुम कौन बुला रहे हो?" तब कृष्ण ने कहा – "मैं गोपाल बुला रहा हूँ।" यहाँ 'गोपाल' का भावार्थ 'कृष्ण' से है, परन्तु राधा इस का अर्थ 'ग्वाला' मान कर कहती है – "यदि तुम ग्वाले हो तो गौएँ लेकर उन्हें वन में चराओ।"

यहाँ 'गोपाल' शब्द का अर्थ वक्ता के अनुसार न लेकर श्रोता ने दूसरा अर्थ लिया है, अतः यहाँ 'श्लेष-वक्रोक्ति' अलंकार है।

(ख) काकु-वक्रोक्ति :– जब वक्ता कण्ठ से विशेष प्रकार की ध्वनि करके ऐसे बोलता है कि उसका अर्थ भिन्न हो जाता है, तब काकु वक्रोक्ति अलंकार होता है। जैसे :–

मैं सुकुमारि, नाथ बन जोगू? (तुलसी)

सीता राम के साथ वन में जाने के लिए हठ कर रही थी। तब राम ने कहा– "तुम सुकुमारी (कोमल अंगों वाली) हो। तुम वन के कष्ट कैसे सहोगी?" तब सीता ने यही कहा। इस का भाव यह है कि "यदि मैं सुकुमारी होने के कारण वन जाने के योग्य नहीं, तो पतिदेव! क्या आप वन में जाने योग्य हैं? अर्थात् आप भी तो सुकुमार हैं।" यहाँ कण्ठ की विशेष ध्वनि 'काकु' के कारण 'जोगू' का अर्थ 'योग्य नहीं हैं' हुआ। अतः यहाँ 'काकुवक्रोक्ति' अलंकार है।

यहाँ तक पाँच शब्दालंकारों को बताया जा चुका है। अब हम अर्थालंकार की चर्चा करेंगे।

अर्थालंकार

पीछे बताया जा चुका है कि जब शब्दों के अर्थों के कारण रचना में चमत्कार आता है, तब वहाँ अर्थालंकार होते हैं। अर्थालंकारों में सबसे मुख्य उपमा अलंकार को ही सर्वप्रथम लेते हैं।

6. उपमा

जब किसी एक वस्तु की दूसरी वस्तु से किसी गुण के कारण समता बताई जाती है, तो वहाँ उपमा अलंकार होता है। इसीलिए उपमा के चार अंग माने जाते है। उन्हें ध्यान से समझिए :–

(क) उपमेय :– जिस की तुलना की जाती है, उसे उपमेय कहते हैं। जैसे – 'सिंह-सा वीर पुरुष' में 'पुरुष' उपमेय है।

(ख) उपमान :– जिस के साथ तुलना की जाती हैं, उसे उपमान कहते हैं। ऊपर के उदाहरण में 'सिंह' उपमान है।

(ग) साधारण धर्म :– जिस गुण के कारण उपमेय की उपमान से तुलना की जाती है, उसे साधारणधर्म या सामान्यधर्म कहा जाता है। ऊपर के उदाहरण में 'वीरता' साधारण धर्म है।

(घ) वाचक शब्द :– तुलना बताने वाले शब्द को 'वाचक शब्द' कहा जाता है। ऊपर के उदाहरण में 'सा' वाचक शब्द है। अब काव्यगत उदाहरण देखिए :–

आए महंत वसंत।

मखमल के झूल पड़े हाथी सा टीला।
बैठे किंशुक छत्र लगा बाँध पाग था पीला।।

यहाँ 'टीला' उपमेय, 'हाथी' उपमान, 'मखमल के झूल पड़े' साधारण धर्म और 'सा' वाचक शब्द होने के कारण उपमा अलंकार है।

जब उपमा के तीनों अंग दिखाए गए हों, तब **पूर्णोपमा** होती है। जैसे ऊपर के उदाहरण में। यदि इन अंगों में से कोई दिखाया न गया हो, तो उसे **लुप्तोपमा** कहते हैं। ऐसे स्थान पर लुप्त अंग को स्वयं समझ लिया जाता है। पूर्णोपमा के दो उदाहरण और देख लीजिए :—

मुख बाल-रवि-सम लाल होकर ज्वाल-सा बोधित हुआ।
(मैथिलीशरण गुप्त)

यहाँ जयद्रथ पर क्रुद्ध अर्जुन के मुख की 'बाल रवि' से तुलना की गई है। यहाँ मुख—उपमेय, बालरवि—उपमान, लाल होना—साधारण धर्म और सम—वाचक शब्द होने से पूर्णोपमा है। एक अन्य उदाहरण देखिए :—

तब तो बहता समय शिला-सा जम जाएगा। (महादेवी वर्मा)

यहाँ 'बहता समय' उपमेय 'शिला'-उपमान, 'जम जाना' साधारण धर्म और 'सा' वाचक शब्द होने के कारण पूर्णोपमा अलंकार है।

अब लुप्तोपमा के भी दो उदाहरण देखिए :—

नीरज सरिस नयन रघुवर के। (तुलसी)

यहाँ 'रघुवर के नयन'-उपमेय, 'नीरज'- उपमान और 'सरिस'-वाचक शब्द है। परन्तु साधारण धर्म (सुन्दर) नहीं दिखाया गया। अतः यहाँ लुप्तोपमा अलंकार है। इसी प्रकार :—

नवल-कमल सिय-लोचन सुन्दर। (तुलसी)

यहाँ उपमेय, उपमान और साधारण धर्म तो हैं, पर तुलनावाची शब्द न होने के कारण यहाँ भी लुप्तोपमा अलंकार है।

7. रूपक

जहाँ उपमान और उपमेय की किसी गुण के कारण एकरूपता दिखाई जाए, वहाँ रूपक अलंकार होता है। जैसे :—

सौरज-धीरज तेहि रथ चाका, सत्य-सील दृढ़ ध्वजा-पताका

यहाँ 'शौर्य' और 'धीरता' को रथ के पहियों का रूप दिया गया है। इसी प्रकार 'सत्य' और 'शील' को ध्वजा और पताका का रूप दिया गया है। अतः उपमान से उपमेय की अभिन्नता बताने के क़ारण यहाँ रूपक अलंकार है। ऐसे ही।

वन शारदी–चंद्रिका-चादर ओढ़े, लसै समलंकृत कैसे भले।

यहाँ शारदी–चंद्रिका (उपमेय) को चादर (उपमान) का ही रूप दे दिया गया है, अतः यहाँ भी रूपक अलंकार है।

रूपक अलंकार के कई भेद होते हैं। मुख्य रूप से दो भेद समझ लेने चाहिए :-

(क) समस्तरूपक (ख) व्यस्तरूपक

(क) समस्तरूपक :– जब उपमेय और उपमान का समास हुआ हो, तो वहाँ समस्तरूपक होता है। जैसे ऊपर के उदाहरण में शारदी चन्द्रिका-चादर है।

(ख) व्यस्तरूपक :– जब उपमान और उपमेय में समास न हुआ हो और 'का, रूपी' आदि शब्दों से उन्हें पृथक्-पृथक् दिखा कर अभिन्नता बताई जाए। ऊपर बताए रूपक का पहला उदाहरण व्यस्त रूपक का है। ऐसे ही यहाँ पर भी व्यस्त रूपक है :–

(क) तरु-तरु की ध्वजा उठी, आए महंत वसन्त।। जय-जय का है न अंत।

(ख) राम-नाम कलि कामतरु, राम-भगति सुरधेनु। (तुलसी)

8. मालोपमा

जब एक ही उपमेय के अनेक उपमान हों, तो वहाँ मालोपमा अलंकार होता है। जैसे :–

शशि-सम सुन्दर, सिंह-सम वीर।
रवि-सम दीप्त, भूमि-सम धीर।

राम! तुम्हारी कीर्ति अपार।
वृक्षों सम तुम रहे उदार।।

यहाँ एक 'राम' उपमेय है और 'शशि, सिंह, रवि, भूमि, वृक्ष' उपमान हैं ओर एक उपमेय होने के कारण यहाँ मालोपमा अलंकार है।

9. अनन्वय

जब उपमेय ही उपमान बन जाता है, तब अनन्वय अलंकार होता है। **जैसे :–**

भारत सम है देश कौन सा!
बस भारत के सम भारत है।

यहाँ 'भारत' ही उपमेय और उपमान दोनों है, अतः यहाँ अनन्वय अलंकार है

इसी प्रकार :–

सुन्दर रघुवर नैन-से सुन्दर रघुवर नैन।

यहाँ 'रघुवर नैन' ही उपमान और उपमेय होने से अनन्वय अलंकार है।

10. उत्प्रेक्षा

जहाँ किसी वस्तु, हेतु या क्रिया की सम्भावना किसी विशेष बात को बताने के लिए की जाए, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। इस अलंकार में 'मानो, जनु, कहो, किधौं' आदि वाचक शब्द होते हैं। उदाहरण देखिए :–

उस काल मारे क्रोध के तनु काँपने उन का लगा।
मानो हवा के जोर से सोता हुआ सागर जगा।

(मैथिलीशरण गुप्त)

यहाँ काँपते हुए अर्जुन के शरीर में जागते हुए सागर की कल्पना 'मानो' शब्द द्वारा की गई है। अतः यहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार है।

निम्न में भी उत्प्रेक्षा अलंकार देखिए :–

(क) नभमंडल छाया मरुस्थल-सा दल बाँध के अंधड़ आवै चला :– यहाँ पूर्वार्ध में उपमा है और उत्तरार्ध में उत्प्रेक्षा है, परन्तु 'मानो' शब्द की कल्पना हमें स्वयं करनी होगी।

(ख) भोर का नभ,

राख से लीपा हुआ चौका (अभी गीला पड़ा है)
बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से कि जैसे धुल गई हो,
प्लेट पर या लाल खटिया चाक मल दी हो किसी ने।

यहाँ नीचे की तीन पंक्तियों में तीन उत्प्रेक्षाएँ है। 'कि जैसे' यहाँ उत्प्रेक्षा को बताने वाला वाचक शब्द है।

11. उल्लेख

जब एक व्यक्ति या अनेक लोग अपनी-अपनी दृष्टि से किसी एक वस्तु को अनेक रूपों से चित्रित करते हैं, तो वहाँ उल्लेख अलंकार होता है। जैसे :-

(क) **मानवता का तू विप्र, गंघ-छाया का आदि पुजारी है।**
वेदना-पुत्र! तू तो केवल जलने-भर का अधिकारी है।

यहाँ 'श्रमिक' को 'विप्र, पुजारी, वेदनापुत्र, जलने भर का अधिकारी' इन चार रूपों में चित्रित किया गया है। अतः यहाँ उल्लेख अलंकार है।

(ख) **क्षमामयी, तू दयामयी है, क्षेममयी है।**
सुधामयी, वात्सल्यमयी तू प्रेममयी है।
विभवशालिनी, विश्वपालिनी, दुखहर्त्री है।
भय-निवारिणी, शान्तिकारिणी, सुखकर्त्री है।
हे शरणदायिनी देवि, तू करती सबका त्राण है।
हे मातृभूमि, संतान हम, तू जननी, तू प्राण है।।

(मैथिलीशरण गुप्त)

यहाँ मातृभूमि को अनेक रूपों से चित्रित करने के कारण उल्लेख अलंकार है।

12. अपह्नुति

अपह्नुति का अर्थ है छिपाना। जहाँ पर उपमेय को छिपाकर उसे उपमान बता दिया जाता है, अथवा जहाँ श्लिष्ट पदों के प्रयोग से अपने भाव को छिपाकर उन शब्दों के अर्थों से सम्बन्धित कोई दूसरी वस्तु बताई जाती है, वहाँ अपह्नुति अलंकार होता है। इस प्रकार अपह्नुति के दो भेद हो गये। एक रूपकापह्नुति और दूसरी श्लेषापह्नुति।

रूपकापह्नुति के उदाहरण :—

(क) शिव सरजा के कर लसै, सो न होय किरवान।
भुज-भुजगेस-भुजंगिनी, भखति पौन-अरिप्रान। (भूषण)

यहाँ शिवाजी के हाथ की तलवार का निषेध करके उसे भुजंगिनी (सर्पिणी) बताया गया है। तलवार 'उपमेय' का निषेध कर 'भुंजगिनी' उपमान बताने के कारण यहाँ रूपकापह्नुति हुई।

'भुज-भुजगेस' तथा 'पौन-अरिप्रान' में रूपक अलंकार है, जिसे सिद्ध कर कृपाण को सर्पिणी बताया गया है।

इसी प्रकार :—

(ख) नहीं पीयूष पीयूष है, है सत्संगति पीयूष।

'पीयूष' के स्वरूप को निषिद्ध कर 'सत्संगति' को 'पीयूष' सिद्ध करने के कारण यहाँ भी अपह्नुति अलंकार है।

श्लेषापह्नुति का दूसरा नाम 'मुकरी' भी है, क्योंकि एक बात से मुकर कर (निषेध कर) दूसरे की स्थापना की जाती है। उदाहरण देखिए :—

(क) वह आए, तब शादी होय,
उस बिन दूजा और न कोय।
मीठे लागें वाके बोल।
क्यों सखि साजन? ना सखि ढोल।। (अमीर खुसरो)

यहाँ 'साजन' के गुणों का वर्णन किया गया है परन्तु सखी के पूछने पर मन के भाव को छिपाने के लिए उन्हीं विशेषणों वाले 'ढोल' की स्थापना की गई है। शब्दों का प्रयोग श्लिष्ट है, अर्थात् उन्हें दोनों ओर लगाया जा सकता है। अत: यहाँ श्लेषापह्नुति है। एक अन्य उदाहरण देखिए :—

(ख) वायु से हैं कम्पित होकर,
लिपट रहीं तरुओं से लताएँ।
क्यों सखि! साजन की सुधि आई।
'न सखि, बादल हैं घिर आए।'

13. अतिशयोक्ति

जब कोई बात सीमा से बढ़-चढ़ कर बताई जाती है, तो वहाँ अतिशयोक्ति अलंकार होता है। इसके अनेक भेद हैं। कुछ भेद ही यहाँ बताए जाएँगे :-

(क) क्षिप्रातिशयोक्ति :- जहाँ कारण से पूर्व या साथ ही कार्य (परिणाम) बताया जाए, वहाँ क्षिप्रातिशयोक्ति होती है। जैसे :-

हनुमान् की पूँछ में, लगन न पाई आग।
लंका सिगरी जल गई, गए निसाचर भाग।।

यहाँ कारण रूप पूँछ में आग लगने से पहले ही लंका के जलने और राक्षसों के भागने की बात कही गई है। अतः यहाँ क्षिप्रातिशयोक्ति है। अन्य उदाहरण देखिए :-

जो तनिक हवा से बाग हिली,
लेकर सवार उड़ जाता था।
राणा की पुतली फिरी नहीं
तब तक चेतक मुड़ जाता था।।

(श्यामनारायण पांडेय)

यहाँ पहली दो पंक्तियों में कारण और कार्य साथ-साथ हुए हैं। बाद की दो पंक्तियों में कारण से पूर्व ही चेतक के मुड़ने का कार्य हो गया है। अतः यहाँ भी क्षिप्रातिशयोक्ति है।

(ख) रूपकातिशयोक्ति :- जहाँ उपमेय का वर्णन न कर केवल उपमान द्वारा ही उसको बताया जाये तो वहाँ रूपकातिशयोक्ति होगी। जैसे :-

लोहे के पेड़ हरे होंगे, तू गान प्रेम के गाता चल।
नम होगी यह मिट्टी जरूर, आँसू के कण बरसाता चल।। (दिनकर)

यहाँ कठोर हृदय वाले पूंजीपतियों को 'लोहे के पेड़' और 'कठोर मिट्टी' कहा गया है। उपमेय का वर्णन नहीं है, केवल उपमान ही दिखाए गए हैं, अतः यहाँ रूपकातिशयोक्ति अलङ्कार है। इसी प्रकार :-

जीवित कविते, शतशर-जर्जर,
छोड़ कर पिता को पृथ्वी पर, तू गई स्वर्ग।

यहाँ निराला जी ने पुत्री को 'कविता' ही बना दिया है। यहाँ उपमेय नहीं केवल उपमान है। इसी प्रकार 'कष्टों' को 'शत-शर' (वाणों) का रूप दे दिया गया है। यहाँ भी उपमेय नहीं है। अतः यहाँ भी रूपकातिशयोक्ति है।

(ग) मानवीकरण :- यह भी अतिशयोक्ति का एक भेद है। यह असबन्ध में सम्बन्ध की स्थापना रूपी अतिशयोक्ति है। जब पशुओं तथा जड़

वस्तुओं में मानवों जैसे क्रियाकलाप दिखाए जाते हैं, तब मानवीकरण या असम्बन्ध में सम्बन्ध अतिशयोक्ति होती है। जैसे :–

(क) इस सोते संसार-बीच,
जगकर सजकर रजनी बाले!
कहाँ बेचने ले जाती हो,
ये गजरे तारों वाले।।

यहाँ रजनी (रात) को गजरे बेचने वाली बनाकर उसका मानवीकरण किया गया है।

14. अन्योक्ति

इस का शास्त्रीय नाम अप्रस्तुत-प्रशंसा है। जब किसी व्यक्ति को सीधे कोई बात न कह कर किसी अप्रस्तुत वस्तु में उन्हीं बातों को दिखा कर अभीष्ट बात कही जाती है, तब अन्योक्ति या अप्रस्तुत-प्रशंसा अलंकार होता है। जैसे :–

नहिं पराग नहिं मधुर-मधु, नहीं विकास इहि काल।
अलि कली ही सों बिंध्यो, आगे कौन हवाल।। (बिहारी)

यह दोहा बिहारी कवि ने नववधू के प्रेमपाश में फँसे महाराज जयसिंह के लिए लिखा था। इसमें केवल 'अलि' (भँरे) को ही समझाया गया है; जिसके द्वारा अलिरूप महाराज को भी शिक्षा मिल गई। इसी प्रकार

जिन दिन देखे वे कुसुम, गई सो बीती बहार।
अब रही अलि गुलाब पर, अपत कटीली डार।। (कबीर)

यौवन के चले जाने पर बुढ़ापे में मनुष्य की क्या दशा हो जाती है, इस बात को इस अन्योक्ति द्वारा बताया गया है।

15. भ्रम

जब कवि अपने काव्यचातुर्य से किसी वस्तु में किसी अन्य वस्तु का रूप दिखाता है, तब भ्रम अथवा भ्रान्ति अलंकार होता है। जैसे :–

बिधु-वदनहिं लखि बाग में,
चहकन लगे चकोर।। (तुलसी)

यहाँ तुलसीदास जी ने सीता के मुख में चन्द्रमा का भ्रम दिखा कर चकोरों के चहकने की बात कही है। इसी प्रकार :-

नाक का मोती अधर की कान्ति से,
बीज दाडिम का समझ कर भ्रान्ति से,
देख कर सहसा हुआ शुक मौन है।

सोचता है अन्य शुक वह कौन है? (साकेत)
यहाँ 'नाक' में तोते की और मोती में
अनार के बीज की भ्रान्ति होने से भ्रम अलंकार है।

16. सन्देह

जब निश्चयात्मक असली या कल्पित कोई ज्ञान न हो और दोनों पक्षों का सन्देह बताया जाए, तब सन्देह अलंकार होता है। भ्रम में एक पक्ष का ही ज्ञान निश्चयात्मक होता है, परन्तु संदेह में किसी पक्ष का भी ज्ञान निश्चित नहीं होता। जैसे :—

की तुम तीन देव मँह कोऊ।
नर-नारायण की तुम दोऊ। (तुलसी)

यहाँ हनुमान जी राम-लक्ष्मण में तीन देवों में से दो का या नर-नारायण का सन्देह कर रहे हैं। अतः यहाँ सन्देहालंकार है।

17. दृष्टान्त

जब उपमेय और उपमान के दो वाक्य अलग-अलग होते हैं और सामान्यधर्म का बोध बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव से बताया जाता है, तब दृष्टान्त अलंकार होता है। उपमेय (बिम्ब) के गुण को सत्य सिद्ध करने के लिए ही उपमान (प्रतिबिम्ब) का वाक्य उसी प्रकार का रखा जाता है। जैसे :—

कुलहिं प्रकासै एक सुत, नहिं अनेक सुत निन्द।
एक चन्द सब तम हरै, नहिं उडुगन के वृन्द।।

'निन्द' का अर्थ है 'निन्दनीय, नीच' और उडुगन का अर्थ है 'तारों का समूह'। यहाँ पहला वाक्य उपमेय है और दूसरा उपमान-साधारण धर्म 'प्रकासै' और 'तम हरै' से भिन्न-भिन्न रूप से बताया गया है। अतः यहाँ दृष्टान्त अलंकार है।

18. विषम

जब एक उत्तम स्थिति वाले व्यक्ति की दूसरे वाक्य द्वारा विषम (बुरी) दशा बताई जाती है, तब विषमालंकार होता है। जैसे :—

जो कोकिला नन्दन-विपिन में प्रेम से गाती रही।
दावाग्नि-दग्धारण्य में रोने चली है अब वही।।
(मैथिलीशरण गुप्त)

राष्ट्रकवि श्री मैथिलीशरण गुप्त लेखनी को कोकिला का रूप देकर बताना चाहते हैं कि जिस लेखनी ने भारत के प्राचीन गौरव का वर्णन किया था, वही अब भारत की दुर्दशा का वर्णन करने जा रही है। इस पद्य में कोकिला की उत्तमदशा को बता कर फिर हीन दशा का वर्णन किया गया है। अतः यहाँ विषमालंकार है। इसी प्रकार :—

गज-गण के गण्डस्थल के मद का जिस ने पान किया था।
वह ही मधुकर करीर विटप पर रहने को अब बाध्य हुआ था।।

19. विरोधाभास

जब किसी श्लिष्ट शब्द के कारण किसी रचना में विरोध प्रतीत तो हो, परन्तु उस का उचित अर्थ कर लेने पर वह विरोध न रहे तो वहाँ विरोधाभास अलंकार होता है। जैसे :–

'अज होकर भी तुम जन्म हो लेते।
बन निरीह अरिप्राण हो हरते।।
सोते भी तुम जागा करते।
तव स्वरूप जन जान न सकते।।'– सम्पादक

इस पद्य में विष्णु अज (अजन्मा) कह कर भी जन्म लेने वाला कहा गया है। यह विरोध है। इस का परिहार है कि 'अज' तो विष्णु का नाम है। अतः यहाँ विरोधाभास अलंकार है। निरीह होना और अरिप्राण लेना दो विरोधी बातें हैं, परन्तु विष्णु निरीह होते हुए भी संसार के कल्याण के लिए दुष्टों का दलन करते हैं, अपने लिए नहीं। इसलिए यहाँ विरोधाभास है। इसी प्रकार अगली पंक्ति में भी यही अलंकार है।

20. निदर्शना

जब एक ही वाक्य में उपमेय क्रिया को उपमान क्रिया द्वारा सिद्ध किया जाता है, तब निदर्शना अलंकार होता है। जैसे -

अभिमानी को सत्य समझाना तो रेत से तेल निकालना है।

इसका भाव यह हुआ कि जैसे रेत में से तेल नहीं निकलता, वैसे ही अभिमानी को सच्ची बात नहीं समझाई जा सकती। ऐसे ही है :–

कसाइयों से दया की आशा करना, पत्थर को पिघलाना है।

21. व्यतिरेक

जब उपमेय को उपमान से कम अथवा अधिक बताया जाता है, तो वहाँ व्यतिरेक अलंकार होता है जैसे :–

स्वर्ग की तुलना उचित ही है यहाँ,
किन्तु सुरसरिता कहाँ, सरयू कहाँ?
वह मरों को मात्र पार उतारती,
यह यहीं से जीवितों को तारती।। (साकेत)

यहाँ 'सरयू' उपमेय को 'गंगा' उपमान से बढ़चढ़ कर दिखाया गया है, अतः यहाँ व्यतिरेक अलंकार है।

22. विभावना

जहाँ कारण के बिना या कारण के विपरीत कार्य होना बतलाया जाए, वहाँ विभावना अलंकार होता है। जैसे :–

बिनु पद चलै, सुनै बिनु काना।
कर बिनु कर्म करै, बिधि-नाना।
आनन-रहित सकल रस-भोगी।
बिनु बानी वकता, बड़ जोगी।। (तुलसी)

यहाँ 'पद, कर, आनन, बानी' के कारणों बिना ही कार्य होना बताया गया है। अतः यहाँ विभावना अलंकार है।

23. विशेषोक्ति

कारण होते हुए भी जहाँ कार्य न होना बताया जाता है, वहाँ विशेषोक्ति अलंकार होता है। जैसे :–

नेहू इन नैननि कछू, उपजि बड़ी बलाय।
नीर भरे नित प्रति रहैं, तउ न प्यास बुझाय।। (बिहारी)

यहाँ कारण रूप 'पानी' के रहने पर भी प्यास का मिटना कार्य न होने के कारण विशेषोक्ति अलंकार है।

24.अर्थान्तरन्यास

जहाँ सामान्य कथन को विशेष कथन द्वारा अथवा विशेष कथन को सामान्य कथन द्वारा पुष्ट किया जाता है, वहाँ अर्थान्तरन्यास होता है। जैसे :–

रहिमन अँसुआ नयन ढरि, जिय दुख प्रकट करेइ।
जाहि निकारो गेह तें, कस न भेद कहि देइ।।

यहाँ सामान्य कथन को विशेष कथन से पुष्ट करने के कारण अर्थान्तरन्यास अलंकार है।

25. असंगति

जब कारण कहीं अन्यत्र हो और कार्य किसी अन्य स्थान पर हो, तो वहाँ असंगति अलंकार होता है।

काली कोयल मदमाती है, आम्रमंजरी झूम रही।

यहाँ मस्ती तो कोयल में बताई गई है, परन्तु झूमने का कार्य आम्रमंजीरी में बताने के कारण असंगति अलंकार है।

यहाँ तक हम ने संक्षेप से 25 प्रसिद्ध अलंकारों का परिचय दे दिया है।

◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆